श्रीश्रीगौरगदाधरौ विजयेताम्

श्रील श्रीजीवगोस्वामिप्रभुपाद-विरचिते

श्रीभागवतसन्दर्भे

चतुर्थः

श्रीकृष्णसन्दर्भः

(सर्वसम्वादिनी एवं विनोदिनी टीकोपेतः)





श्रीहरिदास शास्त्री

सङ्गणकसंस्करणं दासाभासेन हरिपार्षददासेन कृतम्

श्रीश्रीगौरगदाधरौ विजयेताम्

श्रील श्रीजीवगोस्वामिप्रभुपाद-विरचिते

श्रीभागवतसन्दर्भे
चतुर्थः

("सर्वसम्वादिनी एवं विनोदिनी" टीकोपेतः)

श्रीकृष्णसन्दर्भः

श्रीवृन्दावनधामवास्तव्येन न्यायवैशेषिकशास्त्र, नव्यन्यायाचार्य्य,
काव्यव्याकरणसांख्यमीमांसा वेदान्ततर्कतर्कतर्क
वैष्णवदर्शनतीर्थाद्युपाध्यलङ्कृतेन
श्रीहरिदासशास्त्रिणा
सम्पादितः ।

सद्ग्रन्थ प्रकाशक :—
श्रीहरिदासशास्त्री
श्रीगदाधरगौरहरि प्रेस,
श्रीहरिदास निवास, कालीदह, पो० वृन्दावन ।
जिला–मथुरा (उत्तर प्रदेश)

प्रकाशक :—
श्रीहरिदासशास्त्री
श्रीगदाधरगौरहरि प्रेस,
श्रीहरिदास निवास।
पुराणा कालीदह।
पो०—वृन्दावन।
जिला—मथुरा। (उत्तर प्रदेश)

द्वितीयसंस्करणम्—पञ्चशतम्

प्रकाशनतिथि
ॐ विष्णुपाद अष्टोत्तरशत
श्री-श्रील विनोदविहारी गोस्वामी प्रभु विरह तिथि
पौष कृष्णा द्वितीया १०।१२।८४
श्रीगौराङ्गाब्द ४९८

मुद्रकः—
श्रीहरिदास शास्त्री
श्रीहरिदास निवास, कालीदह,
पो० वृन्दावन, जिला—मथुरा,
(उत्तर प्रदेश) पिन—२८११२१

※ श्रीश्रीगौरगदाधरौ विजयेताम् ※

विज्ञप्ति

"श्रीकृष्णसन्दर्भ" श्रीजीवगोस्वामि प्रणीत दर्शन ग्रन्थ है, यह ग्रन्थ श्रीभागवतसन्दर्भ एवं षट्सन्दर्भ नाम से सुविख्यात है, श्रीमद् भागवतस्थ सम्बन्ध, अभिधेय, प्रयोजन तत्त्व प्रतिपादन में प्रवृत्त होने के कारण—नाम—श्रीभागवतसन्दर्भ है, एवं तत्त्व, भगवत्, परमात्म, श्रीकृष्ण, भक्ति, प्रीति रूप षट् खण्ड में विभक्त हेतु षट् सन्दर्भ नाम हुआ है।

तन्मध्य में तत्त्व, भगवत्, परमात्म, श्रीकृष्णसन्दर्भ में श्रीमद् भागवतोक्त सम्बन्ध तत्त्व का प्रतिपादन हुआ है, भक्ति सन्दर्भ में अभिधेय तत्त्व भक्ति का, एवं प्रीति सन्दर्भ में प्रयोजन तत्त्व,—प्रीति का वर्णन है।

उत्तम शिक्षा के द्वारा ही मानवीय सर्वाङ्गीण ऐक्य सम्भव है, निखिल प्रमाण शिरोमणि श्रीमद् भागवत ग्रन्थ के अवलम्बन से सर्व मानवीय साध्य साधन में एकता स्थापन सम्भव है, इस में एक अद्वय ज्ञानतत्त्व ही परतत्त्व है, साधक की दृष्टि भेद से वह परतत्त्व ब्रह्म, परमात्मा, भगवान् एवं श्रीकृष्ण रूप में दृष्ट होते हैं सुशील मृदुवदान्य एवं सर्वहित कारी श्रीकृष्णके आदर्श से प्रेरित होकर मानव सर्वक्षेत्रमें हार्दिक ऐक्य प्राप्त कर सकता है। कारण—श्रीकृष्ण ही एकमात्र घनीभूत परमानन्द हैं।

यह ग्रन्थ केवलमात्र श्रीमन्महाप्रभु श्रीचैतन्य देव प्रवर्त्तित वैष्णवधर्मावलम्बियों की धार्मिक भित्ति है, यह नहीं, किन्तु सर्वमानवीय आभ्युदयिक धर्मभित्ति यह ही है।

विश्वसमुज्ज्वलकारी शिक्षा एक मात्र वृन्दावनीय शिक्षा ही है, इस में ही निज कायिक वाचिक मानसिक समस्त आचरणों के द्वारा अपर को सदा उल्लसित देखने की पद्धति है।

श्रीमद् भागवत को प्रमाण रूप में स्थापन करना जिस प्रकार दुरूह व्यापार है, उससे भी अत्यन्त दुरूह है, श्रीमद् भागवत के अवलम्बन से श्रीकृष्ण तत्त्व, उनके परिकर तत्त्व, भक्ति तत्त्व एवं धामतत्त्वका प्रतिपादन।

सन्दर्भ ग्रन्थ में ही श्रीजीव गोस्वामी महोदय की अलोकसामान्य प्रतिभा द्वारा उक्त तत्त्व समूह का स्थापन निःसन्दिग्ध रूप से हुआ है।

यह ग्रन्थ केवल कपोलकल्पित नहीं है, किन्तु श्रुति प्रभृति प्रमाण सम्मत है, तथा श्रीमन् मध्वाचार्य्य श्रीरामानुजाचार्य्य प्रतिपादित शास्त्रसिद्धान्त सम्मत है, श्रीचैतन्यचरणानुचर श्रीरूपसनातन गोस्वामिद्वय के सन्तोषार्थ दाक्षिणात्य विप्रकुलोद्भव श्रीगोपालभट्ट गोस्वामिचरण के द्वारा संगृहीत ग्रन्थ ही प्रस्तुत सन्दर्भ का आदर्श है, ग्रन्थारम्भ में उसका उल्लेख इस प्रकार है—

'तौ सन्तोषयता सन्तौ श्रीलरूपसनातनौ
दाक्षिणात्येन भट्टेन पुनरेतद्विविच्यते।
तस्याद्यं ग्रन्थनालेखं क्रान्तव्युत्क्रान्तखण्डितम्।
पर्य्यालोच्याथ पर्य्यायं कृत्वा लिखति जीवकः॥"

जिस ग्रन्थमें गूढ़ार्थ का प्रकाश, सारोक्ति, श्रेष्ठता, एवं विविध ज्ञातव्य विषय निर्दिष्ट रूपसे सन्निविष्ट है, उसे सन्दर्भ कहते हैं।

" गूढ़ार्थस्य प्रकाशश्च सारोक्तिः श्रेष्ठता तथा
नानार्थवत्त्वं वेद्यत्वं सन्दर्भः कथ्यते बुधैः" ॥

निखिल उपनिषद् समुद्र मन्थन पूर्वक महर्षिवेदव्यास—वेदान्त सूत्र अथवा ब्रह्मसूत्र का प्रणयन किये हैं, अनन्तर उक्त ब्रह्म सूत्रार्थ का तात्पर्य्य प्रकाश हेतु श्रीमद् भागवत ग्रन्थ प्रणयन किये थे, अतएव गरुड़ पुराणोक्त वचनानुसार "अर्थोऽयं ब्रह्मसूत्राणां" श्रीमद् भागवत ही वेदान्त सूत्र कार व्यासदेव कृत अकृत्रिम वेदान्तसूत्रभाष्य है, जिसका समन्वय--श्रीहरिदास शास्त्रिकृत 'वेदान्त दर्शन' नामक ग्रन्थ में समुपलब्ध है।

श्रीमद् भागवत में वर्णित है—'वदन्ति तत्तत्त्व विदस्तत्त्वं यज्ज्ञानमद्वयं ब्रह्मेति परमात्मेति भगवानिति शब्द्यते।

एवं अद्वय ज्ञानतत्त्व की ज्ञान योग भक्ति नामक साधनत्रय से त्रिधा अभिव्यक्ति होती है, परतत्व किसी भी अवस्था में निःशक्तिक नहीं है,साधक की दृष्टि से ही अनभिव्यक्तशक्तिक प्रतीत होते हैं। कारण— "परास्य शक्ति र्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च" श्रुति संवाद है। अतः श्रीवेदव्यास के अभीप्सित ब्रह्म निःशक्तिक नहीं हैं, किन्तु सविशेष हैं, अनन्त शक्ति सम्पन्न ब्रह्म में शक्ति त्रय का प्राधान्य है, अन्तरङ्गाचिच्छक्ति, वहिरङ्गा माया शक्ति एवं तटस्था शक्ति—जीव शक्ति है।

चिच्छक्ति—नित्य ही स्वरूप में अवस्थित होने से उसका नाम स्वरूप शक्ति भी है।

मायाशक्ति—कभी भी ब्रह्म स्वरूप को स्पर्श नहीं करती है, अतः उसका नाम वहिरङ्गाशक्ति है, अन्तरङ्गा वहिरङ्गा उभय शक्ति के सहित ही जीवशक्ति का योग सम्भव है, तज्जन्य उसे तटस्थाशक्ति कहते हैं, जीव शक्ति विशिष्ट ब्रह्म का अंश ही जीव है, जीव,—ब्रह्मका चित्कण अंश है, स्वरूपतः ब्रह्म का दास है।

"दासभूतो हरेरेव नान्यस्यैव कदाचन" श्रुति।

"कारणस्य आत्मभूता शक्तिः, शक्तेश्च आत्मभूतं कार्य्यम्" इस नियम से ब्रह्म नित्य सक्रिय शक्ति समन्वित हैं, शक्ति भी निरन्तर सक्रिय है, कारण, शक्ति नित्य सक्रिय न होने से उसका अस्तित्व का ज्ञान ही नहीं होगा। चिच्छक्ति की विलास वैचित्री के प्रकार भेद से ब्रह्म भी अनादि काल से विभिन्न रूप से अभिव्यक्त होते रहते हैं, उक्त चिच्छक्ति का ही विलास फल स्वरूप विभिन्न स्वरूप के विभिन्न धाम भी हैं, एवं तत्तत् धाम में उक्त विभिन्न स्वरूप निज निज स्वरूपानुकूल लीलादि में भी विलसित हैं। तज्जन्य, प्रत्येक धाम में ही स्वरूप शक्ति के विलासोपयोगी परिकरादि भी हैं, स्वरूप शक्ति का विलास विद्यमान होने के कारण ही उक्त स्वरूप समूह को भगवान् कहते हैं।

सच्चिदानन्द ब्रह्म वस्तु एवं उनकी शक्ति, तथा स्वरूप शक्ति का विलास वैचित्र्य नित्य होने के कारण, उक्त समस्त भगवत् स्वरूप, उनके धाम, एवं परिकर, लीलादि भी नित्य हैं।

परतत्त्व में स्वरूप शक्ति का विलास तारतम्य जब है, तब जिस अवस्था में स्वरूप शक्ति का विलास सुपरिस्फुट नहीं है, इस प्रकार एक स्वरूप स्वीकार करना भी कर्त्तव्य है, इस स्वरूप को निर्विशेष ब्रह्म कहते हैं, जहाँपर यह स्वरूप विद्यमान है, वह धाम भी निर्विशेष है, वहाँ चिच्छक्ति अवश्य है, किन्तु चिच्छक्ति का विलास नहीं है।

जिस में समस्त शक्ति की पूर्णतम रूप में अभिव्यक्ति है, इस प्रकार एक स्वरूप भी स्वीकार्य्य है, इस स्वरूप में ही ब्रह्म का ब्रह्मत्व की पूर्णतम अभिव्यक्ति है, इस स्वरूप का नाम ही नराकृति पर ब्रह्म व्रजेन्द्र नन्दन श्रीकृष्ण हैं, अद्वय ज्ञान तत्त्व रूप परतत्व की पर्य्याप्ति भी व्रजेन्द्र नन्दन श्रीकृष्ण में है। अतः

"यस्यां वै श्रूयमाणायां कृष्णे परमपूरुषे भक्ति रुत्पद्यते पुंसां शोकमोहभयापहा" के द्वारा एक अद्वय ज्ञान तत्त्व के नाम चतुष्टय का प्रदर्शन श्रीमद्भागवत में हुआ है ।

व्रजीय श्रीकृष्ण में समस्त शक्ति की पूर्णतम अभिव्यक्ति होने के कारण श्रीकृष्णचन्द्र ही पूर्णतम भगवान्, अथवा स्वयं भगवान् हैं, श्रीकृष्ण ही लीला पुरुषोत्तम हैं, "कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्, कृष्ण वै परम दैवतम्" से उनका ही कथन हुआ है ।

श्रीकृष्ण की भगवत्ता,—अन्य निरपेक्ष है, श्रीकृष्ण,—स्वयं सिद्ध—सजातीय—विजातीय—स्वगत भेदत्रय शून्य हैं । अतएव श्रीकृष्ण ही अद्वय ज्ञान तत्त्व हैं ।

अन्यान्य भगवत् स्वरूप में श्रीकृष्ण की ही स्वरूप शक्ति का आंशिक विकाश है, एवं उन सब की भगवत्ता,— श्रीकृष्ण की भगवत्ता से विनिःसृत होने के कारण—वे सब कोई भी स्वयं भगवान् नहीं हैं ।

श्रीकृष्ण धाम का साधारण परिचायक शब्द श्री कृष्ण लोक है, इस की द्वारका, मथुरा, एवं गोकुल रूप में त्रिविध अभिव्यक्ति हैं । किन्तु द्वारका, मथुरा की अपेक्षा श्रीगोकुल का ही असमोर्द्ध्व वैशिष्ट्य है, श्रीगोकुल ही स्वयं रूप श्रीनन्द नन्दन का निजस्व धाम है । गोलोक उक्त धामका वैभव विशेष है ।

अपरापर भगवत् स्वरूप के विभिन्न धाम समूह का साधारण नाम 'परव्योम' है । परव्योमस्थ सविशेष धाम समष्टि के वहिर्देश में 'सिद्ध लोक' नामक एक निर्विशेष ज्योतिर्मय स्थान है, यह ही निर्विशेष ब्रह्म का धाम है ।

सिद्ध लोक के बाहर चिन्मय वेदाङ्ग जल पूर्ण कारणसमुद्र परिखावत् परव्योम को वेष्टन कर अवस्थित है । इस कारण समुद्र के बाहर वहिरङ्गामाया शक्ति का विलासस्थल—प्राकृत ब्रह्माण्ड है ।

श्रीकृष्ण की विलास मूर्त्ति—परव्योमाधिपति चतुर्भुज श्रीनारायण हैं, वासुदेव, सङ्कर्षण, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध नामक उनके चतुर्व्यूह हैं । सङ्कर्षण के अंशावतार सहस्रशीर्षा पुरुष,कारणार्णव में स्थित हैं, इनका अपर नाम, महाविष्णु हैं, इनकी प्रथम पुरुष संज्ञा भी है । महाप्रलय में जीव निचय, इनके शरीर में अवस्थित होते हैं, एवं सृष्टि के प्रारम्भ में भगवदिच्छा से साम्यावस्थापन्ना त्रिगुणात्मिका प्रकृति के प्रति आप दृष्टि द्वारा शक्ति सञ्चार करते हैं, एवं निज देह में लीन जीव निवह को समर्पण करते हैं । प्रकृति क्षोभिता होकर विकार प्राप्त होती है, एवं उक्त पुरुष की शक्ति से प्रकृति से अनन्त ब्रह्माण्ड की सृष्टि होती है ।

कारणार्णवशायी प्रथम पुरुष, समष्टि ब्रह्माण्ड के अन्तर्यामी अथवा नियन्ता हैं, ब्रह्माण्ड सृष्टि के अनन्तर आप व्यष्टि ब्रह्माण्ड के अन्तर्य्यामिरूप से एक एक ब्रह्माण्ड में प्रविष्ट होते हैं, व्यष्टि ब्रह्माण्ड के अन्तर्य्यामी भी सहस्रशीर्षा पुरुष हैं, उनको द्वितीय पुरुष एवं गर्भोदकशायी भी कहते हैं । इनसे ब्रह्मा, विष्णु, एवं रुद्र का आविर्भाव होता है । रजोगुण को अवलम्बन कर ब्रह्मा चतुर्दश भुवन एवं व्यष्टि जीवकी सृष्टि करते हैं, तमोगुण को अङ्गीकार कर रुद्र,—प्रलय समय में ब्रह्माण्ड को विनष्ट करते हैं,श्रीविष्णु सत्त्व गुण के प्रति दृष्टि निक्षेप करतः ब्रह्माण्ड का पालन करते हैं ।

यह विष्णु ही व्यष्टि जीवान्तर्य्यामी हैं, चतुर्भुज हैं, एवं क्षीर समुद्र में अवस्थान हेतु उनको क्षीरोदशायी तृतीय पुरुष, अनिरुद्ध कहते हैं । पुरुषत्रय का नाम ही अन्तर्य्यामी है,सुतरां परमात्मा-नियन्ता हैं । पुरुषत्रय का कार्य्य वहिरङ्गा माया शक्ति के अवलम्बन से है । वे सब ही सङ्कर्षण के अंशांश हेतु स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण के अंश कलामात्र हैं ।

अन्तर्य्यामी में शक्ति विकाश निबन्धन अन्तर्य्यामी परमात्मवृन्द,शक्ति विकाश हीन निर्विशेष ब्रह्म से श्रेष्ठ हैं, इन सब के अंशी होने के कारण, परव्योमाधिपति नारायण—परमात्मवृन्द से श्रेष्ठ हैं, श्रीनारायण से द्वारका मथुराधिपति श्रीकृष्ण श्रेष्ठ हैं, द्वारका मथुराधिपति श्रीकृष्ण से स्वयं भगवान्

नन्दनन्दन श्रीकृष्ण श्रेष्ठ हैं ।

श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता केवल सन्दर्भ ग्रन्थ में श्री जीव गोस्वामि चरण के द्वारा अविसंवादित सत्य रूप में प्रतिपादित हुई है, एतद्व्यतीत परतत्त्व में शक्ति स्वीकार करने वाले आचार्यों के मत में श्रीकृष्ण स्वयं भगवान् स्वीकृत नहीं हैं, मतवाद इस प्रकार है—श्रीकृष्ण—नारायण के अंश हैं, वासुदेव हैं, महाविष्णु का अवतार है, केशावतार हैं, कारणार्णवशायी का अवतार हैं, भूमापुरुष का अवतार हैं, अनिरुद्ध का अवतार हैं, विकुण्ठासुत हैं, वामन का अवतार हैं, राम का अवतार हैं ?

अतएव गौड़ीय सम्प्रदाय व्यतीत अन्यत्र श्रीकृष्ण स्वरूप, व्रज एवं व्रजपरिकर एवं व्रज भक्ति की नित्यता स्वीकृत नहीं है । अवतार ग्रहण के अनन्तर निज अंशो में श्रीकृष्ण लीन होते हैं । अतएव श्रीकृष्ण व्रजभक्ति, व्रज परिकर व्रज धाम, श्रीकृष्ण नाम को स्वीकार, एक मात्र भागवत सन्दर्भ से ही होता है । श्रीश्रीभागवत सन्दर्भ ग्रन्थ निखिल दर्शन शास्त्र समूह के मध्य में अपूर्व रत्न विशेष है । उस में भी श्रीकृष्ण सन्दर्भ कौस्तुभ मणि तुल्य है ।

स्वीय अचिन्त्य शक्ति के प्रभाव से नराकृति पर ब्रह्म श्रीकृष्ण, समस्त विरुद्ध धर्म का आश्रय हैं, उन में अणुत्व विभुत्व युगपत् वर्त्तमान हैं, एवं भगवद्धामादि भी "सर्वग, अनन्त, विभु कृष्ण तनुसम हैं ।"

भगवत् स्वरूप समूह के धाम, लीला एवं परिकरादि तत्तत् भगवत् स्वरूप के अनुरूप हैं । सुतरां स्वरूप शक्ति के विलास वैचित्री के तारतम्य के अनुसार अन्यान्य भगवत् स्वरूप के धाम, परिकर लीलादि से श्रीनारायण के धाम परिकर लीलादि श्रेष्ठ हैं, श्रीनारायण से द्वारका मथुरा का धाम माहात्म्य परिकर लीलादि श्रेष्ठ हैं । एवं द्वारका मथुरा से श्रीगोकुल के धाम माहात्म्य परिकर लीलादि का अपूर्व वैशिष्ट्य है ।

नन्द नन्दन श्रीकृष्ण,—गोकुल में, दास सखा पिता माता एवं प्रेयसी वृन्द के सहित दास्य सख्य वात्सल्य एवं मधुर रस आस्वादन करते हैं, एवं स्वीय परिकर वृन्द को अपूर्व आनन्द चमत्कारिता का आस्वादन कराते रहते हैं ।

श्रीकृष्ण के गोकुल परिकर वृन्द के मध्य में श्रीकृष्ण प्रेयसी वृन्द का विशेषत्व सर्वातिशायी है । वे सब श्रीकृष्ण क्रीड़ा तनु हैं, एवं प्रेयसी हैं, तथा श्रीकृष्ण के द्वारा अपरिणीत सम्बन्धान्वित हैं, अन्तरङ्ग प्रेम सम्बन्ध से ही श्रीकृष्ण के सहित स्वाभाविक सम्बन्धान्वित हैं, भङ्गुर सामाजिक विवाह बन्धनान्वित नहीं हैं । जिस प्रकार लक्ष्मी नारायण में आनुष्ठानिक सम्पर्क नहीं है । तद्रूप ही जानना होगा ।

उक्त प्रेयसीवृन्द के मध्य में अखण्ड रसवल्लभा वृषभानुनन्दिनी श्रीमती राधिका की रूप, गुण माधुर्य्य एवं रस परिवेशन परिपाटी सर्वातिशायी है ।

अखण्ड रस स्वरूप चिदानन्द घन मूर्त्ति श्रीनन्दनन्दन में ही परब्रह्मत्व का चरम विकाश है, एवं अखण्ड रस वल्लभा श्रीमती राधिका में ही स्वरूप शक्ति की चरम अभिव्यक्ति है । सुतरां शक्ति शक्तिमान् के परम अभिव्यक्ति स्वरूप युगलित श्रीराधाकृष्ण ही परम स्वरूप हैं ।

उक्त विषय समूह प्रतिपादन निबन्धन निम्नोक्त षोड़श प्रकरण अङ्कित हुये हैं—

श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता का विचार, परमात्मा के स्थान, स्वरूपादि निर्णय, स्वरूप, एवं तटस्थ लक्षण, परमात्मा का आकार, (१) लीलावतार का विचार, श्रीकृष्ण बलराम का वैशिष्ट्य, अवतार समूह का नित्यत्व एवं प्रकार भेद, अंशत्व का विवरण, विभूति विमर्श प्रभृति । (२) स्वयं भगवत्ता का विचार

प्रपञ्च में श्रीकृष्णावतरण का हेतु निर्देश, स्वांश, विभिन्नांश, स्वयं भगवत्ता के सम्बन्ध में यावतीय सन्देह निरसन, केशावतारत्व का खण्डन, विष्णु पुराण, महाभारत, नृसिंह पुराण एवं हरिवंश पुराण के सहित प्रस्तुत ग्रन्थोक्ति का विरोध एवं समाधान, श्रीभगवान् का लीलावतार कर्त्तृत्व एवं पुरुषावतार कर्त्तृत्व। (३) श्रीकृष्ण स्वरूप की नित्यता, श्रीमद् भागवत के महावक्ता एवं श्रोतृवृन्द का तात्पर्य्य श्रीकृष्ण में ही है, श्रीमद् भागवत में अभ्यास अर्थात् बहुश उक्ति श्रीकृष्ण की ही है। एवं उक्त उक्ति समूह 'कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्'' परिभाषा वाक्य के प्रतिनिधि वाक्य हैं। श्रीकृष्ण प्रतिनिधि रूप श्रीमद् भागवत का भी मुख्य तात्पर्य्य श्रीकृष्ण में ही है, श्रीकृष्ण का ही पारतम्य, एवं द्विभुजत्वादि का विचार (४)।

श्रीबलदेव, प्रद्युम्न, एवं अनिरुद्ध का स्वरूप। (५) श्रीकृष्ण का रूप, विभुत्व, स्वयं रूपत्व, नराकारत्व, (६) श्रीधामतत्त्व, श्रीवृन्दावन एवं गोलोक का एकत्व, पृथिवी में प्रकाश मान धाम समूह, अप्राकृतत्व, धाम का नित्यत्व, गोलोक का नित्यत्व (८) श्रीकृष्ण परिकर की वर्णना, (९) यादवादि की श्रीकृष्णपार्षदता, गोपी विरह का नित्य पार्षदत्व, गोपीवृन्द की गुणमय देहत्याग मीमांसा, (१०) श्रीकृष्ण के नन्द यशोदा पुत्रत्वादि (११) श्रीकृष्ण लीला रहस्य, अप्रकट एवं प्रकट लीला, मन्त्रोपासनामयी एवं स्वारसिकी उपासना, परिकर गण की अभिमानक्रिया, एवं उन का प्रकाश भेद, (१२) प्रकट एवं अप्रकट लीला का समन्वय, श्रीकृष्ण का व्रज में स्थिति काल निर्णय, पुनर्बार व्रजागमन वृत्तान्त, अप्रकट लीला में प्रवेश, नन्दादि का परम वैकुण्ठ में प्रवेश एवं श्री कृष्ण का द्वारका गमन (१३) श्रीमद् भागवत में श्रीकृष्ण का व्रजागमन अस्पष्ट क्यों? (१४)

अप्रकट लीलागत भावविचार, यादव, एवं व्रजवासि वृन्द का स्वरूप विचार महिषीवृन्द का स्वरूप निर्णय। (१५)

व्रजदेवी का माहात्म्य, स्वरूप, श्रीराधा का स्वरूप, उत्कर्ष, श्रीराधामाधव युगलमाधुरी (१६) प्रभृति वर्णन के द्वारा प्रस्तुत ग्रन्थ में सम्बन्ध तत्त्व निरूपित हुआ है।

श्रीजीव गोस्वामिरचित ग्रन्थावली—

षट्सन्दर्भ, सर्वसम्वादिनी, श्रीहरिनामामृत व्याकरण, सूत्र मालिका, धातु संग्रह, भक्ति रसामृतशेष, श्रीमाधवमहोत्सव, श्रीगोपाल चम्पू, संकल्प कल्प वृक्ष, श्रीगोपाल विरुदावली, श्रीगोपाल तापनी टीका, ब्रह्मसंहिता टीका, रसामृतसिन्धु टीका, उज्ज्वलनीलमणि टीका, गायत्री भाष्य, क्रमसन्दर्भ, बृहत्क्रमसन्दर्भ, वैष्णव तोषणी, श्रीराधाकृष्णार्चन दीपिका, श्रीराधाकृष्ण करपद चिह्न समाहृति प्रभृति हैं।

परिचय—

प्रसिद्ध श्रीकृष्ण चैतन्य मतीय भक्ति ग्रन्थ प्रणेता श्रीजीव गोस्वामि चरण हैं, लघु वैष्णव तोषणी नाम्नी श्रीमद् भागवतीय टीका के उपसंहार में आत्म परिचय उन्होंने इस प्रकार अङ्कित किया है—

ऊर्द्ध्वतन सप्तम पुरुष 'सर्वज्ञ' कर्णाटदेशीय ब्राह्मणवृन्द वरिष्ठ जगद् गुरु नाम से प्रख्यात थे, एवं तत्रत्य नृपति भी थे, आप सर्वशास्त्र विशारद एवं भरद्वाज गोत्रीय यजुर्वेदी ब्राह्मण थे। सर्वज्ञ का पुत्र— अनिरुद्ध, यजुर्वेद के सुपण्डित महायशाः एवं वरेण्य थे। उनके रूपेश्वर एवं हरिहर पुत्रद्वय शास्त्र एवं शस्त्र विद्या में निपुण थे, अतः हरिहर के द्वारा पितृ प्रदत्त राज्य अपहृत होने पर रूपेश्वर पौरस्त्य प्रदेश में निवास किये थे। उनका 'पद्मनाभ' नामक रूप गुण विद्यादि सम्पन्न एक पुत्र थे, जिन्होंने नव हट्ट 'नैहाटि' ग्राम में आवास स्थापन किया था, पद्मनाभ के आठार कन्या एवं पाँच पुत्र थे, कनिष्ठ पुत्र का नाम मुकुन्द था, उनका 'कुमारदेव' परम आचार निष्ठ व्यक्ति थे। नैहाटि में धर्म विप्लव उपस्थित होने पर वाक्ला चन्द्र द्वीप में निवास किये थे।

कुमारदेव के अनेक पुत्र के मध्य में सनातन, रूप एवं अनुपम प्रसिद्ध थे। पितृ वियोग होने पर आप

सब गौड़ राजधानी के सन्निकटवर्त्ती साकुर्मा नामक पल्ली में विद्याशिक्षार्थ मातुलालय में निवास करते थे। अनन्तर उपयुक्त समय में गौड़राज हुसेन साह के मन्त्रित्व पद में सनातन रूप वृत होकर शाकर मल्लिक दवीर खास नाम से भूषित हुये थे। अनुपम के पुत्र ही श्रीजीव हैं।

श्रीजीव का पितृ वियोग बाल्य काल में ही हुआ था, श्रीजीव, बाल्यकाल से ही श्रीभगवान् में अनुरागी थे। बाल्योचित क्रीड़ा में पराङ्मुख होकर पुष्प चन्दनादिके द्वारा श्रीकृष्णार्चन का अनुष्ठान करते थे।

भक्ति रत्नाकर में उक्त है—

"श्री जीव बालक काले बालकेर सने।
श्रीकृष्ण सम्बन्धविना खेला नाहि जाने॥
कृष्ण बलराम मूर्त्ति निर्म्माण करिया।
करितेन पूजा पुष्प चन्दनादि दिया॥" (१।७१८)

श्रीजीव गोस्वामी की वंशवल्ली।

श्रीसर्वज्ञ (जगद्गुरु कर्णाटक राजा १२०३ शक)
|
अनिरुद्ध (१२३८ शक में राजा)
| |
हरिहर रूपेश्वर
|
पद्मनाभ १३०८ शक में जन्म
पुरुषोत्तम, जगन्नाथ, नारायण, मुरारि, मुकुन्द देव
|
कुमार देव
|
| | ३ श्रीसनातन, ४ श्रीरूप, श्रीवल्लभ (अनुपम)
| | |
(१३८६-१४७६) (१३९२-१४७६) (१३९५-१४३७)
|
श्रीजीव (१४३३-१५१८)।

श्रीचैतन्य देवकी प्रेरणा से श्रीरूप सनातन जीव हितकर कार्य्य में आत्म नियोग करने पर श्रीजीव में प्रबल विषय वितृष्णा का उदय हुआ, भक्ति रत्नाकर में उल्लेख इस प्रकार है—

"नानारत्न भूषा परिधेय सूक्ष्म वास।
अपूर्व शयन शय्या भोजन विलास।
ए सब छाड़िल किछु नाहिभाय चिते।
राज्यादि विषयवार्त्ता ना पारे शुनिते॥"

क्रमशः वृन्दावन निवासी श्रीरूप सनातन गोस्वामी के आकर्षण से श्रीजीव का मन गृह में संसक्त नहीं हुआ, एकदिन स्वप्न में श्रीमन् महाप्रभु को देखकर अधीर होकर परिजन वर्ग को कहे थे "मैं अध्ययन निमित्त नवद्वीप जाऊँगा" इस छल से आप बाक्ला चन्द्रद्वीप से नवद्वीप आये थे एवं श्रीवास अङ्गन में उपस्थित होकर श्रीनित्यानन्द प्रभु की कृपा प्राप्त किये थे।

" नित्यानन्द प्रभु महावात्सल्य विह्वल।
धरिला श्रीजीव माथे चरण युगल ॥ (भक्तिरत्नाकर १।६७५)

श्रीनित्यानन्द प्रभु ने कहा "मैं खड़दह से तुम्हारे निमित्त यहाँ आया हूँ, कुछ दिन नवद्वीप में अवस्थान कर तुम श्रीवृन्दावन जाओ।"

श्रीजीव,—श्रीनित्यानन्द प्रभु से आदेश प्राप्त कर नवद्वीप से काशी आये थे, एवं वहाँ शास्त्र अध्ययन पूर्वक श्रीवृन्दावन में आकर श्रीरूप सनातन के श्रीचरणाश्रित हुये थे। श्रीजीव, अलौकिक प्रतिभा सम्पन्न व्यक्ति थे, उनका अवदान चिरकाल मनुष्य समाज को उद्भासित करता रहेगा।

एतत् ग्रन्थसह श्रीजीवकृत श्रीकृष्णसन्दर्भ की अणुव्याख्या 'सर्वसम्वादिनी" सन्निविष्ट है, उस में निम्नोक्त विषय समूह अङ्कित हैं।

अवतार तत्त्व विचार (१) श्रीकृष्ण का केशावतारत्वखण्डन (२) श्रीकृष्णनाम की श्रेष्ठता प्रयुक्त श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता (३) श्रीकृष्ण भजन की सर्वगुह्यतमता (४) श्रीचरणचिह्न (५) श्रीगोपी भजन की सर्व श्रेष्ठता प्रभृति (६)

श्रीहरिदास शास्त्री

❀ श्रीश्रीगौरगदाधरौ जयतः ❀

❀ सूचीपत्र ❀

मूल—१८९—श्लोक ५८१ लेख ३१७५ श्लोक



श्रीहरिदास शास्त्री

※ श्रीश्रीगौरगदाधरौ विजयेताम् ※

श्रील श्रीजीवगोस्वामि-प्रभुपाद-विरचिते

श्री भागवतसन्दर्भे

चतुर्थः

श्रीकृष्णसन्दर्भः

तौ सन्तोषयता सन्तौ श्रील-रूप-सनातनौ ।
दाक्षिणात्येन भट्टेन पुनरेतद्विविच्यते ॥१॥
तस्याद्यं ग्रन्थनालेखं क्रान्त-व्युत्क्रान्त-खण्डितम् ।
पर्य्यालोच्याथ पर्य्यायं कृत्वा लिखति जीवकः ॥२॥

श्रीजीवगोस्वामि-प्रभुपाद-विरचिता

श्रीसर्वसम्वादिनी

श्रीकृष्णसन्दर्भानुव्याख्या

'अथ' इति निर्द्धारणम्,—बहुष्वेकस्य निर्णयः।

[मूलसन्दर्भे ५म अनु०] "एतत्" इति ;—यस्य शक्तित्वेनांशौ प्रकृति-शुद्धसमष्टिजीवौ ;—तयोरंशेन

कृष्णचन्द्रं प्रणम्याथ ह्लादिन्याश्लिष्टमीश्वरम् ।
सन्दर्भेषु चतुर्थस्य व्याख्यां कुर्वे यथामति ॥

परमात्मसन्दर्भ वर्णन के अनन्तर वर्णन क्रम से श्रीकृष्णसन्दर्भ का वर्णन करते हैं। "गूढ़ार्थस्य प्रकाशश्च सारोक्तिः श्रेष्ठता तथा, नानार्थवत्त्ववेद्यत्वं सन्दर्भः कथ्यते बुधैः" जिस प्रबन्ध में गूढ़ार्थ का प्रकाश, सारोक्ति, श्रेष्ठता एवं ज्ञातव्य विषय की बहुलता विद्यमान है। उसे सन्दर्भ कहते हैं,—यह सन्दर्भ भागवतसन्दर्भ षट् के मध्य में चतुर्थ सन्दर्भ है, सम्बन्धाभिधेय प्रयोजन वर्णनात्मक रूप षटसन्दर्भ में प्रथम तत्त्व भगवत, परमात्म, श्रीकृष्णसन्दर्भ में सम्बन्धितत्त्व का वर्णन है, भक्तिसन्दर्भ में अभिधेय तत्त्व एवं प्रीतिसन्दर्भ में प्रयोजन तत्त्व का वर्णन है। (१)

षट्सन्दर्भ एक परिपूर्ण भक्तिदर्शन ग्रन्थ है, अतएव प्रत्येक ग्रन्थ के आरम्भ में एक ही मङ्गलाचरण विन्यस्त है। "मद्भक्त पूजाभ्यधिका" भक्त का सन्तोष विधान करना ही भगवत् सन्तोष के प्रति प्रकृष्ट साधन है, तज्जन्य दाक्षिणात्य विप्रकुलोत्पन्न श्रील-गोपालभट्ट गोस्वामीचरण, भगवत् श्रीकृष्ण-चैतन्यानुचर श्रील-रूपसनातन के सन्तोषार्थ जिस भागवतसन्दर्भ का प्रणयनारम्भ किए थे। उक्त ग्रन्थ, स्थल विशेष में क्रमबद्ध, व्युत्क्रमयुक्त, एवं खण्डित था, तज्जन्य श्रीजीवगोस्वामिचरण, उक्त ग्रन्थ की पर्य्यालोचना करके क्रमबद्ध रूप से प्रणयन कर रहे हैं। द्वितीय श्लोक के अन्तिम भाग में 'लिखति जीवकः" प्रयोग है, उससे ग्रन्थ कर्त्ता श्रीजीवगोस्वामिचरण का परिचय प्राप्त होता है। जीव शब्द के उत्तर हीनार्थ में कन्-प्रत्यय से उक्त पद सिद्ध हुआ है। दैन्यातिशय्य बोधन के निमित्त ही उक्त पद का प्रयोग हुआ है, "भक्तिर्हि दैन्यबोधिनी" अकृत्रिम दैन्य प्रकाश से ही भगवान् प्रसन्न होते हैं। अपर पक्षीय व्याख्या में 'जीवयति सर्वजीवान् भागवतसिद्धान्तदानेनेति जीवकः" अर्थात् जो श्रीमद्भागवत सिद्धान्त प्रदान के द्वारा सर्व जीव को जीवित करते हैं, वह जीवक है। श्रीजीवगोस्वामिचरण की प्रतिभा के

१। अथ पूर्वं सन्दर्भत्रयेण यस्य सर्वपरत्वं साधितम्, तस्य श्रीभगवतो निर्द्धारणाय सन्दर्भोऽयमारभ्यते। अथ तत्र प्रथमस्य द्वितीये (भा० १।२।११) "वदन्ति" इत्यादिना तदेकमेव तत्त्वं ब्रह्मादितया शब्द्यत इत्युक्तम्। तदेव ब्रह्मादित्रयं तस्य तृतीये विविच्यते। ब्रह्म त्विह, (भा० १।३।३३)—

सर्वसम्वादिनी

परस्पर-संयुक्तेन वृत्तिसमूहद्वयेन (भा० १०।८७।३१) "न घटत उद्भवः प्रकृति-पुरुषयोरजयो-,रुभययुजा भवन्त्यसुभृतो जलबुद्बुदवत्" इत्युक्तत्वात्।

फल से ही मानव जीवित है, श्रीमद्भागवत प्रमाण से निर्दुष्ट परिपूर्ण भक्ति दर्शन का प्रणयन कर्त्ता आप ही हैं। स्वीय निरभिमानता को सूचित करने के लिए ही उत्तम पुरुष की क्रिया के परिवर्त्त में "लिखति" प्रथम पुरुष की क्रिया का प्रयोग हुआ। (२)

अनन्तर तत्त्व, भगवत्, परमात्म नामक सन्दर्भ त्रय में जिन भगवत् तत्त्व का सर्वश्रेष्ठत्व स्थापित हुआ है, उन श्रीभगवत्तत्त्व का परिचय, सुनिर्दिष्ट रूप से प्रदान करने के निमित्त ही चतुर्थ सन्दर्भात्मक श्रीकृष्णसन्दर्भ का आरम्भ हुआ है। कारण—'भगवान्' शब्द से श्रीराम, नृसिंह, वामनादि अनन्त भगवत् स्वरूप का ही ग्रहण होता है, उन सबके मध्य में निरपेक्ष सर्वश्रेष्ठ रूप में प्रकाशमान भगवत् स्वरूप कौन है? निखिल शास्त्र सार-स्वरूप श्रीमद्भागवत प्रमाण के द्वारा उक्त तत्त्व का निर्द्धारण के लिए ग्रन्थारम्भ करते हैं। ग्रन्थारम्भ का 'अथ' शब्द का अर्थ आनन्तर्य्य है, परमात्मसन्दर्भ में सामान्य रूप से भगवत्तत्त्व निरूपण के अनन्तर विशेषरूप से भगवत्तत्त्व निरूपणार्थ प्रस्तुत ग्रन्थारम्भ होता है। "ओँकारश्चाथ शब्दश्च द्वावेतौ ब्रह्मण पुरा, कण्ठं भित्वाविनिर्यातौ तस्मान् माङ्गलिकावुभौ", इस नियम से 'अथ' शब्द के द्वारा आनुषङ्गिक मङ्गल बोधित हुआ है। वस्तुत प्रकृत ग्रन्थ स्वयं ही मङ्गलात्मक है।

श्रीमद्भागवतस्थ (१।२।११)—

"वदन्ति तत्तत्त्वविदस्तत्त्वं यज्ज्ञानमद्वयम्। ब्रह्मेति परमात्मेति भगवानिति शब्द्यते॥"

परतत्त्व एक ही अद्वय ज्ञान स्वरूप है, उपासक की ज्ञान-दृष्टि के क्रमसे एक ही तत्त्व ब्रह्म, परमात्म, भगवत् नाम से अभिहित होते हैं। अर्थात् स्वरूपानुसन्धानरत ज्ञानिगण—ब्रह्म रूप में भावना करते हैं, योगिगण—हृदय में परमात्म रूप में ध्यान करते हैं, भक्तगण—भक्तियोग के द्वारा अन्तर बाहर परम मनोहर सर्वसुहृत् श्यामलसुन्दर रूप में देखते हैं।

टीका—ननु तत्त्व जिज्ञासा नाम धर्मजिज्ञासैव धर्म एव हि तत्त्वमिति केचित् तत्राह वदन्तीति। तत्त्वविदस्तुतदेव तत्त्वं वदन्ति। किं तत्? यत् ज्ञानं नाम। अद्वयमिति, क्षणिक ज्ञानपक्षं व्यावर्त्तयति। ननु तत्त्वविदोऽपि विगीत वचना एव? मैवं तस्यैव तत्त्वस्य नामान्तरैरभिधानादित्याह। औपनिषदै ब्रह्मेति, हैरण्यगर्भैः परमात्मेति, सात्वतै भगवानिति शब्द्यते अभिधीयते॥

क्रमसन्दर्भः—वदन्तीति तैर्व्याख्यातम्; तत्र "विगीत वचनाः" इत्यत्र परस्परमितिशेषः। "तत्त्वस्य नामान्तरैरभिधानात्" इति धर्मिणि सर्वेषामभ्रमात्, धर्म एव तु भ्रमादिति। यद्वा किं तत्त्वं? इत्यपेक्षायामाह,- वदन्तीति, ज्ञानं चिदेकरूपम्; अद्वयत्वं,—चात्र स्वयं सिद्ध तादृश तत्त्वान्तराभावात् स्वशक्त्येक सहायत्वात् परमाश्रयं तं विना तासामसिद्धत्वाच्च। तत्त्वमिति परपुरुषता द्योतनया परमसुखरूपत्वं तस्य ज्ञानस्य बोध्यते। अतएव तस्य नित्यत्वञ्च दर्शितम्। अत्र श्रीमद्भागवताख्य शास्त्रे क्वचिदन्यत्रापि तदेकं तत्त्वं त्रिधा शब्द्यते, क्वचिद् ब्रह्मेति, क्वचिद् परमात्मेति, क्वचिद् भगवानिति

च। किन्त्वत्र व्यास समाधिलब्धाद् भेदाद् जीव इति च शब्द्यते। इति नोक्तमिति ज्ञेयम्।

तत्र शक्तिवर्गलक्षण तद्धर्मातिरिक्तं केवलं ज्ञानं ब्रह्मेति शब्द्यते, अन्तर्यामित्वमयमायाशक्तिप्रचुर चिच्छक्त्यंशविशिष्टं परमात्मेति; परिपूर्णसर्वशक्तिविशिष्टं भगवानिति। एवमेवोक्तं श्रीजड़भरतेन (भा० ५।१२।११) "ज्ञानं विशुद्धं परमात्ममेकमनन्तरं त्ववहिर्ब्रह्मसत्यम्। प्रत्यक् प्रशान्तं भगवच्छब्दसंज्ञं, यद् वासुदेवं कवयो वदन्ति" इति। (भा० १०।२८।७) "तस्मैनमो भगवते ब्रह्मणे परमात्मने" इत्यत्र वरुणकृतस्तुतौ, अत्र टीका,—'परमात्मने सर्वजीवनियन्त्रे' इत्येषा; ध्रुवं प्रति श्रीमनुना च (भा० ४।११।३०) "त्वं प्रत्यगात्मनि तदा भगवत्यनन्ते, आनन्दमात्र उपपन्न समस्तशक्तौ" इति। अत्रानन्दमात्रं विशेष्यम्। समस्ताः शक्तयो विशेषणानि विशिष्टो भगवानित्यायातम्। भगवच्छब्दार्थश्च विष्णुपुराणे प्रोक्तः,—(६।५।७९) "ज्ञानशक्तिबलैश्वर्य्यवीर्य्यतेजांस्यशेषतः, भगवच्छब्दवाच्यानि विना हेयैर्गुणादिभिः।" इति॥

'वदन्ति" श्लोक की व्याख्या स्वामिपाद ने की है, उसमें एक अद्वय ज्ञान तत्त्व का उपासक योग्यता भेद से प्रकाश होता है। ब्रह्म, परमात्मा, भगवान्—ज्ञानी, योगी, भक्त की दृष्टि के भेद से एकतत्त्व त्रिविध रूप से दृष्ट होता है। वर्जित है। एकतत्त्व में भी विभिन्न दृष्टि भङ्गी से जो मतद्वैध उपस्थित होता है, एवं स्वमत प्रतिपादन हेतु अपर मत को असम्यक् कहते हैं। इस प्रकार पारस्परिक निन्दित व्यवहार के प्रति हेतु है, धर्मांश में भ्रम, अर्थात् जो व्यक्ति ज्ञानोपदेश प्राप्त किया है, वह निर्विशेष मानता है। जो योगोपदेश में श्रद्धालु है, वह परमात्मा रूप से उक्त तत्त्व को मानता है। भक्ति में विश्वासी भक्तगण उक्त अद्वय ज्ञान तत्त्व को परिपूर्ण रूप से जान कर अपना प्रिय बनाते हैं। एकतत्त्व का नामान्तर से ही कथन होता है, अतएव धर्मी में भ्रम नहीं है, किन्तु धर्म में भ्रम है। किंवा परतत्त्व एक ही है, वह तत्त्व किस प्रकार है? उत्तर में कहते हैं,—एक अद्वय ज्ञानतत्त्व है, उनका ही तीन नाम हैं,—ब्रह्म, परमात्मा, भगवान्। विवेक रूप को ज्ञान कहते हैं, वह चैतन्य स्वरूप है। अद्वय इसलिए है, जिस में स्वयं सिद्ध तत्त्वान्तर है हो नहीं। निज स्वरूपभूत शक्ति में महीयान् हैं, शक्ति का आश्रय भी उक्त ज्ञानतत्त्व है, उसके बिना शक्ति की पृथक् रूप से अवस्थिति नहीं होती है, शक्तिमान् के बिना शक्ति, असिद्ध होती है। "तत्त्व" कहने का अभिप्राय यह है—वह तत्त्व, परमपुरुषार्थ है, परमसुखरूप है, अतएव उक्त ज्ञान स्वरूप नित्य है। श्रीमद्भागवत शास्त्र में उक्त ज्ञानतत्त्व का त्रिविध नाम से सुस्पष्ट कथन है, अन्यत्र भी वर्णन है। स्थान विशेष में उन तत्त्व को ब्रह्म शब्द से कहते हैं, शास्त्र विशेष में परमात्मा नामोल्लेख है, भक्ति प्रधान शास्त्र में उक्त अद्वय ज्ञानतत्त्व ही भगवान् नाम से अभिहित होते हैं। किन्तु आश्चर्य्य का विषय यह है कि—श्रीमद्भागवतस्थ उक्त तत्त्व वर्णनात्मक श्लोक में उक्त तत्त्व का नामकरण के समय उक्त अद्वय ज्ञानतत्त्व को ब्रह्म, परमात्मा, भगवान् एवं जीव नाम से कहते हैं, ऐसा नहीं कहा है। प्रत्युत व्यासदेव ने भक्तियोग के द्वारा समाधिस्थ होकर वर्णनार्थ जिस तत्त्व का दर्शन किया, उसमें पूर्ण अद्वय ज्ञानतत्त्व को पृथक् रूप से देखा, और जीव को पृथक् रूप से ही देखा है। माया प्रभाव रहित अद्वय ज्ञानतत्त्व को देखा, जीव को मायामोहित रूप से देखा है। शक्तिवर्गस्वरूप धर्मातिरिक्त केवल ज्ञान को ब्रह्म कहते हैं, अन्तर्यामित्वमय मायाशक्ति प्रचुरचिच्छक्त्यंश विशिष्ट को परमात्मा शब्द से कहते हैं, परिपूर्ण सर्वशक्ति विशिष्ट को भगवान् कहते हैं। श्रीजड़भरत ने भी कहा हैं,—विशुद्ध ज्ञानस्वरूप, व्यापक, ब्रह्म, सत्य, प्रत्यक्, प्रशान्तरूप भगवन्नामक पदार्थ है, कविगण जिन को वासुदेव कहते हैं। श्रीभागवतस्थ वरुणकृत स्तुति में उक्त है,—ब्रह्म परमात्मा भगवान् को प्रणाम। यहाँ की टीका,—परमात्मा - सर्वजीव नियन्ता, ध्रुव के प्रति श्रीमनु ने भी कहा है—प्रत्यगात्मा अनन्त भगवान् आनन्द स्वरूप हैं, उनमें स्वाभाविक समस्त शक्ति हैं। यहाँ आनन्दमात्र विशेष्य है, समस्त शक्ति विशेषण है, इससे समस्त शक्ति विशिष्ट ही भगवान् हैं, यह बोध होता है। "भगवत्" शब्द का अर्थ विष्णुपुराण में है—"अशेष ज्ञान-शक्ति-बलैश्वर्य्य-वीर्य्य-तेज को

"यत्रेमे सदसद्रूपे प्रतिसिद्धे स्वसम्विदा।
अविद्ययात्मनि कृते इति तत्ब्रह्मदर्शनम् ॥"३॥

सर्वसम्वादिनी

[मूल० ७म अनु०] "द्वितीयम्" इत्यनेन पृथिव्युद्धरणं द्विरपि कृतम्; लीला-साजात्येन त्वेकवद्वर्ण्यते। पूर्वं हि स्वायम्भुव-मन्वन्तरादौ पृथिवी-मज्जने तामुद्धरिष्यन् पश्चाच्च षष्ठ-मन्वन्तरजात-प्राचेतसदक्ष-कन्याया

भगवान् कहते हैं, जिन में हेयगुणादि नहीं है।"

श्रीमद्भागवत के (३।३२।३३) में उक्त है—

"यथेन्द्रियैः पृथग् द्वारैरर्थो बहुगुणाश्रयः। एको नानेयते तद्वद्भगवान् शास्त्रवर्त्मभिः॥"

जिस प्रकार दुग्ध पदार्थ, श्वेतत्वादि बहुगुणाश्रय है, किन्तु पृथक् पृथक् इन्द्रिय द्वारा पृथक् पृथक् अनुभूत होता है। चक्षु के द्वारा श्वेतत्व, त्वक् द्वारा शीतलत्व, जिह्वा के द्वारा मधुरत्व की उपलब्धि होती है। उस प्रकार एक ही अखण्ड ज्ञानतत्त्व वस्तु की ज्ञानयोग से निर्विशेष रूप में योगमार्ग से परमात्म रूप में एवं भक्तियोग से भगवद्रूप में उपलब्धि होती है। एक ही अद्वयतत्त्व की निर्विशेष सविशेष रूप से उपलब्धि का दृष्टान्त माघकाव्य में है,—'यस्त्विषामित्यवधारितं पुरा ततः शरीरिति विभाविता कृतिम्। विभुर्विभक्तावयवं पुमानिति क्रमादमुं नारद इत्यबोधि सः॥' जिस समय राजसूय यज्ञ में श्रीकृष्ण को निमन्त्रण करने के लिए गगन पथ से देवर्षि नारद का आगमन द्वारका में हुआ था, उस समय का दृश्य इस प्रकार है,—प्रथम श्रीकृष्ण ने तेजःपुञ्ज रूप से नारद को देखा, निकटवर्ती होनेसे आकृति को देखकर शरीरी रूप से निर्द्धारण किया, सन्निकटवर्त्ती होनेसे चिरपरिचित नारद को जाना था। यहाँ नारद रूप से दर्शन ही जिस प्रकार मुख्य है, ज्योतिःपुञ्ज, शरीरी प्रभृति रूप से दर्शन गौण है, एक नारद का दर्शन, दूरत्व निकटत्व निबन्धन तारतम्य से हुआ है। परतत्त्व दर्शन में भी उक्त नियम को जानना आवश्यक है, अर्थात् भगवद्रूप में परतत्त्व वस्तु का साक्षात्कार ही मुख्य है, ज्योतिः प्रभृति का दर्शन गौण है। उक्त अखण्ड तत्त्ववस्तु में स्वीय स्वरूप शक्ति का वैचित्र्य समधिक विद्यमान होने पर भी उक्त तत्त्व के सहित तादात्म्य भावनाक्रान्त चित्त से स्वरूपशक्ति वैचित्र्य विशिष्ट स्वरूप साक्षात्कार की अयोग्यता निबन्धन निर्विशेष रूप में अभिव्यक्त तत्त्व को ब्रह्म नाम से कहते हैं।

(भा० १।३।३३) में उक्त ब्रह्म परमात्मा भगवान् का आविर्भाव विवरण वर्णित है,—

"यत्रेमे सदसद्रूपे प्रतिषिद्धे स्वसम्विदा। अविद्ययात्मनि कृते इति तत्ब्रह्मदर्शनम् ॥३३॥
यद्येषोपरता देवी माया वैशारदीमतिः। सम्पन्न एवेति विदु र्महिम्नि स्वे महीयते ॥"३४॥

टीका—तदेवमुपाधिद्वयमुक्त्वा तदपवादेन जीवस्य ब्रह्मतामाह यत्रेति। यत्र यदा इमे स्थूलसूक्ष्मरूपे स्वसंविदा स्वरूपसम्यक्ज्ञानेन प्रतिषिद्धे भवतः। ज्ञानेन प्रतिषेधार्हत्वे तमेव हेतुमाह, अविद्यया आत्मनि कृते कल्पिते इति हेतोः। तद् ब्रह्म, तदा जीवो ब्रह्मैव भवतीत्यर्थः कथम्भूतम्? दर्शनम्—ज्ञानैक स्वरूपम्। (३३)

तथापि भगवन्मायायाः संसृतिकारणभूताया विद्यमानत्वात् कथं ब्रह्मता? तत्राह यदीति। यदीति—असन्देहे सन्देह वचनं, यदि वेदाः प्रमाणं स्युरितिवत्॥ वैशारदी,—विशारदः सर्वज्ञ ईश्वरः, तदीया देवी, संसारचक्रेण क्रीड़न्ती, एषा माया यदि उपरता भवति, किमित्युपरता भवेत्—तत्राह मतिर्विद्या, अयम्भावः—यावदेषा अविद्या आत्मना आवरण विक्षेपौ करोति तावन्नोपरमति। यदा तु सैव विद्यारूपेण परिणता तदा सदसद्रूपं जीवोपाधिं दग्ध्वा निरिन्धनाग्निवत् स्वयमेवोपरमेत्, इति—तदा सम्पन्नः ब्रह्म स्वरूपं प्राप्त एवेति विदुः, तत्त्वज्ञाः। किमतः? यद्येवं स्वेमहिम्नि परमानन्द स्वरूपे महीयते

पूज्यते विराजते इत्यर्थः। (३४)

उक्त श्लोक द्वय के द्वारा ब्रह्म तत्त्व का निरूपण हुआ है। "सत् एवं असत्" स्वरूपात्मक स्थूल सूक्ष्म देह,—अविद्या कर्त्तृक आत्मा में आरोपित है, आत्म विषयक ज्ञान आविर्भूत होनेसे उक्त स्थूल-सूक्ष्म देह का अध्यास का बोध होता है, उक्त ज्ञान का नाम ही ब्रह्म साक्षात्कार है। किन्तु विचार्य्य यह है कि—केवल जीवस्वरूप ज्ञान के द्वारा ही परिपूर्ण अध्यास की उपलब्धि नहीं होती है, कारण—परतत्त्व ज्ञानाधीन ही जीवस्वरूप का ज्ञान होता है, परतत्त्व विषयक ज्ञानाविर्भाव व्यतीत जीव का स्वरूप ज्ञान स्वतन्त्र रूप से नहीं हो सकता है।

क्रमसन्दर्भः—अथ जीवस्वरूपे भगवत्स्वरूपे च तत् सम्बन्धं वारयति, पूर्वाध्यायोक्तं ब्रह्म च लक्षयति, यत्रेति द्वाभ्याम्। यत्र—यस्मिन् दर्शने स्थूलसूक्ष्मरूपे शरीरे स्वसंविदा जीवात्मनः स्वरूपज्ञानेन प्रतिसिद्धे भवतः; केन प्रकारेण? वस्तुत आत्मनि न स्त एव, किन्तु अविद्ययैवात्मनि कृते अध्यस्त इत्येतत् प्रकारेणेत्यर्थः। तद्ब्रह्मदर्शनमिति यत्तदोरन्वयः। ब्रह्मणोदर्शनं साक्षात्कारः। यत्र स्वसंविदेत्युक्त्या जीवस्वरूपज्ञानमपि तदाश्रयमेव भवतीति तथा केवल स्वसंविदा ते निषिद्धे न भवतः, इति च ज्ञापितम्। ततश्च जीवत एवाविद्याकल्पित—माया-कार्य्य-सम्बन्ध-मिथ्यात्व-ज्ञापकजीवस्वरूपसाक्षात्करण तादात्म्यापन्नब्रह्मसाक्षात्कारो जीवन्मुक्तिविशेष इत्यर्थः। ईदृशमेव तन्मुक्तिलक्षणं श्रीकापिलेये—(३।२८।३५-३८) दर्शितम्।

मुक्ताश्रयं यर्हि निर्विषयं विरक्तं निर्वाणमृच्छति मनःसहसा यथार्चिचः।
आत्मानमत्रपुरुषोऽव्यवधानमेकमन्वीक्षते प्रतिनिवृत्तगुणप्रवाहः॥
सोऽप्येतया चरमया मनसोनिवृत्त्या तस्मिन् महिम्न्यवसितः सुखदुःखबाह्ये।
हेतुत्वमप्यसति कर्त्तरि दुःखयोर्यत् स्वात्मन् विधत उपलब्धपरात्मकाष्ठः॥
देहञ्च तं न चरमः स्थितमुत्थितं वा सिद्धो विपश्यति यतोऽध्यगमत् स्वरूपम्।
दैवादपेतमथदैववशादुपेतं वासो यथा परिकृतं मदिरामदान्धः॥
देहोऽपि दैववशगः खलु कर्म यावत् स्वारम्भकं प्रतिसमीक्षत एव साधुः।
तं स प्रपञ्चमधिरूढ़समाधियोगं स्वाप्नं पुनर्नभजते प्रतिबुद्धवस्तु॥

तस्मादस्य प्रारब्ध कर्ममात्राणामनभिनिवेशेनैवोपभोगः। एवोमेवोक्तम्—(ईशो ७) 'तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः' इति। अथान्तिमां ब्रह्मसाक्षात्कार लक्षणां मुक्तिमाह-यदीति एषा जीवन्मुक्तिदशायां स्थिता। विशारदेन परमेश्वरेण दत्ता; देवी-द्योतमानामति विद्या, तद्रूपा या माया स्वरूपशक्तिवृत्तिभूतविद्याविर्भावद्वारलक्षणा सत्त्वमयी मायावृत्तिः, सा यद्युपरता निवृत्ता भवति, तदा व्यवधानाभासस्यापि राहित्यात् सम्पन्नोलब्धो ब्रह्मानन्दसम्पत्तिरेषेतिविदुर्मुनयः। ततश्च तत् सम्पत्ति लाभात् स्वेमहिम्नि स्वरूपसम्पत्तावपि महीयते पूज्यते प्रकृष्ट प्रकाशो भवतीत्यर्थः॥ (३३-३४)

जीव के स्वरूप में एवं भगवत् के स्वरूप में माया का सम्बन्ध नहीं है, उसको कह कर पूर्वाध्यायोक्त ब्रह्म का निरूपण करते है, "यत्र" दो श्लोकों के द्वारा। जिसके दर्शन से स्थूल-सूक्ष्म शरीर में आत्माध्यास निवृत्त हो जाता है, किस प्रकार से? वस्तुत आत्मा में उक्त देहद्वय नहीं है, किन्तु अविद्या के द्वारा ही आत्मा में अध्यास होता है। इस प्रकार ज्ञान से ही वह विदूरित होता है, वह ही ब्रह्म दर्शन है। 'यत् एवं तद्' का अन्वय होता है, ब्रह्म का दर्शन अर्थात् साक्षात्कार होता है। जीव का स्वरूप ज्ञान के द्वारा मायापसारण अध्यास निवृत्ति नहीं होती है, किन्तु परमात्म ज्ञानपूर्वक आत्मज्ञान से ही अविद्या निवृत्ति होती है। अतएव जीवद्दशा में ही अविद्या कल्पित मायाकार्य्य सम्बन्ध मिथ्यात्व ज्ञापक जीव स्वरूप साक्षात्कार ब्रह्म तादात्म्यपन्न होने से ही जीवन्मुक्ति होती है। इस प्रकार मुक्ति

इत्यादिना तत्र विविक्तमप्येकाकाराविर्भावतया संशयाभावात्तन्निर्द्धारणार्थं तत्तद्वचनं नोद्ध्रियते। श्रीभगवत्-परमात्मनोस्तु नानाविर्भावत्वात्तानि वचनानि तत्तन्निर्द्धारणार्थमुद्ध्रियन्ते। तत्रेश्वरो निराकारो नास्तीति प्राङ्निर्णीतम्। 'परमात्म'-शब्देन च सर्वान्तर्यामि-पुरुषः प्रतिपादितस्तेष्वेव सन्दर्भेषु। तथा च सति तस्मिस्तृतीयाध्यायारम्भ एवमाभास्यम्।

ननु पूर्वं ब्रह्मादितया त्रिधैव तत्त्वमेकमुक्तम्; तत्र ब्रह्मणः किं लक्षणं भगवत्-परमात्मनोर्वा, तत्र तत्र विशेषः कश्चिद्वा किमस्तीति श्रीशौनकादि-प्रश्नमाशङ्क्य श्रीसूत उवाच (भा० १।३।१)—

सर्वसम्वादिनी

अदितेर्गर्भोद्भवेन हिरण्याक्षेण सह युद्धेऽष्टम-मन्वन्तरजात-पृथिवी-मज्जने तामुद्धरिष्यन्नित्यर्थः। तत्रादौ "विधेर्घ्राणादन्ते नीरात्" इति पुराणान्तरम्; (सं-श्रीभा० १००, १०१)—

स्वरूप का वर्णन (भा० ३।२८।३५-३८) में है। जिस समय मन ध्येय का साक्षात्कार करता है, ध्येय का साक्षात्कार व्यतीत ध्यान कर्त्ता की मुक्ति नहीं होती है। उक्त साक्षात्कार से निरिन्धन अनल की भाँति अविद्या शान्त हो जाती है। अनन्तर विषय से मन उपरत होने पर विषय जनित सुख-दुःख का अनुभव नहीं होता है, केवल आत्मानुभव ही होता है। शरीर की स्थिति मदिरामदान्ध व्यक्ति के परिधेय वसन के समान अननुसन्धान से रहता है। देह भी पूर्वसंस्कार से संस्कारायित होकर व्यवहार निर्वाहक होता है। किन्तु स्वप्रदृष्ट वस्तु की अनुभूति जाग्रत् काल में जिस प्रकार नहीं रहती है, उस प्रकार ही विषय ग्रहण से भी पुनर्बार भोगेच्छा नहीं होती है। मनः स्व-स्वरूप में परिनिष्ठित रहता है। अतएव प्रारब्ध कर्मों का भोग अनभिनिवेश से सी होता है। ईशोपनिषद् में भी उक्त हैं,—एकत्वानुभवकारियों का शोक-मोह का प्रसङ्ग ही कहाँ है। अनन्तर ब्रह्म साक्षात्कार स्वरूप अन्तिम मुक्ति का विवरण कहते हैं। जो व्यक्ति जीवन्मुक्ति दशा में स्थित है, वह परामुक्ति का अधिकारी होता है। विशारद परमेश्वर के द्वारा प्रदत्तामति, विद्या, वह माया,—भगवत् स्वरूपशक्ति वृत्तिभूत विद्याविर्भाव का द्वार है। वह सत्त्वमयी मायावृत्ति है, वह यदि निवृत्ता हो जाती है, तब व्यवधानाभास भी नहीं रहता है, तब वह सम्पन्न होता है, अर्थात् ब्रह्मानन्द सम्पत्ति लाभ करता है। यह कथन मुनिवृन्द का है। अनन्तर उक्त सम्पत्ति लाभ के पश्चात् स्वरूप सम्पत्ति में भी महीयान् होता है, पूजित होता, प्रकृष्ट प्रकाश की प्राप्त करता है। उक्त वचनों से एकाकार वृत्ति के द्वारा ब्रह्मतादात्म्यापन्न होनेसे ब्रह्माविर्भाव होता है। इस विषय में किसी प्रकार संशय नहीं है, अतएव उक्त ब्रह्मतत्त्व निर्द्धारणार्थ वचन समूह का उपस्थापन करना निष्प्रयोजन है। श्रीभगवत्तत्त्व एवं परमात्म तत्त्वाविर्भाव का तारतम्य विशेष रूप से है, अतः उक्त तारतम्य निर्द्धारण के लिए उक्त प्रमाण समूह का उल्लेख करते हैं। उक्त परमतत्त्व रूप ईश्वरतत्त्व निराकार नहीं है, इस विषय का निर्द्धारण भगवत्सन्दर्भ एवं परमात्मसन्दर्भ में विशेष रूप से हुआ है। परमात्म शब्द से सर्वान्तर्य्यामि पुरुष का बोध होता है। उपासना मार्ग में प्रादेशमात्र परिमित चतुर्भुजाकृति परमात्मा का वर्णन हैं। गीता में उक्त है,—

"ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुनस्तिष्ठति। भ्रामयन् सर्वभूतानि यन्त्रारूढ़ानि मायया।।"

इसका विवेचन पूर्व सन्दर्भत्रय में हुआ है। भगवत् परमात्म तत्त्व ही विचारणीय है, ऐसा होने पर उक्त भगवत् परमात्म विचार सम्बन्धीय भागवत के (१।३।१) अध्यायस्थ विषयों का उट्टङ्कन करना आवश्यक है। उक्त अध्यायस्थ प्रथम श्लोक का विवरण से ही भगवत् परमात्म तत्त्व की समीचीन सङ्गति होगी।

(१) "जगृहे पौरुषं रूपं भगवान् महदादिभिः ।
सम्भूतं षोड़शकलमादौ लोकसिसृक्षया ॥"४॥

यः श्रीभगवान् पूर्णषड़ैश्वर्य्यत्वेन पूर्वं निर्दिष्टः, स एव पौरुषं रूपं पुरुषत्वेनाम्नायते यद्रूपं तदेवादौ सर्गारम्भे जगृहे; प्राकृत-प्रलयेष्वस्मिन् लीनं सत् प्रकटतया स्वीकृतवान्। किमर्थम्? तत्राह—लोकसिसृक्षया। तस्मिन्नेव लीनानां लोकानां समष्टिव्यष्ट्युपाधिजीवानां सिसृक्षया प्रादुर्भावनार्थमित्यर्थः। कीदृशं सत्तद्रूपं लीनमासीत्तत्राह—महदादिभिः सम्भूतं मिलितमन्तर्भूतमहदादितत्त्वमित्यर्थः। "सम्भूयाम्भोधिमभ्येति महानद्यो नगापगाः" इत्यादौ हि सम्भवतिर्मिलनार्थः; तत्र हि महदादीनि लीनान्यासन्निति। तदेवं 'विष्णोस्तु त्रीणि रूपाणि' इत्यादौ महत्स्रष्टृत्वेन प्रथमं पुरुषाख्यं रूपं यच्छ्रूयते, यच्च ब्रह्मसंहितादौ कारणार्णवशायिसङ्कर्षणत्वेन श्रूयते, तदेव 'जगृहे' इति प्रतिपादितम्। पुनः कीदृशं तद्रूपम्? तत्राह,—षोड़शकलं तत्सृष्ट्युपयोगिपूर्णशक्तीत्यर्थः। तदेवं यस्तद्रूपं जगृहे, स भगवान्। यत्तु तेन गृहीतं तत्तु स्वसृज्यानामाश्रयत्वात् परमात्मेति पर्य्यवसितम् ॥

सर्वसम्वादिनी

अयं क्वचिच्चतुष्पात् स्यात् क्वचित् स्यान्नृवराहकः। कदाचिज्जलदश्यामः कदाचिच्चन्द्रपाण्डुरः ।।१।। इति।
उक्तश्च प्रलयश्चाक्षुषादौ देवादि-सृष्टिश्च चतुर्थे (भा० ४।३०।४९)—

उसका आभास इस प्रकार है,—(भा० १।३।१) अद्वयाखण्ड ज्ञानतत्त्व स्वरूप श्रीभगवान् उपासक की योग्यता के अनुसार ब्रह्म, परमात्मा, श्रीभगवान् रूप में साधक के निकट आविर्भूत होते हैं। उक्त अखण्ड मूर्तिमत् परतत्त्व वस्तु भगवान् विश्वसृष्टि के प्रारम्भ में विश्वसृजन् करने की इच्छा से महत्तत्त्व प्रभृति के सम्भूत षोड़शकला समन्वित अर्थात् लोक सृष्टि के लिए उपयुक्त परिपूर्ण शक्ति युक्त पुरुषाकार ग्रहण करते हैं। इसके पहले षड़ैश्वर्य्यपूर्ण रूप से जिन श्रीभगवान् का वर्णन हुआ है। उक्त श्रीभगवान् ही पुरुष आख्या से विभूषित रूप को विश्व सृष्टि के प्रारम्भ में ग्रहण किए थे। 'ग्रहण' शब्द का अर्थ प्रकटन है। प्राकृत प्रलय के समय इस स्वरूप में ही था, उन स्वरूप को ही आप ने प्रकट किया। यह पुरुषरूप पहले भी था, किन्तु कार्य्यक्षेत्र जगत् की स्थिति उस समय न होनेसे आप प्रकट नहीं थे। सम्प्रति प्रकट हुए, अर्थात् जगत् सृष्ट्यादि के निमित्त सृष्ट्यादि के उपयोगी क्रियाशक्ति का प्रकटन आपने किया। अर्थात् समष्टि जीव (हिरण्यगर्भ ब्रह्मा), व्यष्टि जीव एवं उसका अधिष्ठान चतुर्द्दशभुवन एवं देह समूह का प्रादुर्भाव करने के निमित्त ही उक्त रूप का प्रकटन किया। सृष्टि के पूर्व में समष्टि व्यष्टि-जीव एवं उसका अधिष्ठान उक्त पुरुषरूप में लीन था। किस प्रयोजन से पुरुषरूप प्रकटन किया? लोकसृजनेच्छा से। (भा० ३।५।२३) में वर्णित है—

"भगवानेक आसेदमग्र आत्मात्मनां विभुः। आत्मेच्छानुगतावात्मा नानामत्युपलक्षणः ॥"

टीका—तत्रसृष्टिलीलां वर्णयितुं ततः पूर्वावस्थामाह। इदं विश्वं, अग्रे सृष्टेः पूर्वं परमात्मा भगवान् एक एवास आसीत्। आत्मनां जीवानां आत्मास्वरूपम्, विभुः च। नान्यद्—द्रष्टृदृश्यात्मकं किञ्चिदासीत्। कारणात्मना सत्त्वेऽपि पृथक् प्रतीत्यभावादित्याह—अनानामत्युपलक्षणः। नानाद्रष्टृदृश्यादिमतिभिनोपलक्ष्यते इति तथा। यद्वा अकार प्रश्लेषं विनैवायमर्थः। यः सृष्टौ नानामतिभिः उपलक्ष्यते स तदा एकएवासीति। कुतः? आत्मेच्छा या माया अस्या अनुगतौ लये सति। यद्वा आत्मन

एकाकित्वेन अवस्थानेच्छायामनुवृत्तायामित्यर्थः ।।

किस प्रकार उक्त सद्रूप पुरुषाकार में लीन था, कहते हैं,—चिच्छक्ति समन्वित परमात्मा काल शक्ति के द्वारा क्षोभिता गुणमयी माया में प्रकृति द्रष्टा रूप में वीर्य्याधान करते हैं, अर्थात् जीवाख्याचिदाभास का अर्पण करते हैं। अनन्तर प्रलय के समय उक्त पुरुषरूप में उभयविध व्यष्टि समष्टि जीव एवं उसका अधिष्ठान चतुर्दश भुवन उनमें लीन था। उसका पुनर्बार प्रकाश करने के निमित्त, कहते हैं,—महदादि के सहित सम्भूत, अर्थात् महत्तत्त्व प्रभृति के सहित मिलित होकर था, अर्थात् महदादि तत्त्व समूह उनमें अन्तर्भूत होकर रहा। "सम्भूयाम्भोधिमभ्येति महानद्यो नगापगाः" पर्वत से निर्गत महानदी समूह परस्पर मिलित होकर समुद्र को प्राप्त करती हैं। यहाँ "सम्भूय" शब्द का मिलन अर्थ हुआ है, उस प्रकार "सम्भूत" शब्द का अर्थ भी मिलन है, अर्थात् प्रलय समय में महदादि तत्त्व समूह मिलित होकर उनमें लीन थे। (भा० ३।८।११) में उक्त है,—

"सोऽन्तः शरीरेऽर्पित भूतसूक्ष्मः कालात्मिकां शक्तिमुदीरयाणः।
उवास तस्मिन् सलिलेपदे स्वे यथानलो दारुनिरुद्धवीर्य्यः।।"

भगवान् निज शरीर के मध्य में भूतसूक्ष्म अर्थात् त्रिलोकगत देव-मनुष्यादि तत्त्व समूह को लीन करने पर भी पुनर्बार सृष्टि के समय उक्त तत्त्व समूह को प्रकट करने के निमित्त कालरूपा शक्ति को प्रेरण किये थे।। श्रीविष्णुपुराण में उक्त है.—विष्णोस्तु त्रीणि रूपाणि पुरुषाख्यान्यथो विदुः, प्रथमं महतः स्रष्टृ, द्वितीयं त्वण्ड संस्थितम्, तृतीयं सर्वभूतस्थं तानि ज्ञात्वा विमुच्यते।।" श्रीविष्णु के पुरुष आख्या से विभूषित तीन रूप हैं, प्रथम—महत्तत्त्व का सृष्टिकर्त्ता कारणार्णवशायी महाविष्णु, द्वितीय—ब्रह्माण्ड मध्यस्थ प्रतिब्रह्माण्डान्तर्य्यामी गर्भोदकशायी प्रद्युम्न, एवं तृतीय—सर्वभूतान्तर्य्यामी क्षीरोदशायी अनिरुद्ध हैं। उक्त श्लोक में महत्तत्त्व के सृष्टिकर्त्ता रूप में जिनका वर्णन है, ब्रह्मसंहिता में उनको कारणार्णवशायिसङ्कर्षण रूप से कहा गया है।

सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात्। सहस्रबाहु विश्वात्मा सहस्रांशः सहस्रसूः।।
नारायणः स भगवानापस्तस्मात् सनातनात्। आविरासीत् कारणार्णोनिधिः सङ्कर्षणात्मकः।।
योगनिद्रागतस्तस्मिन् सहस्रांश स्वयं महान्। तद्रोमविलजालेषु बीजं सङ्कर्षणस्य च।।
हैमान्यण्डानि जातानि महाभूतावृतानि च।।१३।। (ब्रह्मसंहिता)

आप ही भगवान् कारणर्णवशायी नित्यस्वरूप नारायण हैं, उनसे प्रथम प्रथम जिस कारण समुद्र की उत्पत्ति हुई, उसका नाम कारण-समुद्र है। वह नारायण सङ्कर्षणात्मक है, पहले गोलोक के आवरण के मध्य में चतुर्व्यूह का कथन है, उनमें से द्वितीय व्यूह सङ्कर्षण हैं। उनका अंश ही यह नारायण सहस्रांश स्वयं महान् नाम से ख्यात हैं। उनकी लीला को कहते हैं.—आप योगनिद्रा में अवस्थित हैं, अर्थात् स्वरूपानन्दरूप समाधि में अवस्थित हैं, आप अर्थात् जलको 'नारा' कहते हैं, मनुष्य को 'आप' कहते हैं, उस तत्त्व का आश्रय को नारायण कहते हैं।

टीका—अयमेव कारणार्णवशायीत्याह—नारायण इति सार्द्धेन। ताः आप एव कारणार्णोनिधिराविरासीत्, स तु नारायणः, सङ्कर्षणात्मकः, इति; पूर्वं गोलोकावरणतया यश्चतुर्व्यूह मध्ये सङ्कर्षणः सम्मतः, तस्यैवांशोऽयमित्यर्थः। तदुक्तं आपोनारा इति प्रोक्ता आपो वै नरसूनवः, तस्य ता अयनं पूर्वं तेन नारायणः स्मृत इति। तस्मादेव ब्रह्माण्डानामुत्पत्तिमाह—तस्य सङ्कर्षणस्य बीजं रोमविलजालेषु महाभूतावृतानि तु हैमानि अण्डानि जातानि।।१३।।

उस तत्त्व का ही प्रतिपादन (भा० १।३।१) "जगृहे पौरुषं रूपं भगवान् महादिभिः, सम्भूतं षोड़शकलमादौ लोकसिसृक्षया" के द्वारा हुआ है।

टीका—यदुक्तं अथाख्याहि हरेर्धीमन्नवतारकथाः शुभा इति तदुत्तरत्वेनावतारानानुक्रमिष्यन् प्रथम पुरुषावतारमाह—जगृहे, इति पञ्चभिः। महदादिभिर्महदहङ्कारपञ्चतन्मात्रैः सम्भूतं सुनिष्पन्नम्। एकादशेन्द्रियाणि पञ्चमहाभूतानि इति षोड़शकला अंशा यस्मिन् तत्। यद्यपि भगवद्विग्रहो नैवम्भूतः तथापि विराड़् जीवान्तर्यामिणो भगवतो विराड़्-रूपेण उपासनार्थमेवमुक्तमिति द्रष्टव्यम्।

क्रमसन्दर्भः—यस्य च तादृशत्वेन तत्र शयानस्यावयव संस्थानैः साक्षाच्छ्रीचरणादि सन्निवेशै र्लोकस्य विस्तरो विस्तारोविराड़ाकारः प्रपञ्चः कल्पितः—यथा तदवयवसन्निवेशस्तथैव (भा० २।१।२६)—"पातालमेतस्य हि पादमूलम्" इत्यादिना नवीनोपासकान् प्रति मनःस्थैर्य्याय प्रख्यापितः, नतु वस्तुतस्तदेव यस्य रूपमित्यर्थः। यद्वा, (ऋक्० १०।९०।१३-१४) "चन्द्रमा मनसो जातः" इत्यारभ्य "पद्भ्यां भूमिर्दिशः श्रोत्रात्तथा लोकानकल्पयन्" इत्यादि श्रुतेस्तैर्हेतुभूतैर्लोकविस्तारो रचित इत्यर्थः। तथा च मोक्षधर्मे नारायणीये (म० भा० शान्ति-प० ३३९।७२-७४) गर्भोदके शयानस्य रूपान्तरेण श्वेतद्वीपपतेर्वाक्यम्,—

"अस्मन्मूर्त्तिश्चतुर्थी या साऽसृजत् शेषमव्ययम्॥
स हि सङ्कर्षणः प्रोक्तः प्रद्युम्नं सोऽप्यजीजनत्। प्रद्युम्नादनिरुद्धोऽहं सर्गो मम पुनः पुनः॥
अनिरुद्धात्तथा ब्रह्मा तन्नाभिकमलोद्भवः। ब्रह्मणः सर्वभूतानि स्थावराणि चराणि च॥"

तत्रैव वेदव्यासः (म० भा० शान्ति-प० ३४०।२८-३१)—

"परमात्मेति यं प्राहुः सांख्ययोगविदो जनाः॥
महापुरुष-संज्ञां स लभते स्वे कर्मणा। तस्मात् प्रभूतमव्यक्तं प्रधानं तद्विदुर्बुधाः॥
अव्यक्ताद्व्यक्तमुत्पन्नं लोकसृष्ट्यर्थमीश्वरात्। अनिरुद्धो हि लोकेषु महानात्मेति कथ्यते॥
योऽसौ व्यक्तत्वमापन्नो निर्ममे च पितामहम्॥" इति।

तदेवं सङ्कर्षणस्य वैभवमुक्त्वा अनिरुद्धस्यापि आह,—अनिरुद्धो हीति, लोकेषु प्रत्येकं ब्रह्माण्डेषु; महानात्मा परमात्मा। व्यक्तत्वं प्राकट्यम् प्रद्युम्नादिति शेषः। सूतेन त्वभेदविवक्षया प्रद्युम्नः पृथङ्नोक्तः;—विष्णोस्तु त्रीणि "रूपाणि" इतिवत्। सेयं प्रक्रिया द्वितीयस्कन्धस्य षष्ठे दृश्यते, यथा (भा० २।६।३९)—"स एष आद्यः पुरुषः" इत्यादिपद्ये टीका,—'स एष आद्यो भगवान्, यः पुरुषावतारः सन् सृष्ट्यादिकं करोति" इत्येषा। एवम् (भा० २।६।४२) "आद्योऽवतारः पुरुषः परस्य" इत्यस्य टीका—"परस्य भूम्नः पुरुषः प्रकृतिप्रवर्त्तकः। यस्य सहस्रशीर्षेत्याद्युक्तो लीलाविग्रहः, स आद्योऽवतारः" इत्येषा। तथा तृतीयस्य विंशे (भा० ३।२०।१२) "दैवेन" इत्यादिकं (भा० ३।२०।१७) "सोऽनु-" इत्यन्तं सटीक प्रकरणमत्रानुसन्धेयम्। तस्माद्विराट्त्वेन तद्रूपं न व्याख्यातम्। तस्माच्च वासुदेवस्थानीयो भगवान् पुरुषादन्य एवेत्यायातम्॥

"यस्याम्भसि शयानस्य योगनिद्रां वितन्वतः। नाभिह्रदाम्बुजादासीत् ब्रह्मा विश्वसृजां पतिः॥२॥
यस्यावयवसंस्थानैः कल्पितो लोकविस्तरः। तद्वै भगवतोरूपं विशुद्धं सत्त्वमूर्ज्जितम्॥३॥"

टीका—कोऽसौ भगवानित्यपेक्षायां तं विशिनष्टि, यस्येति, यस्याम्भसि एकार्णवे शयानस्य विश्रान्तस्य। तत्र योगं समाधिः, तद्रूपां निद्रां विस्तारयतः, नाभिरेव ह्रदः, तस्मिन् यदम्बुजं तस्मात् सकाशात् ब्रह्मासीत् अभूत्। पाद्मे कल्पे स पौरुषं रूपं जगृहे। (२) कीदृशं रूपं जगृहे—तदाह यस्येति। ननु कीदृशो विग्रहस्तस्य योऽम्भसि शेते स्म तदाह। तत्तस्य भगवतोरूपन्तु विशुद्धं रज आद्यसम्भिन्नम्—अतएवोर्ज्जितं निरतिशयं सत्त्वम्। (३)

क्रमसन्दर्भः—अथ तस्य रूपद्वयस्य सामान्यत एकत्वेन स्वरूपमाह—तदिति; तच्छ्रीभगवतः पौरुषं रूपम्; वै प्रसिद्धौ, विशुद्धोर्ज्जित सत्त्वादिभि र्व्यक्तत्वात्—शक्ति स्वरूपयोरभेदाच्च तद्रूपमेवेत्यर्थः, उक्तञ्च द्वितीयं पुरुषव्यूहमधिकृत्य स्वरूपत्वं तद्रूपस्य (भा० ३।९।३) "नातः परं परम यद्भवतः स्वरूपम्"

इत्यत्र। विशुद्धं,—जाड्यांशेनापि रहितम्, स्वरूपशक्तिवृत्तित्वात्। "ऊर्ज्जितं, सर्वतोबलवत्, परमानन्दरूपत्वात्। (तै० २।७।१) "को ह्येवान्यात् कः प्राण्याद् यदेष आकाश आनन्दो न स्यात्" इति श्रुतेः। तस्मात् साक्षाद्भगवद्रूपत्वे तु कैमुत्यमेवायातम् ॥

(भा० ३।२०।१२-१७) का क्रमसन्दर्भ निर्दिष्ट सटीक प्रकरण—श्रीमैत्रेय उवाच—

"दैवेन दुर्वितर्क्येण परेणानिमिषेण च। जातक्षोभाद्भगवतो महानासीद् गुणत्रयात् ॥
रजः प्रधानात् महत स्त्रिलिङ्गो दैवयोदितात्। जातः ससर्जभूतादिर्वियदादीनि पञ्चशः ॥
तानि चैकैकशः स्रष्टुमसमर्थानि भौतिकम्। संहत्य दैवयोगेन हैममण्डमवासृजन् ॥
सोऽशयिष्टाब्धि सलिले अण्डकोषो निरात्मकः। साग्रं वै वर्षसाहस्रमन्ववात्सीत् तमीश्वरः ॥
तस्य नाभेरभूत् पद्मं सहस्रार्कोरुदीधितिः। सर्वजीवनिकायौको यत्र स्वयमभूत् स्वराट् ॥
सोऽनुविष्टो भगवता यः शेते सलिलाशये। लोकसंस्थां यथापूर्वं निर्ममे संस्थया स्वया ॥१७॥

टीका—ब्रह्मा किमारभतेति प्रश्नस्य यक्षादीन् सृष्टवानित्युत्तरं वक्तुं पूर्वोक्तां सृष्टिमनुस्मारयति दैवेनेति सप्तभिः। मन्वादि प्रश्नानान्तूत्तराध्यायमारभ्य उत्तरं भविष्यति। दुर्वितर्क्येण दैवेन जीवादृष्टेन, प्रकृत्यधिष्ठात्रा महापुरुषेण, अनिमिषेण कालेन च हेतुना। भगवतोनिर्विकारात् जातक्षोभं सद्गुणत्रयं प्रधानं तस्मात् महानासीत्। तदुक्तं तन्त्रे—विष्णोस्तु त्रीणि रूपाणि पुरुषाख्याण्यथो विदुः, प्रथमं महतः स्रष्टृ द्वितीयन्त्वण्डसंस्थितम् तृतीयं सर्वभूतस्थं तानि ज्ञात्वा विमुच्यते ॥ इति ॥१२॥ महतो जातोभूतादिरहङ्कारः त्रिलिङ्ग स्त्रिगुणः, रजप्रधानादिति—स्वतः स्वस्य प्रधानस्यापि महतोऽहङ्कारोत्पत्तिकाले कार्य्यानुरूपं रजः प्रधानत्वं भवतीति भावः, पञ्चशः तन्मात्राणि महाभूतानि ज्ञानेन्द्रियाणि कर्मेन्द्रियाणि च तत्तद्देवताश्चेति पञ्च पञ्च ससर्ज्जेत्यर्थः ॥१३॥ भौतिकं हैममण्डमेकैकशः प्रत्येकं स्रष्टुमसर्थानि सन्ति संहत्य ससृजुः ॥१४॥ अन्ववात्सीत् अधिष्ठितवान् ॥१५॥ सहस्रार्काणामिव उरुर्दीधिति र्यस्य तत् सर्वजीव निकायानामोकः स्थानं पद्मम्। स्वराट् ब्रह्मा ॥१६॥ यः सलिलाशये गर्भोदकस्यान्तः शेते, तेने भगवतानुविष्टोऽधिष्ठितः सन् स स्वराट्। स्वया संस्थया नामरूपादिक्रमेण ॥१७॥

क्रमसन्दर्भः – स्वरूपानन्दास्वादनरूपयोगनिद्राप्राप्तशयितपुरुषावतार के साक्षात् श्रीचरणादि सन्निवेश के द्वारा लोक का विस्तार हुआ, अर्थात् विराड़ाकार प्रपञ्च कल्पित हुआ। उन पुरुष के अवयवसन्निवेश का वर्णन (भा० २।१।२६) में उक्त पुरुष का पादतल पाताल है। इत्यादि के द्वारा जो वर्णन है, वह वर्णन नवीन उपासक के प्रति मनःस्थिर करने के लिये कहा गया है। किन्तु वस्तुत उस प्रकार ही रूप नहीं है। ऋक् वेद में (१०।९०।१३-१४) वर्णित है—पुराण पुरुष के मन से चन्द्रमा, चरणों से भूमि, श्रवणों से दिक् समूह, एवं लोक समूह की कल्पना हुई है। उक्त कारणों से लोक समूह का विस्तार हुआ। मोक्षधर्म में नारायणीयोपाख्यान में वर्णित है—(महाभारत शान्ति पर्व ३३९।७२-७४) गर्भोदक में शयित रूपान्तर से श्वेत-द्वीप पति का वाक्य,—मेरी चतुर्थी मूर्त्ति ने अव्यय शेष को सृजन किया, उनको सङ्कर्षण कहते हैं। उनसे प्रद्युम्न की उत्पत्ति हुई, प्रद्युम्न से अनिरुद्ध हुए। इस क्रम से पुनः पुनः सृष्टि होती है, अनिरुद्ध के नाभिकमल से ब्रह्मा उत्पन्न हुए। ब्रह्मा से स्थावर जङ्गमात्मक समस्त विश्व की उत्पत्ति हुई। उस प्रकरण में श्रीवेदव्यास ने कहा,—सांख्य तत्त्ववेत्तागण जिनको परमात्मा नाम से जानते हैं। अपने कर्म के द्वारा ही आपने महापुरुष संज्ञा प्राप्त की है, उनसे प्रभूत अव्यक्त का आविर्भाव हुआ, अव्यक्त से व्यक्त की उत्पत्ति हुई। लोक में अनिरुद्ध को महानात्मा कहते हैं। जिन्होंने सर्व लोक पितामह को प्रकट किया। सङ्कर्षण का प्रभाव वर्णन करने के पश्चात् अनिरुद्ध का वर्णन करते हैं. प्रत्येक ब्रह्माण्ड में महानात्मा रूप में प्रकट होते हैं, उनका प्राकट्य प्रद्युम्न से होता है। सूत के वर्णन में अनिरुद्ध के सहित अभिन्न करके वर्णित होनेसे प्रद्युम्न का पृथक् वर्णन नहीं हुआ। विष्णुके

२। तस्य पुरुषरूपस्य विसर्ग-निदानत्वमपि प्रतिपादयितुमाह सार्द्धेन (भा० १।३।२-३)—

(२) "यस्याम्भसि शयानस्य योगनिद्रां वितन्वतः।
नाभिहदाम्बुजादासीद्ब्रह्मा विश्वसृजां पतिः ॥५॥
यस्यावयवसंस्थानैः कल्पितो लोकविस्तरः ॥"६॥

सर्वसम्वादिनी

"चाक्षुषे त्वन्तरे प्राप्ते प्राक्सर्गे कालविप्लुते।
यः ससर्ज्ज प्रजा इष्टाः स दक्षो दैवचोदितः ॥"२॥ इति।

तीन रूप हैं, यहाँ जिस प्रकार नामतः पृथगुक्ति नहीं है, उस प्रकार जानना होगा। उक्त वर्णन प्रक्रिया (भा० २।६।३९) में है। वह आद्य पुरुष हैं। इस पद्य की टीका—वह ही आद्य भगवान् हैं। जिन्होंने पुरुष रूप को प्रकट कर विश्व सृष्ट्यादि कार्य्य किया है। इस प्रकार ही (भा० २।६।४२) 'आद्य अवतार पर पुरुष', इस पद्य की टीका—विभु पुरुष ही प्रकृति का प्रवर्त्तक हैं। जिनका सहस्रशीर्ष रूपलीला विग्रह है, वह ही आद्य अवतार है। उस प्रकार (भा० ३।१०।१२-१७) दैवेन पद्यस्थ टीका प्रकरण का अनुसन्धान करना कर्त्तव्य है।

बृहत्क्रमसन्दर्भः। ननु मोक्ष एव पुरुषार्थः, तन्निरपेक्षतया मच्चरण-भजनमेव कार्य्यं, तदकरणे कुशरीरी भूत्वा आत्महत्यादिना निन्दा च कृता पूर्वपूर्वश्लोकाभ्याम्। तदयमतिस्तवः, मैवम्। अनुभव-बाधादित्याहुः। निभृतेत्यादि। निभृतानि यमितानि मरुतः प्राणा मनोऽक्षाणीन्द्रियाणि यैः स्ते च ते दृढ़योगयुजश्चेति बहुव्रीहिगर्भकर्मधारयः। एवम्भूता ये मुनयस्ते यत् कैवल्यमुपासते, आकाङ्क्षति,—तदरयः शिशुपालादयोऽपि वैरानुबन्धेन यत् स्मरणं तस्मादपि हेतोर्ययुः प्रापुः। अतः कैवल्यं तावन्न दुर्लभम्, यद् विग्रहविद्वेषिण एव प्राप्नुवन्ति। तव चरणारविन्दरतिरेव दुर्लभा। तत्र वयमेव प्रमाणम्।

यतो ब्रह्मोपासनामवहेलयन्त्य स्त्वच्चरणरत्यर्थं श्रुतिरूपमपहाय व्रजे गोपाङ्गनाभावमासादिता इत्याहुः—स्त्रिय इत्यादि। वयमपि श्रुतयोऽपि तव उरगेन्द्रभोगवद्वृत्तः कोमलो यो भुजदण्डस्तत्र विषक्तधियः सत्यः स्त्रियो भूत्वा अङ्‌घ्रिसरोजं सुष्ठु दधतीति अङ्‌घ्रि सरोजसुधा। अभवा इत्यर्थः। ते इत्युभयत्र योऽयम्। कथम्भूतस्य? समदृशः नित्यसिद्धासु गोपाङ्गनासु यथानुरक्त आसीस्तथा ॥

जब मोक्ष ही पुरुषार्थ है, तब निरपेक्ष होकर मेरा भजन करो। भजन न करने से कुशरीरी होकर आत्मनिन्दा सुननी होगी, अर्थात् भगवद्भजन न करने से मानव आत्मघाती होता है। अतः यह सब अतिस्तुति है, ऐसा कहना ठीक नहीं है। अनुभव विपरीत होगा। उस अनुभव को कहते हैं, निभृत पद्य से। जिन्होंने प्राण, मनः इन्द्रियों का संयम किया है, एवं उस संयत चित्त से दृढ़ योगी भी बना है, इस प्रकार मुनिगण कैवल्य की आकाङ्क्षा करते हैं। शत्रुगण, शिशुपाल प्रभृति भी शत्रुता का आवेश से उक्त मुक्ति को प्राप्त करते हैं। अतः कैवल्य दुर्लभ नहीं है। कारण श्रीविग्रह विद्वेषिव्यक्तिगण भी उसको प्राप्त करते हैं। किन्तु आप के चरणारविन्द की प्रीति प्राप्ति अति सुदुर्लभा है। इसमें हम सब प्रमाण हैं। कारण ब्रह्मोपासना को छोड़कर आपकी चरण प्रीति हेतु श्रुति को परित्याग कर ब्रज में गोपाङ्गना भाव प्राप्त किये हैं। इसको व्यक्त करती हैं। स्त्रिय इसके द्वारा हम सब आपके उरगेन्द्रभोग के समान कोमल बाहुयुगल के स्पर्श से अभिभूत होकर स्त्री बन कर श्रीचरण की प्रीति सेवा में नियुक्ता हो चुकी हूँ। यह भी गोपाङ्गनागणों के आनुगत्य से ही सम्भव है।

क्रमसन्दर्भः। अथ गोपालतापनी प्रभृतयः श्रीकृष्णैकपरा गाम्भीर्य्येण सर्वान्ते स्तोतुकामनया स्थता अपि तासां नानान्यप्रकारेणैव तत् पर्य्यवसानतां श्रुत्वा समुत्कण्ठां सम्बरीतुमशक्ताः सेर्ष्यमिव साक्षात्तदीयमहिमानं सर्वं तदाविर्भावोत्कृष्टतया वर्णयन्ति। तत्राप्यनन्तरोक्तिमवलम्व्येदमुद्भावयन्ति, कथमहो! साधारणं वर्ण्यते? तदिदमसाधारणं श्रूयताम्। यतो निभृतेति। इतिहासश्चात्र वृहद्वामने "ब्रह्मानन्दमयो लोको व्यापी वैकुण्ठसंज्ञितः। तल्लोकवासी तत्रस्थैः स्तुतो वेदैः परात्परः। चिरं स्तुत्वा ततस्तुष्टः परोक्षं प्राह तान् गिरा। तुष्टोऽस्मि ब्रूत भो प्राज्ञा वरं यं मर्नसेप्सितम्। श्रुतय ऊचुः—यथा तल्लोकवासिन्यः कामतत्त्वेन गोपिकाः। भजन्ति रमणं मत्वा चिकीर्षाजनि नस्तथा।" तथा श्रीभगवानुवाच —"आगामिनि विरिञ्चौ तु जाते सृष्ट्यर्थमादरात्। कल्पं सारस्वतं प्राप्य व्रजे गोप्यो भविष्यथ।" इति। एवं गायत्र्या अपि गोपिकात्व प्राप्तिः पाद्मे सृष्टिखण्डे कथितास्ति। अत्र गोपालतापनी श्रुतयः। (उ० ४) "अपूतः पूतो भवति, 'यं मां स्मृत्वा' अश्रोत्री श्रोत्री भवती, यं मां स्मृत्वा इति।"

श्रीगोपालतापनी प्रभृति श्रुतिगण श्रीकृष्णैकनिष्ठ हैं। आप सब श्रुतिसिद्धान्त श्रवण हेतु परम गम्भीर होकर तूष्णीम्भाव में रहीं। श्रुतियों का पर्य्यवसान अन्य प्रकार से हुआ, यह जानकर उत्कण्ठा को सम्बरण करने में असक्षम होकर मानो ईर्ष्या से ही भगवन्महिमा का वर्णन असमोर्द्ध रूप से करने लगीं। उन्होंने कही, साधारण रूप से भगवत्तत्त्व का वर्णन क्यों करते हो, असाधारण वृत्तान्त सुनो। कारण, मुनिगण योगसाधना से जिस कैवल्य को प्राप्त करते हैं, विद्वेष से उसको अनायास प्राप्त कर लेते हैं असुरगण, अतः वैशिष्ट्य क्या हुआ? वृहद्वामनपुराण में एक इतिहास वर्णन भी है,—ब्रह्मानन्दमय व्यापक लोक को वैकुण्ठ कहते हैं। वहाँ के निवासी श्रुतिगणों ने वेदों से परापर श्रीकृष्ण की स्तुति की। चिरकाल की स्तुति से श्रीकृष्ण सन्तुष्ट होकर बोले—मैं सन्तुष्ट हूँ। अभीप्सित को कहो, श्रुतियां बोलीं—आपके साहचर्य्य में रहनेवाली गोपिकागण कामतत्त्व से रमण मानकर आपका भजन करती हैं। हम सबकी वैसी इच्छा भजन करने की हुई। श्रीभगवान् बोले,—आगामी सारस्वत कल्प में ब्रह्मा सृजन करने के निमित्त प्रकट होने पर तुम सब व्रज में गोपी बनोंगी। इस प्रकार गायत्री की भी गोपित्व प्राप्ति का विवरण पद्मपुराण के सृष्टि खण्ड में है। इस विषय में गोपालतापनी श्रुति इस प्रकार है—जो लोक मेरा स्मरण करते हैं, वे अपवित्र होने से भी पवित्र होते हैं। अव्रती व्रती होते हैं, निष्काम सकाम होते हैं,

३६। तथा गुणावतारकर्त्तृत्वमाह (भा० ११।२९।७)—

(३६) "इत्युद्धवेनाभ्यनुरक्तचेतसा, पृष्टो जगत्क्रीड़नकः स्वशक्तिभिः।
गृहीतमूर्त्तित्रय ईश्वरेश्वरो, जगाद सप्रेममनोहरस्मितः॥"६८॥

सर्वसम्वादिनी

त्रि-रावृत्त्या तु यत् फलम्, तद्भवतीति ततोऽपि महती प्रौढ़िः। अतएव तत्रैव—

अश्रोत्री श्रोत्री होते हैं। इस प्रकार स्मरण का प्रभाव है। प्रकरण प्रवक्ता श्रीनारद हैं।।३५।।

अनन्तर श्रीकृष्ण के गुणावतारकर्त्तृत्व का वर्णन करते हैं। भा० ११।२९।७ श्लोक में वर्णित है—"जगत् जिनका क्रीड़नक है, जो निज शक्ति अर्थात् अंशावेश एवं विभूति द्वारा विष्णु, शिव, ब्रह्मारूप मूर्त्तित्रय को प्रकाशित करते हैं, उन ईश्वरेश्वर श्रीकृष्ण के प्रति अनुरक्त चित्त उद्धव के द्वारा जिज्ञासित होकर प्रीति मिश्रित मनोहर हास्य करते करते श्रीकृष्ण बोले थे। उक्त श्लोक से प्रदर्शित हुआ है कि—ब्रह्मा, विष्णु, शिव रूप गुणावतारत्रय का आविर्भावक कर्त्तृत्व श्रीकृष्ण में ही है।

क्रमसन्दर्भः। तथा गुणावतारकर्त्तृत्वमाह—इतीति, ईश्वरेश्वरत्वेन निरपेक्षोऽपि तं प्रति सप्रेमेत्यादिरूपो जगाद। तत्रेश्वरेश्वरत्वं त्रिधा यथाक्रमं श्रैष्ठ्येनाह,—जगदिति; तत्र (१) स्वशक्तिभिर्निजांशावेशविभूतित्वं गताभिरिति कनिष्ठेन, (२) प्रकटित-ब्रह्मादिमूर्त्तित्रय इति मध्यमेन, (३) ईश्वरस्य प्रकृति-प्रवर्त्तकस्य महापुरुषस्यापीश्वर इत्युत्तमेनेति ज्ञेयम्।

गुणावतारकर्त्तृत्व का वर्णन करते हैं—ईश्वरों के भी ईश्वर होने से श्रीकृष्ण परम निरपेक्ष हैं, तथापि आपने उद्धव को प्रीतिपूर्वक कहा—ईश्वरों का ईश्वरत्व तीन प्रकार से है, और उत्तरोत्तर श्रेष्ठता क्रमशः है, (१) निजशक्ति के द्वारा निजांशावेश विभूति स्वरूप को कनिष्ठ, (२) प्रकटित ब्रह्मा शिव विष्णु रूप मूर्त्तित्रय को मध्यम, (३) प्रकृति प्रवर्त्तक कारणार्णवशायि प्रभृति महापुरुष का भी ईश्वर होने से उनको उत्तम जानना होगा।

श्रीचैतन्यमतमञ्जुषा। त्वय्युद्धवेत्यादिना उद्धवं स्तौति—हे उद्धव! यस्त्रिविधो विकारः, मायान्तः श्रयति—मायामध्यवर्त्ती भवति, सत्त्वाय नापतति—नापतिष्यति, कुतः? इत्याह—आद्यन्तयोरित्यादि। यत् असतः—प्रपञ्चस्य आद्यन्तयोर्यत् सत्वस्तु तन्मध्येऽपि अन्तः त्वं नित्यं सन् असत आद्यन्तयोर्मध्ये च भविष्यतीत्यर्थः, पार्षद विग्रहस्य नित्यत्वात्॥

जगाद सप्रेम-मनोहरस्मित इति—भक्तोऽयं, भक्तावेवास्य पक्षपात इति सप्रेम, पुनः पुनः कथितमपि पुनः पृच्छतीति मनोहरस्मितः।

मनोहर हास्य से हि श्रीकृष्ण ने उद्धव को कहा, उद्धव भक्त है, और भक्तपक्षपाती ही श्रीकृष्ण हैं। अतएव प्रेमपूर्वक ही आपने कहा। पुनः पुनः कहने पर भी पुनर्बार पुछने से ही प्रभु ने मृदुमन्द स्मित कहा। उसको ही मनोहर स्मित शब्द से व्यक्त किया।

स्वामिटीका। ईश्वरेश्वरत्वे हेतुः। जगत्क्रीड़नकं— क्रीड़ोपकरणं यस्य सः। ननु जगत्सृष्ट्यादिना ब्रह्मेशादयः क्रीड़न्ति, तत्राह—स्वशक्तिभिः सत्त्वादिभिर्गृहीतं मूर्त्तित्रयं येन सः। सप्रेम—प्रेमसहितं मनोहरस्मितं यस्य सः। स प्रेम यथातथा जगादेति वा।

श्रीकृष्ण ईश्वरों का भी ईश्वर हैं। कारण—जगत् उनका क्रीड़ोपकरण है। जगत् सृष्टि के द्वारा ब्रह्मादि क्रीड़ा करते हैं? प्रसिद्ध है, उत्तर में कहते हैं—सत्त्वादि निज शक्ति के द्वारा ही उक्त मूर्त्तित्रय का प्रकाश करते हैं। प्रेमपूर्वक ही आपने कहा। प्रीतिपूर्ण ही श्रीकृष्ण का मनोहर व्यवहार है।

स्पष्टम् ।। अत्र (भा० १०।१४।१९) "अजानतां त्वत्पदवीम्" इत्युदाहृतं वचनमप्यनुसन्धेयम् ।। श्रीशुकः ।।

सर्वसम्वादिनी

'समस्तजपयज्ञानां फलदं पापनाशनम् । शृणु देवि प्रवक्ष्यामि नाम्नामष्टोत्तरं शतम् ।।'२०।। इत्युक्त्वाऽन्येषामपि जपानां वेदाद्युक्तानां फलमन्तर्भावितम् ।

इस प्रकरण में भा० १०।१४।१८ ब्रह्मा की उक्ति का भी अनुसन्धान करना आवश्यक है। उसमें गुणावतार का मूल कर्त्तृत्व सुव्यक्त हुआ है। मूल कर्त्ता श्रीकृष्ण ही हैं।

"अजानतां त्वत् पदवीमनात्मन्यात्मात्मना भासि वितत्य मायाम् ।
सृष्टाविवाहं जगतो विधान इव त्वमेषोऽन्त इव त्रिनेत्रः ।।"
सुरेष्वृषिष्वीश तथैव नृष्वपि तिर्य्यक्षु यादःस्वपि ते जनस्य ।
जन्मासतां दुर्मदनिग्रहाय प्रभो विधातः सदनुग्रहाय च ।

टीका—ननु ब्रह्म स्तव मया दर्शितं, शुद्धमेव चैतन्यं कथं प्रपञ्चवन्मायेत्युच्यते, सत्यम्, किन्तु अद्वितीये त्वयि नानात्वं गुणावतारमत्स्याद्यवतारत्वेष्विवत्व कार्य्यवशेन स्वतन्त्रमायानिबन्धनमित्याह श्लोकद्वयेन। अजानतामिति। त्वत्पदवीं—तव स्वरूपमजानतामनात्मनि प्रकृतौ स्थित आत्मैवत्वम् आत्मनैव स्वातन्त्र्येण मायां वितत्य भासि। कथम् ? जगतः सृष्टौ अहमिव ब्रह्मेव। विधाने—पालने च एष त्वमिव। अन्ते त्रिनेत्र इवेति ।।

ब्रह्मन् तुम्हें तो चैतन्यस्वरूप दिखाया गया है, कैसे तुम प्रपञ्च की भाँति विविध प्रकारता को कहते हो ? उत्तर—सत्य है, आप तो अद्वितीय ज्ञानस्वरूप ही हैं। आप में जो नानात्व है, अर्थात् गुणावतार मत्स्यादि अवतार हैं, वे सब ही कार्य्यवश स्वतन्त्र निज शक्तिरूपा माया निबन्धन ही है। और भी कहते हैं, आप का स्वरूप अवगत न होने से ही उस प्रकार निर्विशेष कथन होता है। स्वरूप को जानने से भ्रम नहीं रहता है। प्रकृति में स्थित आप ही हैं, एवं निजेच्छा से ही निज शक्ति को प्रकट कर विभिन्न रूप से प्रकाशित होते हैं। जिस प्रकार सृष्टि हेतु मैं ब्रह्मा नाम से बनता हूँ। पालन में तो आप स्वयं ही दृष्ट होते हैं, अन्त में त्रिनेत्र रूप में आप ही प्रकट होते हैं।

वैष्णवतोषणी—तदेव लीलावतारगुणावतारेष्वपि त्वमेव मूलम् इत्याह—अजानतामिति द्वाभ्याम्। त्वमित्यस्य भासीत्यनेनान्वयः, कर्त्तुः क्रियान्वयस्यैव मुख्यत्वात्। विधाने पालने एष इव, एतत् कार्य्य-परिच्छिन्न इव, पालनमात्रकर्त्तेवेत्यर्थः। विष्णो स्तदैक्यात् न ब्रह्मादिवत्तन्नामोक्तिरिति ज्ञेयम्। यथा द्वितीये श्रीब्रह्मणैवोक्तम्—"सृजामि तन्नियुक्तोऽहं हरो हरति तद्वशः। विश्वं पुरुषरूपेण परिपाति त्रिशक्तिधृक् ।।" (श्रीभा० २।६।३२)अजनस्य-प्राकृतवज्जन्मरहितस्य स्वरूपशक्त्या स्वयमाविर्भावात्। तच्च केवलं भक्तिपरिपालनयेति मायाकार्यानासक्तिमाह—असतामिति। प्रभो हे अचिन्त्यशक्तियुक्त विधातः ! हे अनन्तावतारकर्त्तः ! अत्राजानतामित्यादौ या टीकावतारिका, ननु ब्रह्मन्नित्याद्या तत्रायमभिप्रायः—ईश्वरः खलु स्वाधीनया मायया प्रपञ्च विलक्षण-शुद्धसत्त्वात्मकं स्वविग्रहादिकं भजति, ततस्तत्राविष्टश्च न भवति। शुद्धसत्त्वस्य स्वच्छत्वेन शुद्धचैतन्य तादात्म्यापन्नत्वात् तद्रूपमेव तत् सर्वम्। जीवस्त्वीश्वराधीनतया माययाधीनीकृतः, प्रपञ्चात्मकं रजस्तमोमयं विग्रहादिकं प्राप्नोति, ततस्तत्राविष्टश्च न भवति। शुद्धसत्त्वस्य स्वच्छत्वेन चिद्रूपत्वानाविष्काराज्जड़रूपमेव तं सर्वमित्यतो भवेत् एव वैलक्षण्यमिति। किन्तु मायाशब्दस्य स्वरूपशक्तिवाचित्वेनापि प्रतिपादयिष्यमाणत्वात्तन्मत-स्वमतयोरेकत्वमेव दर्शयिष्यते ।।

गुणावतार लीलावतार का मू तुम्हीं हो, अजानतां दो श्लोक से कहते हैं। त्वं शब्द का अन्वय 'भासि' क्रिया पद के सहित है। कर्त्ता का मुख्य रूप से क्रिया के साथ अन्वय होता है। विधान—

३७ । अथ पुरुषावतारकर्त्तृत्वमप्याह (भा० १।९।३२)—

(३७) "इति मतिरुपकल्पिता वितृष्णा, भगवति सात्वतपुङ्गवे विभूम्नि ।
स्वसुखमुपगते क्वचिद्विहर्त्तुं, प्रकृतिमुपेयुषि यद्भवप्रवाहः ।।"६९।।

टीका च—"परमफलरूपां श्रीकृष्णरतिं प्रार्थयितुं प्रथमं स्वकृतमर्पयति—इतीति, विगतो भूमा यस्मात्तस्मिन् । यमपेक्ष्यान्यत्र महत्त्वं नास्तीत्यर्थः । तदेव पारमैश्वर्य्यमाह—

सर्वसम्वादिनी

ततश्च प्रौढ़याधिक्यादुत्तरस्य पूर्वस्माद्बलवत्त्वे सति पूर्वस्य महिमापि तदविरुद्ध एव व्याख्येयः । तथा

पालन कार्य्य में आप जैसे, यह कार्य्य परिच्छिन्न की भाँति है । आप पालनकर्त्ता ही हैं । विष्णु के सहित श्रीकृष्ण का ऐक्य होने से ब्रह्मादि के समान पृथक् नामोच्चारण नहीं हुआ । भा० २।६।३२ में कहा भी है, आपके द्वारा नियुक्त होकर मैं सृष्टि कार्य्य करता हूँ, आपका अधीन हर प्रलयकार्य्य करते हैं, पुरुष रूप से आप विश्व पालन करते हैं । आपको त्रिशक्तिधृक् कहते हैं । प्राकृत जन्मवत् आपका जन्म नहीं है । स्वरूपशक्ति से स्वयमाविर्भूत होते हैं । यह आविर्भाव—केवल भक्त परिपालन निमित्त ही है । माया कार्य्य में अनासक्ति भी आपकी सुस्पष्ट रूप से है । हे प्रभो ! हे अचिन्त्यशक्तियुक्त विधातः ! हे अनन्त अवतारकर्त्तः ! अजानतां श्लोक में स्वामिटीका की अवतारिका का अभिप्राय यह है—ईश्वर, निज शक्ति के द्वारा प्रपञ्चविलक्षण शुद्धसत्त्वात्मक निज विग्रह में अवस्थित होते हैं । अतएव प्रपञ्च कार्य्य में आविष्ट नहीं होते हैं । शुद्धसत्त्व स्वच्छ होने के कारण शुद्ध चैतन्य तादात्म्यापन्न होने की सम्भावना है । जीव ईश्वराधीन है, अतएव मायाधीन होता है । ईश्वर, प्रपञ्चात्मक रजस्तमोमय शरीर प्राप्त नहीं होते हैं । उसमें आविष्ट भी नहीं होते हैं, यह सब जीव में होता है । अतः जीव से ईश्वर में विलक्षणता है । किन्तु माया शब्द का स्वरूपशक्तिवाचित्व भी है, इससे मतद्वय में भी ऐक्य विद्यमान है । आगे इसका प्रदर्शन होगा ।

बृहद्वैष्णवतोषणी । ईदृश-त्वन्माहात्म्यानभिज्ञेषु त्वद्भक्तेषु त्वमन्यथैव स्फुरसीत्याह-अजानतामिति । उक्तां तव पदवीं तत्त्वं भक्तिमार्गं वा अनात्मनि जड़े देहे आत्मा स्वयमेव त्वमात्मना जीवरूपेण प्रकाशसे । ननु, जीवेश्वरयोः परमवैलक्षण्यं श्रुतिस्मृतिप्रतिपाद्यमानं ते कथं नावगच्छन्ति ? तत्राह—वितत्यमायामिति, अभक्तत्वेन त्वन्मायामोहितत्वादित्यर्थः । अतएव जगत्सृष्टिनिमित्तं योऽहं स इव भासि । एवमग्रेऽपि ।

एष त्वमिति मन्वन्तरपालकावतार श्रीविष्णुना सह अभेदाद्यभिप्रायेण—अहमेव ब्रह्माविष्णुः शिवश्चेति ते जानन्तीत्यर्थः । सृष्ट्यादिप्रयोजननिर्देशेन तेषामज्ञतैव दर्शिता । सृष्ट्यादिकर्त्तृत्वेन जीवतः परमवैलक्षण्येऽपि तत्तदभिमानात् सृष्ट्यादिक्रमापेक्षया ब्रह्मादिक्रमेण निर्देशः । यद्वा, यथा सृष्ट्यादिनिमित्तं महदादिरूपेण मायां वितत्य भासि तथेत्यर्थः । तत्त्वतस्त्वैव सृष्ट्यादिकर्त्तृत्वात् (भा० १।१।१) 'जन्माद्यस्य यतः' इत्याद्युक्त्या । प्रवक्ता श्रीशुक हैं ।।३६।।

श्रीकृष्ण का पुरुषावतारकर्त्तृत्व का विवरण श्रीभीष्मदेव के कथन में है । श्रीभीष्म, श्रीभगवान् कृष्ण को कहे थे—"विविध धर्मादि उपायों के द्वारा मनोधारणरूपा विषयतृष्णा रहिता निश्चयात्मिका बुद्धि प्राप्त हूँ, उसका समर्पण सात्वतश्रेष्ठ परममहत्वविशिष्ट श्रीकृष्ण को कर रहा हूँ । श्रीकृष्ण सर्व्वदा स्वरूपभूत परमानन्दपूर्ण होकर भी कदाचित् क्रीड़ा के निमित्त प्रकृति को अङ्गीकार करते हैं ।

स्वामिटीका—"परमफलरूपां श्रीकृष्णरतिं प्रार्थयितुं प्रथमं स्वकृतमर्पयति—इति । नाना-धर्माद्युपायैर्मनोधारणलक्षणा उपकल्पिता—समर्पिता क्व ? सात्वतानां पुङ्गवे श्रेष्ठे भगवति । वितृष्णा—

स्वसुखं स्वरूपभूतं परमानन्दमुपगते प्राप्तवत्येव। क्वचित् कदाचिद्विहर्त्तुं क्रीड़ितुं प्रकृतिमुपेयुषि स्वीकृतवति, न तु स्वरूपतिरोधानेन जीववत् पारतन्त्र्यमित्यर्थः। विहर्त्तुमित्युक्तं प्रपञ्चयति— यद् यतो भवप्रवाहः सृष्टिपरम्परा भवति" इत्येषा। एवमेव तं प्रत्युक्तं देवैरप्येकादशे (भा० ११।६।१६)—"त्वत्तः पुमान् समधिगत्य ययास्य वीर्य्यं, धत्ते महान्तमिव गर्भममोघवीर्य्यः" इति।

सर्वसम्वादिनी

हि यद्यप्येवमेव श्रीकृष्णवत्तन्नाम्नोऽपि सर्वतः पूर्णशक्तितया सर्वेषामपि नाम्नामवयवित्वमेव, तथाप्यवयव-

निष्कामा, अवितृष्णेति वा च्छेदः—अवितृप्ता इत्यर्थः। विगतो भूमा यस्मात् तस्मिन्, यमपेक्ष्यान्यत्र महत्त्वं नास्तीत्यर्थः। तदेवपारमैश्वर्य्यमाह– स्वसुखं स्वस्वरूपभूतं परमानन्दम्, उपगते प्राप्तवत्येव। क्वचित्-कदाचित्, विहर्त्तुं—क्रीड़ितुं प्रकृतिं –योगमायां, उपेयुषि—स्वीकृतवति। ननु स्वरूपतिरोधानेन जीववत् पारतन्त्र्यमित्यर्थः। विहर्त्तुमित्युक्तं प्रपञ्चयति यद् यतः प्रकृतेः भव प्रवाहः सृष्टिपरम्परा भवति॥

उक्त टीका का अभिप्राय इस प्रकार है—परमफलरूपा श्रीकृष्ण प्रीति प्रार्थना करने के निमित्त प्रथमतः श्रीकृष्ण को श्रीभीष्म आत्मार्पण कर रहे हैं। स्वकृत समुदय वस्तु का अर्पण ही श्लोकोक्त 'इति' शब्द से सूचित हुआ है। श्लोकोक्त 'विभूम्नि' शब्द का अर्थ—जिनसे निखिल भूमा परित्यक्त हुआ है, अर्थात् जो एकमात्र महत् पदवाच्य हैं। उनसे अपर कोई भी महत् नहीं हैं। जिस पारमैश्वर्य्य के द्वारा श्रीकृष्ण सर्वश्रेष्ठ हैं। उनमें उक्त पारमैश्वर्य्य की स्थिति को सूचित करने के निमित्त 'स्वसुख' शब्द का उपन्यास हुआ है। अर्थात् श्रीकृष्ण, स्वरूपभूत-परमानन्द प्राप्त हैं। कदाचित् क्रीड़ा हेतु प्रकृति को अङ्गीकार करते हैं। श्रीकृष्ण जीव के समान स्वरूप विस्मृत होकर प्रकृति को ग्रहण नहीं करते हैं। अतएव आप जीववत् मायापरतन्त्र नहीं हैं। क्रीड़ा प्रकार को कहते हैं—जिससे भवप्रवाह अर्थात् सृष्टि परम्परा चलती रहती है।

श्रीभगवान् प्रकृति में अवतीर्ण होकर महाविष्णु गर्भोदशायी (पद्मनाभ) क्षीरोदशायी (विष्णु) तीन पुरुषावतार संज्ञा प्राप्त होते हैं। (प्रकृतिमुपेयुषि) शब्द से प्रकृति को अङ्गीकार करना प्रतीत होता है। इससे स्थिर हुआ है कि—श्रीकृष्ण ही उक्त पुरुषावतारत्रय का आविर्भाव कर्त्ता हैं।

क्रमसन्दर्भः। सात्वतपुङ्गव इति धारणाविषयस्य तस्य विशेषणं नतूपलक्षणमिति ज्ञेयम्। विभूम्नि —विशेषेण भूमातिशयो यस्मिन् तत्र, भूम वाक्यवत् भूम शब्देनात्र परमातिशय्येव चोच्यते। विशब्दस्तु तद्व्यक्त्यर्थ एव, क्वचिदित्यादिना पुरुषावतारकर्त्तृत्वमुक्तम्॥

'सात्वतपुङ्गवे' शब्द—धारणा विषयरूप श्रीकृष्ण का विशेषण है। किन्तु उपलक्षण नहीं है। विभूम्नि—कहने से प्रतीत होता है—विशेष रूप से भूमातिशय्य श्रीकृष्ण में ही है, अन्यत्र नहीं। भूम वाक्य के समान भूम शब्द से भी परमातिशय्य का ही बोध होता है। 'वि'-शब्द उन परममहत्त्व का प्रकाशक ही है। और 'क्वचित्' शब्द के द्वारा पुरुषावतारकर्त्तृत्व का कथन हुआ है।

अतएव भा० ११।६।१६ में श्रीकृष्ण के प्रति देवगणों ने कहा है—

"त्वत्तः पुमान् समधिगम्य ययास्यवीर्य्यं धत्ते महान्तमिव गर्भममोघवीर्य्यः।
सोऽयं तयानुगत आत्मन आण्डकोशं हैमं ससर्ज वहिरावरणैरुपेतम्॥"

टीका—त्वमेव प्रकृत्यादि द्वारा जगत् सृष्ट्यादि हेतुरित्युक्तं तत् केन प्रकारेण? तदाहुः—त्वत्त्व इति। त्वत्त्वः पुरुषो वीर्य्यं शक्तिं समधिगम्य प्राप्य, यया मायया सह महान्तं धत्ते। कमिव। अस्य विश्वस्य गर्भमिव। सोऽयं महान् तयैव मायया अनुगतः सन् आत्मनः सकाशात् आण्डकोशं ससर्ज्ज।

टीका च—"त्वत्तः पुरुषो वीर्य्यं शक्तिं समधिगत्य प्राप्य यया मायया सह महान्तं धत्ते। कमिव ? अस्य विश्वस्य गर्भमिव" इत्येषा ॥ भीष्मः श्रीभगवन्तम् ॥

३८। अतएव, (भा० ११।२९।४९) "भवभयमपहन्तुम्" इत्यादौ तस्यादिपुरुषत्वं श्रेष्ठत्वमप्याह,—"पुरुषमृषभमाद्यं कृष्णसंज्ञं नतोऽस्मि" इति। कृष्णेति संज्ञा तन्नामत्वेनाति-

सर्वसम्वादिनी

साधारण्येन प्रयोग-लक्षणमसमञ्जसमेव। ततस्तादृशफल-लाभे भवति प्रतिबन्धकम्। ततो नामान्तर-

त्वयानुगत इति पाठेऽपि तया मायया त्वयाधिष्ठितः सन्निति।

आप ही प्रकृत्यादि के द्वारा जगत् सृष्ट्यादि का कारण हैं। वह कैसे ? कहते हैं—त्वत्त्वः, आप से पुरुषावतार शक्ति लाभ कर माया शक्ति की सहायता से महदादि सृष्टि कार्य्य करने में समर्थ होते हैं। यह भी विश्व के गर्भ के समान है। वह महान् आपकी शक्तिरूपा माया के आनुगत्य से ब्रह्माण्ड का सृजन किया है। त्वयानुगत पाठ से उक्त अर्थ ही होता है। तया मायया अधिष्ठितः सन्निति।

क्रमसन्दर्भः। जीवात् पुरुषादुत्तमत्वेन पुरुषोत्तमत्वं व्यज्य प्रकृतिद्रष्टृतोऽप्युत्तमत्वेन व्यञ्जयति—त्वत्त्व इति। ययेति—यस्यां मायायामित्यर्थः। अन्यत्तैः (श्रीधरस्वामिपादैः)।

जीव एवं पुरुष से उत्तम होने से हि श्रीकृष्ण पुरुषोत्तम हैं। यह दर्शाकर प्रकृतिद्रष्टा से भी आप उत्तम हैं, उसको कहते हैं,—आप से शक्ति प्राप्त कर पुरुष सृष्टि कार्य्य करते हैं। जिस माया शक्ति के द्वारा ही विश्व सृष्टि होती है, वह शक्ति आपकी है। अपर विवरणसमूह का कथन श्रीधरस्वामिपाद ने किया है। श्रीभीष्म श्रीभगवान् कृष्ण को कहे थे ॥३७॥

श्रीकृष्ण से ही पुरुषावतार का आविर्भाव होता है, तज्जन्य ही श्रीशुकदेव ने श्रीकृष्ण का आदि पुरुषत्व एवं श्रेष्ठत्व का कीर्त्तन किया है। "जो पुरुषश्रेष्ठ हैं, जो आद्य एवं कृष्ण संज्ञित हैं, उनको नमस्कार करता हूँ। कृष्ण यह नाम है जिनका वह कृष्ण संज्ञ हैं। भा० ११।२९।४८

"भवभयमपहन्तुं ज्ञानविज्ञानसारं निगमकृदुपजह्ने भृङ्गवद्वेदसारम्।
अमृतमुदधितश्चापायद्भृत्यवर्गान् पुरुषमृषभमाद्यं कृष्णसंज्ञं नतोऽस्मि ॥"

जो निखिल वेदाविर्भावकर्त्ता श्रीकृष्ण हैं। भ्रमर के कुसुमसारसंग्रह के समान जिन्होंने संसार से निष्कृति लाभ का उपायस्वरूप निखिल वेदसार ज्ञानविज्ञान, उसका साररूप श्रीभगवद्भक्तिसुधा का उद्धार करके निवृत्ति मार्ग में स्थित भक्तवृन्द को पान कराया है, एवं जरा रोगादि भयातुर भोगमात्रैक लक्ष्य प्रवृत्तिमार्ग में वर्त्तमान देवगण को समुद्रमन्थन द्वारा सुधा उद्धार एवं मोहिनी रूप में अमृतास्वादन कराया है। उन आद्य अर्थात् सर्वकारण-कारण पुरुषश्रेष्ठ कृष्णसंज्ञ श्रीभगवान् को नमस्कार करता हूँ।

टीका—एवं कृतोपदेशं जगद्गुरुं प्रणमति—भवभयमिति। भवः—संसारः, भयञ्च, जरारोगादि-निमित्तम्। तदुभयं निवृत्तानां प्रवृत्तानाञ्च भृत्यवर्गाणाम्, यथायोग्यमपहन्तुं योऽमृतद्वयमुपजह्ने—उद्धृतवान्। तदेवाह—वेदसारमेकम्। किं तत् ? ज्ञानविज्ञानरूपञ्च, तत्सारं श्रेष्ठञ्च, भृङ्गवत् भृङ्गो यथा पुष्पमकोपयन्नेव अमृतमुपहरति, तथा स्वयं स्वकृतवेदानुसारेणैव उदधितश्चैकम्। तच्चोभयम्—यथायथं भृत्यवर्गान् अपाययत् तं नतोऽस्मीति ॥

क्रमसन्दर्भः। एकोऽवतारस्तावद्भवभयमित्यादिलक्षणः। अन्यस्त्वमृतादिलक्षणः। यद्यप्येवमेवं गुणत्वेन द्वयमपि नमनीयम्। तथाप्याद्यं प्रथमं कृष्णसंज्ञं नतोऽस्मीति। तदा तस्यादरो दर्शितः। युक्तमेव च तदिति तं विशिनष्टि, तस्यादिपुरुषत्वं श्रेष्ठत्वञ्चाप्याह—पुरुषं सर्वादिमित्यर्थः। "पूर्वमेवाह-मिहासमिति तत् पुरुषस्य पुरुषत्वम्" इति श्रुतेः। ऋषभं—श्रेष्ठं चेति। कृष्णसंज्ञं कृष्णेति संज्ञा—

प्रसिद्धिर्यस्येति मूर्त्यन्तरं निषिध्यते। तन्मूर्त्तेर्नमस्क्रियमाणत्वेन च नित्यसिद्धत्वं दर्श्यते। तत्रैव टीकाकृद्भिरपि "तं वन्दे परमानन्दं नन्दनन्दनरूपिणम्" इत्युक्तम् ॥ श्रीशुकः ॥

३८। तदेवम्, (भा० १।३।१) "जगृहे" इत्यादिप्रकरणे यत् स्वयमुत्प्रेक्षितं तच्च श्रीस्वामि-सम्मत्यापि दृढ़ीकृतम्। पुनरपि तत्सम्मतिरभ्यस्यते, यथा (भा० १०।७२।१५)—

(३८) "श्रुत्वाजितं जरासन्धं नृपतेर्ध्यायतो हरिः।
आहोपायं तमेवाद्य उद्धवो यमुवाच ह ॥"७०॥

टीका च—"आद्यो हरिः श्रीकृष्णः" इत्येषा ॥ श्रीशुकः ॥

सर्वसम्वादिनी

साधारणमेव फलं भवेत्; यथा—साक्षान्मुक्तेरपि दातुः श्रीविष्णवाराधनस्य यज्ञाङ्गत्वेन क्रियमाणस्य स्वर्गमात्र-

तन्नामत्वेनातिप्रसिद्धिर्यस्येति मूर्त्यन्तरं निषिध्येत; तन्मूर्त्तेर्नमस्क्रियमाणत्वेन च नित्यसिद्धत्वं दर्श्यते। तत्रैव (पुष्पिकायां) टीकाकृद्भिरपि—"येन नाक्रम्पितं विश्वमुद्धवप्रश्ननिर्णयैः।
तं वन्दे परमानन्दं नन्दनन्दनरूपिणम् ॥"

यद्यपि भवभयापहारकोपदेशकर्त्ता एक अवतार, अमृतरूप अपर अवतार सुप्रसिद्ध है। गुण की दृष्टि से उभय ही नमनीय हैं, तथापि प्रथम अवतार कृष्ण को ही प्रणाम करते हैं। अमृत से भी आदराधिक्य श्रीकृष्ण में है। उचित भी है, श्रीकृष्ण ही आदि पुरुष एवं सर्वश्रेष्ठ हैं। श्रुति भी कहती है—सर्वप्रथम श्रीकृष्ण की स्थिति है, उनमें ही पुरुष का पुरुषत्व है। ऋषभ शब्द का अर्थ श्रेष्ठ है। कृष्णसंज्ञ शब्द से कृष्णनाम है जिनका। अति प्रसिद्ध नाम है। अतएव कृष्ण शब्द से अपर का बोध नहीं होता है। वह मूर्त्ति प्रणम्य तो है ही, नित्यसिद्ध भी है। पुष्पिका वाक्य में स्वामिपाद ने भी कहा है—परमानन्दस्वरूप नन्दनन्दन की मैं वन्दना करता हूँ।

"उद्धव का प्रश्नोत्तर प्रदान कर जिन्होंने जगत् को अनुगृहीत किया है, उन नन्दनन्दनरूपी श्रीकृष्ण की वन्दना करता हूँ।"

स्वामिपाद की टीका विरचन समय में श्रीकृष्ण नन्दनन्दन रूप में विराजित न होने पर भी उस रूप को प्रणाम करना व्यर्थ होता है। सुतरां उनके वाक्य द्वारा भी नन्दनन्दन रूप में श्रीकृष्ण की नित्य स्थिति प्रतिपादित हुई ॥३८॥

इस प्रकार भा० १।३।१ में उक्त—"जगृहे पौरुषं रूपं भगवान् महदादिभिः।
सम्भूतं षोड़शकलमादौ लोकसिसृक्षया ॥" इत्यादि प्रकरण में अर्थात् परमात्मा का स्वरूप निर्णय प्रसङ्ग में जो विचार्य्य विषय है—अर्थात् श्रीभगवान् से पुरुषावतार का प्रकटन सिद्धान्त का दृढ़ीकरण श्रीधरस्वामिपाद स्वीकृत वाक्य से ही हुआ है। पुनर्बार स्वामिपाद की सम्मति का प्रदर्शन—अभ्यास के द्वारा करते हैं। श्रीकृष्ण सर्वावतारी, सर्वाश्रय, पुरुषोत्तम, स्वयं भगवान् हैं। भा० १०।७२।१५ में उक्त है—समस्त राजन्यवृन्द पराजित हुए हैं, केवल जरासन्ध ही अजेय है। यह सुनकर महाराज युधिष्ठिर चिन्तित हुए थे। उस समय चिन्ता अपनोदन हेतु उद्धव कथित उपाय को ही श्रीकृष्ण कहे थे। आद्य—हरि, उक्त उपदेश प्रदान किए थे।

टीका—"आदो हरिः—श्रीकृष्णः।" तात्पर्य्य निर्णय के षड़् विध उपायों के मध्य में अन्यतम उपाय को अभ्यास कहते हैं। उपायसमूह—उपक्रमोपसंहारावभ्यासोऽपूर्वताफलम्।
अर्थवादोपपत्ती च लिङ्गं तात्पर्य्यनिर्णये ॥ उपक्रम उपसंहार, अभ्यास, अपूर्व, फल, अर्थवाद, उपपत्ति, तात्पर्य्य निर्णायक षड़् विध लिङ्ग हैं। "प्रकरणप्रतिपाद्यस्य

४० । किञ्च, (भा० १०।२।९)—

(४०) "अथाहमंशभागेन देवक्याः पुत्रतां शुभे । प्राप्स्यामि" इति ।

'अंशभागेन' इत्यत्र पूर्णतोचितमेवार्थं बहुधा योजयद्भिर्मध्ये अंशेन पुरुषरूपेण मायाया भागो भजनमीक्षणं यस्य तेनेति च व्याचक्षाणैरन्ते सर्वथा परिपूर्णरूपेणेति विवक्षितम्, (भा० १।३।२८) "कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" इत्युक्तत्वात्, इत्येवं हि तैर्व्याख्यातम् ॥ श्रीभगवान् योगमायाम् ॥

सर्वसम्वादिनी

प्रदत्वम्; यथा वा वेदजपतस्तदन्तर्गत-भगवन्मन्त्रेणापि न ब्रह्मलोकाधिक-फलप्राप्तिः; यथात्रैव तावत् केवलं

वस्तुनः तन्मध्यं पौनः पुन्येन प्रतिपादनमभ्यासः ।" प्रकरण प्रतिपाद्य वस्तु का प्रकरण के मध्य में पुनः पुनः प्रतिपादन को अभ्यास कहते हैं। श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता का प्रतिपादन, श्रीस्वामिपाद का अभिमत है, तज्जन्य ही आपने 'आद्यो हरिः श्रीकृष्णः' इस प्रकार व्याख्या की है।

श्रीशुक, प्रकरण प्रवक्ता हैं ॥३९॥

श्रीभगवान् योगमाया को कहे थे—(भा० १०।२।९) "अथाहमंशभागेन देवक्याः पुत्रतां शुभे। प्राप्स्यामि त्वं यशोदायां नन्दपत्न्यां भविष्यसि ।।" "हे शुभे! अनन्तर मैं अंश-भाग के द्वारा देवकी पुत्र बनूँगा, एवं तुमारा आविर्भाव नन्दपत्नी यशोदा से होगा।"

टीका—किमर्थमेवं कार्य्यमित्यत आह—अथेति। अनन्तरमेवेत्यर्थः। (१) अंशभागेनेति अंशैः शक्तिभिर्भजते अधितिष्ठति सर्वान् ब्रह्मादिस्तम्बपर्य्यन्तान् इत्यंशभागस्तेन परिपूर्णरूपेणेत्यर्थः। (२) यद्वा—अंशैः, ज्ञानैश्वर्य्यबलादिभिर्भाजयति योजयति स्वीयानिति यथा तेनेति। (३) यद्वा अंशेन—पुरुषरूपेण मायया गुणावतारादिरूपा भागाभेदा यस्य तेन। (४) यद्वा अंशेन—मायया गुणावतारादिरूपा भागाभेदा यस्य तेन। (५) अंशा एव मत्स्यकूर्मादिरूपा भजनीया ननु साक्षात्स्वरूपं यस्य तेन। (६) यद्वा, अंशैः, ज्ञानबलादिभिर्भजनमनुवर्त्तनं भक्तेषु यस्य तेन। सर्वथा परिपूर्णरूपेणेति विवक्षितम्। कृष्णस्तु भगवान् स्वयमित्युक्तत्वादिति, तां प्रोत्साहयति, त्वं यशोदायामिति द्व्यक्षरोनसार्द्धचतुष्टयेन ॥

श्लोकोक्त "अंशभागेनेत्यत्र पूर्णतोचितमेवार्थं योजितम्" 'अंशभागेन' पद की योजना अनेक प्रकार से करके श्रीस्वामिपाद ने श्रीकृष्ण की पूर्णता का प्रतिपादन किया है। तन्मध्य में एक अर्थ यह है—'अंशः' पुरुषरूप के द्वारा माया के प्रति 'भाग' भजन ईक्षण है जिनका, उस स्वरूप में आविर्भूत होऊँगा। इस रीति से छह प्रकार व्याख्या करने के पश्चात् आपने कहा है—"सर्वथा परिपूर्ण रूप में आविर्भूत होऊँगा।" इस प्रकार कहने का अभिप्राय से ही श्रीभगवान् "अंशभागेन" पद का प्रयोग किए हैं। कारण 'कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्' इसका निर्णय अवतारसूचक प्रकरण में हुआ है। यहाँ पर स्वामिपादने श्रीकृष्ण की सर्वावतारकर्त्तृत्वसूचक व्याख्या की है।

बृहत्क्रमसन्दर्भः। (भा० १०।१।२५) "आदिष्टा प्रभुनांशेन" इति ब्रह्माणं प्रति अनिरुद्धो यदुवाच, तमेव प्रभोरादेशं प्रपञ्चयति अथाहमंशभागेनेत्यादि। हे शुभे! अहं देवक्याः, पुत्रतां प्राप्स्यामि, त्वं यशोदायां नन्दपत्न्यां भविष्यसि। अथानन्तरं त्वं देवक्यां भविष्यसि, अहं नन्दपत्न्यां पुत्रतां प्राप्स्यामीति व्यत्ययोऽपि अथ शब्देन बोद्धव्यः, अव्ययानामनेकार्थत्वात्। अंशभागेन—भागधेयेन, अंशा अत्र देवा इति बोद्धव्यम्। अथवा, अंश्यते विभज्यते क्रिया अनेनेति अंशः कालः, 'अंशांशत्व विभाजने' इत्यतो वाभिरूपम्। तस्य भागेन भेदेन, अहमादौ देवक्याः पुत्रो भविष्यामि, पश्चान्नन्दपत्न्याः, त्वमादौ नन्दपत्न्याः, पुत्री भविष्यसि, पश्चाद् देवक्या इति। (भा० ९।२४।३०) "वसुदेव

हरेः स्थानम्" इति लक्ष्य लक्षणभावात् हरेः स्थानत्वं हि वसुदेवत्वम्, तदुभयोरानकदुन्दुभिनन्दयं रेवास्ति। नन्दादयोऽपि यदुवंशान्तर्गताः, क्षत्रिय वैश्ययोः सम्बन्धात्, तेन (भा० १०।१।२२) "यदुषूपजन्यताम्" इति तेषामुभयत्रैवावतारश्च। अतएवं स्वयं वक्ष्यति भगवान् (११।५।२३) "ज्ञातीन् वो द्रष्टुमेष्यामः" इत्यादि।

भा० १०।१।२५ के विवरण से ज्ञात होता है—अनिरुद्ध ने ब्रह्मा को कहा—'अंश के सहित आविर्भूत होंगे।' प्रभु के आदेश को विस्तार पूर्वक कहते हैं, मैं अंशभाग से आविर्भूत हो जाऊँगा। हे शुभे! मैं देवकी का पुत्र बनूँगा, तुम नन्दपत्नी यशोदा की पुत्री बनो, अनन्तर तुम देवकी की पुत्री बनोगी, और मैं नन्दपत्नी यशोदा का पुत्र बनूँगा। इस प्रकार अर्थ "अथ" शब्द के द्वारा उपलब्ध होता है। अव्ययों के अनेकार्थ सुप्रसिद्ध हैं। अंशभाग शब्द से – अंश विभाग से, अंश शब्द से देवता वर्ग को जानना होगा। अथवा—अंश्यते विभज्यते क्रिया अनेनेति, अंशः—शब्द से काल अर्थ होता है, किंवा अंशांशक विभाजने। इसका ही अभिरूप है। उसका भाग से, अर्थात् भेद से, पहले मैं देवकी का पुत्र बनूँगा। पश्चात् नन्दपत्नी यशोदा का, तुम पहले नन्दपत्नी की पुत्री बनोगी पश्चात् देवकी की। भा० ९।२४।३० में उक्त है —वसुदेव को हरि का ही आधार कहा है। इस प्रकार लक्ष्य लक्षण भाव से जो हरि का स्थान है, वह ही वसुदेव है। वह लक्षण—वसुदेव नन्द में समभाव से है। नन्दादि यदुवंशी है, क्षत्रिय वैश्य सम्बन्ध से जानना होगा। भा० १०।१।२२ में उक्त है—यदु में उत्पन्न हो जाओ, इससे उभयत्र ही अवतार होना सूचित होता है। अतएव आपने स्वयं ही कहा है—(भा० १०।४५।२३) "ज्ञातियों को देखने के निमित्त मैं आऊँगा, सुहृदों को सुखी करने के बाद" इत्यादि।

वैष्णवतोषणी—अथानन्तरमेवेति—देवकीपुत्रत्व प्राप्तौ त्वरां बोधयति, एवमेव श्रीबलदेवस्याल्पकालाग्रजत्वं, तच्चाग्रे व्यक्तं भावि। अंशेति तैर्व्याख्यातम्। अत्र प्रथमेऽर्थे कर्त्तरि घञ् आर्षः, द्वितीये च निजन्तत्वात्तद्वत्। तृतीयेऽंशेन पुरुषरूपेणेत्यादिकं त्वस्मान्मत्सहायमिति ज्ञेयम्। यद्वा, अंशानां भागो भजनं प्रवेशो यत्र तेन स्वरूपेण; यद्वा, अंशानां भागो भजनं प्रवेशो यत्र तेन रूपेण; यद्वा, अंशानां ब्रह्मादीनां जीवानां भागधेयेन हेतुना; ननु सङ्कर्षणाकर्षणे श्रीयशोदायां जन्मनि च मम का योग्यता? इत्यपेक्षायामाह—शुभे! मन्निदेशेनैव प्राप्त मङ्गले, तत्र त्वं योग्या भूरित्यर्थः। एवं तां प्रति बरदानं ज्ञेयम्। अतएव तया श्रीनन्दादिमोहनं वक्ष्यति, यद्वा, हे भाग्यवती, यतो यशोदायां भविष्यसि, यशोदायामिति तेन तव यशः, नन्दपत्न्यामित्यानन्दश्च भवितेति भावः। निगूढ़श्चायमर्थः—अंशभागेन प्रकाशभेदेन देवक्याः पुत्रतां प्राप्स्यामीत्येवं प्रकाशान्तरेण श्रीयशोदाया अपि पुत्रतां प्राप्स्यामीति ज्ञेयम्। "अवतीर्णौ जगत्यर्थे स्वांशेन बलकेशवौ।" (भा० १०।३८।३२) इत्यत्र श्रीस्वामिचरणैरपि व्याख्यातम्। स्वांशेन मूर्त्तिभेदेनेति। अतएव त्वं यशोदायां भविष्यसि, विद्यमानतामेव प्राप्स्यसि, नतु पुत्रीत्वमिति, तथा व्यवहाराभावात् इति भावः। एतद्व्यञ्जनैव भविष्यसि इति पृथगुक्तम्, अन्यथा श्रीयशोदायां त्वं पुत्रतां प्राप्स्यसीति विभक्तिविपरिणामेनैवार्थसिद्धिः स्यात्। पुत्रशब्दो हि कन्यामपि वदति, अतएव, तद्व्यवच्छेदाय "पुमांसं पुत्रमाधेहि" इति श्रुतौ, पुमांसमिति पुत्रतामिति सामान्यवचनत्वेन पुंस्त्वव्यभिचारित्वं युक्तीनामितिवत्। अयं भाव—दधार सर्वात्मकमात्मभूतम् (श्रीभा० १०।२।१८) इतिवत् वक्ष्यमाणदिशा यथा देवकी मां मनसि धारयिष्यति स्वगर्भजत्वेनाभिमंस्यते च, तथा सापि; यथा च देवक्यां मम मातृत्वानुभवस्तथा तस्यामपीति। 'नन्दस्त्वात्मज उत्पन्ने' (श्रीभा० १०।५।१) इत्यादौ श्रीशुकवाक्ये विवृती भविष्यति। अतो भवत्यास्तत्र सत्ताव्याजमात्रार्थं मयादिश्यते, यतो भवती मायेति।

बृहद्वैष्णवतोषणी—अथानन्तरमेवेति देवकीपुत्रत्वप्राप्तौ त्वरां बोधयति। एवं श्रीबलरामस्यात्यल्पकालमेवाग्रजत्वं ज्ञेयम्। तच्चाग्रे व्यक्तं भावि। अंशेति तैर्व्याख्यातमेव। यद्वा अंशानां श्रीब्रह्मादीनां भागधेयेन हेतुना। ननु शेषाकर्षणे यशोदायां जन्मनि च मम का योग्यतेत्यपेक्षायामाह—शुभे! हे सर्वोत्तमे!

४१। एवम् (भा० १०।८५।३१)—

(४१) "यस्यांशांशांशभागेन विश्वोत्पत्तिलयोदयाः।
भवन्ति किल विश्वात्मंस्तं त्वाद्याहं गतिं गता॥"७१॥

टीका च—"यस्यांशः पुरुषस्तस्यांशो माया तस्या अंशा गुणास्तेषां भागेन परमाणुमात्र-लेशेन विश्वोत्पत्त्यादयो भवन्ति, तं त्वा त्वां गतिं शरणं गतास्मि" इत्येषा॥ श्रीदेवकीदेवी श्रीभगवन्तम्॥

सर्वसम्वादिनी

रामनामैव सकृद्वदतोऽपि वृहत्सहस्रनाम-फलमन्तर्भूत-रामनामैकोनसहस्र-नामकं सम्पूर्णम्, वृहत्सहस्रनामापि

मत्प्रभावादुत्तमत्वसिद्धया योग्या भूया इत्यर्थः। एवं तां प्रति वरप्रदानं ज्ञेयम्। अतएव तया, श्रीनन्दादिमोहनं वक्ष्यति। यद्वा, हे भाग्यवति! अतो यशोदायां भविष्यसि; यशोदायामिति तेन तव यशः। नन्दपत्न्यामित्यानन्दश्च भवितेति भावः।

देवकी पुत्रत्व प्राप्ति के निमित्त व्यग्रता को प्रकट करते हैं। श्रीबलराम का आविर्भाव अल्प पूर्वकाल में ही हुआ। अंश शब्द की व्याख्या स्वामिपाद ने की है। अथवा अंशरूप श्रीब्रह्मादि होने के कारण शेष का आकर्षण करने में एवं यशोदापुत्री रूप में आविर्भूत होने की मेरी योग्यता ही क्या है? कहते हैं, शुभे! सर्वोत्तम हो, मेरा प्रभाव से उत्तम होकर योग्य बनो। उनके प्रति यह बरदान जानना होगा। अतएव उनके द्वारा ही श्रीनन्दादि का मोहन हुआ, अग्रिम ग्रन्थ में कहेंगे। यद्वा हे भाग्यवति! तुम यशोदा में ही आविर्भूत होऊगी, यह ही तुम्हारा यशः है। नन्दपत्नी शब्द से परमानन्द सूचित हुआ है।

क्रमसन्दर्भः। अथाहमिति। अंशानां भागो भजनं प्रवेशो यत्र, ते पूर्णस्वरूपेणैव॥ जिसमें समस्त अंशों का प्रवेश है। अतएव पूणस्वरूप से ही आविर्भूत हुये। श्रीभगवान् योगमाया को कहे थे॥४०॥

इस प्रकार भा० १०।८५।३१ में श्रीदेवकीदेवी श्रीकृष्ण को बोलीं थीं, हे विश्वात्मन्! हे आद्य! जिनके अंशांश भाग के द्वारा विश्व के सृष्टि-स्थिति-विलय होते हैं, ऐसे तुम हो, मैं तुम्हारी शरण में आई हूँ।

स्वामिटीका—"आद्य! यस्यांशः पुरुषस्तस्यांशो माया तस्या अंशा गुणास्तेषां भागेन परमाणुमात्र-लेशेन विश्वोत्पत्त्यादयो भवन्ति। तं त्वा त्वां गतिं शरणं गतास्मि।"

जिनका अंश पुरुष है, पुरुष का अंश माया है, माया का अंश त्रिगुण है, सत्त्व रजः तमः। त्रिगुण के परमाणु लेशमात्र से ही विश्व के उत्पत्ति प्रभृति होते रहते हैं। मैं तुम्हारी उन स्वरूप की शरण में आई हूँ।" देवकीदेवी के इस वाक्य से प्रकाशित हुआ है—श्रीकृष्ण ही सर्वांशी है, इस प्रकार अर्थ ही श्रीधरस्वामिपाद का अनुमत है।

वैष्णवतोषणी। एवं तौ पृथक् स्तुत्वा पुनरेकमत्यर्थमेकत्वेनैव शरणं याति—यस्येति। किलेति प्रसिद्धमेवेदमित्यर्थः। विश्वात्मन्। सर्वमूलस्वरूप! एतावन्तं कालं नैवं त्वां प्रार्थितवत्यस्मि, अधुना च किञ्चित् प्रार्थयितुं शरणं यामीत्याशयेनाह—अद्येति।

वृहद्वैष्णवतोषणी। एवं स्तुत्वा स्वप्रार्थ्यपूरणसामर्थ्यं सूचयन्ती तदर्थमार्त्या शरणं याति—यस्येति। किलेति—प्रसिद्धमेवेदमित्यर्थः। विश्वात्मन्—हे सर्वान्तर्यामिन्! एवमुभयथा महाशक्तिमत्त्व-मुक्तम्। अतो गतिं गतास्मि। ननु त्वमस्मन्माता किमिदं वदसि? तत्राह—हे आद्येति; महापुरुषत्वादिति भावः। यद्वा, एतावन्तं कालं न कथञ्चित् त्वामेव प्रपन्नास्मि, अधुना च किञ्चित् प्रार्थयितुं शरणं यामीत्याशयेनाह—आद्येति॥ श्रीदेवकीदेवी श्रीभगवान् को बोली थीं॥४१॥

४२। यथा च (भा० १०।१४।१४)—

(४२) "नारायणस्त्वं नहि सर्वदेहिनाम्" इत्यादौ,

"नारायणोऽङ्गं नरभूजलायनात्" इति।

टीका च—"नरादुद्भूता येऽर्थाः, तथा नराज्जातं यज्जलं तदयनाद् यो नारायणः प्रसिद्धः, सोऽपि तवाङ्गं मूर्त्तिः" इत्येषा। अत्र स तवाङ्गम्, त्वं पुनरङ्गीत्यसौ तु विशदोऽर्थः; न तु स्तुतिमात्रमिदम् (भा० १०।१३।१५) "दृष्ट्वाघासुरमोक्षणं प्रभवतः प्राप्तः परं

सर्वसम्वादिनी

पठतो वृहत्सहस्रनाम-फलम्, न त्वधिकमेकोनसहस्रनामफलमिति। अतएव साधारणानां केशवादि-नाम्नामपि तदीयता-वैलक्षण्येनागृह्यमाणानामवतारान्तर-नाम-साधारण-फलमेव ज्ञेयम्।

उस प्रकार ब्रह्मा भी श्रीकृष्ण को कहे थे—हे अधीश! आप क्या नारायण नहीं हैं? मैं सत्य एवं निश्चय रूप से कहता हूँ—आप ही नारायण हैं। कारण, आप समस्त देहियों का आत्मा हैं, तृतीय पुरुष, अखिललोकसाक्षी, द्वितीय पुरुष, एवं नर सम्भूत जो चतुर्विंशति तत्त्व, एवं जल—कारणार्णव, उन समस्त का आश्रय प्रथम पुरुष हैं, किन्तु यह प्रथम पुरुषरूप नारायण आप नहीं हैं। यह आपका अङ्ग है, अर्थात् अंश है, आप इनका अंशी हैं। अतएव उक्त रूप, माया अर्थात् मायिक नहीं हैं।

"नारायणस्त्वं नहि सर्वदेहिनामात्मास्यधीशाखिललोकसाक्षी।
नारायणोऽङ्गं नरभूजलायनात् तच्चापि सत्यं न तवैव माया॥"

टीका—तर्हि नारायणस्य पुत्रः स्यास्त्वं मम किमायातं तत्राह—नारायणस्त्वमिति नहीति, काक्वा त्वमेव नारायण इत्यापादयति। कुतोऽहं नारायण इति चेदत आह, सर्वदेहिनामात्मात्मत्वान्नारायण इति भावः। हे अधीश! त्वं नारायणो नहीति पुनः काकुः। अधीशः—प्रवर्त्तकः, ततश्च नारस्यायनं प्रवृत्तिर्यस्मात् स तथेति। पुनस्त्वमेवासाविति। किञ्च त्वमखिललोकसाक्षी, अखिलं लोकं साक्षात् पश्यसि अतो नारमयसे जानासीति त्वमेव नारायण इत्यर्थः।

नन्वेवं नारायणपदव्युत्पत्तौ भवेदेवं तत्तु अन्यथा प्रसिद्धमित्याशङ्क्याह—नारायणोऽङ्गमिति। नरादुद्भूता येऽर्थास्तथा नराज्जातं यज्जलं तदयनाद् यो नारायणः प्रसिद्धः सोऽपि तवैवाङ्गं मूर्त्तिः। तथा च —स्मर्य्यते। "नराज्जातानि तत्त्वानि नाराणीति विदुर्बुधाः, तस्य तान्ययनं पूर्वं तेन नारायणः स्मृतः" इति च। ननु मत् मूर्त्तेरपरिच्छिन्नायाः कथं जलाश्रयत्वमत आह—तच्चापि सत्यं नेति॥

नर से उत्पन्न चतुर्विंशति तत्त्वसमूह, एवं नर से उत्पन्न, जल, उक्त समूह पदार्थ का आश्रय निबन्धन 'नारायण' है, वह प्रथम पुरुष है, वह भी आपका अङ्ग अर्थात् मूर्त्ति है। टीका में—नारायण आपका अङ्ग है,—इस उक्ति से विदित होता है, आप श्रीकृष्ण प्रथम पुरुषरूप नारायण का अङ्गी हैं, इस प्रकार बोध होता है। श्रीकृष्ण को मूल नारायण कहना, स्तुतिमात्र नहीं है, यह यथार्थ है। उसका विवरण अग्रिम वाक्य में है।

भा० १०।१३।१५ में वर्णित है—

"अम्भोजन्मजनिस्तदन्तरगतो मायार्भकेस्येशितु
र्द्रष्टुं मञ्जुमहित्वमन्यदपि तद्वत्सानितो वत्सपान्।
नीत्वान्यत्र कुरुद्वहान्तर दधात् खेऽवस्थितो यः पुरा,
दृष्ट्वाघासुरमोक्षणं प्रभवतः प्राप्तः परं विस्मयम्॥"

विस्मयम्" इत्युक्तरीत्या क्वचिदप्यवतार्य्यवतारान्तरेषु तादृशस्यापि मोक्षणमदृष्टचरं दृष्ट्वा विस्मयं प्राप्तवान् ब्रह्मा । "द्रष्टुं मञ्जुमहित्वमन्यदपि तद्वत्सानितो वत्सपान्, नीत्वान्यत्र कुरूद्वहान्तरदधात्" इत्युक्तरीत्या तस्यापरमपि माहात्म्यं दिदृक्षुस्तथामाहात्म्यं ददर्शेति

सर्वसम्वादिनी

नामकौमुद्यां तु सर्वानर्थक्षय एव ज्ञानाज्ञान-विशेषो निषिद्धः; न तु प्रेमादि-फल-तारतम्ये ।

ब्रह्मा अघासुर मोक्षण से श्रीकृष्ण का अपूर्व प्रभाव को देखकर परम विस्मित हुए थे । किसी भी अवतारी अथवा अवतार से अघासुर के समान व्यक्ति का मोक्षलाभ नहीं हुआ है ।—यह ही विस्मय का एकमात्र कारण है । अनन्तर श्रीकृष्ण की अपर महिमा सन्दर्शन के निमित्त वत्स एवं श्रीकृष्ण के सखा वत्सपालकगण को अपहरण करके माया शयन में शायित किए थे । ब्रह्म मोहन लीला के इस संवाद से ज्ञात होता है कि—श्रीकृष्ण की अपर महिमा दर्शनेच्छु ब्रह्मा मनोहर महिमा का दर्शन किए थे । एवं तज्जन्य आपने श्रीकृष्ण की स्तुति भी की । यह वृत्तान्त प्रकरण सङ्गति से उपलब्ध है ।

टीका—अम्भोजन्मनः पद्मात् जनिर्यस्य स ब्रह्मा तदन्तरे तस्मिन्नवसरे गत आगतस्तच्छिद्रं प्राप्तौ वा मञ्जुमनोहरमन्यदपि महित्वं महिमानं द्रष्टुं तस्य वत्सान् इतः स्थानात् वत्सपांश्च अन्यत्र नीत्वा स्वयं तिरो बभूव ।

क्रमसन्दर्भः । मायामोहनता, तद्युक्तार्भकस्य सर्वमोहनार्भकलीलस्येत्यर्थः । पुनः पुनः ब्रह्मणोऽपि मोहे सिद्धान्तोऽयम् ॥

मोहनता ही माया है । समस्त मोहनकारी बाल्यलीलापरायण श्रीकृष्ण की महिमा ही इस प्रकार है । कारण ब्रह्मा का मोह पुनः पुनः इससे ही हुआ ।

वैष्णवतोषणी । प्रभवत इति कर्त्तरि षष्ठी, प्रभुणेत्यर्थः । अम्भोजन्मजनिः महापुरुषनाभिकमलाज्जातत्वेन, स्वतः सर्वज्ञोऽपि प्रभुणा तादृशानन्तशक्तियुक्तेन कर्त्ता अघासुरस्यापि मोक्षं दृष्ट्वा यः परं विस्मयं प्राप्तः, सोऽपि ईशितुस्तच्छब्दप्रथमव्यपदेशास्पदस्यापि, अन्यदपि तत्तादृशं मञ्जुमहित्वं द्रष्टुं अन्विष्टतच्छिद्रः सन्नितः स्थानाद्वत्सान् वत्सपांश्च नीत्वा श्रीभगवदन्वेषणपर्य्यन्तं श्रीवृन्दावनप्रदेशान्तरे स्थापयित्वा स्वयमन्तरधात् चोर इव, "वत्सान् पुलिन मानिन्ये यथा पूर्वसखं स्वकम्" (श्रीभा० १०।१४।४२) इति, 'मायाशये शयाना मे' (श्रीभा० १०।१३।४१) इत्यादि स्तु पुनस्तत्र तत्रैवानीय रक्षितवानिति ज्ञेयम् । तेषां श्रीकृष्णतुल्यगुणानामपि ब्रह्ममायापरिभवप्रायत्वं भगवन्नरलीलत्वेनैव सम्भवतीति ज्ञेयम् । अन्यथा नरलीलत्वासिद्धेः ।

ननु यद्येवं प्रकटमाहात्म्यो भगवान्, ब्रह्मा च सर्वज्ञः, कथं तर्हि विस्मयं प्राप्तः ? कथं वा पुनः कदर्थनप्रायां परीक्षामिव कृतवान् ? तत्राह—मायामोहनता तद्युक्तस्यार्भकस्य सर्वमोहनार्भकलीलास्येत्यर्थः । तन्मोहनतया मुहुरैश्वर्य्यज्ञानाच्छादनादिति भावः । प्राक्तनतत्तद्बाल्यलीलामोहनतावदधुनापि वन्यभोजनलीलामोहन तयैव विगतसाध्वसीकृत्यबाढ़ं विस्मितीकृत्य च तादृश—तदैश्वर्य्यान्तरान्वेषणाय तथा प्रवर्त्तितोऽसाविति विवक्षितम् । कुरूद्वहेति—पश्यैतादृशी तद्बाल्यलीला, मोहनतया परमज्ञानदृढ़चित्तं ब्रह्माणमपीत्थं मोहयतीति व्यज्यते ।

अघासुर मोक्ष दर्शन से विस्मित होने के दो कारण हैं, एक—मूर्त्तिमान् अघने भी मुक्तिलाभ किया, द्वितीय—जितने भी महात्मागण मुक्तिलाभ किए हैं । उनमें से कौन व्यक्ति कहाँ पर मुक्ति प्राप्त किये हैं, इसका साक्षी कोई नहीं है । अघासुर ने मुक्तिलाभ किया, उसमें समस्त देवतावर्ग साक्षी हैं, जिन्होंने साक्षात् दर्शन किया है । परमाणु तत्त्व से भी जीवतत्त्व अति सूक्ष्म है । उक्त जीवस्वरूप

प्रकरण-स्वारस्येनापि लब्धम्। न चापरमाहात्म्यदर्शनं सम्भवतिमात्रम्। (भा० १०।१३।४६)—

"तावत् सर्वे वत्सपालाः पश्यतोऽजस्य तत्क्षणात्।
व्यदृश्यन्त घनश्यामाः पीतकौशेयवाससः॥"७२॥

इत्यादिना शक्तिभिरजाद्याभिरैश्वर्य्यैरणिमाद्यैश्चतुर्विंशति-संख्य-तत्त्वैर्महदादिभिस्तत्सहकारिभिः कालस्वभावाद्यैस्तत्सम्भूतैर्ब्रह्माण्डैस्तदन्तर्भूतस्रष्टृभिर्ब्रह्मादिभिर्जीवैश्च स्तम्बपर्य्यन्तैः पृथक् पृथगुपासितास्तादृशब्रह्माण्डेश्वरकोटयः श्रीकृष्णेनैव तत्तदंशांशेनाविर्भाव्य ब्रह्माणं प्रति

सर्वसम्वादिनी

तदेवं तत्र कृष्णनाम्नः साधारण-फलदत्वे सति 'सहस्रनामभिस्तुल्यं रामनाम वरानने' इत्यपि युक्तमेवोक्तम्। वस्तुतस्त्वेवं सर्वावतारावतारि-नामभ्यः श्रीकृष्णनाम्नोऽभ्यधिकं फलं स्वयं-भगवत्त्वात्तस्य।

सब के समक्ष में दृष्ट होकर श्रीकृष्ण चरण में प्रविष्ट हुआ।

ब्रह्मा इसको देखकर आश्चर्य्यचकित होकर निज प्रभु के अन्य माधुर्य्य सम्बलित परिपूर्ण ऐश्वर्य्य संदर्शन के निमित्त लालसान्वित हुये थे, एवं उक्त लालसा से विवेकशून्य होकर निखिल मायाविगणों के परमाराध्य निज प्रभु के प्रति भी स्वीय माया का विस्तार करके तदीय सखागण को अपहरण भी किये। उक्त महिमा दर्शन की लालसा केवल संकल्प रूप में ही थी, भक्तवत्सल प्रभु श्रीकृष्ण, निज भृत्य का दौरात्म्य विदूरित करके अभिलषित असमोर्द्ध माधुर्य्यपूर्ण ऐश्वर्य्य को दर्शाये थे। उक्त माहात्म्य कैसा है— उसका वर्णन भा० १०।१३।४६ में है—

"तावत् सर्वे वत्सपालाः पश्यतोऽजस्य तत्क्षणात्। व्यदृश्यन्त घनश्यामाः पीतकौशेयवाससः॥"

बृहद्वैष्णवतोषणी। एवं मोहेन दीनतां गते श्रीब्रह्मणि श्रीभगवानचिरात् कृपां व्यतनोदित्याह— तावदित्यादिना, कर्त्तरि षष्ठी, पश्यता—पुनरपि विचारयतेत्यर्थः। किम्वा दैन्येन, भयेन च श्रीभगवन्तं निरीक्षमाणेन, यद्वा, तानेव पश्यतापि सत्य, इत्याश्चर्य्यविशेष उक्तो भ्रमादिकञ्च निरस्तम्। विशेषतो अदृश्यन्त दृष्टाः, यद्वा, अजे पश्यति सति व्यदृश्यन्त दृष्टिविषया जाताः॥

वैष्णवतोषणी। एवं मोहेन दीनतां गते ब्रह्मणि श्रीभगवानपि अचिरात् द्रष्टुं मञ्जुमहित्वमन्यदपि यदिति तदभिप्रायानुसारेणैव कृपां व्यतनोदित्याह—तावदित्यादि नवकेन। अङ्कास्तु पृथक् पृथक् क्रियन्ते। पश्यन्तमजमनादृत्य तद्दृष्टिशक्तिमनपेक्ष्य, अदृश्यन्त, स्वयमेव तद्दृष्टौ व्यक्तीभूताः, स्वशक्तिमात्रेणाभिव्यक्तेः। कर्मकर्त्तृत्वम्। चतुर्भुजा इत्यत्र चतुर्भुजत्वादिना विष्णुत्वमवगम्यते। मायाधिष्ठातृत्वेन तु प्रथमद्वितीयपुरुषत्वमवगंस्यते, तस्मात् "सृजामि तन्नियुक्तोऽहं, हरो हरति तद्वशः। विश्वंपुरुषरूपेण परिपाति त्रिशक्तिधृक्" (भा० २।६।३२) इति ब्रह्मवाक्यात्। ब्रह्माणं प्रति च तत्तत् कार्य्याय सर्वशक्तिव्यञ्जकतया प्रायो विष्णोरेवाविर्भावश्रवणात्, त्रयाणामभेदज्ञापनार्थमेव व्यामिश्रत्वेनाविर्भावोऽयं ज्ञेयः॥

ब्रह्मा के समक्ष में ही तत्क्षणात् समस्त वत्सपालक, पीतवसन से शोभित होकर चतुर्भुज घनश्याम मूर्त्ति में प्रकाशित हो गये। केवल वह ही नहीं, अपितु सब व्यक्ति ही पृथक् पृथक् रूप से, अजादि 'प्रकृति' शक्ति, अणिमादि ऐश्वर्य्य, महदादि चतुर्विंशतितत्त्व, उक्त समुदाय से उत्पन्न ब्रह्माण्ड, ब्रह्माण्डान्तर्भूत सृष्टिकर्त्ता ब्रह्मादि उन सबके सृष्टि सहकारी काल स्वभाव प्रभृति, जीव एवं स्तम्भ पर्य्यन्त सबके द्वारा उपासित हो रहे थे।

इस प्रकार कोटि कोटि ब्रह्माण्डाधिपति श्रीकृष्ण के द्वारा आविर्भूत होकर तदीय वत्सपालगण ब्रह्मा के नयनगोचर हुये थे।

साक्षादेव दर्शिता इत्युक्तम्। तदीदृशमेव (भा० १।३।२८) "कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" इत्यत्राविष्कृतसर्वशक्तित्वादित्येतत्स्वामिव्याख्यानस्यासाधारणं बीजं भवेत्। विश्वरूप-दर्शनादीनां तत्तद्ब्रह्माण्डान्तर्यामिपुरुषाणामेकतरेणापि शक्यत्वात्। तस्माद्विराट्पुरुषयोरिव पुरुषभगवतोरपि (भा० १।३।१) "जगृहे पौरुषं रूपम्" इत्यादावुपासनार्थमेव तैरभेदव्याख्या कृतेति गम्यते। वस्तुतस्तु परमाश्रयत्वेन श्रीकृष्ण एव तैरङ्गीकृतोऽस्ति; यथा, (श्रीभावार्थ-दीपिका १०।१।१-२)

"विश्वसर्गविसर्गादिनवलक्षणलक्षितम्। श्रीकृष्णाख्यं परं धाम जगद्धाम नमामि तत्।।७३।।
दशमे दशमं लक्ष्यमाश्रिताश्रयविग्रहम्। क्रीड़द्यदुकुलाम्भोधौ परानन्दमुदीर्य्यते।।"७४।। इति।

सर्वसम्वादिनी

ननु यथा दर्श-पौर्णमास्याद्यङ्गभूतया पूर्णाहूत्या सर्वान् कामानवाप्नोतीत्यादावर्थवादत्वं तथैवात्रो-

श्रीकृष्ण निज स्वरूप से कोटि कोटि ब्रह्माण्डाधिपति को प्रकट कर ब्रह्मा को दिखाये थे। वह ही (भा० १।३।२८) 'कृष्णस्तु भगवान् स्वयं' श्लोक व्याख्या में श्रीधरस्वामिपाद का एकमात्र उपजीव्य हुआ। अर्थात् ब्रह्ममोहन लीला में प्रकटित उक्त ऐश्वर्य्य के द्वारा ही श्रीस्वामिपाद ने श्रीकृष्ण में निखिल शक्ति आविष्कार का अनुभव किया था। विश्वरूप प्रदर्शन ही श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता का परिचायक नहीं है, उसका प्रदर्शन—श्रीकृष्ण से प्रकाशित कोटि कोटि ब्रह्माण्डान्तर्यामी के मध्य में कोई भी कर सकता है। तज्जन्य (भा० १।३।१)—"जगृहे पौरुषं रूपं भगवान् महदादिभिः।
सम्भूतं षोड़शकलमादौ लोक सिसृक्षया।।" इस श्लोक की टीका में स्वामिपादने उपासना के निमित्त विराट् एवं पुरुष के समान, पुरुष एवं भगवान् की अभेद व्याख्या की है। अर्थात् नवीन उपासक के निमित्त पाताल प्रभृति की कल्पना विराट् पुरुष के पादादि रूपमें हुई है। उपासनाहेतु मनःस्थिर करने के निमित्त एक कल्पित अवलम्बन प्रदत्त हुआ है। उस प्रकार ही उपासना के निमित्त महदादि तत्त्वसमन्वित पुरुष (प्रथम पुरुष) के सहित श्रीभगवद्रूप का वर्णन अभिन्न रूप से किया गया है।

किन्तु भगवद्रूप महदादि समन्वित पुरुष से अन्यविध कोटि कोटि रूप का दर्शन जब ब्रह्मा ने किया, तब भी उन सब से स्वतन्त्र रूप में स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण विराजमान् थे। भा० १।३।१ की टीका में स्वामिपाद ने भी कहा है—

महदादिभिर्महदहङ्कार पञ्चतन्मात्रैः सम्भूतं सुनिष्पन्नं। एकादशेन्द्रियाणि पञ्चमहाभूतानि इति षोड़शकला अंश यस्मिन् तत्। यद्यपि भगवद्विग्रहो नैवम्भूतः, तथापि विराड़् जीवान्तर्य्यामिनो भगवतो—विराड़् उपासनार्थमेवमुक्तमिति।

स्वामिपाद का अभिप्राय को देखने से प्रतीत होता है कि—उन्होंने यथार्थ रूप से श्रीकृष्ण को ही परमाश्रय तत्त्व माना है। श्रीभावार्थदीपिका (भा० १०।१।१-२) में लिखित है—विश्व, सर्ग, विसर्ग प्रभृति नवलक्षण के द्वारा जो लक्षित हैं, उन परम धाम श्रीकृष्णाख्य जगद्धाम को नमस्कार करता हूँ। श्रीमद्भागवत के दशमस्कन्ध में उक्त मुख्य आश्रयतत्त्व का वर्णन सर्वाश्रय श्रीकृष्ण में ही हुआ है। श्रीकृष्ण यदुकुलरूप सागर के चन्द्रमा रूप में परमानन्द को प्रकाशित करते रहते हैं। यदि अपर किसी भी भगवत् स्वरूप का परमाश्रयत्व कहना श्रीस्वामिपाद का अभिप्रेत होता, तब "दशम स्कन्ध में आश्रय तत्त्व वर्णित है।" इस प्रकार कथन व्यर्थ होता। अतएव, नारायण अङ्ग अर्थात् अंश, श्रीकृष्ण उनका अंशी हैं, यह व्याख्या सुसङ्गत है।

यद्यन्येषामपि परमाश्रयत्वं तन्मतम्, तदा दशम इत्यनर्थकं स्यात्। तस्मात् "नारायणोऽङ्गम्" इति युक्तमेवोक्तम् ॥ ब्रह्मा श्रीभगवन्तम् ॥

४३। अवतार-प्रसङ्गेऽपि तथैव स्पष्टम् (भा० १०।१।२१-२३)—

(४३) "गिरं समाधौ गगने समीरितां, निशम्य वेधास्त्रिदशानुवाच ह।
गां पौरुषीं मे श्रृणुतामराः पुन,-र्विधीयतामाशु तथैव माचिरम् ॥७५॥
पुरैव पुंसावधृतो धराज्वरो, भवद्भिरंशैर्यदुषूपजन्यताम्।
स यावदुर्व्या भरमीश्वरेश्वरः, स्वकालशक्त्या क्षपयंश्चरेद्भुवि ॥७६॥
वसुदेवगृहे साक्षाद्भगवान् पुरुषः परः।
जनिष्यते तत्प्रियार्थं सम्भवन्तु सुरस्त्रियः ॥"७७॥

सर्वसम्वादिनी

भयत्रापि भविष्यतीति चेत्? न;—(पाद्मोत्तरे ६६तम अ०) वृहत्सहस्रनामस्तोत्रं पठित्वैव भोजनकारिणीं

"अत्र सर्गो विसर्गश्च स्थानं पोषणमूतयः। मन्वन्तरेशानुकथा निरोधो मुक्तिराश्रयः॥"

सर्ग, विसर्ग, स्थान, पोषण, ऊति, मन्वन्तर, ईशानुकथा, निरोध, मुक्ति, आश्रय, ये दश लक्षण हैं। जो सर्वथा निरपेक्ष सत्ता के हैं, वह ही मुख्य आश्रयतत्त्व हैं। इस लक्षण की परिपूर्ण प्रसक्ति, श्रीकृष्ण में ही है। ब्रह्मा श्रीभगवान् को बोले थे ॥२४॥

अवतार प्रसङ्ग में भी श्रीकृष्ण का सर्वावतारित्व का सुस्पष्ट रूप से वर्णन है। पृथिवी का दुःख विज्ञापित करने के निमित्त देवगण, क्षीरोदसमुद्र के तीरदेश में उपनीत हुये थे। उस समय ब्रह्मा आकाशवाणी श्रवण कर देवगण को कहे थे—"हे अमरगण! मैंने पुरुष वाक्य को सुना, आप सब कोलाहल त्याग कर मेरे निकट उस वाणी का श्रवण करें। एवं तद्रूप आचरण अविलम्ब से करें।" क्षीरोदशायी का कथन को अनुवाद कर कहते हैं—अर्थात् पुरुष जो कुछ कहा अविकृत उसको ही कहते हैं। "आप सबके निवेदन के पहले ही पृथिवी का सन्ताप को पुरुष जान गये हैं। (क्षीरोदशायी की उक्ति में पुरुष शब्द का अर्थ श्रीकृष्ण हैं) आप सब अंश से यदुकुल में उत्पन्न होकर—जबतक ईश्वर श्रीकृष्ण स्वीय कालशक्ति के द्वारा पृथिवी का भारापहरण कर प्रकट विहार करेंगे, तबतक आप सब अर्थात् क्षीरोदशायी से लेकर समस्त देवगण यदुकुल में अवस्थान करें। श्रीवसुदेव के गृह में परमपुरुष साक्षात् श्रीकृष्ण आविर्भत होंगे। उनको प्रसन्न करने के निमित्त देववधूगण भी जन्मग्रहण करें।" (भा० १०।१।२१-२३)

वृहद्वैष्णवतोषणी। गगने समीरितामाकाशजामदृष्टवक्तृकामित्यर्थः। इत्यदृश्यमानेन श्रीभगवता नारायणेन तदीयेन वा केनचित् उक्तां समाधौ तत्रापि, गगने समीरितामिति परमादृश्यत्वमुक्तम्, अग्रे श्रीवृन्दावनादौ तस्य तादृश क्रीड़या तदानीन्तनानां भाग्यविशेषबोधनार्थम्। ह स्फुटं हर्षे वा, पौरुषीम् पुरुषो विराड़न्तर्य्यामी नारायणस्तदीयामिति तस्यां तेषां विश्वासार्थं पुनः पश्चात्तथैव तदनुरूपमेव विधीयतां युष्माभिः सर्वैरेवेति वा; हे अमरा इति तदैवामरत्वं नाम सिद्धेदिति भावः ।२१।

पुरुषमुखनिःसृतां मामेवार्थतः प्रतिपादयति—पुरेति चतुर्भिः। पुंसा—यस्याहमंशस्तेन पुरुषोत्तमेन पुरैवावधृत इति तद्विज्ञापनार्थं युष्मत् प्रयासेनालमिति, यद्वा, अतएव तच्छ्रवणार्थं स्वयं नाविर्भूत इति भावः। अंशैर्निजाशेषांशैः सहोपजन्यतां पुत्रपौत्रादिरूपेण जनित्वा निकटे स्थीयतामित्यर्थः। यदुष्विति प्रायिकत्वात्। किंवा तत्सम्बन्धिनामपि पाण्डवादीनां तदन्तर्भावात्। यद्वा, मुख्यत्वादीश्वराणामपीश्वर इच्छामात्रेण सद्यः सर्वं कर्त्तुं शक्तोऽपि स्वकालशक्त्या यदा यत् कर्त्तुं युज्येत, तदैव तत् करोतीति यथा कालमित्यर्थः।

पौरुषीं पुरुषेण (भा० २।६।३२) "सृजामि तन्नियुक्तोऽहम्" इत्याद्यनुसारात् पुरुषाभिन्नेन विष्णुरूपेण क्षीरोदशायिना स्वयमेवोक्तां गां वाचम्। पुरुषस्यैव वाचमनुवदति—पुरैवेति। पुंसा आदिपुरुषेण (ब्र० सं० ५।३९) "कृष्णः स्वयं समभवत् परमः पुमान् यः" इत्यनुसारात्

सर्वसम्वादिनी

देवीं प्रति 'रामनामैव सकृत् कीर्त्तयित्वा कृतकृत्या सती मया सह भुङ्क्ष्व' इति साक्षाद्भोजने श्रीमहादेवेन

स्व-शब्देन कालस्यापि तदधीनतोक्तैव। यावत् भुवि चरेत् प्रकटो भुवि वर्त्तेतेत्यर्थः। अन्यदा तत्तन्नित्य-प्रियजनैः सह नित्यं श्रीवृन्दावनादौ विचित्रक्रीड़ां कुर्वतोऽपि तस्यान्यैरदृश्यत्वात्। यदुष्वंशैरुपजनने हेतुमाह—वसुदेवेति। गृह इति जीववत् पितुःसकाशादुत्पत्ति निरस्ता, यतः परःपुरुष पुरुषोत्तमोऽवतारी श्रीभगवान् प्रकटसर्वैश्वर्य्ययुक्तः सन् साक्षात् स्वयमेव जनिष्यते प्रादुर्भावव्यतीत्यंशावतारत्वमपि निरस्तम्। तथा च पाद्मे श्रीव्यासवाक्यम्।

"ततो मामाह भगवान् वृन्दावनचरःस्मयन्। यदिदं मे त्वया दृष्टं रूपं दिव्यं सनातनम्॥
निष्कलं निष्क्रियं शान्तं सच्चिदानन्दविग्रहम्। पूर्वं पद्मपलाशाक्षं नातः परतरं मम॥
इदमेव वदन्त्येते वेदाः परमकारणम्। सत्यं व्यापि परानन्दं चिद्घनं शाश्वतं परम्॥" इति।

अतस्तस्य भगवतः प्रियार्थं परिचर्य्यया प्रीत्युत्पादनाय, यद्वा, तस्य प्रियाः श्रीरुक्मिण्याद्याः श्रीराधाद्याश्च, तासां सख्यार्थमतएव सम्यग् भवन्तु, उक्त प्रकारेण जायन्तामित्यर्थः। यद्वा, सम्भवन्तु योग्या भवन्त्विति बरप्रदानम्; तथापि जनन एव तात्पर्य्यम्।२३।

श्लोकोक्त 'पौरुषीं'-पुरुष कर्त्तृक स्वयं कथित, 'गां' वाक्यं। ब्रह्मा, पुरुष के वाक्य को अविकल रूप से कहे थे। अर्थात् स्वयं भगवात् श्रीकृष्ण का हार्द्दर्य का प्रकाश निज भाषा से नहीं किए थे। किन्तु उनकी भाषा से ही कहे थे। भा० २।६।३२ में उक्त है—

"सृजामि तन्नियुक्तोऽहं हरो हरति तद्वशः। विश्वं पुरुषरूपेण परिपाति त्रिशक्तिधृक्॥"

टीका—"यत्परस्त्वमित्येतत् प्रश्नोत्तरं यदुक्तं स एष भगवान् विष्णुः, सर्वेषां मम चेश्वर इति। तदुपसंहरति सृजामीति। पालनन्तु स्वयमेव करोतीत्याह—विश्वमिति। पुरुषरूपेण—विष्णुरूपेण। त्रिशक्तिर्माया तां धरतीति तथा सः॥"

इसके अनुसार पुरुषाभिन्न विष्णुरूप क्षीरोदशायी के द्वारा स्वयं ही जो वाणी कहे थे। उसको सुनकर ब्रह्माने कहा था। पुरुष शब्द से आदिपुरुष कृष्ण को ही जानना होगा। ब्रह्मसंहिता ३९ में उक्त है—"रामादिमूर्त्तिषु कलानियमेन तिष्ठन् नानावतारमकरोद्भुवनेषु किन्तु।
कृष्णः स्वयं समभवत् परमः पुमान् यो गोविन्दमादिपुरुषं तमहं भजामि॥"

टीका—"यः कृष्णः परमपुमान् कलानियमेन रामादिमूर्त्तिषु तिष्ठन् भुवनेषु नाना अवतारं अकरोत् किन्तु यः परमः पुमान् कृष्णः स्वयं समभवत् अवततार, तं आदि पुरुषं गोविन्दमहं भजामि।"

वह गोविन्द कदाचित् भूमण्डल में निजांश के साथ स्वयं अवतीर्ण होते हैं, रामादि मूर्त्ति के द्वारा अवतीर्ण होते हैं। जो कृष्ण नामक परमपुरुष कलानियम से उन उन अवतारों में तत्कालोपयोगी शक्ति प्रकट कर रामादि मूर्त्ति के द्वारा भुवन में अनेक कार्य्य करते हैं, किन्तु जो स्वयं ही कृष्ण रूप में अवतीर्ण होते हैं। लीलाविशेष में स्थित उन श्रीगोविन्द का मैं भजन करता हूँ। भा० दशमस्कन्ध में देवगणोंने कहा भी है—

मत्स्य, अश्व, कच्छप, वराह, नृसिंह, हंस, राजन्य, विप्र, विबुध रूप धारण कर आप अवतीर्ण हुए थे। हे ईश! हे यदूत्तम! आप रक्षक हैं, त्रिभुवन की रक्षा जिस प्रकार से आप करते आ रहे हैं,

स्वयं भगवता श्रीकृष्णेनेत्यर्थः। अंशैः श्रीकृष्णांशभूतैस्तत्तत्पार्षदैः श्रीदाम-सुदाम-श्रीमदुद्धव-सात्यक्यादिभिः सह। इत्थमेव प्राचुर्य्येणोक्तम् (भा० १०।१।६२-६३)—

"नन्दाद्या ये व्रजे गोपा याश्चामीषाञ्च योषितः।
वृष्णयो वसुदेवाद्या देवक्याद्या यदुस्त्रियः॥७८॥
सर्वे वै देवताप्राया उभयोरपि भारत।
ज्ञातयो बन्धुसुहृदो ये च कंसमनुव्रताः॥"७९॥ इति।

तस्यादिपुरुषत्वमेव व्यनक्ति—स इति, सर्वान्तर्यामित्वात्। पुरुषस्तावदीश्वरः, तस्याप्यंशित्वात् स आदिपुरुषः श्रीकृष्णः पुनरीश्वरेश्वरः, 'त्र्यधीश'-शब्दवत्। तथा च दशमस्य पञ्चाशीतितमे एव श्रीमदानकदुन्दुभिनोक्तम् (भा० १०।८५।१८)—"युवां न नः सुतौ साक्षात् प्रधानपुरुषेश्वरौ" इति। स्वकालशक्त्या, स्वशक्त्या कालशक्त्या च; ईश्वरेश्वरत्वे

सर्वसम्वादिनी

प्रवर्त्तनात्। अतस्ततोऽपि प्रौढ़याधिक्यात् कृष्णनाम्नि तु तथार्थवादत्वं दूरोत्सारितमेवेति।

अधुना उस प्रकार से ही भुवन का भारापनोदन आप करें, आपको नमस्कार।

पृथिवी का सन्ताप ब्रह्मादि के द्वारा निवेदित होने के पहले ही आदि पुरुष श्रीकृष्ण उसको जान गये थे। श्लोकोक्त 'अंशैः' अंश के सहित पद का अर्थ—श्रीकृष्ण के अंशस्वरूप पार्षदवर्ग, श्रीदाम सुदाम श्रीमदुद्धव सात्यकि प्रभृति के सहित अवतीर्ण होने का आदेश है। अर्थात् हे देववृन्द! आप सब यादवों के पुत्रपौत्रादि रूप में जन्म ग्रहण करें। यादवों के मध्य में अधिकांश ही देवता थे, उसका विवरण—भा० १०।१।६२-६३ में वर्णित है। श्रीशुकदेव ने कहा—"हे भरतवंशीय परीक्षित्! श्रीनन्द प्रभृति व्रजवासी गोपगण, उनके पत्नीवर्ग, वसुदेव प्रभृति वृष्णिवंशीय व्यक्तिवर्ग, देवकी प्रभृति यदुमहिला एवं नन्द-वसुदेव के समस्त ज्ञाति, सुहृद् बन्धु कंस के अनुगत थे, उनके अधिकांश ही देवता थे। यहाँ देवता शब्द का अर्थ—इन्द्रादि नहीं हैं, किन्तु, श्रीभगवान् के नित्य पार्षद हैं, एवं तन्मध्य में प्रकट लीला में सम्मिलित श्रीक्षीरोदशायी प्रभृति भगवत् स्वरूप एवं उन सबके परिकरवर्ग को जानना होगा।

प्रथमतः आराधना वाक्यसमूह के द्वारा ही श्रीकृष्ण रूप में नित्य स्थिति का प्रतिपादन सुचारु रूप से होता है। श्रीकृष्ण रूप में नित्य स्थिति का सन्देह रहने पर शास्त्र कदापि तदीय आराधना के निमित्त उपदेश प्रदान नहीं करते। आराध्य का अभाव होने पर यदि आराधना के निमित्त विधान प्रदत्त होता है तो, विप्रलिप्सा दोष उपस्थित होता है। 'भ्रम, प्रमाद, विप्रलिप्सा, करणापाटव दोष चतुष्टय पुरुषगत हैं। तदीय वाक्य में उसका सञ्चार होता है। अवस्तु में वस्तु बुद्धि भ्रम, यथा—शुक्ति में रजत बुद्धि। अनवधानता—प्रमाद, जिससे निकटस्थित वस्तु का बोधन नहीं होता है। वञ्चनेच्छा ही विप्रलिप्सा है, यथा ज्ञातार्थ का प्रकाश शिष्य के समीप में न करना। इन्द्रिय मान्द्य को करणापाटव कहते हैं। जिससे मनोभिनिवेश के द्वारा भी वस्तुज्ञान नहीं होता है।

शास्त्रपरमाप्त अर्थात् परम विश्वस्त है, उनमें विप्रलिप्सा दोष की सम्भावना नहीं है। शास्त्र में विप्रलिप्सा दोष को मान लेने पर पुरुषार्थ वस्तु का अभाव से शास्त्र में आनर्थक्य उपस्थित होगा। अज्ञात यथार्थ पुरुषार्थ वस्तु का निर्देश, एवं उसका प्राप्त्युपाय कीर्त्तन में शास्त्र की सार्थकता है। जो है ही नहीं, उसका प्राप्त्युपाय कीर्त्तन व्यर्थ ही है। मायावादियों का मत खण्डनपूर्वक श्रीकृष्ण रूप का

(भा० ११।३१।६) "धारणाध्यानमङ्गलम्" इत्यत्र धारणाया ध्यानस्य च मङ्गलं शोभनं

नित्यत्व प्रतिपादन करते हैं। उक्त मत में 'श्रीकृष्ण नामक परमार्थभूत कोई भी वस्तु नहीं है। सगुण उपासक के निमित्त ब्रह्म में उक्त रूप का आरोप हुआ है, यह सम्पूर्ण भ्रम है। कारण, आरोप, परिच्छिन्न गुणरूपविशिष्ट वस्तु में कल्पित होता है, किन्तु अनन्त गुणरूपविशिष्ट वस्तु में आरोप कल्पित होने की सम्भावना ही नहीं है। 'सिंहो मानवकः' स्थल में परिच्छिन्न आकृतिविशिष्ट मानवक में सिंहत्व का आरोप परिच्छिन्न दृष्टि सम्पन्न जन करते हैं। आकारहीन असीम मानवक होने से उसमें सिंहत्व का आरोप करना असम्भव होगा। उभय वस्तु का बोध जहाँ पर है, वहाँ सादृश्य की सम्भावना होती है। गुण कर्मादि की प्रतीति होने से उसके सादृश्य से एक का धर्म अन्यत्र आरोपित हो सकता है। जैसे 'सिंहो मानवकः' स्थल में सिंहवत् पराक्रमविशिष्ट बालक है, कहा जाता है। किन्तु वाणी एवं मन का अगोचर अद्वय निरवयव पदार्थ में अपर वस्तु का धर्म कैसे आरोप होगा? सादृश्य हेतु उभय पदार्थ की स्थिति आवश्यक है। सिंह एवं बालक की स्थिति होने से ही सिंहगत शौर्य्यवीर्य्य का आरोप मानवक में हुआ। प्रस्तुत स्थल में आरोप असम्भव है। कारण, ब्रह्म असीम एवं अवयव विहीन, सजातीय द्वितीय रहित हैं। किसका धर्म कहाँ आरोपित होगा, एवं आरोप कौन करेगा?

कल्पना को पुष्ट करने के निमित्त शास्त्र वचनों को एकत्र कर परतत्त्व निर्वचन करने पर वह सर्वजन समादृत नहीं होता, कारण मुग्धगण ही उस सिद्धान्त को मानते हैं। विवेचकवृन्द का मन उसमें प्रविष्ट नहीं होता है। अतएव उक्त सिद्धान्त में मतभेद होना अनिवार्य्य है। किन्तु वह यदि महदनुभव के द्वारा प्रमाणित होता है, तब वह सिद्धान्त सर्वथा आदरणीय होता है। तज्जन्य विद्वद् गोष्ठीवरिष्ठ श्रीधरस्वामिचरण प्रभृति महानुभाववृन्द के अनुभव प्रमाण के द्वारा प्रतिपादित श्रीकृष्ण रूप में नित्य स्थिति का प्रदर्शन करते हैं। भा० ११।३१।६ में वर्णित है—

"लोकाभिरामां स्वतनुं धारणाध्यानमङ्गलम्। योगधारणयाग्नेय्या दग्ध्वा धामाविशत् स्वकम्॥"

टीका—योगिनामिव स्वच्छन्दमृत्युभ्रमं वारयति—लोकाभिरामामिति। अयमर्थः—योगिनो हि स्वच्छन्दमृत्यवः स्वां तनुमाग्नेय्या योगधारणया दग्ध्वा लोकान्तरं प्रविशन्ति, भगवांस्तु न तथा किन्तु अदग्ध्वैव स्वतनुसहित एव स्वकं धाम वैकुण्ठाख्यमाविशत्। तत्र हेतुः—लोकाभिरामाम्, लोकानामभिरामोऽभितो रमणं स्थितिर्यस्यां ताम्। जगदाश्रयत्वेन जगतोऽपि दाहप्रसङ्गादित्यर्थः। किञ्च धारणाया ध्यानस्य च मङ्गलं शोभनं विषमम्, अन्यथा तयोर्निर्विषयत्वं स्यात्। दृश्यते चाद्यापि तदुपासकानां तथैव तद्रूपसाक्षात्कारः फलप्राप्तिश्चेति भावः। इच्छाशरीराभिप्रायेण वा यथा श्रुतमेवास्तु तत्रापि तु लोकाभिरामामित्यादीनां विशेषणानामानर्थक्य प्रसङ्गात् तदप्यदग्ध्वा तिरोधाय निर्गतः, इत्येव साम्प्रतम्।

श्रीशुक ने कहा—'आग्नेयी योगधारणा के द्वारा योगिगण निज देह को दग्ध करते हैं। किन्तु श्रीकृष्ण, लोकाभिराम धारणा—ध्यान का मङ्गलस्वरूप निज तनु को दग्ध न करके ही निज धाममें प्रविष्ट हुये थे।

उक्त श्लोकस्थ श्रीस्वामिपादकृत व्याख्या का तात्पर्य्य यह है—योगियों के समान श्रीकृष्ण की स्वच्छन्द मृत्यु का निवारण करते हैं। इसका अर्थ यह है कि- योगियों की मृत्यु स्वेच्छाधीन है। वे सब आग्नेयी योगधारणा द्वारा स्वीय तनु को दग्ध करके लोकान्तर गमन करते हैं। किन्तु श्रीभगवान् वैसा नहीं करते हैं। निज तनु को दग्ध न करके ही निज धाम में प्रविष्ट होते हैं। कारण यह है कि—लोकसमूह का अभिराम वह तनु है। अर्थात् सर्वतो भावेन उस तनु में सबकी स्थिति है। अतः वह तनु जगदाश्रय है। वह दग्ध होने से जगत् दग्ध होगा।

विषयम्, इतरथा तयोर्निर्विषयत्वम् । दृश्यते चाद्याप्युपासकानां साक्षात्कारस्तत्फलप्राप्तिश्चेति भावः । श्रूयते चैवं पञ्चमे नवसु वर्षेषु तत्तदवतारोपासनादि ; यथोक्तम् (भा० ५।१७।१४)—"नवस्वपि वर्षेषु भगवान्नारायणो महापुरुषः पुरुषाणां तदनुग्रहायात्मतत्त्वव्यूहेनात्मनाद्यापि सन्निधीयते" इति । सन्निधानञ्चेदं साक्षाद्रूपेणैव श्रीप्रद्युम्नादौ गतिविलासादेर्वर्णितत्वात् ।

श्रीकृष्ण रूप का अभाव होने से ध्यान धारणा का विषय कौन होगा ? श्रीकृष्ण रूप ही धारणा ध्यान मङ्गल है, अर्थात् परम सुन्दर है । यह रूप नित्य न होने से धारणा एवं ध्यान उभय ही निर्विशेष होगा । आज भी दृष्ट होता है—उपासकगण श्रीकृष्ण दर्शन करते हैं, एवं श्रीकृष्ण दर्शन का फल प्राप्त भी करते हैं । भगवत् साक्षात्कार का फल यह है—

"भिद्यते हृदयग्रन्थि श्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः । क्षीयन्ते चास्य कर्माणि दृष्ट एवात्मनीश्वरे ।।"

(भा० १।२।२१)

हृदय में ईश्वर साक्षात्कार होने से हृदय ग्रन्थि का भेदन, सर्वसंशय ग्रन्थि का छेदन, एवं निखिल कर्म का क्षय होता है । धारणा एवं ध्यान का एकमात्र अवलम्बनस्वरूप श्रीकृष्ण रूप है । उक्त रूप ही उपासक का प्रत्यक्षगोचर होता है, अतः धारणा एवं ध्यान का वह अतीव मनोरम विषय है, उक्त कथन का यह ही भावार्थ है ।

अर्थात् मानव मन स्वभावतः ही मनोहर रूपगुणविशिष्ट वस्तु में आकृष्ट होता है । उक्त मनोहर रूपगुणों की परमावधि श्रीकृष्ण में ही है । श्रीकृष्ण में, असाधारण धर्मरूप सर्वाकर्षण सामर्थ्य, सर्वाधिक विद्यमान है । उसकी प्रतीति, श्रीकृष्ण नाम की व्युत्पत्ति से ही होती है ।

"कृषिर्भूवाचकः शब्दो णश्च निर्वृतिवाचकः । तयोरैक्यं परं ब्रह्म कृष्ण इत्यभिधीयते ।।"

श्रीकृष्ण सर्वाकर्षक आनन्दसत्ता है, रूप एवं गुण के द्वारा श्रीकृष्ण अतुलनीय हैं, एवं स्वभाव भी सर्वाकर्षक है । वह आकर्षण भी आनन्द के द्वारा ही है । सुतरां श्रीकृष्ण में मानव चित्त सकृत् निबद्ध होने से वह चित्त कभी भी वियुक्त नहीं होता है । उससे तैलधारावत् अविच्छिन्न चित्त संयोग स्वतः ही निष्पन्न हीता है । अन्तर्बहिः साक्षात्कार रूप फल ही श्रीकृष्ण ध्यान का है । उससे अन्तर बाहर परमानन्द से आप्लुत होता है । अपर भगवत् स्वरूप में इस प्रकार सर्वाचित्ताकर्षक सामर्थ्य नहीं है । ब्रह्म परमात्म स्वरूप तो श्रीकृष्ण स्वरूप के निकट उल्लेखयोग्य ही नहीं है । वेण की मुक्ति न होने का कारण ही है, उक्त श्रीभगवत् स्वरूप में आवेशाभाव, तज्जन्य ही श्रीकृष्ण रूप को धारणा ध्यान का परम शोभन विषय कहा गया है ।

केवल श्रीकृष्ण स्वरूप में स्वयं भगवान् की नित्य स्थिति नहीं, अपितु निखिल श्रीभगवत्स्वरूप समूह की उन उन रूपों में नित्य स्थिति है । उपासकगण भी उन उन स्वरूप की उपासना करते हैं, एवं साक्षात्कार भी करते हैं । भा ५।१७।१४ में उसका वर्णन है—

"नवस्वपि वर्षेषु भगवान् नारायणो महापुरुषः पुरुषाणां
तदनुग्रहायात्मतत्त्वव्यूहेनात्मनाद्यापि सन्निधीयते ।"

टीका—"नवस्वपि वर्षेषु ये पुरुषास्तेषां तदनुग्रहाय स चासौ वक्ष्यमाणोऽनुग्रहश्च तदर्थम् आत्मतत्त्व व्यूहेन स्वमूर्त्तिसमूहेन सन्निधीयते सन्निहितो भवति ।"

नाभिकिंपुरुष, हरिवर्ष, इलावृत, रम्यक्, हिरण्मय, कुरु, भद्राश्व, केतुमाल नामानुसार जम्बुद्वीप को नवधा विभक्त अग्निध्र पुत्र नाभि ने किया था । यह नववर्ष में ही महापुरुष भगवान् नारायण उपासकों के प्रति अनुकम्पा करने के निमित्त आत्मतत्त्व व्यूह में साक्षात् निज मूर्त्ति के द्वारा उन सबके

अत्र चात्मना स्वयमेवेत्युक्तम् । तथा नित्यत्व एव शालग्रामशिलादिषु नरसिंहत्वादिभेदश्च सङ्गच्छते । तत्तदवतारसान्निध्यादेव हि तत्तद्भेदः । तथा श्रीकृष्णमधिकृत्यापि गीतं श्रीविष्णुधर्मोत्तरस्थ-श्रीकृष्णसहस्रनाम-प्रारम्भे—

"तस्य हृष्टाशयः स्तुत्या विष्णुर्गोपीगणावृतः । तापिञ्छश्यामलं रूपं पिञ्छोत्तंसमदर्शयत् ॥"१९८॥ इति;

अग्रे च तद्वाक्यम्—

"मामवेहि महाभाग कृष्णं कृत्यविदाम्बर ।
पुरस्कृतोऽस्मि त्वद्भक्त्या पूर्णाः स्युस्ते मनोरथाः ॥"१९९॥ इति ;

तथा पाद्मे निर्माणखण्डे–"पश्य त्वं दर्शयिष्यामि स्वरूपं वेदगोपितम्" इति श्रीभगवद्वाक्यान्तरं ब्रह्मवाक्यम्—

"ततोऽपश्यमहं भूप बालं कालाम्बुदप्रभम् । गोपकन्यावृतं गोपं हसन्तं गोपबालकैः ॥२००॥
कदम्बमूल आसीनं पीतवाससमद्भुतम् । वनं वृन्दावनं नाम नवपल्लवमण्डितम् ॥"२०१॥ इत्यादि;

त्रैलोक्यसम्मोहनतन्त्रे श्रीमदष्टादशाक्षरजप-प्रसङ्गे—

"अहर्निशं जपेद्यस्तु मन्त्री नियतमानसः । स पश्यति न सन्देहो गोपरूपधरं हरिम् ॥"२०२॥ इति;

सन्निकटवर्त्ती होते हैं ।

यह सन्निधान—साक्षात् रूप से होता है, प्रतिमादि रूप से नहीं । कारण, उक्त वर्षसमूह में विराजमान श्रीप्रद्युम्न प्रभृति के जो गति विलासादि वर्णित हैं, उसका वर्णन साक्षात् रूप से ही सम्भव है, प्रतिमा रूप से नहीं । उक्त वर्णन में 'आत्मना' पद का प्रयोग है । उससे बोध होता है, आप स्वयं हि सन्निहित होते हैं ।

श्रीभगवदाविर्भावसमूह का नित्यत्व मान लेने पर ही शालग्राम शिला में श्रीनरसिंहत्व प्रभृति भेद की सङ्गति सम्भव है । श्रीनरसिंह प्रभृति विभिन्न अवतारों का सान्निध्य निबन्धन शालग्राम शिला का नारसिंहादि भेद होता है । अर्थात् जिसमें श्रीनरसिंह देव का सन्निधान है, उनका नाम नरसिंह चक्र है । जहाँ श्रीमधुसूदन का सन्निधान है, उन्हें मधुसूदन कहते हैं । उस प्रकार भगवदाविर्भावसमूह का नित्यत्व प्रतिपादन मूलक वर्णन श्रीविष्णुधर्मोत्तरस्थ श्रीकृष्णसहस्रनाम वर्णनारम्भ में है—"उनकी स्तुति से आनन्दित होकर गोपाङ्गनावृत विष्णु, शिखिपिच्छ चूड़ालङ्कृत तमालश्यामल रूप का सम्यक् दर्शन कराये थे ।"

इस श्लोक के अग्रभाग में श्रीकृष्ण की उक्ति इस प्रकार है—हे महाभाग ! हे श्रेष्ठ कर्त्तव्यवित् ! मैं ही कृष्ण हूँ, मुझको उत्तम रूप से जानो, मैं तुम्हारी भक्ति से सन्तुष्ट होकर उपस्थित हुआ हूँ । तुम्हारे मनोरथ समूह पूर्ण होवें ।"

उस प्रकार वर्णना ही पद्मपुराण के निर्माणखण्ड में है—"देखो, मैं तुम्हें वेदगोप्य स्वरूप को दर्शाता हूँ ।"

इस प्रकार भगवद्वाक्य के अनन्तर ब्रह्मवाक्य यह है—"हे भूप ! तत्पश्चात् मैंने कालाम्बुदप्रभ बालक को देखा, आप पीताम्बर शोभित, गोपवेश, कदम्ब मूल में उपविष्ट, गोपकन्यावृत एवं गोप बालकवृन्द के सहित विनोदहास्य परायण थे । और नवपल्लवमण्डित वृन्दावन नामक वन को भी देखा ।" इत्यादि ।

त्रैलोक्यसम्मोहन तन्त्रस्थ श्रीमदष्टादशाक्षर मन्त्र प्रसङ्ग में उक्त है—"जो व्यक्ति संयत चित्त से

गौतमीये च सदाचारप्रसङ्गे—

"अहर्निशं जपेन्मन्त्रं मन्त्री नियतमानसः। स पश्यति न सन्देहो गोपवेशधरं हरिम् ॥"२०३॥ इति ;

श्रीगोपालतापनीश्रुतिश्चैवम् (पू० २९)—"तदु होवाच ब्राह्मणोऽसावनवरतं मे ध्यातः स्तुतः परार्द्धान्ते सोऽबुध्यत गोपवेशो मे पुरस्तादाविर्बभूव" इति सिद्धनिर्द्देशोऽपि श्रूयते, यथा— "वन्दे वृन्दावनासीनमिन्दिरानन्दमन्दिरम्" इति वृहन्नारदीयारम्भे मङ्गलाचरणम् ।

"गृहे संतिष्ठते यस्य माहात्म्यं दैत्यनायक। द्वारकायाः समुद्भूतं सान्निध्यं केशवस्य च।
रुक्मिणीसहितः कृष्णो नित्यं निवसते गृहे ॥"२०४॥

इति स्कान्दद्वारकामाहात्म्ये बलिं प्रति श्रीप्रह्लाद-वाक्यम् ।

"व्रतिनः कार्त्तिके मासि स्नातस्य विधिवन्मम। गृहाणार्घ्यं मया दत्तं राधया सहितो हरे ॥२०५॥

इति पाद्मकार्त्तिक-माहात्म्ये तत्प्रातःस्नानार्घ्यमन्त्रः। एवञ्च श्रीमदष्टादशाक्षरादयो मन्त्रास्तत्तत्परिकरादिविशिष्टतयैवाराध्यत्वेन सिद्धनिर्द्देशमेव कुर्वन्ति। तदावरणादिपूजा-

अहर्निश मन्त्र जप करता है, वह गोपवेशधर हरि का दर्शन करता है। इसमें कोई सन्देह नहीं है।"

गौतमीयतन्त्र के सदाचार प्रसङ्ग में उक्त है—"इस मन्त्र में दीक्षित व्यक्ति संयत चित्त से मन्त्र का जप अहर्निश करे। इस रीति से जप करने पर वह गोपवेशधारी हरि का दर्शन लाभ करेगा, इसमें संशय नहीं है।"

श्रीगोपालतापनी श्रुति में लिखित है—सनकादि मुनिगण, पञ्च पदात्मक षट्पदी श्रीमदष्टादशाक्षर मन्त्र के स्वरूप सम्बन्ध में जिज्ञासा करने पर, उत्तर में श्रीब्रह्मा कहे थे—पुत्रगण! मैं पुराकाल में परार्द्धकाल पर्य्यन्त ध्यान एवं स्तवपरायण होने से श्रीगोपाल मेरे प्रति मनोनिवेश किए थे। अनन्तर परार्द्धान्त में गोपवेशधर पुरुष मेरे सम्मुख में आविर्भूत हुए थे।

उक्त वचनसमूह के द्वारा प्रतिपादित हुआ कि—साधन का फलस्वरूप श्रीकृष्ण का आविर्भाव होता है। अनन्तर सिद्ध निर्देश द्वारा श्रीकृष्ण की नित्य स्थिति का प्रतिपादन शास्त्रीय वचनों से करता हूँ। वृहन्नारदीयपुराण के मङ्गलाचरण में वर्णित है—"वन्दे वृन्दावनासीनमिन्दिरानन्दमन्दिरम्" वृन्दावनस्थित इन्दिरा का आनन्दमन्दिर श्रीकृष्ण की वन्दना मैं करता हूँ।

साधन के द्वारा आविर्भूत स्वरूप का प्रतिपादन के अनन्तर सिद्ध निर्देश करने का प्रयोजन यह है कि—सिद्ध निर्देश न करने से मायावादिगण, श्रीकृष्णस्वरूप का अनित्यत्व प्रतिपादन करने का सुयोग प्राप्त करेंगे। उनके मत में एक निर्विशेष तुरीय ब्रह्म ही सगुण उपासक के निमित्त सत्त्वगुणोपहित होकर रामकृष्णादि रूप में आविर्भूत होते हैं। उस प्रकार आविर्भाव सर्वत्र सर्वदा सम्भव है। किन्तु श्रीकृष्ण रूप की नित्यसिद्ध स्थिति प्रमाणित होने से श्रीकृष्ण को निर्गुण ब्रह्म का गुणोपहित स्वरूप कहना असम्भव होगा। अतः सिद्ध निर्देश को दर्शाना परम आवश्यक है।

स्कन्दपुराणस्थ द्वारका माहात्म्य में बलि के प्रति श्रीप्रह्लाद का वाक्य यह है—"हे दैत्य नायक! द्वारका में श्रीकेशव का नित्य सान्निध्य रहता है। श्रीरुक्मिणी के सहित श्रीकृष्ण द्वारका भवन में नित्य विराजित हैं।"

पद्मपुराणीय कार्त्तिक माहात्म्य में उक्त है—"हे हरे! मैं नियमपूर्वक यथाविधि स्नानाचरण कर रहा हूँ। राधा के सहित हे हरे! आप मेरे द्वारा प्रदत्त अर्घ्य ग्रहण करें।" यह प्रातःकालीन स्नानार्घ्य मन्त्र है।

मन्त्रश्च। किं बहुना, कर्मविपाकप्रायश्चित्तशास्त्रेऽपि तथा श्रूयते। यदाह बौधायनः—
"होमस्तु पूर्ववत् कार्य्यो गोविन्दप्रीतये ततः" इत्याद्यनन्तरम्—

"गोविन्द गोपीजनवल्लभेश, कंसासुरघ्न त्रिदशेन्द्रवन्द्य।
गोदानतृप्तः कुरु मे दयालो, अर्शोविनाशं क्षपितारिवर्ग॥"२०६॥ इति;

अन्यत्र च यथा—

"गोविन्द गोपीजनवल्लभेश, विध्वस्तकंस त्रिदशेन्द्रवन्द्य।
गोवर्द्धनाद्रिप्रवरैकहस्त,-संरक्षिताशेषगवप्रवीण।
गोनेत्र-वेणुक्षपण प्रभूत,-मान्ध्यं तथोग्रं तिमिरं क्षिपाशु॥"२०७॥ इति;

स्पष्टश्च तथात्वं श्रीगोपालतापन्याम् (पू० ३७)—"गोविन्दं सच्चिदानन्दविग्रहं वृन्दावन-सुरभूरुहतलासीनं सततं समरुद्गणोऽहं तोषयामि" इति। अतएव "पुरस्कृतोऽस्मि त्वद्भक्तया" इत्येवोक्तमिति। अलञ्चैवंविधप्रमाणसंग्रहप्रपञ्चेन। यतश्चिच्छक्त्येक-व्यञ्जितानां तत्परिच्छदादीनामपि तथा नित्यावस्थितित्वेनाविर्भाव-तिरोभावावेव द्वितीयसन्दर्भे साधितौ स्तः। सर्वथोत्पत्तिनाशौ तु निषिद्धौ। ततस्तदवताराणाम्, किमुत स्वयंभगवतो वा तस्य

इस प्रकार श्रीमद् अष्टादशाक्षरादि मन्त्रसमूह, उन उन मन्त्र का ध्यान निर्दिष्ट परिकरगण के सहित आराध्य रूप में श्रीकृष्ण का सिद्ध निर्देश करते हैं, एवं तदीय आवरण देवगण के पूजनमन्त्र का भी निर्देश करते हैं। श्रीकृष्णोपासना शास्त्र में इस प्रकार बहुल प्रयोग हैं। विशेषतः कर्मविपाक प्रायश्चित्त शास्त्र में भी श्रीकृष्ण रूप में नित्य स्थिति का विवरण है,—कारण बौधायन की उक्ति से स्पष्टीकरण हुआ है। "अनन्तर श्रीगोविन्द के प्रीतिनिमित्त पूर्ववत् होमानुष्ठान करना कर्त्तव्य है। इसके बाद—हे गोविन्द! हे गोपीजन वल्लभ! हे ईश! कंसासुरघ्न! हे त्रिदशेन्द्रवन्द्य! हे दयालो! आप गोदानरूप कर्म के द्वारा सुतृप्त हो जाओ, आप अरिवर्ग विनाशकारी हो, अतः आप मेरा अर्शरोग को विनष्ट करें।

उक्त स्मृति के अन्य प्रकरण में भी लिखित है—"हे गोविन्द! हे गोपीजनवल्लभ! हे ईश! हे विध्वस्तकंस! त्रिदशेन्द्रवन्द्य! हे गोवर्द्धनाद्रिप्रवरैकहस्त! हे संरक्षिताशेषगव प्रवीण! हे गोनेत्र वेणुक्षपण! प्रभूत अन्धता एवं उग्र तिमिर रोग को सत्वर विनष्ट करो।"

गोपालतापनी में उक्त विवरण का सुस्पष्ट उल्लेख है, ब्रह्मा कहते हैं—"सच्चिदानन्द विग्रह श्रीगोविन्द, श्रीवृन्दावनस्थ कल्पतरु के मूलदेश में सतत विराजित हैं। श्रीगोविन्द, पञ्चपदात्मक श्रीमदष्टादशाक्षर मन्त्रमय हैं। मैं मरुद्गणों के सहित उत्कृष्ट स्तुति के द्वारा उनको सन्तुष्ट करता हूँ।
(पूर्व ता० ३७)

उक्त रूप उपासना निबन्धन श्रीविष्णुधर्मोत्तर में ब्रह्मा के प्रति श्रीकृष्ण के वाक्य इस प्रकार है—मैं तुम्हारी भक्ति से सन्तुष्ट होकर सम्मुख में अवस्थित हूँ।" इस प्रकार प्रमाणसमूह का संग्रह करना निष्प्रयोजन है। कारण—केवल चिच्छक्ति के द्वारा उनके परिच्छद प्रभृतिओं की भी श्रीभगवत् विग्रह के समान नित्य स्थिति है। तज्जन्य परिच्छद प्रभृतिओं के आविर्भाव-तिरोभाव होते रहते हैं। वे सब भी सर्वथा उत्पत्ति-विनाशरहित हैं। इसका प्रदर्शन भगवत् सन्दर्भ नामक द्वितीय सन्दर्भ में हुआ है। सुतरां श्रीभगवदवतार समूह की नित्य स्थिति प्रसिद्ध ही है। अतः स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण की नित्य स्थिति के सम्बन्ध में किसी प्रकार संशय नहीं हो सकता है।

किमुततरामिति। तथा च व्याख्यातम् (भा० १।३।१) "जगृहे पौरुषं रूपम्" इत्यत्र तत्त्ववादिगुरुभिः—"व्यक्त्यपेक्षया" जगृहे। तथाहि तन्त्रभागवते—

"अहेयमनुपादेयं यद्रूपं नित्यमव्ययम्। स एवापेक्ष्यरूपाणां व्यक्तिमेव जनार्दनः।
अगृह्णाद्व्यसृजच्चेति कृष्ण-रामादिकां तनुम् ॥२०८॥
पठ्यते भगवानीशो मूढ़बुद्धि-व्यपेक्षया। तमसा ह्युपगूढस्य यत्तमःपानमीशितुः ॥२०९॥
एतत् पुरुषरूपस्य ग्रहणं समुदीर्य्यते। कृष्णरामादिरूपाणां लोके व्यक्तिव्यपेक्षया ॥"२१०॥ इति।

एवमेव प्रथमस्य द्वादशाध्याये (भा० १।१२।११) "विधूय" इत्यादि-पद्ये स्वामिभिरपि व्याख्यातम्—"यत्र दृष्टस्तत्रैवान्तर्हितः, न त्वन्यत्र गतः; यतो विभुः सर्वगतः" इति। तथा

प्रश्न हो सकता है कि—यदि श्रीकृष्ण की नित्य स्थिति सुनिश्चित है, तब जन्मलीलादि का विस्तार करने का प्रयोजन ही क्या है? तत्त्ववाद गुरु श्रीमन्मध्वाचार्य्य चरण उक्त प्रश्न का उत्तर स्वयं दिये हैं। भा० १।३।१ "जगृहे पौरुषं रूपं" इसकी व्याख्या में आपने कहा है—'व्यक्त्यपेक्षया जगृह इति' लोक में अभिव्यक्ति की अपेक्षा से ही रूप ग्रहण की कथा कही गई है। उक्त कथन के पश्चात् श्रीआचार्य्य मध्वमुनि ने तन्त्र भागवत का उद्धरण प्रस्तुत भी किया है। तथाहि तन्त्रभागवते—"अहेयमनुपादेयं यद् रूपं नित्यमव्ययम्। तदेवाक्षयरूपाणां व्यक्तिमेव जनार्दनः। अगृह्णाद् व्यसृजच्चेति कृष्णरामादिकां तनुम्। पठ्यते भगवानीशो मूढ़बुद्धि-व्यपेक्षया। तमसा ह्युपगूढस्य यत्तमःपानमीशितुः। एतत् पुरुषरूपस्य ग्रहणं समुदीर्य्यते। कृष्णरामादिरूपाणां लोकव्यक्तिव्यपेक्षया" इति।

जो रूप अहेय है, अनुपादेय है, जो नित्य एवं अव्यय है, वह ही समस्त रूप का अपेक्ष्य अर्थात् आश्रय है। अपेक्ष्य रूप समूह की अभिव्यक्ति ही वह जनार्दन हैं। भगवान् ईश्वर, रामकृष्ण प्रभृति तनुग्रहण एवं विसर्जन करते हैं। शास्त्र में वर्णित है—वह वर्णन केवल मूढ़ व्यक्तियों के सम्बन्ध में हुआ है। तमो द्वारा गुप्त अर्थात् स्वीय चिच्छक्तिरूपा योगमाया का आवरण प्रभाव से गुप्त रूप में स्थित भगवान् की जब जिस आवरणोन्मोचन करने की इच्छा होती है, तब उनके श्रीरामकृष्णादि रूप लोकों के समक्ष में प्रकटित होते हैं। रूप का इस प्राकट्य को 'ग्रहण' शब्द से कहते हैं। वह ग्रहण, लोक लोचन के अन्तराल में स्थित रूप का भुवन में प्रकाश मात्र ही है, किन्तु सृष्टि नहीं है।

अत्र श्रीजीवगोस्वामीचरण—"जगृहे—प्राकृतलये स्वस्मिन् लीनं सत् प्रकटतया स्वीकृतवान्" इति। श्रीविश्वनाथचक्रवर्त्ती—"महदादिभिर्लोक सिसृक्षया सम्भूतं रूपं जगृहे इत्यन्वयः" अर्थात् सम्यग्भूतं परमसत्यं पूर्वमपि सदैव स्वरूपेण स्थितमेव रूपं जगृहे,—लोकसृष्ट्यर्थमुपादत्त। ग्रहणस्य विद्यमानवस्तु-विषयत्वात्। घटस्याविद्यमानत्वे घटं जग्राहेति प्रयोगादर्शनाच्च। राजा सेनान्यं दिग्विजिगीषया स्वसङ्गे जग्राहेतिवत्" इत्यादि। यत्र हातुमुपादातुं य शक्यं तदेवहि शरीरं नित्यमित्युच्यते। नित्यरूपश्च भगवान्। तस्माद् रूपाणां व्यक्तिमेवापेक्ष्य तथा पठ्यते भगवान्।

सर्वव्यापक वस्तु की उत्पत्ति एवं विनाश असम्भव है, अतः श्रीकृष्ण रूप की विभुता हेतु श्रीकृष्ण रूप में नित्य स्थिति सुस्पष्ट है। भा० १।१२।११ में उक्त है—

"विधूय तदमेयात्मा भगवान् धर्मगुब्विभुः। मिषतो दशमासस्य तत्रैवान्तर्दधे हरिः ॥"

उत्तरा के गर्भ में ब्रह्मास्त्र तेजः से परीक्षित् की रक्षा हेतु श्रीकृष्ण आविर्भूत होकर भक्तवात्सल्यरूप धर्म का रक्षक एवं सर्वगत भगवान् हरि द्रष्टा परीक्षित् के समक्ष में ही अन्तर्हित हो गये। टीका में स्वामिपाद ने लिखा है—'यत्र दृष्टस्तत्रैवान्तर्हितः, नत्वन्यत्र गतः, यतो विभुः सर्वगतः' इति। परीक्षित् के द्वारा जहाँ पर दृष्ट हुये थे, वहाँ पर ही अन्तर्हित हो गये। अन्यत्र जाकर अन्तर्हित हुये, ऐसा नहीं।

माध्वभाष्यप्रमाणिता श्रुतिश्च—"वासुदेवः सङ्कर्षणः प्रद्युम्नोऽनिरुद्धोऽहं मत्स्यः कूर्मो वराहो नरसिंहो वामनो रामो रामो रामः कृष्णो बुद्धः कल्किरहं शतधाहं सहस्रधाहममितोऽहमनन्तोऽहम्, नैवैते जायन्ते, नैते म्रियन्ते नैषामज्ञानबन्धो न मुक्तिः, सर्व एव ह्येते पूर्णा अजरा अमृताः परमाः परमानन्दाः" इति चतुर्वेदशिखायाम्। तथा च नृसिंहपुराणे—"युगे युगे विष्णुरनादिमूर्त्ति,-मास्थाय विश्वं परिपाति दुष्टहा" इति। तथा च नृसिंहतापन्यां तद्भाष्यकृद्भिर्व्याख्यातम्—"एतदेव नृसिंहविग्रहं नित्यम्" इति। श्रुतिश्च सेयम्—"ऋतं सत्यं परं ब्रह्म पुरुषं नृकेशरिविग्रहम्" इति। एवञ्च ब्राह्मपाद्मोत्तरखण्डादावपि श्रीमत्स्यदेवादीनां पृथक् पृथक् वैकुण्ठलोकाः श्रूयन्ते। "एवमेव जलेषु मां रक्षतु मत्स्यमूर्त्तिः" इति नारायणवर्माद्युक्तमपि सङ्गच्छते। तस्मात् स्वयं भगवति श्रीकृष्णेऽप्यन्यथासम्भावनमनादिपापविक्षेप एव हेतुः। तदेवमभिप्रेत्य तान् दुर्बुद्धीनपि बोधयितुं तस्य स्वोपास्यत्वं प्रतिपादयन्नाह (भा० २।४।२०)—

(८३) "पतिर्गतिश्चान्धकवृष्णिसात्वतां, प्रसीदतां मे भगवान् सतां पतिः" इति।

कारण, आप विभु हैं, अर्थात् सर्वगत हैं। विभु वस्तु का अन्यत्र गमनागमन असम्भव है। सुतरां आविर्भाव हेतु स्थानान्तर से उनको आना नहीं पड़ता है, एवं तिरोधान के निमित्त भी उनको अन्यत्र जाना नहीं पड़ता है।

निखिल भगवत् स्वरूपों का नित्यत्व के सम्बन्ध में माध्वभाष्य प्रमाणित श्रुति इस प्रकार है—मैं वासुदेव, सङ्कर्षण, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध हूँ। मत्स्य, कूर्म, वराह, वामन, नरसिंह, परशुराम, राम, बलराम, कृष्ण, बुद्ध, कल्कि, प्रभृति शतसहस्र रूप में मैं आविर्भूत होता हूँ। उक्त रूपसमूह की वृद्धि, उत्पत्ति, मृत्यु नहीं है। अज्ञानबन्ध नहीं है, मुक्ति भी नहीं है। समस्त रूप-पूर्ण-अजर, अमृत, परमानन्दस्वरूप हैं। यह श्रुति—चतुर्वेश शिखा की है।

उस प्रकार श्रीनृसिंह तापनी में उक्त है—'दुष्टहा विष्णु, युग युग में अनादि मूर्त्ति प्रकट कर विश्व पालन करते हैं।' नृसिंहतापनी में भाष्यकार की व्याख्या भी उक्तानुरूप ही है—"एतदेव नृसिंहविग्रहं नित्यम्" नृसिंह विग्रह, ऋत, सत्य है, सत्य—समदर्शी, पर—सर्वोत्तम, ब्रह्म—विभु, पुरुष—पुरुषरत्न हैं।

ब्रह्मपुराण एवं पाद्मोत्तर खण्ड प्रभृति में श्रीमत्स्यदेव प्रभृति के पृथक् पृथक् धामों का वर्णन है। उक्त वर्णन की रीति से ही श्रीभागवतस्थ नारायण कवच की उक्ति सार्थक होती है। 'जलेषु मां रक्षतु मत्स्यमूर्त्तिः' मत्स्यादि मूर्त्ति की नित्यता स्वीकृत होने से ही 'जल के मध्य में मत्स्यमूर्त्ति भगवान् मेरी रक्षा करें' उक्ति की सङ्गति होती है। यदि मत्स्यदेव नित्य रूप में अवस्थित नहीं होते हैं, तब आप कैसे रक्षा करेंगे ?

जब निखिल भगवत् स्वरूप का ही नित्यत्व है, तब स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण का नित्यत्व के सम्बन्ध में कोई सन्देह नहीं हो सकता है। श्रीकृष्ण ही सर्वमूल हैं, उनकी सत्ता में ही सबकी सत्ता है। उक्त श्रीकृष्ण रूप के सम्बन्ध में अनित्यत्व बुद्धि किसी को हो-तो उसे अनादि पाप हेतुक ही जाननी होगी। दुर्बुद्धि परायण जनगणों की पापीयसी बुद्धि को जानकर ही श्रीकृष्ण को निजोपास्य रूप में स्थापन करने के निमित्त श्रीशुकदेव ने कहा है, भा० २।४।२०—

स्पष्टम् ॥ श्रीशुकः ॥

६४। तथा (भा० १०।२६।२५) "देवे वर्षति यज्ञविप्लवरुषा" इत्यादौ "प्रीयान्न इन्द्रो गवाम्" इति। स्पष्टम् ॥ सः ॥

६५। तथा (भा० १२।११।२५)—

"श्रीकृष्ण कृष्णसख वृष्ण्यृषभावनिध्रुग्,-राजन्यवंशदहनानपवर्गवीर्य्य।
गोविन्द गोपवनिताव्रजभृत्यगीत,-तीर्थश्रवः श्रवणमङ्गल पाहि भृत्यान् ॥"२११॥

"श्रियः पतिर्यज्ञपतिः प्रजापतिर्धियां पतिर्लोकपतिर्धरापतिः।
पतिर्गतिश्चान्धकवृष्णिसात्वतां प्रसीदतां मे भगवान् सतांपतिः ॥"

टीका—सर्वपालकत्वमनुस्मरन्नाह—श्रिय इति। गतिश्च सर्वापत्सु रक्षकः।

"अन्धक-वृष्णि-सात्वतगणों का पति, सद्गणों का पति श्रीभगवान् मेरे प्रति प्रसन्न होवे।" प्रवक्ता श्रीशुक हैं ॥६३॥

उक्त सिद्धान्त के अनुरूप भा० १०।२६।२५ श्लोक है—

"देवे वर्षति यज्ञ विप्लवरुषा वज्राश्मपर्षानिलैः
सीदत्पालपशुस्त्रि आत्मशरणं दृष्ट्वानुकम्प्युत्स्मयन्।
उत्पाट्यैककरेण शैलमबलोलीलोच्छिलीन्ध्रं यथा
विभ्रद्गोष्ठमपान्महेन्द्रमदभित् प्रीयान्न इन्द्रो गवाम् ॥"

टीका—"गोवर्द्धनोद्धरणं सपरिकरमनुस्मरन् प्रकटितैश्वर्य्यस्य श्रीकृष्णस्य प्रीतिं प्रार्थयन्ते देव इति। यज्ञविलपवेन या रुट् तया देवे इन्द्रे वर्षति सति वज्राश्मपर्षानिलै रशनिजलशर्करातीव्रवायुभिः सीदत्पाल-पशुस्त्रि आत्मशरणं—सीदन्तः पालाः पशवः स्त्रियश्च यस्मिंस्तत् तथा। आत्मा स्वयमेव शरणं यस्य तद्गोष्ठं दृष्ट्वा अनुकम्पी उत्स्मयन् हसन् प्रौढ़िमाविष्कुर्वन् शैलमुत्पाट्य अबलो बालो लीलार्थमुच्छिलीन्ध्रं यथा तथैकेन करेण विभ्रत् दधत् गोष्ठमपात् पालितवान् एवं महेन्द्रमदभित्। गवामिन्द्र इत्युत्तराध्यायार्थकं स्मरति। स एवम्भूतः श्रीकृष्णो नः प्रीयात् प्रीयतामिति।"

"इन्द्रयागानुष्ठान से व्रजवासिगण निवृत्त होने पर इन्द्र कुपित होकर प्रचण्ड वारिवर्षण प्रभृति के द्वारा व्रज में विलपव उपस्थित कर व्रजवासिजनगण को उत्पीड़ित करने से श्रीकृष्ण, व्रजवासिजनगण की रक्षा के निमित्त हँस हँस कर अनायास गोवर्द्धन गिरि को उठाकर हाथ में धारण किये थे।" उस लीला की वर्णना कर श्रीशुकदेव प्रार्थना कर रहे हैं—गोगण के इन्द्र—"गोविन्द, हम सबके प्रति प्रसन्न होवें।" इसमें सुस्पष्ट रूप से श्रीकृष्ण रूप में सपरिकर स्थिति की वर्णना है। प्रवक्ता श्रीशुक हैं ॥६४॥

उस प्रकार ही वर्णन भा० १२।११।२५ में है—

"श्रीकृष्ण कृष्णसख वृष्ण्यृषभावनिध्रुग्, राजन्यवंशदहनानपवर्गवीर्य्य।
गोविन्द गोपवनिताव्रजभृत्यगीत,-तीर्थश्रवः श्रवणमङ्गल पाहि भृत्यान् ॥"

टीका—"यस्येदमुपासनमुक्तं तं श्रीकृष्णं प्रार्थयते—कृष्णसख—अर्जुनस्य सख। वृष्णिश्रेष्ठ। अवनिद्रुहो ये राजन्यास्तेषां वंशस्य दहन! अनपवर्गमीक्षणं वीर्य्यं यस्य। गोपवनितानां व्रजाः समूहाः भृत्या नारदादय स्तैर्गीतं तीर्थभूतं श्रवः कीर्त्तिर्यस्य। श्रवणमेव मङ्गलं यस्य।"

हे कृष्ण! हे अर्जुनसख! हे वृष्णि श्रेष्ठ! हे पृथिवी के विघ्नकारि राजन्य वंश विनाशक! हे अक्षीणवीर्य्य! हे गोविन्द! गोपवनितासमूह, एवं नारदादि ऋषिगण आपका पवित्र यशोगान करते हैं।

स्पष्टम् । श्रीसूतः ॥

९६ । अपि च स्वयमेव स्वविग्रहमेव लक्ष्योकृत्याह (भा० १०।३।३७-३८)—

"तदा वां परितुष्टोऽहममुना वपुषानघे ।
तपसा श्रद्धया नित्यं भक्तया च हृदि भावितः ॥२१२॥
प्रादुरासं वरदराड़्युवयोः कामदित्सया ।
व्रियतां वर इत्युक्ते माहशो वां वृतः सुतः ॥"२१३॥

इत्युपक्रम्य (भा० १०।३।४१-४३)—

(९६) "अदृष्ठान्यतमं लोके शीलौदार्य्यगुणैः समम् ।
अहं सुतो वामभवं पृश्निगर्भ इति श्रुतः ॥२१४॥
तयोर्वां पुनरेवाहमदित्यामास कश्यपात् ।
उपेन्द्र इति विख्यातो वामनत्वाच्च वामनः ॥२१५॥
तृतीयेऽस्मिन् भवेऽहं वै तेनैव वपुषाथ वाम् ।
जातो भूयस्तयोरेव सत्यं मे व्याहृतं सति ॥"२१६॥ इति ।

अमुना श्रीकृष्णस्य मम प्रादुर्भावसमयेऽत्र प्रकाशमानेनैतेन श्रीकृष्णाख्येनैव । तृतीय इति तेनैव पूर्वं वरार्थं प्रादुर्भावितेनैव । अतएव पृश्निगर्भादित्वेनैव वपुषेत्यनुक्तत्वात्, न तु

आपका नाम श्रवण से भी मङ्गल होता है । निज भृत्यवर्ग की रक्षा आप करें ।"

श्रीशुकदेव की इस प्रकार प्रार्थना के समय, श्रीकृष्णलीला अप्रकट थी, उस समय भी अन्धकादि के पति रूपमें श्रीकृष्ण विद्यमान न होने से श्रीशुकदेव उन शब्दों से प्रार्थना नहीं करते । ऋषि त्रिकालदर्शी हैं । उनमें भ्रमादि दोष की आशङ्का नहीं है । श्रीकृष्ण लीला वर्णन में रत होकर प्रेमनेत्र से श्रीकृष्ण के लीलामय स्वरूप का निरीक्षण करके ही उन्होंने उस प्रकार प्रार्थना की है । प्रवक्ता श्रीसूत हैं ॥९५॥

अधिकन्तु श्रीकृष्ण, स्वयं ही निज विग्रह को लक्ष्य करके (भा० १०।३।३७-३८) में श्रीवसुदेव देवकी के प्रति कहे थे,—उस समय मैं तुम दोनों की तपस्या से सन्तुष्ट हो गया था । हे अनघे ! तपस्या, श्रद्धा एवं भक्ति के सहित नित्य तुम्हारे हृदय भावित होकर अभीष्ट बरदानार्थ बरदाताओं के मध्य में श्रेष्ठ मैं उस समय में ही प्रादुर्भूत होकर 'बर मांगो !' कहने पर तुम दोनों ने मेरे सदृश पुत्र बर मांगा । मैं एकबार जिसको बर प्रदान करता हूँ, उसको प्रति युग में ही उस प्रकार बर देता रहता हूँ । इस नियम से "शील औदार्य्य एवं गुणों से जगत् में अपर किसी को मेरे सदृश न देखकर मैं स्वयं ही तुम्हारा पुत्र बन गया । उस जन्म में मेरा नाम पृश्नि गर्भ हुआ । पुनर्बार मैं तुम्हारा पुत्र बना । उस समय अदिति कश्यप से मेरा जन्म होने से उपेन्द्र रूप में मेरी ख्याति हुई । खर्वाकृति को देखकर लोक मुझको वामन कहने लगे । यह तृतीय जन्म है, उस रूप में ही पुनर्बार तुम दोनों का पुत्र बना । हे सति ! मेरा वाक्य सर्वथा सत्य है ।

'अमुना वपुषा' इस देह से—इस प्रकार कहने का तात्पर्य्य यह है—मैं श्रीकृष्ण हूँ, प्रकाशमान देह ही मेरा है । उस प्रकार श्रीकृष्णाख्य देह से ही सुतपा—पृश्नि के प्रति प्रसन्न होकर उनके निकट मैं आविर्भूत हुआ था । बर प्रदान के निमित्त जिस देह से आविर्भूत मैं हुआ था, उस देह से मैं तुम दोनों

तदानीमधुनैव स्वयमेव बभूव, किन्त्वंशेनैवेति गम्यते। (भा० १०।६।२५) "पृश्निगर्भस्तु ते बुद्धिमात्मानं भगवान् परः" इत्यत्राप्येतदेव गोर्देव्या सूचितमस्ति। अतएव तृतीय एव भवे तत्सदृशसूतप्राप्तिलक्षणवरस्य परमपूर्णत्वापेक्षया तत्रैव 'सत्यं मे व्याहृतम्' इत्युक्तं चतुर्भुजत्वञ्चेदं रूपं श्रीकृष्ण एव; (भा० १०।३।११) "कृष्णावतारोत्सव-" इत्यादिभिस्तस्यात्यन्तप्रसिद्धेः॥ श्रीभगवान् श्रीदेवकीदेवीम्॥

९७। एवञ्च (भा० १०।३।८) "देवक्यां देवरूपिण्याम्" इत्यादि॥ स्पष्टम्॥ श्रीशुकः॥

का पुत्र बना। अतएव पृश्नि गर्भ एवं उपेन्द्रावतार के प्रसङ्ग में 'तेनैव वपुषा' इस प्रकार उक्ति न होने से तृतीयबार अर्थात् वर्त्तमान अवतार के समय ही स्वयं आविर्भूत हुये हैं। अपर जन्मद्वय में अंश से अवतीर्ण हुये थे।

कारण, भा० १०।६।२५ में उक्त है—"पृश्निगर्भस्तु ते बुद्धिमात्मानं भगवान् परः" पूतना के वक्षःस्थल से गोपिका कर्त्तृक समानीत श्रीकृष्णाङ्ग रक्षार्थ गोपिकाओं ने जो मन्त्र पाठ किया था, उसमें उपरोक्त मन्त्र है। "पृश्निगर्भ—तुम्हारी बुद्धि एवं पर भगवान् आत्मा की रक्षा करें।"

यहाँ पर भी गोर्देवी पृश्निगर्भ का अंशत्व एवं श्रीकृष्ण का स्वयं भगवत्त्व का प्रकाश करती है। उक्त मन्त्र में अंशरूप पृश्निगर्भ द्वारा अंश बुद्धि का, एवं पूर्ण भगवान् शब्द के द्वारा पूर्ण सत्ता का बोध होता है। अतएव तृतीय जन्म में हो बर दानार्थ आविर्भूत श्रीभगवान् के सदृश पुत्रप्राप्ति लक्षण बर की परम पूर्णता हेतु, उक्त प्रसङ्ग में श्रीभगवान् ने कहा—"मेरा वाक्य सत्य है"। यहाँ प्रष्टव्य है कि—श्रीदेवकी-वसुदेव के सहित जिन्होंने वार्त्तालाप किया, वह तो चतुर्भुज भगवान् हैं। श्रीकृष्णरूप का नित्यत्व प्रतिपादन प्रस्ताव में उक्त रूप का प्रसङ्गोत्थापन क्यों हुआ? उत्तर—चतुर्भुजधारी श्रीकृष्ण ही हैं, अपर कोई नहीं है। कारण, भा० १०।३।११ में श्रीशुकदेव ने उस रूप को 'कृष्णावतार' कहा है।

"सविस्मयोत्फुल्लविलोचनो हरिं सुतं विलोक्यानकदुन्दुभिस्तदा।
कृष्णावतारोत्सवसंभ्रमोऽस्पृशन्मुदा द्विजेभ्योऽयुताप्लुतो गवाम्॥"

भगवान् श्रीहरि को पुत्ररूप में आविर्भूत होते देखकर वसुदेव के नयनद्वय विस्मय से उत्फुल्ल हो रहे थे। कृष्णावतार उत्सव निबन्धन सम्भ्रम से आनन्दाप्लुत होकर उन्होंने ब्राह्मण को अयुत संख्यक धेनु दान किया। स्नान के बिना, दान सङ्कल्प समीचीन नहीं होता है। कैसे आपने दान दिया? उत्तर—'मुदा', आनन्द समुद्र में निमज्जित होकर आपने दान किया था। वह दान सङ्कल्पात्मक था, पश्चात् कंस बधान्त में यथारीति दानकार्य्य सम्पन्न हुआ था।

'कृष्णावतार' शब्द से जिनका उल्लेख है, वह शङ्ख-चक्र-गदा-पद्मधारी चतुर्भुज हैं। उक्त रूप से ही आविर्भूत हुये थे।

श्लोक में 'सः' शब्द से श्रीकृष्ण रूप पुत्रप्राप्ति रूप सौभाग्य सूचित हुआ है। स—आनकदुन्दुभिः परम भाग्यवान् श्रीवसुदेव। हरि—श्रीकृष्ण, कंसादि असुरों का ज्ञान हरणकर्त्ता हैं।

श्रीभगवान् श्रीदेवकी के प्रति कहे थे॥९६॥

भा० १०।३।८ में भी उक्तानुरूप कथन दृष्ट होता है,—

"देवक्यां देवरूपिण्यां विष्णुः सर्वगुहाशयः। आविरासीद् यथा प्राच्यां दिशीन्दुरिव पुष्कलः॥"

वृहत्क्रमसन्दर्भः। अथ (भा० १०।२।१८) "काष्ठा यथानन्दकरं मनस्तः" इति पूर्वोक्ते र्न देवकी चिरं मनस्यैव दधार, अवतारसमयमासाद्य भगवान् तन्मनसो वहिर्बभूवुरतिशयं भवितुमिच्छुः प्राकट्य

मासेदिवानित्याह—देववयामित्यादि देवरूपिण्यामिति—देवी-भक्तिर्भगवती, तद्रूपिणीति पुंवद्भावः। भक्तावेव भगवत्प्रकाशनियमात्। विष्णुः व्यापकोऽपि सर्वेषु गुहाशयत्वेन वर्त्तमानोऽपि तस्यां यथा यथावत् याथार्थ्येन—श्रीकृष्णाख्य-स्वरूपेणाविरासीत्। क इव कस्याम्? इन्दुः प्राच्यां दिशीव, पूर्णत्वेनान्यत्र स्थितोऽपि चन्द्रः प्राच्यां दिश्येवोदयति, नान्यस्यामित्येव याथार्थ्यम्।

भा० १०।२।१८ में वर्णित श्लोक के अनुसार देवकी ने चिरकाल तक मन में धारण नहीं किया, किन्तु अवतार समय को प्राप्त कर भगवान् देवकी के मन में प्रकट हुए थे। उसको ही देववयां देवरूपिण्यां शब्द से कहा गया है। देवरूपिणी शब्द से देवी भक्ति—भगवती हैं, तद्रूपिणी इस प्रकार पुंवद्भाव हुआ है। भक्ति में ही भगवान् का नियत प्रकाश होता है। विष्णु व्यापक होकर भी समस्त गुहाशय हाकर वर्त्तमान होकर भी देवकी में यथार्थ रूप में अर्थात् श्रीकृष्णाख्य रूप में आविर्भूत हुये। कहाँ, किसके समान? इन्दु जिस प्रकार पूर्वदिक् में आविर्भूत होता है। पूर्बरूप में अन्यत्र विद्यमान होने पर भी चन्द्र, पूर्वदिक् में ही उत्पन्न होता है, अन्य दिक् में नहीं, उस प्रकार जानना होगा।

कृष्णपक्ष की अष्टमी तिथि की मध्यरात्रि में श्रीकृष्णाविर्भाव समय निर्दिष्ट है। उस समय भी षोड़श कलापूर्ण पूर्णचन्द्र उदित हुआ था, उसको व्यक्त कर कहने के निमित्त चन्द्र में 'पुष्कल' पूर्ण विशेषण युक्त हुआ है। उपमान उपमेय में सर्वत्र ही सादृश्य विद्यमान है। यहाँ सादृश्य हेतु चन्द्र के समान श्रीविष्णु में भी 'पुष्कल' विशेषण युक्त करना होगा। उससे दृष्टान्त स्थानीय चन्द्र जिस प्रकार षोड़श कला से पूर्ण प्रतीत होता है, उस प्रकार दार्ष्टान्तिक श्रीकृष्ण भी सर्वांशसमन्वित परिपूर्ण स्वरूप प्रतीत होते हैं।

वैष्णवतोषणी। नेदुर्दुन्दुभय इत्यादिकं कदा इत्यपेक्षायामाह—निशीथे अर्द्धरात्रे, कीदृशं? तम उद्भूते—तमसा उच्चैर्व्याप्ते, भू प्राप्तौ। भाद्रकृष्णाष्टमीत्वात् विशेषणञ्चेदं तत् कान्तिद्वारा तमोनाशेनापीन्दूपमा योजनाय तथाप्यद्भुतोपमेयम्। निशीथे पूर्णचन्द्रोदयादर्शनात्, तेनोपमा चेयं यथा कथञ्चिदेव, न त्वतियोग्येति ज्ञाप्यते। दुन्दुभिनादादौ हेतुः—जायेति। श्रीब्रह्मादिभक्तजन प्रार्थ्यमान प्राकट्ये तस्मिन् प्रकटी भवति, तत्प्राकट्यक्षण इत्यर्थः। कंसादीनां तत्तदज्ञानं गोकुले जायमानमाया-प्रभावेनैवेति ज्ञेयम्। अथवा अथेऽति, यर्हि यदा—अजनस्य कदाप्यन्यदा जातत्वेनाश्रुतस्य श्रीकृष्णस्य जन्मर्क्षं निजजन्मना स्वीक्रियमाणं तद्द्वापरान्तसमयविशेषगतरोहिण्याख्यमभूत्, तर्ह्येव तदारम्भ एव। सर्वस्य ऋत्वादेः कालस्य स्वस्य च ये गुणाः सुखदा धर्मास्तैरुपेतः सर्वशुभसमेतश्च कालोऽभूत्। तदिच्छायां जातायां दुर्घटघटनीभिः तच्छक्तिभिरेव वा, स्व-स्वभावेनैव वा तथा सम्पन्न इत्यर्थः। अजन—जन्मर्क्षमिति शब्दश्लेषमयसङ्केतनिर्देशे रहस्यत्वं सूचयति। तच्च तद्व्रतोत्सवमहिमार्थमिति ज्ञेयम्। सर्वगुणोपेतत्वं दर्शयति, शान्तर्क्षेत्यादिना। महीत्यर्द्धवर्जितेन मनांसि इत्यर्द्धान्तेन। तत्र सर्वगुणोपेतत्वं शान्तेति परमशोभनत्व जायमान इत्यादिना च मुमुचुरित्यर्द्धान्तेन महीत्यर्द्धेन महीत्यर्द्धेन च। अत्र दिक्प्रसादि-वायुपर्य्यन्तवर्णनम्। शरद्वसन्तादि-सम्बन्धिनां गुणानां दर्शकम्। जलरुहश्रिय इति रात्रौ च दिवस-सम्बधिना अग्नय इत्यादिनापद्यम्। तेषां सत्यादिसम्बन्धिनाम् उपलक्षणम्, 'चैतदन्यदीयानां मन्दं मन्दं' इत्यर्द्धं दिगन्ते वर्षागुणानां दर्शकं, दिश इत्याद्युक्तत्वान्मध्ये हि ते न सम्भवन्ति, अतो 'मन्दं जगर्ज्जुर्जलदाः पुष्पवृष्टिमुचो द्विजाः' इति वैष्णववाक्यं जन्मर्क्षारम्भसम्बन्ध्येव ज्ञेयमिति। अन्यत् समानम्। देवस्य भगवतोरूपमिव रूपं सच्चिदानन्दविग्रहः, तद्वत्यामिति तदुदराविर्भावेऽपि न कश्चिद् दोषः इति भावः।

विष्णुरूपिण्यामिति पाठोऽपि क्वचित्। सर्वगुहाशयः—दुर्गमत्वात् दुर्वितर्क्यत्वाच्च गुहेव गुहा, श्रीभगवत्स्थानं सर्वासु सर्वजीवान्तरलक्षणासु श्रीवैकुण्ठादिलक्षणासु गुहासु शेतेऽक्षुभिततया विहरतीति। पुष्कलः सर्वांशपूर्ण इत्यन्तर्य्यामित्वादिना हृदयादिषु वर्त्तमानैरंशैः सर्वैरेव सम्भूयावतीर्णः। अन्तर्य्यामिनामपि तदानीं श्रीदेवकीनन्दनत्वेनैव महत्सु स्फूर्त्तेः तथा च श्रीभीष्मवाक्यम्—'तमिहमहमजं

९८। ननु सत्यं तस्य चतुर्भुजाकाररूपस्य तादृशत्वम्, किन्तु (भा० १०।३।२८) "रूपञ्चेदं पौरुषं ध्यानधिष्ण्यं, मा प्रत्यक्षं मांसदृशां कृषीष्ठाः" इति मातृविज्ञापनानुसारेण (भा० १०।३।४४)

"एतद्वां दर्शितं रूपं प्राग्जन्मस्मरणाय मे।
नान्यथा मद्भवं ज्ञानं मर्त्यलिङ्गेन जायते॥"२१७॥

इति प्रत्युत्तरस्य (भा० १०।३।४६)—

"इत्युक्त्वासीद्धरिस्तूष्णीं भगवानात्ममायया।
पित्रोः सम्पश्यतोः सद्यो बभूव प्राकृतः शिशुः॥"२१८॥

इत्युक्तदिशा, यन्मानुषाकाररूपं स्वीकृतवान्, तत्र सन्दिग्धमिवाभाति। अत्र च भवतु बा

शरीरभाजां हृदि हृदिधिष्ठितमात्मकल्पितानाम् प्रतिदृशमिव नैकधार्कमेकं समधिगतोऽस्मि विधूतभेद मोहः। (भा० १।९।४२) तथा च श्रीवैकुण्ठलोकाद्यधिष्ठातारोऽपि, ततस्ततः सम्भूयावतीर्णा इति श्रीहरिवंशाद्युक्तेन मुकुटमाहृत्य गोमन्थे श्रीगरुड़गमनादिना स्पष्टत्वादिति, एतच्च श्रीभागवतामृते विवृतमस्ति, न चात्र दोषः। स्व-स्वरूपेनैव परमविभौ तत्रैव निजसर्ववृत्तिं प्रकाश्य तत्तेजो निगूढ़तया तेषां स्थितत्वात्। तथा च श्रीमध्वाचार्य्यधृतं पाद्मवचनम् "सदेवो बहुधा भूत्वा निर्गुणः पुरुषोत्तमः। एकीभूय पुनः शेते निर्दोषो हरिरादिकृत्॥" इति। प्राचामिति दृष्टान्तेन सर्वत्र प्रकाशमानस्यापि श्रीदेवक्यामाविर्भावयोग्यतोक्ता। अतएव श्रीविष्णुपुराणेऽपि—"ततोऽखिलजगत् पद्मबोधायाच्युतभानुना देवकी पूर्वसन्ध्यायामाविर्भूतं महात्मना।" इति। आविर्भावश्च कंसवञ्चनाद्यर्थमष्टमे मासीति श्रीहरिवंशे—'गर्भकालेत्वसम्पूर्णे अष्टमे मासिते स्त्रियौ। देवकी च यशोदा च सुषुवाते समं तदा॥" इति।

प्रवक्ता श्रीशुक हैं।।९७।।

संशय यह है कि—श्रीकृष्ण का चतुर्भुजरूप नित्य एवं सत्य है। किन्तु (भा० १०।३।२८) देवकीदेवी के वाक्यानुसार—"स त्वं घोरादुग्रसेनात्मजान्न स्त्राहि त्रस्तान् भृत्य वित्रासहासि।
रूपञ्चेदं पौरुषं ध्यानधिष्ण्यं मा प्रत्यक्षं मांसदृशां कृषीष्ठाः॥" यह चतुर्भुज रूप ऐश्वरिक एवं ध्येय है, इसे लोकनयनगोचरीभूत न करो।

टीका—प्रस्तुतं विज्ञापयति 'स त्वमिति' भृत्यानां वित्रासं हन्तीति भृत्य वित्रासहा। भृत्यवदिति वाच्छेदः। पौरुषमैश्वरम्—ध्यानधिष्ण्यं ध्यानास्पदम्, मांसदृशां मांसचक्षुषां प्रत्यक्षं मा कृथाः।

इस प्रकार जननी के कथनानुसार प्रत्युत्तर में श्रीकृष्ण ने कहा, (भा० १०।३।४४)—मैंने पूर्वजन्म की कथा स्मरण करवाने के निमित्त उस प्रकार रूप को दर्शाया है। अन्यथा नर बालक रूप में आविर्भूत मेरे प्रति ईश्वर ज्ञान नहीं होता।

टीका—"प्राक् प्रथमं तावदेतद्रूपं मे जन्मेति स्मरणाय ज्ञानाय दर्शितम्। मद्भवं—मद्विषयम्। अनन्तरं तदिच्छया बालोऽपि भविष्यामीति भावः।"

इस प्रकार कहकर श्रीहरि मौन धारण करके दर्शनरत पितामाता के सम्मुख में कृपापूर्वक प्राकृत शिशु हो गये। भा० १०।३।४६ में—

"इत्युक्त्वा सीद्धरिस्तूष्णीं भगवानात्ममायया। पित्रोः सम्पश्यतोः सद्यो बभूव प्राकृतः शिशुः॥"

श्लोक में प्राकृत शिशु अर्थात् मनुष्य शिशु बनने की कथा है। उसमें सन्देह होता है—एक तो नराकृति रूप, अपर उस रूप को प्राकृत शिशु शब्द से कहा गया है। प्राकृत वस्तु नश्वर है, अतः श्रीकृष्ण का नराकृति रूप अनित्य क्यों नहीं होगा? केवल यह ही नहीं अपितु भा० ३।४।२८ में उक्त है—

(भा० ३।४।२८) "हरिरपि तत्यज आकृतिं त्र्यधीशः" इति, (भा० ३।४।२९) "त्यक्ष्यन् देहम्" इति च तन्त्रभागवतानुसारेणान्तर्द्धापनार्थत्वादसहायम्; (भा० १।१५।३४-३५)—

"ययाहरद्भुवो भारं तां तनुं विजहावजः।
कण्टकं कण्टकेनेव द्वयञ्चापीशितुः समम् ॥२१९॥
यथा मत्स्यादिरूपाणि धत्ते जह्याद्यथा नटः।
भूभारः क्षपितो येन जहौ तच्च कलेवरम् ॥"२२०॥

इति तु परिपोषकम्। एतदेव श्रीवसुदेववचनेऽपि लभ्यते (भा० १०।८५।२०)—

"निधनमुपगतेषु वृष्णिभोजेष्वधिरथ यूथप यूथपेषु मुख्यः।
सतु कथमवशिष्ट उद्धवो यद्धरिरपि तत्यज आकृति त्र्यधीशः ॥"

अधीरथ यूथप के यूथपति वृष्णि एवं भोजवंशीयगण ब्रह्मशाप द्वारा निधन प्राप्त होने से त्र्यधीश—ब्रह्मा-विष्णु-महेश्वर अथवा महत् स्रष्टा त्रय के अधीश्वर भगवान् श्रीकृष्ण भी देहत्याग करने पर उद्धव कैसे जीवित रहा? परीक्षित् के प्रश्न में सुस्पष्ट उल्लेख है कि—"श्रीकृष्ण ने देह त्याग किया।

एवं भा० ३।४।२९ में—"ब्रह्मशापापदेशेन कालेनामोघवाञ्छितः
संहृत्य स्वकुलं स्फीतं त्यक्ष्यन् देहमचिन्तयत्।"

टीका—"ब्रह्मशापः अपदेशो मिषं यस्य तेन कालेन शक्तिरूपेण। अमोघं वाञ्छितं यस्य। नह्यत्र शापः प्रभुः, किन्तु भगवदिच्छैवेत्यर्थः।"

"ब्रह्मशापरूप छल को उद्भावन कर अव्यर्थ इच्छाशील श्रीप्रभु भगवान्, कालरूपिणी निज शक्ति के द्वारा अतिसमृद्ध निज कुल को विध्वंस कर आत्म-देह को परित्याग करने का उपाय अन्वेषण किये थे।" श्रीशुकदेव की इस उक्ति के सहित "आत्मदेह परित्याग हेतु उपाय अन्वेषण किये थे।" एवं 'तत्यज आकृतिं त्र्यधीशः' श्रीकृष्ण ने देहत्याग किया? श्रीपरीक्षित् प्रश्न के सहित 'अहेयमनुपादेयं यद्रूपं नित्यमव्ययम्। स एवापेक्ष्यरूपाणां व्यक्तिमेव जनार्दनः। अगृह्णाद्व्यसृजच्चेति कृष्णरामादिकं तनुम्। पठ्यते भगवानीशो मूढ़बुद्धिव्यपेक्षया। तमसा ह्युपगूढ़स्य यत्तमः पानमीशितुः। एतत् पुरुषरूपस्य ग्रहणं समुदीर्य्यते। कृष्णरामादिरूपाणां लोके व्यक्तिव्यपेक्षया।' इत्यादि तन्त्रभागवतोक्त कथन असंलग्न होता है। तन्त्रभागवत का कथन है—श्रीभगवान् देहत्याग नहीं करते हैं, उनका रूप ही स्वरूप है। सूर्योदय-अस्त में जिस प्रकार एकरूप स्वरूप ही दृष्ट होता है, एकसूर्य्य ही प्रकाश्य अप्रकाश्य रूप में अवस्थित हैं। उस प्रकार श्रीभगवान् अविकृत निज स्वरूप में अवस्थित होकर कभी लोकनयनगोचरीभूत होते हैं, कभी अगोचर में अवस्थित होते हैं। लोकनयनगोचरीभूत होने के समय जिस प्रकार स्वरूप उनका दृष्ट होता है, उस स्वरूप में ही आप अन्तर्द्धान करते हैं। मनुष्यवत् देह को छोड़कर नहीं। सुतरां उक्त भा० ३।४।२९, ३।४।२८ का देहत्याग विवरण—अन्तर्द्धान अर्थ प्रकाशक है। कारण अन्तर्द्धान अर्थ करने से ही श्रीकृष्ण रूप का अनित्यत्व प्रतिपादित नहीं होता है। श्रीमद्भागवत के १।१५।३४-३५ में वर्णित है,—"जन्मादि रहित श्रीकृष्ण, जिस तनु के द्वारा पृथिवी का भारापनोदन किये हैं। विद्ध कण्ठक को जिस प्रकार अपर कण्ठक से ही निकालते हैं, बाद में उसको भी छोड़ते हैं। उस प्रकार उन्होंने उस तनु का भी त्याग किया। कारण—भूभार एवं तनु उभय ही सर्वसंहारी ईश्वर के पक्ष में समान है, ईश्वर नट के समान मत्स्यादि रूप धारण एवं त्याग करते हैं।

श्रीसूत की यह उक्ति, श्रीकृष्ण के द्विभुजत्व रूप की परिपन्थी है। अर्थात् द्विभुज रूप अनित्य है।

"सूतीगृहे ननु जगाद भवानजो नौ, संजज्ञ इत्यनुयुगं निजधर्मगुप्त्यै ।
नानातनूर्गगनवद्विदधज्जहा(सि, को वेद भूम्न उरुगाय विभूतिमायाम् ।।" २२१।।

इत्यत्र । अत्रोच्यते—तत्तद्वचनमन्यार्थत्वेन दृश्यमिति । एकस्मिन्नेव तस्मिन् श्रीविग्रहे कदाचिच्चतुर्भुजत्वस्य कदाचिद्द्विभुजत्वस्य च प्रकाशश्रवणेनाविशेषापाताद्भूभारक्षपणे द्वयोरपि सामान्यात् । 'सूतीगृहे' इत्यादिवाक्यस्य चतुर्भुजविषयत्वाच्च । किञ्च, यैर्विद्वदनुभव-सेवितशब्दसिद्धैर्नित्यत्वादिभिर्धर्मैः श्रीविग्रहस्य परमतत्त्वाकारत्वं साधितम्, ते प्रायशो नराकारमधिकृत्यैव ह्युदाह्रियन्ते स्म द्वितीयसन्दर्भे । तथात्रैव चोपासकेषु साक्षात्कारादि-

भा० १०।५८।२० के श्रीवसुदेव की उक्ति से भी उक्त कथन पुष्ट होता है । उन्होंने कहा—"सूतिका गृह में तुमने कहा है कि—तुम जन्मरहित भगवान् हो, अजो हो, प्रति युग में धर्मरक्षार्थ अवतीर्ण होते हो, हे उरुगाय ! महाकीर्त्तिसम्पन्न ! तुम गगन के समान असङ्ग होकर भी विविध तनु ग्रहण एवं त्याग करते रहते हो । परमेश्वर ! तुम्हारी विभूतिरूपा माया को कौन जान सकते हैं ?"

उक्त श्लोकत्रय में श्रीकृष्ण का देहत्याग का विवरण सुस्पष्ट दृष्टान्त रूप से वर्णित है । अतः द्विभुज रूप का नित्यत्व प्रतिपादन करना कैसे सम्भव होगा ? उत्तर में कहते हैं—'अत्रोच्यते तत्तद्वचनमन्यार्थत्वेन दृश्यमिति ।

आपात दृष्टि से जिन वचनों के द्वारा श्रीकृष्ण का द्विभुज रूप की अनित्यत्व प्रतीति होती है, उन वाक्यसमूह का अन्यार्थ अनुसन्धान करना कर्त्तव्य है । कारण, एकमात्र श्रीकृष्ण रूप ही कभी द्विभुज, कभी चतुर्भुज वर्णित है । उभय रूप में वैशिष्ट्य कुछ भी नहीं है । भूभार हरण में उभय की सामर्थ्य भी समभाव में ही है । सूतिका गृह की उक्ति चतुर्भुज विषयक है । उक्त वाक्य के अनुसार द्विभुज रूप को अनित्य मान लेने पर चतुर्भुज रूप को भी अनित्य मानना पड़ेगा । किन्तु चतुर्भुज रूप के नित्यत्व विषय में किसी की भी आपत्ति नहीं है । विशेषतः प्रत्यक्षानुमानोपमान शब्दोपमानार्थापत्ति अनुपलब्धि सम्भव एवं ऐतिह्य नाम से प्रमाण अष्टविध स्वीकृत हैं । श्रीमध्वाचार्य्य प्रभृति प्राचीन वैष्णवाचार्य्यगण प्रत्यक्ष अनुमान एवं शब्द को प्रमाण मानते हैं, तद्भिन्न प्रमाणसमूह को उक्त प्रमाणत्रय में अन्तर्भुक्त करते हैं । श्रीचैतन्य मतानुयायि वैष्णववृन्द, आप्तवाक्य रूप शब्दप्रमाण को निर्दोष प्रमाण मानते हैं । कारण, स्थल विशेष में प्रत्यक्षानुमान व्यभिचार दोषग्रस्थ होते हैं ।

आर्ष एवं श्रौत भेद से उक्त शब्द द्विविध हैं, तन्मध्य में श्रौत शब्दात्मक वेद प्रमाण ही एकमात्र तत्त्व निर्णायक है । परतत्त्व उपनिषद् वेद्य है । ऋषिगण के मध्य में पारस्परिक मतानैक्य के कारण, आर्ष—ऋषिवाक्य के द्वारा परतत्त्व निरूपण करना असम्भव है । वेदव्यास पुराणादि प्रणयन के द्वारा वेदार्थ का विस्तार किये हैं । अतः पुराण प्रभृति आदरणीय हैं । श्रुत्यात्मक शब्द नित्य है । प्रलय में भी ध्वंस वर्जित है, सृष्टि समय में भी उत्पन्न नहीं होता है, आविर्भूत होता है । भ्रमादि दोषविशिष्ट जीव का कर्त्तृत्व श्रुत्यात्मक शब्द में नहीं है । अतः श्रुत्यात्मक शब्द अभ्रान्त प्रमाण है ।

जिन्होंने श्रुति प्रतिपाद्य वस्तु का अनुभव किया है, उनको विद्वान् तत्त्वदर्शी नाम से कहते हैं, उनके अनुभूत शब्दावलि ही निर्दुष्ट प्रमाण हैं ।

अतः उक्त विद्वदनुभवसेवित शब्द प्रमाण के द्वारा प्रतिपादित श्रीकृष्ण विग्रह ही परमतत्त्व स्वरूप एवं अन्यनिरपेक्ष सत्ताक सर्वमूल है । इसका विशेष विवेचन द्वितीय सन्दर्भात्मक भगवत्सन्दर्भ में हुआ है ।

लिङ्गेन सिद्धनिर्द्देशेन च तदाकारस्यापि नित्यसिद्धत्वं दृढ़ीकृतम्। उदाहरिष्यते च सिद्धनिर्द्देशः (भा० ६।८।२०) "मां केशवो गदया प्रातरव्याद्,-गोविन्द आसङ्गवमात्तवेणुः" इति। सम्प्रत्यन्यदपि तत्रोदाह्रियते। तत्र नित्यत्वं यथा (भा० १०।३८।७-८)—

(६८) "कंसोवताद्याकृत मेऽत्यनुग्रहं, द्रक्ष्येऽङ्घ्रिपद्मं प्रहितोऽमुना हरेः।
कृतावतारस्य दुरत्ययं तमः, पूर्वेऽतरन् यन्नखमण्डलत्विषा ॥२२२॥
यदर्च्चितं ब्रह्मभवादिभिः सुरैः, श्रिया च देव्या मुनिभिः ससात्वतैः।
गोचारणायानुचरैश्चरद्वने, यद्गोपिकानां कुचकुङ्कुमाङ्कितम् ॥"२२३॥

श्रीकृष्णविग्रह स्वरूपसिद्ध नित्यत्वादि धर्मसमलङ्कृत हैं। द्वितीय सन्दर्भ के यावतीय प्रमाण श्रीकृष्ण के नराकार विग्रह को लक्ष्य करके ही उत्थापित हुआ है।

श्रीभगवद्रूप का नित्यत्व स्थापन हेतु द्विविध विचार शैली अवलम्बनीय हैं। प्रथमतः, उपासकवृन्द की उपासना के द्वारा उक्त रूप प्रत्यक्ष हुआ है, अथवा नहीं? द्वितीयतः सिद्ध स्वीय रूप में उक्त स्वरूप किसी धाम में विराजित है, अथवा नहीं?

प्रथमोक्त रीति से विचार करने पर मायावादिगण कहेंगे—निर्गुण ब्रह्म, सत्वगुणोपहित होकर साधकवृन्द के समीप में उपास्य रूप में आविर्भूत होते हैं। वस्तुतः वह रूप नित्य नहीं है। साधक के निकट आविर्भूत होने के निमित्त तत्काल रूप ग्रहण करते हैं। तद्व्यतीत समय में तुरीय निर्विशेष ब्रह्म स्वरूप में अवस्थित होते हैं। किन्तु सिद्धनिर्देश के द्वारा उक्त रूप की नित्य स्थिति सप्रमाणित होने पर, मायावादी स्वतः ही निरस्त होगा, एवं श्रीविग्रह का नित्यत्व प्रतिपादन अभ्रान्त रूप से होगा। यहाँ पर उभय विचार पद्धति के द्वारा ही श्रीकृष्ण रूप का नित्यत्व प्रतिपादन हुआ।

सिद्ध स्वरूप का उदाहरण भा० ६।८।२० में सुस्पष्ट है। "मां केशवो गदया प्रातरव्याद्, गोविन्द आसङ्गवमात्तवेणुः" श्रीकेशव, मेरी रक्षा स्वीय गदा द्वारा प्रातःकाल में करें। वंशी वादनपरायण गोविन्द, आसङ्गव के समय में अर्थात् प्रत्युष के पश्चात् छै दण्ड काल में मेरी रक्षा करें।

सम्प्रति अपर उदाहरण का उट्टङ्कन करते हैं। नित्यत्व का उदाहरण भा० १०।३८।१-८ में है। श्रीकृष्ण को मथुरा में आनयन करने के निमित्त कंस कर्त्तृक प्रेरित होकर अक्रूर चिन्ता कर रहे थे। कितना आश्चर्य्य है? कंस, स्वभावतः अत्यन्त खल होकर भी मेरे प्रति अतिशय अनुग्रह किया है। कारण, उसके द्वारा प्रेरित होकर ही मैं भूतल में अवतीर्ण श्रीहरि का श्रीचरण दर्शन करूँगा। पूर्वकाल में श्रीअम्बरीष श्रीप्रह्लाद प्रभृति जिनके नखमण्डल की कान्ति के द्वारा संसार से उत्तीर्ण हुये हैं। भा० ९।४।१८ में "स वै मनः कृष्णपदारविन्दयोः"। भा० ९।४।२९ में "आरिराधयिषुः कृष्णं महिष्या तुल्यशीलया" श्रीअम्बरीष की श्रीकृष्णोपासना की वार्त्ता है। श्रीप्रह्लाद का विवरण भा० ७।४।३७—

"कृष्णग्रहगृहीतात्मा नवेद जगदीदृशम्"

"नानुसन्धत्त एतानि गोविन्दपरिरम्भितः" ३।४।३८

"मतिर्न कृष्णे परतः स्वतो वा" ७।५।३० में है।

ब्रह्मादि देवगण जिनके चरणकमल की अर्चना करते हैं, स्वयं लक्ष्मीदेवी श्रीचरण सेवा करती हैं, भक्तवृन्द के सहित मुनिगण जिनके चरणारविन्द का ध्यान करते हैं, अनुचरवृन्द के निमित्त जो चरण वन में विचरण करता है, जो गोपियों के कुचकुङ्कुम रञ्जित है, मैं उन चरणकमलों का सन्दर्शन करूँगा।

अत्र 'पूर्वे' इत्यादिद्योतितं 'गोचारणाय' इत्यादिलब्धस्य स्फुटं श्रीनराकारस्यैव नित्यावस्थायित्वं लभ्यते ॥ श्रीमदक्रूरः ॥

९९। तथा (भा० १०।४७।६२)—

(९९) "या वै श्रियार्च्चितमजादिभिराप्तकामै-
र्योगेश्वरैरपि सदात्मनि रासगोष्ठ्याम्।
कृष्णस्य तद्भगवतः प्रपदारविन्दं
न्यस्तं स्तनेषु विजहुः परिरभ्य तापम् ॥"२२४॥

उक्त श्लोक में "कृतावतारस्य दुरत्ययं तमः, पूर्वेऽतरन् यन्नखमण्डल त्विषा" का उल्लेख है। उससे प्रतीत होता है, द्वापर युग के पहले भी श्रीकृष्ण रूप में नित्य स्थिति रही, 'गोचारणाय' पदोल्लेख से विदित होता है कि—श्रीकृष्ण नराकार विग्रह में नित्य स्थित हैं।

कारण, द्विभुज श्रीकृष्ण ही श्रीवृन्दावन में गोचारण किये थे। चतुर्भुज श्रीकृष्ण कभी भी गोचारण नहीं किये हैं। उक्त श्लोक में प्रपञ्चाधिकारी ब्रह्मा का उल्लेख उपासक रूप में होने से प्रतीत होता है—श्रीकृष्ण की उपासना श्रीब्रह्मा के ऊर्द्ध्वतन एवं अधस्तन समस्त व्यक्ति करते हैं।

लक्ष्मीदेवी का उपासक रूप में नामोल्लेख के कारण—वैकुण्ठ निवासी परिकरगण का उपास्य भी श्रीकृष्ण हैं। कारण—वैकुण्ठेश्वर की वक्षोविलासिनी लक्ष्मी का उपास्य श्रीकृष्ण होने पर अन्यान्य परिकरगणों का उपास्य भी श्रीकृष्ण ही हैं।

मुनिगणों का उल्लेख उपासक रूप में होने से प्रपञ्चस्थ निखिल भक्तवृन्दों का उपास्य श्रीकृष्ण ही हैं। कारण मुनिवर्य्यों का अनुसरण भक्तगण करते हैं। आगमोक्त विधि के द्वारा ब्रह्मादि देवगण, श्रुति-स्मृति-पञ्चरात्र के अनुसार प्रपञ्चान्तर्वर्त्ती मुनि एवं भक्तगण, एवं वैकुण्ठस्थ श्रीलक्ष्म्यादि परिकरगण प्रीति भक्ति के द्वारा श्रीकृष्ण की उपासना करते हैं।

अनन्तर श्रीगोकुल का सौभाग्यातिशय का वर्णन निबन्धन कहते हैं—गोचारण के निमित्त जो चरण वन वन में विचरण रत है। अर्थात् आगमादि शास्त्रावलम्बन से ब्रह्मादि देव, मुनि प्रभृति भक्तवृन्द हृदय में जिन चरणों का ध्यान करते हैं, अर्थात् ध्येय एवं अर्चनीय जो चरण है, वह चरण श्रीगोकुल के वन में विचरणरत है। केवल वह ही नहीं अपितु जिन श्रीचरणों के निर्माल्य भक्तवृन्द मुनिगण, लक्ष्म्यादि परिकरगण, ब्रह्मादि देवगण आदरपूर्वक मस्तक में धारण करते हैं, वह चरण 'गोपिकानां कुचकुङ्कुमाङ्कितम्' है। गोपिगणों के कुचस्थ कुङ्कुमरूप निर्माल्य कुसुमों के द्वारा अर्चित नहीं है, किन्तु अङ्कित है, सुशोभित है। अर्थात् जो चरण अर्चनकारियों का सौभाग्य वर्द्धक है, उन चरणों का समृद्धि वर्द्धक गोपियों का कुचकुङ्कुम है।

श्रीकृष्ण का पितृव्य वर्षिष्ठ श्रीअक्रूर थे। आपने रहो लीलाव्यञ्जक कुचकुङ्कुम का प्रसङ्ग उत्थापन क्यों किया? उत्तर—देवर्षि श्रीनारद के मुख से प्रेमपराकाष्ठामयी रासलीला का श्रवण श्रीअक्रूर ने किया था। अतः प्रेममाधुर्य्यव्यञ्जक रूप में ही उस लीला का स्मरण आपने दिया था। किन्तु शृङ्गारोद्दीपक रूप से नहीं। अन्यथा उक्ति दोषदुष्टा होगी। अथवा, वात्सल्यरसानुभावक रूप में उक्त कथन हुआ है। अति बालक श्रीकृष्ण को अङ्क में स्थापन करते समय वर्षीयसी गोपिका के वक्षस्थ कुङ्कुम के द्वारा श्रीकृष्णचरण अनुरञ्जित होता था। उक्ति श्रीमदक्रूर की है ॥९८॥

उस प्रकार ही उद्धव महाशय की अपर उक्ति भा० १०।४६।६२ में है—

'सदा' भूत वर्त्तमान-भविष्यत्कालेषु श्र्यादीनां सर्वदावस्थायित्वेन प्रसिद्धेः, सदेत्यस्य तथैव ह्यर्थप्रतीतिः, सङ्कोचवृत्तौ कष्टतापत्तेः, श्रीभगवति तादृशत्वासम्भवाच्च। तथा च श्रीगोपालतापनीश्रुतौ (पू० ३७)—"गोविन्दं सच्चिदानन्दविग्रहं वृन्दावनसुरभूरुह-तलासीनं सततं समरुद्गणोऽहं तोषयामि" इति ब्रह्मवाक्यम्। तदुत्तरतापनीश्रुतौ श्रीगोपीः प्रति दुर्वाससो वाक्यम् (उ० २३)—"जन्मजराभ्यां भिन्नः स्थाणुरयमच्छेद्योऽयं योऽसौ सौर्ये तिष्ठति, योऽसौ गोषु तिष्ठति, योऽसौ गाः पालयति, योऽसौ गोपेषु तिष्ठति, स वो हि स्वामी भवति" इति॥ श्रीमदुद्धवः॥

१००। एवञ्च, (भा० १०।१२।१२)—

(१००) "यत्पादपांशुर्बहुजन्मकृच्छ्रतो, धृतात्मभिर्योगिभिरप्यलभ्यः।
स एव यद्दृग्विषयः स्वयं स्थितः, किं वर्ण्यते दिष्टमहो व्रजौकसाम्॥"२२५॥

"या वै श्रियार्चितमजादिभिराप्तकामैर्योगेश्वरैरपि सदात्मनि रासगोष्ठ्याम्।
कृष्णस्य तद्भगवतः प्रपदारविन्दं न्यस्तं स्तनेषु विजहुः परिरभ्य तापम्॥"

क्रमसन्दर्भः। "तत्र या वै श्रियार्चितमित्यत्र, तथापि श्रियायत्तदप्राप्तिस्तत् खल्वेतासामिव तस्या अनन्यत्वाभावादिति भावः।"

बृहत्क्रमसन्दर्भः। औत्कण्ठ्यात् पुनरेव तासां महिमानं प्रकटयन्नाह—या वै इत्यादि। श्रियार्चितम्, तथा अजादिभिस्तथाप्तकामैर्योगेश्वरैरपि, तत्रापि सदा, तत्राप्यात्मनि मनसि, नतु साक्षात्तत् कृष्णस्य प्रपदारविन्दं रासगोष्ठ्यां स्तनेषु न्यस्तं कृत्वा परिरभ्य यास्तापं जहुः, तासां चरणरेणुजुषामिति पूर्वेणैवान्वयः। तस्मात् (६१तम श्लोके) "वृन्दावने किमपि गुल्मलतौषधीनाम्" इति साधूक्तम्।

श्रीउद्धवोक्ति यह है—'लक्ष्मीदेवी, ब्रह्मादि देवगण, आत्माराम भक्तवृन्द, एवं शुद्धभक्तसमूह, योगिगण जिनकी मानसिक अर्चना सर्वदा करते हैं, गोपिगण—रासगोष्ठी में स्वीय स्तनोदर उन श्रीचरण कमल को आलिङ्गन कर ताप शान्त किये थे।'

श्लोकोक्त 'सदात्मनि' स्थित 'सदा' शब्द का अर्थ—भूत, भविष्यत्, वर्त्तमान काल है। लक्ष्मी प्रभृति की सर्वदा अवस्थिति की वार्त्ता सुप्रसिद्ध है। अतएव उन सबके उपास्य की नित्य स्थिति भी स्वतःसिद्ध है। 'सदा' पद से नित्य स्थिति रूपार्थ ही प्रतीत होता है। सङ्कुचित वृत्ति के द्वारा उक्त सदा पद का अन्यार्थ करना असम्भव है। अर्थात् प्रकट समय में श्रीकृष्ण द्विभुज रूपमें उपास्य हैं, अपर समय में नहीं, इस प्रकार अर्थ सदा पद से नहीं हो सकता है। कारण उस प्रकार अर्थ सदा पद से करने में कष्ट कल्पना करनी पड़ेगी, एवं श्रीभगवान् में त्रिकाल विद्यमानता का अभाव कभी भी नहीं हो सकता है। श्रीगोपालतापनी श्रुति में भी श्रीब्रह्मा का वाक्य श्रीमद्भागवतीय वाक्यानुरूप है। "वृन्दावनस्थ कल्पतरु के तलदेश में अवस्थित सच्चिदानन्दविग्रह श्रीगोविन्द को मरुद्गण के सहित मैं निरन्तर सन्तुष्ट करता रहता हूँ। उत्तर तापनी में गोपी के प्रति दुर्वासा का वाक्य भी इस प्रकार है—"जन्म-जरारहित अच्छेद्य एवं स्थिर वह है। जो यमुनातीरस्थ श्रीवृन्दावन में अधिष्ठित हैं, धेनुवृन्द के मध्य में जो विराजित हैं, गोपालन ही जिनका व्रत है, गोपगणों के मध्य में जो विराजित हैं, वह ही तुम सबके अध्यक्ष हैं। यह कथन श्रीमदुद्धव का है॥९९॥

नराकार विग्रह ही श्रीकृष्ण का स्वरूप है, उसका वर्णन भा० १०।१२।१२-स्थ श्रीशुक वाक्य में है।

अत्र 'स्वयम्' इत्यनेन तु वाढ़मेवान्यथाप्रतीतिर्दुर्धियां निरस्ता। 'स्थित' इति वर्त्तमाने क्तः, (महा० ना० ६।५) "यच्च किञ्चिज्जगत् सर्वं व्याप्य नारायणः स्थितः" इतिवत्॥ श्रीशुकः॥

"यत्पादपांशुर्बहुजन्मकृच्छ्रतो, धृतात्मभिर्योगिभिरप्यलभ्यः।
स एव यद्दृग्विषयः स्वयं स्थितः, किं वर्ण्यते दिष्टमहो व्रजौकसाम्॥"

वृहत्क्रमसन्दर्भः। "इदानीं वयस्यबालकानां सौभाग्यं तावदतिदुर्लभमेव, तदास्तां दूरे, व्रजवासिमात्रस्यैव सौभाग्यं वर्णनीयं न भवतीत्याह—यत्पादपांशुरित्यादि। बहुजन्मकृच्छ्रतो—बहुजन्मकृततपस्यातो हेतोर्बहुजन्मकृच्छ्रेन वा, धृतो निगृहीत आत्मा मनो यैस्तथाभूतैरपि योगिभिर्यत्पादपांशुरप्यलभ्यः, स एव येषां दृग्विषयः, सन् स्थितः, वर्त्तमाने क्तः, स वत्तमानो नित्यप्रवृत्तः। एतेन व्रजस्थत्वस्य नित्यत्वम्, अन्यथा दृग्विषय इत्यनेनैव सिद्धेः, स्थित इत्यधिकपदं स्यात्। तत्र कारणान्तरं नानुसन्धेयमित्याह—स्वयं स्वेच्छयैव, अथवा, स्वयं स्वरूपेणैव। अहो विस्मये, व्रजौकसां दिष्टं भागधेयं किं वर्ण्यते? वर्णनीयं न भवतीति शेषः।"

अनेक जन्म यावत् यमनियमादि अनुष्ठान के द्वारा संयतचित्त योगिगण जिनकी चरणरेणु प्राप्त करने में असमर्थ हैं, उन श्रीभगवान् स्वयं ही व्रजवासियों के नयन सन्निधान में निरन्तर अवस्थित हैं। उन सब व्रजवासियों की अनिर्वचनीय सौभाग्य कथा का वर्णन कैसे हो सकता है?

तत्राग्रे ब्रह्मस्तवे (ब्र० सं० ५।२९)—"चिन्तामणिप्रकरसद्मसु कल्पवृक्ष-लक्षावृतेषु सुरभीरभिपालयन्तम्" इत्युपक्रम्य (ब्र० सं० ५।४३)—

में अवस्थित है, वह ही श्रीगोलोक है ।

ब्रह्म संहिता के ५।१ श्लोक में वर्णित है—

"ईश्वरः परमः कृष्णः सच्चिदानन्द विग्रहः ।
अनादिरादि र्गोविन्दः सर्व कारण कारणम् ॥"

श्रीकृष्ण, परम ईश्वर हैं, सच्चिदानन्द विग्रह हैं, अर्थात् उनकी श्रीमूर्त्ति, नित्य ज्ञानानन्दस्वरूप है, आप स्वयं अनादि हैं, अतः समग्र तत्त्वों में अनादि हैं, आप सब के मूल हैं, आपके पहले अपर कोई तत्व नहीं हैं, आपका अपर नाम श्रीगोविन्द हैं, आप अनन्त जगत् कारणों के समस्त कारणों के मूल कारण स्वरूप हैं । इस कथन के द्वारा प्रारम्भ कर २-५ श्लोक के द्वारा उनके धाम का विस्तृत वर्णन किये हैं ।

महा भगवान् श्रीकृष्णका गोकुल नामक धाम का प्रतिपादन करते हैं,—उक्त स्थान-सहस्रदल कमल सदृश है, उक्त कमल की कर्णिका ही उनका धाम है । अनन्त का अंश से ही उक्त गोकुल नामक धाम सतत आविर्भूत है ।

उक्त कर्णिका हीरक—कीलक शोभित षट् कौण महद् यन्त्र स्वरूप है । उक्त षट् कोण में षट् पदी श्रीमदष्टादशाक्षर मन्त्र विन्यस्त है । उक्त कर्णिका,-प्रेमानन्द जनित जो महानन्द रस है, तदात्मक प्रकृति पुरुष कर्त्तृक अधिष्ठित है, एवं ज्योति रूप काम बीज का स्थान है ।

उक्त सहस्रदल कमल का किञ्जल्क,-श्रीकृष्ण के अंश स्वरूप स्वजाति गोप वृन्द का निवास स्थान है, कमल पत्र, श्रीगोपीवृन्द का निवास स्थान है ।

श्रीगोकुल के चतुर्दिक में श्वेत द्वीप नामक एक अत्यद्भुत धाम है, उक्त श्वेत द्वीप चतुर्भाग में विभक्त है । एवं चतुर्दिक में वासुदेव, सङ्कर्षण, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध के चतुर्धाम है, वह चतुर्विध पुरुषार्थ एवं चतुर्विध पुरुषार्थ साधन के द्वारा पूजित हैं, ऊर्द्ध्व अधः प्रभृति दिक् विदिक् अर्थात् दशदिक् दशशूल के द्वारा आनद्ध हैं, पद्म, महापद्म, मकर, कच्छप मुकुन्द, नील, नन्द एवं शङ्ख रूप अष्टनिधि एवं अणिमा-महिमा लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशिता, वशित्व एवं कामावशायिता रूप अष्ट सिद्धि से सेवित है, मन्त्र स्वरूप इन्द्रादि इन्द्र, अग्नि, यम, निर्ऋत, वरुण, मरुत, कुवेर, ईश, ब्रह्म अनन्त, रूप दशदिक् पाल कर्त्तृक परि रक्षित है एवं श्याम गौर, रक्त, शुक्ल वर्ण पार्षद वृन्द के द्वारा परिवृत तथा सर्वदिक् अत्याश्चर्य्य शक्ति समूह से सुशोभित हैं ।२८७। ।२९४।

"गोलोकनाम्नि निजधाम्नि तले च तस्य, देवी-महेश-हरि-धामसु तत्र तत्र ।
ते ते प्रभावनिचया विहिताश्च येन, गोविन्दमादिपुरुषं तमहं भजामि ॥" २९५॥ इति ।

व्याख्यामाह—सहस्राणि पत्राणि यत्र तत् कमलं चिन्तामणिमयं पद्मं तद्रूपम् । तच्च महत् सर्वोत्कृष्टं पदं महतो महाभगवतो वा पदं श्रीमहावैकुण्ठरूपमित्यर्थः । तत्तु नानाप्रकारमित्याशङ्क्य प्रकारविशेषत्वेन निश्चिनोति—गोकुलाख्यमिति । गोकुलमित्याख्या रूढ़िर्यस्य तत् गोगोपावासरूपमित्यर्थः, 'रूढ़िर्योगमपहरति' इति न्यायेन तस्यैव प्रतीतेः । तत एतदनुगुणत्वेनैवोत्तरग्रन्थोऽपि व्याख्येयः । तस्य श्रीकृष्णस्य धाम श्रीनन्दयशोदादिभिः सह वासयोग्यं महान्तःपुरम् । तस्य स्वरूपमाह—तदिति । अनन्तस्य श्रीबलदेवस्यांशात् सम्भवो नित्याविर्भावो यस्य तत् । तथा तन्त्रेणैतदपि बोध्यते । अनन्तोऽंशो यस्य तस्य श्रीबलदेवस्यापि सम्भवो निवासो यत्र तदिति । सर्वमन्त्रगणसेवितस्य श्रीमदष्टादशाक्षराख्य-महामन्त्रराजस्य बहुपीठस्य मुख्यं पीठमिदमेवेत्याह—'कर्णिकारम्' इति द्वयेन । 'महद्यन्त्रम्' इति यत्प्रतिकृतिरेव सर्वत्र यन्त्रत्वेन पूजार्थं लिख्यत इत्यर्थः । यन्त्रत्वमेव दर्शयति—

अनन्तर आदि गुरु श्रीकृष्ण से त्रयीविद्या प्राप्तकर श्रीकृष्ण की स्तुति श्रीब्रह्माने की उसका प्रथम श्लोक यह है—चिन्तामणि प्रकट सद्मसु कल्पवृक्षलक्षावृतेषु सुरभि रभिपालयन्तम् लक्ष्मीसहस्रशत सम्भ्रम सेव्य मानम् गोविन्दमादि पुरुषं तमहं भजामि ।५।२९।

श्रीकृष्ण धाम चिन्तामणि निर्मित गृह समूह से सुशोभित हैं, लक्ष लक्ष कल्प वृक्ष समावृत हैं, उक्त गोकुल नामक धाम में जो सुरभि पालनरत हैं, जिनकी सेवा शत शत ब्रज लक्ष्मी गण आदर पूर्वक करती रहती हैं, उन आदि पुरुष श्रीगोविन्द देवका भजन मैं करता हूँ ।५।२९। ५।४३ में उक्त हैं—

गोलोकनाम्नि निजधाम्नि तले च तस्य देवी महेश हरिधामसु तेषु तेषु,
ते ते प्रभावनिचया बिहिताश्चयेन गोविन्दमादिपुरुषं तमहं भजामि ।"

श्रीवृन्दावन का अभिन्न प्रकाश स्वरूप श्रीगोलोक धाम के क्रमशः निम्नदेश में हरिधाम, महेश्वर धाम, एवं देवीधाम बिलसित हैं, उक्त धाम समूह में एवं निजधाम में शास्त्र विहित प्रभाव का प्रकाश जो निरन्तर करते रहते हैं, मैं उन आदि पुरुष श्रीगोविन्द देव का भजन करता हूँ ।

अनन्तर 'सहस्र पत्र कमलं' इत्यादि श्लोक समूह की व्याख्या करते हैं । 'सहस्र पत्रं कमलं' सहस्र पत्र दल जिसमें हैं, इस प्रकार कमलहै । वह पद्म चिन्तामणिमय है, चिन्तामणि-सर्वाभीष्ट पूरक मणि है । श्रीवृन्दावन की भूमि चिन्तामणिमय है, उक्त भूमि को आश्रय करने से अखिल वाञ्छा पूर्त्ति होती है ।

वह महत् पद है, अर्थात् सर्वोत्कृष्ट स्थान है, अथवा महत् महा भगवान् का पद—स्थान श्रीमहा-वैकुण्ठ रूप है । महावैकुण्ठ अनेक प्रकार होने से विशेष रूपसे निश्चय करके कहते हैं, 'गोकुलाख्यं' 'गोकुल' यह आख्या ख्याति है, जिस की, अर्थात गोकुलनाम से प्रसिद्ध गो गोपावास है । इस प्रकार अर्थ-- गोकुल शब्दकी रूढ़ि वृत्ति से हुआ है, मुख्य लक्षणागुण भेद से शब्द वृत्ति त्रिविध हैं, मुख्यावृत्ति रूढ़ योग भेद से द्विविधा है, रूढ़ स्वरूप जाति एवं गुण के द्वारा निर्देशार्ह वस्तु में संज्ञा संज्ञि सङ्केत से प्रवर्त्तित होती है, उदाहरण – 'डित्थः, गौः, शुक्लः' योग—एतत्त्रिविध वृत्ति प्रतिपादित पदार्थ का प्रकृति प्रत्ययार्थ के योग से होता है । यथा—'पङ्कजं, औपगवः, पाचकः ।'

मण्डप शब्द का यौगिकवृत्ति से अर्थ है 'मण्डपायी' रूढ़ि वृत्तिसे देवगृह । मण्डप शब्दका रुढ़ि वृत्ति

षट्कोणा अभ्यन्तरे यस्य तत् 'वज्रकीजकम्', कर्णिकारे बीजरूपहीरककीलकशोभितम्। षट्कोणत्वे प्रयोजनमाह—षट् अङ्गानि यस्याः सा या षट्पदी श्रीमदष्टादशाक्षरी तस्याः स्थानम्। प्रकृतिर्मन्त्रस्य स्वरूपं स्वयमेव श्रीकृष्णः, कारणरूपत्वात्, पुरुषश्च स एव तदधिष्ठातृदेवतारूपः ताभ्यामवस्थितमधिष्ठितम्। ऋष्यादि-स्मरणे हि तथा प्रसिद्धम्। किञ्च, द्वयोरपि विशेषणं प्रेमेति। प्रेमरूपा ये आनन्दा महानन्दरसास्तत्परिपाकभेदास्तदात्मकेन, तथा ज्योतीरूपेण स्वप्रकाशेन मनुना मन्त्ररूपेण च कामबीजेनावस्थितमिति मूलमन्त्रान्तर्गतत्वेऽपि पृथगुक्तिः कुत्रचित् स्वातन्त्र्यापेक्षया। तदेवं तद्धामोक्त्वा तदावरणान्याह—तदिति। तस्य कर्णिकारस्य किञ्जल्कं किञ्जल्कास्तद्रूपनाभ्यन्तरवलय इत्यर्थः। तदंशानां तस्मिन्नंशो दायो विद्यते येषां तेषां सजातीयानां धामेत्यर्थः। गोकुलाख्यमित्युक्तेरेव तेषां तज्जातीयत्वमेवोक्तं श्रीशुकेन च (भा० १०।३६।१५)—

"एवं ककुद्मिनं हत्वा स्तूयमानः स्वजातिभिः।
विवेश गोष्ठं सबलो गोपीनां नयनोत्सवः॥"२८६॥ इति।

लब्ध अर्थ प्रसिद्ध है। गोकुल शब्द का योग वृत्ति प्रतिपादित अर्थ—गोसमूह है, किन्तु गो गोपावास रूप स्थान विशेष रूप अर्थ का लाभ रूढ़ि वृत्ति से होता है, अतएव रूढ़ि वृत्ति प्रतिपादित गोकुल शब्द का अपर अर्थ करना उचित नहीं है।

अतएव इस श्लोक के आनुगत्य से ही ब्रह्मसंहितोक्त श्लोक समूह की व्याख्या होगी, अर्थात् उक्त श्लोक समूह का तात्पर्य भी गो गोपावासरूप गोकुल में पर्य्यवसित होगा। (तद्धाम) श्रीकृष्ण का धाम,-श्रीनन्द यशोदा के सहित निवास योग्य महाअन्तःपुर।

गोकुल का स्वरूप वर्णन करते हैं, 'तदनन्तांश सम्भवम्' श्रीगोकुल—अनन्त श्रीबलदेव के अंश से सम्भूत है, अर्थात् श्रीबलदेव के अंशसे श्रीगोकुल का नित्याविर्भाव है। उभयार्थ प्रकाशक रूप तन्त्ररीति से प्रतीत होता है कि—अनन्त-अंश है जिनका, इस प्रकार श्रीबलदेवका निवास स्थान ही श्रीगोकुल नाम से प्रसिद्ध है। अर्थात् उक्त गोकुल भूमि, श्रीकृष्ण बलराम की विहार भूमि है।

निखिल मन्त्र गण सेवित श्रीदृमष्टादशाक्षर महामन्त्र राजके अनेक योग पीठ विद्यमान होने से भी, 'कर्णिकारं महद्यन्त्रं' श्लोक द्वय के द्वारा श्रीकृष्ण का मुख्य उपवेशनस्थान रूप योग पीठक वर्णन करते हैं, सहस्र दलाकृति कमल तुल्य गोकुल का कर्णिकार महद् यन्त्र है, अर्थात् जिनकी प्रतिकृति सवत्र मन्त्र रूप में लिखित है, उनकी आकृति उक्त रूप ही है, यन्त्रत्व का प्रदर्शन करते हैं, वह षट् कोण हैं, अर्थात् जिसके अभ्यन्तर में षट् कोण हैं, इस प्रकार यन्त्र उक्त षट् कोण कर्णिकार वज्र कीलक—हीरक कीलक द्वारा शोभित है, स्तम्भ को कीलक कहते हैं, "गवां गात्र कण्डुयनार्थं गोष्ठे निखातः स्तम्भः यत्र, बद्धा गौ र्दुह्यते वा"। गो समूह के गात्र कण्डुयन निमित्त, अथवा गो दोहन निमित्त गोष्ठ में प्रथित काष्ठ दण्ड की खूँटाको कीलक कहते हैं। षट् कोण को सार्थक करते हैं, षडङ्ग-षट्पदीस्थ नं' षट संख्यक अङ्ग पद है जिस का वह षट् पदी—श्रीमदष्टादशाक्षर मन्त्र, उसका स्थान। 'प्रकृत्या पुरुषेण च' पद की व्याख्या करते हैं, प्रकृतिः, मन्त्र का स्वरूप,—उक्त मन्त्रका कारण स्वरूप श्रीकृष्ण ही हैं। अतएव अष्टादशाक्षर मन्त्रकी प्रकृति श्रीकृष्ण हैं, उक्तमन्त्र देवता-श्रीकृष्ण ही हैं, अतः पुरुष श्रीकृष्ण हैं, अर्थात् जिस से मन्त्र का आविर्भाव होता है, उसे प्रकृति कहते हैं, जो मन्त्र का देवता है, अर्थात् मन्त्र का प्रतिपाद्य अथवा उपास्य है, वह मन्त्र का

तस्य कमलस्य पत्राणि श्रियां तत्प्रेयसीनां श्रीराधादीनामुपवनरूपाणि धामानीत्यर्थः। अत्र पत्राणामुच्छ्रितप्रान्तानां मूलसन्धिषु वर्त्मानि, अग्रिमसन्धिषु गोष्ठानि ज्ञेयानि। अखण्ड-कमलस्य गोकुलाख्यत्वात् तथैव समावेशाच्च। अथ गोकुलावरणान्याह—'चतुरस्रम्' इति। तस्य गोकुलस्य वहिः सर्वतश्चतुरस्रं चतुष्कोणात्मकं स्थानं श्वेतद्वीपाख्यम्। तदंशे गोकुलमिति नामविशेषाभावात्। किन्तु चतुरस्राभ्यन्तरमण्डलं वृन्दावनाख्यं वहिर्मण्डलं केवलं श्वेतद्वीपाख्यं ज्ञेयम्। गोलोक इति यत्पर्य्यायः। तदेतदुपलक्षणं गोलोकाख्यञ्चेत्यर्थः।

पुरुष होता है, यह शास्त्र नियम है। श्रीकृष्ण,—श्रीमदष्टादशाक्षर मन्त्र की प्रकृति एवं पुरुष हैं। गोकुलाख्य सहस्रदल कमल, उभय का ही अधिष्ठान है, प्रकृति पुरुष उभय का विशेषण,-'प्रेमानन्द महानन्द रसेन' प्रेम रूप जो आनन्द—महानन्द रस, प्रेमानन्द समूह ही महानन्दरस राशि है, अर्थात् प्रेमानन्द का परिपाक विशेष है। उस महानन्द रस स्वरूप में भी ज्योति रूप है, अर्थात् स्व प्रकाश मन्त्ररूप में एवं कामवीज में प्रकृति पुरुष रूप श्रीकृष्ण अवस्थित हैं।

काम वीज, मूल मन्त्रका अन्तर्भुक्त ही है, तथापि अर्थ वैशिष्ट्य हेतु उसका पृथक् उल्लेख हुआ है, अष्टादशाक्षर मन्त्र में उसका पृथक् उल्लेख उक्त वैशिष्ठ्य हेतु हुआ है। स्थल विशेष में पृथक् उल्लेख भी है, उसका कारण वीजमन्त्र स्वतन्त्र है।

श्रीकृष्ण धाम वर्णन के अनन्तर उक्त धाम का आवरण को कहते हैं, 'तत् किञ्जल्कम्' उक्त कर्णिकार का किञ्जल्क अर्थात् कर्णिकार संलग्न अभ्यन्तर वलय। तदंश-अर्थात् श्रीकृष्ण जिनके अंश दाय-विद्यमान हैं, ऐसा सजातीय गोपगणों का स्थान-धाम-वासस्थान। गोपगण-श्रीकृष्ण के सजाति हैं, उसका उल्लेख श्रीशुकदेवने किया है, भा० १०।३६।१५—

एवं ककुद्मिनं हत्वा स्तुयमानः स्व जातिभिः।
विवेश गोष्ठं सबलो गोपीनां नयनोत्सवः॥

वृष रूपी अरिष्टासुर को बध करने के पश्चात् सजाति कर्त्तृक स्तूयमान, गोपीगण का नयनानंद श्रीकृष्ण, श्रीबलदेव के सहित गोष्ठ में प्रविष्ट हुये थे।

उक्त कमल के पत्र समूह में महालक्ष्मी स्वरूपिणी श्रीकृष्ण प्रेयसी श्रीराधा प्रभृति के उपवन फल पुष्पोद्यान रूप धाम समूह हैं। उच्छ्रित पत्र समूह के प्रान्त भाग के मूल सन्धि समूह में मार्ग समूह हैं एवं अग्रिमसन्धि में गोष्ठ समूह की स्थिति है। कारण,—अखण्ड कमल का ही गोकुल नाम है, अतएव गोकुलस्य निखिल सामग्रीओं का समावेश भी उक्त कमल के विभिन्न स्थानों में है।

अनन्तर "चतुरस्र" रूप से वर्णित गोकुल के आवरण का वर्णन करते हैं, गोकुल के बाहर चतुरस्र-अर्थात् चतुष्कोणात्मक स्थलका नाम श्वेत द्वीप है। कारण,-उक्त अंश विशेष में गोकुल नाम का प्रयोग नहीं होता है। किन्तु 'चतुरस्र'के अभ्यन्तर मण्डल, वृन्दावन नामसे विख्यात है, एवं वहिर्मण्डल, श्वेतद्वीप नामसे प्रसिद्ध है। अनुसन्धान पूर्वक इस को जानना आवश्यक है।

जिसका—पर्य्याय वाचि शब्द गोलोक है, गोकुल जिसके अभ्यन्तर में है, एवम्भूत स्थान का नाम श्रीवृन्दावन है-इस प्रकार निर्देश नहीं हुआ है, यह उपलक्षण है, अर्थात् गोलोक आख्या से भी विभूषित है। क्रोड़ीकृत समस्त वहिर्मण्डल को गोलोक एवं श्वेतद्वीप नाम से जानना होगा।

तात्पर्य्य यह है कि—गो एवं गोपावास रूप सहस्र दल कमल का नाम श्रीगोकुल अथवा श्रीवृन्दावन है, एवं उक्त गोकुल का वहिर्मण्डल चतुष्कोणात्मक स्थान, एवं अभ्यन्तरस्थ रूप गोकुल—उभय समष्टिका

यद्यपि गोकुलेऽपि श्वेतद्वीपत्वमस्त्येव, तदवान्तरभूमिमयत्वात्, तथापि विशेषनाम्नाम्नातत्वात् तेनैव तत् प्रतीयत इति तथोक्तम्; किन्तु चतुरस्रेऽप्यन्तर्मण्डलं श्रीवृन्दावनाख्यं ज्ञेयम्, बृहद्वामन-स्वायम्भुवागमयोस्तथा दृष्टत्वात्। चतुर्मूर्त्तेश्चतुर्व्यूहस्य श्रीवासुदेवादिचतुष्टयस्य चतुष्कृतं चतुर्द्धा विभक्तं चतुर्धाम। किन्तु देवलीलत्वात्तदुपरिव्योमयानस्था एव ते ज्ञेयाः। हेतुभिः पुरुषार्थ-साधनैः मनुरूपैः स्वस्वमन्त्रात्मकैरिन्द्रादिभिः। श्यामैरिति चतुर्भिर्वेदैरित्यर्थः; (भा० १०।२८।१८) "कृष्णञ्च तत्र च्छन्दोभिः स्तूयमानं सुविस्मिताः" इति श्रीदशमोक्तेः। शक्तिभिरिति विमलादिभिरित्यर्थः। इयञ्च बृहद्वामनपुराणप्रसिद्धिः। यथा श्रीभगवति श्रुतीनां प्रार्थनापूर्वकानि पद्यानि—

'अनन्दरूपमिति यद्विदन्ति हि पुराविदः। तद्रूपं दर्शयास्माकं यदि देयो वरो हि नः ॥२९७॥
श्रुत्वैतद्दर्शयामास स्वं लोकं प्रकृतेः परम्। केवलानुभवानन्दमात्रमक्षरमव्ययम् ॥२९८॥
यत्र वृन्दावनं नाम वनं कामदुघैर्द्रुमैः। मनोरमनिकुञ्जाढ्यं सर्व्वर्त्तुसुखसंयुतम् ॥२९९॥
यत्र गोवर्द्धनो नाम सुनिर्झरदरीयुतः। रत्नधातुमयः श्रीमान् सुपक्षिगणसंकुलः ॥३००॥
यत्र निर्म्मलपानीया कालिन्दी सरितां वरा। रत्नबद्धोभयतटा हंसपद्मादिसङ्कुला ॥३०१॥
शश्वद्रासरसोन्मत्तं यत्र गोपीकदम्बकम्। तत्कदम्बकमध्यस्थः किशोराकृतिरच्युतः॥"३०२॥ इति।

नाम गोलोक है।

यद्यपि गोकुल में श्वेत द्वीपत्व है ही, कारण उसके अभ्यन्तर भूमिमय वह है, तथापि विशेष नाम के द्वारा वह परिचित है, अतएव पृथक पृथक् शब्दों से उक्त धाम का वर्णन हुआ है। किन्तु चतुरस्रात्मक स्थान में भी जो अन्तर्मण्डल है—उस का ही नाम श्रीवृन्दावन है।

बृहद्वामन पुराण एवं स्वायम्भुव गम में वर्णित प्रमाणों के द्वारा ही उस प्रकार निर्णय हुआ है।

गोलोक के बाहर में जो चतुष्कोण स्थान है, वह चतुर्धा विभक्त है, उस में क्रमशः श्रीवासुदेव, सङ्कर्षण, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध-मूर्त्ति चतुष्टय के धाम हैं। श्रीवासुदेवादि देवलील होने के कारण—धाम चतुष्ट्रय के उपरिभाग में व्योमयान में वे सब अवस्थित होते हैं।

उक्त चतुष्कोण स्थान—धर्म, अर्थ, काम, मोक्षरूप चतुर्विध-एवं उक्त पुरुषार्थ वस्तु समूह को प्राप्त करने के उपाय समूह द्वारा व्याप्त हैं। उसके चतुर्द्दिक में मन्त्र रूपी—अर्थात् निज निज मन्त्रात्मक इन्द्रादि दिक्पाल गण अवस्थित हैं। एवं श्याम गौर, रक्त, शुक्ल—वर्णात्मक मूर्त्तिमान् ऋक् साम, यजुः, अथर्व वेद के द्वारा सुशोभित है। मूर्तिमान् वेदादि का वर्णन भा० १०।२८।१८ में इस प्रकार है—

'कृष्णञ्च तत्र च्छन्दोभिः स्तूयमानं सुविस्मिता इति।'

श्रीशुकदेव कहे थे—'उक्त श्रीगोलोक में मूर्त्तिमान् वेदगण कर्त्तृक स्तूयमान श्रीकृष्ण का दर्शन कर गोपगण अतिशय विस्मित हुये थे।' शक्तिभिः—शब्द से विमला, उत्कर्षिणी, ज्ञाना, क्रिया, योग, प्रह्वी, सत्या, ईशाना अनुग्रह रूप शक्ति समूह को जानना होगा, उक्त शक्ति समूह के द्वारा उक्त गोलोक धाम सुशोभित है।

श्रीकृष्ण लोक की ईदृशी स्थिति वार्त्ता बृहद्वामन पुराण में प्रसिद्ध है,—श्रीभगवान् के निकट प्रार्थना पूर्वक श्रुति समूह का कथन यह है—"यदि हम सव वर प्राप्त करने के योग्य हैं, तो पूर्वतन तत्त्व विद्गण जिन को आनन्द रूप जानते हैं, उस रूप का प्रदर्शन आप करें।' यह सुनकर प्रभुने प्रकृत के

एतदनुसारेण श्रीहरिवंशवचनमप्येवं व्याख्येयम् । तद् यथाह शक्रः—

"स्वर्गादूद्ध्वं ब्रह्मलोको ब्रह्मर्षिगणसेवितः । तत्र सोमगतिश्चैव ज्योतिषाञ्च महात्मनाम् ॥३०३॥
तस्योपरि गवां लोकः साध्यास्तं पालयन्ति हि । स हि सर्व्वगतः कृष्ण महाकाशगतो महान् ॥३०४॥
उपर्य्युपरि तत्रापि गतिस्तव तपोमयी । यां न विद्मो वयं सर्व्वे पृच्छन्तोऽपि पितामहम् ॥३०५॥
गतिः शमदमाढ्यानां स्वर्गः सुकृतकर्म्मणाम् । ब्राह्म्ये तपसि युक्तानां ब्रह्मलोकः परा गतिः ।
गवामेव तु गोलोको दुरारोहा हि सा गतिः ॥"३०६॥

स तु लोकस्त्वया कृष्ण सीदमानः कृतात्मना । धृतो धृतिमता वीर निघ्नतोपद्रवान् गवाम् ॥'३०७॥ इति ।

अस्यार्थः—'स्वर्ग'-शब्देन (भा० २।५।४२)—

"भूर्लोकः कल्पितः पद्भ्यां भुवर्लोकोऽस्य नाभितः ।
स्वर्लोकः कल्पितो मूर्ध्ना इति वा लोककल्पना ॥"३०८॥

इति द्वितीयोक्तानुसारेण स्वर्लोकमारभ्य सत्यलोकपर्य्यन्तं लोकपञ्चकमुच्यते । तस्मादूद्ध्वमुपरि

परस्थित निज लोक का दर्शन कराया । वह केवल अनुभवानन्द स्वरूप एवं ब्रह्म ज्योति के अभ्यन्तर में विराजित है, जहाँ कल्प वृक्षपूर्ण निकुञ्ज शोभित सर्वर्त्तु सुखावह श्रीवृन्दावन नामक वन है । उत्तम निर्झर युक्त एवं गह्वर समन्वित रत्नधातुमय शोभा सम्पन्न उत्तम पक्षिवृन्द सङ्कुल गोवर्द्धनगिरि है, निर्मल सलिला, रत्नबद्धोभयतटा हंस-पद्म प्रभृति द्वारा सुशोभिता नदी श्रेष्ठा कालिन्दी प्रवाहिता है, निरन्तर रास रसोन्मत्त गोपी मण्डली, एवं गोपीमण्डली के मध्यस्थल में किशोराकृति अच्युत विराजित हैं । २९७-३०२।

ब्रह्म संहिता एवं वृहद् वामन पुराण के वर्णनानुसार श्रीकृष्ण लोक की विराजमानता सर्वलोकोपरिभाग में है । अतएव उस वर्णन के अनुसार ही श्रीहरिवंशस्थ वचन समूह की व्याख्या करना आवश्यक है, इन्द्र ने कहा—'ब्रह्मर्षिगण सेवित ब्रह्मलोक,--स्वर्ग लोक के ऊर्द्ध्व भाग में विराजित है । वहाँ महात्मा ज्योतिगण की एवं सोमकी गति विद्यमान है, उसके उपरिभाग में गोगण का लोक है, उसका पालन साध्यगण करते हैं ।

हे कृष्ण ! वह लोक-सर्वगत, महाकाशगत, एवं महान् है । सर्वोपरि विराजमान स्थान में भी आप की तपोमयी गति है । पितामह ब्रह्मा के निकट भी जिज्ञासु होकर हम सब उसको जानने में सक्षम नहीं हुये हैं ।

शमदमादि सम्पद् युक्त सुकृत कर्मानुष्ठानरत व्यक्तिगण-स्वर्गगमन करते हैं, ब्राह्मय तपोयुक्त व्यक्ति गण की ब्रह्म लोक प्राप्ति होती है, किन्तु गो गण की लोकगति—दुरारोहा है, वह गोलोक है । हे कृष्ण ! हे वीर ! गो गण के विघ्ननाश कर्त्ता कृतात्मा धृतिमान् आप हैं, आप के द्वारा उक्त व्यथित लोक की रक्षा होती है । (३०३--३०७)

श्लोक समूह का अर्थ इस प्रकार है—

भा० २।५।४२ के वर्णनानुसार--जानना होगा—"इनके चरण युगल के द्वारा भूर्लोक नाभिद्वारा भुवर्लोक, मस्तक के द्वारा स्वर्गलोक कल्पित है, इस प्रकार लोक की कल्पना है ।" यहाँ के स्वर्ग शब्द से स्वर्ग लोक से आरम्भ कर सत्य लोक पर्य्यन्त लोक पञ्चक को जानना होगा । पृथिवी लोक, अन्तरीक्ष लोक, स्वर्ग लोक, महर्लोक, जन लोक, तपो लोक, सत्य लोक—उपर्य्युपरि वर्त्तमान सप्त लोक हैं, अतल, वितल, सुतल; रसातल, तलातल, महातल, पाताल, सप्तलोक अधोऽधः विद्यमान हैं, लोक समष्टि चतुर्दश

ब्रह्मलोको ब्रह्मात्मको लोको वैकुण्ठाख्यः, सच्चिदानन्दरूपत्वात्, ब्रह्मणो भगवतो लोक इति वा, (भा०१०।२८।१७) "ददृशुर्ब्रह्मणो लोकं यत्राक्रूरोऽध्यगात् पुरा" इति श्रीदशमात्। एवं द्वितीये (भा० २।५।३९) "मूर्द्धभिः सत्यलोकस्तु ब्रह्मलोकः सनातनः" इति टीका च--"ब्रह्मलोको वैकुण्ठाख्यः, सनातनो नित्यः, न तु सृज्यप्रपञ्चान्तर्वर्त्तीत्यर्थः" इत्येषा। ब्रह्माणि मूर्त्तिमन्तो वेदाः, ऋषयश्च श्रीनारदादयः, गणाश्च श्रीगरुड़विष्वक्सेनादयः, तैर्निषेवितः। एवं नित्याश्रितानुक्त्वा तद्गमनाधिकारिण आह। तत्र ब्रह्मलोके उमया सह वर्त्तत इति सोमः श्रीशिवस्तस्य गतिः,(भा० ४।२४।२९)

"स्वधर्म्मनिष्ठः शतजन्मभिः पुमान्, विरिञ्चतामेति ततः परंहि माम्।
अव्याकृतं भागवतोऽथ वैष्णवं, पदं यथाहं विबुधाः कलात्यये।।" ३०९।।

इति चतुर्थे श्रीरुद्रगीतात्; सोमेति 'सुपां सुलुक' इत्यादिना षष्ठ्या लुक् छान्दसः। तत उत्तरत्रापि गतिपदान्वयः। ज्योतिर्ब्रह्म तदैकात्म्यभावानां मुक्तानामित्यर्थः। न तु

भुवन हैं। उसके मध्य में स्वर्गादि लोक पञ्चक स्वर्ग शब्द से अभिहित हैं। उक्त स्वर्ग शब्दाभिहित लोक पञ्चक के उपरिभाग में स्थित ब्रह्मलोक है। उक्त लोक ब्रह्मात्मक होने के कारण सच्चिदानन्दात्मक है। उसका अपर नाम वैकुण्ठ है। किंवा ब्रह्म लोक शब्द का अर्थ—ब्रह्म भगवान् उनका लोक ब्रह्म लोक है।

भा० १०।२८।१७ में वर्णित है, "ददृशु र्ब्रह्मणो लोकं यत्र क्रूरोऽध्यगात् पुरा" जहाँ पर अक्रुर स्तव किए थे, वहाँ व्रजवासि गोपगण ब्रह्मलोक दर्शन किए थे।" इस प्रकार भा० २।५।३९ में उक्त है,—मूर्द्धभिः सत्य लोकस्तु ब्रह्मलोकः सनातनः। स्वामिकृत टीका ब्रह्मोलोक वैकुण्ठाख्य सनातन—नित्य है, किन्तु प्रपञ्चान्तर्वर्त्ती सृज्य पदार्थ के समान अनित्य नहीं है।।

ब्रह्माणि—मूर्त्तिमन्त वेद समूह, उक्त ब्रह्मलोक ऋषि गण द्वारा संवृत है। ब्रह्म-मूर्त्तिमान् वेद समूह, ऋषि—नारदादि, गण-गरुड़ विष्वक्सेन प्रभृति के द्वारा, इन सबों से संवृत—निषेवित हैं। इस प्रकार निरन्तर निवास रत व्यक्ति गण का संवाद कहने के पश्चात् गमनाधिकार अर्जन पूर्वक जो लोक वहाँ पर जाते हैं, उन सब का उल्लेख करते हैं। उमा—पार्वति, उनके सहित-सोम-श्रीशिव-वहाँ पर जा सकते हैं। भा० ४।२४।२९ में उक्त है।

"स्वधर्मनिष्ठः शतजन्मभिः पुमान् विरिञ्चतामेति ततः परं हि माम्।
अव्याकृतं भागवतोऽथ वैष्णवं, पदं यथाहं विबुधाः कलात्यये।।"

स्वधर्म निष्ठ व्यक्तिगण शतजन्म स्व धर्मानुष्ठान करने पर विरिञ्चिलोक प्राप्त करते हैं, उस से अधिक पुण्य अर्जित होने से शिव लोक को प्राप्त करते हैं, भागवत गण—देहान्त होने पर प्रपञ्चातीत वैष्णव लोक प्राप्त करते हैं। जिस प्रकार मैं रुद्र होकर आधिकारिक देववत् वर्त्तमान हूँ। आधिकारिक देवगण कलात्यय होने से अर्थात् अधिकार समाप्त होने से लिङ्गभङ्ग के पश्चात् उक्त स्थान को प्राप्त करते हैं।

रुद्र गीत में यह कथन है। 'सोमगति' पद में सोमस्यगतिः, षष्ठी विभक्ति का लोप—'सुपां सुलुक' सूत्र से हुआ है। छन्दः के अनुरोध से वैसा हुआ है। ब्रह्म लोक में गमनाधिकारी का विवरण वर्णित होने के कारण 'पद पर' के सहित 'गति' शब्द का भी अन्वय करना होगा। 'ज्योतिः' शब्द का अर्थ 'ब्रह्म' है, उन ब्रह्म के सहित जिन्होंने एकात्मभाव को प्राप्त किया है। उस प्रकार मुक्तगण वहाँ जा सकते हैं।

तादृशानामपि सर्व्वेषामेवेत्याह--महात्मनां महाशयानां मोक्षनिरादरतया भजतां श्रीसनकादितुल्यानामित्यर्थः (भा० ६।१४।५) —

"मुक्तानामपि सिद्धानां नारायणपरायणः।
सुदुर्लभः प्रशान्तात्मा कोटिष्वपि महामुने ॥" ३१०॥

इत्यादौ, (गी० ६।४७)—

"योगिनामपि सर्व्वेषां मद्गतेनान्तरात्मना।
श्रद्धावान् भजते यो मां स मे युक्ततमो मतः॥" ३११॥

इत्यादावपि तेष्वेव महत्त्वपर्य्यवसानात्। तस्य च ब्रह्मलोकस्योपरि सर्व्वोर्द्ध्वप्रदेशे गवां लोकः श्रीगोलोक इत्यर्थः। तञ्च श्रीगोलोकं साध्या अस्माकं प्रापञ्चिकदेवानां प्रसादनीया मूलरूपा नित्यतदीयदेवगणाः पालयन्ति, तत्र दिक्पालत्वेनावरणरूपा वर्त्तन्ते, (ऋग्वेद० १०।९०।१६) "ते ह नाकं महिमानः सचन्तः; यत्र पूर्व्वे साध्याः सन्ति देवाः" इति श्रुतेः,

उक्त मुक्त वर्ग समूह का गमनाधिकार वहाँ पर है ऐसा नहीं, किन्तु 'महात्मनां' महाशयगण वहाँ पर जाते हैं, अर्थात् मोक्ष को अनादर पूर्वक भक्तचनुष्ठान के द्वारा जो लोक श्रीकृष्ण भजन करते हैं, सनकादि तुल्य व्यक्ति गण ही वहाँ के गमनाधिकारी हैं। भा० ६।१४।५ में वर्णित है "मुक्तोनामपि सिद्धानां नारायण परायणः, सुदुर्लभः प्रशान्तात्मा कोटिष्वपि महामुने" हे महामुने ! असंख्य मुक्त एवं सिद्ध गणों के मध्य में भी नारायण परायण प्रशान्तात्मा मुनिगण अत्यन्त दुर्लभ हैं। अर्थात् असंख्य जीवन्मुक्त एवं सिद्धमुक्तगणों के मध्य में नारायण परायण व्यक्ति सुदुर्लभ है। भा० १०।९।२१ में उक्त है, 'नायं सुखापो भगवान्' भगवान् गोपिकासुत को मुक्त गण उपादेय नहीं मानते हैं। भा० ५।६।१८ में वर्णित है 'मुक्तिं ददाति कर्हिचित् स्म न भक्ति योगम्" भगवान् मुक्ति दान करते हैं, किन्तु भक्ति दान सहसा नहीं करते हैं कारण वे लोक प्रशान्तात्मा हैं, जिनकी प्रकृष्ट भगवत्तत्त्वनिष्ठा वरिष्ठा है।

भगवान् ने भा० ११।१९।३६ में शमो मन्निष्ठता बुद्धे' कहा है।

मुझ में निष्ठा प्राप्त बुद्धि का नाम ही 'शम' है। यहाँ मुक्तानां—शब्द से जानना होगा कि—प्राकृत शरीरस्थ होकर भी उसमें अभिमान शून्य व्यक्तिगण हैं। सिद्ध शब्दसे जानना होगा, जिन्होंने सालोकादि लाभ किया है, इस प्रकार कोटि कोटि व्यक्तियों के मध्य में नारायण सेवा मात्राकाङ्क्षी व्यक्ति सुदुर्लभ है। कारण वह प्रशान्तात्मा है, अर्थात् सर्वोपद्रवरहित है। गीता के ६।४७ में उक्त है—

'योगिनामपि सर्वेषां मद्गतेनान्तरात्मना
श्रद्धावान् भजते यो मां समे युक्ततमो मतः।'

समस्त योगिगणों के मध्य में श्रद्धा पूर्वक मद् गतचित्त होकर जो व्यक्ति मेरा भजन करता है, वह योगि श्रेष्ठ है। वह ही मेरा अभिमत है। उक्त वाक्य समूह पर्य्यालोचन से प्रतीत होता है कि—जो व्यक्ति मोक्ष को तिरस्कार कर श्रीकृष्ण भजन करते हैं, वे ही महान् हैं।

उस ब्रह्म लोक के उपरिभाग में अर्थात् सर्वोर्द्ध्व प्रदेश में गोसमूह का लोक श्रीगोलोक है। 'साध्यास्तंपालयन्ति हि' वाक्य का अर्थ करते हैं, वह गोलोक—हम सब प्रापञ्चिक इन्द्रादि देवगण का प्रसादनीय मूल रूप है।

"तत्र पूर्व्वे ये च साध्या विश्वेदेवाः सनातनाः । ते ह नाकं महिमानः सचन्तः शुभदर्शनाः ॥" ३१२॥

इति महावैकुण्ठवर्णने पाद्मोत्तरखण्डाच्च । यद्वा, (भा० १०।१४।३४) "तद्भूरिभाग्यमिह जन्म किमप्यटव्यां यद्गोकुलेऽपि" इत्याद्युक्त्यनुसारेण तद्विधपरमभक्तानामपि साध्या स्तादृशसिद्धिप्राप्तये प्रसादनीयाः श्रीगोपगोपीप्रभृतयः, तं पालयन्ति, अधिकृत्य भुञ्जन्ति, हि प्रसिद्धौ, स श्रीगोलोकः सर्वगतः श्रीकृष्णवत् सर्वप्रापञ्चिकाप्रापञ्चिक-वस्तुव्यापकः । अतएव महान् भगवद्रूप एव, (कठ० २।१।४) "महान्तं विभुमात्मानम्" इति श्रुतेः । तत्र हेतुः--

अर्थात् ब्रह्माण्डस्थ दिक् पालगण—जीव तत्त्व होते हैं । वे सब साधन द्वारा देवत्व प्राप्त करते हैं, श्रीगोलोकस्थ दिक् पाल गण नित्यसिद्ध हैं अर्थात् भगवत् परिकर हैं ।

जीव जब साधन के बलसे देव स्वरूप प्राप्त कर प्रापञ्चिक दिक् पाल होता है, तब श्रीगोलोकस्थ दिक् पालगणों की शक्ति—प्रापञ्चिक दिक् पाल में सञ्चारित होती है, उक्त शक्ति समन्वित होकर निजाधिकार रूप दिक् पालत्वकार्य्य निर्वाह प्राकृत दिक् पालगण करते हैं, इस अभिप्राय से ही इन्द्र ने कहा है श्रीगोलोक के दिक् पाल गण हमारे प्रसादनीय हैं ।

श्रीगोलोक सम्बन्धीय देवगण ही श्रीगोलोक का पालन करते हैं, तत्रत्य दिक्पाल होने के कारण वे सब श्रीगोलोक के आवरण रूप में स्थित होते हैं । इस विषय में श्रुति प्रमाण इस प्रकार है—"तत्र पूर्वे ये च साध्या विश्वेदेवाः सनातनाः । तेह नाकं महिमानः सचन्तः शुभदर्शनाः ।"

"पूर्व सिद्ध महिमान्वित देवगण—दुःखास्पृष्ट सुखमय श्रीकृष्ण स्थानकी सेवा करके अवस्थित हैं ।' पाद्मोत्तर खण्ड में भी वर्णित है—नित्यसिद्ध—उपासना द्वारा प्रसादनीय, सनातन विग्रह, शुभदर्शन विश्व-देवगण महिमान्वित होकर श्रीगोलोक की सेवा करते हैं ।" श्रीमद् भागवत के १०।१४।३४ में वर्णित है । "तद् भूरि भाग्यमिह जन्म किमप्यटव्यां यद् गोकुलेऽपि" इस ब्रह्मा की उक्ति के अनुसार 'साध्य' शब्द से श्रीगोप गोपीगण का बोध ही होता है, श्रीब्रह्माने श्रीकृष्ण को कहा है—"हे भगवन् ! परमेष्ठि जन्म प्राप्त कर मैं अपने को अधन्य मानता हूँ, उस दिन मैं अपने को कृतार्थ मानूँगा, जिस दिन इस गोकुल के गभीर अरण्य में जिस किसी प्रकार तृण गुल्मादि जन्म मेरा होगा, उस से मैं किसी व्रजवासि की चरणरेणु से अभिषिक्त हो जाऊँगा ।" उक्त प्रार्थना के अनुसार प्रतीत होता है—व्रजके गोप गोपीगण—ब्रह्मादि देवगणों के आराध्य हैं, वे सब ही गोकुल रक्षक हैं, सुतरां गोकुल के पालन कारी साध्यगण व्रजवासी गोपगोपी हैं ।

'तं पालयन्ति' गोलोक का पालन करते हैं, अर्थात् व्रजवासी गोपगोपीगण श्रीगोलोक को अधिकार कर भजन करते हैं, 'हि' शब्द प्रसिद्धार्थक है,– "स हि सर्वगतः" वह गोलोक सर्वगत है, श्रीकृष्णके समान प्रापञ्चिक अप्रापञ्चिक निखिल वस्तु को प्राप्त कर अवस्थित है । अतएव सर्व व्यापकता हेतु यह श्रीगोलोक 'महान्' है । अर्थात् श्रीभगवत् स्वरूप से अभिन्न हैं, 'महान्' शब्द भगवत् वाचक है—उसका प्रमाण-यह श्रुति है—"महान्तं विभुमात्मानं मत्वाधीरो न शोचति" (कठ द्वितीय वल्ली २२)

महान् विभु आत्मा को जानकर सुधी व्यक्ति कदापि दुःख प्राप्त नहीं करता है । यहाँ पर महान् शब्द से श्रीभगवान् अभिहित हुये हैं ।

श्रीगोलोक भगवत् स्वरूप से अभिन्न है, उसका कारण निर्देश करते हैं, वह महाकाश—परव्योम नाम से विख्यात है । गोलोक का विशेषण 'ब्रह्म' है, स्वर्गादूद्धर्व ब्रह्म लोक कहा गया है । उसका अर्थ यह है, जो ब्रह्म है, वह ही लोक है, उससे श्रीकृष्ण लोक की विभुता एवं भगवत् स्वरूपता सिद्ध होती है। महाकाश शब्दसे भी श्रीगोलोक की भगवत् स्वरूपता सुव्यक्त होती है । कारण महाकाश शब्द से भगवान्

महाकाशः परमव्योमाख्यं ब्रह्मविशेषणलाभात् (ब्र० सू० १।१।२२) 'आकाशस्तल्लिङ्गात्" इति न्यायप्रसिद्धेश्च, तद्गतः, ब्रह्माकारोदयानन्तरमेव वैकुण्ठप्राप्तेः, यथा श्रीगोपानां वैकुण्ठ-दर्शने तैरेव व्याख्यातम् । यथा वा श्रीमदजामिलस्य वैकुण्ठगमनम्, यद्वा, महाकाशः परम-व्योमाख्यो महावैकुण्ठस्तद्गतस्तदूद्ध्र्वभागे स्थितः। एवं उपर्य्युपरि सर्वोपर्य्यपि विराजमाने तत्र श्रीगोलोकेऽपि तव गतिः। नानारूपेण वैकुण्ठादौ क्रीड़तस्तव तत्रापि श्रीगोविन्दरूपेण

श्रीगोलोक की भगवत् स्वरूपता सुव्यक्त होती है, कारण, आकाश शब्द से भगवान् का ही बोध होता है, ब्रह्म सूत्र १।१।२२ 'आकाशस्तल्लिङ्गात्' में सुमीमांसित हुआ है।

सर्वाणि ह वा इमानि भूतानि आकाशादेव समुत्पद्यन्ते, आकाशं प्रत्यन्तं यान्त्याकाशः, परायण मित्ति—दृश्यमान भूत प्रपञ्च आकाश से उत्पन्न है, आकाश में लीन होता है, एवं आकाश में ही अवस्थित है, श्रुत्युक्त आकाश शब्द से प्रसिद्ध भूताकाश का ग्रहण होगा अथवा ब्रह्म का ? उत्तर में कहते हैं-"ब्रह्मैव स न वियत्। कुतः तल्लिङ्गात्। सर्वभूतोत्पादनत्वादि लक्षण ब्रह्मलिङ्गादित्यर्थः।' एतदुक्तं भवति। सर्वाणीत्यसङ्कुचित सर्व शब्दाद्वियत् सहित सर्वभूतोत्पत्ति हेतुत्वमवगतम्। न च वियत् पक्षे सम्भवेत् स्वस्य स्व हेतुत्वाभावात्। आकाशादेव—इत्येवकारेण हेत्वन्तरञ्च निरस्तम्। एतदपि नतत्पक्षे। मृदादेर्घटादि हेतोर्दृष्टत्वात्। ब्रह्म पक्षे तु सङ्गतिमत् तस्यैव सर्वशक्तिमतः सर्व स्वरूपत्वात्। यद्यप्याकाश शब्दस्तत्र रूढ़ स्तथापि श्रौत रूढ़ितो ब्रह्मणि प्रयुज्यते, बलिष्ठत्वादिति।

आकाश ब्रह्म हैं, कारण, ब्रह्म ही सर्वभूतोत्पत्ति, लय, स्थिति का स्थान है। सुतरां श्रीकृष्ण लोक को महाकाश कहने से वह भगवत् स्वरूप ही है। तद्गतः—महाकाशगतः। श्लोक में उक्त है—"महाकाशो गतो महान्" महान्—भगवत् स्वरूप, श्रीकृष्ण लोक—महाकाशगत—अर्थात् महाकाश प्राप्त। पहले कहा गया है, महाकाश—शब्द का अर्थ—ब्रह्म है। "तद् गतः" ब्रह्माकारोदय के पश्चात् वैकुण्ठ लोक प्राप्ति होती है, तज्जन्य श्रीकृष्ण लोक को महाकाशगत कहा गया है, ब्रह्माकारोदय के पश्चात् वैकुण्ठ प्राप्ति होती है, वह प्रसङ्ग—गोपगणों के वैकुण्ठ दर्शन प्रसङ्ग में श्रीधर स्वामिपाद की टीका में है, इस का अपर दृष्टान्त श्रीमद् अजामिल का वैकुण्ठ दर्शन है। भा० १०।२८।१५ में उक्त है।

"सत्यं ज्ञानमनन्तं यद् ब्रह्म ज्योतिः सनातनम्।
यद्धि पश्यन्ति मुनयो गुणपाये समाहिताः।"

स्वामि टीका—"देहादि पिहितानां दर्शनमशक्यमिति प्रथमं देहादि व्यतिरिक्तं ब्रह्म स्वरूपं दर्शयामास। तदाह—सत्यमिति-सत्यं अबाध्यं। ज्ञानं अजड़म्, अनन्तं अपरिच्छिन्नं, ज्योतिः, स्व प्रकाशं। सनातनं—शश्वत् सिद्धं ब्रह्म-गुणापाये—गुणापोहे—ज्ञानिनो यत् पश्यन्ति, तत् कृपयैव दर्शयामास॥" देहादि में आच्छन्न बुद्धि विशिष्ट व्यक्ति भगवद्धामदर्शन में असमर्थ है, इस को दर्शाने के निमित्त देहादि व्यतिरिक्त ब्रह्म स्वरूप को दिखाये थे।

विष्णुदूतगण के सङ्ग प्रभाव से अजामिल का निर्वेद उपस्थित होने पर पुत्रादि को परित्याग पूर्वक अजामिल गङ्गातीर में उपस्थित हुये थे। वहाँ एक स्थान में उपवेशनकर योग धारणा किये थे। अनन्तर देह सङ्ग से मुक्त होकर समाधि के द्वारा अनुभवात्मक भगवत् स्वरूप में सत्तामात्र ब्रह्म में मनो-योग किये थे।

अनन्तर—यर्ह्युपारत धीस्तस्मिन्नद्राक्षीत् पुरुषान् पुरः।
उपलभ्योपलब्धान् प्रागवन्दे शिरसा द्विजः॥

ब्रह्म में बुद्धि स्थैर्य्य लाभ के पश्चात् अजामिल ने पूर्व दृष्ट पुरुष विष्णुदूतगण को अवनत मस्तक

क्रीड़ा विद्यत इत्यर्थः । अतएव सा च गतिः साधारणी न भवति, किन्तु तपोमयी अनवच्छिन्नैश्वर्य्यमयी, 'परमं यो महत्तपः' इत्यत्र सहस्रनामभाष्येऽपि तपः-शब्देन तथैव व्याख्यातम् । अतएव ब्रह्मादिदुर्व्वितर्क्यत्वमप्याह— यामिति । अधुना तस्य गोलोकेत्याख्या-बीजमभिव्यञ्जयति—गतिरिति । ब्राह्मये ब्रह्मलोकप्रापके तपसि विष्णुविषयकमनः प्रणिधाने युक्तानां रतचित्तानां प्रेमभक्तानामित्यर्थः । ब्रह्मलोको वैकुण्ठलोकः, परा प्रकृत्यतीता, गवाम्

के द्वारा प्रणाम किया ।

पश्चात्—हित्वा कलेवरं तीर्थे गङ्गायां दर्शनादनु ।
सद्यः स्वरूपं जगृहे भगवत् पार्श्ववर्त्तिनाम् ॥

अनन्तर गङ्गामें देह त्याग पूर्वक सद्यः भगवत् पार्षद स्वरूप प्राप्त किया । अतः पर—

'साकं विहायसा विप्रो महापुरुषकिङ्करैः ।
हैमं विमानमारुह्य ययौ यत्र श्रियः पतिः ॥'

महापुरुष श्रीहरि के किङ्करगण के सहित सुवर्ण मण्डित रथ में आरोहण पूर्वक जहाँ श्रीपति विराजित हैं, वहाँ उपस्थित हो गया । इस में ब्रह्म साक्षात्कार के बाद श्रीभगवद्धाम प्राप्त की कथा सुस्पष्ट रूप से वर्णित है ।

अथवा,—महाकाश,—शब्द से परमव्योम नामक महावैकुण्ठ को जानना होगा, तद् गतः-उक्त वैकुण्ठ के ऊर्द्धवभाग में अवस्थित । "उपर्य्युपरि तत्रापि गतिस्तव तपोमयी" इस प्रकार उपर्य्युपरि सर्वोपरि भाग में अवस्थित होने पर भी श्रीगोलोक में ही आप की गति—अवस्थिति है । हे कृष्ण । विभिन्न रूप में आप वैकुण्ठ प्रभृति में क्रीड़ा करते रहते हैं, आपकी क्रीड़ा श्रीगोलोक में भी श्रीगोविन्द रूप में विद्यमान है । अतएव उक्त गति साधारणी नहीं है, किन्तु तपोमयी है, अर्थात् अनवच्छिन्न ऐश्वर्य्यमयी है । 'तपः' शब्द का अर्थ—ऐश्वर्य्य है, इस में आश्चर्य्य कुछ नहीं है । श्रीआचार्य शङ्कर ने विष्णुनामस्तोत्रस्थ 'तपः' का अर्थ ऐश्वर्य्य ही किया है । "परमं यो महत्तेजः परमं यो महत्तपः ।
परमं यो महद्ब्रह्म परमं यः परायणम् ॥"

श्रीयुधिष्ठिर का प्रश्न यह था—भूतसमूह की परमागति कौन है ? उत्तर में श्रीभीष्मदेव ने कहा,-जो परम महत्तेज, जो परम महत्तप, एवं जो सब का एकमात्र आश्रय हैं; वह देवाधिदेव ही सर्व भूतों की परमा गति हैं । आचार्य श्रीशङ्कर कृत टीका—"तपस्यत्यैश्वर्य्यमनवच्छिन्नमिति महत्त्वं । एष सर्वेश्वर इत्यादि श्रुतेः ।" यहाँ 'तपः' शब्द का अनवच्छिन्न ऐश्वर्य्य अर्थ किया गया है ।

अनन्तर "यां न विद्मो वयं सर्वे पृच्छन्तोऽपि पितामहम्" वाक्य का अर्थ करते हैं, उक्त गति अनवच्छिन्न ऐश्वर्य्यमयी होने के कारण—ब्रह्मादि का भी बोधगम्य नहीं है । इस को व्यक्त करने के निमित्त कहा है—पितामह को जिज्ञासा कर के भी आप की तपोमयी गति—अर्थात् क्रीड़ा को जानने में असमर्थ हूँ ।

सम्प्रति श्रीकृष्ण लोक गोलोक नाम से प्रसिद्ध है, उसका कारण को कहते हैं—"गतिः शमदमाढ्यानां" शमदमादि युक्त पुण्यात्मा व्यक्ति गण स्वर्ग लोक गमन करते हैं, ब्राह्मय तपस्यायुक्त व्यक्तिगण ब्रह्म लोक प्राप्त करते हैं, किन्तु गो गणों का लोक— दूरारोह है, इस वाक्य का अर्थ यह है,—ब्राह्मये-ब्रह्म धाम प्रापक,—तपस्या—विष्णु विषयक मनोऽभिनिवेशयुक्त चित्त वृत्ति विशिष्ट प्रेमवान् भक्तगण -श्रीहरि में अभिनिविष्ट चित्त होकर ब्रह्म लोक में—वैकुण्ठ लोक में—परा—प्रकृत्यतीता गति प्राप्त करते

(भा० १०।३५।२५) "मोचयन् व्रजगवां दिनतापम्" इत्युक्तानुसारेण तत्रैव 'निघ्नतोपद्रवान् गवाम्' इत्युक्त्या च। गोकुलवासिमात्राणां स्वतस्तद्भावभावितानाञ्च साधनवशेनेत्यर्थः। अतएव तद्भावस्यासुलभत्वात् दुरारोहा। तदेवं गोलोकं वर्णयित्वा तस्य गोकुलेन सहाभेदमाह—स त्विति। स तु स एव लोको गोलोको धृतो रक्षितो गोवर्द्धनोद्धरणेन। यथा मृत्युञ्जयतन्त्रे—

"एकदा सान्तरीक्षाच्च वैकुण्ठं स्वेच्छया भूवि। गोकुलत्वेन संस्थाप्य गोपीमयमहोत्सवा।
भक्तिरूपा सतां भक्तिमुत्पादितवती भृशम् ॥"३१३॥ इति।

हैं। गो समूहों का लोक होने के कारण—श्रीकृष्ण लोक का नाम गोलोक है। गो समूह का निवास हेतु श्रीगोलोक ख्याति उक्तलोक की होने पर भी वहाँ पर गोप गोपी प्रभृति की अवस्थिति है, उस को दर्शाने के निमित्त भा० १०।३५।२५ पद्य को लिखते हैं—'मुदित वक्त्र उपयाति दुरन्तं।
मोचयन् व्रजगवां दिनतापम् ॥'

प्रफुल्ल वदन श्रीकृष्ण,—व्रजस्थ हम सब का दिवस गत—श्रीकृष्ण विरह जनित-तापोपशम करने के निमित्त सम्मुख में आ रहे हैं। इस श्लोक की टीका में श्रीस्वामि पाद ने 'व्रज गवां' का अर्थ—अस्माकम्' 'हम सब का' तापापनोदन किया है। एवं श्रीहरिवंशोक्त "निघ्नतोपद्रवान् गवां" उक्ति के अनुसार निखिल गोलोक वासियों की स्थिति—सर्वोद्धर्व लोक में है।

"निघ्नतोपद्रवान् गवाम्" वाक्य गोवर्द्धन धारण लीलाका स्मारक है, व्रजवासिगण की रक्षा करने के निमित्त गोवर्द्धन धारण श्रीकृष्णने किया था, केवल गोरक्षा के निमित्त नहीं। सुतरां 'गवां' पदसे निखिल गोलोक वासियों का बोध होता है। स्वतः गोलोकवासियों के भावविभावित जनगण भी गोलोक गमन करते हैं।

अतएव गोलोक वासी भगवत् परिकर गण, एवं तादृश भाव सम्पन्न व्यक्ति गण की स्थिति गोलोक में होती है। उक्त गोकुल जातीय भाव अति दुर्लभ होने के कारण—अन्य व्यक्ति का एवं वैकुण्ठ पर्य्यन्त गमनाधिकारी व्यक्ति का वह गोलोक सुदुर्ल्लभ है। अतएव दुरारोहा कहा गया है।

स्वतस्तद् भाव भावित कहने का अभिप्राय यह है कि—रागानुगीय भक्त गण की श्रीव्रजगति होती है, इष्टे स्वारसिकीरागः परमाविष्टता भवेत् तन्मयी या भवेद् भक्तिः सात्र रागात्मिकोदिता, तदनुगता भक्ति ही रागानुगा है, विधिमार्ग भजन से व्रज में श्रीकृष्ण प्राप्ति नहीं होती है। "गाढ़ लौल्यैकलभ्या" सुतीव्र लालसा से ही व्रजभावानुगत्य होता है। स्वतस्तद् भावभावित पद के द्वारा उसकी सूचना हुई है। रागानुगा मार्गानुरत साधक गण ही व्रज प्राप्ति के अधिकारी हैं। व्रज वासियों के भाव माधुर्य्य श्रवण से जिनके चित्त में व्रजभाव प्राप्त करने का लोभोदय होता है, वे सब जन व्रजजनानुगत्य से श्रीकृष्ण भजन करते हैं। अर्थात् निजाभीष्ट श्रीकृष्ण की तादृश परिकर गण के सहित जो लीला होती है, उस के श्रवण कीर्त्तन से चित्त, व्रज परिकर गण के भाव से आक्रान्त होता है। अतएव व्रजवासियों के भावसे चित्त विभावित होने के निमित्त लोभ ही एक मात्र हेतु है, वह लोभ स्वतः उत्पन्न होता है। लोभोत्पत्ति के निमित्त अपर कर्त्तृक उपदेश की अपेक्षा नहीं है। इस को ही 'स्वतस्तद् भावभावित' शब्दसे कहा गया है।

स्वर्गस्थागङ्गा का मर्त्यलोक में अवतरण के समान ही यदृच्छा क्रम से भक्त के हृदयानुसरण से प्रेमाविर्भाव होता है। जगत् में धारणा यह है कि—जीव हृदय में पत्नी पुत्र के प्रति प्रीति रूप में प्रेम नित्य सिद्ध है, साधन के द्वारा उस प्रेम को श्रीकृष्ण में स्थापन करना ही कृष्ण प्रेम है। इस प्रकार सिद्धान्त

अत्र शब्दसाम्यभ्रमप्रतीतार्थान्तरे 'स्वर्गादूर्द्ध्वं ब्रह्मलोकः'' इत्ययुक्तम् । लोक त्रयमति-क्रम्योक्तेः । तथा सोमगतिरित्यादिकं न सम्भवति, यतो ध्रुवलोकादधस्तादेव चन्द्रसूर्य्यादीनां गतिर्महर्लोकेऽपि न वर्त्तते । तथाऽवरसाध्यगणानां तुच्छत्वात् सत्यलोकस्यापि पालनं नोपयुज्यते, कुतस्तदुपरिलोकस्य श्रीगोलोकाख्यस्य तथा सर्व्वगतत्वं चासम्भाव्यं स्यात् ? अतएव तत्रापि तव गतिरित्यपि शब्दो विस्मये प्रयुक्तः । 'यां न विद्मः' इत्यादिकञ्च, अन्यथा तथोक्तिर्न सम्भवति,--स्वेषां ब्रह्मणश्च तदज्ञानज्ञापनात् । तस्मात् प्राकृतगोलोकादन्य एवासौ सनातनो गोलोको ब्रह्मसंहितावत् श्रीहरिवंशेऽपि परोक्षवादेन निरूपितः । एवञ्च नारदपञ्चरात्रे विजयाख्याने—

भ्रमात्मक है । स्त्री पुत्र प्रीति मायिक रजोधर्म है, श्रीकृष्ण प्रेम शुद्ध सत्त्वात्मक चिन्मय वस्तु है । जहाँ प्रेम है, वहाँ श्रीकृष्ण का आविर्भाव है । ऐसा होने से जीव का कृष्ण वैमुख्य होता ही नहीं भगवदवतार होना एव लोकशिक्षार्थ शास्त्र प्रणयन भी व्यर्थ होता ।

कृष्ण प्रेम को जो लोक पुरुषार्थ मानते हैं, वे सब प्रेमभक्त नाम से अभिहित होते हैं, प्रेम प्राप्ति ही जिनका लक्ष्य है कृष्ण प्राप्ति नहीं, वे सब प्रेमभक्त होते हैं, कारण—कृष्ण प्राप्ति पुरुषार्थ में कृष्ण प्राप्ति की निश्चयता नहीं है, किन्तु श्रीकृष्ण प्रेम प्राप्ति पुरुषार्थ से श्रीकृष्ण प्राप्ति सुनिश्चित है । 'भक्तिवशः पुरुषः' श्रीभगवान् भक्तिवश हैं । अतएव भगवद् भक्त वर्ग से प्रेम भक्तका अधिकार अत्यधिक है । तादृश प्रेमभक्त व्यक्ति व्रज प्रेम लाभ न करने पर व्रज प्राप्ति उनकी नहीं होती है ।

प्रेमका आलम्वन, विषय एवं आश्रय भेद से द्विविध हैं । श्रीभगवान् विषय हैं, भक्त आश्रय हैं । जो व्यक्ति--जिस भगवत् स्वरूप के प्रेम को साध्य मानकर भजन करता है । वह उक्त भगवद् धाम प्राप्त करने का अधिकारी होता है । श्रीव्रजेन्द्रनन्दन जिनका प्रेम का विषय हैं, वे सब ही व्रजवासी होने के अधिकारी हैं । अपर व्यक्ति व्रज प्राप्ति का अधिकारी नहीं हैं । व्रज परिकर एवं उनके अनुगत जन व्यतीत अपर के पक्ष में व्रज लाभ सम्भव नहीं है । वैकुण्ठ नाथ के भक्त की कथा दूर है । वैकुण्ठ पार्षद—तथा वैकुण्ठेश्वरी का वृन्दावन लीला में प्रवेशाधिकार नहीं है । तज्जन्य ही कहा गया है कि गोलोक गति-अपर के पक्ष में दुरारोहा है ।

उक्त रूप से श्री गोलोक की वर्णना करने के पश्चात् पृथिवीस्थ गोकुल वृन्दावन की वर्णना उस के सहित अभिन्न रूप से करते हैं, ''सतु लोकः'' 'तु' शब्द का अर्थ यहाँ 'एव' है । वह लोक तुम से धृत हुआ है । अर्थात् रक्षित है, पृथिवी में प्रकाशित श्रीवृन्दावन में ही कुपित इन्द्र का उपद्रव हुआ था, गोवर्द्धन धारण भी उस उपद्रव से व्रजवासियों की रक्षा हेतु हुआ था । वैकुण्ठोर्द्ध्वस्थित गोलोक में कुपित इन्द्र का उपद्रव होना सम्भव नहीं है । उक्त लोक रक्षा की जो कथा है, वह वैकुण्ठोर्द्ध्व गोलोक एवं पृथिवी में प्रकाशमान श्रीगोकुल को अभिन्न मानकर ही है ।

सुतरां श्रीगोकुल का उपद्रव को गोलोक का उपद्रव मानकर वर्णन से दोष नहीं होता है ।

श्रीगोकुल एवं गोलोक की अभिन्नता के सम्बन्ध में प्रमाणान्तर का उपन्यास करते हैं । मृत्युञ्जय तन्त्र में वर्णित है, ''एकदिन स्वेच्छाक्रम से अन्तरीक्ष से श्रीवैकुण्ठ को पृथिवी मण्डल में श्रीगोकुल रूप में स्थापन कर गोपीमय महोत्सवा भक्ति रूपा योगमायाने साधुगण के हृदयमें अतिशय भक्ति उत्पन्न किया ।

श्रीहरिवंशोद्धृत वचन समूह का अर्थान्तर करने पर आश्चर्य भक्ति होने की सम्भावना नहीं है, उस प्रकार व्याख्या न होने से दुरपनीय दोष होगा । प्रथमतः स्वर्गादूर्द्ध्व ब्रह्म लोकः का यथाश्रुत अर्थ ही

"तत् सर्व्वोपरि गोलोके तत्र लोकोपरि स्वयम्। विहरेत् परमानन्दी गोविन्दोऽतुलनायकः ॥" ३,४॥

एवञ्चोक्तं मोक्षधर्म्मे नारायणीये तथा स्कान्दे च—

"एवं बहुविधै रूपैश्चरामीह वसुन्धराम्। ब्रह्मलोकञ्च कौन्तेय गोलोकञ्च सनातनम् ॥" ३१५॥ इति।

तदेवं सर्व्वोपरि श्रीकृष्णलोकोऽस्तीति सिद्धम्। स च लोकस्तत्तल्लीलापरिकर-भेदेनांशभेदात् द्वारका-मथुरा-गोकुलाख्यस्थानत्रयात्मक इति निर्णीतम्। अन्यत्र तु भुवि प्रसिद्धान्येव तत्तदाख्यानि स्थानानि तद्रूपत्वेन श्रूयन्ते। तेषामपि वैकुण्ठान्तरवत् प्रपञ्चातीतत्व-नित्यत्वालौकिकरूपत्व-भगवन्नित्यास्पदत्व-कथनात्। तत्र द्वारकायास्तत्त-द्विष्णुपुराणादिवचनैरुदाहरिष्यते। इयञ्च श्रुतिरुदाहरणीया—

असिद्ध है। स्वर्ग शब्द से स्वर्ग लोक से सत्य लोक पर्य्यन्त लोक पञ्चक अर्थ न करने पर केवल स्वर्ग लोक ही अर्थ होगा। इस प्रकार ब्रह्म लोक शब्द से वैकुण्ठ लोक अर्थ न करने पर सत्य लोक अर्थ होगा। उस से 'स्वर्गादूद्ध्वं ब्रह्म लोकः' स्वर्ग के ऊद्धर्व में ब्रह्म लोक है, कथन असङ्गत होगा। स्वर्ग के वाद महर्ल्लोक, उसके वाद जनलोक पश्चात् तपोलोक अनन्तर सत्यलोक ब्रह्मलोक है।

स्वर्ग के वाद लोकत्रय को अतिक्रम करके ही ब्रह्म लोक की स्थिति है। किन्तु हरिवंश वचन से बोध होता है कि—स्वर्ग के ऊद्ध्वं में ही ब्रह्म लोक है।

सोमगति—शब्द का अर्थ—उमासहित वर्त्तमान सोम श्रीशिव हैं, इस प्रकार अर्थ न करने पर सोम शब्द का प्रसिद्ध अर्थ चन्द्र है, किन्तु चन्द्र की गति वैकुण्ठ में नहीं है। यह असम्भव है। चन्द्र सूर्य्यादि ज्योतिष्कगण ध्रुव लोक के अधोभाग में अवस्थित हैं, महर्ल्लोक में भी उन सब की गति नहीं है, महर्ल्लोक के ऊद्धर्वभाग में श्रीवैकुण्ठ अवस्थित है, वहाँपर चन्द्र की गति की सम्भावना कहाँ है।

साध्य शब्द से गोलोक के दिक् पाल अथवा तत्रत्य परिकर अर्थ न करने पर—साध्य—गग देवता द्वादश संख्यक रुद्रानुचर का बोध होगा। अग्नि पुराण में उक्त है।

मनोमन्ता तथा प्राणो नरोऽपानश्च वीर्य्यवान्
"विनिर्मयोनयश्चैव दंसो नारायणो वृषः।
प्रभुश्चैते समाख्याताः साध्यद्वादश पूर्विकाः ॥"

मन, मन्ता, प्राण, नर, अपान वीर्य्यवान्, विनिर्मय, नय, दंस, नारायण, वृष एवं प्रभु—द्वादश-साध्य हैं।

उक्त साध्यगण, सामान्य देवता विशेष होते हैं, उन सब के द्वारा सत्यलोक की पालन वार्त्ता ही असम्भव है, श्रीगोलोक की पालन वार्त्ता तो दूरवर्त्ती है। विशेष कथा यह है कि—उक्त देवता के द्वारा उक्त पालन कर्म स्वीकार करने पर गोलोक की 'सहि सर्वगतः' रूपमें सर्व व्यापकता है, उसकी हानि होगी, सामान्या देवताधिकृत स्थान—कैसे सर्व गत होगा? अतएव श्रीगोलोक की सर्वोद्धर्व में स्थिति को निश्चय कर इन्द्र कहे थे,—'तत्रापि तवगतिः' 'उस में भी आप की गति' यह अतीव आश्चर्य्य का विषय है! यहाँ पर आप शब्द विस्मयार्थ में प्रयुक्त हुआ है।

गो गण का लोक—शब्द से गोलोक को यदि प्राकृत गोलोक अर्थात् सुरभी लोक कहा जाय, तो—"यां न विद्मः' इत्यादि वाच्य असंलग्न होगा। कारण इन्द्रने कहा था, 'हम सब उस गोलोक के वृत्तान्त को नहीं जानते हैं।' पितामह को जिज्ञासा करके भी जानने में असमर्थ हैं। अतएव ब्रह्मा भी गोलोक वृत्तान्त से अपरिचित हैं। प्राकृत गोलोक का वृत्तान्त इन्द्र एवं ब्रह्मा अवगत हैं। श्रीकृष्ण विहार भूमि,

"अन्तः समुद्रे मनसा चरन्तं, ब्रह्मान्वविन्दन्दशहोतारमर्णे ।
समुद्रेऽन्तः कवयो विचक्षते, मरीचीनां पदमन्विच्छन्ति वेधसः ।।" ३१६।। इत्याद्या ;

अत्र श्रीमथुरायाः प्रपञ्चातीतत्वं यथा वाराहे-"अन्यैव काचित् सा सृष्टिर्विधातुर्व्यतिरेकिणी" इति । नित्यत्वमपि यथा पाद्मे पातालखण्डे—"ऋषिर्माथुरनामात्र तपः कुर्व्वति शाश्वते" इति । अत्र मथुरामण्डले शाश्वते नित्ये कुर्व्वति करोति । अलौकिकरूपत्वं यथा आदिवाराहे-

"भूर्भुवःस्वस्तले नापि न पातालतलेऽमलम् । नोद्धर्वलोके मया दृष्टं तादृक् क्षेत्रं वसुन्धरे ।।" ३१७।। इति

श्रीभगवन्नित्यास्पदत्वं यथा—"अहोऽतिधन्या मथुरा यत्र सन्निहितो हरिः" इति । न च वक्तव्यमुपासनास्थानमेवेदम् । यत आदिवाराहे—

"मथुरायाः परं क्षेत्रं त्रैलोक्ये न हि विद्यते । तस्यां वसाम्यहं देवि मथुरायान्तु सर्व्वदा ।।" ३१८।। इति ।

गोलोक—प्राकृत गोलोक अर्थात् सुरभिलोक होता, तब इन्द्र - 'यां न विद्मः' नहीं कहते । सुतरां प्राकृत गोलोक से सनातन गोलोक रूपस्थान भिन्न है । ब्रह्म संहिता में सुस्पष्ट रूप से जिस गोलोक की वर्णना है, श्रीहरिवंशोक्त गोलोक वर्णन भी परोक्षवाद से तदनुरूप ही है ।

उस प्रकार श्रीनारद पञ्चरात्रस्थ विजयाख्यान में उक्त है—"सर्वोपरि गोलोक तत्र लोकोपरि स्वयम् । विहरेत् परमानन्दो गोविन्दोऽतुलनायकः" सर्वोपरि विराजमान गोलोक में गोपीकुल नायक-परमानन्दी श्रीगोविन्द स्वयं सर्वदा विहार करते हैं ।"

उस प्रकार वर्णना है—मोक्ष धर्मस्थ नारायणीय में एवं स्कन्द पुराण में "एवं बहुविधै रूपैश्चरामीह वसुन्धराम् ब्रह्मलोकञ्च कौन्तेय गोलोकञ्च सनातनम् ।"

हे कौन्तेय ! इस प्रकार विविध रूप धारण पूर्वक मैं पृथिवी में, ब्रह्म लोक में एवं सनातन गोलोक में विचरण करता हूँ ।'

अतएव श्रीकृष्ण लोक सर्वोपरि विराजित है । यह सिद्ध हुआ । वह लोक—विभिन्न लीला एवं परिकर भेद से अंश भेद हेतु द्वारका, मथुरा एवं गोकुल नामक निर्णीत स्थान त्रयात्मक है ।

पृथिवी में प्रकाशित धाम समूह का अप्राकृतत्व है । सर्वोपरि विराजित श्रीकृष्ण लोक भिन्न अन्यत्र पृथिवी में श्रीगोकुल-मथुरा, द्वारका नाम से विख्यात जो सब धाम हैं, वे सब धाम भी स्वरूप एवं आकृति से प्रपञ्चातीत धाम के सदृश ही हैं । कारण वे सब धाम भी श्रीवैकुण्ठ के समान प्रपञ्चातीत, नित्य, अलौकिक रूप एवं श्रीभगवान् के नित्य विहरण स्थल रूप में निर्णीत हैं । तन्मध्य में श्रीद्वारका का प्रपञ्चातीतत्वादि का वर्णन स्कन्द पुराणीय प्रह्लाद संहितादि में सुस्पष्ट है ।

"श्रुति का उदाहरण यह है—"जो समुद्र सलिल के मध्य में यथेष्ट विचरण करते हैं, जो दशेन्द्रिय विषय समूह के होतृ स्वरूप हैं, उनको ब्रह्म जानें । विधातृ पुरुषगण समुद्रमध्यस्थित जीव गणों का परमाश्रयरूप जिस स्थान लाभ का अभिलाष करते हैं । प्राज्ञगण उस प्रकार कहते हैं । श्रीमध्वभाष्योदाहृता श्रुति है । श्रीमथुरा का प्रपञ्चातीतत्व का वर्णन वराह पुराण में उक्त है,—'ब्रह्माण्डस्थ वस्तु समूह की सृष्टि ब्रह्मा करते हैं, किन्तु मथुरा की सृष्टि ब्रह्मा व्यतीत है, वह सृष्टि अन्यविध है ।"

नित्यत्व का वर्णन पद्म पुराणीय पातालखण्ड में है, 'माथुर नामक ऋषि-मथुरा नामक स्थान में शाश्वत तपस्या करते हैं । 'शाश्वत' शब्द का अर्थ—नित्य है । 'कुर्वति' प्रयोग, आर्ष है । लौकिक व्याकरण सम्मत पद 'करोति' है, जहाँपर माथुर ऋषि नित्य तपस्या करते रहते हैं, उस स्थान की नित्यता के सम्बन्ध में संशय नहीं हो सकता है ।

तत्र वासस्यैव कण्ठोक्तिः। अत्रेदृशं श्रीवराहदेववाक्यमंशांशिनोरैक्यविवक्षयैव, न तु तस्यैवासौ निवासः, श्रीकृष्णक्षेत्रत्वेनैव प्रसिद्धेः। तथैव पातालखण्डे—"अहो मधुपुरी धन्या यत्र तिष्ठति कंसहा" इति। वायुपुराणे तु स्वयं साक्षादेवेत्युक्तम्—

"चत्वारिंशद्योजनानां ततस्तु मथुरा स्मृता। यत्र देवो हरिः साक्षात् स्वयं तिष्ठति सर्व्वदा ॥"३१९॥ इति

अत्र 'साक्षात्'-शब्देन सूक्ष्मरूपता, 'स्वयं'-शब्देन श्रीमत्प्रतिमारूपता च निषिद्धा। तत इति पूर्व्वोक्तात् पुष्कराख्यतीर्थादित्यर्थः। 'मथुरायाः परं क्षेत्रम्' इत्यनेन वाराहवचनेन पूर्व्वमिव

अलौकिक रूपत्व का वर्णन आदि वाराह में है—'हे वसुन्धरे! 'भू भुवः स्वः' तीन लोकों के मध्य में एवं पाताल – ऊर्द्ध्वलोक में कहीं पर मथुरा के समान निर्मल क्षेत्र नहीं है।"

श्रीभगवान् का नित्यलीलास्पदत्व का वर्णन वहाँ पर इस प्रकार है--अर्थात् श्रीभगवान् जहाँ पर नित्य विराजित हैं, उसका वर्णन—'अहो! आश्चर्य्य का विषय है। मथुरा अति धन्या है, जहाँ श्रीहरि सर्वदा नित्य सन्निहित हैं। अर्थात् तल्लोकवासिगण के निकट श्रीहरि नित्य अवस्थित हैं।'

यह केवल उपासनास्थान ही नहीं है, अर्थात् भक्तगण—यहाँपर केवल उपासना के निमित्त ही रहते हैं, उपासना के पश्चात् स्थान त्याग पूर्वक अभीप्सित स्थान पर चले जाते हैं, भगवत् प्राप्ति अन्यत्र होती है—ऐसा नहीं। आदि वाराह में वर्णित है--पृथिवीस्थ मथुरा में श्रीकृष्ण नित्य विराजित हैं, उपासना फल लाभ के समय—उपासक उपासनाक्षेत्र मथुरा में ही उपास्य का लाभकर सकते हैं, यदि मथुरा को उपासना क्षेत्र कहा जाय तो कहना होगा कि—श्रीकृष्ण मथुरा में नित्य विराजित नहीं हैं, केवल अवतार काल में रहते हैं। अनन्तर सर्वदा श्रीगोलोक में रहते हैं। वर्त्तमान में अथवा आविर्भाव के पूर्व मथुरा में भगवान् नहीं रहते हैं। स्थान माहात्म्य से उपासनासिद्धि सत्वर होती है। इस प्रकार धारणा भ्रम विजृम्भित है। कारण वराह पुराण में श्रीवराह देवने स्वयं ही कहा है—"हे देवि! मथुरा से श्रेष्ठ स्थान त्रिलोक के मध्य में द्वितीय नहीं है। मैं सर्वदा श्रीमथुरा में निवास करता हूँ।" इस कथन से मठुरा में श्रीभगवान् की नित्य स्थिति घोषित हुई है।

संशय हो सकता है—यह उक्ति वराह देवकी है, वराह देवकी नित्य स्थिति मथुरा में हो सकती है, किन्तु वराह देव की उक्ति से श्रीकृष्ण की नित्यस्थिति मथुरा में कैसे प्रमाणित होगी? उत्तर में कहते हैं-

श्रीवराह देव की उक्ति—अंशांशी की ऐक्यविवक्षा से हुई है। अर्थात् अंशांशी की स्वरूप गत अभेद विवक्षा से उस प्रकार कथन हुआ है। श्रीभगवान् स्वरूप ऐश्वर्य्य एवं माधुर्य्य पूर्ण तत्त्व विशेष है। स्वरूप परमानन्द है, निखिल भगवत् स्वरूप तत्वरूप में परमानन्द पूर्ण हैं, किन्तु स्थान, लीला, परिकर ऐश्वर्य्य एवं माधुर्य्य भेद से विभिन्न भगवत् स्वरूप में पार्थक्य विद्यमान है।

वस्तुतः श्रीवराह देव की लीलाभूमि मथुरा नहीं है, श्रीकृष्ण लीलाभूमि रूप में मथुरा की प्रसिद्धि है, उसका वर्णन—पद्म पुराण के पाताल खण्ड में है—"अहो मधुपुरी धन्या अत्र तिष्ठति कंसहा" अहो! मथुरा ही धन्या है, जहाँ श्रीकृष्ण नित्य अवस्थित हैं।

वायु पुराण में कथित है—"पूर्व वर्णित पुष्कर तीर्थक्षेत्र से चालीस योजन दूर में मथुरा पुरी विराजित है। वहाँ पर साक्षात् क्रीड़ाशील श्रीकंसारि स्वयं सर्वदा अवस्थित हैं।" "यत्र देवो हरिः साक्षात् स्वयं तिष्ठति सर्वदा" श्लोक स्थित साक्षात् शब्द से सूक्ष्म रूप में अन्तर्हित होकर, एवं स्वयं शब्द से श्रीमत् प्रतिमारूपमें अवस्थिति का निर्णय निरस्त हुआ है, अतएव मथुरा में श्रीकृष्ण-, लीलामय सच्चिदानन्द विग्रह रूप में निरन्तर विराजमान हैं। इसका निर्देश उक्त प्रमाण से हुआ। अतएव मथुरा केवल उपासना स्थान ही

तिष्ठतीत्यपि निरस्तम् । अत्र श्रीगोपालतापनीश्रुतिश्च (गो० ता० उ० २९)–"स होवाच तं हि नारारणो देवः सकाम्या मेरोः शृङ्गे यथा सप्त पूर्य्यो भवन्ति तथा सकाम्या निष्काम्याश्च भूगोलचक्रे सप्त पूर्य्यो भवन्ति। तासां मध्ये साक्षात् ब्रह्मगोपालपुरो हि" इति; (गो० ता० उ० ३०) "सकाम्या निष्काम्या देवानां सर्व्वेषां भूतानां भवन्ति । यथा हि वै सरसि पद्मं तिष्ठति, तथा भूम्यां तिष्ठतीति चक्रेण रक्षिता हि वै मथुरा तस्माद्-गोपालपुरी हि भवति । वृहद्वृहद्वनं मधोर्मधुवनम्" इत्यादिका । पुनश्च एतैरावृता पुरी भवति, तत्र तेष्वेव गहनेष्वेवमित्यादिका । तथा (गो० ता० उ० ३४-३५)–"द्वे वने स्तः

नहीं है, अपितु परम प्राप्य स्थान ही है । श्लोकस्थ "ततः" शब्द का अर्थ पूर्वोक्त पुष्कर तीर्थ से । आदि वाराह में उक्त है--मथुरायाः परं क्षेत्रम्" इस प्रमाण से मथुरापुरी में ही निरन्तर श्रीकृष्ण विराजित हैं। इससे उपासनास्थानादि रूप विरुद्ध कल्पना निरस्त हुई है ।

श्रीकृष्ण की नित्य साक्षात् स्थिति के सम्बन्ध में श्रीगोपाल तापनी श्रुति इस प्रकार है--श्रीनारायण श्रीब्रह्मा को कहे थे—"हे विधातः ! जिस प्रकार सुमेरु शृङ्ग में काम फलदा सप्त पुरी विद्यमान हैं, उस प्रकार भू मण्डल में मोक्षदा, भोगदा अयोध्या, मथुरा, माया, काशी, काञ्चि अवन्ती एवं द्वारका ये सप्तपुरी हैं । तन्मध्य में गोपाल पुरी मथुरा, साक्षात् ब्रह्म स्वरूपा है । देवगण एवं सर्व प्राणि निकर के पक्ष में यह श्रीमथुरा सकाम्या एवं निष्काम्या भी है, अर्थात् कामना पूर्वक यदि कोई यहाँ निवास करता है तो, उस की वासना पूर्त्ति होती है, अधिकन्तु अवाञ्छित श्रीकृष्ण प्रेमलाभ भी होता है । जो लोक--निष्काम भाव से निवास करते हैं, वे लोक श्रीकृष्ण प्रेम सेवा प्राप्त करते हैं ।

जिस प्रकार सरोवर के मध्य में पद्म अवस्थित है, अथच जल लिप्त नहीं होता है, तद्रूप इस भूमि में साक्षात् ब्रह्म श्रीगोपाल पुरी श्रीमथुरा सुदर्शन चक्र के द्वारा रक्षित होकर प्रापञ्चिक दोष मुक्त है । अति वृहद्वन (१) मधुदैत्य सम्बन्धीय मधुवन (२) तालवृक्ष अवस्थित हेतु तालवन (३) कामदेव की स्थिति हेतु काम्यवन (४) बहुलानाम्नी श्रीहरिप्रिया का निवास स्थान हेतु बहुलावन (५) कुमुद स्थिति हेतु कुमुदवन (६)खदिर स्थिति हेतु खदिरवन (७) भद्र--श्रीबलभद्र का विहार स्थल भद्रवन (८) भाण्डीर वट की स्थिति हेतु भाण्डीर वन (९) श्रीलक्ष्मी अवस्थान हेतु श्रीवन (१०) लोह नामक असुर का सिद्धि स्थान लोहवन (११) लीलाख्य महाशक्ति की प्रादुर्भाव विशेष रूपा वृन्दा का वन (१२) यह द्वादश वन के द्वारा आवृता पुरी मथुरा नाम से सुप्रसिद्धा है ।

मथुरा समीपस्थ द्वादशवन में देवता, मनुष्य, गन्धर्व, नाग, किन्नरगण, निरन्तर नृत्य गीत करते हैं । द्वादशवन में वरुण, सूर्य्य, वेदान्त, भानु, इन्द्र, रवि, गमस्तिमान् यम, हिरण्यरेता, दिवाकर मित्र एवं विष्णु रूप द्वादशादित्य, एकादश रुद्र—(वीरभद्र, शम्भु, गिरीश, अजैकपाद, अहिब्रध्न, पिनाकी, दिक्पति स्थाणु, भग, भुवनाधीश्वर एवं कपाली) अष्टवसु, भव, (धर अथवा धव) ध्रुव, सोम, विष्णु (अह) अनल, अनिल, प्रभूष (प्रत्यूष) प्रभव (प्रभास) गङ्गा से उत्पन्न ये अष्ट गण देवता, सप्तमुनि—कश्यप, अत्रि, भरद्वाज, विश्वामित्र, गौतम, जमदग्नि एवं वशिष्ठ, पञ्च विनायक—मोद, प्रमोद, आमोद, सुमुख एवं दुर्मुख, अष्टलिङ्ग—वीरेश्वर, रुद्रेश्वर, अम्बिकेश्वर, गणेश्वर, नीलकण्ठेश्वर, विश्वेश्वर, गोपीश्वर, एवं भद्रेश्वर तथा अपर चतुर्विंशति लिङ्ग हैं,

उक्त कानन में कृष्णवन एवं भद्रवन नामक वनद्वय हैं । उक्त वनद्वय के मध्य में ही द्वादश वन समूह हैं । तन्मध्य में कतिपय वन पुण्यात्मक, कतिपय पुण्यतम, हैं, किन्तु समस्त वन में ही देवगण; नित्य

कृष्णवनं भद्रवनम्, तयोरन्तर्द्वादश वनानि पुण्यानि पुण्यतमानि तेष्वेव देवास्तिष्ठन्ति सिद्धाः सिद्धिं प्राप्ताः । तत्र रामस्य राममूर्त्तिः" इत्यादिका । तदप्येते श्लोकाः (गो०ता०उ० ३९-४०)-

"प्राप्य मथुरां पुरीं रम्यां सदा ब्रह्मादिसेविताम् । शङ्खचक्रगदाशार्ङ्गरक्षितां मुषलादिभिः ।।३२०।।
यत्रासौ संस्थितः कृष्णस्त्रिभिः शक्त्या समाहितः ।
रामानिरुद्धप्रद्युम्नै रुक्मिण्या सहितो विभुः ।।'३२१।। इति ।

किं तस्य स्थानमिति श्रीगान्धर्व्याः प्रश्नस्योत्तरमिदम् । एवमेव श्रीरघुनाथस्याप्ययोध्यायां श्रूयते । यथा स्कान्दायोध्यामाहात्म्ये स्वर्गद्वारमुद्दिश्य—

"चतुर्द्धा च तनुं कृत्वा देवदेवो हरिः स्वयम् । अत्रैव रमते नित्यं भ्रातृभिः सह राघवः ।।'७२२।।इति ।

अतएव "यत्र यत्र हरेः स्थानं वैकुण्ठं तद्विदुर्बुधाः" इत्यनुसारेण महाभगवतः स्थानत्वात् महावैकुण्ठ एवासौ, यतो वैकुण्ठात्तस्य गरीयस्त्वं श्रूयते, यथा पातालखण्डे—

"एवं सप्तपुरीणान्तु सर्व्वोत्कृष्टन्तु माथुरम् । श्रूयतां महिमा देवि वैकुण्ठो भुवनोत्तमः ।।३२३।। इति ।

आदिवाराहे—

"मथुरायां ये वसन्ति विष्णुरूपा हि ते खलु । अज्ञानास्तान्न पश्यन्ति पश्यन्ति ज्ञानचक्षुषः ।।"३२४।। इति

अतएव तत्रैव पातालखण्डे—"अहो मधुपुरी धन्या वैकुण्ठाच्च गरीयसी" इति । अथ श्रीवृन्दावनस्य प्रपञ्चातीतत्वादिकं मथुरामण्डलस्यैव तत्त्वेन सिद्धम् । यथा च श्रीगोविन्द-वृन्दावनाख्ये बृहद्गौतमीयतन्त्रे नारदप्रश्नानन्तरं श्रीकृष्णस्योत्तरम् । तत्र प्रश्नः—

श्रीकृष्ण परिकर गण एवं साधनसिद्ध गण अवस्थान करते हैं, यह विवरण—गोपाल तापनी उत्तर ३४-३५ में है । 'रम्या, ब्रह्मादि निषेविता, शङ्ख चक्र गदा शार्ङ्ग मुषलादि द्वारा सुरक्षिता मथुरापुरी की प्रदक्षिणा करने से अभीष्ट सिद्धि होती है । उक्त मथुरा में श्रीराम, अनिरुद्ध, प्रद्युम्न, एवं रुक्मिणी के सहित विभु श्रीकृष्ण,—अवस्थित हैं । उत्तर तापनी—(३९—४०) किस प्रकार श्रीकृष्ण स्थान हैं ?

गान्धर्विका श्रीराधा के प्रश्नोत्तर में श्रीदुर्वासा ऋषिने कहा था । इस प्रकार श्रीरामचन्द्र की अयोध्या में स्थिति है । स्कन्द पुराणस्य अयोध्यामाहात्म्य में स्वर्गद्वार को उद्देश्य करके वर्णित है—"देवदेव स्वयं श्रीहरि रामचन्द्र,—स्वीय मूर्त्तिको चतुर्धा विभक्त कर भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न—भ्रातृवृन्द के सहित निरन्तर अयोध्या में भ्रमण करते रहते हैं ।" अतएव जहाँ जहाँ श्रीहरिका स्थान है, उसको विद्वान् गण-वैकुण्ठ जानते हैं । इस प्रमाण के अनुसार—महाभगवान् का स्थान होने के कारण-मथुरा महावैकुण्ठ है, कारण—वैकुण्ठ से मथुरा गरीयसी है, पाताल खण्ड में उक्त है,—"हे देवि ! 'सप्तपुरीके मध्य में सर्वोत्कृष्ट पुरी मथुरा है, उसकी महिमा श्रवण करो, आदि वाराह में वर्णित है—जो व्यक्ति मथुरा में निवास करते हैं, वे सब विष्णुरूप होते हैं । अज्ञानी व्यक्तिगण उन सबको उस प्रकार देख नहीं पाते हैं, ज्ञानीगण—ज्ञान नेत्र से उस प्रकार दर्शन करते हैं । अतएव उक्त पद्म पुराण के पाताल खण्ड में वर्णित है—अहो मधुपुरी धन्या वैकुण्ठाच्च गरीयसी' अहो ! मथुरा, वैकुण्ठ से भी अतिश्रेष्ठाहै, उक्त वचन समूहके द्वारा वैकुण्ठ से भी अति श्रेष्ठा मथुरा है, प्रति पादित हुआ ।

अनन्तर श्रीवृन्दावन का प्रपञ्चातीतत्व, नित्यत्व प्रभृति का निरूपण श्रीमथुरा मण्डल का तत्त्व निरूपण के द्वारा ही सुसिद्ध हुआ है । तद्व्यतिरिक्त स्वतन्त्र भाव से भी श्रीवृन्दावन का तत्त्व वर्णन शास्त्र

"किमिदं द्वादशाभिख्यं वृन्दारण्यं विशाम्पते । श्रोतुमिच्छामि भगवन् यदि योग्योऽस्मि मे वद ॥"३२५॥

अथोत्तरम्—

"इदं वृन्दावनं रम्यं मम धामैव केवलम् । अत्र मे पशवः पक्षि-वृक्षाः कीटा नरामराः ।
ये वसन्ति ममाधिष्ण्ये मृता यान्ति ममालयम् ॥३२६॥
अत्र या गोपकन्याश्च निवसन्ति ममालये । योगिन्यस्ता मया नित्यं मम सेवापरायणाः ॥३२७॥
पञ्चयोजनमेवास्ति वनं मे देहरूपकम् । कालिन्दीयं सुषुम्नाख्या परमामृतवाहिनी ॥३२८॥
अत्र देवाश्च भूतानि वर्त्तन्ते सूक्ष्मरूपतः । सर्व्वदेवमयश्चाहं न त्यजामि वनं क्वचित् ॥३२९॥
आविर्भावस्तिरोभावो भवेन्मेऽत्र युगे युगे । तेजोमयमिदं रम्यमदृश्यं चर्म्मचक्षुषा ॥"३३०॥ इति ।

विशेषतस्तादृगलौकिकरूपत्व-भगवन्नित्यधामत्वे तु दिव्यकदम्बाशोकादि—वृक्षादीनां हम्वारववेणुवाद्यादीनामप्यद्यापि महाभागवतैः साक्षात्क्रियमाणत्व-प्रसिद्धेः । यथा वाराहे कालियह्रदमाहात्म्ये—

'तत्रापि महदाश्चर्य्यं पश्यन्ति पण्डिता जनाः । कालियह्रदपूर्व्वेण कदम्बो महितो द्रुमः ॥३३१॥
शतशाखं विशालाक्षि पुण्यं सुरभिगन्धि च । स च द्वादशमासानि मनोज्ञः शुभशीतलः ।
पुष्पायति विशालाक्षि प्रभासन्तो दिशो दश ॥"३३२॥ इति ।

शतानां शाखानां समाहारः शतशाखं तद्यत्र वर्त्तत इत्यर्थः । प्रभासन्तः प्रभासयन्तित्यर्थः । तत्रैव तदीयब्रह्मकुण्डमाहात्म्ये—

में है। यथा—श्रीगोविन्द वृन्दावन नामक वृहद् गौतमीय तन्त्र में श्रीनारद के प्रश्नोत्तर में श्रीकृष्ण ने कहा है—प्रश्न—'हे गोपपते ! द्वादशवनात्मक-वृन्दावन का तत्त्व क्या है ? मैं सुनना चाहता हूँ । भगवन् श्रवण योग्य यदि मैं हूँ, तब कृपा पूर्वक आप वर्णन करें ।' उत्तर में श्रीकृष्ण बोले थे—'यह रमणीय श्रीवृन्दावन-केवल मेरा ही धाम है, पशु, पक्षी, वृक्ष, कीट, नर, अमर प्रभृति जो भी व्यक्ति मेराधाम में निवास करते हैं, वे सब ही मृत्यु के पश्चात् मेरा नित्यधाम में प्रविष्ट होते हैं ।" मेरी निवास भूमि, वृन्दावन में जो सब गोप कन्या निवास करती हैं, वे सब योगिनी हैं, मेरे सहित संयोग प्राप्ता एवं नित्य सेवापरायणा हैं, पञ्च-योजन परिमित वृन्दावन, मेरादेह स्वरूप है । परमामृत कालिन्दी सुषुम्ना नामसे अभिहिता है, यहाँपर देव गण एवं भूतगण सूक्ष्म रूप में अवस्थित हैं, सर्व देव मय मैं कदापि वृन्दावन को परित्याग नहीं करता हूँ । इस वृन्दावन में युग युग में मेरा आविर्भाव तिरोभाव होता रहता है, यह तेजोमय वृन्दावन, रमणीय है एवं चर्म चक्षु द्वारा अदृश्य है ॥३२५—३३०॥

विशेषतः पूर्वोक्त अलौकिक रूपत्व भगवन्नित्य धामत्व का प्रमाण—विद्वदनुभव है, आज भी महा-भागवत गण-उक्त वृन्दावन में दिव्य अशोक एवं कदम्बवृक्षादि का दर्शन करते हैं, धेनु वृन्द का हम्वारव वेणुध्वनि का श्रवण भी महाभागवत गण आज भी करते हैं । यह विवरण प्रसिद्ध है । वराह पुराण में कालियह्रद का माहात्म्य वर्णित है—श्रीवराह देव का वाक्य यह है -हे विशालाक्षि । पण्डित व्यक्ति गण श्रीवृन्दावनस्थ कालीय ह्रद के पूर्वभाग में सर्वजन पूजित पवित्र, सुरभिगन्धयुक्त, शतशाख कदम्ब वृक्षका दर्शन करते हैं, हे विशालाक्षि ! उक्त कदम्बवृक्ष द्वादश मास शुभ शीतल पुष्पित है, एवं उसकी कान्ति से दशदिक् उद् भासित होते हैं । उक्त वृक्ष में शत शाखा है, तज्जन्य उसको शतशाख कहते हैं ।

उक्त वराह पुराण में ब्रह्मकुण्डका माहात्म्य भी वर्णित है,—"हे वसुन्धरे ! ब्रह्मकुण्ड के सम्बन्ध में

"तत्राश्चर्य्यं प्रवक्ष्यामि तच्छृणु त्वं वसुन्धरे। लभन्ते मनुजाः सिद्धिं मम कर्म्मपरायणाः ॥३३३॥
तस्य तत्रोत्तरे पार्श्वेऽशोकवृक्षः सितप्रभः। वैशाखस्य तु मासस्य शुक्लपक्षस्य द्वादशी ॥३३४॥
स पुष्पति च मध्याह्ने मम भक्तसुखावहः।
न कश्चिदपि जानाति विना भागवतं शुचिम् ॥"३३५॥ इत्यादि।

द्वादशीति द्वादश्यामित्यर्थः। 'सुपां सुलुक' इत्यादिनैव पूर्व्वसवर्णः। शुचित्वमत्र तदनन्य-वृत्तित्वम्। अनेन पृथिव्यापि तस्य तादृशरूपं न ज्ञायत इत्यायातम्। अतएव तदीयतीर्थान्तर-मुद्दिश्य यथा चादिवाराहे—

'कृष्णक्रीड़ासेतुबन्धं महापातकनाशनम्। वलभीं तत्र क्रीड़ार्थं कृत्वा देवो गदाधरः ॥३३६॥
गोपकैः सहितस्तत्र क्षणमेकं दिने दिने। तत्रैव रमणार्थं हि नित्यकालं स गच्छति ॥"३३७॥ इति।

पुनस्तदुद्दिश्य स्कान्दे—

"ततो वृन्दावनं पुण्यं वृन्दादेवीसमाश्रितम्। हरिणाधिष्ठितं तच्च ब्रह्मरुद्रादिसेवितम् ॥३३८॥

श्रुतिश्च दर्शिता (गो० ता० पू० ३७)—"गोविन्दं सच्चिदानन्दविग्रहं वृन्दावनसुर-भूरुहतलासीनं सततं समरुद्गणोऽहं तोषयामि।" इति। एवं पातालखण्डे—"यमुनाजल-कल्लोले सदा क्रीड़ति माधवः" इति यमुनाया जलकल्लोला यत्र एवम्भूते श्रीवृन्दावन इति

आश्चर्य्य कर वार्त्ता कहता हूँ, श्रवण करो, यहाँपर जो व्यक्ति निवास कर सत् कर्म परायण होता है, अर्थात् मद् भक्ति का अनुष्ठान करता है, वह स्थान माहात्म्य से सत्वर सिद्धिलाभ करता है। उस ब्रह्मकुण्ड के उत्तर पार्श्व में एक श्वेत वर्ण का अशोक वृक्ष है, वैशाख मास के शुक्लपक्ष की द्वादशी तिथिके मध्याह्न काल में भक्त जन सुखावह वृक्ष पुष्पित होता है, शुचि भागवत व्यतीत अपर कोई इस तत्त्व को नहीं जानता है।"३३३—३३५॥ द्वादशी—शब्द का अर्थ--द्वादशी तिथि में है। 'सुपां सुलुक' सूत्रानुसार सप्तमी विभक्ति का लोप हुआ है। यहाँ शुचि शब्द का अर्थ—भगवान् में अनन्य वृत्तिता, अर्थात् श्रीभगवद् भिन्न अपर वस्तु में महत्त्व राहित्य है। इस प्रकार अनन्यता जिस व्यक्ति में है, वह उत्तम भागवत है' एवं शुचि है। वह उक्त अशोक वृक्ष दर्शनक्षम है।

इससे व्यक्त हुआ है कि—पृथिवी भी उक्त कदम्ब एवं अशोक वृक्षका तत्त्व नहीं जानती है। कारण ज्ञात होने पर श्रीवराह देव ज्ञातार्थ वर्णन नहीं करते, ज्ञात विषय का उपदेश निष्फल है।

अतएव श्रीवृन्दावनीय तीर्थान्तर को उद्देश्यकर आदि वाराह में वर्णित है;—श्रीकृष्ण क्रीड़ा सेतुबन्ध-महापाप नाशक है, वहाँ वलभी अर्थात् तृण कुटीर निर्म्माण कर निवास हेतु गोपगण के सहित क्षण काल के निमित्त श्रीकृष्ण गमन करते हैं। उक्त श्लोक में 'नित्य कालं स गच्छति" पद का प्रयोग है। 'गच्छति' वर्त्तमान कालीय क्रियासे श्रीवृन्दावन में श्रीकृष्ण की नित्यस्थिति सूचित हुई है।

स्कन्द पुराण में भी वर्णित है—"अतएव पुण्य वृन्दावन, श्रीहरि कर्त्तृक अधिष्ठित है, ब्रह्मरुद्रादि कर्त्तृक निषेवित है, एवं श्रीवृन्दा कर्त्तृक सम्यक् सेवित है।'

श्रीगोपाल तापनी श्रुति में वर्णित है—'वृन्दावनस्थ कल्पतरु के तल देश में अवस्थित सच्चिदानन्द घन विग्रह श्रीगोविन्द देवको मरुद् गण के सहित मैं (ब्रह्मा) सतत परिचर्य्या के द्वारा सन्तुष्ट करता हूँ।'

पाताल खण्ड में वर्णित है—'यमुना जल कल्लोल में माधव सर्वदा क्रीड़ा करते हैं।'

जहाँपर यमुना का जल कल्लोल है, इस प्रकार श्रीवृन्दावन में श्रीकृष्ण सतत क्रीड़ा करते हैं, यह

प्रकरणलब्धम्। तत्राजहल्लक्षणया तीरह्रदावेव गृह्येते। तीरञ्च वृन्दावनलक्षणं तत्र प्रस्तुतम्। अतएवास्य वृन्दावनस्यावान्तरं गोकुलाख्यं वैकुण्ठमिति श्रीकृष्णोपनिषदि-- "गोकुलं वनवैकुण्ठम्" इति। तस्मान्नित्यधामत्वश्रवणाच्च श्रीमथुरादीनां तत्स्वरूप-विभूतित्वमेव, "स भगवः कस्मिन् प्रतिष्ठित इति स्वे महिम्नि" इति श्रुतेः। अतएव तापन्याम् (गो० ता० उ० २९)-"साक्षाद्ब्रह्मगोपालपुरी हि" इति, वृहद्गौतमीयतन्त्रे-"तेजोमयमिदं रम्यमदृश्यं चर्म्मचक्षुषा" इति। तदीदृशरूपता काशीमुद्दिश्य ब्रह्मवैवर्त्ते त्वित्थं समाधीयते। यथा तत्र श्रीविष्णुं प्रति मुनीनां प्रश्नः-

अथ श्रीविष्णूत्तरम्--

"छत्राकारन्नु किं ज्योतिर्ज्जलादूर्द्ध्वं प्रकाशते। निमग्नायां धरायाञ्च न वै मज्जति तत् कथम् ॥३३९॥
किमेतच्छाश्वतं ब्रह्म वेदान्तशतरूपितम्। तापत्रयार्त्तिदग्धानां जीवनं छत्रतां गतम् ॥३४०॥
दर्शनादेव चास्याथ कृतार्थाः स्मो जगद्गुरो। वारं वारं तवाप्यत्र दृष्टिर्लग्ना जनार्द्दन।
परमाश्चर्य्यरूपोऽपि साश्चर्य्यं इव पश्यसि॥" ३४१॥

अर्थ प्रकरण से प्राप्त है। तद् गुण संविज्ञान बहुव्रीहि समास के द्वारा अर्थात् अजहल्लक्षणा के द्वारा तीर एवं नीर उभय ही तदीय क्रीड़ास्थान हैं, प्रतीत होता है। यमुना तीर श्रीवृन्दावन है-यह प्रसिद्ध है, उक्त प्रमाण समूह के द्वारा भौम श्रीवृन्दावन में श्रीकृष्ण की नित्यस्थिति प्रदर्शित हुई है। अतएव श्रीवृन्दावन का अवान्तर स्थान गोकुल नामक वैकुण्ठ है-इसका वर्णन श्रीकृष्णोपनिषद् में है।

"वंशस्तु भगवान् रुद्रः शृङ्गमिन्द्रः सखासुरः।
गोकुलं वन वैकुण्ठं तापसास्तत्र ते द्रुमाः।' श्रुति।

गोकुल को वन वैकुण्ठ कहा गया है। अतएव नित्यधामत्व वर्णित होने से श्रीमथुरा द्वारका प्रभृति श्रीकृष्ण के स्वरूप विभूति स्वरूप ही हैं। श्रुति यह है—'स भगवः कस्मिन् प्रतिष्ठितः इति—स्वे महिम्नि" आचार्य्य श्रीशङ्कर कृत भाष्य—

"तर्ह्येवं लक्षणो भूमा हे भगवः—भगवन् ! कस्मिन् प्रतिष्ठितः' इत्युक्तवन्तं नारदं प्रत्याह सनत् कुमारः। स्वे महिम्नीति, स्वे-आत्मीये महिम्नि—माहात्म्ये—विभूतौ प्रतिष्ठितोभूमा। नारद, सनत् कुमार को कहे थे,—हे भगवन् ! वह भूमा कहाँ रहते हैं, ? उत्तर में सनत् कुमार बोले थे,—स्वमहिमा में, अर्थात् स्वरूप विभूति में। श्रीभगवान् का स्वरूप सच्चिदानन्दमय, सुतरां तदीय धाम भी सच्चिदानन्दमय ऐश्वर्य्य स्वरूप है। (छान्दोग्य १।२४।१)

उस प्रकार श्रीगोपाल तापनी श्रुति में उक्त है—

(साक्षाद् ब्रह्म गोपाल पुरीहि" गोपाल पुरी साक्षाद् ब्रह्म है। वृहद् गौतमीय तन्त्र में वर्णित है— "श्रीकृष्ण धाम, तेजोमय एवं रमणीय है, यह चर्मचक्षु से अदृश्य है," श्रीभगवान् की नित्य विहार भूमि हेतु, उक्त धाम समूह की चिन्मयता है, काशी को उद्देश्य करके ब्रह्म वैवर्त्त पुराण में इस प्रकार समाधान उक्त है। श्रीविष्णु के प्रति मुनिवृन्द का प्रश्न—"जल के उपरि भाग में छत्राकार ज्योति स्वरूप यह क्या है ? समस्त पृथिवी जल निमग्नाहोने से भी यह निमज्जित क्यों नहीं हुआ है ? यह क्या वेदान्त निरुपित शाश्वत ब्रह्म है ? अथवा तापत्रय दग्धजीव गण को परित्राण करने के निमित्त यह क्या जीवन छत्र स्वरूप हुआ है ? ३३९—३४०। हे जगद् गुरो ! आपकी दृष्टि बारम्बार उस ज्योति में निबद्धा क्यों हो रही है ?

अथ विष्णूत्तरम्--

"छत्राकारं परं ज्योतिर्दृश्यते गगनेचरम् ।
तत्परं परमं ज्योतिः काशीति प्रथितं क्षितौ ।।३४२।।
रत्नं सुवर्णे खचितं यथा भवे,-त्तथा पृथिव्यां खचिता हि काशिका ।
न काशिका भूमिमयी कदाचि,-त्ततो न मज्जेन्मम सद्गतिर्यतः ।
जड़ेषु सर्व्वेष्वपि मज्जमाने,-ष्वियं चिदानन्दमयी न मज्जेत् ।।"३४३।। इत्यादि,

तथाग्रे च--

"चेतनाजड़योरैक्यं यद्वन्नैकस्थयोपरि । तथा काशी ब्रह्मरूपा जड़ा पृथ्वी च सङ्गता ।।३४४।।
निर्म्माणन्तु जड़स्यात्र क्रियते न परात्मनः । उद्धरिष्यामि च महीं वाराहं रूपमास्थितः ।
तदा पुनः पृथिव्यां ही काशी स्थास्यति मत्प्रिया ।।"३४५।। इति ।

'चेतना'-शब्देनात्रान्तर्याम्युपलक्ष्यते; 'जड़'-शब्देन तु देहः परमात्मन इत्युक्तत्वात् । ततश्च (भा० २।२।८) "केचित् स्वदेहान्तर्हृदयावकाशे, प्रादेशमात्रं पुरुषं वसन्तम्" इत्यादिना चतुर्भुजत्वेन वर्णितोऽन्तर्य्यामी देहस्थितोऽपि यथा देहक्लेदादिना न स्पृश्यते तद्वदिति ज्ञेयम् ।

आप परमाश्चर्य्य स्वरूप होकर भी विस्मित होकर उसका दर्शन क्यों कर रहा हूँ ! (३४१)

उत्तर में श्रीविष्णु ने कहा—"छत्राकार गगन विहारी ज्योतिः को देख रहे हैं, वह पृथिवी में काशी पुरी है । जिस प्रकार सुवर्ण मध्य में रत्न खचित होता है, उस प्रकार ही पृथिवी में काशी पुरी खचित है । काशी, कभी भी भूमिमयी नहीं है । अर्थात् कभी भी जड़धर्मान्विता नहीं होती है, तज्जन्य वह जल मग्ना नहीं होती है । कारण-उसमें मैं नित्य विराजित हूँ । निखिल जड़ वस्तु निमज्जित होने से भी चिदानन्दमयी काशी निमज्जिता नहीं होती है ।' ३४२-३४३।।

ब्रह्म वैवर्त्त पुराण के अग्रिम भाग में वर्णित है कि—"एक देह के मध्य में जड़ एवं चेतन की स्थिति होने पर भी जिस प्रकार चेतन जड़ धर्म से लिप्त नहीं होता है, उस प्रकार ब्रह्म रूपा काशी एवं जड़ रूपा पृथिवी एकत्र अवस्थिता होने से भी पार्थिव जड़ धर्म से काशी लिप्त नहीं है । जिस प्रकार जड़ की उत्पत्ति है, परमात्मा की उत्पत्ति नहीं है । इस प्रकार पृथिवी की उत्पत्ति है, काशी की उत्पत्ति नहीं है । मैं वराह रूप धारण कर जब पृथिवी का उद्धार करूँगा, तब पुनर्वार मेरी प्रिया काशी-पृथिवी में विराजिता होगी ।"।।३४४—३४५।।

श्लोकस्थ 'चेतना' शब्द से यहाँ परमात्मा को जानना होगा; जड़ शब्द से देह को जानना होगा । परमात्मनः परवर्त्ती श्लोक में 'परमात्मा की उत्पत्ति नहीं है, जड़ की उत्पत्ति है, इस प्रकार कहा गया है । अतएव चेतन शब्द से परमात्मा का ही ग्रहण होता है, 'निर्म्माणन्तु जड़स्यात्र क्रियते न परमात्मनः" इस प्रकार ३४५ श्लोक में कहा गया है । कारण—परमात्मा ही एकमात्र कारण वस्तु हैं ।

इस प्रकार व्याख्या करने का हेतु यह है—काशी प्रभृति धाम समूह अणु चैतन्य जीव स्वरूप नहीं है, विभु चैतन्य—परमात्मा स्वरूप हैं, जीव स्वरूप के सदृश चिद्वस्तु होने से माया द्वारा अभिभूत होना धाम समूह का सम्भव होता, तज्जन्य परमात्मा स्वरूप निश्चित हुआ है ।

परमात्मा को दृष्टान्त रूप में उपस्थित करने का तात्पर्य्य यह है कि-योगिगण निजदेह के मध्यमें अवस्थित प्रादेशमात्र आकृति विशिष्ट पुरुष का ध्यान करते हैं । श्रीमद् भागवत २।२।८ में वर्णित है—चतुर्भुज रूप में वर्णित अन्तर्य्यामी परमात्मा शरीर के मध्य में अवस्थित होने पर भी देह पीड़ादि के द्वारा व्यथित

तदेवं तद्धाम्नामुपर्य्यधः प्रकाशमानत्वे नोभयविधत्वं प्रसक्तम् । वस्तुतस्तु श्रीभगवन्नित्याधिष्ठानत्वेन तच्च श्रीविग्रहवदुभयत्र प्रकाशाविरोधात् समान-गुण-नाम-रूपत्वेनाम्नातत्वाल्लाघवाच्चैकविधत्वमेव मन्तव्यम् । एकस्यैव श्रीविग्रहस्य बहुत्वप्रकाशश्च (४१ अनु०) द्वितीयसन्दर्भे दर्शितः, (भा० १०।६९।२)—

"चित्रं बतैतदेकेन वपुषा युगपत् पृथक्
गृहेषु द्व्यष्टसाहस्रं स्त्रिय एक उदावहत् ।।"३४६।।

इत्यादिना । एवम्विधत्वञ्च तस्याचिन्त्यशक्तिस्वीकारेण सम्भावितमेव । स्वीकृतश्चाचिन्त्यशक्तित्वम् (ब्र० सू० २।१।२७) "श्रुतेस्तु शब्दमूलत्वात्" इत्यादौ । तदेवमुभयाभेदाभिप्रायेणैव श्रीहरिवंशेऽपि गोलोकमुद्दिश्य—"स हि सर्वगतो महान्" इत्युक्तम् । भेदे तु ब्रह्मसंहितायामपि (५।४८)—"गोलोक एव निवसत्यखिलात्मभूतः" इत्येवकारोऽत्र स्वकीयनित्यविहारप्रतिपादक-वाराहादिवचनैर्विरुध्येत । अविरोधस्तूभयेषामैक्येनैव भवतीति तं न्याय

नहीं होते हैं । तद्रूप काशी प्रभृति भगवद्धाम समूह पृथिवी में अवस्थित होने से भी प्रकृति धर्म से अलिप्त हैं ।

श्रीभगवान् के धाम समूह तदीय स्वरूप विभूति स्वरूप हैं । तज्जन्य उक्त धाम समूह उपरितन देश में अथवा अधस्तन देश में प्रकाशित हैं, अतएव उक्त धाम समूह की उभयविधरूप में प्रसिद्धि है, एक पाद विभूति एवं त्रिपाद विभूति रूप में विभूति क्रोड़ीकृत होती है । वस्तुतः श्रीभगवान् नित्य अधिष्ठित होने के कारण—उपर्य्यधः प्रकाशमान धाम समूह में एकत्व ही विद्यमान है, उभय विधत्व नहीं है । अर्थात् एकही धाम ऊर्द्ध्वदेशरूप परव्योम में एवं अधस्तल रूप पृथिवी में विद्यमान है । एक ही धाम कैसे विरुद्ध उभय स्थान में युगपत् विराजित हो सकता है ? उत्तर,—श्रीभगवद्विग्रह—जिस प्रकार एक समय में अनेक स्थान में युगपत् प्रकाशित हो सकते हैं, तदीय धाम सम्बन्ध में भी उस प्रकार ही जानना होगा । उभय धाम एक है—इसका बोध कैसे होगा ? कहते हैं—उभयत्र प्रकाशमान धाम के समान गुण नाम रूप का वर्णन सुप्रसिद्ध है । उभयस्थलस्थ धाम समूह में ऐक्य स्वीकृत होने से कल्पना लाघव होता है, अन्यथा परव्योम एवं अनन्त ब्रह्माण्ड में प्रकाशित अनन्त धामों का पृथक् पृथक् अस्तित्व स्वीकार करना होगा । उस प्रकार कल्पना असमीचीन है, धाम समूह भगवान् की सन्धिनी शक्ति से प्रकटित हैं ।

श्रीभगवद्विग्रह एक ही समय में बहुत्र युगपत् प्रकाशित होने में सक्षम हैं, इसका प्रतिपादन द्वितीय सन्दर्भ रूप भागवत सन्दर्भ के ४१ अनुच्छेद में हुआ है । भा० १०।६९।२ में उक्त है—

"चित्रं बतैतदेकेन वपुषा युगपत् पृथक् ।
गृहेषु द्व्यष्ट साहस्रं स्त्रियएक उदावहत् ।।"

आश्चर्य्य है—कि एक शरीर के द्वारा ही एक समय में षोड़श सहस्र संख्यक स्त्री के सहित परिणय कार्य्य सम्पन्न श्रीकृष्ण किये थे ।

बृहद् वैष्णव तोषणी—दिदृक्षा हेतुमेव विस्तारयन् उक्त पोषणन्यायेनाह—चित्रमिति सार्द्धेन-आश्चर्य्यम् बत हर्षे, ननु किं नामात्र चित्रम्, सौभरि प्रभृतयो मुनयोऽपि बहु रूपधारणेनैवं किल कुर्वन्ति, तत्राह—एकेनैव वपुषा, न तु बहु रूप धारणेनेत्यर्थः । एतच्चान्ते व्यक्तं भावि, पृथगित्यत्र वीप्सा द्रष्टव्या, प्रत्येकं

सिद्धमेवार्थं ब्रह्मसंहितानुगृह्णाति । अतएव श्रीहरिवंशेऽपि शक्रेण (विष्णु-प० १९।३५)—

"स तु लोकस्त्वया कृष्ण सीदमानः कृतात्मना । धृतो धृतिमता वीर निघ्नतोपद्रवान् गवाम् ।।'३४७।।

इति गोलोक-गोकुलयोरभेदेनैवोक्तम् । तस्मादभेदेन भेदेन चोपक्रान्तत्वादेकविधान्येव श्रीमथुरादीनि प्रकाशभेदेनैव तूभयविधत्वेनाम्नातानीति स्थितम् । दर्शयिष्यते चाग्रे—क्षौणि-प्रकाशमान एव श्रीवृन्दावने श्रीगोलोकदर्शनम् । ततोऽस्यैवापरिच्छिन्नस्य गोलोकाख्य—

सर्व्वेष्वेवैकवोद्वाहात् । यद्वा, पृथग् गृहेषु—नानागारेषु तावत्स्वेव, अर्थः स एवा आ सम्यक्, पितृ मातृ पुरोहितादिभिः सह तत्तत् कृत्य विधिना उदवहत् । आकारस्यान्तः प्रयोगः 'छान्दस व्यवहिताश्च' इति छान्दसत्वाददोषः ।

नरकासुर बध के अनन्तर तत्रत्य कन्या समूह का परिणय के अनन्तर श्रीनारद योगमाया वैभव दर्शनेच्छु होकर द्वारका आये थे, श्रीकृष्ण, अष्टादश सहस्र कन्याका पाणि ग्रहण एक ही समय में पृथक् पृथक् गृह में किये थे । उस में पृथक् पृथक् पुरोहित—पिता माता प्रभृति बन्धु वर्ग का यथारीति समावेश हुआ था । देवर्षि आश्चर्य्यान्वित हुए थे । आश्चर्य्यान्वित होने का कारण यह है, यह सौभरि प्रभृति योगिगण स्वयं अभ्यस्त एवं परिचित थे । किन्तु आश्चर्य्य का विषय यह है—स्वीय प्रकाश मूर्त्ति का आविष्कार किये थे । काय व्यूह में एक देहका अनेक बिस्तार होता है, एकको क्रिया से अपर में क्रिया होती है, प्रकाश में एक होकर भी पृथक् पृथक् आविर्भाव के द्वारा पृथक् पृथक् क्रियाओं का पृथक् पृथक् आस्वादन होता है, यह ही विस्मय का विषय था ।

एक विग्रह का युगपत् बहुत्र प्रकाश-श्रीभगवान् की अचिन्त्य शक्तिके द्वारा ही होता है । श्रीभगवान् की अचिन्त्यशक्तिका प्रतिपादन ब्र० सू० २।१।२७—'श्रुतेस्तु शब्दमूलत्वात्' में हुआ है । गोविन्द भाष्य—'ब्रह्म कर्त्तृत्व पक्षे लोक दृष्टया दोषा न स्युः । कुतः श्रुतेः । अलौकिकमचिन्त्यं ज्ञानात्मकमपि मूर्त्तं ज्ञानवच्चैकमपि बहुधावभातं च, निरंशमपि सांशं च, मितमप्यमितं च सर्वकर्त्तृ निर्विकारं च ब्रह्म इति श्रवणादेवेत्यर्थः । मुण्डके अलौकिकत्वादि श्रुतम् । अविचिन्त्यार्थस्य शब्दैक प्रमाणत्वादित्यर्थः । ब्रह्म बोधकस्तु श्रुति शब्द एव । "नावेदविन्मनुते तं बृहन्तमित्यादि श्रवणात् । स्वतः सिद्धत्वेन निर्दोषत्वाच्चेति ।

ब्रह्म का निरूपण श्रुति से ही होता है, ब्रह्म—अलौकिक अचिन्त्य, ज्ञानात्मक होने पर भी मूर्त्ति विशिष्ट एवं ज्ञान सम्पन्न हैं, एक होकर भी बहुरूप से विराजित हैं, निरंश होकर अंश युक्त हैं, परिमित होकर अपरिमित हैं, सर्व कर्त्ता होने परभी विकार रहितहैं । शब्द प्रमाणके द्वारा वह प्रतिपादित हैं । श्रुति एवं तदनुगत शास्त्र से श्रीभगवान् में अलौकिक शक्ति श्रुत है, मनुष्य जगत् में वह असम्भव होने पर भी श्रीभगवान् में अचिन्त्य शक्ति होने से वह सम्भव है ।

अचिन्त्य शक्ति प्रभाव से श्रीभगवदभिन्न भगवद्धाम की स्थिति उभयत्र होती है, उसका वर्णन श्रीहरिवंश में है,—"स हि सर्वगतोमहान्" वह गोलोक सर्वगत महान् है" इत्यादि । अर्थात् उपरि भाग में एवं अधोभाग में युगपत् विद्यमान है, कारण वह महान् हैं ।

उभयस्थानगत धाम में भेद स्वीकार करने पर ब्रह्मसंहितोक्त (५।४८) 'गोलोक एव निवसत्यखिलात्मभूतः श्रीगोविन्द गोलोक में ही निवास करते हैं, इस वाक्यस्थ 'एव' 'ही' शब्द के द्वारा भौम वृन्दावन में श्रीकृष्णका नित्य विहार प्रति पादक वराह पुराणोक्त वचनोंके सहित विरोध उपस्थित होता है।

गोलोक एवं गोकुल में अभेद स्वीकार करने पर ब्रह्मसंहिता एवं वराह पुराण में विरोध नहीं होगा। उक्त युक्ति युक्त अभिन्नार्थ का अङ्गीकार ब्रह्मसंहिता में हुआ है ।

वृन्दावनीयप्रकाशविशेषस्य वैकुण्ठोपर्य्यपि स्थितिर्माहात्म्यादलम्बनेन भजतां स्फुरतीति ज्ञेयम् । अयमेव मथुरा-द्वारका-गोकुल-प्रकाशविशेषात्मकः श्रीकृष्णलोकस्तद्विरहिणा श्रीमदुद्धवेनापि समाधावनुभूत इत्याह (भा० ३।२।६)—

(१०६) "शनकैर्भगवल्लोकान्नृलोकं पुनरागतः ।
विमृज्य नेत्रे विदुरं प्रत्याहोद्धव उत्स्मयन् ।।"३४८।।

स्पष्टम् ।। श्रीशुकः ।।

१०७ । इममेव लोकं द्यु-शब्देनाप्याह (भा० १२।२।२९।३०)

अतएव श्रीहरिवंश में भी देवराज इन्द्रने कहा है- हे कृष्ण ! हे वीर ! मेरे द्वारा अनुष्ठित गो गोकुल का उपद्रव विनाशकारी धृतिमान् आप हैं, आपने ही पीड़ित गोकुल की रक्षा की है।" देवराज ने तो गोलोक एवं गोकुल में अभेद मानकर ही कहा है। सुतरां कहीं अभेद रूप से कहीं भिन्न रूप से वर्णित होने से भी श्रीमथुरा प्रभृति धाम उभय लोक गत एकविध ही है, किन्तु प्रकाश भेद से उभयविध वर्णित होता है। यह सिद्धान्त स्थिर हुआ है। इस ग्रन्थ के अग्रिम भाग में प्रदर्शित होगा कि पृथिवी में प्रकाशित श्रीवृन्दावन में ही व्रजवासिगण गोलोक दर्शन किये थे।

अतएव जो लोक माहात्म्य ज्ञानावलम्बन से श्रीकृष्ण का भजन करते हैं, अर्थात् श्रीकृष्ण लोक निखिल वैकुण्ठ के उपरि भाग में अवस्थित है, इस प्रकार धारणा के द्वारा भजन करते हैं, उनके समीप में अपरिच्छिन्न यह गोलोक नामक श्रीवृन्दावनीय प्रकाश विशेष की स्फूर्त्ति वैकुण्ठ के उपरिभाग में होती है।

मथुरा द्वारका गोकुल का प्रकाश विशेष रूप यह श्रीकृष्ण लोक ही श्रीकृष्ण विरही श्रीमदुद्धव कर्त्तृक समाधि में अनुभूत हुआ था।

भा० ३।२।६ में वर्णित है "शनकै र्भगवल्लोकान्नृलोकं पुनर गतः ।
विमृज्य नेत्रे विदुरं प्रत्य होद्धव उत्स्मयन् ।"३४८।।

श्रीविदुर महोदय के द्वारा श्रीकृष्ण चरित जिज्ञासित होकर विरह व्याकुल उद्धव दण्डद्वयकाल तूष्णीम्भाव से स्थित थे। अनन्तर परमानन्द से पूर्ण हृदय होकर विदुरादिमय दृश्यमान जगत् में धीरे-धीरे पुनरागमन किए थे। टीका,—"भगवानेव लोक स्तस्मात् नृ लोकं-देहानुसन्धानम् उत्स्मयन्—यदुकुल संहारादि भगवच्चातुर्य्यस्मरणेन विस्मयं प्राप्नुवन् ।"

क्रमसन्दर्भ—"भगवल्लोक नित्य लीलामय द्वारकाख्यान्नृलोकं वहिर्दृश्यमानं विदुरादि मनुष्यलोक मागतः, अनुसन्दधानः । उत्स्मयन्—तदनुभवेनोच्चैरानन्दित इत्यर्थः ।।'

"नेत्रद्वय से विगलित प्रेमाश्रु को मार्जन करके उत्फुल्ल अन्तः करण से प्रीति पूर्वक कहे थे।"

इस प्रमाण से प्रतिपन्न हुआ है कि—मौनावलम्बन के समय श्रीउद्धव, उक्त श्रीकृष्ण लोक में तदीय लीला दर्शन किये थे। कारण, श्रीकृष्ण विच्छेद से व्याकुल श्रीमान् उद्धव, तद्दर्शन व्यतीत अपर वस्तु से प्रफुल्ल नहीं हो सकते हैं। उस समय भौम मथुरादि में श्रीकृष्ण की अप्रकट लीला चल रही थी, सुतरां श्रीउद्धव, उक्त धाम समूह में श्रीकृष्ण लीला का दर्शन किये थे।

सुस्पष्ट प्रकरण प्रवक्ता श्रीशुक हैं (१०६)

भा० १२।२।२९-३० में इस श्रीकृष्ण लीला को ही 'दिव्' शब्द से कहा गया है, श्रीशुकने कहा है—

(१०७) "विष्णोर्भगवतो भानुः कृष्णाख्योऽसौ दिवं गतः ।
तदाविशत् कलिर्लोकं पापे यद्रमते जनः ॥३४९॥
यावत् स पादपद्माभ्यां स्पृशन्नास्ते रमापतिः ।
तावत् कलिर्वै पृथिवीं पराक्रन्तुं न चाशकत् ॥" ३५०॥

यदा गुणावतारस्य भगवतो विष्णोस्तदंशत्वाद्रश्मिस्थानीयस्य कृष्णाख्यो भानुः सूर्य्य-मण्डलस्थानीयो दिवं प्रापञ्चिकलोकोगोचरं मथुरादीनामेव प्रकाशविशेषरूपं वैकुण्ठं गतः, तदा कलिर्लोकमविशत् । एषां स च प्रकाशः पृथिवीस्थोऽप्यन्तर्द्धानशक्त्या तामस्पृशन्नेव विराजते । अतस्तया न स्पृश्यते पृथिव्यादिभूतमयैरस्माभिर्वाराहोक्त-महाकदम्बादिरिव । यस्तु प्रापञ्चिकलोकगोचरो मथुरादिप्रकाशः, सोऽयं कृपया पृथिवीं स्पृशन्नेवावतीर्णः । अतस्तया च स्पृश्यते तादृशैरस्माभिर्दृश्यमानकदम्बादिरिव । अस्मिंश्च प्रकाशे यदावतीर्णो भगवांस्तदा तत्स्पर्शेनापि तत्स्पर्शात्तां स्पृशन्नेवास्ते स्म । सम्प्रति तदस्पृष्टप्रकाशे विहरमाणः

जब भगवान् श्रीविष्णु का श्रीकृष्णाख्य भानु द्युलोक 'दिवं' गमन किये थे, उस समय उस जगत में कलि का प्रवेश हुआ । कलि के कारण लोक समूह पाप में लिप्त हैं । यावत् पर्य्यन्त रमापति श्रीकृष्ण श्रीचरण युगल के द्वारा पृथिवी को स्पर्शकर विराजित थे, तावत् काल पर्य्यन्त पृथिवीस्थ जनगण के प्रति प्रभाव विस्तार कलि करने में असमर्थ थे । अन्तर्मुखीन जनगण के प्रति कलि किसी भी काल में प्रभाव विस्तार करने में सक्षम नहीं है ।

क्रमसन्दर्भ श्रीकृष्ण लोकमेव 'द्यु' शब्देनाप्याह—विष्णोरिति । यदा गुणावतारस्य भगवतो विष्णोस्तदंशत्वाद्रश्मि स्थानीयस्य कृष्णाख्यो भानुः सूर्य्य मण्डलस्थानीयः, दिवं—प्रापञ्चिक लोकोगोचरं मथुरादीनामेव प्रकाशविशेषरूपं वैकुण्ठलोकं गतस्तदा कलिर्लोकमविशत् । एषां च प्रकाशविशेषरूपं वैकुण्ठलोकं गत स्तदा कलिर्लोकमविशत् एषां च प्रकाश पृथिवीस्थोऽप्यन्तर्द्धानशक्त्या तामस्पृशन्नेव विराजते, अतस्तया न स्पृश्यते, पृथिव्यादिभूतमयैरस्माभि र्वाराहोक्तमहाकदम्बादिरिव, यस्तु प्रापञ्चिक लोक गोचरो मथुरादि प्रकाशः, सोऽयं कृपया पृथिवीं स्पृशन्नेवावतीर्णः । अतस्त्वया स्पृश्यते तादृशैरस्माभि र्दृश्यमानकदम्बादिरिव । अस्मिश्च प्रकाश यदावतीर्णो भगवान्,तदा तत् स्पर्शेनापि तत् स्पर्शात्तां स्पृशन्नेवास्ते स्म । सम्प्रति तदस्पृष्ट प्रकाशे विरहमाणः पुनरपृस्शन्नेव भवति । यद्यप्येवम्, तथापि क्वचिद् द्वयोर्भेदेन क्वचिदभेदेन च विवक्षा तत्र तत्रावगन्तव्या ।

उक्त श्लोकद्वयका अर्थ इस प्रकार है—श्रीकृष्ण स्वयं भगवान्—सर्वावतारी होने के कारण-सूर्य्य-स्थानीय हैं । गुणावतार विष्णु—उनका अंश, हैं, रश्मिस्थानीय हैं । तज्जन्य श्लोक में कथित है—'भगवान्' विष्णु का कृष्णाख्य भानु' अर्थात् भगवान् विष्णु का अवतारी श्रीकृष्ण हैं । उन श्रीकृष्ण जब द्यु लोक अर्थात् प्रापञ्चिक लोक के अगोचर में स्थित मथुरादि का प्रकाश विशेष रूप वैकुण्ठ लोक में गमन करते हैं, तब इस पृथिवी में कलि का प्रवेश हुआ । यहाँपर मथुरा, द्वारका, वृन्दावन धामके त्रिविध प्रकाश का वर्णन है ।—अप्रकट प्रकाश, अस्मद् दृशमान वर्त्तमान प्रकाश, एवं प्रकट प्रकाश यह है ।

अप्रकट प्रकाश—श्रीकृष्ण जिस प्रकाश में गमन कर सम्प्रति विहार करते हैं । उक्त प्रकाश, पृथिवीस्थ होने पर भी अन्तर्द्धान—शक्ति के द्वारा पृथिवी को स्पर्श न करके विराजित है । अतएव पाश्व

पुनरस्पृशन्नेव भवति । यद्यप्येवं तथापि क्वचिद्द्वयोर्भेदेन क्वचिदभेदेन च विवक्षा तत्र तत्रावगन्तव्या । तदेतदभिप्रेत्याह—यावदिति । पराक्रन्तुमित्यनेन तत्पूर्वमपि कञ्चित् कालं व्याप्य प्रविष्टोऽसाविति ज्ञापितम् ।।शुकः ।।

१०८। (वृ० ४।४।८) "तेन धीरा अपि यन्ति ब्रह्मविद उत्क्रम्य स्वर्गं लोकमितो विमुक्ताः"

भौतिक देहधारी व्यक्तिगण जिस प्रकार वराह पुराणोक्त वृन्दावनस्थित महाकदम्बादि का दर्शन नहीं कर पाते हैं, उक्त प्रकाश भी उस प्रकार पृथिवी को स्पर्श न ही करता है ।

अस्मद् दृश्यमान प्रकाश—प्रापञ्चिक लोक समूह जिस मथुरादि का दर्शन स्वीय नेत्रसे करते रहते हैं, वह कृपापूर्वक-पृथिवी को स्पर्श न करके ही अवतीर्ण है । पाञ्चभौतिकदेहधारी व्यक्ति गण जिस प्रकार कदम्बादि वृक्ष को देखते रहते हैं, उस प्रकार पृथिवी भी इस प्रकाश को स्पर्श करने में सक्षम है ।

प्रकट प्रकाश—दृश्यमान प्रकाश में जब श्रीकृष्ण अवतीर्ण होते हैं, तब आप इस प्रकाश में परिकर वर्ग के सहित विविध लीला विस्तार करते हैं । यह ही प्रकट प्रकाश है, जब श्रीकृष्ण प्रकट विहार करते हैं, तब आप इस वर्त्तमान प्रकाश को स्पर्श करते हैं । इस धाम का स्पर्श से ही पृथिवी का स्पर्श होता है, अतएव आपने पृथिवी को स्पर्श किया है, ऐसा कहा गया है । अर्थात् दृश्यमान पृथिवी को स्पर्श कर अवस्थित हैं । यदि श्रीकृष्ण उक्त प्रकाश को स्पर्श करते हैं, तब पृथिवी का भी स्पर्श होता है ।

सम्प्रति श्रीकृष्ण पृथिवी का अस्पृष्ट प्रथमोक्त प्रकाश में अवस्थित हैं अतएव कहा गया है कि—पृथिवी को स्पर्श न करके ही श्रीकृष्ण विद्यमान हैं । इस अभिप्राय से ही कहा गया है कि—"यावत् पादपद्माभ्यां 'स्पृशन्नास्ते रमापतिः" यावत् काल पर्य्यन्त रमापति श्रीकृष्ण चरण कमल युगल के द्वारा पृथिवी को स्पर्श कर अवस्थित थे ।" अर्थात् श्रीकृष्ण, कुछ समय चरण कमल युगलके द्वारा पृथिवी को स्पर्श करते थे, सम्प्रति आप पृथिवी को स्वीय चरण युगल के द्वारा स्पर्श कर नहीं हैं ।

जब तक आप पृथिवी को स्वीयचरण द्वारा स्पर्श कर थे, तब तक कलि प्रभाव विस्तार करने में अक्षम थे । इस से बोध होता है कि—कुछ ही समय पूर्व में कलि का प्रवेश हुआ था ।

सारार्थ यह है कि— श्रीकृष्ण सतत निजधाम में अवस्थित हैं, निज धाम त्याग कर पृथिवी में विहार नहीं करते हैं, तब श्रीकृष्ण का पृथिवी स्पर्श वर्णन कैसे सार्थक होगा ? उत्तर,— जब भगवान् प्रकट होते हैं, उस समय अस्मद् दृश्यमान मथुरा द्वारका श्रीवृन्दावन में सपरि कर अवस्थित होते हैं । दृश्यमान धाम समूह पृथिवी को स्पर्शकरते हैं, अतएव पृथिवी का स्पर्श उपपन्न होताहै, जिस समय अप्रकट लीला होती है, उस समय धाम समूह का अप्रकट प्रकाश पृथिवी में रह कर भी पृथिवी को स्पर्श नहीं करता है, अतएव श्रीकृष्ण का पृथिवी स्पर्श नहीं होता है ।

मनुष्य का विश्वास है कि—जिस मथुरादि धाम को हम देखते हैं, वे सब वास्तविक धाम नहीं है, पृथिवी का प्रदेशविशेष है । किसी समय यहाँ श्रीकृष्ण आविर्भूत हुये थे । इस प्रकार कथन असमीचीन है, कारण—श्रीकृष्ण मायातीत सच्चिदानन्द विग्रह हैं, आप जिस समय प्रकट विहार करते हैं, उस समय नरलीलाहेतु अनेकविध मानव धर्म अङ्गीकार करते हैं, ईदृश लीलाविष्कार के प्रति हेतु उनकी करुणा है ।

श्रीकृष्ण वपु के समान मथुरादि धाम भी मायातीतचिन्मय हैं । कृपा वशतः इस पृथिवी में प्रकाशित होते हैं, श्रीकृष्ण की नरलीला अङ्गीकार के समान श्रीधाम समूह भी लीलावशतः ही किसी किसी पार्थिव धर्म को अङ्गीकार करते हैं ।

प्रवक्ता श्रीशुक हैं—(१०७)

इति श्रुत्यनुसारेण 'स्वर्ग'-शब्देनाप्याह, (भा० १०।६।३८) —

(१०८) "यातुधान्यपि सा स्वर्गमवाप जननीगतिम्" इति ।

अत्र 'जननीगतिम्' इति विशेषणेन लोकान्तरं निरस्तम् । तत्प्रकरण एव तदादीनां बहुशो गत्यन्तरनिषेधात् (भा० १०।१४।३५) "सद्वेषादिव पूतनापि सकुला त्वामेव देवापिता" इत्यत्र साक्षात्तत्प्राप्तिनिर्द्धारणाच्च । तथा च केनोपनिषदि (१।१-२) दृश्यते—"केनेषितं मनः पतति, प्राणस्य प्राणश्चक्षुषश्चक्षुरतिमुच्य धीराः प्रेत्यास्माल्लोकादमृता भवन्ति" इत्युपक्रम्य (केन० १।४) "तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि" इति मध्ये प्रोच्य (केन० २।४) "अमृतत्वं हि विन्दते", (केन० ४।८) "सत्यमायतनम्", (केन० ४।६) "यो वा एतामुपनिषदं वेदापहत्य पाप्मानमनन्ते स्वर्गे

वृहदारण्यक श्रुति में वर्णित है—"ब्रह्मविद् धीर व्यक्तिगण—भक्तियोग प्रभाव से उत्क्रान्त होकर विमुक्त होते हैं, एवं स्वर्ग लोक गमन करते हैं," उक्त श्रुति में मुक्त प्राप्य स्थान श्रीभगवद्धाम को स्वर्ग शब्द से अभिहित किया गया है । उसके अनुसार श्रीमद् भागवत भी १०।६।३८ में भगवद्धाम को स्वर्ग शब्द से कहते हैं । "धातु धान्यपि सा स्वर्गमवाप जननी गतिम् ।" पूतना राक्षसी ने भी जननी गणों का प्राप्य स्थान स्वर्ग को प्राप्त किया ।

यहाँ—स्वर्ग को जननी गति शब्द के द्वारा प्रकाशित करने से उक्त स्वर्ग शब्द से प्रसिद्ध देवनिवास स्थल रूप स्वर्ग का निरास हुआ । कारण पूतनामोक्ष प्रसङ्ग में जननीगणकी गति—श्रीकृष्णलोक व्यतीत अन्यत्र नहीं है, बहुधा निषिद्ध भी हुआ है, ब्रह्मस्तव में उक्त है, पूतनाने कृष्ण को प्राप्त किया है ।

ब्रह्मा श्रीकृष्ण को कहे थे भा० १०।१४।३५

'सद्वेषादिव पूतनापि सकुला त्वामेव देवापिता" इस वाक्य में साक्षात् रूप से ही स्पष्टतः ही श्रीकृष्ण प्राप्ति की वार्त्ता घोषित है । भक्तवेशानुकरण कारिणी पापिष्ठा पूतना भी कुलस्थ परिजन वर्ग के सहित आप को प्राप्त किया है । सुतरां स्वर्ग शब्द से श्रीकृष्ण लोक को ही जानना होगा । देव पुरी रूप स्वर्ग लोक नहीं । भगवद्धाम को स्वर्ग शब्द से कहा जाता है, उसका प्रसङ्ग केनोपनिषद् में है । "किसकी प्रेरणा से मनः निज विषय में गमन करता है ?" इत्यादि प्रश्न के बाद कहा गया है "जो प्राणों का प्राण है, चक्षुका चक्षु है, अर्थात् धीर व्यक्तिगण, सकलेन्द्रिय का प्रवर्त्तक परमात्मा हैं, इस प्रकार जानकर इस लोक से विमुक्त होकर अमरत्वलाभ करते हैं ।" प्रथम प्रश्न के उत्तर में कहा गया है, "तुम उनको ही ब्रह्म जानना ।' इस प्रकार कह कर ब्रह्म विदित होने से अमृतत्व का लाभ होता है, द्वितीय उत्तर में कहा गया है—तपः दम, कर्म, वेद, वेराङ्ग प्रभृति समुदय विद्या प्राप्ति का एकमात्र उपाय एवं सत्य का आश्रय एकमात्र ब्रह्म है । जो जन उक्त ब्रह्म को जानते हैं, वे सब पापों से मुक्त होकर सर्व महत्तर अनन्त स्वर्ग लोक में प्रतिष्ठित होते हैं । इस प्रकार उपसंहार किया गया है ।

"क्षीयन्त चास्य कर्माणि" ब्रह्मविद् गण का कर्म क्षीण होता है, ज्ञात्वादेवं सर्वपाशाप हानिः, परमेश्वर को जानने से बन्धन छिन्न होता है । यह श्रुति है । सुतरां देवगण कर्मतन्त्राधीन हैं, ब्रह्मविद् गण, कर्म बन्धन मुक्त हैं, अतः देवलोक से ब्रह्मविदों का गन्तव्य स्थान भिन्न है, देवलोक विनाशी है, किन्तु यहाँ स्वर्ग का विशेषण—अनन्त है, विनाशी का विशेषण अनन्त नहीं होता है । इस से स्वर्ग शब्द वाच्य देवलोक निरस्त हुआ है । स्वर्ग शब्दका अर्थ भगवद्धाम है, उसकी प्रतीति निबन्धन'सर्वमहत्तर' विशेषण योजित है । अतएव केनोपनिषद् प्रमाणानुसार बोध हुआ कि स्थल विशेष में भगवद्धाम भी स्वर्ग शब्द से अभिहित

लोके प्रतिष्ठति" इत्युपसंहृतम् । 'ततः को वासुदेवः, किं तद्वनं को वा स्वर्गः किं तद्ब्रह्म ?'— इत्यपेक्षायां नारायणोपनिषद्याह— "पुरुषो ह वै नारायणः" इत्युपक्रम्य पुनश्चाभ्यासेन "नित्यो देव एको नारायणः" इत्युक्त्वा नारायणोपासकस्य च स्तुतिं कृत्वा "तद्ब्रह्म नारायण एव" इति व्यज्य स्वर्गं प्रतिपादयिष्यन् "वैकुण्ठलोकं गमिष्यति, तदिदं पुरमिदं पुण्डरीकं विज्ञानघनं तस्मात्तड़िदावभासम्" इति वनलोकाकारस्य वैकुण्ठस्यानन्दात्मकत्वं प्रतिपाद्य स च तदधिष्ठाता नारायणः कृष्ण एवेत्युपसंहरति—"ब्रह्मण्यो देवकीपुत्रः" इति ॥

श्रीशुकः ॥

१०९। 'काष्ठा'-शब्देनापि तमेवोद्दिशति, (भा० १।१।२३)—

(१०९)"ब्रूहि योगेश्वरे कृष्णे ब्रह्मण्ये धर्म्मवर्म्मणि ।
स्वां काष्ठामधुनोपेते धर्म्मः कं शरणं गतः ।।" ३५१।।

स्वां काष्ठां दिशम् । यत्र स्वयं नित्यं तिष्ठति, तत्रैव प्रापञ्चिकलोकसम्बन्धं त्यक्त्वा गते सतीत्यर्थः ।। श्रीशौनकः ।।

होता है। अन्यत्र उपनिषद् में वर्णित हैं—

'स्वर्ग क्या है ? ब्रह्म क्या है ? वासुदेव कौन है ? उनका वन क्या है ? प्रश्नोत्तर में कहा गया है- 'पुरुष ही नारायण हैं, इस प्रकार कथनोपक्रम के पश्चात् अभ्यास के द्वारा पुनर्वार कथित हुआ है, 'नित्य देव एक नारायण हैं" इस प्रकार नारायणोपासक की स्तुति करने के पश्चात् कहा गया है—"वह ब्रह्म नारायण ही हैं" इस प्रकार व्यक्त करके स्वर्ग प्रतिपादन हेतु कहते हैं, "वैकुण्ठ लोक प्राप्त होगा।" यह पुर कमलाकार विज्ञान घन स्वरूप है, अतएव तड़ित् के समान उद्भासित है। यहाँपर श्रीनारायण विराजित हैं।" वनलोकाकार वैकुण्ठ की आनन्द स्वरूपता का प्रतिपादन के पश्चात् उक्त वैकुण्ठ का अधिष्ठाता श्रीकृष्ण ही हैं वह ही नारायण हैं, इस प्रकार उपसंहार किया है, ब्रह्मण्य उदार महत् दाता देवकी पुत्र ही हैं। यहाँ पर श्रुतिने श्रीकृष्ण लोक को स्वर्ग शब्द से कहा है।

प्रवक्ता श्रीशुक हैं—(१०८)

भा० १।१।२३ में वर्णित है—

ब्रूहि योगेश्वरे कृष्णे ब्रह्मण्ये धर्म वर्मणि ।
स्वां काष्ठामधुनोपेते धर्मः कं शरणं गतः"

टीका—"पुनः प्रश्नान्तरं ब्रूहीति,-धर्मस्य वर्मणि कवचवद्रक्षके स्वां काष्ठां—मर्यादां स्वरूपमित्यर्थः। अस्य चोत्तरं—"कृष्णे स्वधामोपगते धर्म ज्ञानादिभिः सह इत्यादि श्लोकः।" काष्ठा शब्द के द्वारा भी निज लोक सूचित हुआ है, श्री शौनक बोले थे—"हे सूत ! कवच के समान धर्म रक्षक ब्रह्मण्य योगेश्वर श्रीकृष्ण स्वीय काष्ठा को प्राप्त होने पर धर्म किस को अवलम्बन कर रहा ?

काष्ठा—शब्द का अर्थ दिक है, स्वीय काष्ठा शब्द का अर्थ है जहाँ श्रीकृष्ण सतत विराजित हैं, उस का बोध होता है। अर्थात् प्रापञ्चिक लोक सम्बन्ध त्याग कर वहाँपर चले जाने पर—इस प्रकार कथन का अभिप्राय है।

इस के पूर्व अनुच्छेद में श्रीधाम वृन्दावन के द्विविध प्रकाश कहा गया है, तन्मध्य में अप्रकट प्रकाश में श्रीकृष्ण नित्य विराजित हैं। समयपर लोक नयन गोचरीभूत होकर प्रकट विहार करते हैं। उस

११० । तदेवमभिप्रेत्य द्वारकायास्तावन्नित्य-श्रीकृष्णधामत्वमाह, (भा० १०।६०।३५)—

(११०) "सत्यं भयादिव गुणेभ्य उरुक्रमान्तः शेते समुद्र उपलम्भनमात्र आत्मा ।
नित्यं कदिन्द्रियगणैः कृतविग्रहस्त्वं त्वत्सेवकैर्नृपपदं विधुतं तमोऽन्धम् ॥" ३५२।

अयमर्थः,—पूर्व्वं श्रीकृष्णदेवेन श्रीरुक्मिणीदेव्यै (भा० १०।६०।१२) —

"राजभ्यो बिभ्यतः सुभ्रु समुद्रं शरणं गतान् ।
बलवद्भिः कृतद्वेषान् प्रायस्त्यक्तनृपासनान् ॥" ३५३॥

(भा० १०।६०।११) —"कस्मान्नो वव्रुषे" इति परिहसितम् । तत्रोत्तरमाह—सत्यमिति । अत्र आत्मा त्वमित्येतयोः पदयोर्युगपच्छेत इति क्रियान्वयायोगात् विशेषणविशेष्यभावः प्रतिहन्यते । वाक्यच्छेदभेदे तु कष्टतापतेत् । ततश्चोपमानोपमेयभावेनैव ते उपतिष्ठतः । इयञ्च

समय दुष्ट दमन प्रभृति प्रापञ्चिक कार्य्यं अनुष्ठित होता है । कियत् कालानन्तर प्रकट विहार के पश्चात् इस श्रीवृन्दावन का ही अप्रकट प्रकाश में गमन करते हैं, उस समय प्रापञ्चिक सम्बन्ध नहीं रहता है । इस अप्रकट प्रकाश ही "स्वां काष्ठां स्वीय दिक् शब्द से अभिहित है । उक्त प्रमाण समूह के द्वारा श्रीवृन्दावन का प्रपञ्चातीतत्व प्रदर्शित हुआ ।

श्रीशौनक कहे थे ।१०९।

श्रीभगवद्धाम समूह का प्रपञ्चातीतत्वस्थापित होने पर द्वारका का नित्य श्रीकृष्ण धामत्व को कहते हैं, भा० १०।६०।३५ में उक्त है—"हे उरुक्रम ! चैतन्यघन आत्मस्वरूप आप हैं, मायिक गुणों से भीत होकर मानों आप अन्तर्हृदय में अवस्थित हैं । दुष्ट इन्द्रियपरायण राजन्यवृन्द सतत आपके प्रति विरुद्धाचरण करते रहते हैं, आप भी तद्रूप उसके भय से समुद्र मध्यस्थित द्वारका में लुक्कायित होकर अवस्थित हैं, आपने नृपासन त्याग किया है, यह भी सत्य है, आपके सेवक गण भी गाढ़ तमः स्वरूप नृपासन त्याग करते हैं । सुतरां आपका नृपासन त्याग, आश्चर्य्य का विषय क्या है ?

श्लोक का अर्थ इस प्रकार है—इसके पहले श्रीकृष्णदेव श्रीरुक्मिणी देवी को परिहास पूर्वक कहे थे-, हे सुभ्रु ! मैं राजन्यवृन्द से भीत होकर समुद्र में शरणागत हूँ । बलवान् राजन्यवृन्द के विद्वेष के कारण-राज्यासन से वञ्चित हूँ । तुमने असदृश मुझ को वरण क्यों किया ? श्रीरुक्मिणी देवीने उत्तर में कहा—

"सत्यं भयादिव गुणेभ्यउरुक्रमान्तः शेते समुद्र उपलम्भनमात्र आत्मा ।
नित्यं कदिन्द्रियगणैः कृत विग्रहस्त्वं त्वत् सेवक नृपपदं विधुतं तमोऽन्धम् ॥

इस श्लोकस्थ 'आत्मा' एवं 'त्वं' कर्त्तृपद द्वय के सहित 'शेते' क्रिया का युगपत् अन्वय होना असम्भव है । अतः पदद्वय का विशेषण विशेष्य भाव व्याहत हुआ है ।

अर्थात् 'आत्मा' पद 'त्वं' पद का विशेषण नहीं हो सकता है, उक्त पदद्वय का कर्त्तृत्व को सफल करने के निमित्त उक्त श्लोक को द्विधा विभक्त करना भी कष्ट साध्य होगा, सुतरां 'आत्मापद—उपमान है, और "त्वं' पद उपमेय है । इस प्रकार से अर्थ सङ्गति होती है, यहाँ 'लुप्तोपमा' अलङ्कार है, उसका लक्षण यह है—कथञ्चित् साधर्म्यमुपमा । उपमान उपमेय में किसी प्रकार समानधर्म द्वारा जो सम्बन्ध, उसको उपमा कहते हैं । पूर्णा एवं लुप्ता भेद से उपमा दो प्रकार हैं, 'लुप्ता तु लोपतः' । धर्म इवादि उपमा वाचक शब्द एवं उपमान प्रभृति के लोप से लुप्ता उपमा होती है ।

अतः, आत्मा,—साक्षी, अर्थात् परमात्मा जिस प्रकार, गुण समूह—अर्थात्—सत्वादि मायिक गुण

लुप्तोपमा। तथा च आत्मा साक्षी यथा गुणेभ्यः सत्त्वादिविकारेभ्यस्तदस्पर्शलिङ्गाद्भयादिव समुद्रे तद्वदगाधे विषयाकारैरपरिच्छिन्ने उपलम्भनमात्रे ज्ञानमात्रस्वशक्त्याकारे अन्तर्हृदये नित्यं शेते, अक्षुभिततया नित्यं प्रकाशते। हे उरुक्रम तथा त्वमपि तेभ्यः सम्प्रति तद्विकारमयेभ्यो राजभ्यो भयादिव उपलम्भनमात्रे वैकुण्ठान्तरवत् चिदेकविलासे अन्तः समुद्रे द्वारकाख्ये धाम्नि नित्यमेव शेषे, स्वरूपानन्दविलासैर्गूढं विहरसि। अर्थवशाद्विभक्ति-विपरिणामः प्रसिद्ध एव। उदाहरिष्यते च तत्र नित्यस्थायित्वम् (भा० ११।३१।२३) "द्वारकां हरिणा त्यक्ताम्" इत्यादौ (भा० ११।३१।२४) "नित्यं सन्निहितस्तत्र भगवान् मधुसूदनः" इति।

विकार से,—स्पर्श न हो, इस प्रकार भयसे ही, मानों जिस प्रकार समुद्र में—अर्थात् समुद्र के समान अगाध बिषयाकार के द्वारा अपरिच्छिन्न है, उपलम्भन मात्र है,—ज्ञान मात्र स्वशक्त्याकार—अन्तर्हृदय में नित्य शयन करते हैं। अर्थात् अक्षुब्ध भावसे प्रकाशित होते हैं, हे उरुक्रम ! तद्रूप तुम भी सम्प्रति गुण विकारमय राजन्य वर्ग से भीत होकर ही मानों उपलम्भन मात्र,—अर्थात् वैकुण्ठान्तरवत् विशुद्ध चिच्छक्ति की बिभूति रूप समुद्र के अभ्यन्तर में अवस्थित श्रीद्वारका नामक निजधाम में नित्य शयित हैं, अर्थात् स्वरूपानन्द का विचित्र विलास में सत्य ही निगूढ़ भाव से विहरण शील हो। आत्मा' कर्त्तृपद के सहित श्लोकोक्त प्रथम पुरुषीय क्रिया 'शेते' का अन्वय है। 'त्वं' कर्त्तृ पद के सहित 'शेषे' क्रिया पद का व्यवहार हुआ है, अर्थानुरोध से विभक्ति को रूपान्तरित करने की रीति चिरन्तनी है।

भा० ११।३१।२३ में श्री शुकदेव कर्त्तृक उदाहरण प्रस्तुत हुआ है।

"द्वारकां हरिणा त्यक्तां समुद्रोऽप्लावयत् क्षणात् वर्जयित्वा महाराज श्रीमद् भगवदालयम्।
नित्यं सन्निहितस्तत्र भगवान् मधुसूदनः। स्मृत्याऽशेषाशुभहरं सर्वमङ्गलमङ्गलम्॥

"महाराज ! श्रीकृष्ण परित्यक्त द्वारका धाम को समुद्र ने जलप्लावित किया था, किन्तु श्रीभगवदालय यथावत् था। वह प्लावित नहीं हुआ। कारण, उक्त आलय में भगवान् मधुसूदन नित्य सन्निहित हैं, उक्त भगवदालय का स्मरण करने से समुदय अशुभ विनष्ट होते हैं, वह सर्व मङ्गलों का मङ्गल स्वरूप है।"

क्रमसन्दर्भ—द्वारका लीलाया अनित्यत्वमाशङ्क्य दुःखितं राजानं तन्नित्यत्वेन तं यदुभिः साकं भगवतो द्वारकायामेव नित्यां स्थितिमाह, द्वारकामिति—युग्मकेन। लोक दृष्ट्यैव हरिणा त्यक्ताम्, अत्यक्तामिति वा, "नित्यं सन्निहितः" इति वक्ष्यमाणात्। ततश्चोभयथाप्याप्लावनम्—परितो जलेन परिखावदावरणम्। तज्जल मज्जनञ्च समुद्रेणैव श्रीभगवदाज्ञयात्यक्तभूमिलक्षणस्य हस्तिनापुर प्रस्थापित वहिर्जन गृहाद्यधिष्ठान—वहिरावरणस्यैव, तथा रचनं—विश्वकर्मणा अस्यैव प्रकट लीलायाः प्रापञ्चिक मिश्रत्वादतः सुधर्मादीनां स्वर्गादागमनञ्च युज्यते। अप्रकट लीलायां ततोऽपि दिव्यतरं सभान्तरादिकमपि स्यात्। श्रीमान् यादवादि गृहवृन्द लक्षण शोभोपशोभावान् यो भगवदालयस्तं वर्जयित्वा। तदेवमद्यापि समुद्रमध्ये कदाचिदसौ दूरतः किञ्चिद् दृश्यत इति तत्रत्यानां महती प्रसिद्धिः। तत्र महाराजेति सम्बोधनम्-दृष्टान्त गर्भम्, यद्वा, महान्तो राजानो यादवलक्षणा—यत्र, तथाभूतं, तदालयं श्रीकृष्ण नित्य धाम रूपं द्वारकापुरम्, न केवलं पुर मात्रास्तित्वम्। तत्र श्रीमति भगवदालये मधुसूदनः श्रीकृष्णोनित्यमेव सन्निहितः अर्थात् तत्रत्यानाम्, किं वान्—तत्र सन्निहितः ? भगवान् यादवादि—लक्षणाखिलनिजैश्वर्य्यवानेव। तदालयमेव विशिनष्टि—स्मृत्येति, साक्षादधुना व्यक्त—तद् दर्शनाभावात् स्मृत्येत्युक्तम्। यः स्वयमेवम्भूत-स्तस्य त्वन्यथा सम्भावितत्वमपि नास्तीतिभावः एवमेव बिष्णुपुराणे—'प्लावयामास तां शून्यां द्वारकाञ्च महोदधिः। यदुदेव गृहन्त्वेकं नाप्लावयत सागरः। नात्यक्रामत्ततो—ब्रह्मन् स्तदद्यापि महोदधिः, नित्यं

अतो वस्तुतस्तस्य तदाश्रयकस्य जीवचैतन्यस्य यदि तेभ्यो भयं नास्ति, तदा सुतरामेव तव नास्ति, किन्तूभयत्रापि स्वधामैकविलासित्वात्तत्रौदासीन्यमेव भयत्वेनोत्प्रेक्षत इति भावः। एवं तस्य तव च समञ्जसता। तेषान्तु दौरात्म्यमेवेत्याह—तथाप्यात्मा कुत्सितानामिन्द्रियाणां गणैस्तदीयनानावृत्तिरूपैः कृतो विग्रहो यत्र तथाविधः, त्वमपि कुत्सितेन्द्रियगणो येषां तथाभूतै राजभिः कृतविग्रहः। उभयत्राप्यावरणधाष्टर्यम्।

सन्निहित स्तत्र भगवान् केशवो यतः। तदतीव महापुण्यं सर्वपाप—प्रणाशनम्। विष्णु क्रीड़ान्वितं स्थानं दृष्ट्वा पापात् प्रमुच्यते।' इति। तथैव श्रीहरिवंशे यादवान् प्रति इन्द्रप्रेषितस्य श्रीनारद वाक्यम्—। विष्णु पुराणे, कृष्णो भोगवतींरम्यामृषिकान्तां महायशाः। द्वारकामात्मसात् कृत्वा समुद्रं गमयिष्यति। इत्यत्रात्मसात् कृत्वेति, नतु त्यक्त्वेति।"

श्लोकस्थ 'हरिणात्यक्ता' पद के अर्थ दो प्रकार हैं, लोक दृष्टि से श्रीहरि के द्वारा परित्याग, अथवा श्रीहरि के द्वारा अत्यक्ता, 'हरिणा+अत्यक्ता' कारण द्वितीय श्लोक में उक्त है, 'नित्य सन्निहितः' वह परमधुसूदन नित्य अधिष्ठित हैं, उभय अर्थ में ही प्लावन, श्रीभगवदालय के चतुर्दिक में परिखा के समान आवरण जलके द्वारा है, जलमग्नस्थान, श्रीभगवदालयके वहिर्देश है, जहाँ श्रीभगवत् पार्षदभिन्न अपर जनों का आवासस्थान था। श्रीभगवदिच्छा क्रमसे तत्रत्य लोक समूह का अप सारण कर हस्तिनापुर में प्रस्थापित हुआ था उसके बाद उक्तस्थान में जलप्लावन श्रीभगवदाज्ञा से हुआ था, सुधर्मा से भी दिव्यतरसभा एवं यादवों के भवन समन्वित श्रीभगवदालय प्लावित नहीं हुआ। अधुनातन काल में भी कभी कभी समुद्र के मध्य में दूर से भगवत पुरी का किञ्चिदंश दृष्ट होता है। इस प्रकार प्रसिद्धि उक्त देशवासिओं के मध्य में है।

परिहास प्रसङ्ग में श्रीकृष्ण ने श्रीरुक्मिणी देवी को कहा था—राजन्यवृन्द के भय से भीत होकर समुद्र के मध्य में अवस्थान करता हूँ। उत्तरमें देवीने कहा—द्वारका में जिन सबकी नित्यस्थिति है, उनसब के आश्रय तुम हो, उस प्रकार जीव चैतन्य का ही जब मायिक गुण विकार से भय नहीं है, तब जो विभु चैतन्य—निखिल जीवों का आश्रय है, इस प्रकार आप का भय त्रिगुणात्मिका माया से नहीं है।

किन्तु अणु चैतन्य जीव है, एवं विभु चैतन्य श्रीकृष्ण हैं, आप ही निज स्वरूप में अवस्थित होने के कारण मायिक गुण विकारों से भय, उभय का नहीं है, गुण विकार से उदासीन है। उक्त औदासीन्य की ही भय रूप में उत्प्रेक्षा की गई है। यह ही मर्म्मार्थ है।

श्रीरुक्मिणी देवी का अभिप्राय यह है कि—मुक्त जीवात्मा एवं तुम्हारे में सामञ्जस्य है। तेषान्तु दौरात्म्यमाह—उस सब का दौरात्म्य को कहती है, गुण विकार एवं जरासन्ध प्रभृति राजन्य वर्ग का दौरात्म्य को कहती है। 'तथापि आत्मा' आत्मा एवं श्रीकृष्ण,-उभय ही निज स्वरूप में विलसित होने पर भी, आत्माके कुत्सित् इन्द्रिय वर्ग के—अर्थात् इन्द्रिय वर्ग की विविध वृत्ति के सहित विरुद्ध धर्म विद्यमान हेतु सतत विवाद है। उस प्रकार तुम्हारे सहित कुत्सित् इन्द्रिय राजन्य वर्ग का विरुद्ध धर्म विद्यमान हेतु विरोध है।

यहाँ 'विग्रह' शब्द से उभयत्र आत्मा एवं श्रीकृष्ण में। स्वरूप धर्म आवरण की चेष्टारूप धृष्टता को जानना होगा। अर्थात् इन्द्रिय वृत्ति समूह जड़ विषय संसर्ग से मलिन होकर ज्ञानाश्रय, ज्ञान गुण, चेतन, प्रकृत्यतीत आत्माका स्वरूप को आवृत करती है, अर्थात् उक्त स्वरूप धर्म विस्तार में विघ्न अवस्थित करती है। कर्म बद्ध को जीवरूप में प्रतीति कराती है, कुत्सितेन्द्रिय राजन्यवर्ग भी स्वरूपानन्द से परिपूर्ण

यद्येवम्भूतस्त्वम्, तर्हि का तव नृपासनपरित्यागे हानिः ? तत्तु त्वत्सेवकैः प्राथमिक-त्वद्भजनोन्मुखैरेव विधुतं त्यक्तम् । तच्चोक्तं तयैव (भा० १०।६०।४१) —'यद्वाञ्छया नृपशिखामणयः" इत्यादिना । यतोऽन्धं तम एव तत्, प्राकृतसुखमयत्वात्, अतः श्रीद्वारकाया नित्यत्वमपि ध्वनितम् ।। श्रीरुक्मिणीदेवी श्रीभगवन्तम् ।।

१११। अथ श्रीमथुरायाः (भा० १०।१।२८) —

(१११) "मथुरा भगवान् यत्र नित्यं सन्निहितो हरिः" इति ।

अर्थात् तत्रत्यानाम् ।। श्रीशुकः ।।

११२। (भा० ४।८।४२) —

(११२) "तत् तात गच्छ भद्रं ते यमुनायास्तटं शुचि :
पुण्यं मधुवनं यत्र सान्निध्यं नित्यदा हरेः ।।" ३५४।।

स्पष्टम् ।। श्रीनारदो ध्रुवम् ।।

हैं। स्वरूप शक्ति बिलासी, सर्व शक्ति वर्ग निषेवित चरण तुम को साधारण जनके समान प्रतिपन्न करने के निमित्त चेष्टाशील हैं। किन्तु उस सब की चेष्टा सुदूर पराहत है। तुम स्वरूपानन्द से परिपूर्ण होने के कारण जब निश्चिन्त हो गये, तब राजसिंहासन परित्याग से हानि क्या हुई है ? उसका परित्याग तो तुम्हारे प्रथम भजनोन्मुख व्यक्ति ही करता है।

उक्त अध्याय के अन्तिम में श्रीरुक्मिणी बोलीं ।

"यद्वाञ्छया नृपशिखामणयोऽङ्ग वैण्य जायन्त नाहुषगयादय ऐकपत्यम् ।
राज्यं बिसृज्य विविशु वन मम्बुजाक्ष सीदन्ति तेनु पदवीं त इहस्थिताः किम् ।।

"हे अरविन्दलोचन ! नृपशिखामणि स्वरूप अङ्ग, पृथु, भरत, ययाति एवं गय प्रभृति राजन्य वर्ग आप को प्राप्त करने के निमित्त राज्य त्यागकर वन में प्रविष्ट हुये थे, एवं आप के चरणार विन्द के सामीप्य प्राप्त किये थे। वे सब कभी भी अवसन्न नहीं हुये थे।"

इस श्लोक में भी द्वारका का नित्य धामत्व ध्वनित हुआ है। अङ्ग पृथु प्रभृति राजन्य वृन्द श्रीकृष्णाविर्भाव के अनेक पूर्व में आविर्भूत हुये थे। श्रीद्वारका में श्रीकृष्ण लीला विद्यमान होने से ही उक्त नृपति वृन्द श्रीकृष्णसान्निध्य लाभ हेतु राज्यादि परित्याग पूर्वक वन गमन किये थे।

अन्य स्वरूप में अन्यधाम में निवास करने पर श्रीरुक्मिणी देवी की उक्त उक्ति सार्थक नहीं होती।

श्रीरुक्मिणी देवी श्रीभगवान् को कही थीं ।।११०।।

अनन्तर श्रीमथुरा का नित्य धामत्व का प्रति पादन करते हैं। भा० १०।१।२८ में वर्णित है—

"राजधानी ततः साभूत् सर्वयादव भू भुजाम् ।
मथुरा भगवान् यत्र नित्यं सन्निहितोहरिः ।।'

जहाँ श्रीहरि नित्यसन्निहित हैं, उस मथुरा में समस्त यादव भू पति की राजधानी हुई थी" यह सन्निधि—मथुरा निवासिगणों के सम्बन्ध में ही जानना होगा। जहाँपर श्रीहरि नित्य सन्निहित हैं, उस स्थान का नित्यत्व की प्रतीति अनायास होती है। प्रवक्ता श्रीशुक हैं—(१११)

श्रीमथुरा में कृष्ण की नित्यस्थिति की वार्त्ता अन्यत्र भी प्रसिद्ध है, भा० ४।८।४२ में श्रीनारद ने

११३। तस्य हरेः श्रीकृष्णत्वमेव व्यनक्ति, (भा० ४।८।६२)—

(११३) "इत्युक्तस्तं परिक्रम्य प्रणम्य च नृपार्भकः।
ययौ मधुवनं पुण्यं हरेश्चरणचर्च्चितम् ॥" ३५५॥

पाद्मकल्पारम्भकथने प्रथमस्वायम्भुवमन्वन्तरे तस्मिन् हरेश्चरणचर्चितत्वं श्रीमथुरायास्तन्नित्यत्वात् श्रीकृष्णावतारस्य। तथा हरि-शब्देनाप्यत्र श्रीकृष्ण एव विवक्षितः, श्रुत्यादौ तदवस्थिति-प्रसिद्धेः। प्रतिकल्पमाविर्भावात् तस्यैव चरणाभ्यां चर्च्चितमिति श्रीकृष्णस्यैव नित्यसान्निध्यं गम्यते। अतएव द्वादशाक्षरविद्यादैवतस्य श्रीध्रुवाराध्यस्य स्वन्यत एव तत्रागमनमभिहितम् (भा० ४।९।१) "मधोर्वनं भृत्यदिदृक्षया गतः" इत्यनेनेति ॥ श्रीमैत्रेयः ॥

११४। अथ श्रीवृन्दावनस्य (भा० १०।१८।३) —

(११४) "स च वृन्दावनगुणैर्वसन्त इव लक्षितः।
यत्रास्ते भगवान् साक्षात् रामेण सह केशवः ॥" ३५६॥

ध्रुव को कहा—

"तत् तातगच्छ भद्रं ते यमुनायास्तटं शुचि।
पुण्यं मधुवनं यत्र सान्निध्यं नित्यदा हरेः ॥"

हे तात ! यमुना के तट देश में परम पवित्र मधुवन है, वहाँ श्रीहरि नित्य अवस्थित हैं, तुम उस मथुरा को जाओ।" सुस्पष्ट रूप से श्रीनारद ध्रुव को कहे थे ॥११२॥

उक्त श्लोक में जिस श्रीहरि का उल्लेख है, वह हरि श्रीकृष्ण ही हैं, उसका विवरण भा० ४।८।६२ में ही है— "इत्युक्तस्तं परिक्रम्य प्रणम्य च नृपार्भकः।
ययौ मधुवनं पुण्यं हरेश्चरण चर्चितम् ॥"

देवर्षि नारद के द्वारा उपदिष्ट होकर नृपनन्दनध्रुव उनको प्रणाम एवं प्रदक्षिणा करके श्रीहरि चरणाङ्कित मथुरा गमन किये थे। प्रथम स्वायम्भुव मन्वन्तरस्थ प्रथम पाद्मकल्पारम्भ में उक्त वृत्तान्त हुआ था। उस समय ही मथुरा को श्रीहरि चरण चर्चित रूप से कहा गया है, अतएव मथुरा का नित्यत्व प्रति पादन उक्त वर्णन से ही होता है। कारण मथुरा में ही श्रीकृष्णावतार है। उस प्रकार श्लोकस्थ 'हरि' शब्द से श्रीकृष्ण को ही कहा गया है। श्रुत्यादि में मथुरा में श्रीकृष्णावस्थिति का प्रसिद्ध वर्णन है। प्रति कल्प में आविर्भूत होने के कारण श्रीकृष्ण का नित्यसान्निध्य है, अर्थात् प्रति कल्प में श्रीकृष्ण मथुरा में आविर्भूत हैं। अतएव श्रीकृष्ण मथुरा में नित्य सन्निहित हैं।

उनके चरण चिह्नों के द्वारा मथुरा चर्च्चित है। अतएव द्वादशाक्षर मन्त्रके देवता ध्रुवप्रिय श्रीहरि का आगमन अन्यत्र से हुआ था, भा० ४।९।१ में वर्णित है—

"मधोर्वनं भृत्य दिदृक्षया गतः" "भृत्य को देखने के निमित्त मधुवन आप गये थे।" श्रीमैत्रेय कहे थे ॥११३॥

अनन्तर श्रीवृन्दावन का नित्यत्व प्रतिपादन करते हैं। भा० १०।१८।३ में वर्णित है—

"स च वृन्दावन गुणैर्वसन्त इव लक्षितः
यत्रास्ते भगवान् साक्षात् रामेण सह केशवः ॥"

अत्र यत्रासीदित्यप्रोच्य यत्रास्त इत्युक्त्या नित्यस्थितित्वमेव व्यक्तीकृतम् ॥ श्रीशुकः ॥

११५। अथवा त्रिष्वप्येतदेवोदाहरणीयम् (भा० १०।९०।४८)—

(११५)"जयति जननिवासो देवकीजन्मवादो, यदुवरपरिषत् स्वैर्दोर्भिरस्यन्नधर्म्मम् ।
स्थिरचरवृजिनघ्नः सुस्मितश्रीमुखेन, व्रजपुरवनितानां वर्द्धयन् कामदेवम् ॥"३५७॥

यदुवराः परिषत् सभ्यरूपा यस्य सः; देवकीजन्मवादस्तज्जन्मत्वेन लब्धख्यातिः। देवक्यां जन्मेति वादस्तत्त्वबुभुत्सुकथा यस्य स इति वा श्रीकृष्णो जयति परमोत्कर्षेण सदैव विराजते। लोहितोष्णीषां प्रचरन्तीतिवत् यदुवरसभ्यविशिष्टतयैव जयाभिधानम् । अत्र

सम्प्रति ग्रीष्म ऋतु होने से भी श्रीवृन्दावन के गुणों से हो वृन्दावन वसन्त काल परिमण्डित दृष्ट होता है, कारण यहाँपर साक्षात् भगवान् केशव, बलराम के सहित विराजित हैं।

उक्त श्लोक में 'यत्रासीद्" जहाँ थे, इस प्रकार न कह कर 'यत्रास्ते' जहाँ हैं। इस प्रकार कहने से श्रीकृष्ण के सहित श्रीवृन्दावन की नित्यस्थिति सूचित हुई है। प्रवक्ता श्रीशुक हैं ॥११४॥

भा० १०।४४।१३ में भी उक्त है—

पुण्यावत व्रजभुवो यदयं नृलिङ्ग गूढ़ः पुराण पुरुषो वनचित्रमाल्यः।
गाः पालयन् सह बलः क्वणयंश्च वेणु विक्रीड़याञ्चतिगिरित्ररमार्च्चिताङ्घ्रिः॥

टीका--अन्या ऊचुः ।पुण्या वतेति । नृलिङ्गेन मनुष्य देहेन गूढ़ः । वनजानि चित्राणि माल्यानि यस्य सः। 'गिरित्रः शिवः रमा च' ताभ्यामर्च्चितावङ्घ्रि यस्य सः । अयं भावः । धिगिमां सभां यस्यामयं पराभूयते। तास्तु व्रजभुवो धन्याः, यस्याः यद् यासु अयं कृष्णो विविध क्रीड़या अञ्चति गच्छन्तीति ॥

रङ्गस्थल गत श्रीकृष्ण को देखकर माथुर रमणी गण बोली थीं, "अहो ! व्रज भूमि परम पुण्यवती है, कारण, मनुष्य चिह्न से गूढ़ परम पुरुष श्रीकृष्ण, विचित्र वनमालासे विभूषित होकर बलराम के सहित गो पालन कर विहार करते रहते हैं। गिरिश, रमा, इनका चरणार्चन करते हैं।'

सन्दर्भ—अत्र पुर्वोदाहृत श्रुत्याद्यदष्टम्भेन तिष्ठन्ति पर्वता इति वदञ्चति, सदैव विहरतीति मथुरा-स्त्रीणां श्रीभगवत् प्रसादजा यथावद् भारती निःसृतिरियमिति व्याख्येयम् ॥ श्रुतिबलीयसी है, 'साक्षात् उपदेश श्रुतिः।' यहाँ अञ्चति क्रिया के द्वारा साक्षात् रूप से ही श्रीकृष्ण का नित्य व्रजविहार उक्त है, पर्वत समूह विद्यमान हैं, ऐसा कहने से पर्वत समूह की नित्यस्थिति का बोध होता है। उस प्रकार ही अञ्चति क्रिया के द्वारा गोकुल में श्रीकृष्ण की नित्यस्थिति का बोध होता है।

श्रीभगवत कृपा से ही मथुराङ्गना बृन्द की वाणी निःसृता हुई है। अन्यथा पुरस्त्री गणों की वर्णना के समय श्रीकृष्ण मथुरा में अवस्थित थे, उसमें व्रजविहार करते रहते हैं, इस प्रकार वर्त्तमान क्रिया का प्रयोग नहीं होता। कारण,प्रकट लीला में श्रीकृष्ण उस समय व्रजमें नहीं थे। अप्रकट लीलामें श्रीकृष्ण सतत श्रीवृन्दावन में अवस्थित हैं, इस को व्यक्त करने के निमित्त श्रीभगवत कृपाशक्ति की उस प्रकार वर्णन करने की प्रेरणा हुई थी। पुरस्त्रियों का परस्पर कथन है (११४)

अथवा द्वारका, मथुरा गोकुल—नामक धामत्रय में ही श्रीकृष्ण नित्य विराजित हैं, इसका उदाहरण श्रीमद्भागवत के १०।९०।४८ में है—

"जयति जननिवासो देवकीजन्मवादो, यदुवरपरिषत् स्वैर्दोर्भिरस्यन्नधर्म्मम् ।
स्थिरचरवृजिनघ्नः सुस्मितश्रीमुखेन, व्रजपुरवनितानां वर्द्धयन् कामदेवम् ॥"

'यदुवर'-शब्देन श्रीव्रजेश्वर-तद्भ्रातरोऽपि गृह्यन्ते, तेषामपि यदुवंशोत्पन्नत्वेन प्रसिद्धत्वात्।
तथा च भारततात्पर्य्ये श्रीमध्वाचार्य्यैरेवं ब्रह्मवाक्यत्वेन लिखितम्—

"तस्मै वरः स मया संनिसृष्टः, स चास नन्दाख्य उतास्य भार्य्या।
नाम्ना यशोदा स च शूरतात,—सुतस्य वैश्याप्रभवस्य गोपः ॥" ३५८॥ इति।

शूरतातसुतस्य शूरसपत्नीमातृजस्य वैश्यायां तृतीयवर्णायां जातस्य सकाशादास बभूवेत्यर्थः।

जो निखिल जीवों का एकमात्र आश्रय स्वरूप हैं, वह ही देवकी से जन्म ग्रहण किये हैं, जिन की ख्याति भी वैसी है। यादव श्रेष्ठ वृन्द जिनके परिषद् हैं, निज बाहुद्वय के द्वारा जो निरन्तर अधर्म का निरसन करते रहते हैं, उससे स्थावर जङ्गमों का क्लेश विदूरित होता है, जो सुस्मित श्रीमुख कमलके द्वारा व्रजपुर वनिता का काम वर्द्धन करते रहते हैं। वह श्रीकृष्ण जययुक्त होकर विराजित हों।"

श्लोकार्थ इस प्रकार है—

यदुवरगण परिषत्—सभ्य हैं जिनके, आप यदुवर परिषत् हैं। देवकी जन्मवाद—देवकी से जन्म ग्रहण निबन्धन जिनकी ख्याति विस्तृत हुई है, अथवा देवकी में जन्मवाद—तत्त्व जिज्ञासु गण-जिनके सम्बन्ध में कहते रहते हैं, उन श्रीकृष्ण सर्वोत्कर्ष से सदैव विराजित हैं।

यहाँ यदुवर परिषत् विशेषण के द्वारा इस प्रकार बोध होता है,—'लोहितउष्णीषधारि व्यक्ति विचरण कर रहे हैं, "इस प्रकार कहने से जिस प्रकार लोहित उष्णीष विशिष्ट रूप में विचरण का बोध होता है, उस प्रकार यदुवर परिषत् विशिष्ट रूप में श्रीकृष्ण की जय कीर्त्तित है।

यहाँ यदुवर शब्द से श्रीवसुदेव प्रभृति के समान श्रीव्रजराज एवं तदीय भ्रातृवर्ग का ग्रहण भी होगा। कारण – वे सब भी यदु वंशोत्पन्न हैं। श्रीमन्मध्वाचार्य चरण ने भी भारत तात्पर्य्य में ब्रह्मा का कथन कहकर लिखा है,

"तस्मै बरः स मया संनिसृष्टः, स चास नन्दाख्य उतास्य भार्य्या।
नाम्ना यशोदा स च शूरतात्, सूतस्य वैश्या प्रभवस्य गोपः ॥"

"द्रोण एवं वसु को मैंने बर प्रदान किया था। वह द्रोण--नन्द नामसे, तदीय पत्नी—यशोदानाम से ख्यात हैं। नन्द, वैश्या सम्भूत – शूरतात पुत्र का पुत्र गोप हैं।' इसका अभिप्राय यह—यदु वंशीय देवमीढ़ की दो पत्नी थीं, एक क्षत्रिया, अपर वैश्या, शूर – क्षत्रिया से उत्पन्न हुआ था, एवं पर्ज्जन्य—वैश्य गर्भ सम्भूत है, 'भातृवत् वर्ण सङ्कर' न्याय से पर्ज्जन्य का वैश्यत्व हुआ, और आप गोप जाति के हुये। श्रीनन्द, उक्त पर्ज्जन्य के पुत्र हैं, श्रीवसुदेव,—शूर के पुत्र हैं, एतज्जन्य श्रीवसुदेव श्रीव्रजराज को 'भ्रातः' शब्द से बारम्बार सम्बोधन करते हैं। उक्तरूप से उनके वंश पर्य्याय को अङ्गीकार करने पर सम्बोधन का अर्थ स्वाभाविक प्रतीत होता है।

श्रीशुकदेव भी श्रीनन्द को श्रीवसुदेव के भ्राता कहे हैं। "वसुदेव उपश्रुत्य भ्रातरं नन्दमागतम्॥ श्रीवसुदेव ने सुना कि—'भ्राता नन्द का आगमन हुआ है," भा० १०।५।२० के श्रीमन्मुनीन्द्र वचनके अनुसार निर्णीत हुआ कि श्रीनन्द—यदु वंशसम्भूत हैं। यह उपलक्षण है, श्रीव्रजराज के भ्रातृ वर्ग भी यदुवंशस्थ हैं। श्रीबलदेव व्रजराज प्रभृति को यदुवंशान्तर्भुक्त रूप में कहे हैं। स्कन्द पुराण के मथुराखण्ड में वर्णित है—"इन्द्र वृष्टि निवारण के द्वारा यादवों की रक्षा की गई।" "जहाँपर यदुवैरिइन्द्र के द्वारा भगवान् कृष्ण अभिषिक्त हुये थे" यादवों के हित के निमित्त मैंने गिरिवर का धारण किया।" इस प्रकार अन्यत्र भी वर्णित है।

अतएव श्रीमदानकदुन्दुभिना तस्मिन् भ्रातरिति मुहुः सम्बोधनमविलष्टार्थं भवति, (भा० १०।५।२०) "भ्रातरं नन्दमागतम्" इति श्रीमन्मुनीन्द्रवचनञ्च। तदेतदप्युपलक्षणं तद्भ्रातॄणाम्। यथा स्कान्दे मथुराखण्डे—"रक्षिता यादवाः सर्वे इन्द्रवृष्टिनिवारणात् ।" इति, यत्राभिषिक्तो भगवान्मघोना यदुवैरिणा" इति च, "यादवानां हितार्थाय धृतो गिरिवरो मया" इति चान्यत्र। यथा च यादवमध्यपातित्वेनैव तेषु निर्द्धारणमयं श्रीरामवचनं श्रीहरिवंशे "यादवेष्वपि सर्व्वेषु भवन्तो मम बान्धवाः" इति। सप्तम्या ह्यस्य जातावेव निर्द्धारण-मुच्यते, पुरुषेषु क्षत्रियः शूरतम इतिवत्। विजातीयत्वे तु श्रौघ्नेभ्यो माथुरा आढ्यतमा इतिवत् यादवेभ्योऽपि सर्व्वेभ्य इत्येवोच्येतेति ज्ञेयम्। अत्र जयतीत्यत्र लोड़र्थत्वं न सङ्गच्छते, सदैवोत्कर्षानन्त्यमिते तस्मिन्नाशीर्व्वादानवकाशात् । तदवकाशे वा आशीर्व्वादविषयस्य तदानीमाशीर्व्वादक-कृतानुवादविशेषविशिष्टतयैव स्थितेरवगमात् प्रतिपिपादयिषितं तादृशत्वेनैव तात्कालिकत्वमागच्छत्येव। यथा धार्म्मिकसभ्योऽयं राजा वर्द्धतामिति। तदेवं (भा० २।४।२०)"पतिर्गतिश्चान्धकवृष्णिसात्वताम्" इत्यत्राप्यनुसंधेयम्। अनेन यदुवराणामपि

श्रीहरिवंश में श्रीबलराम का कथन इस प्रकार है—"समस्त यादवों के मध्य में आप सब मेरा बान्धव हैं।" मूल श्लोक में "यादवेष्वपिसर्वेसु" जाति निर्द्धारणार्थ में सप्तमी विभक्ति का प्रयोग हुआ है। जिस प्रकार प्रयोग होता है—'पुरुषेषु क्षत्रियः शूर इतिवत्" पुरुषगण के मध्य में क्षत्रिय शूर है। यह निर्द्धारण यदि विजातीयस्थल में होता तब सप्तमी विभक्ति न होकर पञ्चमी विभक्ति होती—यथा—"श्रौघ्नेभ्यो मथुरा ह्याढ्यतमा इतिवत् यादवेभ्योऽपि सर्वेभ्यो' इत्येवोच्येतेति ज्ञेयम्" श्रौघ्नदेश निवासी से मथुरावासिगण प्रचुरधनशाली हैं, यहाँ भी समस्त यादवों से आपसब मेरा बान्धव हैं। इस प्रकार कथन होता।

'जयति जन निवासः" श्लोक में 'जयति' क्रिया का प्रयोग हुआ है, कतिपय व्यक्ति, लोड़, अर्थ में लिट्' वर्त्तमान में अच्युत का प्रयोग मानते हैं, यह समीचीन नहीं हैं, यहाँ आशीर्वाद अर्थ में लोट् का प्रयोग हो सकता है, किन्तु जो सर्वदा अनन्तोत्कर्ष में विराजित हैं, उन में आशीर्वाद का अवसर है ही नहीं। अतएव लोट्का प्रयोग नहीं हो सकता है, जिसका अभाव है,आशीर्वाद के द्वारा उस का अभाव की पूर्त्ति की जाती है। खतः अनन्त उत्कर्ष प्राप्त व्यक्ति को आशीर्वाद के द्वारा पूर्ण करने की प्रचेष्टा असार्थक है, किन्तु आशीर्वाद का विषय जो श्रीकृष्ण हैं, उनकी, आशीर्वाद कृतानुवाद रूप में अर्थात् देवकी नन्दन—यदुवर परिषत्, सुस्मित श्रीमुखादि स्वरूप में आशीर्वाद करते समय अवस्थिति सुस्पष्ट है, एतज्जन्य प्रतिपाद्य विषय श्रीकृष्ण-श्रीकृष्ण परिकर, एवं तदीय धाम की अवस्थिति तात् कालिक,—अर्थात् श्रीशुकोक्ति के समय है।

जिस प्रकार 'धार्मिक सभ्योऽयं राजा वर्द्धताम्' 'धार्मिक सभ्यसह राजा अभ्युदय मण्डित हो' कहने से आशीर्वाद के समय, धार्मिक मण्डली के सहित राजा की स्थिति वाञ्छनीय है, यहाँ पर 'जयति' क्रिया आशीर्वाद अर्थ में प्रयुक्त होने पर उस से देवकी नन्दनादि रूप में श्रीकृष्ण की नित्यस्थिति सिद्ध होती है। यादव वर्ग के सहित श्रीकृष्ण की नित्यस्थिति को सूचित करना ही श्रीशुक देवका अभिमत है। उस का प्रकाश—भा० २।४।२० "पतिर्गतिश्चान्धकवृष्णिसात्वताम्" पद्य में हुआ है। 'यादव गण के पति, गति श्रीकृष्ण मेरे प्रति प्रसन्न हों।' यह शुकोक्ति है।

'यदुवर परिषत् श्रीकृष्ण की जय घोषणा होने से, श्रीकृष्ण के सहित यादववर्ग का जय कीर्त्तन

जयो विवक्षितः। नन्वेवं तथा विहरणशीलश्चेत् पुनः कथमिव देवकीजन्मवादोऽभूत् ? तत्राह-स्वैर्दोर्भिर्दोर्भ्यां चतुर्भिश्चतुर्भुजैरधर्म्मं तद्बहुलमसुरराजवृन्दमस्यन् निहन्तुम्। लक्षणहेत्वोः क्रियायाः शतृप्रत्ययविधानात्। तदर्थमेव लोकेऽपि तथा प्रकटीभूत इत्यर्थः। किंवा किं कुर्व्वन् जयति ? स्वैः कालत्रयगतैरपि भक्तैरेव दोर्भिरिव दोर्भिस्तद्द्वारा अधर्म्मं जगद्गतं पाप्मानम्, अस्यन् नाशयन्नेव, तदुक्तम् (भा० ११।१४।२४) "मद्भक्तियुक्तो भुवनं पुनाति" इति। पुनः किमर्थं देवकीजन्मवादः? तत्राह—स्थिरचरवृजिनघ्नो निजाभिव्यक्त्या निखिलजीवानां दुःखहन्ता तदर्थमेवेत्यर्थः। तदुक्तम् (भा० १०।२९।१६) "यत एतद्विमुच्यते" इति। किंवा

करना ही श्रीशुक का अभिप्राय है, यह प्रतीत होता है। यहाँ जिज्ञासा हो सकती है कि—श्रीकृष्ण, यदि उक्तरूप में नित्य विहरण शील हैं, तब, देवकी नन्दन रूप में कथन-'देवकी से जन्म' यह प्रसिद्ध वचनोल्लेख कैसे सम्भव होगा ?

उत्तर में कहते हैं, "स्वैर्दोर्भि र्दोर्भ्यां" भुजयुगल के द्वारा, एवं भुज चतुष्टय के द्वारा अधर्म, अर्थात् बहुल असुर स्वभावाक्रान्त राजन्यवृन्द की हत्या करने के निमित्त मनुष्य लोक में भी देवकी नन्दन रूपमें प्रकट होते हैं। भुजद्वय का व्रजमें प्रकट करतेहैं, एवं मथुरा द्वारकामें भुज चतुष्टय का प्रदर्शन करतेहैं, असुर संहार उक्त रूप से होता है। द्वारका मथुरा में चतुर्व्यूह वासुदेव रूप में प्रकट हैं, अतएव उनका चतुर्भुज रूप में वर्णन हुआ है।

पक्षान्तर में अर्थ करते हैं – अथवा—किस कार्य्य करके श्रीकृष्ण उत्कर्ष मण्डित हैं ? उत्तर में कहते हैं, स्वैर्दोर्भिः' कालत्रय गत भक्तवृन्द उनके बाहु स्वरूप हैं। उन सब के द्वारा जगत गत पापराशि को विनष्ट करके जय युक्त हो रहे हैं। भक्त वृन्दकी पापराशि कोविनष्ट करतेहैं,-उसका वर्णन भा० ११।१४।२० "मद् भक्ति युक्तो भुवनं पुनाति" में है, श्रीकृष्णोक्ति यह है—है उद्धव ! मुझ में प्रेम भक्ति सम्पन्न भक्तगण-भुवन को पवित्र करते हैं।

पुनः किस निमित्त देवकी से जन्म ग्रहण ख्याति हुई ? उत्तर—"स्थिरचर वृजिनघ्नः" निज अभिव्यक्ति के द्वारा स्थावर जङ्गम प्रभृति सांसारिक जीव समूह का दुःखापनोदनकरते हैं। तज्जन्य आप देवकी देवी से आविर्भूत हुये थे। श्रीकृष्ण स्थावर जङ्गमादि का दुःख नाश करते हैं—उसका वर्णन भा० १०।२९।१६ श्रीशुकोक्ति में है—

"न चैवं विस्मयः कार्य्यो भवता भगवत्यजे।
योगेश्वरेश्वरे कृष्णे यत एतद्विमुच्यते ॥

हे राजन् ! व्रजदेवी गण, श्रीकृष्ण में तन्मय होकर सद्य गुणमय देह त्याग किये थे, योगेश्वरगण के ईश्वर भगवान् अज श्रीकृष्ण के इस कार्य्य में विस्मय का अवकाश नहीं है। श्रीकृष्ण से स्थावरादि की भी मुक्ति होती है।

बृहत् क्रमसन्दर्भ—"एवं क्रोधावेशं विहाय शिष्य वात्सल्याद् उपदिशति—न चैवमित्य दि। पुनरेवं विस्मयो न च कार्य्यः। नैवं कार्य्य इत्यर्थः। भवता श्रीकृष्ण प्रभावज्ञानां पौत्रेण, कुत्र ? कृष्णे, अन्यत्र वरं सन्देहः क्रियताम्। कीदृशे ? अजे स्वप्रकाशे, भगवत्यचिन्त्य परमैश्वर्य्ये, योगेश्वराणां अपीश्वरे,—कर्त्तुमकर्त्तुमन्यथा कर्त्तुं समर्थे। एतेन तस्मिन् ब्रह्म ज्ञानेनापि न किञ्चिद् भवति, कान्त ज्ञानेनापि तदङ्ग सङ्ग मङ्गलत्वं भवतीत्यन्यथा—कर्त्तृत्वे योगेश्वरेश्वरता, यत एतत्तरु गुल्मादिकमपि विमुच्यत, इति, मुक्ति कर्त्तृत्वे

कथम्भूतो जयति ? व्रज पुरवासिनां स्थावरजङ्गमानां निजचरणवियोगदुःखहन्ता सन् । नित्यविहारे प्रमाणमाह—जननिवासः, 'जन' शब्दोऽत्र स्वजनवाचकः, (भा० ३।२९।१३) 'सालोक्य'—इत्यादि-पद्ये जना इतिवत् । स्वजनहृदये तत्तद्विहारित्वेन सर्व्वदैवावभासमान इत्यर्थः । सर्व्वप्रमाणचयचूड़ामणिभूतो विद्वदनुभवएवात्र प्रमाणमिति भावः । स्वयन्तु किं कुर्व्वन् जयति ? व्रजवनितानां मथुरा-द्वारकापुरवनितानाञ्च कामलक्षणो यो देवः स्वयमेव तद्रूपस्तं वर्द्धयन् सदैवोद्दीपयन् । अत्र तदीय-हृदयस्थ-काम-तदधिदेवयोरभेदविवक्षा, तादृश-तद्भावस्य तद्वदेव परमार्थताबोधनाय श्रीकृष्णस्फूर्त्तिमयस्य तादृशभावस्याप्राकृतत्वात् परमानन्दपरमकाष्ठारूपत्वाच्च । श्रीकृष्णस्य कामरूपोपासना चागमे व्यक्तास्ति, "वनिता

योगेश्वरेश्वरता, अभक्तानां कृतार्थता करणे-अकर्त्तृत्वे, योगेश्वरेश्वरता"। अप्रकट लीला आविष्कार करने पर श्रीकृष्ण की कारुण्यादि शक्ति समूह सुप्त प्राय रहती हैं। प्रकट लीला में उक्त शक्ति समूह का परिपूर्ण विकास होता है, उस समय सिद्ध असिद्ध एवं सिद्ध भक्त वृन्द को स्वीय कारुण्य शक्ति के द्वारा निज चरण सन्निधान में आकर्षण करते हैं। कारुण्य की सुप्रचुर अभिव्यक्ति के कारण प्रकट लीला के समय श्रीकृष्ण से स्थावर प्रभृति की भी मुक्ति होती है,

उक्त श्लोक में साधन सिद्धा गोपीगण के मध्य में कतिपय गुणमय देह त्याग हुआ था, नित्यसिद्ध गोपिओं का गुणमय देह सम्पर्क नहीं है, प्रकट लीलामें प्रापञ्चिक एवं अप्रापञ्चिक का मिश्रण हेतु साधन सिद्धागोपिओं का गुणमय देह सम्पर्क होना सम्भव है। अथवा पत्यादि की वञ्चना हेतु योगमाया प्रभाव के द्वारा तत् कालीन आगन्तुक जो गुणमय देह, उसका त्याग गोपियों ने किया था। अथवा किस प्रकार से जय युक्त होते हैं ? कहते हैं,—यदुपुर एवं व्रजवासी स्थावरजङ्गम समूह का निज चरण दुःख हन्ता होकर श्रीकृष्ण जययुक्त हैं। उनसब के सहित नित्य विहरण व्यतीत उनसब का उक्त विच्छेद विरह दुःख नाश होना सम्भव नहीं है। नित्य विहरण में प्रमाण प्रदर्शन करते हैं।—'जन निवासः" यहाँ जन शब्द स्वजन वाचक है। भा० ३।२९।१३ में उक्त है—

"सालोक्य सार्ष्टि—सारूप्य सामीप्यैकत्वमप्युत।
दीयमानं न गृह्णन्ति विना मत्सेवनं जनाः।' मदीय जन गण को सालोक्य (एकत्र वास) सार्ष्टि—(तुल्यऐश्वर्य्य) सामीप्य—(निकट वर्त्तिता)सारूप्य—(समानरूपता) किंवा-एकत्व (सायुज्य) मुक्ति प्रदानेच्छु होने पर भी वे सब मेरी सेवा व्यतीत अपर कुछ भी ग्रहण नहीं करते हैं।" इस श्लोक में जन शब्द का अर्थ—भगवान का निज जन है। भक्त भिन्न अपर जन निज जन नहीं होता है। एवं अपर को मुक्ति प्रदान हेतु आग्रह शील भी नहीं होते हैं। उस प्रकार ही जन निवास पदस्थ जन शब्द से निज भक्त के हृदय में सपरिकर द्वारका मथुरा वृन्दावन विहारि रूप में विराजित हैं, इस प्रकार अर्थ बोध होता है। इस प्रकार व्याख्या में प्रमाण क्या है ?

उत्तर में कहते हैं—निखिल प्रमाण समूह की चूड़ामणि स्वरूप विद्वदनुभव ही यहाँपर एकमात्र प्रमाण है।

जिस कार्य्य के द्वारा श्रीकृष्ण सर्वोत्कर्ष मण्डित हैं, उसका प्रदर्शन हुआ। सम्प्रति श्रीकृष्ण स्वयं किसरीति से जय युक्त हैं ? उस को दर्शाते हैं,-व्रजवनिता एवं मथुरा द्वारका पुरवनिता वृन्द का कामलक्षण जो देव, श्रीकृष्ण, स्वयं ही तद्रूप में विराजमान हैं। काम देव का कार्य्य निर्वाह श्रीकृष्ण ही करते हैं। काम

जनितात्यर्थानुरागायाञ्च योषिति" इति नामलिङ्गानुशासनम् । व्रजेति श्रैष्ठेचन पूर्व्वनिपातः। अतएव पूर्व्वं मेरुदेव्यां सुदेवीति संज्ञावत् देवकी-शब्देन श्रीयशोदा च व्याख्येया—

"द्वे नाम्नी नन्दभार्य्याया यशोदा देवकीति च। अतः सख्यमभूत्तस्या देवकया शौरिजायया।।"३५९।।

इति स्कान्दवचनात् । तदेवं त्रिष्वपि नित्यविहारित्वं सिद्धम् ।। श्रीशुकः ।।

११६। अथ यदुक्तं श्रीवृन्दावनस्यैव प्रकाशविशेषे गोलोकत्वम्, तत्र प्रापञ्चिकलोक-प्रकटलीलावकाशत्वेनावभासमान-प्रकाशो गोलोक इति समर्थनीयम् । प्रकटलीलायां तस्मिंस्तच्छब्दप्रयोगादर्शनात् भेदांशश्रवणाच्च । प्रकटाप्रकटतया लीलाभेदश्चाग्रे दर्शयितव्यः। तदेवं वृन्दावन एव तस्य गोलोकाख्यप्रकाशस्य दर्शनेनाभिव्यनक्ति, (भा० १०।२८।११-१८)—

रूपी श्रीकृष्ण सर्वदा अपने को उद्दीप्त करके जय युक्त हैं । यहाँपर व्रजपुर वनिता गणका हृदयस्थ काम एवं उस काम का अधिष्ठातृ देवता को अभेदमान कर कहा गया है । कारण, व्रजपुर वनिता गण का वर्द्धन शील जो कामभाव है, वह भी श्रीकृष्ण के समान परमार्थ पदार्थ है ।

उसका प्रकाश करने के निमित्त कहा है—श्रीकृष्ण स्फूर्त्तिमय तादृश भाव अप्राकृत है, लौकिक नहीं है, एवं परमानन्द परम काष्ठा रूप है । उक्त श्लोक में ही श्रीकृष्ण को कामदेव रूप में कहा गया है, यह नहीं, अपितु,—आगम में श्रीकृष्ण की उपासना कामदेव रूप में ही है ।

अत्रत्य श्लोकस्थ 'वनिता' शब्द से श्रीकृष्ण में अनुरागवती वृन्दावन—मथुरा—द्वारकास्थ रमणी वृन्द का बोध होता है । नामलिङ्गानुशासन में वर्णित है—जिस रमणी का अतिशय अनुराग कान्त के प्रति है—उस को 'वनिता' कहते हैं । व्रजरमणी वृन्द का श्रेष्ठत्व प्रतिपादन हेतु कहते हैं—'व्रजपुर वनिता' यहाँ व्रज शब्द का पूर्व निपात हुआ है ।

अतएव वृन्दावन, मथुरा, द्वारका धाम में श्रीकृष्ण की नित्य स्थिति होने से उक्त (जयति जन निवास) श्लोक में श्रीकृष्ण को देवकी नन्दन शब्द से कहा गया है । वहाँ 'देवकी' शब्द से केवल वसुदेव पत्नी का बोध ही नहीं होता है अपितु श्रीनन्द पत्नी यशोदा का बोध भी होता है । जिस प्रकार श्रीऋषभदेव जननी 'मेरुदेवी का नाम 'सुदेवी' है, उस प्रकार श्रीयशोदा का अपर नाम देवकी है ।

स्कन्द पुराण में वर्णित है, "द्वेनाम्नी नन्द भार्य्याया यशोदा देवकीति च, अतः सख्यमभूत्तस्या देवकया शौरिजायया।" नन्दभार्य्या यशोदा के नामद्वय 'यशोदा देवकी' थे, नामसाम्य हेतु यशोदा का वसुदेवपत्नी देवकी के सहित सख्य भाव हुआ था । अतएव 'जयति जन निवासः' श्लोक के द्वारा श्रीवृन्दावन, मथुरा द्वारका धाम में श्रीकृष्ण की नित्य विहरण परायणता सुनिश्चित रूप से प्रति पादित हुई । प्रकरण प्रवक्ता श्रीशुक हैं—(११५)

अनन्तर श्रीगोलोक तत्त्व का वर्णन करते हैं,—इतः प्राक् श्रीवृन्दावन का प्रकाश विशेष को ही गोलोक कहा गया है । अनन्तर उक्त गोलोक का तत्त्व वर्णन करते हैं । वृन्दावनीय लीला के स्थिति स्थान दो हैं—वृन्दावन एवं गोलोक । वृन्दावन में प्रकट एवं अप्रकट रूप लीलाद्वय की स्थिति है, और गोलोक में केवल अप्रकट लीलाकी स्थिति है । सुतरां जो लीला प्रापञ्चिक जगत् में अभिव्यक्त नहीं होती है । उस लीला का अभिव्यक्ति स्थान गोलोक है । कारण,—प्रकट लीलास्थल श्रीवृन्दावन में 'गोलोक' शब्द का प्रयोग दृष्ट होता है, एवं गोलोक एवं गोकुल का भेद भी कियदंश में श्रुत है । प्रकट एवं अप्रकट रूप लीलाद्वय का भेद वर्णन अग्रिम ग्रन्थ में करेंगे । वृन्दावन का प्रकाश विशेष ही गोलोक है, तज्जन्य

(११६) "नन्दस्त्वतीन्द्रियं दृष्ट्वा लोकपालमहोदयम् ।
कृष्णे च सन्नतिं तेषां ज्ञातिभ्यो विस्मितोऽब्रवीत् ॥३६०॥
ते चौत्सुक्यधियो राजन् मत्वा गोपास्तमीश्वरम् ।
अपि नः स्वगतिं सूक्ष्मामुपाधास्यदधीश्वरः ॥३६१॥
इति स्वानां स भगवान् विज्ञायाखिलदृक् स्वयम् ।
सङ्कल्पसिद्धये तेषां कृपयैतदचिन्तयत् ॥३६२॥
जनो वै लोक एतस्मिन्नविद्याकामकर्म्मभिः ।
उच्चावचासु गतिषु न वेद स्वां गतिं भ्रमन् ॥३६३॥
इति सञ्चिन्त्य भगवान् महाकारुणिको विभुः ।
दर्शयामास लोकं स्वं गोपानां तमसः परम् ॥३६४॥

श्रीवृन्दावन में ही उक्त गोलोकाख्य प्रकाश दृष्ट हुआ है । श्रीमद् भागवत के १०।२८।११ १८ में इसका सुविशद् वर्णन है—

"नन्द महाराज, लोक पाल वरुण का अदृष्टपूर्व ऐश्वर्य्य एवं वरुण लोकनिवासि जनगण की श्रीकृष्ण के प्रति सम्यक् प्रणति दर्शन कर अत्यन्त विस्मित होकर ज्ञाति वृन्दको कहे थे—"हे राजन् ! उक्त गोप समूह श्रीकृष्ण को ईश्वर मानकर समुत्सुकचित्त से सोच रहे थे—'भगवान् अवश्य ही हमारी सूक्ष्मा गति को दिखलायेंगे।' सर्वज्ञ भगवान्—ज्ञातिवर्ग के सङ्कल्प को जानकर उनसब की सङ्कल्पसिद्धि के निमित्त कृपा पूर्वक स्वयं इस प्रकार चिन्ता किये थे,—जनगण—अविद्या काम कर्म के द्वारा देव एवं तिर्य्यगादि नाना शरीर में भ्रमण करते रहते हैं, किन्तु निज गति को नहीं जानते हैं।

महाकारुणिक विभु भगवान् इस प्रकार चिन्ता करके प्रकृति के परस्थित गोपगण के निज लोक का दर्शन कराये थे। मुनिगण—गुणक्षय होने से जिस का दर्शन करते हैं, जो सत्य, ज्ञान, अनन्त ज्योतिर्म्मय ब्रह्म स्वरूप है, गोपगण उस को देखे थे। श्री अक्रूर जहाँपर ब्रह्म दर्शन किये थे—श्रीकृष्ण के द्वारा गोपगण वहाँपर नीत होकर उस ब्रह्महृद में निमज्जित एवं उद्धृत होकर ब्रह्मरूप दर्शन किये थे। श्रीकृष्ण वहाँपर मूर्त्तिमान् वेद समूह के द्वारा स्तुत हो रहे थे, यह देखकर गोपगण परम विस्मित एवं परमानन्द निर्वृत हुये थे।

उक्त श्लोक समूह का अर्थ इस प्रकार है—अतीन्द्रिय—अदृष्ट पूर्व, लोकपाल—वरुण, स्वगति—निजधाम, सूक्ष्मा—दुर्ज्ञेया, उपाधा यत्-उपधास्यति, हम सब को उसधाम प्राप्त करायेंगे। जन—व्रजवासी श्रीकृष्ण के निजजन, एतस्मिन्—प्रापञ्चिकलोक में, अविद्या—देहादि में अहंबुद्धि, काम्यकर्म द्वारा कृता उच्चावचा गति, देव तिर्य्यक् जन्म।

गोपवृन्द का सङ्कल्प को जानकर श्रीकृष्ण विचार कर रहे थे,—मेरा परिकर यह गोपगण हैं, प्रापञ्चिक लोक में अविद्या द्वारा रचित देवादि तिर्य्यक् पर्य्यन्त विभिन्न शरीर में अवस्थित जीव गण के सहित अपना कुछ भी विशेष नहीं है इस प्रकार भ्रम में पड़कर निज अवस्था को जानने में अक्षम हैं।

यद्यपि इस भ्रम के प्रति लीलाशक्ति ही कारण है, तथापि व्रजवासि स्वजन वृन्द को कुछ समय के निमित्त सर्व विलक्षणा गति दिखाऊँगा, एवं भ्रम विदूरित करूँगा। भा० ३।२९।१३ में वर्णित "सालोक्य सार्ष्टि—' इत्यादि पद्योक्त जन शब्दवत् यहाँपर भी 'जनो वै' शब्द का अर्थ भी निजजन है।

सत्यं ज्ञानमनन्तं यद्ब्रह्म ज्योतिः सनातनम् ।
यद्धि पश्यन्ति मुनयो गुणापाये समाहिताः ॥६६५॥
ते तु ब्रह्मह्रदं नीता मग्नाः कृष्णेन चोद्धृताः ।
ददृशुर्ब्रह्मणो लोकं यत्राक्रूरोऽध्यगात् पुरा ॥३६६॥
नन्दादयस्तु तं दृष्ट्वा परमानन्द-निर्वृता ।
कृष्णञ्च तत्र छन्दोभिः स्तूयमानं सुविस्मिताः ॥"३६७॥

अतीन्द्रियमदृष्टपूर्व्वम्, लोकपालो वरुणः, स्वगतिं स्वधाम, सूक्ष्मां दुर्ज्ञेयाम्, उपाधारयत् उपधारयति; नोऽस्मान् प्रति प्रापयिष्यतीति सङ्कल्पितवन्त इत्यर्थः । जन इति 'जन'—शब्देनात्र तदीयस्वजन एवोच्यते, (भा० ३।२९।१३) "सालोक्य-सार्ष्टि-" इत्यादि-पद्ये जना इतिवत् । अत्रैते मत्सेवनं विना प्राप्यमाण-सालोक्यादि-परित्यागेन तत्सेवैकवाञ्छाव्रताः साधका एवेति लभ्यते । 'न वेद स्वां गतिम्' इत्यत्र तु श्रीभगवता तस्मिन् लोके स्वीयत्व-तदीयत्वयोरेकत्वमननेन स्वाभेद एव प्रतिपादित इति परम एवासौ तदीय-स्वजनः । अतएव (भा० १०।२५।१८)—

जहाँपर मेरीसेवा नहीं है, उस प्रकार स लोक्य को भी मदीय जन गण नहीं चाहते हैं, कारण—उन सब की मदीय सेवामें ही निष्ठा एवं महत्त्व है । 'न वेद स्वां गतिं भ्रमन्" यहाँ पर श्रीभगवान्—उस लोक में स्वीयत्व तदीयत्व को एक मानाहै, स्वाभेद ही वहाँ प्रतिपादित हुआहै । अतएव गोपगण उनके परम स्वजन हैं । भा० १०।२५।१८ में स्वयं भगवान् ने ही कहा है,—' व्रजवासिजन गण मेरा आश्रित हैं, मैं ही रक्षक हूँ, मेरा ही वे सब निज जन हैं, अतएव मैं व्रज की रक्षा करूँगा, गोपाये—रक्षिष्यामि । किञ्च सोऽयं में मया व्रतो नियमः सङ्कल्पो वा आहितो धृतः' इत्यर्थः । स्वामिपादः । क्रमसन्दर्भकार के मतमें—गोपाये—इति बर्त्तमान प्रयोगेन स्वाभाविकत्वं व्यञ्जयति । मैं ने यह व्रतधारण किया है । व्रत, नियम, संकल्प यह ही मेरा है । 'गोपाये' बर्त्तमान प्रयोग से स्वाभाविकता व्यञ्जित हुई है !

स्वयं भगवान् ने कहा है व्रजवासिजनगण मत् परिग्रह हैं । मत् परिग्रह शब्द से प्रतीति होता है, व्रज वासि जनगण श्रीकृष्ण के ही परिकर हैं, मच्छरण शब्द से भी क्रमप्राप्त बहुव्रीहिके द्वारा श्रीकृष्ण का निज परिकरत्व सिद्ध हुआ है । सोऽयं में व्रतः" इस के द्वारा रक्षा करना व्रत श्रीकृष्ण का सुनिश्चित है, सूचित हुआ है । अतएव जन शब्द से निज परिकर व्रजवासि जनका लाभ हुआ है, अतः करुणापूर्वक उन सबको गोलोक दर्शन उक्त रूप से कराए थे । किन्तु अपर के प्रति उस प्रकार करुणा नहीं होती है । "स्वां गतिं" शब्द से सामानाधिकरण्य प्रकटित हुआ है, किन्तु उस पदद्वय के द्वारा वस्तु द्वयकी प्रतीति नहीं हुई है । "स्वर्गातं" सूक्ष्मां" पूर्वोक्त कथन से भी उक्तार्थ का बोध ही होता है । अतएव उभय वाक्य से ही उन का निज लोक दर्शन प्रसङ्ग लाभ ही हुआ है । निज लोक गोलोक का कहना अभीप्सित होने पर वह लोक सर्व साधारण जनगण का प्राप्य नहीं है अतएव 'जन' शब्द विशिष्ट जन—अर्थात् परिकर जन गण का ग्रहण होता है, उनसब का स्थान ही गोलोक है ।

पद व्याख्या उस प्रकार होने पर सरलार्थ इस प्रकार है—जनगण व्रजवासी हैं, और मेरा परम स्वजन हैं । इस जगत में प्रापञ्चिक लोक में अविद्या के द्वारा निर्मित उच्चनीच शरीर रूप गति—देव--

"तस्मान्मच्छरणं गोष्ठं मन्नाथं मत्परिग्रहम्।
गोपाये स्वात्मयोगेन सोऽयं मे व्रत आहितः ।।"३६८।।

इति स्वयमेव भगवता मत्परिग्रहमित्यनेन स्वस्मिंस्तत्परिकरतामच्छरणमित्यादिक्रम-प्राप्त-बहुव्रीहिणा दर्शिता, 'सोऽयं मे व्रतः' इत्यनेन स्वस्य तद्गोपनव्रतता च। तदेवं व्रज-वासिजन एव लब्धे तं प्रत्येव करुणया दर्शितवान्, न त्वन्यान् 'स्वां गतिम्' इति सामानाधिकरण्य एव व्यक्ते, न तु ताभ्यां पदाभ्यां वस्तुद्वयमुच्यते। स्वगतिं सूक्ष्मामिति पूर्वोक्तमपि तथा। तस्मात्तल्लोकदर्शनमेवोभयत्र विवक्षितम्। विवक्षिते च तल्लोके स तु जनमात्रस्य स्वगतिर्न भवतीति च जन-शब्देन तद्विशेष एव व्याख्यातः। तदेवं सत्यमर्थः— जनोऽसौ व्रजवासी मम परमस्वजनः। एतस्मिन् प्रापश्चिकलोके अविद्यादिभिः कृता या उच्चावचा

तिर्य्यग् प्रभृति हैं, उस के सहित निज शरीर का तुल्य बोध होने से ही निज गति की उपलब्धि उन सब की नहीं हुई।

अनन्तर सर्वोत्तम प्रेम भक्ति के द्वारा मेरा दर्शन होता है, इसमें भ्रम की सम्भावना ही नहीं है। सर्वोत्तम पदार्थ मैं हूँ।

परम भक्ति योग के द्वारा मुझ को जानने के बाद पुनर्वार भ्रम की सम्भावना ही नहीं होती है, तथापि तत्तत् लीला रस पोषण निबन्धन मदीय लीलाशक्ति भ्रमादि की कल्पना करती रहती है। किन्तु वह भ्रम अविद्या विजृम्भित नहीं हैं। भा० १०।११।५८ में उक्त है

"इति नन्दादयो गोपाः कृष्ण राम कथां मुदा
कुर्वन्तो रममाणाश्च नाविदन् भववेदनाम् ।।

"नन्दादि गोपगण, आनन्द से रामकृष्ण के चरित कथा में रत होकर सांसारिक क्लेश को जान नहीं पाये थे।" अतएव उन सब की प्राकृत कर्माधीन जीववत् गति की सम्भावना ही नहीं है। भा० १०।१४।३५ में ब्रह्माने भी कहा है—

"एषां घोष निवासिनामुत भवान् किं देव रातेति न
श्चेतोविश्वफलात् फलं त्वदपरं कुत्राप्ययन् मुह्यति।
सद्वेषादिव पूतनापि सकुला त्वामेव देवापिता
यद्धामार्थ सुहृत् प्रियात्मतनय प्राण शयास्त्वत् कृते ।।"

टीका—'अपि च किं वर्ण्यते कृतार्थत्वमेतेषां येषां भक्त्या भवानपि ऋणीवास्ते' ननु किं दातुम-समर्थोऽहं येन ऋणी स्याम्? अत आह—उत अपि,—भवानपि, एषां कुत्रापि, किं विश्वफलात् सर्व-फलात्मकात् त्वत् त्वत्तः, परं राता दास्यतीति, न श्चेतः, अयत् सर्वत्र गच्छत्—विचारयत् मुह्यति।

ननु मामेव दत्त्वानृणः स्यामिति चेन्नहि नहि, सद्वेषादिव,— सतां भक्तानां यो वेषः, तदनुकरण-मात्रेण पापिष्ठा पूतनापि त्वामेवापिता प्रापिता। तर्हि तत् सम्बन्धिनामपि दास्यामीति चेत्—तत्राह सकुलेति। बकासुराघासुर सहिता। एषामपि तावदेव चेदपर्य्याप्तमित्याह यदिति,— येषां धामादय स्त्वत्कृते त्वदर्थ मेवेत्यर्थः ।।"

किन्तु भगवन्! मेरा एक महान् संशय है, उसका अपनोदन आप भी करने में अक्षम हैं। उस को

गतयो देवतिर्य्यगादयस्तासु स्वां गतिं भ्रमन् ताभिस्तुल्यतया जानन् तामेव स्वां गतिं न वेदेत्यर्थः। ततो मामपि सर्व्वोत्तमतया प्रेमभक्त्या सर्व्वोत्तमतया द्रष्टुरेतस्य यद्यपि तत्तल्लीलारसपोषाय मदीयलीलाशक्त्यैव भ्रमादिकं कल्पितम्, न पुनरविद्यादिभिः (भा० १०।११।५८—)

"इति नन्दादयो गोपाः कृष्णरामकथां मुदा।
कुर्व्वन्तो रममाणाश्च नाविन्दन् भववेदनाम् ॥"३६९॥ इति।

(भा० १०।१४।३५) "यद्धामार्थसुहृत् प्रियात्मतनय–प्राणाशयास्त्वत्कृते" इत्यादि; तथाप्येतस्येच्छानुसारेण क्षणकतिपयमेतदीयां सर्वविलक्षणां स्वां गतिं दर्शयन् तदपनेष्यामीति भावः। वैलक्षण्यं त्वग्रे व्यञ्जनीयम्। गोपानां स्वं लोकं श्रीगोलोकम्। यः खलु "गोपीगोपैरसंख्यातैः सर्व्वतः समलङ्कृतम्" इति मृत्युञ्जयतन्त्रे वर्णितम्, तथा—

प्रकाश कर कहते हैं—हे देव! यह सब घोषनिवासीयों को, उत विस्मयार्थ में प्रयुक्त है। भवान्—आप विश्व से श्रेष्ठ हैं, आप से अपर कौन वस्तु देय है? यह ही संशय सङ्कट है, इस में मेरा मन निपतित है। इसमें संशय ही क्या है, मैं अपने को दे सकता हूँ। अतः देयवस्तु को न देखकर चित्तमोह प्राप्त करना व्यर्थ है? अपने को देंगे, इस प्रकार कहना अपाण्डित्य पूर्ण है, कारण सद्वेषादिव—सती माता, उनके वेष के समान वेष से ही, किन्तु उनके वेष से नहीं, स्तन्यदानकर मातृगति को प्राप्त किया, ऐसा नहीं, किन्तु हत्या करने के निमित्त स्तन दान किया। मातृ वेषाभासमात्र से ही पूतना ने आप को प्राप्त कर लिया है; उन में भी निज गोष्ठी के सहित—वक अघ के सहित सद्गति को प्राप्त किया। इन सब को यदि आत्मदान करते हैं, आप में योग्यायोग्य विचार नहीं है, अतः पाण्डित्य हीनता ही आती है।

अपने से अधिक अपर कोई वस्तु है ही नहीं, अतः अपर क्या देय है, चिन्ताकर मेरा चित्त सन्दिहान है। ब्रह्मन्! तुम संशय न करो। इन सब को समुचित जो देना है, वह मैंने दिया ही है। ब्रह्मा के वाक्य से ही सरस्वती ने सिद्धान्त कर दिया है—श्रीकृष्ण के सुख के निमित्त धाम प्रभृति का अर्पण इन्होंने किया है, यह ही सिद्धान्त है। पूतना प्रभृति को सायुज्य प्रदान किया, व्रजवासिओं को सायुज्य से परम दुर्लभ प्रेम प्रदान किया है। इस से मुझ में अपाण्डित्यदोष का अवसर नहीं हुआ। इस से प्रतिपादित हुआ, व्रज वासिओं की कभी भी न जीववत् साधारणी गति नहीं रही। तथापि श्रीकृष्णकी इच्छाके अनुसार क्षण कतिपय इन सबको सर्व विलक्षण गति को दर्शन कराकर उसको अपसारित करेंगे, इस प्रकार अभिप्राय श्रीकृष्ण का था। इस से ही उक्त प्रसङ्ग का समारम्भ हुआ था। विलक्षणस्थिति की कथा का वर्णन अग्रिम ग्रन्थ में करेंगे।

गोपगण के निज लोक का नाम ही श्रीगोलोक है। जो लोक असंख्य गोप गोपी प्रभृति के द्वारा सर्वतः समलङ्कृत है। इस प्रकार वर्णन ही मृत्युञ्जय तन्त्र में है।

उस प्रकार वर्णन नारद पुराण के विजयोपाख्यान में भी है—पद्म की आकृति युक्त धाम है, उत्तम गोपुर के द्वारा शोभित है "असंख्य नायिकावृन्द मण्डलीबद्ध रूप में अवस्थित हैं। महाशक्ति सम्पन्न रामादि गोपगण पुरके चतुर्दिक में अवस्थित हैं।" ब्रह्म संहिता के ५।२९ में वर्णित है—गोलोक के गृह समूह—चिन्तामणि समूह के द्वारा निर्मित हैं, वन समूह—कल्पवृक्षमय हैं। इत्यादि रूप में बहु वैभव के

"पद्माकृतिपुरीद्वारि लक्षमण्डलनायिकाः। रामादयस्तु गोपालाश्चतुर्दिक्षु महेश्वराः॥"३७०॥

इति नारदपञ्चरात्रे विजयाख्याने वर्णितः। (ब्र०सं० ५।२६) "चिन्तामणि-प्रकरसद्म-" इत्यादिना ब्रह्मसंहितादिषु वर्णित-व्यक्तवैभवातिक्रान्त-प्रपञ्चाप्रपञ्चलोकमहोदयस्तमेवेत्यर्थः। तमसः प्रकृतेः परं प्रपञ्चानभिव्यक्तत्वात्तदीयेनाप्यसङ्कुरम्। अतएव सच्चिदानन्दरूप एवासौ लोक इत्याह—सत्यमिति। सत्यादिरूपं यद्ब्रह्म, यच्च मुनयो गुणात्यये पश्यन्ति, तदेव स्वरूप शक्तिवृत्तिविशेषप्राकट्यविशेषेण सत्यादिरूपाव्यभिचारिणं गोलोकरूपं दर्शयामासेति पूर्व्वेणान्वयः। यथान्यत्रापि वैकुण्ठे भगवत्सन्दर्भोदाहृतं पाद्मादिवचनं ब्रह्माभिन्नतावाचित्वेन दर्शितं तद्वत्। अथ श्रीवृन्दावने च तादृशदर्शनं कतमदेशस्थितानां तेषां जातमित्यपेक्षायामाह-ब्रह्मह्रदमक्रूरतीर्थं श्रीकृष्णेन नीताः पुनश्च तदाज्ञयैव मग्नाः, पुनश्च तस्मात्तीर्थात् श्रीकृष्णेनैवोद्धृताः, उद्धृत्य वृन्दावनमध्यदेशमानीतास्तस्मिन्नेव नराकृतिपरब्रह्मणः श्रीकृष्णस्य लोकं गोलोकाख्यं ददृशुः। कोऽसौ ब्रह्मह्रदः ? तत्राह—यत्रेति। पुरेत्येतत्प्रसङ्गाद्भाविकाल इत्यर्थः, "पुरा पुराणे निकटे प्रबन्धातीतभाविषु" इति कोषकाराः। अध्यगादस्तौदधिगतवानिति वा। सर्व्वत्रैव श्रीवृन्दावने यद्यपि तत्प्रकाशविशेषोऽसौ गोलोको दर्शयितुं शक्यः

द्वारा वरुण का प्राकृत वैभव पराभूत हुआ है, उक्त गोलोक ही उनका निजधाम है। 'तमसः-प्रकृतेः परम्' वह तमः—अर्थात् प्रकृत्यस्पृष्ट है, प्रपञ्च में अवतरित न होने से प्रपञ्च में अभिव्यक्त नहीं होता है। अतएव यह लोक—सच्चिदानन्द स्वरूप है। एतज्जन्य कहा गया है—'सत्यं ज्ञानं इत्यादि।

सत्यादि रूप जो ब्रह्म हैं, गुणातीत अवस्था में मुनिगण जिस का अनुभव करते हैं, वह ब्रह्म हैं, स्वरूप शक्ति की वृत्ति विशेष के द्वारा सत्यादि स्वरूप में व्यतिक्रम उपस्थित न करके ही गोलोक रूप में अभिव्यक्त हैं।

सत्यज्ञान आनन्द अनन्त ब्रह्म में शक्ति क्रिया नहीं है अतः अनभिव्यक्त स्वरूप-निरवयव कहते हैं। वह ब्रह्म—स्वरूप शक्ति क्रिया विशेष से सावयव श्रीगोलोक नामसे अभिहित हैं। श्रीकृष्ण, गोपगणको उक्त धाम दर्शन कराने के निमित्त कृतसङ्कल्प थे।

भगवत् सन्दर्भ में पद्म पुराणीय वचन समूह के द्वारा दर्शाया गया है कि अन्यान्य वैकुण्ठ भी ब्रह्मसे अभिन्न हैं, श्रीगोलोक के सम्बन्ध में उस प्रकार समझना होगा।

अनन्तर श्रीवृन्दावन के किसस्थान में गोपों ने श्रीगोलोक दर्शन किया था उसका वर्णन करते हैं—ब्रह्मह्रद में-अपर नाम अक्रूरतीर्थ है, श्रीकृष्ण कर्त्तृक नीत होकर श्रीकृष्ण की आज्ञा से ही उसमें आप सब निमग्न हुये थे. पुनर्वार उस तीर्थ से श्रीकृष्ण ने ही उनसब को उठाया, उठाकर श्रीवृन्दावन के मध्यदेश में ले आये थे, वहाँपर ही नराकृति परब्रह्म श्रीकृष्ण का लोक गोलोक का दर्शन उन्होंने किया।

वह ब्रह्मह्रद कौन है ? उत्तर में कहते हैं, जिस ब्रह्म ह्रद में श्रीअक्रूर इस प्रसङ्ग के पूर्व में श्रीकृष्ण का स्तव किये थे। उस ब्रह्मह्रद में ही गोपों ने गोलोक दर्शन किया था।

इस कल्प में श्रीअक्रूर का ब्रह्म दर्शन के पहले ही गोपों ने श्रीगोलोक का दर्शन उस ब्रह्मह्रद में किया था। पुरा—पहले, कहने का अभिप्राय यह है कि—पूर्ववर्त्तिकल्प में भी श्रीअक्रूरने इस ब्रह्मह्रद में उसबार के समान ब्रह्म दर्शन किये थे। उसका स्मारक पूर्व वाचक पुरा शब्द का प्रयोग हुआ है। पुराशब्द

स्यात्तथापि तत्तीर्थमाहात्म्य-ज्ञापनार्थं विनोदार्थमेव वा तत्र तेषां नयनादिकमिति ज्ञेयम् । नन्दादय इति कर्त्रन्तरानिर्द्देशाच्छन्दोभिरेव मूर्त्तैः कर्त्तृभिः, तदभिज्ञापनार्थं तज्जन्मादि–लीलया स्तूयमानम् । अन्तरङ्गाः परिकरास्तु पूर्व्वदर्शितरीत्या गो गोपादय एव । अतएव कृष्णं यथा ददृशुस्तथा तत्परिकरान्तराणां दर्शनानुक्तेस्तत्र क एव तत्र परिकरा इत्यभिव्यज्यते । त एव च पूर्वदर्शित–मृत्युञ्जयादि-तन्त्र-हरिवंशवचनानुसारेण प्रकटाप्रकटप्रकाशगततया द्विधाभूताः सम्प्रत्यप्रकटप्रकाशप्रवेशे सत्येकरूपा एव जाता इति न पृथग्दृष्टाः । यदा तत्प्रकाशभेदो भवति, तदा तत्तल्लीलारसपोषाय तेषु प्रकाशेषु तत्तल्लीलाशक्तिरेवाभिमानभेदं परस्परमननुसन्धानञ्च प्रायः सम्पादयतीति गम्यते, उदाहरिष्यते चाग्रे । अतएवोक्तं

का अर्थ कोषकारके मत में—पुराण, निकट, प्रसङ्ग के अतीत काल, एवं भविष्य अर्थ है । अध्यगात्—अस्तौत्—अधिगतवान्—स्तुति की, एवं उत्तमरूप से जाना ।

यद्यपि समस्त श्रीवृन्दावन नामक स्थान में ही श्रीवृन्दावन का प्रकाश विशेष रूप उक्त गोलोक का प्रदर्शन सम्भव है, तथापि अक्रूर तीर्थ का माहात्म्य विशेष प्रकट करने के निमित्त अथवा आमोद विशेष प्रकटन हेतु गोपगण को उक्त ह्रदमें निमज्जित करके उक्त गोलोक दर्शन कराये थे । 'नन्दादयस्तु तं दृष्ट्वा उक्ति से दर्शन कर्त्ता प्रसिद्ध नन्दादि ही थे, अपर व्यक्ति नहीं, 'छन्द" अर्थात् वेदगण निज मूर्त्ति में स्थित होकर श्रीकृष्ण का स्तव किये थे । श्रीकृष्ण स्वरूप को विशेष रूप से प्रकट करने के निमित्त सुप्रसिद्ध श्रीकृष्ण की जन्मादि लीला का वर्णन करते हुये स्तुति किये थे । इस प्रकार श्रीकृष्ण को नन्दादि गोपगण देखे थे । श्रीकृष्ण के अन्तरङ्ग परिकरगण पूर्व दर्शित रीति से गो गोपगण ही हैं । अतएव श्रीकृष्णको आप सबोंने जिस प्रकार देखा था, अपर परिकर वर्ग का दर्शन प्रसङ्ग यहाँपर उल्लिखित नहीं है, अतएव श्रीकृष्ण जिन परिकर गण के सहित अर्थात् गो गोपगण के सहित निरन्तर अवस्थित होते हैं, उन सब परिकर समन्वित श्रीकृष्ण का दर्शन गोपगणोंने किया था । सु प्रसिद्ध नन्दादि गोपगण ही श्रीकृष्ण के परिकर थे—अपर कोई परिकर नहीं थे—इसका विवरण मृत्युञ्जय तन्त्र एवं हरिवंशोक्त कथन के अनुसार-एक ही परिकर प्रकट अप्रकट प्रकाश भेदसे द्विविध होने परभी सम्प्रति अप्रकट प्रकाशमें प्रवेश हेतु उभय प्रकाश एक रूप ही हुये थे—तज्जन्य पृथक दर्शन नहीं हुआ अर्थात् श्रीमद् भागवत की उक्ति के अनुसार गोपगण—उक्त धाम में श्रीकृष्ण दर्शन किये थे । किन्तु तदीय परिकरों का उल्लेख नहीं है । सुतरां गोलोक एवं गोकुल में परिकर एकविध ही है । सुतरां व्रजलीला एवं गोलोक लीला में श्रीकृष्ण के समान तदीय परिकर वृन्द का प्रकाश भेद होता है । अर्थात् श्रीकृष्ण जिस प्रकार एक प्रकाश में श्रीवृन्दावन में, अपर प्रकाश में श्रीगोलोक में विहार करते हैं, उनके परिकर वृन्द भी ठीक उस प्रकार एक प्रकाश में श्रीवृन्दावन में एवं अपर प्रकाश में श्रीगोलोक में अवस्थित हैं । जिस समय प्रकाश भेद होता है, उस समय उभय धामगत विविध लीलारस पोषण निबन्धन लीलाशक्ति परिकर वृन्दों में अभिमान भेद सम्पन्न करती है, इससे पारस्परिक अनुसन्धान भी नहीं रहता है ।

जिस प्रकार गोलोक में एक श्रीनन्द है, गोकुल में भी उस प्रकार श्रीनन्द है, उभय धाम गत श्रीनन्द जानते हैं, मैं ही नन्द हूँ । अपर किसी स्थान में नन्द नामक कोई नहीं है । अग्रिम ग्रन्थ में इसका विशेष विवरण प्रस्तुत करेंगे ।

अतएव कहा गया है—" न वेदं स्वां गतिं भ्रमन्' गोपगण भ्रमवशतः निजगति अवगत नहीं हैं ।

'न वेद स्वां गतिं भ्रमन्' इति। तथा च सतीदानीं श्रीव्रजवासिनां कथञ्चिज्जातया तादृश्येच्छया तेभ्यस्तेषामेव तादृशलोकप्रकाशविशेषादिकं दर्शितमिति गम्यते। न च प्रकाशान्तरमसम्भावनीयम्। परमेश्वरत्वेन तच्च श्रीविग्रह-परिकर-धाम-लीलादीनां युगपदेकत्राप्यनन्तविधवैभवप्रकाशशीलत्वात्। तत्र स्वां गतिमिति तदीयतानिर्द्देशो गोपानां स्वं लोकमिति षष्ठी-स्वशब्दयोर्निर्द्देशः, कृष्णमिति साक्षात्तन्निर्द्देशश्च वैकुण्ठान्तरं व्यवच्छिद्य श्रीगोलोकमेव प्रतिपादयति। अतएव तेषां तद्दर्शनात् परमानन्दनिर्वृतत्वं सुविस्मितत्वमपि युक्तमुक्तम्। तस्यैव पूर्णत्वात्तथा तेषां पुत्रादिरूपेणोदयाच्च। तदेवमुक्तोऽर्थः समञ्जस एव ॥ श्रीशुकः ॥

११७। एवं श्रीद्वारकादीनां तस्य नित्यधामत्वं सिद्धम्। अथ तत्र के तावदस्यपरिकराः? उच्यते—पुर्य्योर्यादवादयो वृन्दावने गोपादयश्चेति,—श्रीकृष्णस्य द्वारकादिनित्यधामत्वेन तेषां स्वतः सिद्धेः, तद्रूपत्वे परिकरान्तराणामयुक्तत्वादश्रवणाच्च। तत्परिकरत्वेनैवाराधनादि-वाक्यानि दर्शितानि दर्शयितव्यानि च अतएवोक्तं पाद्मे कार्त्तिक-माहात्म्ये श्रीकृष्णसत्यभामा संवादे—

तज्जन्य व्रजवासिगण—निजगति दर्शनेच्छु होने से श्रीकृष्ण उनसब के प्रकाश विशेषादि का प्रदर्शन किये थे। इस प्रकार जानना होगा।

इस प्रकाशान्तर का सङ्घटन होना असम्भव नहीं है। श्रीकृष्ण-परमेश्वर हैं। उनके श्रीविग्रह, धाम, परिकर, लीला प्रभृति एक है। समयमें एकही स्थान में अनन्त प्रकार वैभव प्रकाश करने में आप सक्षम हैं।

श्रीकृष्ण, गोपवृन्द को जिस लोक का प्रदर्शन किये थे, वह लोक वैकुण्ठान्तर गत गोलोक नहीं हैं, इसका प्रकाश "स्वां गतिं' गोपानां स्वं लोकं" "कृष्णञ्च" प्रयोगत्रय से ही हुआ है। "स्वां गतिं' कहने पर उक्त लोक की तदीयता निर्दिष्ट हुई है। उक्त लोक गोपवृन्द का निज धाम है। "गोपानां" यहाँ षष्ठी विभक्ति प्रयोग है, उस से उक्त धाम के सहित गोपगण का सम्बन्ध, एवं स्वं शब्द से वहाँ पर गोपगणों का अधिकार सूचित हुआ है। 'कृष्ण' शब्द से प्रतीत होता है, उक्त लोक में श्रीकृष्ण साक्षात् रूप में अवस्थित हैं। अतएव वह वैकुण्ठ विशेष नहीं है। वैकुण्ठ में श्रीनारायण विविधरूप में विहार करते हैं, श्रीकृष्ण नहीं। गोपवृन्द भी वैकुण्ठ में नहीं रहते हैं। उनसब का निवास स्थान गोलोक एवं गोकुल हैं, यह वार्त्ता सुप्रसिद्ध है।

अतएव गोलोक को देखकर परमानन्दित होना एवं परम विस्मित होना समीचीन है। कारण—पूर्ण—भगवान् श्रीकृष्ण का धाम होनेसे श्रीगोलोक, स्वरूप गत ऐश्वर्य्य एवं माधुर्य्य से परिपूर्ण है। गोपवृन्द ने समझा—हम सब इस धाम में रहेंगे। यहाँपर प्राण कोटि प्रतिम श्रीकृष्ण हमारे पुत्र रूप में अवस्थित होंगे—यह ही परमानन्द का विषय है। अपर कथा यह है कि—उन सब के पुत्र रूपमें अवस्थित श्रीकृष्ण ही मूर्तिमान् वेद गण कर्त्तृक स्तुत हो रहे हैं—यह ही अतीव विस्मयावह है।

सुतरां उपरि उक्त अर्थ समूह सुसङ्गत ही हैं। प्रवक्ता श्रीशुक हैं—११६॥

श्रीद्वारका श्रीमथुरा, श्रीवृन्दावन—श्रीकृष्ण के नित्य धामहैं, श्रीकृष्ण, उक्त धाम में सतत विराजित हैं, इस प्रकार नित्य धामत्व का निरूपण के अनन्तर उक्त धामत्रय में उनके परिकर कतिविध हैं? इस

"एते हि यादवाः सर्व्वे मद्‌गणा एव भामिनि। सर्व्वदा मत्‌प्रिया देवि मत्तुल्यगुणशालिनः ।।'३७१।। इति।

एवकारान्न देवादयः। श्रीहरिवंशेऽप्यनिरुद्धान्वेषणे तादृशत्वमेवोक्तमक्रूरेण (विष्णु-प० १२१।५७)—"देवानाञ्च हितार्थाय वयं याता मनुष्यताम्" इति। श्रीमथुरायां त्ववतारावसरेऽनभिव्यक्ता अपि निगूढ़तया केचित्तस्यामेव वर्त्तमानाः श्रूयन्ते, यथा श्रीगोपोलोत्तरतापन्याम् (उ० ५०)—

"यत्रासौ संस्थितः कृष्णस्त्रिभिः शक्त्या समाहितः।
रामानिरुद्धप्रद्युम्नै रुक्मिण्या सहितो विभुः ।।"३७२।। इति।

श्रीवृन्दावने तैः सदा विहारश्च, यथा पाद्मपातालखण्डे श्रीयमुनामुद्दिश्य—

"अहो अभाग्यं लोकस्य न पीतं यमुनाजलम्। गोगोपगोपिकासङ्गे यत्र क्रीड़ति कंसहा ।।"३७३।। इति।

स्कान्दे तु—

"वत्सैर्वत्सतरीभिश्च सदा क्रीड़ति माधवः। वृन्दावनान्तरगतः सरामो बालकैर्वृतः ।।" ३७४।। इति।

न तु प्रकटलीलागतेभ्य एते भिन्नाः, 'एते हि यादवाः सर्व्वे' इत्यनुसारात्। तथाहि पाद्म-निर्माणखण्डे च श्रीभगवद्वाक्यम्—

प्रकार जिज्ञासा का उदय होने से परिकरनिकर का निरूपण करते हैं। पुरी में अर्थात् द्वारका मथुरा में यादवादि श्रीकृष्ण के परिकर हैं।" एवं श्रीवृन्दावन में श्रीगोप गोपी प्रभृति उनके परिकर हैं। कारण-द्वारका, मथुरा, वृन्दावन-यादव, एवं गोपगोपी प्रभृति का नित्य धाम—स्वतः सिद्ध है। श्रीकृष्णस्वरूप का यादव गण एवं गोप गोपी गण व्यतीत अपर परिकर की वार्त्ता अयुक्त है। शास्त्रादि में अन्यविध परिकर का वर्णन नहीं है। श्रीकृष्ण के परिकर रूप में यादवादि का एवं गोप गोपी वृन्द का वर्णन पूर्व में हुआ है, उत्तर ग्रन्थ में भी होगा।

अतएव पद्मपुराण के कार्त्तिक माहात्म्य में वर्णित है, कृष्ण सत्यभामा का संवाद उस प्रकार है—हे भामिनि! यह यादवगण, मदीय निजजन हैं, हे देवि! ये सब सर्वदा मत् प्रिय हैं, 'एवं' मेरे तुल्य गुण शाली हैं। 'मद्‌गणा एव' कथन से 'एव' कार के द्वारा देवादि का निरास हुआ है। अर्थात् देवगण, श्रीकृष्ण के परिकर नहीं हैं, केवल यादव गण ही तदीय परिकर हैं, यह निर्णय हुआ—।

श्रीहरिवंश में भी अनिरुद्धान्वेषण प्रसङ्ग में श्रीकृष्ण परिकर रूप में यादवगण का वर्णन श्रीअक्रूर ने किया है। "देव निकर के हितसाधन के निमित्त हम सब मनुष्य होकर आविर्भूत हुए हैं।" इस प्रकार यादवगण द्वारका के परिकर हैं।

श्रीमथुरा में आविर्भाव के समय अर्थात् प्रकट लीला अवसर में जो सब परिकर आविर्भूत हुये थे, उनमें से कोई कोई वहाँपर निगूढ़ रूप से विराजित थे। अर्थात् प्रकट लीला में भी मथुरा के कतिपय परिकर अप्रकट भावसे अर्थात् जन नयनगोचर न होकर अवस्थान करते हैं, इस प्रकार सुनने में आता है। यथा—गोपाल तापनी के उत्तर विभाग में वर्णित है—'मथुरा में विभु श्रीकृष्ण, राम, अनिरुद्ध प्रद्युम्न एवं शक्ति श्रीरुक्मिणी के सहित अवस्थित हैं, इस प्रमाण के अनुसार प्रकट लीलाके समय मथुरा में अनिरुद्धादि की अवस्थिति की वार्त्ता अप्रसिद्ध होने परभी मानव नेत्र के अगोचर में सर्वदा वे सब अवस्थित हैं। यादववर्ग—मथुरा के परिकर हैं। उस प्रकार श्रीवृन्दावन के प्रकट अप्रकट प्रकाश में उभय लीला में ही गोपादि ही श्रीकृष्ण के परिकर हैं। पद्म पुराण के पाताल खण्ड में श्रीयमुना को उद्देश्य कर कहा गया है-अहो!

"नित्यां मे मथुरां विद्धि वनं वृन्दावनं तथा। यमुनां गोपकन्याश्च तथा गोपालबालकान्।
ममावतारो नित्योऽयमत्र मा संशयं कृथाः।।"३७५।। इति।

अतस्तानेवोद्दिश्य श्रुतौ च, तत्र ऋक्षु (१।१५४।६)–"तां वां वास्तून्युश्मसि गमध्यै यत्र गावो भूरिशृङ्गा अयासः। अत्राह तदुरुगायस्य वृष्णः परमं पदमवभाति भूरि" इति। व्याख्यातञ्च—"तां तानि वां युवयोः कृष्णरामयोर्वास्तूनि लीलास्थानानि गमध्यै गन्तु उश्मसि कामयामहे। तानि किं विशिष्टानि? यत्र येषु भूरिशृङ्गा महाशृङ्ग्यो गावो वसन्ति, यथोपनिषदि 'भूम'-वाक्ये धर्म्मिपरेण 'भूम'-शब्देन महिष्ठमेवोच्यते, न तु बहुतरमिति, यूथदृष्टैव वा भूरिशृङ्गा बहुशृङ्ग्यो बहुशुभलक्षणा इति वा, अयासः शुभाः, "अयः शुभावहो विधिः" इत्यस्य देवास इतिवत् जसन्तं पदमिदम्। अत्र भूमौ तल्लोकवेदप्रसिद्धं श्रीगोकुलाख्यमुरुगायस्य स्वयं भगवतो वृष्णः सर्व्वकामदुघचरणारविन्दस्य परमं प्रपञ्चातीतं पदं स्थानं 'भूरि' बहुधा अवभातीत्याह— वेद इति। यजुःसु माध्यन्दिनीयास्तु या ते धामान्युश्मसीत्यादौ विष्णोः परमं पदमवभाति भूरीत्यन्ते पठन्ति। पाद्मोत्तरखण्डे

लोको का अभाग्य कैसा है, जिसने यमुना जलपान नहीं किया है, जहाँ गो गोप गोपिका के सहित कंसहा श्रीकृष्ण निरन्तर क्रीड़ा करते रहते हैं। इस प्रकार अनेक वर्णन हैं। स्कन्द पुराण में उक्त है—

'वत्स वत्सतरी गण के सहित माधव सर्वदा वृन्दावन में राम एवं बालक वृन्द के सहित सर्वदा क्रीड़ा रत हैं।" इस प्रकार विविध वर्णन उपलब्ध हैं। किन्तु उक्त परिकर वृन्द प्रकट लीला गत परिकर से भिन्न नहीं हैं।

'एते हि यादवाः सर्वे मद्गणा एव भामिनि।
सर्वदा मत् प्रिया देवि! मत्तुल्य गुण शालिनः।।

श्रीकृष्ण मुख वचन से ही प्रतीत होता है कि—प्रकट अप्रकट गत परिकर एक प्रकार ही है। भिन्न भिन्न नहीं हैं। पद्म पुराण के निर्माण खण्ड में भगवद्वाक्य यह है—

"मेरी मथुरा को नित्य जानना, वृन्दावन नामक वन, यमुना, गोप कन्या, एवं गोप बालक गण को भी तद्रूप नित्य ही जानना चाहिये। मथुरा एवं वृन्दावन में मेरा नित्य अवतार है—इस विषय में कुछ भी संशय नहीं है।

अतएव गोप प्रभृति को लक्ष्य करके ही नित्यता कही गई है। श्रुति में वर्णित है—(ऋग्वेद) "राम कृष्ण के लीलास्थान समूह को प्राप्त करने के निमित्त कामना करता हूँ।" उक्त लीलास्थान समूह कीदृश हैं? वहाँ पर भूरि शृङ्ग विशिष्ट गो समूह निवास करते हैं, यहाँ 'भूरिशृङ्गी—' शब्दका अर्थ – महाशृङ्गी है, जिस प्रकार उपनिषत् का भूम शब्द धर्मिपर है, तत् द्वारा महिष्ठ 'वृहत्' अर्थ प्रकाशित होता है, बहुतर अर्थ का बोध नहीं होता है, यहाँ पर भी तद्रूप भूरि शब्द का बहुतर अर्थ नहीं होगा। किन्तु महिष्ठ अर्थ होगा ।

अथवा 'भूरि' शब्द का 'बहुतर' अर्थ स्वीकार करके भी अनुरूप अर्थ हो सकता है, गो यूथ के प्रति दृष्टि रखकर (बहुतर शृङ्गी) अर्थ हो सकता है, यूथ में अनेक धेनुविद्यमान हैं, उन सब के अनेक शृङ्ग हैं। गो समूह किस प्रकार हैं?—'अयास' शुभ लक्षण युक्त हैं। 'अत्र' इस भूमि में लोकवेद प्रसिद्ध श्रीगोलोक नामक स्थान है, वह स्थान 'उरुगाय' स्वयं भगवान् जो वृष्ण हैं-अर्थात् जिनके श्रीचरण कमल सर्वाभिलाष

यत्त्वियं श्रुतिः परव्योमप्रस्तावे उदाहृता, तत् खलु परमव्योम-गोलोकयोरेकतापत्त्यपेक्षयेति मन्तव्यम् । 'गो'-शब्दस्य सास्नादिमत्येव प्रचुर प्रयोगेण झटित्यर्थप्रतीतेः, श्रीगोलोकस्य ब्रह्म-संहिता-हरिवंश-मोक्षधर्म्मादिषु प्रसिद्धत्वाच्च । अथर्व्वसु च श्रीगोपालतापन्याम् (उ० २७)- "जन्मजराभ्यां भिन्नः स्थाणुरयमच्छेद्योऽयं योऽसौ सौर्य्ये तिष्ठति, योऽसौ गोषु तिष्ठति, योऽसौ गाः पालयति, योऽसौ गोपेषु तिष्ठति" इत्यादि । सौर्य्यं इति सौरी यमुना तस्या अदूरभवे देशे श्रीवृन्दावन इत्यर्थः । सहस्रनामसु यामुन इत्यत्र हि तथा व्याख्यातं भाष्यकृद्भिः । आगमे च—"सकललोकमङ्गलो नन्दगोपतनयो देवता" इति । तदीयपरममहामन्त्र-गतऋष्यादिषु तदीयाराध्यत्वेन तस्य स्मरणम् । तदेवमुभयेषामपि नित्यपार्षदत्वे सिद्धे यत्तु शस्त्राघातक्षत-

पूरक है । उनका 'परम' प्रपञ्चातीत 'पद' स्थान बहुविध रूप में प्रकाशित है—यह विवरण ऋग्वेद में है । यजुर्वेद की माध्यन्दनीय श्रुति में उक्त है—"उस धाम की कामना करता हूँ । जो विष्णु का परम धाम है एवं बहुधा प्रकाशमान है ।

यद्यपि पाद्मोत्तर खण्ड में यह श्रुति परव्योम प्रतिपादक रूपमें उल्लिखित है, तथापि परव्योम एवं श्रीगोलोक में ऐक्य को मानकर ही परव्योम प्रस्ताव में उक्त श्रुति उल्लिखित है । कारण यह है कि गोशब्द का गलकम्बल विशिष्ट पशुमें भूरि प्रयोग दृष्ट होने से तादृश प्रणाली से ही सत्वर अर्थ की प्रतीति होती है, विशेष कर—ब्रह्मसंहिता—हरिवंश मोक्ष धर्म प्रभृति में श्रीगोलोक का वर्णन उक्त रूप में ही प्रसिद्ध है । अथर्ववेदीय श्रीगोपाल तापनी श्रुति में वर्णित है—

"जो जन्म जरा रहित हैं, त्रिकाल स्थायी, अपक्षय शून्य हैं, जो सूर्य्य मण्डल में अवस्थित हैं । गो समूह में अवस्थित हैं । जो गो पालन रत हैं, जो गोपगण के मध्य में अवस्थित हैं । "इत्यादि । उक्त श्रुतिसे सुस्पष्ट प्रमाणित हुआ है कि गोपादि के सहित श्रीकृष्ण श्रीवृन्दावन में नित्य अवस्थित हैं । उक्त श्रुतिस्थ "सौर्य्य" पद का अर्थ है—सौरी—यमुना, उसके अदूरवर्त्तिदेश श्रीवृन्दावन में श्रीकृष्ण अवस्थित हैं । सहस्र नाम की व्याख्या में श्रद्धेय भाष्यकार आचार्य शङ्कर ने कहा है-"यामुन-यमुना के अदूरवर्त्ती देशमें स्थित ।'

आगम में भी वर्णित है—"सकल लोकमङ्गलो नन्द गोप तनयो देवता " इति । तदीय परम महामन्त्र गत ऋष्यादि में तदीय आराध्य रूप में ही श्रीकृष्ण का स्मरण हुआ है ।

उक्त प्रमाण समूह से प्रतिपन्न हुआ है कि—यादव वर्ग एवं गोपवर्ग- श्रीकृष्ण के नित्य परिकर हैं । ऐसा होने पर भी यादवगण, शत्रुकृत शस्त्राघात से क्षत हुये थे, गोपगण कालियह्रद के विषजल पान से मूर्च्छित हुये थे, श्रीवसुदेव-उद्धव तत्त्व जिज्ञासु हुये थे, कुरुक्षेत्र में श्रीवसुदेव-समागत मुनिवृन्द के निकट संसार निस्तारोपाय जिज्ञासा किये थे ।—इस प्रकार संशयास्पदविषयों का समाधान यह है कि—उक्त प्रसङ्ग समूह का विस्तार नर लीला का पोषक रूप से ही किया गया है, अर्थात् श्रीभगवान् श्रीकृष्ण जिस प्रकार नरलीला के अभिप्राय से विविध मनुष्यवत् चेष्टा करते हैं, उनके परिकर वृन्द भी उनके नरलीलाके सहायक हैं आप सबने भी मनुष्योचित व्यवहार का प्रदर्शन किया है । उसका प्रकृष्ट उदाहरण भा० १०।५४।४२ श्रीरुक्मिणी के प्रति श्रीबलदेव वाक्य में है—'तवेयं विषमाबुद्धिः सर्वभूतेषुदुर्हृदाम् । यन्मन्यसे सदाभद्रं सुहृदां भद्रमज्ञवत् ॥

टीका—"पुनर्देवीं प्रत्याह--तवेयमिति । सर्वभूतेषु दुर्हृदाम्, अहितानां भ्रातॄणाम्--अज्ञवद् यद्भद्रं मन्यसे इच्छसि, इयं तव विषमा असमीचीना बुद्धिः : कुतः ? यत स्तदेव सुभद्रामभद्रमिति । यद्वाभूतेषु-

विषपानमूर्च्छातत्त्वबुभुत्सासंसारनिस्तारोपदेशास्पदत्वादिकं श्रूयते, तद्भगवत इव नरलीलौपयिकतया प्रपञ्चितमिति मन्तव्यम् । तथा (भा० १०।५४।४२) —"तवेयं विषमा बुद्धिः" इत्यादिकम् साक्षात् श्रीरुक्मिणीं प्रति श्रीबलदेववाक्ये, यच्च श्रीमदुद्धवमुद्दिश्य (भा० ३।२।३)— "स कथं सेवया तस्यकालेन जरसं गतः" इत्युक्तम्, तदपि चिरकालसेवातात्पर्य्यकमेव । (भा० १४।४५।१९) "तत्र प्रवयसोऽप्यासन् युवानोऽतिबलौजसः" इति विरोधात् । क्वचिच्च प्रकटलीलायाः प्रापञ्चिकलोकमिश्रत्वाद्यथार्थमेव तदादिकम् । यथा (भा० १०।५७।२१) शतधन्ववधादौ । उभयेषां विभागश्च श्रीदशमान्ते दृश्यते (भा० १०।९०।४३-४४,४५)—

दुर्हृदामपि स्व सुहृदां भद्रमेव दण्डरूपं मुण्डनम् अभद्रं यन्मन्यसे तवेयं विषमा बुद्धिः । अथवा सर्वभूतेषु मध्ये दुर्हृदां शिशुपालादीनामभद्रं सुहृदि भद्रञ्च यन्मन्यसे तवेयं विषमा बुद्धिः समा न भवति । अज्ञवत् अज्ञानामिव ।"

बलदेव कहे थे—"तुम अज्ञके समान—सर्वजन अहितकारी भ्रातृवर्ग की हित चिन्ता करती रहती हो, यह तुम्हारी असमीचीना बुद्धि है । कारण—उस प्रकार चिन्ता तुम्हारे भ्रातृ वर्ग के निमित्त अशुभकरी है ।" श्रीरुक्मिणी का भगवद्द्रोही भ्राता रुक्मी के प्रति रुक्मिणी की सहानुभूति को देखकर बलदेव उस प्रकार कहे थे । श्रीकृष्ण प्रेयसी रुक्मिणी देवी का—प्राणीमात्र के प्रति अनिष्टकारी के प्रति सहानुभूति प्रकाश नहीं हो सकता है । तादृश व्यक्ति में भ्रातृत्वबुद्धि, एवं तज्जनित हितानुसन्धान केवल नरलीला की मुग्धता है, अज्ञता नहीं है । भा० ३।२।३ में उद्धव को लक्ष्य कर कहा गया है—"सकथं सेवया तस्य कालेन जरसं गतः । हे राजन् ! शैशवावधि श्रीकृष्णसेवा करते करते कालक्रम से वृद्धत्व प्राप्त उद्धव,—श्रीविदुर कर्त्तृक जिज्ञासित होकर प्रत्युत्तर प्रदान में अक्षम हुये थे । कारण-आप निजप्रभु श्रीकृष्ण की विरहोत्कण्ठा से अत्यन्त अधीर हो गये थे ।" यहाँपर वृद्धत्व प्राप्ति की जो कथा है—वह कालकृत वार्द्धक्य सूचना के निमित्त नहीं है । किन्तु आप चिरकाल श्रीकृष्ण सेवा किये थे, उसको सूचित करने के निमित्त ही कहा गया है । भा० १०।४५।१९ में वर्णित है—

"तत्र प्रवयसोऽप्यासन् युवानो ऽतिबलौजसः
पिबन्तोऽक्षैर्मुकुन्दस्य मुखाम्भोजसुधां मुहुः ॥

महाराज ! कंसभयसे भीत होकर यदु, वृष्णि, अन्धक, मधु, कुकुर, प्रभृति वंशोद्भव व्यक्तिगण अन्यत्र चले गये थे । श्रीकृष्ण पुनर्वार उन सब को आनयन पूर्वक वित्त प्रदान करतः स्व स्व गृह में स्थापन किये थे । उन सब के मध्य में वृद्ध व्यक्ति गण भी श्रीकृष्ण मुखाम्भोजमधु को नयन के द्वारा पान कर अतिशय बलसम्पन्न युवा के समान सम्पन्न हुये थे ।'

श्रीकृष्ण दर्शन करके वयोवृद्ध यादवगण यदि युवक हो सकते हैं,—तब शैशवावधि श्रीकृष्ण सेवा परायण श्रीउद्धव का वृद्धत्व होना कैसे सम्भव होगा ? पक्षान्तर में - प्रकट लीला में प्रापञ्चिक लोक मिश्रण हेतु स्थल विशेष में मनुष्य के समान यथार्थ अज्ञता भी दृष्ट होती है । जिस प्रकार शतधन्वा बन्ध प्रभृति हैं— श्रीअक्रूर,—शतधन्वा के सहित मिलित होकर श्रीसत्यभामा के पिता को हत्या करने का उपदेश प्रदान किये थे । यहाँ अक्रूर की दुःसङ्ग जनित दुरभिसन्धि की कल्पना नहीं की जा सकती है, किन्तु प्रापञ्चिक लोक मिश्रण हेतु उस प्रकार संघटित हुआ था ।

दशमस्कन्ध के अन्त में ९०।४३।४४-४५ श्लोक में यादवों का आविर्भाव वर्णित है-देव एवं असुर के

"देवासुराहवहता दैतेया ये सुदारुणाः ।
ते चोत्पन्ना मनुष्येषु प्रजा दृप्ता बबाधिरे ॥३७६॥
तन्निग्रहाय हरिणा प्रोक्ता देवा यदोः कुले ।
अवतीर्णा कुलशतं तेषामेकाधिकं नृप ॥३७७॥
ये चानुर्वर्त्तिनस्तस्य ववृधुः सर्व्वयादवाः ॥"३७८॥

इत्यनुवर्त्तिनां पृथङ्निर्द्देशात् । अन्तरङ्गानां भगवत्साधारण्यन्तु यादवानुद्दिश्योक्तम्—'मत्तुल्य-गुणशालिनः' इति, गोपानुद्दिश्य च—'गोपैः समानगुणशीलवयोविलासवेशैश्च' इति, पाद्मनिर्माणखण्डे—"गोपाला मुनयः सर्व्वे वैकुण्ठानन्दमूर्त्तयः" इति । यतो यो वैकुण्ठः श्रीभगवान्, स इवानन्दमूर्त्तयस्ते, ततस्तत्-परमभक्तत्वादेव मुनय इत्युच्यते, न तु मुन्यवतारत्वादिति ज्ञेयम् ।(भा० १०।१३।३९) "नैते सुरेशा ऋषयो न चैते" इत्यादिकं श्रीबलदेववाक्यञ्च भगवदाविर्भावलक्षण-गोपादीनां (भा० १०।१३।३७) "केयं वा कुत आयाता

संग्राम में निहत सुदारुण दैत्यगण मनुष्य लोक में राजन्य होकर उत्पन्न हुये थे, एवं प्रजापीड़न में रत थे। उक्त आसुरिक स्वभाव सम्पन्न नृपति वृन्द को संहार करने के निमित्त श्रीहरि के आदेश से देवगण यदुकुल में उत्पन्न हुये थे। अतएव यादव गण द्विविध हैं, देवरूपी, एवं नित्य पार्षद। यदुकुल में अवतीर्ण देवगण की संख्या अपरिमेय हैं। उस का विवरण १०।९०।४३-४४ श्लोक में है।

नित्य पार्षदगण की संख्या उक्त देव कुलोत्पन्न यादवों से अत्यधिक है। किन्तु भगवान् की इच्छाधीन है। उसका विवरण १०।९०।४५ में है, नित्य पार्षद यादवगण का अभ्युदय सर्वाधिक था। कारण वे सब भगवत् अनुवर्त्ती नित्य पार्षद थे" अभ्युदय एवं प्रभुत्व में वे सब अत्यधिक थे, किन्तु संख्या विषय में भगवान् हरि ही साक्षी है—अर्थात् साक्षात् द्रष्टा श्रीहरि ही थे—अपर कोई नहीं।

१०।९०।४५ में वर्णित है—ये च अनुवर्त्तिनस्तस्यववृधुः सर्वयादवाः" अतएव यादव गण-अनुवर्त्ती-नित्यपार्षद एवं सामयिक अवतार समय में लब्ध जन्मा यादव गण हैं। अनुवर्त्तिनां—शब्द प्रयोग से ही उभय में भेद सुस्पष्ट हुआ। अन्तरङ्ग भक्तगण की श्रीभगवत् तुल्य धर्मता का वर्णन यादवगण को लक्ष्य करके पद्म पुराण में उक्त है—

"मत्तुल्यगुण शालिनः" ये सब मेरे समान गुण शाली हैं। भगवत्तुल्य धर्मता के सम्बन्ध में उक्त है—'गोपैः समान गुण शीलवयो विलासवेशैश्च" समान गुण शील वयस बेष विशिष्ट गोपगण के सहित श्रीकृष्ण विहार करते हैं। पद्म पुराण के निर्म्माण खण्ड में लिखित है—गोप समूह—मुनि हैं—कारण वे सब वैकुण्ठानन्द मूर्त्ति हैं। अर्थात् वैकुण्ठ भगवान् जिस प्रकार आनन्द मूर्त्ति हैं, तदीय परिकर गोप समूह भी उस प्रकार आनन्द मूर्त्ति हैं। श्रीभगवान् के परमभक्त होने के कारण गोपगण—आनन्द मूर्त्ति हैं,—अतएव गोपगण को मुनि कहा गया है। मुनि गण का अवतार होने के कारण उन सब को मुनि नहीं कहा गया है।

भा० १०।१३।३९ में श्रीबलदेव ने कहा है—'नैते सुरेशा ऋषयो न चैते, त्वमेव भासीश भिदाश्रयेऽपि' गोपगण एवं वत्स समूह—देवता एवं ऋषि नहीं हैं, भेदाश्रय होने पर भी तुम ही सब के मध्य में प्रकाशित हो रहे हो। अर्थात् ब्रह्मा कर्त्तृक श्रीकृष्ण के सखा गोप बालक एवं वत्सगण अपहृत होने से श्रीकृष्ण निज

दैवी वा नार्य्युतासुरी" इत्यादि-प्राप्तमन्यत्वमेव निषेधति, न तु पूर्व्वेषाञ्च तद्विदधाति, कल्पनागौरवादिति ज्ञेयम्,— (भा० १०।१२।११) "इत्थं सतां ब्रह्मसुखानुभूत्या" इत्यादेः, (भा० १०।१४।३४) "तद्भूरिभाग्यम्" इत्यादेश्च । युक्तञ्चैषां तद्‌साद्दश्यम्, (भा० ६।३।१७) —

स्वरूप से ही गोपादि प्रकाश कर उन सब के सहित क्रीड़ा करते थे । तज्जन्य श्रीबलराम ने कहा—तुम ही प्रकाशित हो। इस वाक्य से निर्णय हुआ कि—गोपगण श्रीकृष्ण के आविर्भाव विशेष हैं । भा १०।१४।३४ में कथित है—

"केयं वा कुत आयाता दैवी वा नार्य्युतासुरी
प्रायो मायान्तु मे भर्त्तुर्नान्या मेऽपि विमोहिनी ।'

इस श्लोक में गोपगण—श्रीकृष्ण माया द्वारा रचित हैं, इस प्रकार धारणा निरस्ता हुई है । जो सब वत्स वत्सपालक ब्रह्मा की माया द्वारा अभिभूत थे, वे सब मुनि एवं देवांश सम्भूत हैं एवं श्रीकृष्ण जो सब वत्स बालक आविर्भूत किये थे—वे सब मुनि एवं देवता के अंश सम्भूत नहीं हैं—इस प्रकार निर्द्धारण नहीं हुआ है । उस प्रकार निर्द्धारण करने से कल्पना गौरव होगा ।

भा० १०।१२।११ में कहा गया है—'इत्थंसतां ब्रह्मसुखानुभूत्या, दास्यं गतानां पर दैवतेन, मायाश्रितानां नर दारकेण सार्द्धंविजह्रुः कृतपुण्यपुञ्जाः ।

वृहत् क्रमसन्दर्भः—एवं भगवता सह क्रीड़ती व्रजबालानाम् प्रशंसन्नाह—इत्थं सतामित्यादि । मायाश्रितानां मायया कैतवेन आश्रितानां निष्कैतवानां सतामुत्तमानां दास्यं गतानां भक्तानां मध्ये कृतपुण्य पुञ्जाः, कृतं कारितं पुण्यपुञ्जं यैः, अर्थविद्रष्टॄणां श्रोतॄणाञ्च, ते गोपबाला नरदारकेण-नरदारकाकारेण तेन कृष्णेन सममित्थं विजह्रुः । कीद्दशेन ? ब्रह्मसुखानुभूत्या ब्रह्मसुखानुस्वरूपेण, अथवा, एकदेश-स्त्रीत्वाद् स्वमत्यै पुरुषायेतिवत् पुंलिङ्गेऽपि स्त्रीवद्रूपम् । नरदारकाकृतिना ब्रह्मानन्दज्ञानेन--भा० ७।१०।४८, ७।१५।७५ गूढ़ं परं ब्रह्म मनुष्यलिङ्गम् इत्याद्युक्तेः । पुनः कीदृशेन ? पर दैवतेन-सार्द्धं विजह्रुः । ब्रह्मसुखानुभूत्येति करणे तृतीया । तत्र विहारे तेषां य आनन्द आसीत्,सैव ब्रह्मसुखानुभूति स्तया । विशेषणे वा तृतीया । कीद्दशेन नरदारकेण ? 'नृ विक्षेपे' नरोविक्षेपः, तस्य दारकेण—खण्डकेन ।

अथवा, सतां ज्ञानिनां ब्रह्मसुखानुभूत्या,, तेऽपि तद्व्यतिरिक्तमन्यद् ब्रह्मेति न जानन्तीत्यर्थः । दास्यं गतानां परदैवतेन-परमेश्वरेण पूर्ववन्मायाश्रितानां रागिणां नरदारकेण-विक्षेपखण्डकेनपरमनिवृत्तिकारिणां नरबालकपक्षेऽनुत्कर्षादि चमत्कारः ।।'

श्रीभगवान् के सहित क्रीड़ारत व्रजबालकों की प्रशंसा करते हैं । इत्थं सतां वाक्य के द्वारा । कैतव पूर्वक आश्रित—एवं निष्कैतव भाव से आश्रित—सज्जनों के मध्य में दास्य भावाश्रित भक्तगण के मध्यमें जो सब अतिशय पुण्यशाली हैं, जिन्होंने उत्तम पदार्थों को जाना है एवं श्रवण भी किया है--इस प्रकार गोपबालक गण-नरबालकाकृति नराकृति परब्रह्म श्रीकृष्णके सहित क्रीड़ा करते हैं । कीद्दशेन-ब्रह्मसुखानुभूति स्वरूप के सहित । नरदारकाकृति ब्रह्मानन्द ज्ञान के सहित क्रीड़ा करते रहते हैं, भा० ७।१०।४८, ७।१५।७५ में उक्त है—"गूढ़ं परं ब्रह्म मनुष्यलिङ्गम्" पुनः कीद्दशेन ? परदैवत रूप के सहित—परोपदेवताधिदेवके सहित, अथवा परदैवत के सहित क्रीड़ा करते हैं, ब्रह्मसुखानुभूत्या—करण में तृतीया है, श्रीकृष्ण के सहित विहार में जो आनन्द है, वह ही ब्रह्म सुखानुभूति है, उसके सहित ही क्रीड़ा करते रहते हैं । किस प्रकार नरदारक के सहित क्रीड़ा करते रहते हैं ? नृ विक्षोपार्थकधातु है—नरो विक्षेपः—उस को जो खण्डन करते हैं, अथवा सतां—ज्ञानि गणकी जो ब्रह्म सुखानुभूतिहै—उसके सहित, ज्ञानिगण—भी उससे अतिरिक्त कोई ब्रह्म हैं—इस प्रकार नहीं जानते हैं । दास्य प्राप्त जनगण के परदैवत—परमेश्वर के सहित क्रीड़ा करते रहते हैं । पूर्ववत् मायाश्रित रागियों का विक्षेपापनोदनकारी के सहित क्रीड़ा करते हैं, एवं परम निर्वृति कारियों

"तस्यात्मतन्त्रस्य हरेरधीशितुः, परस्य मायाधिपतेर्महात्मनः ।
प्रायेण दूता इह वै मनोहरा,–श्चरन्ति तद्रूपगुणस्वभावाः ॥" ३७९॥

इति श्रीयमवाक्याद्यनुगतत्वात्, दृष्टञ्च यथा प्रथमे (भा० १।११।११)–"प्राविशत् पुरम्' इत्यारभ्य (भा० १।११।१२) "मधुभोजदशार्हार्ह-कुकुरान्धकवृष्णिभिः । आत्मतुल्यबलैर्गुप्ताम्"

के निमित्त नरबालक अर्थ करने पर उत्कर्ष की सम्भावना नहीं है, एवं चमत्कार भी नहीं है ।

भा० १०।१४।३४ में श्रीब्रह्माने कहा भी है—

"तद् भूरिभाग्यमिह जन्म किमप्यटव्यां यद् गोकुलेऽपि कतमाङ्घ्रि रजोभिषेकम् ।
यज्जीवितन्तु निखिलं भगवान् मुकुन्द स्त्वद्यापि यत् पदरजः श्रुतिमृग्यमेव ॥"

टीका—अतो मया प्राथितं तदस्तु मे नाथ स भूरिभाग इतियत् तदेतदेवेत्याह तत्रापि अटव्यां यत्, तत्रापि गोकुले यत् । अहो सत्यलोकं विहाय अत्र जन्मनि जाते को लाभोऽत आह--अपि कतमाङ्घ्रि--रजोऽभिषेकमिति । गोकुलवासिनां मध्येऽपि कतमस्य यस्य कस्याप्यङ्घ्रि रजसा अभिषेको यस्मिंस्तत् । ननु कुतो गोकुलवासिन एव धन्यास्तत्राह यदिति । येषां जीवितं निखिलं भगवान् मुकुन्दः, मुकुन्दपरमेव जीवन मित्यर्थः । दुर्लभतामाह--अद्यापीति । श्रुतिमृग्यं वेदैरपि मृग्यत एव नतु दृश्यत इत्यर्थः ॥

भगवन् ! मैंने जो कुछ प्रार्थना की है, उसका फल स्वरूप मैं इसको ही भूरि भाग्य मानता हूँ । मुझ को इस गोकुल में नगण्य जन्म प्रदान करें । ब्रह्म शरीर से व्रजवासियों का आनुगत्य स्वच्छन्द रूपसे नहीं हो सकता है । यदि यहाँपर जन्मान्तर लाभ नहीं होता तो, अतः आप कृपा करें, जिस से यहाँ की अटवी में यत् किञ्चित् जन्म लाभ करूँ । ब्रह्मा जन्म से भी उसको भूरिभाग्य मानूँगा । वह क्या है ? व्रज वृन्दावन में मनुष्य जन्म हो, अति तुच्छ जन्म क्यों न हो, सत्य लोक की सुख सुविधा प्रभुत्व को छोड़कर वृन्दावन में मनुष्य जन्म लेने का अभिलाषी क्यों होते हो ? कहते हैं ब्रह्मा जन्म भूरि भाग्य का द्योतक नहीं है । किन्तु व्रज वृन्दावन में यत् किञ्चित् जन्म ही सौभाग्य का द्योतक है । गोकुल में यत् किञ्चित् जन्म होगा, उसमें भी अटवी में होगा, उससे गोकुल वासियों की चरण रज से अभिषिक हो सकूँगा, ब्रह्मा तुम क्या कहते हो, यह ही तुम्हारा अभिलषणीय है,गोकुल वासियों की जिस किसी की चरण धूलि को प्राप्त करूँ ? कारण-जिन गोकुल वासियों का जीवित मुकुन्द है,प्राण, जाति धनादि सब कुछ ही मुकुन्द हैं, मैं तो मुकुन्द हूँ, मुझ को तुमने प्राप्त कर ही लिया है, अपर अभिलाष तुच्छ वस्तु का क्यों करते हो ? कहते हैं-जिनके चरण रज का अन्वेषण श्रुतिगण करते रहते हैं । आप भगवान् मुकुन्द हैं, आपकी चरणधूलि श्रुति प्राप्त कर नहीं पाती है, केवल ढूँढ़ती रहती है । किन्तु गोकुल वासियों ने तो सर्वथा अपना ही लिया है । अतः इनसब की चरणधूलीसे अभिषिक्त होना ही परम जन्म सौभाग्य है ।

इससे प्रतिपन्न हुआ गोपगण श्रीकृष्ण के नित्य सहचर हैं । श्रीकृष्ण का सर्वथा सादृश्य गोपगण के सहित है—यमराजने भा० ६।३।१७ में दूतगण को कहा है—"उन परम स्वतन्त्र अधीश्वर मायाधिपति महात्मा सर्वनियामक श्रीहरि के मनोहर दूतगण—रूप, प्रभावादि गुण एवं भक्त वात्सल्यादि स्वभाव समूह के द्वारा सर्वथा श्रीहरि के तुल्य हैं, वे सब भक्तरक्षा हेतु सर्वत्र भ्रमण करते रहते हैं," इस वाक्य प्रमाण से भगवत् पार्षद मात्र की ही श्रीभगवत् के तुल्य गुणशालिता होती है । यह प्रतिपन्न हुआ । भा० १।११।११ के वर्णन में भी पार्षद वृन्दों का भगवत् सादृश्य दृष्ट होता है । श्रीकृष्ण का द्वारकापुर प्रवेश प्रसङ्ग में उक्त है—"मधु भोजदशार्हार्ह कुकुरान्धक—वृष्णिभिः । आत्मतुल्यैर्बलै गुप्तां नागैर्भोगवतीमिव ।

नागवृन्द के द्वारा सुरक्षित भोगवती पुरी के समान बिज्ञ तुल्य बलशाली मधुभोजयादव, अर्ह कुकुर

इत्यादौ । अतएव ब्रह्मणा हृतेषु बालवत्सेषु भगवता नान्येषां तत्तद्रूपाणां सृष्टिः, किन्तु स्वेनैव तत्तद्रूपताप्राप्तिरित्युक्तम् । अतएव (भा० १०।१८।११)—

गोपजातिप्रतिच्छन्ना देवा गोपालरूपिणम् ।
ईड़िरे कृष्णं रामञ्च नटा इव नटं नृपः ॥" ३८०॥

इत्यत्र साम्यमेव सूचितम् । अर्थश्च—देवाः श्रीकृष्णावरणे (भा० ११।१६।२१) "मद्भक्त-पूजाभ्यधिका" इति न्यायेन तद्वद्देवोपास्या अपि श्रीदामादयो गोपजात्या प्रतिच्छन्ना अन्य-गोपसामान्यभावेन प्रायस्तादृशतया लक्षयितुमशक्याः । तत्र कृष्णं रामञ्च गोपालरूपिणमिति दृष्टान्तगर्भे यथा तादृशावपि तौ तद्रूपिणौ तथा तेऽपीत्यर्थः । अत्र देवा इत्यनेन महत्त्वसाम्यम् । गोपालरूपिणमित्यनेन प्रकृतिवेश-लीला-साम्यम्, नटा इव नटमित्यनेन गुणसाम्यञ्चाभि-प्रेतमिति । तत्र यादवादीनां तत्पार्षदत्वं योजयति (भा० १०।८५।२३)—

(११७) "अहं यूयमसावार्य्य इमे च द्वारकौकसः ।
सर्व्वेऽप्येवं यदुश्रेष्ठ विमृग्याः सचराचरम् ॥" ३८१॥

(वंशविशेष) अन्धकगण, कर्त्तृक रक्षित द्वारका पुरी में श्रीकृष्ण प्रविष्ट हुये थे ।" इस श्लोक में यादवगण की श्रीकृष्णतुल्यबलशालिता का वर्णन हुआ है ।

अतएव ब्रह्मा कर्त्तृक अपहृत वत्सबालकों की सृष्टि भगवान् ने माया द्वारा नहीं की है, किन्तु स्वयं ही तत्तद्रूप हुये थे ।

भगवत् परिगणों का सर्वथा भगवत् सादृश्य हेतु—वक्ष्यमाण श्लोक में गोपगण की श्रीकृष्ण तुल्यता सूचित हुई है । भा० १०।१८।११ में उक्त है— हे नृप ! नट जिस प्रकार नट का स्तव करता है, गोप जाति प्रतिच्छन्न देवगण भी तद्रूप गोपाल रूपी रामकृष्ण का स्तव किये थे । यहाँपर ,देवता' शब्द के द्वारा श्रीकृष्ण सखागण अभिहित हुये हैं ।

भा० ११।१६।२१ के वर्णनानुसार श्रीदामादि कृष्ण सखागण—"मद्भक्त पूजाभ्यधिका" इस नियम से 'मेरी पूजा से मेरी भक्त की पूजा सर्वश्रेष्ठा है—"आदरः परिचर्य्यायां सर्वाङ्गैरभिवन्दनम् । मद्भक्त पूजाभ्यधिका सर्वभूतेषु मन्मतिः ।"

श्रीकृष्ण सखागण—श्रीकृष्ण के समान उपास्य होने से भी, वे सब गोप जाति द्वारा प्रतिच्छन्न हैं, अर्थात् अपर गोप के समान वेश व्यवहार विशिष्ट हैं;—अतः श्रीकृष्ण तुल्य उपास्य का बोध सहसा नहीं होता है । "गोपाल रूपी रामकृष्ण" भा० १०।१८।११ श्लोक में उक्त है, यह वाक्य दृष्टान्त गर्भ है, अर्थात् श्रीकृष्ण-स्वयं भगवान् एवं श्रीबलराम मूल सङ्कर्षण—होने पर भी उभय ही जिस प्रकार गोपाल रूपी हैं, भगवन्नित्य पार्षद श्रीदामादि भी उस प्रकार गोप रूपी हैं । उक्त श्लोकस्थ 'देव' पद के द्वारा श्रीकृष्ण के सहित गोपवृन्द का माहात्म्य साम्य सूचित हुआ है । 'गोपाल रूपिणम्' पदके द्वारा प्रकृति, वेश लीलासाम्य भी सूचित हुआ है, एवं 'नटशब्द के द्वारा गुण साम्य प्रदर्शित हुआ है ।

'यादव प्रभृतिओं का श्रीकृष्ण पार्षदत्व प्रतिपादन करते हैं,—भा० १०।८५।२३ में वर्णित है— श्री-कृष्ण वसुदेव को कहे थे—हे यदुश्रेष्ठ ! मैं, आप सब, एवं आर्य्य, श्रीबलराम, एवं द्वारका वासि चराचर समूह ब्रह्म स्वरूप—ईश्वर तत्त्व रूप हैं, एवं पुरुषार्थ रूप में अन्वेषणीय हैं । उक्त श्लोक की व्याख्या इस प्रकार है—

यूयं श्रीमदानकदुन्दुभ्यादयः, विमृग्याः परमार्थरूपत्वादन्वेषणीयाः। तथान्यदपि द्वारकौको स्थावरजङ्गमसहितं यत्किञ्चित्तदप्यन्वेष्यम्। अहं श्रीकृष्ण इति दृष्टान्तत्वेनोपन्यस्तम्। ततश्च नराकार-परब्रह्मणि स्वस्मिन्निव तन्नित्यपरिकरे सर्व्वत्रैव परमपुरुषार्थत्वमिति भावः। तस्माद् यथा पूर्व्वं (भा० १०।८५।१३) "सत्त्वं रजस्तमः" इत्यादिना सत्त्वादिगुणानां तद्-वृत्तीनाञ्च ब्रह्मणि त्रैकालिकस्पर्शासम्भवान्माययैव तदध्यासो भवता वर्णितस्तथा दृष्टिरत्र तु न कार्य्येति तात्पर्य्यम्॥

११८। लौकिकाध्यात्मगोष्ठीत्येवमेवेत्याह द्वयेन। तत्र प्रथमेन यथा (भा० १०।८५।२४)

(११८) "आत्मा ह्येकः स्वयं ज्योतिर्नित्योऽन्यो निर्गुणो गुणैः।
आत्मसृष्टैस्तत्कृतेषु भूतेषु बहुधेयते॥"३८२॥

आप सब—श्रीवसुदेव प्रभृति, पारमार्थिक सत्य वस्तु हेतु अन्वेषणीय हैं, अपर—द्वारकावासी स्थावर जङ्गम यावतीय वस्तु समूह, तद्रूप अन्वेषणीय हैं। द्वारकास्थित समस्त वस्तु पारमार्थिक सत्य हैं, इस को दर्शाने के निमित्त श्रीकृष्ण, स्वयं को दृष्टान्त रूप में उपन्यस्त किये हैं, उससे प्रतिपन्न हुआ कि नराकृति पर ब्रह्म--श्रीकृष्ण के समान तदीय नित्य परिकर वर्ग भी नित्य परमपुरुषार्थ स्वरूप हैं। पुरुषार्थ वस्तु का अन्वेषण लोक करते हैं—श्रीकृष्ण—परमपुरुषार्थ वस्तु होने से जिस प्रकार अन्वेषणीय हैं, तद्रूप उनके परिकर वर्ग भी पुरुषार्थ वस्तु हेतु अन्वेषणीय हैं, अर्थात् श्रीकृष्ण प्राप्ति यद्रूप प्रयोजनीय है, तद्रूप तदीय परिकर गण की प्राप्ति भी प्रयोजनीय तत्व है।

सपरिकर श्रीकृष्ण प्राप्ति से ही समधिक आनन्दलाभ है। केवल श्रीकृष्ण प्राप्ति से लीलारस आस्वादन की सम्भावन नहीं है।

अतएव—भा० १०।८५।१३ में वर्णित है—

'सत्त्वं रज, स्तम गुणत्रय, महत्तत्त्वादि गुण वृत्ति--अर्थात् गुण परिणाम समूह—योगमाया के द्वारा साक्षात् परब्रह्मरूप आप में कल्पित है" इस श्लोक के द्वारा सत्त्वादि गुण एवं गुण वृत्ति समूह का सम्बन्ध कालत्रय में असम्भव हेतु ब्रह्म में उक्त समूह अध्यस्त हैं। इस प्रकार श्रीवसुदेवकी उक्ति में अध्यास वाद स्थापित हुआ है, किन्तु भगवत् परिकरगण में तद्रूप गुण वृत्तिका अध्यास अस्वीकृत है।

असर्पभूते रज्जौ सर्पारोपवत् वस्तुनि—अवस्त्वारोप अध्यारोपः। जो सर्प नहीं है, रज्जु है, उस रज्जु में सर्पारोप के समान वस्तु में अवस्तु का आरोप—अध्यारोप है। अध्यारोप का अपर नाम-अध्यास है—अध्यास भ्रम है, वस्तु—ब्रह्म है। माया एवं माया कल्पित वस्तु समूह अवस्तु हैं॥११७॥

लौकिक आध्यात्मिक गोष्ठी में अध्यास वाद स्वीकृत है, जहाँ पर साधारण मानव आत्मतत्त्व की आलोचना करता है, वह लौकिक अध्यात्म गोष्ठी है, गोष्ठीस्थ जनगण लीलानभिज्ञ होते हैं, अतएव मानते हैं—ब्रह्म, मायाशवलित होकर बहुधा प्रकाशित होते हैं, वस्तुतः वैसा नहीं है,—परमेश्वर--शक्ति समन्वित तत्त्व हैं, चिच्छक्ति, जीवशक्ति, माया शक्ति के द्वारा अनन्त वैकुण्ठ, एवं अनन्त ब्रह्माण्ड में बिचित्र लीला करते रहते हैं। पार्षदगण--स्वरूप शक्ति के विचित्र विलास रूप हैं। एवं जीव शक्ति तथा माया शक्ति के द्वारा विचित्र विश्व की सृष्टि होती है।

अत्र द्वारकायामिति प्रकरणेन लभ्यते । हि यस्मादेक एवात्मा मल्लक्षणं भगवत्त्वमात्मसृष्टैः स्वरूपादेवोल्लसितैर्गुणैः स्वरूपशक्तिवृत्तिविशेषैः कर्त्तृभिस्तत् कृतेषु तस्मिन् स्वरूपे एव प्रादुर्भावितेषु भूतेषु परमार्थसत्येषु द्वारकान्तर्वर्त्तिवस्तुषु बहुधा तत्तद्रूपेणईयते प्रकाशते । सहस्रनामभाष्ये—"लोकनाथं महद्भूतम्" इत्यत्र च भूतं परमार्थसत्यमिति व्याख्यातम् । तथा तथा च प्रकाशः स्वरूपगुणापरित्यागेनैवेत्याह—स्वयञ्ज्योतिः स्वप्रकाश एव सन्, नित्य एव सन्, अन्यः प्रपञ्चेऽभिव्यक्तोऽपि तद्विलक्षण एव सन्, निर्गुणः प्राकृतगुणरहित एव सन्निति ।

११९। तर्हि कथं भवत आत्यन्तिकं सममेवात्र सर्वमित्याशङ्क्य तथापि मय्यस्ति वैशिष्ट्य-मित्याह (भा० १०।८५।२५)—

(११९) "खं वायुर्ज्योतिरापो भूस्तत्कृतेषु यथाशयम् ।
आविस्तिरोऽल्पभूर्य्येको नानात्वं यात्यसावपि ॥" ३८३॥

सत्कार्य्यवादाभ्युपगमात्तस्य कारणानन्यत्वाभ्युपगमाच्च । यथा खादीनि भूतानि तत्

यहाँ पारमार्थिक विचार गोष्ठी है, भगवत् परिकर गण की तत्त्वालोचना यहाँपर होती है । उस में व्यवहारिक अध्यास बाद की सम्भावना नहीं है, लौकिक अध्यात्म गोष्ठी में अध्यास की कथा होती है, उसका वर्णन उक्त अध्याय के श्लोकद्वय में है, आत्मास्वयं ज्योति रूप नित्य निर्गुण हैं, निज सृष्ट गुण के द्वारा रचित देह समूह में विविधरूप में प्रकाशित हैं ।

भा० १०।८५।२४ में श्लोक उक्त है-स्थूल दृष्टि से उक्त श्लोक का अर्थ ब्रह्म ज्ञान पर होने पर भी प्रकरण पर्य्यालोचना से अन्यार्थ होता है । यहाँ परिकर वृन्दों का भगवत् सादृश्य निर्णय हो रहा है । तदनुसार उक्त श्लोक की व्याख्या इस प्रकार है—आत्मा, स्थान विशेष में निजसृष्ट गुण समूह के द्वारा देह समूह में बहुधा प्रकाशित होते हैं, श्लोक में उसका उल्लेख न होने पर भी द्वारका में उक्त रूप में प्रकाशित हैं, प्रकरणानु सन्धान से उक्तार्थ का बोध होता है । परिकरगण श्रीभगवत सदृश हैं । कारण, एकमात्र आत्मा भगवतत्त्व हैं, आत्मसृष्ट--स्वरूप से उल्लसित गुण--स्वरूप शक्ति के वृत्ति विशेष रूप गुण समूह—तद् द्वारा उस स्वरूप में ही प्रादुर्भूत--भूत---पारमार्थिक सत्य द्वारकास्थित वस्तु समूह में--स्थावर जङ्गमरूप विविध वस्तु रूप में बहुधा प्रकाशित होते हैं ।

"भूत" शब्द का---परमार्थ सत्य है, यह अर्थ स्वकपोल कल्पित नहीं है, सहस्र नाम भाष्य में आचार्य्य श्रीशङ्कर ने 'लोकनाथं महद्भूतं" की व्याख्या में कहा है--भूत--परमार्थ सत्य ।

श्रीभगवान् बहुधा प्रकाश प्राप्त होने से भी कभी भी स्वरूप एवं स्वरूपानुबन्धि गुण को परित्याग नहीं करते हैं, उस को कहते हैं—श्लोकस्थ 'स्वयं ज्योतिः' के द्वारा,—स्वयं ज्योतिः—स्व प्रकाश, नित्य-अन्य अर्थात् प्रपञ्च में अभिव्यक्त होकर भी प्रपञ्च धर्मातीत है, निर्गुण--प्राकृतगुण रहित है, किन्तु स्वरूपानुबन्धि अनन्तगुण पूर्ण होकर विद्यमान हैं ॥११८॥

द्वारकास्थित वस्तु समूह सब प्रकार से आपके समान ही हैं ? समाधान हेतु कहते हैं—द्वारकास्थित वस्तु समुह मेरी स्वरूप शक्ति की वृत्ति स्वरूप हैं, तथापि उक्त समूह वस्तुसे मुझ में वैशिष्ट्य है,—भा० १०।८५।२५ श्लोक के द्वारा कहते हैं—"आकाश, वायु, तेज, जल पृथिवी जिस प्रकार तद्रचित वस्तु समूह में यथा योग्य रूपसे अल्पभूरि एक अनेक,—विविध रूप में आविर्भूत तिरोभूत होते हैं । उस प्रकार आत्माभी बहुधा अनेक रूपों में आविर्भूत तिरोभूत होते रहते हैं ।

कृतेषु तत्स्वरूपेणैव विकासितेषु वाय्वादिघटान्तेषु यथाशयं वाय्वाद्याविर्भावाद्यनुरूप-मेवाविर्भावादिकं यान्ति, न तु तेष्वधिकम् । यत्र यावान् वायुर्गृह्यते, तत्र तावानाकाशधर्म्मः शब्दोऽपि गृह्यते । यावज्ज्योतिस्तावानेव वायुधर्म्मः स्पर्शोऽपीत्यादिकं ज्ञेयम् । तथा स्वरूपेणैव विकासितेषु द्वारकावस्तुषु असौ भगवदाख्य आत्मापि । तस्मादहन्तु तत्तत्सर्व्वमयः सर्व्वस्मात् पृथक् परिपूर्णश्चेत्यस्ति वैशिष्ट्यमिति भावः । अनेन दृष्टान्तेन मत्त एवोल्लासिता मद्धर्म्मा एव ते भवितुमर्हन्ति, नत्वाकाशे धूसरत्वादिवन्मयि केवलमध्यस्था इति च ज्ञापितम् । अत्र यथा तथेति व्याख्यानमपि-शब्देन द्योत्यते ।। श्रीभगवान् श्रीमदानकदुन्दुभिम् ।।

१२०। अतएवाह (भा० १०। ८२।३०) —

(१२०) "तद्दर्शनस्पर्शनानुपथप्रजल्प,-शय्यासनाशन-सयौन-सपिण्डबन्धः ।
येषां गृहेऽनिरयवर्त्मनि वर्त्ततां वः, स्वर्गापवर्गविरमः स्वयमास विष्णुः ।।" ३८४।।

येषां वो युष्माकं वृष्णीनां गृहे विष्णुः श्रीकृष्णाख्यो भगवान् स्वयमात्मना स्वभावत एव

सत्कार्य वाद में कार्य्य को कारण से अभिन्न मानते हैं, आकाश प्रभृति भूतसमूह-तत्तद् भूतसमूह से उत्पन्न वस्तु समूह में यथायोग्य रूप में आविर्भूत होते रहते हैं। अर्थात् यावत् परिमाण वायु गृहीत होता होता है, तावत् परिमाण ही आकाश धर्म शब्द गृहीत ह ता है, ज्योति जिस परिमाण में गृहीत होती है, उस परिमाण में ही वायु धर्म स्पर्श भी गृहीत होता है। उससे स्वल्प एवं अधिक नहीं। इस प्रकार जल प्रभृति के सम्बन्ध में भी जानना होगा। तद्रूप स्वरूप द्वारा विकसित द्वारका वस्तु समूह में—उक्त भगवदाख्य आत्मा, यथायोग्य रूप में विद्यमान हैं। अतएव मैं श्रीकृष्ण सर्वमय हूँ, सकल वस्तु से पृथक् हूँ, एवं परिपूर्ण स्वरूप हूँ। द्वारकास्थित वस्तु समूह से मुझ में वैशिष्ट्य है।

इस दृष्टान्त से यह परिज्ञात होता है कि—मुझसे विकसित वस्तु समूह मेरा स्वरूप धर्मापन्न होने के योग्य हैं। आकाश—का वर्ण नहीं है, किन्तु उस में धूसर वर्ण अध्यस्त होता है, उस प्रकार मुझ में द्वारका स्थित वस्तु निचय का अध्यास अर्थात् मिथ्या प्रत्यय नहीं होता है। उक्त वस्तु समूह यथा अवस्थित रूप में नित्य हैं। श्लोक में सादृश्य वाचक यथा तथा शब्द का प्रयोग नहीं है, तथापि 'यात्यसावपि, वाक्यस्थित अपि शब्द के द्वारा सादृश्य अर्थ व्यञ्जित हुआ है।

श्रीभगवान् आनक दुन्दुभि को कहे थे ।।११९।।

यादव गणों की श्रीकृष्ण तुल्यता हेतु—कुरुक्षेत्र यात्रा में राजन्यवर्ग श्रीकृष्णाश्रित यादवगण को कहे थे—"आप सब के प्रपञ्चातीत भवन मे दर्शन, स्पर्श, अनुगमन, शय्या, कथन, आसन शयन, विवाह, सम्बन्ध, ज्ञाति सम्बन्धान्वित स्वर्गापवर्ग में वितृष्णा कारी श्रीकृष्ण सर्वदा अवस्थित हैं, आप सब के जीवन ही सार्थक है।

सन्दर्भस्थ श्लोक व्याख्या—वृष्णि वंशीय आप सब के भवन में श्रीकृष्णाख्य भगवान् किसी प्रकार हेतु की अपेक्षा न करके स्वभावतः ही निवास करते हैं। वह भवन किस प्रकार है ? वह अनिरय वर्त्म है,--अर्थात् प्रपञ्चातीत है, निरय--संसार—उसका मार्ग--प्रपञ्च--उस से भिन्न--प्रपञ्चातीत गृह में। आप सब कीदृश हैं ? आप सब श्रीकृष्ण में ही विराजित हैं, श्रीकृष्ण किस प्रकार हैं ? "स्वर्गापवर्ग विरमः हैं" जिनसे स्वर्ग एवं अपवर्ग मुक्तिके प्रति वितृष्णा होती है, अर्थात् जो निज भक्तगण को भगवद्बहिर्मुखतापादक स्वर्गप्रदान नहीं करते हैं, एवं भगवद् भक्ति सम्पर्कलेश हीन मोक्ष प्रदान भी नहीं करते हैं। उनसब भक्त

आस निवासं चक्रे, न त्वन्येन हेतुनेति तद्वासस्य स्वाभाविकत्वमेव दर्शितम्। कथम्भूते गृहे ? अनिरयवर्त्मनि निरयः संसारस्तद्वर्त्म प्रपञ्चः, ततोऽन्यस्मिन् प्रपञ्चातीत इत्यर्थः। कीदृशानाम् ? वस्तस्मिन्नेव वर्त्तमानानाम्। स्वयं कथम्भूतः ? स्वर्गापवर्गविरमः स्वर्गस्यापवर्गस्य च विरमो येन। यो निजभक्तेभ्यस्तद्वहिर्मुखताकरं स्वर्गं न ददाति, तद्भक्त्युदासीनं केवलमोक्षञ्च न ददाति, किन्तु तान् स्वचरणारविन्दतल एव रक्षतीत्यर्थः। येषां युष्माकं तु गृहे स एवम्भूत एवासेत्याह—तद्दर्शनेति। तस्य युष्मत्कर्त्तृकं दर्शनञ्च स्पर्शनञ्च अनुपथोऽनुगतिश्च, प्रजल्पो गोष्ठी च, तथा युष्मत् संवलिता शय्या शयनञ्च आसनञ्च अशनं भोजनञ्च तैर्विशिष्टश्चासौ सयौनसपिण्डबन्धश्चेति शाकपार्थिवादिवन्मध्यपदलोपी कर्म्मधारयः। तत्र वृष्णिभिः सह यौनबन्धो विवाहसम्बन्धः, सपिण्डबन्धो दैहिकसम्बन्धस्ताभ्यां सह वर्त्तमानोऽसाविति बहुव्रीहिगर्भता ॥ राजानः श्रीमदुग्रसेनम् ॥

१२१। किञ्च, (भा० १०।९०।४२) —

(१२१) "संख्यानं यादवानां कः करिष्यति महात्मनाम्।
यत्रायुतानामयुतलक्षेणास्ते सदाहुकः ॥" ३८५॥

आहुक उग्रसेनः, 'यत्रास्ते' इति वर्त्तमानप्रयोगेण तत्रापि सदेति नित्यतावाचकाव्ययेन तेषां नित्यपार्षदत्वं सुव्यक्तम् ॥ श्रीशुकः ॥

१२२। अतस्तेषां श्रीभगवत्पार्षदत्वे योग्यतामव्यभिचारित्वमपि दृष्टान्तेन स्पष्टयति (भा० १०।७०।१८)—

वृन्दको निज चरण सन्निधान में स्थापन करते हैं, वह श्रीकृष्ण हैं। आप सब के गृह में एवम्भूत श्रीकृष्ण विराजित हैं, आप सब उनका दर्शन, अनुगमन करते रहते हैं, उनके सहित कथोपकथन करते रहते हैं, आप सब के सहित श्रीकृष्ण, शयन, उपवेशन, भोजन एवं सयौन 'विवाह' सम्बन्ध एवं सपिण्ड सम्बन्ध स्थापन करते हैं। यहाँ 'सयौन सपिण्डबन्ध' पद में शाकपार्थिववत् मध्यपदलोपी कर्मधारय समास हुआ हैं, अर्थात् शाक प्रधान पार्थिव-यहाँ जिस प्रकार मध्य पदलोपी समास हुआ है, तद्रूप उक्त पद में भी समास हुआ है। उसमें इस समास की बहु व्रीहिगर्भता है। तज्जन्य अर्थ इस प्रकार होगा,—वृष्णिगण का यौन सम्बन्ध—विवाह सम्बन्ध, एवं सपिण्ड—दैहिक सम्बन्ध, एतदुभय सम्बन्ध के सहित वर्त्तमान जो श्रीकृष्ण हैं। इस श्लोक में यादव गणों का श्रीकृष्ण साम्य प्रदर्शित हुआ है। समान व्यक्ति के सहित एकत्र शयनादि सम्भव हैं, एवं सजातीय के सहित ही वैवाहिक सम्बन्ध एवं दैहिक सम्बन्ध होता है।

राजन्यवृन्द—श्रीमदुग्रसेन को कहे थे ॥१२०॥

यादववृन्द के नित्य पार्षदत्व के सम्बन्ध में भा० १०।९०।४२ में और भी वर्णित है, "महात्मा यादवों की संख्या कौन कर सकता है ? कारण—आहुक,—'उग्रसेन' तीन अयुत के अयुत लक्ष-अर्थात् तीन शङ्ख परिमित परिजन वर्ग के सहित सर्वदा अवस्थित हैं।

आहुक—उग्रसेन का नाम है। 'यत्रास्ते' श्लोक में वर्त्तमान क्रिया का प्रयोग हुआ है, उस में भी 'सदा' शब्द का प्रयोग हुआ है, इस नित्यत्व वाचक अव्ययपद के द्वारा यादवों का नित्य पार्षदत्व सुव्यक्त हुआ है।

प्रवक्ता श्रीशुक हैं—(१२१)

(१२२) "तत्रोपविष्टः परमासने विभु,-र्बभौ स्वभासा ककुभोऽवभासयन् ।
वृतो नृसिंहैर्यदूभिर्यदुत्तमो, यथोड़ुराजो दिवि तारकागणैः ॥" ३८६॥

स्पष्टम् । एवमेव दुर्योधनं प्रति स्वयं विश्वरूपं दर्शयता श्रीभगवता तेषां यादवादीनां निजावरणरूपत्वं दर्शितमित्युद्यमपर्व्वणि प्रसिद्धिः । श्रीशुकः ॥

१२३ । यश्चैषामेकादशस्कन्धान्ते तदन्यथाभावः श्रूयते, स तु श्रीमदर्जुनपराजय-विमोहपर्य्यन्तो मायिक एव । तथावचनञ्च ब्रह्मशापानिवर्त्यताख्यापनायैव गोब्राह्मण-हितावतारिणा भगवता विहितमिति ज्ञेयम् । दृश्यते च कूर्म्मपुराणे व्यासगीतायां सदाचार-प्रसङ्गे पतिव्रतामाहात्म्ये रावणहृतायाः सीताया मायिकत्वं यथा तद्वत् । तथाहि तदानीमेवाह (भा० ११।३०।४६)—

(१२३) "त्वन्तु मद्धर्म्ममास्थाय ज्ञाननिष्ठ उपेक्षकः ।
मन्मायारचितामेतां विज्ञायोपशमं व्रज ॥" ३८७॥

त्वन्तु दारुको ज्ञाननिष्ठो मदीयलीलातत्त्वज्ञः । मद्धर्म्मं मम स्वभक्तप्रतिपालयितृत्वरूपं

अतएव यादवों की श्रीभगवत् पार्षद योग्यता अव्यभिचारी है, अर्थात् कभी भी यादवगण भगवत् पार्षदत्व से वञ्चित नहीं होते हैं । दृष्टान्त के द्वारा स्पष्टीकरण करते हैं, भा० १०।७०।१८ में उक्त है— 'सुधर्मासभामें विभु श्रीकृष्ण श्रेष्ठासन में नरश्रेष्ठ यादवगणों से परिवृत होकर उपविष्ट हैं । एवं निज प्रभाके द्वारा दिक् समूह को उद्भासित करतः तारका वेष्टित शशधर के समान शोभित हैं ।"

जिस प्रकार तारका निकर के सहित चन्द्रका विच्छेद कभी नहीं होता है, उस प्रकार यादवगणों के सहित श्रीकृष्ण का विच्छेद कभी नहीं होता है । एवं तारकानिकर की चन्द्र के सहित अवस्थिति योग्यता के समान यादवों की श्रीकृष्ण पार्षद योग्यता है । यहाँ दृष्टान्त दार्ष्टान्तिक सुस्पष्ट है ।

महाभारत के उद्यमपर्व में प्रसिद्ध वर्णन यह है--दुर्योधन के समक्ष में श्रीकृष्ण जब विश्वरूप प्रदर्शन किये थे, तब यादवों का प्रदर्शन निजावरण रूप में किये थे । प्रवक्ता श्रीशुक हैं—(१२२)

भा० ११।३०।४६ श्लोक में यादवों का पार्षदत्व का अन्यथा वर्णन दृष्ट होता है, अर्थात् "मैरेय मधु पान करने के पश्चात् यादवों का बुद्धिनाश हुआ, एवं परस्पर कलह लिप्त होकर प्राण त्याग किये थे," भगवत् पार्षद होने से उक्त प्रसङ्ग कैसे सम्भव होगा ? केवल यह ही नहीं, अपितु भगवत् परिकरों में जो कुछ सम्भव नहीं है, ऐसा भी अनेक प्रसङ्ग हैं, अतएव उसका समाधान क्या होगा ? उत्तर में कहते हैं,— यह सब पार्षद विरुद्ध धर्म हैं, किन्तु यथार्थ नहीं हैं, श्रीअर्जुन पराजय, विमोह पर्य्यन्त सब कुछ इन्द्रजाल के समान माया कल्पित हैं । प्रश्न हो सकता है कि—श्रीमद् भागवत में उक्त लीला समूह का सङ्कलन क्यों हुआ ? उत्तर,—ब्रह्म शाप का अन्यथा कभी नहीं होता है, इस को सूचित करने के निमित्त, गो ब्राह्मण हितार्थ अवतीर्ण स्वयं भगवान् उक्त यादवों की मत्तता प्रभृति की व्यवस्था किए थे । केवल यहाँपर ही नहीं अपितु वृहदग्नि पुराण में वर्णित है—रावण कर्त्तृक—अपहृता सीता माया कल्पिता थी, वृहदग्नि पुराण में—उक्त है—

"सीतया राधितो वह्निः छाया सीतामजीजनत् ।
तां जग्राह दशग्रीवः सीता वह्निपुरं गता ।"

स्वतुल्यपरिकरसङ्गित्वरूपञ्च स्वभावमास्थाय विश्रभ्य एतामधुना प्रकाशितां सर्व्वामेव मौषलादिलीलां मम माययैव इन्द्रजालवद्रचितां विज्ञाय उपेक्षको वहिर्दृष्ट्या जातं शोकमुपेक्षमाण उपशमं चित्तक्षोभान्निर्वृत्तिं व्रज प्राप्नुहि। 'तु'—शब्देनान्ये तावन्मुह्यन्तु तव तु तथा मोहो न युक्त एवेति ध्वनितम्। अत्र श्रीमद्दारुकस्य स्वयं वैकुण्ठावतीर्णत्वेन

सीताकर्त्तृक आराधिता वह्नि-छाया सीता का उद्भावन किये थे, रावण ने उसका अपहरण किया, श्रीराम पत्नी सीता अग्निपुरीमें गमन किये थे। लङ्काविजय के पश्चात् अग्निपरीक्षार्थ सीता होने पर यथार्थ सीता का आविर्भाव हुआ था,' सीता हरण लीला यद्रूप मायिक है, तद्रूप मौषल लीला भी मायिक है, कूर्म्मपुराणस्थ व्यास गीता में सदाचार प्रसङ्ग के पतिव्रता माहात्म्य में रावण कर्त्तृक अपहृता सीता का मायिकत्व वर्णन है। मौषल लीला का विवरण इस प्रकार है—

श्रीकृष्ण के आदेश से यादवगण पिण्डारक तीर्थ में यज्ञानुष्ठान किये थे, वहाँपर आमन्त्रित विश्वामित्र कण्व असित प्रभृति अनुष्ठान समापनानन्तर निजाश्रम में प्रत्यावर्त्तनोन्मुख थे, तब यदुकुलस्थ दुर्विनीत बालकगण साम्ब को स्त्रीवेश में मुनिगण के समक्ष में उपस्थित कर पूछे थे—गर्भिणी—पुत्र अथवा कन्या प्रसव करेगी ? दुर्व्यवहार से मुनिगण कुपित होकर कहे थे—कुलनाशन मुषल प्रसव करेगी।

बालकगण साम्ब के उदरस्थ वस्त्रापसारण कर देखे थे—मुषल है, वे सब भीत होकर उग्रसेन के निकट मुषल उपस्थापित किये थे। उग्रसेन ने मुषल को चूर्ण कर समुद्र में निक्षेप करने का आदेश दिया। चूर्णावशेष लौह खण्ड भी जल में निक्षिप्त हुआ। निक्षेप मात्र से ही मत्स्य ने उसे निगल लिया। चूर्ण समूह तरङ्गाघात से तीरदेश में सञ्चित हुये थे। उससे एरका नामक तृणोत्पन्न हुआ लौह खण्ड ग्रस्त मत्स्य जाल बद्ध होने से उसके उदर से लोहखण्ड निष्कासित हुआ था उसको जरा नामक व्याधने शराग्र भागमें निबद्ध किया था।

कियत् कालानन्तर श्रीकृष्ण द्वारका परिकरवृन्द के सहित प्रभासतीर्थ में उपस्थित हुये थे। वहाँ यादवगण मैरेय मधुपान से मत्त हो गये थे एवं श्रीकृष्ण माया विमोहित होकर पारस्परिक कलह में प्रवृत्त हुये थे, एवं पारस्परिक तृणाघात से निधन प्राप्त हो गये थे। अनन्तर श्रीबलराम का देहत्याग हुआ पश्चात् श्रीकृष्ण,—चतुर्भुज धारण कर वृक्षमूल में उपवेशन किये थे, जरा व्याध ने चरण पद्म की अरुणिमा से मृगभ्रान्ति युक्त होकर चरणों में शराघात किया था। यह सब लीला मायिक है।

इसके अग्रिम ग्रन्थ भा० ११।३०।४९ भगवान् श्रीकृष्ण ने कहा भी है।

"त्वन्तुमद्धर्ममास्थाय ज्ञाननिष्ठ उपेक्षकः।
मन्मायारचितामेतां विज्ञायोपशमं व्रज ॥"

क्रम सन्दर्भ—अथ दारुक—सान्त्वनाय मौषलाद्यर्जुनपराभवपर्य्यन्ताया लीलाया माययैन्द्रजाल वद्रचितत्वमुपदिशति--त्वन्त्विति। त्वं दारुको मज्ज्ञाननिष्ठो मदीय लीलातत्त्वज्ञो मद्धर्मं—मम, स्वभक्त प्रतिपालपितृ रूपं स्व तुल्य परिकर सङ्गित्वरूपञ्च स्वभावमास्थाय विस्रभ्यैतामधुना प्रकाशिता सर्वामेव मौषलादिलीलां मम माययैवेन्द्रजालवद्रचितां विज्ञायोपेक्षको वहिर्दृष्ट्या जातं शोकमुपेक्षमाण उपशमं चित्तक्षोभान्निर्वृत्तिं व्रज प्राप्नुहि। 'तु' शब्देन अन्य तावन्मुह्यन्तु नाम, तव तु तथा मोहो नयुक्तः। एवेति ध्वनितम्। अत्र श्रीमद् दारुकस्य स्वयं वैकुण्ठादवतीर्णत्वेन सिद्धत्वादेतामित्यत्रातिसन्निहितार्थ लाभाच्चान्यथाव्याख्यानमेव प्रथमप्रतीत्यविषय इति विवेक्तव्यम्। दृश्यते चेयं परिपाटी स्वर्गपर्वणि प्रतीतभीमादिनरकं श्रीयुधिष्ठिरं प्रति धर्मराजवचनेन—

सिद्धत्वादेतामित्यत्रातिसन्निहितार्थलाभाच्चान्यथाव्याख्यानमेव प्रथमप्रतीत्यविषय इति विवेक्तव्यम् ॥ श्रीभगवान् दारुकम् ॥

१२४। तथा च पद्यत्रयम् (भा० ११।३१।११) —

(१२४) "राजन् परस्य तनुभृज्जननाप्ययेहा, मायाविडम्बनमवेहि यथा नटस्य। सृष्ट्वात्मनेदमनुविश्य विहृत्य चान्ते, संहृत्य चात्ममहिमोपरतः स आस्ते ॥" ३८८॥

परस्य श्रीकृष्णस्य ये तनुभृतः (भा० १।६।२९) "प्रयुज्यमाने मयि तां शुद्धां भागवतीं

"नच ते भ्रातरः पार्थ नरकस्था विशाम्पते !
मायैषा देवराजेन महेन्द्रेण प्रयोजिता।"

श्रीकृष्ण दारुक को कहे थे, तुम द्वारका में जाकर—ज्ञाति निधन, बलदेव निर्य्याण एवं जरा व्याध का वाणाघात वृत्तान्त कहो। द्वारकावासिगण—अर्जुन कर्त्तृक रक्षित होकर इन्द्र प्रस्थ गमन करें। दारुक ! तुम ज्ञाननिष्ठ, मदीय लीलातत्त्वज्ञ, मद्धर्म्म—मद्भक्त पालन कारिता, एवं निजतुल्य परिकर सङ्गि स्वरूप में आस्था प्राप्तकर अधुना प्रकाशित मौषलादि लीलासमूह को इन्द्रजालवत् माया रचित जानकर—उपेक्षक—वहिर्जात दृष्टि जनित शोक की उपेक्षा कर चित्तक्षोभ से विमुक्त हो जाओ। श्लोकस्थ 'तु' शब्द के द्वारा व्यञ्जित होता है कि—अपर व्यक्ति इस प्रकार लीला दर्शन से शोकातुर हो सकता है, किन्तु तुम्हारे में उस प्रकार मोह उपस्थित होना ठीक नहीं है, यह ध्वनित हुआ।

श्री दारुक, वर्त्तमान शरीर के सहित ही वैकुण्ठ से अवतीर्ण हुये थे। यह प्रसिद्ध है। सुतरां यहाँ एतां पद से अति समीपवर्ती मौषलादि लीला रूप अर्थ गृहीत होता है, अन्य प्रकार अर्थ—देवादि अभिमान कृत मोह, किं वा, आत्मज्ञानाभाव रूप अर्थ सुसङ्गत नहीं होगा। कारण,—पार्षदवर्ग का मोह, एवं आत्म ज्ञानाभाव—नहीं हो सकता है, उक्त अर्थ यहाँ स्वाभाविक रूप से प्रतीत नहीं होता है, सुतरां उक्त विरुद्धार्थ प्रकाशन में आग्रह कोई न करें।

श्रीभगवान् दारुक के प्रति कहे थे ॥१२३॥

नित्य पार्षद स्वरूप यादवों का देह त्याग इन्द्रजालवत् है, उसका वर्णन भा० ११।३१।११--१२--१३ में क्रमश उसका उट्टङ्कन करते हैं (भा० ११।३१।११)

'राजन् परस्य तनुभृज्जनाप्ययेहा, माया विडम्बनमवेहि यथानटस्य। सृष्ट्वात्मनेदमनुविश्य विहृत्य चान्ते, संहृत्य चात्ममहिमोपरतः स आस्ते।" श्रीशुकदेव बोले—हे राजन् ! परम कारण—श्रीकृष्ण के पार्षद गणके आविर्भाव तिरोभाव चेष्टा को नटके समान माया विडम्बन मात्र ही है। श्रीकृष्ण परिदृश्यमान जगत् की रचना करके उसमें अनुप्रविष्ट होते हैं, एवं विक्रिया के द्वारा उसका संहार कर स्वमहिमा में विराजित होते हैं।'

टीका—अभिप्रायापरिज्ञानात् प्रथमं परिक्लिष्टं ततश्च दृष्टान्तेन स्पष्टमुक्तं हृष्टं दृष्ट्वा पुनस्त-मेवार्थं प्रपञ्चयति राजन्निति त्रिभिः। परस्य सर्वकारणस्य--तनुभृत्सु यादवादिषु जननाप्ययेहाः, आविर्भाव तिरोभाव रूपाश्चेष्टाः मायया अनुकरणमात्रमवेहि। नटो यथा अविकृत एव नाना रूपैः जन्मादीनि विडम्बयति तद्वत्। आस्तां तावत् यादवादिषु जन्मादि शङ्का, यावद्विश्वसर्ग निरोधादिष्वप्यसावविकृत एवास्त इत्याह सृष्ट्वेति। आत्मना स्वयमेवेदं जगत् सृष्ट्वा अन्तर्य्यामित्वेनानुविश्य आत्ममहिमा स्व महिमा उपरत आस्ते ॥"

क्रम सन्दर्भ--तत्र यादवानामपि नान्यथात्वं सम्भवति, किमुत श्रीरामस्य श्रीकृष्णस्य चेति सिद्धान्तयन्नाह

तनुम्'' इति श्रीनारदोक्त्यनुसारेण तदीयां तनुमेव धारयन्तस्तत्पार्षदा यादवादयस्तेषां जननाप्ययरूपा ईहाश्चेष्टाः केवलं परस्यैव मायया विड़म्बनमनुकरणमवेहि । यथेन्द्रजालवेत्ता नटः कश्चिज्जीवत एव मारयित्वेव पुनश्च दग्ध्वेव तद्देहं जनयित्वेव दर्शयति, तस्येव । विश्वसर्गादिहेत्वचिन्त्यशक्तेस्तस्य तादृशशक्तित्वं न च चित्रमित्याह—सृष्ट्वेति । एवं सति सङ्कर्षणादौ मुग्धानामन्यथाभानहेतूदाहरणाभासः सुतरामेव मायिकलीलावर्णने प्रवेशितो भवति । स्कान्दे श्रीलक्ष्मणस्याप्यन्यादृशत्वं न संप्रतिपन्नम् । नारायणवर्म्मणि च शेषाद्विलक्षणशक्तित्वेन नित्यमेवोपासकपालकत्वेन तथैवानुमतमिति दर्शितम् । अतएव जरासन्धवाक्ये (भा० १०।५०।१८) "तव राम यदि श्रद्धा" इत्यत्र श्रीस्वामिभिरपीत्थं

—राजन्निति—परस्य श्रीकृष्णस्य ये तनुभृतः (भा० १।६।१९) प्रयुज्यमाने मयि तां शुद्धां भागवतीं तनुम्' इति श्रीनारदोक्त्यनुसारेण तदीयां तनुमेव धारयन्त स्तत् पार्षदा यादवादय स्तेषां जननाप्ययरूपेहा श्चेष्टाः केवलं परस्यैव मायया विड़म्बनं—अनुकरणमवेहि, यथेन्द्रजाल वेत्ता नटः कश्चिज्जीवत एव मारयित्वेव दग्ध्वेव पुनश्च तद्देहं जनयित्वेव दर्शयति, तस्येव । विश्वसर्गादिहेत्वविचिन्त्य शक्तेस्तस्य तादृश शक्तित्वं न च चित्रमित्याह-सृष्ट्वेति एवं सति श्रीसङ्कर्षणादौ मुग्धानामन्यथाभान हेतूदारणाभासः सुतरामेव मायिक लीला वर्णने प्रवेशितो भवति । स्कान्दे—लक्षणस्याप्यन्यादृशत्वं न तत् प्रतिपन्नम् । नारायण वर्मणि (भा० ६।८।१८) च शेषाद् विलक्षणशक्तित्वेनमित्यमेवोपासक पालकत्वेन तथैवानुमतमिति दर्शितम् ॥ अतएव जरासन्ध वाक्ये(भा०१०।५०।१८)"तव रामयदि श्रद्धा" इत्यत्र श्रीस्वामिभिरपीत्थं वास्तवार्थो व्यञ्जितः—"अच्छेद्यदेहोऽसाविति स्वयमेव मत्वापरितोषात्—पक्षान्तरमाह, यद्वा, मां जहीति । इत्येषा तदेवं चानेन व्याख्यानेन (षष्ठ श्लोक) लोकाभिरामामित्यादि पद्येषु योगिजन विलक्षण भगवच्छक्ति व्यञ्जकं श्रीस्वामिचरणाम्—(अदग्ध्वा) इत्यादि पदच्छेदादिमयव्याख्या सौष्ठवं कैमुत्याति-शयेन सुष्ठेव स्थापितम्, यतएव "दृश्यते चाद्याप्युपासकानाम्' इत्यादिकञ्च, तदुक्तं सुसङ्गतं भवति, तत्तत् परिकरेणैव सार्द्धं तेषु तत् साक्षात्कार इति ।

उक्त श्लोक व्याख्या—"परम कारण श्रीकृष्ण के जो सब 'तनुभृतः' हैं, अर्थात् भा० १।६।१९ में देवर्षि नारद की उक्ति के अनुसार—"शुद्धा भगवती तनु—पार्षद देह, मुझ में संयुक्त होने से आरब्ध कर्म समूह क्षीण होने पर मेरा पाञ्चभौतिक देह पतित हुआ ।" जो सब व्यक्ति श्रीकृष्ण सम्बन्धिनी तनु-अर्थात्—अप्राकृत तनु तदीय सेवोपयोगी तनु, धारण करते हैं—इस प्रकार पार्षद वर्ग यादव गण हैं, उन सब की जन्म मृत्युरूप चेष्टा—केवल श्रीमाया अनुकरण है । जिस प्रकार इन्द्रजालज्ञ व्यक्ति जीवितावस्था में किसी को दग्ध करके पुनर्वार उक्त देहोत्पन्नकरप्रदर्शन करवा देता है, उस प्रकार ही यहाँ पर जानना होगा ।

सृष्टि स्थिति लय के प्रति एक मात्र माया कारण है, अचिन्त्य शक्ति समन्वित भगवान् के पक्ष में तादृश महामायिक लीला विस्तार करना आश्चर्य्य जनक नहीं है । तज्जन्य कहते हैं—जगत् सृष्टि करके उस में अनुप्रवेश पूर्वक विक्रिया के द्वारा उस को विनष्ट करके निज महिमा में अवस्थान करते हैं ।

यादवगण का देहत्याग ही जब इन्द्र जालके समान मायिक है,—तब श्रीसङ्कर्षण प्रभृति में अज्ञजन गण की अन्यथा प्रतीति सम्भव है । उक्त उदाहरण भी उदाहरणाभास ही है, कारण—श्रीबलदेव प्रभृति का विग्रह—नित्य सच्चिदानन्दमय हैं । विज्ञगण की प्रतीति इस प्रकार ही है । अज्ञ व्यक्ति गण के निकट सांसारिक वस्तु अनित्य है, इसका उदाहरण स्वरूप यादववृन्दों का देहत्याग वर्णित हुआ है, यह भी

वास्तवार्थो व्यञ्जितः—"अच्छेद्यदेहोऽसाविति स्वयमेव मत्वा अपरितोषात् पक्षान्तरमाह—यद्वा 'मां जहि' इति । तदेवं चानेन व्याख्यानेन (भा० ११।३१।६) "लोकाभिरामाम्" इत्यादि-पद्येषु योगिजनशक्तिविलक्षण-भगवच्छक्तिव्यञ्जकं श्रीस्वामिचरणानाम् 'अदग्ध्वा' इत्यादि-पदच्छेदादिमयव्याख्यासौष्ठवं कैमुत्यातिशयेन सुष्ठ्वेव स्थापितम् । यत एव "दृश्यते चाद्यप्युपासकानाम्" इत्यादिकञ्च तदुक्तं सुसङ्गतं भवति, तत्तत्परिकरेणैव सार्द्धं तेषु तत् साक्षात्कार इति ।

१२५। अप्राकृतदेहानां तेषां तन्न सम्भवतीत्यास्ताम्, श्रीकृष्णपाल्यत्वेनैव न सम्भवतीत्याह, (भा० ११।३१।१२)—

(१२५) "मर्त्त्येन यो गुरुसुतं यमलोकनीतं, त्वाञ्चानयच्छरणदः परमास्त्रदग्धम् ।
जिग्येऽन्तकान्तकमपीशमसावनीशः किं स्वावने स्वरनयन्मृगयुं सदेहम् ॥"२८६॥

मायिक लीला वर्णन में अन्तर्भुक्त है ।

स्कन्द पुराण में श्रीलक्ष्मण का देहत्याग प्रसङ्ग,—मायिक जनवत् नहीं हुआ है । इन्द्र लक्ष्मण को सशरीर वैकुण्ठ में प्रेरण किये थे । नारायण वर्म में श्रीबलदेव का विलक्षण शक्तित्व—एवं सतत उपासक पालक रूप में नित्य स्थितित्व सिद्धान्ततः वर्णित हुआ है ।

अतएव जरासन्ध वाक्य में—"तव राम यदि श्रद्धा युद्धस्व स्थैर्य्यमुद्वह; हित्वा वा मच्छरैश्छिन्नं देहं स्वर्य्याहि मां जहि ॥ भा० १०।५०।१६ । हे राम ! यदि श्रद्धा हो तो, युद्ध करो, अथवा, स्थैर्य्य अवलम्बन करो, किम्वा मदीयशर से भिन्न देह होकर स्वर्ग गमन करो, अथवा मुझ को विनष्ट करो ।" स्वामिपादने इस प्रकार वास्तवार्थ किया है यह बलदेवका अच्छेद्य देह है, जरासन्ध स्वयं इस को मानकर अपरितोष हेतु कहा था मुझ को विनष्ट करो, ।

श्रीभगवत् पार्षदवृन्द के शरीर त्यागादि मायिक होने के कारण—

(भा० ११।३१।६) लोकाभिरामां स्वतनुं धारणाध्यानमङ्गलम् ।
योगधारणया आग्नेय्या दग्ध्वा धामाविशत् स्वकम् ॥

योगिगण—आग्नेयी योगधारणा से निज देहको दग्ध करते हैं । श्रीकृष्ण लोकाभिराम धारणा ध्यान मङ्गल रूप निजतनु को दग्ध न करके ही निज धाम में प्रवेश किये थे ।" इत्यादि पद्यमें—योगिगण से विलक्षण शक्तिमत्ता प्रकट करने के निमित्त—'आग्नेय्या—अदग्ध्वा' आग्नेयी योगधारणा से देह को दग्ध न करके ही" इस प्रकार पदच्छेदादिमय श्रीस्वामिपाद की व्याख्या सौष्ठव, कैमुत्यातिशय के द्वारा सुन्दर रूप से स्थापित हुआ है । जिस से " दृश्यते चाद्यापि उपासकानां तथैव तद्रूप साक्षात्कारः तत् फल प्राप्तिश्चेति-' अद्यापि दृष्ट होता है कि—उपासकगण तादृश श्रीकृष्ण रूप दर्शन करते हैं । एवं दर्शन का फल भी प्राप्त होते हैं । इस प्रकार स्वामिव्याख्या भी सुसङ्गत है । भगवत् साक्षात् कार के समय उपासक का भगवत् साक्षात् कार परिकर गण के सहित ही होता है ।।१२४।।

यादव गणों का अप्राकृत देह है अप्राकृत देहत्याग असम्भव है । किन्तु श्रीकृष्ण कर्त्तृक पालित व्यक्तियों का भी देह त्याग नहीं होता है । (भा० ११।३१।१२) में वर्णित है ।

"मर्त्येन यो गुरुसुतं यमलोकनीतं, त्वाञ्चानयच्छरणदः परमास्त्र दग्धम् ।
जिग्येऽन्तकान्तक मपीशमशावनीशः किं स्वावने स्वरनयन्मृगयुं सदेहम् ॥"

यः श्रीकृष्णो यमलोकं गतमपि गुरुसुतं गुरोर्जातेन पञ्चजन-भक्षितेन तेन मर्त्येन देहेनैव आनयत्, न च ब्रह्मतेजसो बलवत्त्वं मन्तव्यम्। त्वाञ्च ब्रह्मास्त्रदग्धं यस्तस्माद्-ब्रह्मास्त्रादनयद्रक्षितवानित्यर्थः, किमन्यद्वक्तव्यम्, यश्चान्तकानामन्तकमीशं श्रीरुद्रमपि वाणसंग्रामे जितवान्, अहो यश्च तं जराख्यं मृगयुमपि स्वः स्वर्गं वैकुण्ठविशेषं सशरीरमेव प्रापितवान्, स कथं स्वानां यदूनामवने ईशो न भवति? तस्मात्तेष्वन्यथादर्शनं न तात्त्विक-लीलानुगतम्। सशरीरन्तु तेषां स्वलोकगमनमतीव युक्तमित्यर्थः॥

१२६। ननु गच्छन्तु ते सशरीरा एव स्वधाम, तत्रापि स्वयं भगवान् विराजत एवेति न तेषां तद्विरहदुःखमपि। श्रीभगवांस्तु तथासमर्थ श्चेत्तर्हि कथमन्यांस्तादृशानाविर्भाव्य तैः

जिन्होंने यम लोक से गुरु पुत्र को आनयन किया है, शरणागतवत्सल प्रभु ने आपको परमास्त्र दग्ध से आनयन किया है। जो यम का यम हैं, ईश का पराभूतकारी हैं, जिन्होंने व्याध को सशरीर स्वर्ग में प्रेरण किया है, वह क्या निज शरीर रक्षण में असमर्थ हैं?

टीका—न पुनरन्यथा मन्तव्यं यतोऽस्मिन्नेवावतारे तत् प्रभावो निरतिशयो दृष्टः" इत्याह-मर्त्येनेति यमेन स्वलोकं प्रति नीतं गुरुसुतं मर्त्येन तेनैव शरीरेण य आनयत् आनीतवान् मृगयुं लुब्धकं सदेहं स्वः स्वर्गमनयत्—नित्ये। असौ स्वावने स्वरक्षणे अनीशोऽसमर्थः किम्?"

क्रमसन्दर्भ—अप्राकृतदेहानां तेषां तन्नसम्भवतीत्यस्ताम्, श्रीकृष्णपाल्यत्वेनैव न सम्भवती न सम्भवतीत्याह,—मर्त्येनेति। यः श्रीकृष्णो यम लोकं गतमपि गुरु सुतं गुरोर्जातेन पञ्चजन भक्षितेन तेन-मर्त्येन देहेनैवानयत्। न च ब्रह्म तेजसो बलवत्त्वं मन्तव्यम्, त्वाञ्च ब्रह्मास्त्रदग्धं यस्तस्माद् ब्रह्मास्त्रादनयत् रक्षितवानित्यर्थः। किमन्यद् वक्तव्यम्? यश्च अन्तकानामन्तकमीशं श्रीरुद्रमपि वाणसंग्रामे जितवान्, अहो! यश्च तं जराख्यं मृगयुमपि स्वं स्वर्गं वैकुण्ठ विशेषं सशरीरमेव प्रापितवान् स कथं स्वानां यदूनामवने ईशो न भवति? तस्मात्तेष्वन्यथा दर्शनं न तात्त्विकलीलानुगतम्, सशरीरं तु तेषां स्वलोकगमनमतीव युक्त मित्यर्थः॥"

जो श्रीकृष्ण, यम लोकगतगुरु पुत्र को, गुरु से उत्पन्न पञ्चजन कर्त्तृक भक्षित जो देह, अविकल उस नर देह में ही आनयन किये थे। यदि कहा जाय कि—उक्त कार्य्य श्रीकृष्ण के पक्ष में सम्भव है, किन्तु ब्रह्मशाप ग्रस्त यदुकुल रक्षा करना श्रीकृष्ण के पक्ष में असम्भव है। तज्जन्य कहते हैं—श्रीकृष्ण के निकट ब्रह्मतेज भी प्रभाव विस्तार करने में अक्षम हैं। उस का साक्षी,—'परीक्षित्' तुम हो, ब्रह्मास्त्र दग्ध आपको ब्रह्मास्त्र से आनयन किये थे—अर्थात् ब्रह्मास्त्र से रक्षा किये थे। अधिक कहने की आवश्यकता ही क्या है,—जिन्होंने यम का ईश—श्रीरुद्र को भी वाणयुद्ध में पराजित किये थे, अहो! जिन से जरानामक व्याध ने सशरीर में ही वैकुण्ठ प्राप्त किया है, उन श्रीकृष्ण,—निज जन यादवगण की रक्षाके निमित्त सक्षम नहीं हैं? आप निश्चय ही परमसमर्थ हैं। अतएव यादवगणों में निधनादि विरुद्ध दर्शन तात्त्विक लीलानु गत नहीं है, उन सब का सशरीर में ही निजलोक गमन अतीव सङ्गत है॥१२५॥

प्रश्न यह है कि—यादवगण सशरीर में ही निजधाम गमन करें, कारण वहाँपर स्वयं भगवान् विराजित हैं, अतएव श्रीकृष्ण विरह जनित दुःख उन सब का नहीं है, श्रीभगवान् यदि उस प्रकार शक्ति विशिष्ट हैं, तब यादव गणके समान अन्यभक्त वृन्द को आविर्भावित करके नर लोक को अनुकम्पित करने के निमित्त कियत् काल यावत्, यादव गणों का अन्तर्द्धान के पश्चात् उन सबके सहित मर्त्यलोक में प्रकट

सह मर्त्यलोकानुग्रहार्थमपरमपि कियन्तं कालं मर्त्यलोकेऽपि प्रकटो नासीत् ? इत्यत्र सद्धान्तयन् तेषां श्रीभगवतश्च सौहार्दभरेणापि परस्परमव्यभिचारित्वमाह, (भा० ११।३१।१३

(१२६) "तथाप्यशेषस्थितिसम्भवाप्यये,–ष्वनन्यहेतुर्यदशेषशक्तिधृक् ।
नैच्छत् प्रणेतुं वपुरत्र शेषितं, मर्त्येन किं स्वस्थगतिं प्रदर्शयन् ॥" ३८०॥

यद्यप्युक्तप्रकारेणाशेषस्थिति–सम्भवाप्ययेष्वनन्यहेतुः, यद्यस्मात्तदूर्ध्वमप्यनन्त-तादृश-शक्तिधृक्, तथापि यादवानन्तर्द्धाप्य निजं वपुरत्र शेषितं प्रणेतुं कञ्चित् कालं स्थापयितुं नैच्छत्, किन्तु स्वमेव लोकमनयत् । तत्र हेतुः-तान् विना मर्त्येन लोकेन किं मम प्रयोजनमिति स्वस्थानां तद्धामगतानां तेषां गतिमेव स्वस्याभिरुचितत्वेन प्रकृष्टां दर्शयन्निति ॥ श्रीशुकः ॥

१२७। अतस्तेषां श्रीभगवद्वदन्तर्द्धानमेव; न त्वन्यदस्तीति श्रीभगवदभिप्रायकथनेनाप्याह, (भा० ३।३।१५)

विहार क्यों नहीं किये ? इस विषय में सिद्धान्त प्रकटन हेतु श्रीकृष्ण के सहित यादवों का प्रचुर सौहार्द्द निबन्धन पारस्परिक अव्यभिचारित्व को कहते हैं – भा० ११।३१।१३ में वर्णित है—

तथाप्यशेष स्थिति सम्भवाप्यये, ष्वनन्य हेतुर्यदशेष शक्तिधृक् नैच्छत् प्रणेतुं वपुरत्र शेषितं, मर्त्येन किं स्वस्थगतिं प्रदर्शयन् ॥" यद्यपि अशेष शक्ति सम्पन्न श्रीकृष्ण, अनन्त ब्रह्माण्ड के सृष्टि स्थितिलय कार्य्य का एक मात्र हेतु हैं । तथापि निजाश्रित जनगण की गति को दर्शाने के निमित्त अवशेष में निज वपु को मर्त्यलोक में रखना नहीं चाहते हैं । कारण—निज जन को छोड़कर मर्त्य जनके सहित उनका प्रयोजन ही क्या है, मर्त्यजन मायामुग्ध होकर तत् सृष्ट अतिनश्वर पदार्थ में आसक्त होता है, प्रभु को नहीं चाहता है, एवं उनका हितोपदेश को कर्ण कुहरमें स्थापन करना कर्त्तव्य नहीं समझता है ।

टीका—'ननु यदि समर्थ स्तर्हि कञ्चित् कालमत्रैव तेन वपुषा किं नातिष्ठत्—तत्राह तथापीति । यद्यपि उक्त प्रकारेण--अशेषस्य जगत्श्चराचरस्य स्थित्यादिषु अनन्य हेतु निरपेक्ष एव कारणं, स्वयं यद् यस्मात् अशेष शक्ति धृक् तथापि यादवान् संहृत्य निजं वपुरत्र शेषितमवशेषितं प्रणेतुं कर्त्तुं नैच्छत् किन्तु स्वमेव लोकमनयत् । तत्र हेतुः मर्त्येन देहेन किं ? न किञ्चित् कार्य्यमिति स्वस्थानामात्मनिष्ठानां दिव्यां गतिमेव प्रकृष्टां दर्शयन् । अन्यथा तेऽपि दिव्यागति मनादृत्य योगबलेन देहसिद्धि विधाय अत्रैव रन्तु यतेरन् तन्माभूदित्येतदर्थमिति भावः ॥

श्लोक व्याख्या– यद्यपि श्रीकृष्ण, उक्त प्रकार से अनन्त ब्रह्माण्ड के सृष्टि स्थिति नाश के प्रति एक मात्र हेतु हैं, कारण—सृष्टयादि के ऊपर भी उनमें अनन्त शक्ति हैं, तथापि--यादवगण को अन्तर्धापित करने के पश्चात् मर्त्यलोक में क्षण काल के निमित्त भी अवशेष निजवपु रखने की इच्छा उनकी नहीं हुई । किन्तु निजलोक में तत् काल प्रविष्ट हुये थे । कारण है—श्रीकृष्ण की यह भावना हुई—यादव गण को छोड़ कर मर्त्यलोक में रहने की आवश्यकता ही क्या है ? एतज्जन्य निजधामस्थित यादवगण की जो गति है, वह ही निज अभिमत है । इसकी प्रकृष्ट रूप से दर्शाने के निमित्त ही अप्रकट निजधाम में प्रविष्ट हुए थे ।

प्रवक्ता श्रीशुक हैं—॥१२६॥

अतएव—यादववृन्दों के निधनादि मायिक लीला हेतु श्रीभगवान् जिस प्रकार अन्तर्द्धान करते हैं, उस प्रकार यादवों का अन्तर्धान ही है । साधारण जनगण के समान निधन प्राप्त होने की सम्भावना नहीं है । तज्जन्य श्रीभगवदभिप्राय कथन के छल से उद्धव कहे थे—

(१२७) "मिथो यदैषां भविता विवादो, मध्वामदाताम्रविलोचनानाम् ।
नैषां बधोपाय इयानतोऽन्यो, मय्युद्यतेऽन्तर्द्दधते स्वयं स्म ।।"३६१।।

एषां यदूनां यदा मिथो विवादस्तदाप्येषां पृथिवीपरित्याजने बधरूप उपायो न विद्यते, किमुतान्येन विवादे स न स्यादिति तर्हि तेषां मयाभिलषिते पृथिवी-परित्याजने कतम उपायो भवेत् ? तत्र पुनः परामृशति-अतो बधादन्य एव इयान् एतावानेव उपायो वर्त्तते । कोऽसौ ? मय्युद्यते ममेच्छायां सत्यां एते स्वयमन्तर्द्धधत इति यः । स्मेति निश्चये, यद्वा, बधस्योपायो न विद्यते इत्येवं व्याख्याय, अतो बधोपायादन्य इयान् बधोपायतुल्य उपायो विद्यत इति व्याख्येयम् । अन्यत् समानम् ।। श्रीमदुद्धवो विदुरम् ।।

१२८ । अतएवान्तर्हिते श्रीभगवति श्रीमदुद्धवस्य विदुरिति वर्त्तमानप्रत्ययनिर्द्देशवाक्येन तदानीमन्तर्हितस्यापि तद्वर्गस्यैव श्रीभगवतैव सह संवासो व्यज्यते, यथा (भा० ३।२।८) —

(भा० ३।३।१५) "मिथो यदैषां भविता विवादो मध्वामदाताम्र विलोचनानाम् ।
नैषां बधोपाय इयानतोऽन्यो, मय्युद्यतेऽन्तर्द्दधते स्वयं स्म ।।"

टीका—"तेषां नचान्य उपायः प्रभवति, किन्तु मधुना च आमदः सर्वतो मदस्तेन आताम्र विलोचनानामेषां विवादो यदा भविष्यति तदा इयानेवैषां बधोपायः।अतोऽन्यो नास्ति एकात्मनोऽपि मय्युद्यते सति स्वयमेव विवादेनान्तर्दधीरन्नित्यर्थः ।।" मधुपानमत्त यादवों में परस्पर विवाद बध का कारण नहीं है । एतद्भिन्न उपाय यह है कि—स्वयं यदि वे सब अन्तर्द्धान करें, तबही यादवों का पृथिवी परित्याग सम्भव होगा ।

यादवों का पृथिवी परित्याग सम्बन्ध में श्रीकृष्ण का अभिमत यह है, यदुगणके मध्य में यदि परस्पर विवाद उपस्थित होता है तो, तब वह विवाद उनसब के द्वारा पृथिवी परित्याग करने का अर्थात् निधन प्राप्त होने का उपाय नहीं होगा । अन्य के सहित विवाद से सुतरां निधन नहीं होगा, तथा पृथिवी परित्याग भी नहीं होगा तब मेरा अभिलषित यादवों के द्वारा पृथिवी त्याग का क्या उपाय हो सकता है ?

पुनर्वार विचार पूर्वक उपायस्थिर करते हैं, किसी प्रकार से बध की सम्भावना नहीं है, तब बधभिन्न अपर उपाय हो सकता है, वह यह है—मदीय इच्छानुसार यदि वे सब अन्तर्द्धान करें तो उनसबके द्वारा पृथिवी परित्याग सम्भव होगा । इस उपाय की निश्चयता को सूचित करने के निमित्त 'स्म' अव्यय का प्रयोग हुआ है ।

अथवा,—अर्थान्तर में—इन सब का बधोपाय नहीं है, इस प्रकार व्याख्या करके, अतएव बधोपाय भिन्न, बधोपाय के समान एक उपाय है । इस प्रकार व्याख्या की जा सकती है । उस के बाद--'मदीय इच्छानुसार' इत्यादि पूर्व व्याख्या के समान योजना करणी होगी ।

श्रीमदुद्धव विदुर को कहे थे—।।१२७।।

श्रीकृष्ण के अभिप्रायानुसार यादवगण अन्तर्हित होने पर श्रीभगवान् अन्तर्हित होने से भी श्रीउद्धव 'विदुः' क्रिया का वर्त्तमान प्रत्यय निर्देश युक्त वाक्य के द्वारा,—उद्धव के कथन सम काल में यादवों का अन्तर्द्धान सम्पन्न होने पर भी,परिकर वर्गके सहित श्रीभगवान् की नित्यावस्थिति व्यञ्जित होती है । भा० ३।२।८ में उक्त है—

(१२८) "दुर्भगो वत लोकोऽयं यदवो नितरामपि ।
ये संवसन्तो न विदुर्हरिं मीना इवोड़ुपम् ॥" ३६२॥

अयं मम हृदये स्फुरन् द्वारकावासी लोकः। ये संवसन्तः सह-वसन्तोऽपि न विदुर्न जानन्ति। अहन्तु संवासभाग्यहीनो न जानामीति नाश्चर्य्यमिति भावः। अत्र तदानीं यदि संवासभाग्यहीनो न जानामीति नाश्चर्य्यमिति भावः। अत्र तदानीं यदि संवासो नाभविष्यत्, तदा नावेदिषुरित्येवावक्ष्यदिति ज्ञेयम्।

१२६। नन्वधुनापि न जानन्तीति कथं जानासीत्याशङ्क्य तत्र हेतुं प्राचीननिजानुभावमाह, (भा० ३।२।६)—

(१२६) "इङ्गितज्ञाः पुरुप्रौढ़ा एकारामाश्च सात्वताः ।
सात्वतामृषभं सर्व्वे भूतावासममंसत ॥" ३६३॥

यं सात्वता स्वेषामेव ऋषभं नित्यकुलपतित्वेन वर्त्तमानं स्वयं भगवन्तमपि भूतावासं तदंशमेव भूतान्तर्यामिनमेवामंसतेति, (श्वे० ६।११) "एको देवः" इत्यादौ "सर्व्वभूताधिवासः"

"दुर्भगो वत लोकोऽयं यदवो नितरामपि ।
ये संवसन्तो न विदुर्हरिं मीना इवोड़ुपम् ॥" ३६२॥

श्रीउद्धवने श्रीविदुर को कहा—बड़ी दुःख की बात है, लोक अत्यन्त दुर्भग हैं, यादवगण तो सुतरां दुर्भग हैं। कारण—क्षीरसमुद्रजात मत्स्यगण चन्द्र के सहित एकत्र निवास करके भी जिस प्रकार चन्द्र को जलचर रूप से ही जानते थे, तद्रूप यदुगण, श्रीकृष्ण के सहित एकत्र निवास करने पर भी श्रीकृष्ण को स्वयं भगवान् नहीं जानते थे।

श्लोक व्याख्या—मेरे हृदय में स्फूर्त्ति प्राप्त द्वारकावासी जनगण—श्रीकृष्ण के सहित द्वारका में निवास करके भी श्रीकृष्ण को नहीं जानते हैं, मैं उनके सहित अवस्थित होने के सौभाग्य से वञ्चित हूँ। मैं श्रीकृष्ण को नहीं जानता हूँ, यह कोई आश्चर्य्य का विषय नहीं है। यदि अन्तर्द्धान के पश्चात् यादव गण श्रीकृष्ण के सहित एकत्र निवास नहीं करते तो 'अवेदिषुः" नहीं जानते, अर्थात् जब प्रकट लीलाका समय था तब श्रीकृष्ण को नहीं जाने थे, इस प्रकार कहते। इस प्रकार जानना होगा ॥१२८॥

यदि विदुर कहे कि—इस समय भी श्रीकृष्ण को यादवगण स्वयं भगवान् रूप में नहीं जानते हैं, आप इसको कैसे जानते हैं, आप तो परोक्ष में अवस्थित हैं ? इस आशङ्का का अपनोदन करने के निमित्त प्राचीननिजानुभव का वर्णन करते हैं। भा० ३।२।६—

"इङ्गितज्ञाः पुरुप्रौढ़ा एकारामाश्च सात्वताः ।
सात्वतामृषभं सर्व्वे भूतावासममंसत ॥"

"मनोभाव अवगत होने में सुनिपुण एकमात्र श्रीकृष्ण में प्रीतिशील यादवगण--सात्वतर्षभ श्रीकृष्ण को भूतावास मानते थे।

सन्दर्भ—जो सात्वतों के यादवों के ऋषभ—नित्य कुलपतिरूप में वर्त्तमान, स्वयं भगवान् को भी 'भूतावास' श्रीकृष्ण का अंशरूप भूतान्तर्य्यामी परमात्मा ही मानते थे। स्वयं भगवान् रूपमें श्रीकृष्ण को जानने में यादवगण अक्षम थे। 'भूतावास' शब्द का अर्थ अन्तर्य्यामी है, उसका प्रमाण 'सर्वभूताधिवासः'

इत्यन्तर्यामीति श्रुतिः, उक्तञ्च (भा० १०।४३।१७)—"वृष्णीनां परदेवता" इति ॥ श्रीमदुद्धवः श्रीविदुरम् ॥

१३०। यमेव संवासं पूर्वमपि प्रार्थयामास, (भा० ११।६।४३)—

(१३०) "नाहं तवाङ्घ्रिकमलं क्षणार्द्धमपि केशव ।
त्यक्तुं समुत्सहे नाथ स्वधाम नय मामपि ॥"३९४॥

स्वधाम द्वारकाया एव प्रापञ्चिकाप्रकटप्रकाशविशेषमपीति । यथा यादवानन्यान् नयसि, तथा मामपि नयेत्यर्थः अर्थान्तरे त्वपि-शब्दवैयर्थ्यं स्यात् ॥ श्रीमानुद्धवः ॥

यह अन्तर्य्यामी श्रुति है।

श्रीकृष्ण को यादवगण—अन्तर्य्यामी पुरुष रूप में जानते थे—उसका वर्णन "वृष्णीनां पर देवतेति" यादवगणों के श्रीकृष्ण परम देवता हैं, इस वाक्य में है।

यादवगण—श्रीकृष्ण को स्वयं भगवान् रूप में नहीं जानते थे। किन्तु अन्तर्यामी पुरुष रूप में जानते थे। इसका तात्पर्य्य यह है कि—जो स्वयं भगवान् हैं, वह निज परिकरगणों के सहित नित्यनिज धाम में विराजित हैं। किन्तु अन्तर्य्यामी ईश्वर, भक्तगण के उपास्य हैं। भक्तवृन्द के प्रति कृपा करने के निमित्त उन सब के निकट समय समय में आविर्भूत होते हैं। यादव गण की धारणा यह थी—हमारे उपास्य श्रीकृष्ण, सम्प्रति हम सब के समीप में अवस्थित हैं। आप स्वतन्त्र अन्तर्य्यामी पुरुष हैं, आपका स्वतन्त्र धाम है।

वरुण लोक गमन प्रसङ्ग में निरतिशय प्रेमवान् व्रजवासिगण के मन में ऐश्वर्य्य की कथा सुनकर बद्ध धारणा हुई थी—श्रीकृष्ण का अवश्य ही धामान्तर है।

ऐश्वर्य्य ज्ञान प्रधान प्रेमवान् द्वारका परिकर गण की तादृशी धारणा आश्चर्य्य जनक नहीं है, यदि द्वारका वासिगण जानते कि श्रीकृष्ण स्वयं भगवान् हैं,—तब समझ जाते कि उनका नित्य धाम द्वारका है-एवं समस्त परिकर गण के सहित प्रकट अप्रकट लीला में श्रीकृष्ण नित्य स्थित हैं।

श्रीमदुद्धव श्रीविदुर को कहे थे ॥१२९॥

श्रीकृष्ण के सहित अप्रकट प्रकाशस्थ द्वारका में यादव गण की नित्य स्थिति की वार्त्ता श्रीकृष्णान्तर्द्धान के समय श्रीविदुर के सहित वृत्तान्त आलाप के पहले ही श्रीउद्धव द्वारा ज्ञात रही, तज्जन्य ही उन्होंने भा० ११।६।४३ में प्रार्थना की है—

"नाहं तवाङ्घ्रि कमलं क्षणार्द्धमपि केशव ।
त्यक्तुं समुत्सहे नाथ स्वधाम नय मामपि ॥"

हे नाथ ! हे केशव ! मैं क्षण काल के निमित्त भी तुम्हारे चरण युगल को परित्याग करने में समर्थ नहीं हूँ। मुझ को निज धाम में ले चलो।

क्रमसन्दर्भ—अतः स्वस्मिंस्तद् गोपनमनयनं च दृष्ट्वा प्रार्थयते नाहमिति स्वधाम—द्वारकाया एव प्रापञ्चिकाप्रकट प्रकाश विशेषमपीति । यथा यादवानन्यान्नेष्यस्यैव तथा मामपि नयेत्यपि अर्थान्तरे त्वपि-शब्द--वैयर्थ्यं स्यात् ।

स्वधाम--शब्द का अर्थ--द्वारका का ही प्रापञ्चिक अप्रकट प्रकाश विशेष है। अपरापर यादवगण को जिस प्रकार वहाँपर ले जा रहे हो, मुझ को वहाँपर ले चलो। उस श्लोक का अन्य रूप अर्थ करने पर अर्थात् यादवोंका गमन उक्त द्वारका का अप्रकट प्रकाशमें न मानने से श्लोकस्थ'अपि' शब्दका प्रयोग व्यर्थ ही होगा।

प्रवक्ता श्रीमानुद्धव हैं ॥१३०॥

१३१। पाद्मोत्तरखण्डे कार्त्तिकमाहात्म्ये च यादवानां तादृशत्वम्—

"यथा सौमित्रि-भरतौ यथा सङ्कर्षणादयः। तथा तेनैव जायन्ते निजलोकाद्यदृच्छया॥३६५॥
पुनस्तेनैव गच्छन्ति तत्पदं शाश्वतं परम्। न कर्म्मबन्धनं जन्म वैष्णवानाञ्च विद्यते॥"३६६॥इति

अत्र निजालोकादिति तत्पदमिति च रामकृष्णादिवैकुण्ठमेव पाद्ममतम्,—श्रीमत्स्याद्यवताराणां पृथक् पृथग्वैकुण्ठावस्थितेस्तत्र साक्षादुक्तत्वात्। तादृशानां भगवत इव भगवदिच्छैव जन्मादिकारणञ्चोक्तं श्रीविदुरेण (भा० ३।१।४४)

"अजस्य जन्मोत्पथ-नाशनाय, कर्म्माण्यकर्त्तुर्ग्रहणाय पुंसाम्।
नन्वन्यथा कोऽर्हति देहयोगं, परो गुणानामुत कर्म्मतन्त्रम्॥"३६१॥ इति।

"को वान्योऽपि" इति टीका च। तदेवं तेषां श्रीकृष्णनित्यपरिकरत्वे सिद्धे साधिते

पाद्मोत्तर खण्डस्थ कार्तिक माहात्म्य में यादवों का भगवत्तुल्यगुणशालित्व वर्णित है। एवं श्रीकृष्ण के सहित नित्यावस्थिति का वर्णन भी है।

"यथा सौमित्रि--भरतौ यथा सङ्कर्षणादयः। तथा तेनैव जायन्ते निजलोकाद्यदृच्छया।
पुनस्तेनैव गच्छन्ति तत्पदं शाश्वतं परम्। न कर्म बन्धनं जन्म वैष्णवानाञ्च विद्यते॥

जिस प्रकार लक्ष्मण भरत श्रीरामचन्द्र के सहित—एवं जिस प्रकार श्रीबलदेव प्रभृति--श्रीकृष्ण के सहित निज निज धाम से स्वेच्छा क्रम से प्रपञ्च में अवतीर्ण होते हैं। उस प्रकार यादवगण भी निज लोकसे श्रीकृष्ण के सहित स्वेच्छा से अवतीर्ण होते हैं पुनर्वार उनके सहित प्रकृत्यतीत निज नित्य धाम में गमन करते हैं। कारण--वैष्णववृन्द का कर्म बन्धन निमित्त जन्म नहीं होता है।

मूल श्लोक में "निजलोक" एवं 'तत् पद' का प्रयोग है, उससे श्रीराम कृष्ण प्रभृति का स्वतन्त्र निज धाम का बोध होता है। अर्थात् श्रीरामचन्द्र—निज वैकुण्ठ—अयोध्या का अप्रकट प्रकाश से, एवं श्रीकृष्ण निज वैकुण्ठ द्वारकादि का अप्रकट प्रकाश से आविर्भूत होते हैं। पाद्मोत्तर खण्ड का अभिमत यह ही है। कारण—मत्स्यादि अवतारों की पृथक् पृथक् वैकुण्ठ में स्थिति की वार्त्ता उक्त ग्रन्थ में लिखित है।

श्रीभगवान् के समान ही भगवत् पार्षदों का अवतरण यदृच्छा क्रम से 'ईश्वरेच्छा से' होता है। भा० ३।१।४४ से श्रीविदुर महाशयने उक्त विषय का कथन सुस्पष्ट रूप से किया है। प्राकृत जन्म रहित श्रीकृष्ण का आविर्भावरूप जन्म उत्पथ परायण दुर्वृत्त गण को विनष्ट करने के निमित्त होता है। एवं सत्त्वादि गुण हेतुक कर्त्तृत्व रहित श्रीभगवान् का कर्माचरण—केवल लोक शिक्षा के निमित्त ही होता है, अर्थात् जिस के प्रति जनगण का चित्त आकृष्ट कराने के निमित्त, एवं उत्तम आदर्श से प्रेरित होकर जनहित कर उत्तम कर्माचरण कराने के निमित्त श्रीभगवान् कर्माचरण करते हैं।

अन्यथा गुणातीत कौन व्यक्ति, माता पिता से उत्पन्न होकर प्राकृत देह धारण एवं प्राकृत सत्त्वादि गुण जन्म कर्म विस्तार करने में सक्षम होता है।

क्रमसन्दर्भ—अजस्य जन्मेत्याविर्भाव मात्रं तदित्यर्थः। अकर्त्तुः कर्माणीति स्वैरलीला इत्यर्थः। पुंसां सर्वेषां ग्रहणाय स्वस्मिन्मनस आकर्षणाय, यथोक्तं पञ्चमे (भा० ५।२५।१०) "यल्लीलामृगपतिराददेऽनवद्यामादातु" स्वजनमनांस्युदारवीर्य्यः" इति॥ अतो देहयोगमिति पितृत्वेन स्वीक्रियमाणानां देहेष्वाविर्भावमात्रमित्यर्थः। गुणानांपरः कः पार्षदादिरपि। भा० ५।२५।१० का क्रमसन्दर्भ, मृगपतिः--श्रीवराह देवः, भा० ३।१८।२ 'जहास चाहो वनगोचरोमृगः" इति तत्रापि मृग शब्द प्रयोगात् यस्य लीलां

श्रीवसुदेवादीनां प्रागजन्मनि साधकत्वादिकथनञ्च भगवत इव भगवदिच्छयैव लोकसंग्रहाद्यर्थमंशेनैवावतारात् क्वचिज्जीवान्तरावेशात् सम्भवति । पुनश्च स्वयमवतरत्सु तेषु तदंशप्रवेशकथारीत्या त्वेकत्वेन कथनमिति ज्ञेयम्, यथा प्रद्युम्नस्य व्याख्यातम् । एवं तृतीये (भा०३।४।११) "वेदाहम्" इत्यादि-भगवद्वाक्ये उद्धवं प्रति वस्वंशत्वापेक्षयैव 'वसो' इति सम्बोधनम् । तादृशांशपर्य्यवसानास्पदांशिरूपत्वेन चरमजन्मतोक्तिश्च ज्ञेया । अतः आह, (भा० १०।३।३२)—

पृथिवी धारण लक्षणामाददे—स्वीकृतवानिति परम माहात्म्यं दर्शितम् ।

स्वामि टीका—सर्व दुर्वृत्त बधाद्यर्थमेव भगवतो जन्म कर्माणि नान्यथेतिकैमुत्यन्यायेनाह, अजस्यापि जन्म—अकर्त्तु रपि कर्माणि पुंसां ग्रहणार्थाय कर्मसु प्रवृत्तये । अन्यथा न चेदेवं तर्हि भगवतो जन्मादि कथा तावदास्ताम् । को वा अन्योऽपि गुणानां परो गुणातीतो देह योगं कर्म विस्तारञ्चार्हतीति ।

सर्व--दुर्वृत्त बध करने के निमित्त ही श्रीभगवान् के जन्म कर्माचरण होते रहते हैं । अन्यथा कैसे सम्भव होगा । जन्म रहित का भी कर्म, अकर्त्ता होकर भी कर्माचरण—कैसे सम्भव होगा । केवल मनुष्य को आदर्श शिक्षा प्रदान हेतु ही होता है । जन्म कर्म भगवान् का होता है । यदि ऐसा न माना जाय तो भगवान् की जन्मादि कथा तो दूर रही, अपर भगवत् पार्षदों का भी गुणातीत देह धारण एवं कर्म करण कैसे सम्भव होगा ? भगवान् जन्म ग्रहण एवं कर्म करते हैं, तब ही कर्म जन्म प्रभृति का विस्तार होता है ।

उक्त श्लोक में स्वामिपादने ('को वान्योऽपि) कौन व्यक्ति, अपर कोई व्यक्ति—इस प्रकार व्याख्या की है, इस से प्रतीत होता है--गुणातीत श्रीभगवान् का प्राकृत जन्म कर्म्म तो है ही नहीं, किन्तु गुणातीत अपर किसी का भी प्राकृत जन्म कर्म नहीं है, अर्थात् भगवत् पार्षदगणों का भी तादृश जन्म कर्म नहीं है । उन सब के जन्म कर्म लीलामात्र है, स्वरूप शक्ति का विलास मात्र है ।

उक्त प्रमाण समूह से यादव प्रभृतिओं का नित्य परिकरत्व सिद्ध होनेपर—श्रीवसुदेव प्रभृति का पूर्व जन्म वृत्तान्त वर्णन--साधक स्वरूप जो वर्णन है, उसका समाधान होना अत्यावश्यक है । समाधान यह है-कि—श्रीभगवान् चरित्र के समान ही भगवत् पार्षदों का चरित्र भगवदिच्छा क्रम से लोक संग्रह के निमित्त ही होता है । श्रीवसुदेवादि का अंशावतार के द्वारा साधक जीव में आवेश हेतु उक्त वर्णन सम्भव होता है ।

जिस समय श्रीवसुदेवादि का स्वयं अवतरण होता है, उस समय उक्त अंश श्रीवसुदेवादि में प्रविष्ट होता है, कथा वर्णन परिपाटी से अंश अंशी का वर्णन अभिन्न भावसे हुआ है । इस प्रकार जानना होगा। इतः प्राक् प्रद्युम्न प्रसङ्ग में जिस प्रकार व्याख्या हुई है, श्रीवसुदेवादि के सम्बन्ध में भी उस प्रकार जानना होगा । उस प्रकार भा० ३।४।११ में वर्णित है—

वेदाहमन्तर्मनसीप्सितं ते ददामि यत्तत् दुरवापमन्यैः ।
सत्रे पुराविश्वसृजां वसूनां मत्सिद्धिकामेन वसोत्वयेष्टः ।।

श्रीभगवान् कहते हैं—हे वसो ! मैं तुम्हारे अन्तर में अवस्थित होकर मनोऽभिलाषको जान गया हूँ । अपर का दुष्प्राप्य साधन प्रदान मैं तुम को करूँगा । पहले तुमने विश्वश्रेष्ठ गण के यज्ञ में मुझ को प्राप्त करने के निमित्त अनुष्ठान किया था । यहाँ उद्धव को 'वसु' शब्द से सम्बोधन करने का तात्पर्य्य यह है-- 'वसु' उद्धव का अंश है--उद्धव, उसका अंशी हैं । चरम जन्म में अंशी उद्धव में अंश वसुका प्रवेश होने से 'वसु' शब्द से सम्बोधन हुआ है ।

(१३१) "त्वमेव पूर्व्वसर्गेऽभूः पृश्निः स्वायम्भुवे सति।
तदायं सुतपा नाम प्रजापतिरकल्मषः ॥" ३६८॥

त्वं श्रीदेवकीदेव्येव पृश्निरभूः, न तु पृश्निस्त्वमभूरिति । एवं तदायमपीति ॥ श्रीभगवान् ॥

१३२। एवमेवाह (भा० ६।२४।३०)

(१३२) "वसुदेवं हरेः स्थानं वदन्त्यानकदुन्दुभिम्" इति।

(भा० ४।३।२३) "सत्त्वं विशुद्धं वसुदेवशब्दितं, यदीयते तत्र पुमानपावृतः" इत्यादौ प्रसिद्धं वसुदेवाख्यं हरेः स्थानमत्रानकदुन्दुभिं वदन्ति मुनय इति ॥ श्रीशुकः ॥

१३३। तथात्राप्येवं व्याख्येयम् (भा० १०।३।८) —

(१३३) देवक्यां देवरूपिण्याम्" इति।

तज्जन्यही भा० १०।३।३२ में कहा गया है

"त्वमेव पूर्वसर्गेऽभूः पृश्निः स्वयम्भुवे सति।
तदायं सुतपा नाम प्रजापतिरकल्मषः ॥"

अंश का प्रवेश अंशी में होता है, इस नियम से श्रीभगवान् देवकी को कहे थे,--हे सति ! पूर्व सृष्टि में स्वायम्भुव मन्वन्तर में तुम पृश्नि थी, उस समय वसुदेव--सुतपा नामक शुद्ध चित्त प्रजापति थे।" यहाँ प्रतीत होता है कि—देवकी देवी पृश्नि हुई थी, किन्तु पृश्नि--देवकी नहीं हुई। देवकी देवी—पृश्नि की अंशिनी है। तद्रूप वसुदेव भी सुतपा का अंशी है। प्रवक्ता श्रीभगवान् हैं—॥१३१॥

इस प्रकार ही भा० ६।२४।३० में उक्त है—

"वसुदेवं हरेः स्थानं वदन्त्यानक दुन्दुभिम्" इति।

श्रीहरि का स्थान—वसुदेव को आनक दुन्दुभि कहते हैं। जिनसे स्व प्रकाश श्रीहरि—प्रकाशित होते हैं, उनको वसुदेव कहते हैं। भा० ४।३।२३ के कथनानुसार वसुदेव नामक श्रीहरिका स्थान--श्रीहरि का आविर्भावस्थान को--द्वारका--मथुरा के मुनिगण, आनकदुन्दुभि कहते हैं। श्लोक में वदन्ति क्रिया पद का उल्लेख हैं, अतएव बहुवचनान्त कर्त्ता का अध्याहार किया गया है।

"सत्त्वं विशुद्धं वसुदेवशब्दितं, यदीयते तत्र पुमानपावृतः
इत्यादौ प्रसिद्धं वसुदेवाख्यं हरेः स्थानं वदन्त्यानकदुन्दुभिं वदन्ति मुनय इति।
प्रवक्ता श्रीशुक हैं—॥१३२॥

यहाँपर व्रजस्त्रीगणों का केवल जारत्व की प्रशंसा नहीं की गई है, किन्तु उनसब का श्रीकृष्ण विषयक राग ही प्रशंसित हुआ है । जिस प्रकार दुर्दम्य अत्युत्कट तृष्णा के द्वारा उन्होंने जार रूपसे भी श्रीकृष्ण को अङ्गीकार किया । विशुद्ध जारवादि गण जारबुद्धचा शब्दमें प्रयुक्त तृतीया विभक्ति को सहार्थे तृतीया मान कर व्याख्या करते हैं । उस प्रकार कल्पना असत्य मूलक है, श्रीकृष्ण ही सर्व साधारण के सुनिश्चित पति हैं, विशुद्ध पति हैं, अतएव उनमें जार बुद्धि नहीं हो सकती, निज प्रिया वर्ग के सहित ही परद र विनोद क्रीड़ा सदा करते रहते हैं, उसमें उनका दोष नहीं होता है, स्वयं पति भी हैं, पत्नी भी हैं । लोक शिक्षार्थ लीला करते हैं । 'रमणं जारं' यहाँ पर जारपद के सहित रमण पद का पाठ होने से भी जार संसक्त रमण पद का जार अर्थ न होकर नित्य प्रिय पति होता है, इसका प्रति पादन पूर्व ग्रन्थ में हुआ है ।

"जारबुद्धचा" सहार्थ में तृतीया विभक्ति मानने पर सह' पदका अनुसन्धान करना होगा, इस से गौरव प्रयुक्त कष्ट कल्पना होगी । कारण, उपपद विभक्ति से कारक विभक्ति बलीयसी होती है । व्यापारवत् असाधारण कारण ही करण है, उस से ही कार्य्य होता है, 'जारबुद्धचा' सहार्थ में तृतीया मानने पर अन्य करण की कल्पना करनी पड़ेगी ।

पाद्मोत्तरखण्ड में वर्णित विवरण से ज्ञात होता है कि भर्त्तृ गृह रद्धा गोपीगण सिद्धदेहा नहीं थीं ।

"ते सर्वे स्त्रीत्व मापन्नाः समुद्भूताश्च गोकुले ।
हरिं सम्प्राप्य कामेन ततोमुक्त भवार्णवात् ॥"

मुनिगण गोकुल में गोपी से उत्पन्न होकर स्त्रीत्व प्राप्त किये थे । अनन्तर नित्यसिद्ध गोपीगणके सङ्ग से श्रीकृष्ण विषयिणी प्रबल तृष्णा हुई, प्रबल अनुराग से श्रीकृष्ण भजन करने के पश्चात् भवार्णव से मुनिचरी गोपीगण मुक्त हो गई थीं । अतएव आनुष्ठानिक पति सम्पर्कान्वित देह त्याग से एवं पति त्यागके द्वारा

"या मया क्रीड़ता रात्र्याम्"इत्यादिना। किन्तु जारपदमेतादृगश्लीलम्, यत् खलु जारतया भजन्तीभिरपि न जारं प्रतिवचनविषयीक्रियते, किन्तु रमणादिपदमेवेति तदभिधेयं कथमिव फलाय कल्पते ? तदेवं जारमिति ब्रह्मेत्याद्यप्यनूद्यवर्गान्तः पात्येव; किन्तु भ्रममयत्वा-न्निन्दितत्वाच्च जारत्वस्य हेयत्वम्। रमणमिति तु विधेयमिति यदुक्तम्, तत् खलु प्रकटलीलायां पूर्व्वस्य स्पष्टतया वर्णितत्वेन श्रोतरि प्रसिद्धत्वादुत्तरस्य तद्वदवर्णितत्वेनापि प्रसिद्धत्वादपि

श्रीकृष्ण प्राप्ति होने से श्रीकृष्ण उपपति नहीं होते हैं, नतो वे सबमें परकीयात्व ही होता है, पर तो अवशेष रहा ही नहीं, नित्य पति श्रीकृष्ण में पतित्व का पर्य्य वसान हुआ। जब साधक चरी गोपीगण के सम्बन्ध में ही विश्वपति श्रीकृष्ण की प्राप्ति उपपति भाव से नहीं हुई--किन्तु नित्य पति रूप में प्राप्ति हुई, तब निज चिच्छक्ति रूप योग माया के द्वारा अध्यस्त परकीयात्व बुद्धि सम्पन्न स्वरूप शक्ति स्वरूप नित्य प्रेयसी वर्ग की श्रीकृष्ण प्राप्ति प्रियत्वेन ही होगी न तु उपपतित्वेन इसका कहना व्यर्थ है। अर्थात् स्वाभाविकीस्थिति ही है, शक्ति शक्तिमत्तत्व का मिलन, नित्य कान्ता कान्त का मिलन।

भा० १०।४७।३७ में श्रीभगवान् श्रीकृष्णने भी कहा है—

"या मया क्रीड़ता रात्र्यां वनेऽस्मिन् व्रज आस्थिताः।
अलब्धरासाः कल्याण्यो चिन्तामापुर्मद्वीर्य्य चिन्तया॥"

टीका—उपपत्यथेति माधुर्य्यमात्रमिति चेदत आह या इति। हे कल्याण्यः स्व भर्त्तृभि प्रतिबद्धा या वने क्रीड़ता मया सह अलब्ध क्रीड़ा स्तास्तदैव मा माम् आपुः प्रापुः।"

वृहत्क्रमसन्दर्भ—अत्र किं प्रमाणमित्याशङ्क्य सोदाहरणमाह— या मया क्रीड़तेत्यादि। या व्रज बध्वोऽलब्धरासास्तेनेश्वरेण न लब्धो रासो याभिस्ताः, अस्मिन् व्रजे रात्र्यां क्रीड़ता मया आस्थिताः कृतास्थाः कल्याण्य आनन्द विग्रहा भूत्वा मा मामापुः। (भा० १०।१६।११) "जहुर्गुणमयं देहम्" इत्यादिना कथिता स्ताएव तत्क्षणं कल्याण्यो भूत्वा पश्चान्मयैव रात्रौ क्रीड़ता रासे नृत्यता सह आस्थिता इत्यर्थः। कुतः ? इत्याह—मद् वीर्य्यचिन्तया, वीर्य्यं गुणाः। अतस्ता एव प्रमाणम्। तास्तु पूर्वमयोग्या एवासन्, तथापि मत् प्रेम्णा तद् देह त्यागेन योग्यदेहं लब्ध्वा तदैव मां प्रापुः। भवत्यस्तु—अनेनैव देहेन प्रापुश्च, प्राप्स्यथ चेत्यर्थः॥

अति सत्वर साक्षात् संयोग होगा, इस में निश्चयता क्या है ? उत्तर में कहते हैं—क्रीड़तेत्यादि। जो सब व्रजबधू—रास में सम्मिलित होने में असमर्थ थीं, वे सब ही उस रात्रि में उक्त रासावसर में ही आनन्दमय विग्रह प्राप्तकर रास लीला में सम्मिलित हुई थीं। "जहुर्गुणमयं देहं" कथन के अनुसार सद्य कल्याणी होकर रास क्रीड़ा के समय ही वे सब सम्मिलित हो गईं। कैसे हुई ? मेरी गुणावली की चिन्ता करने से ही उस प्रकार प्राप्ति हुई, यह ही प्रमाण है। वे सब पूर्व में अयोग्या थीं, मदीय प्रेम के द्वारा पूर्व अशिव देह त्यागानन्तर योग्य देह प्राप्त कर उस समय ही मुझ को प्राप्त कर चूकी थीं। आप सब किन्तु यथावस्थित देह में ही मुझ को प्राप्त करोगी। इस से नित्य पति श्रीकृष्णकी प्राप्ति गुण ध्यान से सिद्ध हुई।

किन्तु जार शब्द इस प्रकार अश्लीलता का उद्दीपक है कि—जार भाव से भजन कारिणीगण के पक्ष में जार शब्द हृदय ग्राही नहीं है, उन्होंने कही भी है। (भा० १०।४७।८) "जारा भुक्त्वा रतांस्त्रियम्॥ किन्तु रमणादि पद ही गोपीगणों का अनुमत है, अतएव जार पद फल प्रदान में समर्थ कैसे होगा ? अतएव जार एव ब्रह्मादि पद—अनुवाद वर्गान्तः पाती हैं। किन्तु आध्यासिक रीति से भ्रममय एवं निन्दित होने के कारण जारत्व हेय है, श्रीकृष्ण स्वरूपतः ही नित्य कान्त परमपति सब के हैं। इस प्रकार उक्त जार पद

सिध्यति। प्रसिद्धत्वाप्रसिद्धत्वे एव हि तयोः प्रवृत्तिहेतु, 'ब्राह्मणोऽयं पण्डितः' इतिवत्। न च 'अनुवादमनुक्त्वा तु न विधेयमुदीरयेत्'' इति सर्व्वत्रोपलभ्यते, ''यस्य पर्णमयी जुहूर्भवति'' इत्यत्र वैपरीत्य-दर्शनात्, 'अप्राप्ते हि शास्त्रमर्थवत्' इति न्यायेन च, ''दध्ना जुहोति'' इत्यादिवदप्राप्ते रमणत्व एव तात्पर्य्यम्, न च पूर्व्वं पूर्व्वप्रसिद्धे ब्रह्मत्वादिजारत्वपर्य्यन्ते 'अनधिगतार्थगन्तृप्रमाणम्' इति च वृद्धाः किञ्च, जारत्वस्य वास्तवत्वेऽश्लीलता दुर्निवारा;

अनुवाद होने से विधेय पद— रमण ही है। किन्तु अनुवाद एवं विधेय का समन्वय कैसे होगा ? कहते हैं— अनुवाद सर्वत्र प्रसिद्ध है, प्रकट लीला में जारत्व सुप्रसिद्ध है, सुस्पष्ट रूप से वर्णित होने के कारण वक्ता एवं श्रोता में उक्त जार विषयक प्रतीति सुप्रसिद्ध ही है। किन्तु विधेय अज्ञात होता है। इसका अवर्णन है, अवर्णित विषय ही विधेय होता है, ''गोपाल कामिनी जार श्चौरो जार शिखामणिः'' नामतः श्रीकृष्ण— प्रकटलीला में गोपाङ्गना गण का नित्य जार हैं। 'जार भावेन सुस्नेहोऽधको भवेत्'' यह श्रीकृष्ण की उक्ति है। अतएव प्रसिद्ध जारत्व का विधेय रमणत्व स्वाभाविक है, सम्बन्धतः प्रवृत्तितः जारत्व है, किन्तु फल में रमणत्व ही है। जारत्व एक उपाधि है, किन्तु फलास्वादन रमण में ही है। अनुवाद एवं विधेय स्थल में प्रसिद्ध एवं अप्रसिद्ध दृष्टि से उभय का प्रयोग होता है, ज्ञात को अनुवाद कहते हैं, अज्ञात को विधेय कहते हैं, जिस प्रकार 'ब्राह्मणोऽयं पण्डितः'' यह ब्राह्मण पण्डित है, ब्राह्मण ज्ञात होने से अनुवाद है, पूर्व कथन भी है, पण्डित रूप विधेय अज्ञात है, उसका कथन भी पश्चात् हुआ है। इस प्रकार सुप्रसिद्ध जारत्व कृष्ण में तो प्रसिद्ध है ही, किन्तु वह जो गोपी गणों का जार भाव का फल स्वरूप रमण है, यह अज्ञात है। उस श्लोक में उसका वर्णन हुआ है। इस प्रकार ही जार पद को उद्देश्य कर रमण पद को विधेय करना आवश्यक है, कारण—मिलन के समय तो जार बुद्धि से मिलन नहीं होता है, किन्तु प्रियत्वेन होता है, सम्बन्ध भेद में होता है, ममत्व—अभेद में होता है। ''अनुवाद को न कहकर विधेय का कीर्त्तन असमीचीन है, यह नियम का निर्वाह सर्वत्र नहीं होता है, ''यस्य पर्णमयी जुहूर्भवति न सः पापं श्लोकं शृणोति'' यहाँ उक्त नियम का वैपरीत्य है। अज्ञात ज्ञापको हि विधिः' अप्राप्त विषय को सूचित करने के निमित्त ही शास्त्र सफल होते हैं, ज्ञात वस्तु का विधान शास्त्र नहीं करते हैं। अग्नि होत्रं कुर्य्यात्। विधिस्थल में किस के द्वारा याग विधेय है, अज्ञात वस्तु ज्ञापन हेतु 'दध्नाजुहोति'' दधि द्रव्य करणक हवन का विधान विधेय रूप से हुआ है। इस प्रकार जारत्व के समय रमणत्व अश्रुत होने के कारण रमणत्व में जारत्व का तात्पर्य्य है। रमणत्व सम्पादन निबन्धन ही तो जार भाव है। किन्तु पूर्व पूर्व प्रसिद्ध ब्रह्मत्व जारत्व में विधेयत्व नहीं हो सकता है। वृद्धगण कहते हैं– अनधिगतार्थ गन्तृ प्रमाणम्'' प्रमाण अज्ञात वस्तु का परिज्ञान कराकर सफल होता है। अतएव ''जारत्व'' पद श्रवण के समय रमणत्व अश्रुत है, तदर्थ ही रमण पद विधेय हुआ।

और भी कहना है कि—जारत्व को यदि वास्तव कहा जाय– तो सर्वत्र चरित्र हीनता का प्रसङ्ग होगा, श्रीकृष्ण जन शिक्षार्थ स्वयं कान्ता कान्त होकर अभिनय करते हैं, उनमें दोष नहीं है, स्वयं पति होकर पत्नी का उपपति होनेपर दोष नहीं होता है। किन्तु अपर को पति करने में अथवा अपर की पत्नी को पत्नी करने से पापात्मक अश्लीलता का आदर्श निवारित नहीं होगा, जारत्व आवरत्व होने से व्यभिचारित्व ही होगा, कारण—पतित्व में रमणत्व में प्रियत्व में एकान्त मिलन में जारत्व की स्थिति नहीं होती है। अतएव जारत्व—सर्वथाविधेय नहीं हो सकता है। अतएव अतिविस्तार करना निष्प्रयोजन है। कारण, श्रीकृष्ण ही सर्वनामा हैं, एवं वेद समूह के द्वारा स्तुत हैं।

अवारतवत्वे तु व्यभिचारित्वमेवेति। सर्व्वथा तद्विदेयं न भवत्येव वेत्यलमतिविस्तरेण। अत्र ब्रह्मेत्येवोक्ते भगवन्तम्, श्रुतनिर्व्विशेषब्रह्मवादस्य कस्यचित् सन्देहविषयो भवतीति परममित्युक्तम्; परममित्यप्युक्ते श्रीकृष्णरूपत्वं न प्रतीयत इति मामित्युक्तम्; मामित्येवोक्ते ब्रह्मत्वं परमत्वञ्च प्रमाणान्तरसापेक्षं भवतीति तत्तदुच्यते। तथा जारमित्येवोक्ते पर्य्यवसितं न सिध्यतीति रमणमित्युक्तम्; रमणमित्येवोक्ते पूर्व्वप्रतीतत्वाद्रमणपदेनापि कथञ्चिज्जारत्व-

अनन्तर "जारं, रमणं परमं, ब्रह्म, मां पदसमूह की सार्थकता दर्शाते हैं, ब्रह्म को प्राप्त किया है, कहने से ही वाक्य की पूर्णता होती, किन्तु भगवन्तम् प्रापुः—कहा गया है, ब्रह्म की प्राप्ति नहीं होती है, अतएव प्राप्य वस्तु का परिचायक शब्द का प्रयोग भगवान् किया गया है, निखिलैश्वर्य्य माधुर्य्य पूर्ण नराकृति परब्रह्म श्रीकृष्ण को प्राप्त किया है। श्रुति प्रसिद्ध निर्विशेष ब्रह्मका बोध ब्रह्मशब्द श्रवणसे झटति होगा, उससे गोपीगण की मुक्ति प्राप्ति हुई, इस प्रकार सन्देह हो सकता है, उसका निरसन हेतु कहते हैं, 'परमम्' यह शब्द—ब्रह्मका विशेषण है, शक्ति समन्वित ब्रह्म की प्राप्ति हुई, निर्विशेष ब्रह्म की नहीं, "परम" विशेषण से भी स्वयं भगवान् नराकृति परम ब्रह्म का बोध नहीं होगा, तज्जन्य कहते हैं। कथन कर्त्ता अपने को निर्देश करते हैं, श्रीकृष्ण स्वरूप मुझ को प्राप्त किया है। 'माम्'—मुझ श्रीकृष्ण को प्राप्त किया है, कहने पर भी मां पद सम्बलित—ब्रह्मत्व, परमत्व प्रमाणान्तर सापेक्ष है, कारण नराकृति पर ब्रह्म में ब्रह्मत्व परमत्व का प्रतिपादन करना आवश्यक होगा। अतएव उक्त विशेषण को कहा गया है, अतः स्वतः सिद्ध नराकृति परम ब्रह्म श्रीकृष्ण का ही बोध उक्त पदों से होता है। उस प्रकार—(जार) शब्द कथन से ही शेषफल निर्बाध परमानन्द प्राप्ति नहीं होगी, तज्जन्य 'रमण' पद का कथन हुआ है, केवल 'रमण' शब्द कथन से ही अभीष्ट सिद्धि होती, तथापि 'जार' शब्द का प्रयोग किया गया है, कारण,—'रमण' शब्द से भी पूर्व सम्बन्धान्वित जारत्व का ही बोध होगा, अतः तन्निरासार्थ "जार" पदका उपन्यास अनुवाद्य रूप से हुआ है, अनुवाद कथन के पश्चात् ही विधेय का कथन विहित है, अतएव परमाभीष्ट होने के कारण ही रमणत्व का ही विधेयत्व हुआ है। किन्तु जारत्व विधेय नहीं है,। कारण—"जारत्व" बहुबाधा सम्बलित है, जिस प्रकार अवैध प्रणय के पश्चात् लोक भीति निवारण पूर्वक जन समर्थन के द्वारा आनुष्ठानिक उद्वाहविधि उपद्रव शून्य है, उस प्रकार—निरुपद्रव—अभीष्ट प्राप्ति ही सिद्धान्त एवं रस शास्त्र सम्मत है। प्राचीन लौकिक अलौकिक कविगण—उस प्रकार सिद्धान्त ही करते हैं। अस्मदुपजीव्य चरण—अर्थात् श्रीरूप गोस्वामिचरण निज कृत ललित माधव नाटक में श्रीराधागोविन्द का प्रकट लीला वर्णन उक्त रूप से ही किये है। ललित माधव में पूर्ण मनोरथाङ्क नामक दशम अङ्क है, यह नाटक—पुरलीला वर्णनात्मक है, अर्थात् शैशव में गोप कन्या गण ही कैशोर में राज कन्या हुई थीं, इस पौराणिक आख्यान अवलम्बन से उक्त अङ्क—समाधान हुआ है। उक्त अङ्क में वर्णित है श्रीद्वारकास्थित नव वृन्दावन में श्रीराधाकृष्ण का विवाह सम्पन्न हुआ है। उक्त विवाह सभा में सती शिरोमणि—अरुन्धती, लोपामुद्रा, स पत्नीक इन्द्र प्रभृति देवगण, व्रजराज दम्पति, श्रीदामादि सखागण, पौर्णमासी देवी प्रभृति व्रजपरिकर गण, एवं श्रीवसुदेव देवकी बलराम प्रभृति द्वारका परिकर वृन्द उपस्थित थे। व्रजलीला वर्णनात्मक नाटक विदग्ध माधव है, उस में राधाकृष्ण का विवाह वर्णन नहीं हुआ है। उज्ज्वल नीलमणि ग्रन्थ में सर्वरस पूरक समृद्धि मदाख्य सम्भोग का उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। श्रीभगवान् ने भी भा० १०।४७।३४ में "यत्त्वहं भवतीनां वै" भा० १०।४७।३७ "या मया क्रीड़ता रात्र्याम्" में उस प्रकार अभिप्राय को व्यक्त किया है। जारभावमय सङ्गम लौकिक में सर्वदा उपद्रव पूर्ण है, अतएव निरुपद्रव पूर्ण सम्भोग सुख सम्पादन हेतु लौकिक समर्थन

मेव लक्ष्येतेति तन्निरासार्थं जारमिति चानूद्यते । परमाभीष्टत्वादपि रमणत्वस्यैव विधेयत्वम्, न तु जारत्वस्य । तथापि सर्व्वत्र पर्य्यवसाने निरुपद्रवाभीष्ट-दर्शयितृरेव खलु सिद्धान्तरस-शास्त्रयोः सम्मताः । प्राचीनैर्लौकिकैरलौकिकैरपि कविभिस्तथैवोपाख्यायते । श्रीमदस्मदुपजीव्यचरणैरपि ललितमाधवे पूर्णमनोरथनाम्न्यङ्के तथैव समापितम् । तदेवोज्ज्वलनीलमणौ प्रमाणीकृत्य सर्व्वरसपूरक-समृद्धिमदाख्यः सम्भोग उदाहृतः । श्रीभगवता

रूप विवाह अनुष्ठान श्रेयस्कर है । वामन प्रभृति लौकिक रस वेत्तागण जार भाव को ही रस हेतु मानते हैं, किन्तु पर्य्यवसान में उपद्रव पूर्ण स्थिति सुखद नहीं होती है । भरत मुनिने गोकुलललना गण में जार भाव को रसोत्कर्षका हेतु माना है, अन्यत्र निषेध किया है । पारमहंस्यसंहितारूप श्रीमद् भागवत में सुस्पष्टतया जारभाव का वर्णन श्रीशुकने किया है, यह लीला शक्ति शक्तिमत्तत्व की लोक शिक्षार्थ है । "अत्रैव परमोत्कर्षः शृङ्गारस्य प्रतिष्ठितः" (उज्ज्वल नीलमणि)

टीका—श्रीजीवगोस्वामिचरण—अत्रैव—परकीयायामेव ।

उस प्रकार असंख्य व्रजवनितागण के द्वारा श्रीकृष्ण के व्रजस्थिति समय में भी स्वीय भाव गोपन करना दुष्कर था, उसका वर्णन भा० १०।३५।१६ में है—

"निज पदाब्जदलै र्ध्वजवज्रनीरजाङ्कुशविचित्रललामैः ।
व्रजभुवः शमयन् खुरतोदं वर्ष्मधुर्य्यो गतिरिडीतवेणुः ॥"

टीका—अस्माकन्तु मोहं किं ब्रूम इत्याहुः निज पदाब्ज दलैरिति । ध्वजादीनि विचित्राणि ललामानि चिह्नानि येषां तैः निजानि पदान्येव अब्जदलानि तै र्व्रजभुवः खुरतोदं खुराक्रमण व्यथां शमयन् वर्ष्मणा देहेन धुर्य्योगजस्तद्वद्गतिर्यस्य स कृष्णो वादित वेणुः सन् यद् व्रजति"

वृहत् क्रमसन्दर्भ—हे सख्यः ! यद्येवं तस्य वेणु वाद्य कौशलं न स्यात्, तदा कथमस्माकमीदृगवस्था स्यादित्यपरा आहुः—निजपदाब्जेत्यादि द्वाभ्याम् । दलैरिति बहुमाने बहुत्वम् । ध्वज वज्रादीनि विचित्राणि ललामानि येषां तैः । वर्ष्मधुर्य्यो हस्ती, तद्वद् गतिर्यस्य, यदेड़ीत वेणु र्वादित वेणुस्तदा वयं कुजगतिं वृक्ष वज्जाड्यं गमिताः सत्यः कश्मलेन कवरं वसनं वा स्खलितमस्खलितं वा न विदाम इत्यर्थः ॥"

"व्रजति तेन वयं सविलासविक्षणार्पितमनोभव वेगाः ।
कुजगतिं गमिता न विदामः कश्मलेन कवरं वसनं वा ॥" भा० १०।३५।१७

तेन निमित्तेन सवीक्षणार्पितो मनोभववेगो यासु ता वयम् कुजा वृक्षास्तेषां गतिं गमिताः सत्यो मोहेन न विदामः कवरं वा वसनेवेति ।

"गजगामी श्रीकृष्ण,—ध्वज वज्र कमल अङ्कुशादि विचित्र शोभा से शोभित निज चरण कमल द्वारा व्रजभूमि की गोष्ठ गमन काल में खुराक्रमण जनित व्यथा को विदूरित कर व्रजागमन करते हैं, तज्जन्य उनका सविलास अवलोकन से हमारे मन में कन्दर्प वेग अर्पित होता है । उस से हम सब में जड़ता आ जाती है । सुतरां हमारे वसन एवं वेश बन्धन स्खलित हो जाते हैं, मोह के कारण हम सब का कुछ अनुसन्धान नहीं रहता ।" इस प्रकार उद्भट भावरीति सम्पन्न व्रज सीमन्तिनी गण का भाव सङ्गोपन व्रज में श्रीकृष्णावस्थिति समय में भी दुष्कर था । अर्थात् श्रीव्रजेश्वरी की सभा में उपस्थित होकर श्रीकृष्ण प्रेयसी वर्ग जव उस प्रकार परस्पर कहती थीं, तब उन सब का भाव सुव्यक्त हुआ था । उसके वाद महाविरह उपस्थित होने पर—अर्थात् अक्रूर श्रीकृष्ण को मथुरा में ले आने के निमित्त आने पर—वे सब

च (भा० १०।४७।३४) 'यत्त्वहं भवतीनां वै' इत्यादिना, (भा० १०।४७।३७) "या मया क्रीड़ता रात्र्याम्" इत्यन्तेन तथैवाभिप्रेतम् । जारभावमयः सङ्गमश्च सदैव सोपद्रवः । सोपद्रवत्वमेव हि जारवादिनां रसहेतुरिति गत्यन्तरञ्च न शक्यमिति पर्य्यवसानपुरुषार्थत्वे तत्तच्छास्त्र-सम्मतो न स्यात् । तथा परकोटिसंख्यानां (भा० १०।३५।१६) 'निजपदाब्जदलैः" इत्यादि-युगले (भा० १०।३५।१७) 'कुजगतिं गमिता न विदामः,कश्मलेन कवरं वसनं वा'इत्यादि—रीतीनामुद्भट-

एक साथ खेद प्रकट कर कही थीं—भा० १०।३९।२८

निवारयामः समुपेत्य माधवं किन्नोऽकरिष्यन् कुल वृद्ध बान्धवाः ।'

चल, हम सब मिलकर माधव को रोकें, कुलवृद्धबान्धवगण, हमारे क्या करेंगे ? उस के बाद-प्रिय विच्छेद शङ्का से आकुल होकर (भा० १०।३९।२८)

विसृज्य लज्जां रुरुदुः स्म सुस्वरं गोविन्द दामोदर माधवेति । चेति ।।

गोपीगण लज्जा विसर्जन पूर्वक "हे गोविन्द ! हे दामोदर ! हे माधव कहकर उच्चैःस्वर से रोदन करने लगीं । भा० १०।४७।९।१० में वर्णन है—

"कृष्णदूते समायाते उद्धवे त्यक्त लौकिकाः ।

गायन्त्यः प्रिय कर्म्माणि रुदत्यश्च गतह्रियः ।

तस्य संस्मृत्य संस्मृत्य यानि कैशोर बाल्ययोः ।।"

टीका—प्रियस्य कर्माणि गायन्त्य स्तथा बाल्य कैशरयो र्यानि कर्माणि तानि संस्मृत्य गतह्रियः सत्यो रुदत्यश्च तमपृच्छन्निति पूर्व क्रिययैव सम्बन्धः ।

गोपीवृन्द के काय, वाक्य, मन श्रीगोविन्द में आविष्ट थे । श्रीकृष्ण दूत उद्धव का व्रजागमन होने पर वे सब लोकिक व्यवहार विसर्जन पूर्वक प्रियतम श्रीकृष्ण के कर्म समूह का कीर्त्तन एवं उनके बाल्य कैशोर के कर्म समूह का वारम्बार स्मरण कर निर्लज्ज भाव से रोदन करी थीं ।" (भा० १०।४७।११ में उक्त है—

"काचिन्मधुकरं दृष्ट्वा ध्यायन्ती प्रियसङ्गमम् ।

प्रिय प्रस्थापितं दूतं कल्पयित्वेदमब्रवीत् ।।

प्रियतम श्रीकृष्ण का सङ्गमकाध्यान परायणा गोपी श्रीराधा, एक मधुकर को देखकर प्रिय श्रीकृष्ण प्रेरित दूत मानकर बोली थीं ।

उनकी प्रेमचेष्टा को देखकर उद्धवने कहा था—(भा० १०।४७।६१)

"आसामहो चरणरेणु जुषामहं स्यां वृन्दावने किमपि गुल्मलतौषधीनां ।

या दुस्त्यजं स्वजनमार्य्य पथञ्च हित्वा भेजुर्मुकुन्द पदवीं श्रुतिभिर्विमृग्याम् ।

वृहत् क्रमसन्दर्भ—तस्मादेतासां चरण रजः सम्बन्धोऽप्यति दुर्लभ इत्याह—आसामित्यादि । अहो चित्रम्, आसां चरणरेजु जुषां गुल्मलतौषधीनां मध्ये वृन्दावने किमप्यहं स्याम्, यत्र जन्मलब्धवासां चरण-रजो लभ्यते । तत्रैव गुल्मादिषु मध्ये कतमत् स्यामित्यर्थः । कुतः ? इत्य ह— या दुस्त्यजमित्यादि । श्रुतिभि र्विमृग्यामेव, नतु लभ्याम्, मुकुन्दपदवीं मुकुन्द प्रेम । ननु (भा० १०।३२।१३)

"मनोरथान्तं श्रुतयो ययुः" इति पूर्व मुक्त्वा कथमिदानीं श्रुतिभि मृग्यामित्युच्यते ? सत्यम् श्रुतयो हि ज्ञानकाण्ड कर्मकाण्डोपासना काण्डात्मिकाः । तत्रोपासना काण्डात्मिकास्तु तत् पदवीं गच्छन्त्येव, अन्यास्तु मृगयन्त्येवेति ।।

जिन्होंने दुस्त्यजं स्वजन एवं धर्म पथ को परित्याग कर श्रुति समूह के द्वारा अन्वेषणीय मुकुन्दपदवी

भावानां तासां व्रजे च भावसङ्गोपनं पूर्व्वमपि दुष्करमासीत्। महाविरहे तु जाते (भा० १०।३१।२८) 'निवारयामः समुपेत्य माधवं, किं नोऽकरिष्यन् कुलवृद्धबान्धवाः" इति, (भा० १०।३९।३१) 'विसृज्य लज्जां रुरुदुः स्म सुस्वरं, गोविन्द दामोदर माधवेति' चेति, (भा० १०।४६।४) 'ता मन्मनस्का मत्प्राणा मदर्थे त्यक्तदैहिकाः' इति, (भा० १०।४७।९) 'कृष्णदूते व्रजायाते उद्धवे त्यक्तलौकिकाः' इति, (भा० १०।४७।१०) 'गतह्रियः' इति, (भा० १०।४७।११)

(मुकुन्द विषयक प्रेम) का भजन किया है, उन सब गोपीगण की चरणरेणु सेवी वृन्दावनस्थ गुल्मलता औषधि के मध्य में एक हो सकूँ, तब धन्य हो जाऊँगा" ।। भा० १०।६५।९ में श्रीबलदेव का व्रजागमन होने पर उक्त है, ।

"गोप्यो हसन्तः पप्रच्छू राम सन्दर्शनादृताः ।
क्वचिदास्ते सुखं कृष्णः पुरस्त्रीजन वल्लभः ।।"

श्रीबलरामसन्दर्शन से आदृता गोपीगण हँस हँस कर उनको पूछी थीं, "पुरस्त्री जनवल्लभ श्रीकृष्ण सुखी हैं न ?

(भा० १०।६५।११) "मातरं पितरं भ्रातॄन् पतीन् पुत्रान् स्वसॄरपि ।
यदर्थे जहिमदाशार्ह दुस्त्यजान् स्वजनान् प्रभो ।
ता नः सद्यः परित्यज्य गतः सञ्छिन्नसौहृदः ।।"

"हे प्रभो ! हे दाशार्ह ! जिस के कारण, माता, पिता, पुत्र, भगिनी प्रभृति दुस्त्यज स्वजन गण को परित्याग कर चुकी हूँ, वह कृष्ण सब को छोड़कर सौहार्द्यबन्धन छिन्न किये हैं।

इस श्लोक में महाविरह उपस्थित होने पर व्रज सुन्दरी गण का भाव (श्रीकृष्ण में प्रगाढ़ प्रेम) सुव्यक्त हुआ है

"निवारयामः" "चल, हम सब जाकर माधव को मना करें।" इत्यादि रूप में जो सङ्कल्प हुआ था, गोपीगण के द्वारा वे सव अनुष्ठित हुए थे। उसका विवरण "विसृज्यलज्जां" लज्जावर्जन पूर्वक उच्चैःस्वर से हे गोविन्द ! इत्यादि कहकर रोदन किये थे । लज्जात्याग के द्वारा ही श्रीकृष्ण विषयक भाव परिस्फुट हुआ था। रोदनादि के द्वारा नहीं। कारण, समस्त गोकुल वासी जनगण—श्रीकृष्ण विच्छेद से कातर होकर रोदन किये थे। उस से कोई वैशिष्ट्य नहीं हुआ। कुल बधूवर्ग के निकट प्राणापेक्षा लज्जा ही आदरणीय है, वे सब प्राण कोटि निर्मञ्छनीय चरण प्रियतम के विच्छेद भय इस प्रकार अधीर हो चुकी थीं, जिस से लज्जाविसर्जन पूर्वक हा गोविन्द कहकर रोदन करने से गुप्त कृष्णानुराग व्यक्त होगा, तज्जन्य गुरु गञ्जनादि सहन करना पड़ेगा—इस प्रकार भीति वार्त्ता मन में उदित नहीं हुई। अनन्तर भाव व्यक्ति पूर्वक रोदन द्वारा उन सब के द्वारा निवारण भी उपयुक्त ही हुआ था। ललित माधव नाटक में इसका चित्रण इस प्रकार है— क्षणं विक्रोशन्ती लुठति शताङ्गस्य पुरतः ।
क्षणं वाष्पग्रस्तां किरति किलदृष्टिं हरिमुखे ।
क्षणं रामस्याग्रे पतति दशनोत्तम्भित तृणा
न राधेयं कं का क्षिपति करुणाम्भोधि कुहरे ।

अहो ! श्रीराधा क्षण काल चीत्कार करते करते रथाग्रे लुठित हो रही हैं, क्षणकाल वाष्पाकुल नयन से हरिमुख निरीक्षण कर रही हैं। क्षणकाल राम के सम्मुख में दन्त द्वारा तृणोत्तोलन कर रही हैं, हाय !

'काचिन्मधुकरं दृष्ट्वा' इति, (भा० १०।४७।६१) 'या दुस्त्यजं स्वजनमार्य्यपथञ्च हित्वा' इति, (भा० १०।६५।९) 'गोप्यो हसन्त्यः पप्रच्छू रामसन्दर्शनादृताः' इति, (भा० १०।६५।११)—

'मातरं पितरं भ्रातॄन् पतीन् पुत्रान् स्वसॄरपि ।
यदर्थे जहिम दाशार्ह दुस्त्यजान् स्वजनान् प्रभो ॥" ५११॥

इति च श्रूयते । अत्र 'निवारयामः' इत्यादिकं यथा सङ्कल्पितं तथैव' विसृज्य लज्जाम्'

राधा इस प्रकार दशाग्रस्त होकर किस को शोक सागर में निक्षेप नहीं करती हैं । अर्थात् श्रीराधा को अवस्था को देखकर समस्त जन निकर शोक सागर में निमग्न हो रहे हैं । इस प्रकार "कृष्ण दूते व्रजायाते उद्धवेत्यक्त लौकिकाः" इत्यादि श्लोक त्रय में उन सब की भावव्यक्ति वार्त्ता सुस्पष्ट रूप में अभिव्यक्त है । अधिक विचार का प्रयोजन ही क्या है ? भा० १०।३१।१३ में पूर्वराग प्रकरण है, उस में कथित है—

"पतिसुतान्वय भ्रातृबान्धवानति विलङ्घ्य तेऽन्तच्युतागताः ।"

इस में पति सुतादि परित्याग की कथा है, किन्तु भा० १०।६५।११ में

"मातरं पितरं भ्रातॄन् पतीन् पुत्रान् स्वसॄरपि"
यदर्थे जहिम दाशार्ह दुस्त्यजान् स्वजनान् विभो ॥" माता प्रभृति का परित्याग का वर्णन है, उस समय उन सब की अपेक्षा थी किन्तु विरहोत्कण्ठामें उक्त अपेक्षा भी तिरोहित हो चुकी थी ।

सुतरां तदानीं महाविरह वैकल्य उपस्थित होने पर दुर्द्धरमहाभाव हेतु उन सब की उन्मत्त चेष्टा (दिव्योन्माद) व्यक्त हुई थी । दिव्योन्माद का लक्षण यह है,—

"एतस्य मोहनाख्यस्य गतिं काम्प्युपेयुषः ।
भ्रमाभा कापि वैचित्री दिव्योन्माद इतीर्य्यते ॥"

किसी प्रकार अनिर्वचनीया वृत्ति विशेष प्राप्त मोहनाख्य महाभाव की भ्रम सदृश किसी अद्भुत विचित्रता को दिव्योन्माद कहते हैं । जिन्होंने निर्लज्ज भाव से श्रीकृष्ण में कान्त भाव को व्यक्त किया है, श्रीकृष्णने उद्धव को कहे थे— "ता मन्मनस्का मत्प्राणामदर्थेत्यक्तदैहिकाः ।
मामेव दयितं प्रेष्ठमात्मानं मनसा गताः ॥

दयितं, प्रेष्ठं, आत्मानं—पदत्रय के योग से ही गोपीगण का पतित्व श्रीकृष्ण में निश्चित हुआ है । अतः जिन्होंने अत्यन्त प्रबल विरहोत्कण्ठा से माता प्रभृति का त्याग किया है । उन सब असंख्य गोपीजन का भाव संगोपन कदापि सम्भवपर नहीं है । सबने जाना था । किन्तु कान्ता भाव व्यक्त होने पर भी महाविरह पीड़ा से विवश व्रजवासिगण के निकट वह अज्ञात के समान था । किन्तु विरहावसान होने पर उन्होंने पूर्व प्रकाशित कृष्ण प्रेम विषय का अनुसन्धान अवश्य ही किया था ।

जार भावमय सङ्गम, भाव संगोपन के द्वारा कुछ समय पर्य्यन्त रसता को पुष्ट करता है जार भाव व्यक्त होने पर श्रीकृष्ण के सहित व्रजलक्ष्मी गण का जार भावमय सङ्गम, धर्ममय रूपसे ही प्रतीत हुआ । उस से वह जार भाव—महामुनीन्द्र श्रीशुकदेवादि के द्वारा पारमहंस्य संहित में परमादर से कीर्त्तित हुआ है, तज्जन्य ही मुनिने कहा है ।

"बहु वार्य्यते यतः खलु यत्र प्रच्छन्न कामुकत्वञ्च ।
याच मिथो दुर्लभता, सा मन्मथनस्य परमा रतिः ।

इत्यादिनाचरितम् । तासां लज्जात्यागः खलु भावव्यक्त्यैव स्यात्,— सर्व्वेषां गोकुलवासिनां रोदनादिसाम्यात् । ततस्तद्वयक्तिपूर्व्वकरोदनद्वारेण ताभिर्निवारणमपि योग्यमिति । एवं त्यक्तलौकिका इत्यादिषु च सुष्ठ्वेव भावव्यक्तिर्गम्यते । किं बहुना ? मातर्गमित्यादौ मात्रादीन् जहिम इत्युक्तम्, न तु पूर्व्वरागवत् (भा० १०।३१।१६) 'पतिसुतान्वयभ्रातृबान्धवानतिविलङ्घ्य' इतिमात्रमुक्तम् । तदेवं तदानीन्तु दुर्द्धरमहाभावेनोन्मत्तचेष्टानां निरपत्रपाणां

लघुत्वमत्र यत्प्रोक्तं तत्तु प्राकृत नायके ।
न कृष्णे रस निर्य्यास स्वादार्थमवतारिणि ।।

प्राञ्च— शृङ्गार रस सर्वस्वं शिखिपिञ्छ विभूषणम् ।
अङ्गीकृत नराकार माश्रये भुवन त्रयम् ।।

किञ्च,— नासौ नाट्ये रसे मुख्ये यत् परोढ़ा निगद्यते ।
तत्तु स्यात् प्राकृत क्षुद्रनायिकाद्यनुसारतः ।।

तथाचोक्तम्— 'नेष्टा यदङ्गि निरसे कविभिः परोढ़ा, तद् गोकुलाम्बुजदृशां कुलमन्तरेण ।
आशंसया रस विधेरवतारितानां, कंसारिणा रसिक शेखरमण्डलेन ।

तज्जन्य ही अलौकिक जारभाव में ही शृङ्गार रसकी चरमोकर्षता है, तत्व विद्गण का इस में ऐकमत्य है, रस ध्वनि के द्वारा व्यक्त होता है, उत्तम ध्वनि प्रधान काव्य ही राधाकृष्ण है, अन्यथा निर्दोष साहित्य ही विलुप्त होगा । अन्यत्र परिपूर्ण रसपोषक सामग्री नहीं है । अतएव श्रीरूप गोस्वामीपाद पाद ने उज्ज्वल नीलमणि में कहा है—

"अत्रैव परमोत्कर्ष शृङ्गारस्य प्रतिष्ठितः" उत्रैव--परकीयायामेव,श्रीजीव गोस्वामि चरण की व्याख्या।

पति—उपपति भेद से द्विविध—"उक्तः पतिः स कन्याया यः पाणि ग्राहको भवेत्" यथा रुक्मिणी पतिः ।

"रागेणोल्लङ्घयन्धर्मं परकीयावलार्थिना ।
तदीय प्रेम वसति बुधैरुपपतिः स्मृतः ।।

लोक शिक्षा के निमित्त स्वयं ही श्रीकृष्ण निज शक्ति रूपा प्रेयसी वर्ग के सहित व्रज में अवतीर्ण हैं, अतएव उन में अधर्ममयत्व नहीं है, अतएव अश्लीलता भी नहीं है, सुतरां रस हानि भी नहीं है, प्रत्युत परम रसमयत्व है, कारण—श्रीकृष्ण ही "रसो वैसः" शब्द से कीर्त्तित है । कर्माधीन मानव में दोषावह है,सुतरां लौकिकपरकीया में रस अस्वीकार्य्य है । जार भावमय रसके उपकरण समूह इसप्रकार हैं"विभाव, अनुभाव, सात्त्विक व्यभिचारी" सम्मिलन से स्थायी भाव रस होता है आलम्बन— उद्दीपन भेद से विभाव द्विविध हैं । वंशी स्वरादि—उद्दीपन, कृष्णादि आलम्बन हैं ।

अनुभाव—स्मित, नृत्य, गीतादि उद्भास्वर एवं स्तम्भादि सात्त्विक हैं,

व्यभिचारी—निर्वेद हर्षादि तेत्रीश हैं ।

उक्त सामग्री सम्वलन से चमत्कार कारी रस होता है । अर्थात् विभाव, अनुभाव, सात्त्विक, व्यभिचारी, सामग्री चतुष्टय सम्वलन से श्रीकृष्ण विषयक स्थायिभाव—कृष्णरति—रसनाम से अभिहित होती है ।

विभाव—आलम्बन--उद्दीपन भेद से द्विविध हैं ।

आलम्बन—विषय, आश्रय भेद से द्विविध हैं ।

विषयालम्बन—श्रीकृष्ण, आश्रयालम्बन—कृष्ण भक्त प्रस्तुत स्थल में व्रजसीमन्तिनीवृन्द हैं ।

व्यञ्जितभावानां त्यक्तमात्रादीनां तासामसंख्यानां भावसङ्गोपनं नोपपद्यत एव, किन्तु ज्ञातोऽप्यसौ महाविरहपीड़या सर्व्वैरज्ञात इवासीत् । अनन्तरं त्वनुसन्दध एव, स तु भाव-सङ्गोपनायैव कालकतिपयं स्वस्य रसतामावहति । व्यक्तत्वे तु स्वस्य परेषामपि सर्व्वत्र वस्तुतो धर्म्ममयत्व-प्रतीतौ जातायामेवेति रसविदां मतम् । अधर्म्ममयत्वप्रतीतौ त्वश्लीलतया व्याहन्यत एव रसः । अधर्म्ममयत्वञ्च द्विधा—परकीयत्वेन परस्पृष्टत्वेन च । तस्माद्-यथैश्वर्य्यज्ञानमय्यां श्रीपरीक्षित्सभायामैश्वर्य्यज्ञानमय्या रीत्यैव तत् परिहृत्य रसावहत्वं समाहितम्

स्थायिभाव—कृष्णरति—शान्त, दास्य, सख्य, वात्सल्य एवं मधुर । प्रस्तुत स्थल में मधुर है ।

रसोपकरण समूह विद्यमान होने पर नायक नायिका का सङ्गम प्राकृत जारमय होता है तो वह रसाभास होता है रस नहीं, यह ही लौकिक रसशास्त्रविद्गणों का मत है, श्रीकृष्ण में ही अलौकिक जारत्व होने से परमोपादेय रस स्वीकृत है ।

रस का लक्षण—"वहिरन्तः करणयो र्व्यापारान्तर रोधकम् ।
स्व कारणादि संश्लेषिचमत्कारि सुखं रसः ॥"

वहिरिन्द्रिय एवं अन्तरिन्द्रिय के सम्बन्ध में व्यापारान्तर का प्रतिबन्धक, (निज) रस का कारण स्वरूप विभावादि के सहित सम्मिलित जो चमत्कार सुख, उस को सुख कहते हैं ।

प्राकृतस्थल में परकीयात्व एवं परस्पर्शत्व हेतु अधर्ममयत्व द्विविध हैं । अर्थात् कर्माधीन जन्म होने से आनुष्ठानिक समाजिक रीति अन्य कर्त्तृक विवाहिता अथवा कन्यका नायिका होने से परकीयात्व होता है, एवं अपर के द्वारा उपभुक्ता रमणी नायिका होने से पर स्पर्शत्व दोष होता है, सुतरां वेदनिषिद्ध अधर्ममयत्व प्रतीत होने से रसहानि होती है । श्रीमद् भागवतीय सर्वोत्तम लीलात्मक रास प्रसङ्ग के उपसंहार में राजा का प्रश्न "परदारा' अभिमर्षण पर रहा, आप्तकाम यदुपति ने परदारा गमन रूप अधर्म कर निन्दनीय कार्य्य क्यों किया ? (भा० १०।३३।२६-३६) उक्त परीक्षित् सभा ऐश्वर्य्य ज्ञानमयी थी, अतएव श्रीशुकने प्रश्न का उत्तर सीधा नहीं दिया— 'श्रीकृष्ण की धर्म पत्नी गोपाङ्गनागण हैं" किन्तु चक्कर से उत्तर दिया, अर्थात् प्रश्न हुआ लौकिक रीति से उत्तर हुआ अलौकिक ऐश्वर्य्य रीति से, आत्मा परमात्मा की क्रीड़ा है, लोक शिक्षा हेतु है, सब का अध्यक्ष एवं पति श्रीकृष्ण हैं, पर है ही कहाँ, जिस से परस्त्री गमन दोष होगा, किन्तु अवगुण्ठन कौतुक मयी लीला होने से सब सभासद् गण परम रसाविष्ट हुये थे ।

लौकिक जार भाव पापमय वेदनिषिद्ध हेतु श्रवण मात्र से ही सामाजिक के मन में घृणा का उद्रेक होता है । चित्त सङ्कुचित होने से रसोदय नहीं होता है । तज्जन्य लौकिक पारकीय भाव से रस सिद्ध नहीं होता है, परकीया भाव के स्थायिभाव विभावादि यावतीय उपकरण घृणास्पद होने के कारण रसता सम्पादन में अक्षम हैं । व्रजस्थ परकीया भाव अतिविशुद्ध लोकोत्तर भाव है । इस से निरवद्य साहित्य निर्दोष दर्शन,कामतन्त्र,गन्धर्व कला प्रभृति का विस्तार असमोर्द्धवरूपसे हुआ है । लोकोत्तर ममत्व आस्वादन ही व्रजीय परकीया भाव का मूल उत्स है । अतएव इस में ही स्वयं भगवान् स्वरूप शक्त्यानन्द रूप भक्ति रस का आस्वादन कर जगत् में आदर्श शिक्षा स्थापन करते हैं । कारण—व्रजीय परकीयाभाव विशुद्ध स्वकीयाभाव के ऊपर प्रतिष्ठित है, एक अद्वय ज्ञान तत्त्व श्रीकृष्ण ही सर्व पति एवं आश्रय तत्त्व हैं । अतएव जो श्रीकृष्ण, नित्य कान्त हैं, वह ही नित्य उपपति हैं । और जो नित्य स्वरूप शक्ति रूपिणी नित्य प्रेयसी, कान्ता हैं, वे सब ही उनकी परकीया नायिका हैं । नायक—परम ब्रह्म हैं, नायिका गण—उनकी स्वरूप

तथा लोकवल्लीलाकैवल्यावलम्बन-प्रेममय्यां श्रीगोकुल-सभायां लोकरीत्यैव समाधेयम्। तथाहि (भा० १०।३३।३७)—

'नासूयन् खलु कृष्णाय मोहितास्तस्य मायया,
मन्यमानाः स्वपार्श्वस्थान् स्वान् स्वान् दारान् व्रजौकसः ॥'५१२॥

इति च यच्छ्रूयते, तच्चात्राप्यवश्यमेव सङ्गमनीयम्। तस्य चायमर्थः— तस्य मायया कर्त्र्या मोहिताः सन्तो नासूयन्। तस्य स्वनित्यप्रेयसीस्वीकारलक्षणे गुणे कथमसावस्मद्धामार्थसुहृत्-प्रियात्मतनयप्राणाशयजीवातुतमः परदारस्वीकारामङ्गलमङ्गीकरोतीति दोषारोपं नाकुर्व्वन्नित्यर्थः। मायामोहितत्वमेवाह-मन्येति। स्वरूपासिद्धानां भगवद्दाराणामपरकर्त्तृक-बलात्-

शक्ति रूपा हैं। उस में अपर रूपी श्रीकृष्ण कर्त्तृक विवाहादि—निज चिच्छक्ति योगमाया द्वारा सम्पादित है, परिणाम में अर्थात् वृन्दावनीय अप्रकट वैभव रूप गोलोक लीला में योगमायावरण विदूरित होने पर नित्य कान्त, के सहित नित्य कान्ता रूप में मिलन होता है।

यह सब कारण से व्रजीय परकीयाभाव के विभावादि चमत्कार सुख स्वरूप होकर रसता वहन करते हैं। यहाँ रस निष्पन्न होता है, उस को व्यक्त करने का माध्यम शब्द है, किन्तु वह परमार्थ वस्तु भूत ही है, अतएव व्रजीय परकीया भाव का विशेष स्तव श्रीशुकादि महानुभावों ने मुक्त कण्ठ से किया है। ऐश्वर्य्य ज्ञानमयी परीक्षित् सभा में ऐश्वर्य्य ज्ञानरीति परकीयात्व का समाधान पूर्वक परम रसावहत्व स्थापित हुआ है, उस प्रकार ही 'लोकवल्लीला कैवल्य रीति से''- अर्थात् केवल लीला वशतः मनुष्य के समान चेष्टान्विता प्रेममयी गोकुल राजसभा में भी उक्त परकीया भाव का समाधान हुआ है।

भा० १०।३३।३७में उक्त है—''नासूयन् खलु कृष्णाय मोहितास्तस्य मायया।
मन्यमानाः स्वपार्श्वस्थान् स्वान् स्वान् दारान् व्रजौकसः॥

श्रीकृष्ण माया मोहित व्रज वासिगण, निज निज पत्नी को निज निज पार्श्व में अवस्थिता मानकर श्रीकृष्ण के प्रति असूया (गुण में दोषारोपण) प्रकाश नहीं किये थे। इसका तात् पर्य्य यह है—श्रीकृष्ण की चिच्छक्ति रूपा योग माया के द्वारा मोहित होकर व्रजवासि वृन्द श्रीकृष्ण के प्रति असूया नहीं किये थे। गुण में दोषारोपण असूया है। श्रीकृष्ण का निज निज प्रेयसी ग्रहण लक्षण गुण में, गृह, अर्थ, प्रिया, आत्मा तनय, प्राण, आशय एवं एक मात्र जीवन सर्वस्व से भी श्रीकृष्ण हमारे प्रियतम हैं, श्रीकृष्ण क्यों परदार ग्रहण करेंगे? इस प्रकार मानकर दोषारोपण नहीं किये थे।

वृजराज की सभा में विविध प्रमाणों से श्रीराधा चन्द्रावली का श्रीकृष्ण नित्य प्रेयसीत्व प्रतिपादित होने पर, जब श्रीकृष्ण प्रकाश्य रूप से निज प्रेयसी ग्रहण में तत् पर हुये थे उस समय गोपीगण के पतिम्मन्य गोपगण मन में धारणा किये थे, हमारे प्रियतम श्रीकृष्ण, कभी भी परदार ग्रहण रूप अधर्म में प्रवृत्त नहीं हो सकते हैं, इस के पहले वृजसीमन्तिनीगण का जो कृष्णानुराग सुव्यक्त हुआ था, वह अनुराग भी दोषावह नहीं है, कारण, श्रीकृष्ण की नित्य निज प्रेयसी गण ही श्रीकृष्ण में अनुरक्त हुई थीं, गोपगण की पत्नी वर्ग नहीं। यदि ऐसा नहीं होता तो अनुरागिणी होने पर भी श्रीकृष्ण परपत्नी को अङ्गीकार नहीं करते। श्रीकृष्णने हमारी क्षति कुछ भी नहीं की है। सुतरां श्रीकृष्ण के द्वारा अनुष्ठित कार्य्य में हम सब दोषारोप क्यों करेंगे? किन्तु, श्रीकृष्ण यदि साक्षात् रूप से गोप गण की धर्म पत्नी को प्रेयसी रूप में अङ्गीकार

कारपरिहारार्थमधुना चान्यदा च तत्तदाकारतया तस्य माया कल्पिता, ये ये स्वे स्वे दारास्तान् स्वस्वपार्श्वस्थान् मन्यमाना भगवद्दाराभेदेन स्वमत्या निश्चिन्वाना इत्यर्थः। तदेवम् (भा० १०।२९।९) "अन्तर्गृहगताः काश्चित्" इत्यत्रोक्तानामपि समाधानं ज्ञेयम्। परमसमर्थायास्तस्या मायाया निजप्रभुप्रेयसीनां तदेकानुरागस्वभावानां मर्य्यादारक्षणार्थं

करते, तथापि निज निज धर्म पत्नी को श्रीकृष्ण हस्त गत देखकर दुःखित नहीं होते। दुःखित होते—श्रीकृष्ण का अधर्मानुष्ठान को देखकर, कारण, अधर्मानुष्ठान से श्रीकृष्ण का अमङ्गल होगा।

गोपगण,--योगमाया रूप चिच्छक्ति के द्वारा (प्राकृत गुण माया के द्वारा नहीं,) मोहित थे, उसका प्रकाश करते हैं, 'मन्यमानाः' शब्द के द्वारा गोपगण निज पार्श्वस्थित पत्नीगण को मानते थे, किन्त निज शय्यास्थिता नहीं मानते, योगमाया कल्पित श्रीकृष्ण प्रेयसी वर्ग की रक्षा योगमाया अपर पुरष सङ्गम से करती थी। निज पत्नी वर्ग को निजशय्या सङ्गिनी करने का आग्रह गोपगण नहीं करते थे, इस में कारण द्वय हैं,—एक कारण चिच्छक्ति रूपा योगमायाका प्रभाव है,अपर कारण—व्रज प्रदेश की रीति है, पुष्पिता न होने से रमणीगण पतिशय्या सङ्गिनी नहीं होती हैं। व्रजदेवी गण पुष्पिता नहीं थीं, उनमें नारी धर्म का प्रकाश नहीं है, वे सब नित्य किशोरी एवं श्रीकृष्ण प्रेमवती हैं।

स्वरूप सिद्धा भगवत् प्रेयसीवृन्द अपर के द्वारा बलात्कार प्राप्त नहीं तज्जन्य उस उस आकृति से योगमाया कल्पिता निज पत्नी गण को गोपींने निज पार्श्व में अवस्थिता माना था, अर्थात् निज निज बुद्धि के द्वारा उन्होंने निश्चय ही कर लिया था।

कहा जा सकता कि—उक्त वृत्तान्त तो रास रजनी का ही, है, किन्तु सर्वदा ही क्या योगमाया वैसी रक्षा करती थीं ? उत्तर, हाँ, परम सामर्थ्य वती अघटनघटन पटीयसी चिच्छक्ति योगमाया, निज प्रभु प्रेयसी—जो सब श्रीकृष्ण में स्वभावतः ही अनुरागिणी हैं,उन सब की मर्य्यादा रक्षण हेतु तादृशीमाया कल्पित स्वरूप के सहित शुभ परिणय दिन से आरम्भ कर सर्वदा सावधान रही, रास लीला के दिन तो उपलक्षण है। परिणय दिवस में चिरन्तर रीति से पति शय्यास्थ कन्यागण नहीं हुई, कारण, गोप क्लीव थे—पुरुषत्व हीन थे, अतएव उक्त कार्य्य में वे सब अरुचिशील थे।

सुतरां स्वरूप सिद्धा गोपीगण की रक्षा पतिम्मन्य गोपगण के समीप में आवरण के द्वारा, एवं कल्पिता वणितागण की रक्षा भी योगमाया आवरण के द्वारा सर्वदा करती रहती थीं। इस प्रकार रीति को अपनाने का प्रयोजन--उत्तम भक्ति मार्ग प्रदर्शन करना था,इस से उत्कण्ठावर्द्धन उसमोद्ध्वं रूपसे होता है ही, विषय वितृष्णा भी ऐकान्तिक रूप से होती है।

तज्जन्य ही योगमाया द्वारा अनुष्ठित परकीया भाव सर्वथा श्लाघनीय है, दाम्पत्य में उस प्रकार उत्कर्ष नहीं है। अतएव श्रीकृष्णेच्छारूप योगमाया द्वारा अनुष्ठित कार्य्य सर्वथा सफल हुआ था, उसका निर्दशन श्रीमद्भागवत ३५।१४ के युगलगीत में है, इस में अत्यधिक उत्कण्ठा विवृत हुई है।

"विविध गोपचरणेषु विदग्धो वेणु वाद्य उरुधा निजशिक्षाः
तव सुत यदाधर विम्वे दत्तवेणुरनयत्स्वर जातीः"।

टीका—अपि च महदेतदाश्चर्य्यमित्याहुः विविधेति। हे सति यशोदे। तव सुतो नाना गोप क्रीड़ासु विदग्धो निपुणो वेणुवाद्ये विषये निजैव या शिक्षा, यासु ताः स्वोत्प्रेक्षिता नत्वन्यतः श्रुता इत्यर्थः। निषाद स्वरजाती निषाद ऋषभादि स्वरालाप भेदान् अनयत् उन्नीतवान्॥

परिणयमारभ्य सदैव सावधानतया योग्यत्वात्तद्दिनमुपलक्षणमेवेति । श्रूयते च कूर्म्मपुराणे द्वात्रिंशाध्यायस्यान्ते पतिव्रतामात्रस्य परात् परिभवो न सम्भवतीति कैमुत्येन श्रीसीता-देव्युदाहृता,—

गोपिका कही थीं, यह महदाश्चर्य्य है, हे सति यशोदे ! तुम्हारा पुत्र, विविध गोप क्रीड़ाओं में निपुण है, वेणुवाद्य विषय में स्वोद्भावित शिक्षा के द्वारा ही महीयान् है, अन्य से शिखने की आवश्यकता नहीं है, कारण—स्वर जाति समूह में जितने भेद हो सकते हैं, सब का ही तुम्हारा पुत्र आलाप करने में सक्षम है । रास प्रसङ्ग में उक्त है,—

"शुश्रूषन्त्यः पतीन् काश्चिदश्नन्त्यो ऽपास्य भोजनम् ।
लिम्पन्त्यः प्रमृजन्त्योऽन्या अञ्जन्त्यः काश्च लोचने ।
व्यत्यस्तवस्त्राभरणाः काश्चित् कृष्णान्तिकं ययुः ।
ता वार्य्यमानाः पतिभिः पितृभिर्भ्रातृ बन्धुभिः ।
गोविन्दापहृतात्मानो न न्यवर्त्तन्त मोहिताः ।।
अन्तर्गृह गताः काश्चिद् गोप्योऽलब्ध विनिर्गमाः ।
कृष्णं तद् भावना युक्ता दध्यु र्मीलित लोचनाः ।"

कतिपय गोपी स्नानादि के निमित्त उष्णोदक अर्पणादि द्वारा पति शुश्रूषा में रत रहीं, कोई कोई अङ्गराग लेपन कर रही थीं, अपर कतिपय गोपी अङ्गोद्वर्त्तन प्रवृत्ता हुई थीं, कोई तो लोचन में अञ्जन प्रदान कर रही थीं, वेणु ध्वनि श्रवण से ही उक्त कर्म्म समूह का त्याग कर ही वे सब श्रीकृष्ण के निकट उपस्थित हो गईं, व्यस्तता के कारण, उन सब के वसन भूषण विपर्य्यस्त हो गये थे । अर्थात् शरीर के ऊर्द्ध्व भाग में धारण योग्य वसन का धारण अधोभाग में हुआ था ।

पति, पिता, माता, भ्राता, एवं बन्धुवर्ग के द्वारा निवारिता होने पर भी गोविन्द कर्त्तृक उनसब के चित्त अपहृत होने से वे सब गमनरत रहीं, किसी भी प्रकार से निवृत्ता नहीं हुई । कतिपय गोपिका, अन्तर्गृह में अवरुद्धा हो गई थीं, किन्तु निर्गमन उपाय प्राप्त न होकर ध्यान से ही श्रीकृष्ण सङ्ग प्राप्त कर चूकी थीं ।

स्वरूप सिद्धागण की उत्कण्ठा वृद्धि का विवरण—युगलगीत एवं रास प्रकरणस्थ १०।२९।४-११ में परिस्फुट है । अन्यत्र भी उक्त विवरण सुव्यक्त है, अर्थात् उक्त स्थल में स्वरूप सिद्धागण,—माया कल्पिता नहीं रही, किन्तु प्रबलोत्कण्ठा ही अभिव्यक्त हुई है, यदि परकीया का आवरण नहीं होता तो उक्त उत्कण्ठा का परिचय दुष्प्राप्य ही होता ।।

संशय हो सकता है कि—व्रजदेविगण की प्रबलोत्कण्ठा दर्शन कर गुरुगण निर्य्यातन कर सकते, किन्तु उसका प्रतीकार का उपाय क्या रहा ? उत्तर—श्रीकृष्ण विषयक भाव ही अन्य कर्त्तृक पराभव का निवारक है, कारण—गर्गाचार्य ने कहा ही है, "य एतस्मिन् महाभागे प्रीतिं कुर्वन्ति मानवाः । नारयोऽभि-भवन्त्येतान् विष्णु पक्षानिवासुराः" जो सब मानव महाभाग श्रीकृष्ण में प्रीति करते हैं, विष्णु पक्षीय गण को जिस प्रकार असुरगण पराभूत करने में असमर्थ हैं, उस प्रकार ही उन सब का पर भव अपर कर्त्तृक नहीं हुआ । भा० १०।८।१८ श्लोकोक्त विवरण ही जब उस प्रकार है, तब निरतिशय प्रेमवती व्रजदेवी गण का अनिष्ट साधन अपर के द्वारा नहीं हो सकता है ।

परम समर्था श्रीकृष्णेच्छारूप योगमाया निज प्रभु प्रेयसी श्रीकृष्णैकानुरागवती वृन्द की सर्वदा मर्य्यादा रक्षणार्थ परिणय दिवस से आरम्भ कर निरन्तर अति सावधान तथा जागरुक रही, रास प्रसङ्ग के

''पतिव्रताधर्म्मपरा रुद्राण्येव न संशयः। नास्याः पराभवं कर्त्तुं शक्नोतीह जनः क्वचित् ।५१३।
यथा रामस्य सुभगा सीता त्रैलोक्य विश्रुता। पत्नी दाशरथेर्देवी विजिग्ये राक्षसेश्वरम् ।५१४।
रामस्य भार्य्यां विमलां रावणो राक्षसेश्वरः। सीतां विशालनयनां चकमे कालचोदितः ।५१५।
गृहीत्वा मायया वेशं चरन्तीं विजने वने। समाहर्त्तुं मतिं चक्रे तापसः किल भाविनीम् ।५१६।
विज्ञाय सा च तद्भावं स्मृत्वा दाशरथिं पतिम्। जगाम शरणं वह्निमावसथ्यं शुचिस्मिता ।५१७।
उपतस्थे महायोगं सर्व्वपापविनाशनम्। कृताञ्जली रामपत्नी साक्षात् पतिमिवाच्युतम् ।५१८।
नमस्यामि महायोगं कृतान्तं गहनं परम्। दाहकं सर्व्वभूतानामीशानं कालरूपिणम्।'५१९। इत्यादि।
''इति वह्निं पूज्य जप्त्वा रामपत्नी यशस्विनी। ध्यायन्ती मनसा तस्थौ रामसुन्मीलितेक्षणा ।५२०।
अथावसथ्याद्भगवान् हव्यवाहो महेश्वरः। आविरासीत् सुदीप्तात्मा तेजसेव दहन्निव ।५२१।
सृष्ट्वा मायामयीं सीतां स रावणबधेच्छया। सीतामादाय धर्म्मिष्ठां पावकोऽन्तरधीयत ।५२२।
तां दृष्ट्वा तादृशीं सीतां रावणो राक्षसेश्वरः। समादाय ययौ लङ्कां सागरान्तरसंस्थिताम् ।५२३।
कृत्वा च रावणबधं रामो लक्ष्मणसंयुतः। समादायाभवत् सीतां शङ्काकुलितमानसः ।५२४।
सा प्रत्ययाय भूतानां सीता मायामयी पुनः। विवेश पावकं दीप्तं ददाह ज्वलनोऽपि ताम् ।५२५।

दिन घटना तो एक उपलक्षण दृष्टान्त है। कूर्म्म पुराण के विवरण से ज्ञात है कि(कूर्म पुराणके द्वात्रिंशदध्याय से) पतिव्रता मात्र का ही पराभव अपर के द्वारा नहीं होता है, अतएव श्रीसीता देवी का प्रकरण उट्टङ्कित हुआ है।

पतिव्रता धर्म परायण रुद्राणी हैं, इस में कोई संशय नहीं है, कोई भी व्यक्ति इनको पराभूत करने में समर्थ नही हैं ।५१३।

जिस प्रकार त्रैलोक्य विश्रुता राम पत्नी सुभगासीता के द्वारा राक्षसेश्वर पराभूत हुआ ।५१४।

राक्षसेश्वर रावण ने विमला राम भार्य्या विशाल नयना सीता की अभीप्सा, काल प्रेरित होकर की ।५१५। मायिक वेश धारण कर तापस वेशी राक्षसेश्वरने निर्जन वने में भाविनी सीता को अपहरण करने की इच्छा की ।५१६। शुचिस्मिता सीता ने राक्षसेश्वर का भाव को जानकर वह्नि की शरण ली ।५१७। राम पत्नी सीताने कृताञ्जलि होकर सर्वपाप प्रणाशन साक्षात् पति अच्युत के समान महायोग का अनुष्ठान किया ।५१८। और कही—सर्वभूतों का दाहक एवं स्वामी कालरूपी परम गहन कृतान्त महायोग को मैं प्रणाम करती हूँ ।५१९।

उन्मीलित नयना राम पत्नी यशस्विनी सीताने उस प्रकार से जप एवं वह्नि पूजन कर मनसा राम चन्द्र की भावना की ।५२०।

अनन्तर आवसथ अग्नि से महेश्वर भगवान् हव्यवाह तेजके द्वारा मानों दग्ध कर रहे हैं, इस प्रकार सुदीप्तात्मा आविर्भूत हुये थे ।५२१।

वह्नि, रावण बधेच्छासे मायामयी सीता का सृजनकर धर्मिष्ठा सीता को लेकर अन्तर्धान हो गये ।५२२। उस प्रकार सीता को देखकर राक्षसेश्वर रावण सागरान्तर संस्थित लङ्का में सीता को ले गये ।५२३। लक्ष्मण के सहित राम, रावण को बध कर सीता का उद्धार किये थे, किन्तु शङ्का से व्याकुलचित्त हो गये थे ।५२४।

सीता राम की आशङ्का को जानकर मानवों को विश्वस्त करने के निमित्त सुदीप्त अनल में प्रविष्ट हो गई, अग्नि ने भी उनको जला दी ।५२५।

दग्ध्वा मायामयीं सीतां भगवानुग्रदीधितिः। रामायादर्शयत् सीतां पावकोऽभूत् सूरप्रियः ।५२६।
प्रगृह्य भर्त्तुश्चरणौ कराभ्यां सा सुमध्यमा। चकार प्रणतिं भूमौ रामाय जनकात्मजा ।५२७।
दृष्ट्वा हृष्टमना रामो विस्मयाकुललोचनः। ननाम वह्निं शिरसा तोषयामास राघवः ।५२८।
उवाच वह्ने भगवन् किमेषा वरवर्णिनी। दग्धा भगवता पूर्व्वं दिष्ट्या मत्पार्श्वमागता ।५२९।
तमाह देवो लोकानां दाहको हव्यवाहनः। यथावृत्तं दाशरथिं भूतानामेव सन्निधौ ॥"५३०॥ इत्यादि

एवमग्निपुराणमपि दृश्यम्। तदेवमपि यत्तु वाल्मीकिना नेदं स्पष्टीकृतम्, तत् खलु करुण-रसपोषार्थमेवेति गम्यते। सेयञ्च तस्य परिपाटी क्वचिदन्येनाप्युपजीव्यत इति ज्ञेयम्। तदेवं पतिव्रतामात्राणां विशेषतः श्रीभगवत्प्रेयस्याः प्रभावे सति (भा० १०।८।१८)

"य एतस्मिन् महाभागे प्रीतिं कुर्व्वन्ति मानवाः।
नारयोऽभिभवन्त्येतान् विष्णुपक्षानिवासुराः ॥"५३१॥

इति सामान्यविषये गर्गवचने च सति तादृशीनां भ्रमेऽपि तं नित्यकान्तमपरित्यजन्तीनां नित्यं तत्कान्तं परिचरन्ती माया श्रीरामावसथ्याग्निवदपि किं रक्षां न कुर्व्वीत, किन्तु तदीयलीलानाट्यरक्षार्थं तत्पतिम्मन्यादिष्वेव विवाहादि–शयनादिष्वेव च स्वरूपसिद्धा

भगवान् उग्रदीधिति माय सीता को दग्ध करने के पश्चात् सुरप्रिय पावक राम को सत्यसीता का दर्शन कराये थे ।५२६। जनकात्मजा सीताने भर्त्ता श्रीराम के चरण स्पर्श कर भूमि में प्रणति की ।५२७।

विस्मयाकुल लोचन राघव राम सीता को देखकर आनन्दित हुये, एवं शिरसा वह्नि को प्रणति के द्वारा सन्तुष्ट किये थे ।।५२८। एवं वह्नि को कहे थे,—हे भगवन् वह्ने ! मत् समीपस्था पूर्वदृष्टा वरवर्णिनी सीता को आपने दग्ध किया ? (५२९)

लोक दाहक हव्यवाहन देवने प्रत्युत्तर में दाशरथिको समस्त मानवों के सन्निकट में यथायथ रूप में समस्त वास्तविक वृत्तान्त कहे थे ।५३०। इत्यादि। यह वृत्तान्त कूर्मपुराण का है, अग्नि पुराण में भी उस प्रकार विवरण है।

किन्तु आदि कवि वाल्मिकि ने उस प्रसङ्ग को नहीं उठाया है, उसका कारण है, रामायण करुण रस पोषक काव्य है, उक्त करुण रस को पुष्ट करने के निमित्त ही आपने उसका उद्‌घाटन नहीं किया है। उस प्रकार परिपाटी को कहीं पर अपर कविने भी अपनाया है। इसका विशेष अनुसन्धान करना विधेय है।

पतिव्रता मात्र का ही प्रभाव उक्त रूप जब है, तब भगवान् की नित्य प्रेयसी वर्ग का विशेष प्रभाव होगा, अर्थात् अपर कर्त्तृक स्पृष्ट वे सब नहीं होंगे, इसमें कोई सन्देह नहीं है, वस्तुत अद्वय तत्व रूप भगवान् द्वितीय है ही नहीं, जीव शक्ति अथवा वहिरङ्गा शक्ति के सहित उनका साक्षात् व्यवहार नहीं है, भगवान् निज स्वरूप शक्ति में प्रतिष्ठित रहते हैं। प्रेयसीवर्ग– भगवान् की अभिन्न स्वरूप शक्ति हैं। इसका विवरण भा० १०।८।१८ में है—

"य एतस्मिन् महाभागे प्रीतिं कुर्वन्ति मानवाः।
नारयोऽभिभवन्त्येतान् विष्णुपक्षानिवासुराः ॥"

वृहद् वैष्णव तोषणी—महाभागेति—परम पुण्यवतीत्यसम्भावनानिरस्ता। वस्तुतस्तु भागो भगमेव निजाशेष भगवत्ता प्रकटन पर इत्यर्थः। यद्वा, "हे महाभागे ! इत्यन्ते श्रीयशोदा सम्बोधनम्,

आवव्रिरे । अन्येषु चान्यदा च कल्पिता एवेति गम्यते । तावदेव च युक्तम्, तासु मर्य्यादा-रक्षणोत्कण्ठावर्द्धनैकप्रयोजनत्वात्तस्याः । अथ तासामपत्यश्रवणञ्च यातृमानिनीप्रभृतीना-मपत्येषु तद्व्यवहारात् । साम्व—लक्ष्मणा-प्रत्यानयने श्रीबलदेवमुद्दिश्य (भा० १०।६८।५२) "ससुतः सस्नुषः प्रायात् सुहृद्भिरभिनन्दितः" इतिवत् । स्वापत्यत्वे सति विभाववैगुण्येन

"सपत्नीको धर्ममाचरेत्" इति न्यायात्, तथा भर्त्तु र्भार्य्यया सह अभेदात्, तथा स्नेह भरेण पुत्रस्य शुश्रूषया तत्रैवोपविष्टाया स्तस्याः प्रहर्षार्थं सर्वत्र अन्यत्र च श्रीनन्द प्राधान्यात् सम्बोधनमुक्तमेव । मानवा इति जात्याद्यपेक्षा निरस्ता, वस्तुतस्तु सङ्गोपनार्थमेव विशेषतश्च मर्त्य लोकेऽवतीर्णत्वेन मनुष्याणामेव प्रीति सम्भवात् । अरयो बाह्याः श्रीकंसादयः, प्रीतिकर्त्तृ प्रतिपक्षा आन्तराश्च कामादयः । विष्णु पक्षान् देवान् दैत्या इव,यद्वा,वैष्णवान् असुरा, असुर प्रकृतय इव नाभिभवितुं शक्नुवन्त्यतः, कदाचित् कथञ्चिदपि कंसादिभ्यो युष्माभिर्न भेतव्यमिति भावः ।।

श्रीगर्गाचार्य्य कहे थे—जो सब मानव महाभाग श्रीकृष्ण में प्रीति करेंगे, विष्णु पक्षीयजनगण जिस प्रकार असुरगण कर्त्तृक पराभूत नहीं होते हैं, उस प्रकार उन सब को भी शत्रुगण पराभूत नहीं कर सकते हैं । सुतरां निरतिशय प्रेमवती व्रजाङ्गना गण का अनिष्ट साधन करने में कोई भी समर्थ नहीं हैं, यह सहज अनुमेय है ।

बृ० वै० तोषणी । परम पुण्यवतीत्व में असम्भावना निरसन हेतु 'महाभाग' शब्द प्रयुक्त हुआ है । वस्तुतस्तु भागो ही भग है, अर्थात् जिन्होंने अशेष निज भगवत्ता को प्रकट किया है, उनमें प्रीति करने से मानव बाधाप्राप्त नहीं होते हैं, अथवा, 'महाभागे' यह यशोदा का सम्बोधन है, 'सपत्नीक धर्माचरण विधेय है, इस नियम से भर्त्ता के सहित पत्नी की अभिन्नता है, स्नेह परिपूरित हृदय से पुत्र परिचर्य्या हेतु एकत्र उपविष्ट यशोदा को आनन्दित करने के निमित्त सम्बोधन हुआ है, अन्यत्र प्राधान्य से श्रीनन्द का सम्बोधन होता है । 'मानवा' पद से सूचित है, कि—श्रीकृष्ण में प्रीति मानव मात्र ही कर सकते हैं, इस में वर्ग अथवा जाति भेद का विधान नहीं है, वस्तुतः ईश्वरत्व सगोपन पूर्वक मनुष्य में आविर्भूत होने के कारण श्रीकृष्ण प्रीति में मनुष्यमात्र ही अधिकारी हैं । अरि—कंसादि, जो शरीर से बाहर हैं, अन्तर में कामादि हैं, दैत्य गण विष्णुपक्षभूत देवगण को पराभूत नहीं कर सकते हैं, उस प्रकार ।

अथवा, आसुरिक प्रभृति भावसम्पन्न व्यक्तिगण वैष्णव को पराभूत करनेमें समर्थ नहीं होते हैं । अतएव आप सब का कंस से किसी प्रकार भय नहीं है ।

गोपाङ्गना गण तो भ्रम में भी नित्य कान्त श्रीकृष्ण को परित्याग नहीं करती हैं, चिच्छक्ति रूपिणी श्रीकृष्णेच्छा रूपा योगमाया भी नित्य कान्त श्रीकृष्ण की परिचर्य्या करती है, तब क्या श्रीराम की आवसथ्याग्नि के समान योग माया क्या श्रीकृष्ण प्रेयसी वर्ग की रक्षा नहीं करेगी ? किन्तु तदीय लीला नाट्य रक्षार्थ पतिम्मन्य गोपगण के सहित विवाह विषयक शयनादि यावतीय व्यवहारों में अति सतर्कता के सहित प्रेयसी वर्ग की रक्षा योगमाया करती रहती थीं, रस परिपोषण के निमित्त श्रीकृष्णेच्छारूपा चिच्छक्ति ही समस्त कल्पना करती थी । प्रकरण पाठ से इस प्रकार अर्थ बोध ही होता है । वैसा करना समीचीन ही था । कारण—उत्तमाभक्ति का प्रदर्शन अभिनय के द्वारा करने के निमित्त भक्ति स्वरूपभूत मर्य्यादा रक्षण, एवं श्रीकृष्ण विषयिणी दुर्दम्य लालसा को वर्द्धित करना ही उक्त परिपाटी का एकमात्र प्रयोजन था ।

रसाभासत्वमापद्येत । ततश्च(भा० १०।३३।३६)"भजते तादृशीः क्रीड़ा याः श्रुत्वा तत्परो भवेत्"

भा० १०।२९।२० में वर्णित है—"मातरः पितरः पुत्रा भ्रातरः पतयश्च वः ।
विचिन्वन्ति ह्यपश्यन्तो मा कृध्वं बन्धु साध्वसम् ।।

भा० १०।३०।१६ में उक्त है—

"पतिसुतान्वय भ्रातृबान्धवान् अतिविलङ्घ्य तेऽन्त्यच्युतागताः ।
गतिविदस्तवोद्गीतमोहिता कितव योषितः कस्त्यजेन्निशि ।।

इत्यादि वर्णना से प्रतीत होता है कि व्रज सीमंन्तिनीगण पुत्रवती रहीं, इसका समाधान करते हैं। वे सब यातृ (माता) प्रभृति पुत्र में पुत्र शब्द का प्रयोग करती थीं, अतएव उस प्रकार उक्ति हुई है।

भा० १०।६८।५२ में श्रीबलदेव को लक्ष्य कर कथन है—पुत्र पुत्रबधू के सहित श्रीबलराम का आगमन हुआ। अन्यथा, आश्रयालम्बन रूप विभाव वैरूप्य दोष से "रसानां समूहोरासः" रास लीला स्वादन में रसाभास उपस्थित होता। पुत्रवती रमणी गण के पुत्रगण माता का अन्वेषण के निमित्त निर्गत होने पर नायिकागण के पक्ष में अनादर्श अश्लील काम क्रीड़ा ही होती, इस में रस गन्ध भी न होने से भक्ति रस शब्द का प्रयोग श्रीभागवत में नहीं होता, वर्त्तमान काल में अभिनय परायण व्यक्ति गण विशुद्ध अश्लील काम क्रीड़ा का परिवेशन ही श्रीकृष्ण चरित्र के माध्यम से करते हैं, एवं स्वयं कामाभ्यास भी करते हैं।

किन्तु सज्जन वृन्द कभी भी उस प्रकार जघन्य आदर्श का स्थान मनमें नहीं देते हैं। प्राचीन आचार्य्य गण, एवं शास्त्र कर्त्तागण के चरित्रानुशीलन से प्रतीत होता है कि वर्त्तमान में प्रचलित जघन्य सांसारिक विषय भोगाकाङ्क्षा से उक्त सज्जन वृन्द का अवलम्बनीय विषय पूर्णतः भिन्न है। कारण, मुनीन्द्र श्रीशुकदेव, सज्जन पूर्ण महानुभव श्रीपरीक्षित् महाराज के सभा में श्रीकृष्ण की औपपत्यमयी रासादि लीला का वर्णन प्रेम विह्वल चित्त से ही किये हैं। जो लोक प्राकृत सांसारिक रस में ही एकमात्र रस शब्द का प्रयोग करते हैं, उन सब को अनुसन्धान करना कर्त्तव्य होगा कि—अप्राकृत रस का उत्स होने के कारण--श्रीशुकदेव ब्रह्म समाधि को धिक्कार प्रदान कर रास लीलास्वादन में आत्म नियोग किये थे।

रास क्रीड़ा का उपसंहार में श्रीशुक ने कहा है भा० १०।३३।३६।

"भजते तादृशीः क्रीड़ा याः श्रुत्वा तत् परो भवेत् ।।

श्रीकृष्ण—तादृशी क्रीड़ासमूह का अनुष्ठान करते हैं। जिस को सुनकर भक्तभिन्न अन्यजन भी श्रीकृष्ण में आसक्त हो जाय।" इस से बोध होता है कि—श्रीकृष्ण लीला सर्व चित्ताकर्षिणी है।

यदि श्रीकृष्ण, निज विवाहित पत्नी अथवा पुत्रवती रमणी वृन्द के सहित रास लीला का अनुष्ठान करते तो वह विशुद्ध वीभत्सकामातुर की क्रीड़ा होती, एवं विभाव वैरूप्य होने से रसाभास दोष होता, रसाभास दोष दुष्ट आचरण में श्रवण वर्णन कारिगण आसक्त न होकर विरक्त ही होते। भा० १०।३३।३६ स्थ 'भजते तादृशीः क्रीड़ाः' का वृहत् क्रम सन्दर्भ—

व्रजाङ्गनाभिः सह क्रीड़नं स्वरूप विहार एव न धर्म व्यतिक्रम इति भावः। ननु तर्हि रहस्य भूतामीदृशीं क्रीड़ां कथं भुवि प्रकटितवान् ? इत्याह—अनुग्रहायेत्यादि। भक्तानामनुग्रहायेत्यादि। भक्ताना मनुग्रहाय तादृशीः क्रीड़ा भजते, या श्रुत्वा मानुषं देहमाश्रितो यः कश्चिदेव तत् परः भवेत्। भक्तास्तावद् विविधाः—रसस्य वैविध्यात्। तेन नाना रसा एव लीलाः करोति। तेषां स्व स्ववासनोपासनाभेदादिति भक्तानुग्रहार्थ मेव लीलाः ।। तासां श्रवणात् कश्चिदेव मानुष देहभाक् मुच्यते" इत्यर्थः ।।

इति, (भा० १०।३३।२५) "सिषेव" इत्यादौ "सर्व्वाः शरत्काव्यकथारसाश्रयाः" इति च विरुध्येत। परपुत्रत्वप्रतिपादनायैव (भा० १०।२९।६) "पाययन्त्यः" इत्यन्ते "सुतान् पयः" इत्येवोक्तम्, न तु सुतान् स्तनमिति। अतएव (भा० १०।२९।२०) "मातरः पितरः पुत्रा भ्रातरः

गोपीनां तत् पतीनाञ्च सर्वेषामपि देहिनाम् योऽन्तश्चरति योऽध्यक्षः क्रीड़नेनेह देहभाक्। श्लोक में कहा गया है, गोपाङ्गनागण, श्रीकृष्ण के क्रीड़ापाञ्चालिका के समान निज क्रीड़ा देह हैं। उन सब के सहित श्रीकृष्ण साक्षात् क्रीड़ा देह आविष्कार कर क्रीड़ा करते हैं।

प्रश्न हो सकता है, इस प्रकार अज्ञात पूर्व अति गूढ़ लीला का प्रकटन भूतल में क्यों करते हैं? कहते हैं मानव मात्र के प्रति अनुग्रह करने के निमित्त, भक्तगण के प्रति अनुग्रह करने के निमित्त अपूर्व लीला करते हैं, मानव को सत् शिक्षा से शिक्षित करने से ही भक्त गण के प्रति अनुकम्पा होती है, अतएव इस प्रकार लोभनीय क्रीड़ा करते हैं, जिसको सुनकर मानव देह धारी कोई मनुष्य, जिस को अच्छा लगेगा, वह श्रीकृष्ण में आत्म समर्पण करेगा। भक्तगण—अनेक विध होते हैं, कारण—रस बहुविध हैं, तज्जन्य श्रीकृष्ण—नाना विध लीला करते रहते हैं। निज निज वासना भेद से उपासना में भेद होता है, अतः बहुविध लीला करते हैं, उन सब लीला श्रवण से आकृष्ट चित्त कोई व्यक्ति दैहिक आसक्ति से अपने को मुक्त करेगा।

भा० १०।३३।२५। में उक्त है—

"एवं शशाङ्कांशुविराजिता निशाः ससत्यकामोऽनुरताबलागणः।
सिषेव आत्मन्यवरुद्ध सौरतः सर्वाः शरत् काव्यकथारसाश्रयाः॥

टीका—रास क्रीड़ा निगमयति एवमिति। स कृष्णः, सत्यसङ्कल्पः अनुरागि स्त्री कदम्बस्थ एवं सर्वा निशाः सेवितवान्। शरत् काव्य कथारसाश्रयाः शरदि भवाः काव्येषु याः कथास्ताः सिषेवे इति। एवमपि आत्मन्येव अवरुद्धः सौरतश्चरमधातुर्नतु स्खलितो यस्येति काम जयोक्तिः॥

बृहत् क्रम सन्दर्भः—उपसंहरति—एवमित्यादि। सत्य कामः सत्य सङ्कल्पः स श्रीकृष्णः, शशाङ्कांशु विराजिता निशा व्याप्य, उक्त प्रकारे बहु वचनम्। शरत् काव्य कथाः सिषेवे, शरदि—संवत्सरे याः काव्य कथा ऋतु षटक भवा या वनविहार—जलविहार-मधुपान रतोत्सवादयः काव्याङ्गभूताः कथास्ता इत्यर्थः। तादृश लीलानामतिगोप्यत्वात् श्रोतॄणामनधिकाराच्च सङ्केतेनैवोपसंहृतं भगवता श्रीशुकाचार्य्येण। "तत्र मदच्युद्द्विरद" दृष्टान्तेन मधुपानम्। "आत्मन्यवरुद्ध सौरतः" इत्यनेन रतोत्सवः। अवरुद्धमवरोधः सुरतमेव सौरतम्, आत्मन्यवरोधः सौरतं यस्येति रतमर्य्यादा चोक्ता, सङ्केतेनैवेति दिक्। तच्च विपरीततरमित्यर्थः। रसाश्रयाः श्रृङ्गारसाश्रयाः॥"

सत्य सङ्कल्प प्रभु ने व्रजसुन्दरी वृन्द के सुरतसम्बन्धी हावभावादि को एवं चरम धातु स्खलन को निरोध कर शरत् काव्य कथा रसाश्रया रजनी समूह में उनसव के सहित विहार किया था।

भा० १२।३३।२५ के विवरण के अनुसार सुस्पष्ट प्रतीत होता है कि—अलौकिक भक्ति रस ही जिस रजनी समूह का आश्रय है, उक्त समूह रजनी में विहार श्रीकृष्ण किये थे। इस से स्वरूप शक्तिभूता व्रज देवी गण के सहित प्रकाशित लीला में रस निष्पत्ति हुई थी। व्रजाङ्गना गण श्रीकृष्ण की धर्मपत्नी होने से अथवा पुत्रवती होने से इस निष्पत्ति का अङ्गीकार श्रीशुकदेव नहीं करते।

भा० १०।२९।६ श्लोक में पुत्र की वार्त्ता उक्त है, किन्तु अपर के पुत्र प्रतिपन्न करने के निमित्त ही श्रीशुक देव कहे थे—"पाययन्त्यः शिशून् पयः" कतिपय गोपी शिशु को दुग्ध पान करा रही थीं, "सुतान्

पतयश्च वः" इति श्रीभगवद्वाक्यं परिहासत्वेनैव रसाय सङ्गच्छते, वास्तवत्वेन तु वैरस्यायैव स्यात्, तासामङ्गीकरिष्यमाणत्वात्। क्वचित्ताभिरेव तेषु यत् पति-शब्द प्रयुक्तस्तद्बहिर्लोक-व्यवहारत एव, नान्तर्दृष्टितः, (भा० १०।२९।३२)-"यत् पत्यपत्यसुहृदामनुवृत्तिरङ्ग" इत्यादिना तदनङ्गीकारात् (भा० १०।४६।४) "मामेव दयितं प्रेष्ठमात्मानं मनसा गताः" इति श्रीभगवता तासामन्तःकरणप्रकाशनात् (भा० १०।४७।४७) "परं सौख्यं हि नैराश्यं स्वैरिण्यप्याह पिङ्गला' इत्यादिना ताभिः स्वेषां तदेकनिष्ठताव्यञ्जनात्, (भा० १०।२१।९) "गोप्यः किमाचरदयम्"

पयः" "पुत्रगण को स्तनपान करा रही थीं" ऐसा नहीं कहे थे। अतएव भा० १०।२९।६ में उक्त "मातरः पितरः पुत्राः" भ्रातरः पतयश्च वः" भातृगण, पितृगण पुत्रगण, भ्रातृगण, पतिगण, तुम सब का अनुसंधान कर रहे हैं, " यह वाक्य श्रीकृष्ण का परिहास पूर्वक है, उससे ही रस सम्पादित होता है, यदि वास्तविक पुत्रादि होते तो यह उक्ति रस व्याघातक होती। कारण, इसके पश्चात् ही रास लीला में उन सब को अङ्गीकार करना था, समय समय पर व्रजाङ्गना गण, पतिम्मन्य गोपगण में अर्थात् व्यवहारिक पतिवर्ग में पति शब्द का प्रयोग किये हैं। वह व्यवहारिक लोक व्यवहार का अनुकरण से ही है। पारमार्थिक दृष्टि से अर्थात् अन्तर्दृष्टि से नहीं हुआ है। उस का प्रतिपादन उन्होंने भा० १०।२९।३२ में किया है—

"यत् पत्यपत्य सुहृदामनुवृत्तिरङ्ग
स्त्रीणां स्वधर्म इति धर्म विदा त्वयोक्तम्।
अस्त्वेवमेतदुपदेश पदे त्वयीशे
प्रेष्ठो भवांस्तनुभृतां किल बन्धुरात्मा॥"

हे प्रभो! आप सर्वश्रेष्ठ धर्मवेत्ता हैं, आपने जो कुछ कहा है—"पति पुत्र सुहृद् गण की अनुवृत्ति करना ही नारीगण का स्वधर्म है," वह उपदेश, निखिल उपदेश का विषयीभूत ईश्वर स्वरूप आप हैं, आप में विनियोग हो, कारण, आप तो निखिल देहधारीओं का आत्मा हैं, प्रियतम हैं, एवं बन्धु भी हैं। उक्त श्लोक में गोपीगणोंने पारमार्थिक पति का प्रकाश सुस्पष्ट रूप से किया है। अर्थात् व्यवहारिक लौकिक आनुष्ठानिक पतिसंज्ञित व्यक्तियों में पतित्वादि का व्यवहार आत्मास्वरूप आपका अधिष्ठान से ही होता है, आत्मा अन्तर्हित होने से वह व्यवहारिक कान्त वीभत्सरसाश्रय शव नाम से अभिहित होता है, सुतरां अपर में पतित्वादि धर्म वहिरङ्ग दृष्टि से गौण प्रयोग से सिद्ध है, आप में पतित्वादि धर्म अन्तर्दृष्टि से स्वतः सिद्ध है। जिन्होंने स्वतः सिद्ध पतिरूप में आप को प्राप्त नहीं किया है, उसने ही अपर का भजन किया है। हम सबने स्वतः सिद्ध प्रियरूप आप को प्राप्त किया है। हम सब आपकी अनुवृत्ति करने में कृत सङ्कल्प हैं। आप को छोड़कर अपर की अनुवृत्ति करने से आप का उपदेश व्यर्थ होगा, उक्त उपदेश सफल करने के निमित्त ही हम सब आप की सेवाभिलाषिणी हैं।

उसके पश्चात् श्रीकृष्णने उद्धव को कहा—(भा० १०।४६।४)

"मामेवं दयितं प्रेष्ठमात्मानं मनसा गताः"

गोपी गणने मुझ को प्रिय, प्रियतम, एवं आत्मा रूप में मान लिया है। भगवान् गोपीगण के अंतःस्थल में प्रविष्ट होकर उन सब का मानसिक भाव का प्रकाश उक्त श्लोक से किये हैं। भा० १० ४७ ४७ में "परं सौख्यं हि नैरास्यं स्वैरिण्यप्याह पिङ्गला" गोपिका ने कही—पिङ्गला की बात ही ठीक है, आशा ह परमं दुःखं, नैरास्यं परमं सुखम्" कृष्ण की आशा ही दुःखित करती है, तब वैसा ही करो, आशा छोड़ो,

इत्यादौ "दामोदराधरसुधामपि गोपिकानां, भुङ्क्ते स्वयम्" इत्यनेन, (भा० १०।४७।२१) "अपि वत मधुपुर्य्यामार्य्यपुत्रोऽधुनास्ते" इत्यनेन च ताभिः स्वयमुक्तेश्च । तत एतदुक्तं भवति रास पञ्चाध्याय्याम् (भा० १०।३३।७) "नासूयन् खलु कृष्णाय" इत्युक्तदिशा (गो० ता० उ० २३) "स वो हि स्वामी भवति" इति ताः प्रति तापनीस्थित--दुर्व्वाससो वाक्यवत्, (भा० १०।३३।३७) "कृष्णबध्वः" इत्युक्तरीत्या च, याः खलु (भा० १०।२९।१) "योगमायामुपाश्रितः" इति

आशा छोड़ी नहीं जाती, जानती हूँ। तथापि छोड़ना असम्भव है, आशा दुर्वारा है, दुरत्यया है। इस से उन्होंने कृष्णके निष्ठुरता को सुव्यक्त किया है। भा० १०।२१।९ वेणुगीत में उक्त है—"हे गोपीगण! वेणु ने कैसा अनिर्वचनीय पुण्य किया है। कारण, यह वेणु केवल गोपी भोग्य श्रीकृष्ण अधरामृत का यथेष्ट पानकर रही है।" "दामोदराधरसुधामपि गोपिकानां, भुङ्क्ते स्वयम्" श्लोक में श्रीकृष्ण अधरामृत में अपना ही एकमात्र अधिकार सूचित कर श्रीकृष्ण में पतिभावना सुव्यक्त हुई है। भा० १०।४७।२१ में तो उन्होने स्वयं ही कहा है—'अपिवत मधुपुर्य्यामार्य्यपुत्रोऽधुनास्ते ।।

उक्त विचारसमूह का प्रदर्शन के अनन्तर गोपीकृष्ण का सम्बन्ध रहस्य का वर्णन करते हैं। गोपीगण श्रीकृष्ण की नित्य प्रेयसी हैं, आनुष्ठानिक भार्य्या नहीं हैं। उन सबका परकीयात्व—श्रीकृष्णेच्छारूपिणी चिच्छक्ति योगमाया द्वारा संघटित है। योगमाया सम्पादित सम्बन्ध सम्पन्न गोपीगण के सहित ही श्रीकृष्ण की रासलीला सम्पन्ना हुई थी। उक्त विषय का परिज्ञान केवल योगमाया का था, श्रीकृष्ण, गोपिकाप्रभृति अपर किसी का नहीं था। योगमाया कल्पित गोपीगण की वार्त्ता भा० १०।३३।३७ स्थ रासलीला में है। "नासूयन् खलु कृष्णाय मोहितास्तस्यमायया" गोपगण—योगमाया कल्पित छाया रूपा गोपी को गृह में अवस्थित देखकर कृष्ण में दोषारोपण नहीं करते थे।

नित्य प्रेयसी गोपीगण की वार्त्ता गोपाल तापनी उ० २३ में इस प्रकार है—'वह श्रीकृष्ण तुम सबके स्वामी हैं" इस उक्ति के समान रासपञ्चाध्यायी में 'कृष्णबध्वः" श्रीकृष्ण बधूवर्ग" सुव्यक्त है।

पतिम्मन्य गोपगण को प्रतारित करके श्रीकृष्ण के समीप में प्रेयसीगण को आनयन करतः रासादि लीला निर्वाह हेतु श्रीभगवान् कर्त्तृक नियुक्त होकर योगमाया ने ही उस प्रकार कल्पितागोपियों का प्रकाश किया है। सुतरां प्रकट काल में स्वतः परतः प्रच्छन्ना द्विविधा गोपिका थीं। योगमाया कल्पिता गोपिकागण स्वतः प्रच्छन्ना थीं। वे सब प्रयोजनानुसार व्यक्त होती थीं, यथार्थ श्रीकृष्ण प्रेयसीवर्ग—परतः प्रच्छन्ना थीं। इन सबकी वास्तविकी सत्ता थी। अपर गोपवृन्द के सहित विवाहादि व्यवहार समय में योगमाया इन सबको आवृतकर रखती थी। योगमाया देवी का प्रभाव से हो प्रापित मर्य्यादा (पातिव्रत्य रक्षण) एवं उत्कण्ठा के द्वारा गोपीगण के द्वारा पालित रसतरु परिपुष्ट होने के पश्चात् पर्य्यावसान में निरुपद्रव पूर्ण महासुख रूप फलास्वादन के निमित्त (अर्थात् प्रकट लीला में लोकशिक्षा के निमित्त रूपकाभिनय करना आवश्यक होता है, अप्रकट लीला में उसकी आवश्यकता नहीं है, केवल प्रिया के सहित निरवधि अवस्थान है। जिस प्रकार रङ्गमञ्चस्थ नट, एवं गृहाभ्यन्तरस्थ नट की रीति है, उस प्रकार)।

मुनि का कथन एवं आकाशवाणी प्रभृति को अवलम्बन कर अथवा स्वयं ही आविर्भूत होकर गोकुल-वासिगण को सुविश्वस्त किये थे। अनन्तर नित्य प्रेयसीगण योगमाया के द्वारा अनावृत होकर मुझको ही रमण रूप में प्राप्त किये थे। भा० १०।३३।३७ में उक्त "नासूयन् खलु कृष्णाय मोहितास्तस्यमायया" श्रीकृष्ण के प्रति असूया परिहार के निमित्त माया का कल्पित गोपीगण निज-निज पतिसान्निध्य को प्राप्त

श्रवणात्तदर्थभगवन्नियुक्तयोगमायाकल्पिताकल्पिततया योगमायैकविदितं स्वतः परतश्च प्रच्छन्नं द्विविधायमाना आसन्, तास्तु पश्चाद्योगमाययैव देव्या प्रापिताभ्यां मर्य्यादोत्-कलिकाभ्यां स्वपालितस्य रसपोषतरोः पर्य्यवसान-निरुपद्रवमहासुखप्राप्तिरूपाय फलाय मुन्याकाशवाण्यादिकं द्वारीकृत्य वा स्वयमेव प्रकटीभूय वा श्रीगोकुलवासिनः प्रति तथैव व्यक्तीकृताः स्वरूपेण मामेव रमणं प्रापुः (भा० १०।३३।३७) "नासूयन् खलु" इत्याद्युक्ता-

किये थे। यह ही, भगवदुक्त—"मत् कामारमणं जारमस्वरूपोविदोऽबलाः। ब्रह्ममां परमं प्रापुः सङ्गाच्छत सहस्रशः।। श्लोक का भगवदभिमत है।

यहाँ पर संशय हो सकता है कि—माया कल्पिता गोपीगण का परिणाम क्या है? कहते हैं, संज्ञा एवं छाया नामक सूर्य्यपत्नी के समान ही सुव्यक्त परिणाम है, इस प्रकार कल्पना का समाधान रीति सर्वत्र हो एक रूप है।

अर्थात् समय विशेष में परिचायक छाया अथवा संज्ञा उद्भूत होकर व्यक्ति विशेष का परिचायक होती है, किन्तु उसकी स्वतन्त्र सत्ता नहीं रहती है, मौलिक संज्ञा एवं मूल शरीर का प्रकाश होने पर उससे भी समधिक व्यवहार निष्पन्न एवं आनन्द होता है। तद्रूप योगमाया रूप कृष्णेच्छा कल्पित गोपीगण—श्रीकृष्ण प्रेयसीवर्ग का प्रतिनिधि रूप में आविर्भूत होकर कार्य्यनिर्वाहक थीं, स्वतन्त्र सत्ता उन सबकी नहीं है। व्रजवासिगण उन सबको देखते थे, किन्तु व्यवहारोपयोगिता उन सबमें नहीं रही। जिस प्रकार यादुकर के द्वारा उद्भावित रसगोल्ला, एवं वास्तविक रसगोल्ला है, तद्रूप जानना होगा।

इस प्रकार कल्पना करने से ही मातापिता प्रभृति का अभीष्ट सिद्ध होता है, इस जगत् में विवाह को ही एक मात्र अभीष्ट, पिता माता प्रभृति मानते हैं। कारण, पुत्र कन्या उत्पन्न होने से विवाह के द्वारा ही वात्सल्य पूर्ण होता है।

ब्रह्मा की उक्ति में व्रजवासी का लक्षण है—धाम, अर्थ, प्रिय, आत्म, तनय, प्राण, आश्रय - कृष्ण के निमित्त ही होते हैं। अतएव व्रजदेवीगण के माता-पिता श्रीकृष्ण को ही निज-निज कन्या दान करने में स्वाभाविक समुत्सुक थे। दैववश से अन्यत्र गोपगण के सहित निज-निज कन्याओं का विवाह होने से उन सबके मन में अस्वस्ति थी, विवाहित कन्याओं का सम्प्रदान श्रीकृष्ण को करने का सुयोग प्राप्त कर वे सब श्रीराधादि कन्यागण का सम्प्रदान श्रीकृष्ण को करके सफल मनोरथ हुये थे। गोपाल चम्पू ग्रन्थ में काव्य रीति से इस विवाह रीति का आस्वादन आपने किया है। श्रीराधा प्रभृति का विवाह अपर गोप के सहित सर्वविदित रूप से हुआ था, किन्तु वह विवाह योगमाया कृत रहा, उसको प्रमाणित करने के निमित्त आकाशवाणी, दुर्वासा की वाणी एवं योगमाया का आविर्भाव, अग्निपरीक्षा की कल्पना की गई है।

विवाह संस्कारापन्नजनगण की रुचि श्रीकृष्ण-लीला में स्थापन हेतु अनादि शृङ्गाररस-मूर्त्ति श्रीराधा-कृष्ण में विविध कल्पना की गई है। नभोवाणी, योगमाया का कथन, संज्ञा छाया रीति, अग्नि-परीक्षा एवं वात्सल्य की विश्रान्ति विवाह में इत्यादि का निर्वाह प्रधान रूप से हुआ है। सम्प्रति उज्ज्वल नीलमणि नायकभेद २० श्लोक में धृत भरतमुनि का वचन उट्टङ्कन पूर्वक समाधान करते हैं। भरतमुनि राधाकृष्ण में परकीयात्व मानते हैं, उनका कथन है, 'रस परिपाटी प्रदर्शन हेतु निज प्रेयसी वर्ग को अवतारित कर क्रीड़ाभिनय करने के कारण, श्रीराधाकृष्ण में परोढ़ात्व दूषण नहीं है, अपितु भूषण है।" कारण, रसा-स्वादन की पराकाष्ठा दाम्पत्य में नहीं है, किन्तु परकीयात्व में ही है, इसमें बहु बाधा है, प्रच्छन्न कामुकता है, एवं पारस्परिक मिलन की दुर्लभता है, अतएव निरन्तर उत्कण्ठा तन्मयता स्वेतरविषय वितृष्णा एवं

सूयापरिहारस्य सम्यक्त्वाय तत्कल्पितास्तु स्वस्वपतिमित्येव श्रीभगवन्मतम्। दृश्यते च, संज्ञाच्छायादिवत् कल्पनाया व्यक्तत्वमेव परिणामः सर्व्वत्र। तदित्थमेव मातरपितरादीनाम-भीष्टं सिध्यति, तस्मिन्नेव तेषां वात्सल्यस्य विश्रान्तेः। न च दाम्पत्ये प्रकटे (उ० नी० नायकभेद० २०श-श्लोक-धृत-भरतमुनिवचनम्)

> बहु वार्य्यते यतः खलु, यत्र प्रच्छन्नकामुकत्वञ्च।
> या च मिथो दुर्लभता, सा परमा मन्मथस्य रतिः॥" ५३२॥

इति भरतानुसृत-निवारणाद्यभावाद्रसनिष्पत्तिर्न स्यादिति वाच्यम्। तस्य निवारणं खलु न भयदानेन भवेत् सर्व्वातिशायि-सामर्थ्यात्, किन्तु लज्जादानेनैव। लज्जा च कुलीनकुमाराणां स्वस्त्रीगतरहस्यविहारविशेषस्य परेणानुमितावपि जायते, किमुत—

> 'यत्र ह्रीः श्रीः स्थिता तत्र यत्र श्रीस्तत्र सन्नतिः।
> सन्नतिर्ह्रीस्तथा श्रीश्च नित्यं कृष्णे महात्मनि॥" ५३३॥

इति हरिवंशाद्युक्तानुसारेण परमलज्जादिगुणनिधानस्य व्रजे नववयः श्रीलतामेवाभि-व्यञ्जतस्तस्य सिद्धे च लज्जालुत्वे स्वयमेव निवारणादित्रयं सिध्यति। किन्तु लज्जा द्विविधा-

आनुकूल्य सेवन माहात्म्य के कारण परकीया में ही रसोत्कर्ष है, यह श्रीराधाकृष्ण विषयक परकीया में ही है, अन्यत्र रसाभास है, नरकपात है, यहाँ एक शक्तिमत्तत्त्व ही लोकशिक्षार्थ विभिन्न सपरिकर अभिनय-भूमिका प्रवर्त्तन करते हैं।

किन्तु पूर्वोक्त रीति विवाहामोदीगण को सुखी करने के निमित्त गन्धर्व विवाह, अनुष्ठानिक विवाह, प्रेम विवाह प्रभृति का अनुष्ठान होने से भी पुनर्वार प्रकट दाम्पत्य को दर्शाया गया है।

उक्त जायापती रूप में राधाकृष्ण रुक्मिणी वासुदेववत् स्थित होने से "बहु वार्य्यते यतः खलु, यत्र प्रच्छन्न कामुकत्वञ्च। याच मिथो दुर्लभता, स परमा मन्मथस्य रतिः॥"

इस प्रकार रीत्यनुसृत भरतमुनि सम्मत रसनिष्पत्ति नहीं होगी। दाम्पत्य में पुत्रोत्पादन हेतु क्रीत दासी का ग्रहण होता है, उसमें व्यञ्जना वृत्ति की आवश्यकता नहीं होती है, समाज काम भोग के निमित्त निर्दिष्ट कर देता है। अतः उक्त लक्षण प्रावावसर दाम्पत्य में नहीं है। दाम्पत्य में भी उक्त लक्षण घट सकता है, उसका उपपादन करते हैं। दाम्पत्य में निर्भय स्वीयत्व सम्बन्ध होता है, अतएव भयदान के द्वारा अभिगमन का निवारण नहीं होता है, किन्तु लज्जादान के द्वारा होता है। कुलीन कुमारों की लज्जा होती है, यदि निज स्त्रीगत रहस्य विलास का परिज्ञान अन्य का होता है तो। श्रीकृष्ण के विषय में तो कहा नहीं जा सकता है, श्रीकृष्ण ही एकमात्र सुचरित्र गुण में अनुपम हैं, श्रीहरि बंश में श्रीकृष्ण को लक्ष्य कर वर्णित है, 'यत्र ह्रीः श्रीः स्थिता तत्र यत्र श्रीस्तत्र सन्नतिः।
सन्नति ह्रीस्तथा श्रीश्च नित्यं कृष्णे महात्मनि॥"

जहाँ पर लज्जा है, वहाँ पर ही लक्ष्मी है, जहाँ लक्ष्मी है, वहाँ नम्रता है, किन्तु कृष्ण में नित्य रूप में सन्नति ह्री एवं श्री विराजित हैं, कारण श्रीकृष्ण ही महात्मा हैं। अतएव परमलज्जादि गुण निधान श्रीकृष्ण का व्रज में कैशोर अवस्था प्रकटित होने पर स्वयं ही श्रीकृष्ण लज्जालु थे, अतएव स्वाभाविक रूप में निवारणादि त्रय की सिद्धि होती है।

सङ्कोऽप्य न्याय्यकर्म्मणि सङ्कोचमात्रकरी, अन्याय्यकर्म्मणि न्यक्कारकरी च । तत्र पूर्व्वा—व्याजान्तराच्छन्ना नातिविरोधिनी, उत्तरा यशः प्रियेण तेन कृतेऽपि व्याजे तस्यानुमितिश्चेद् द्विगुणीभूय विरोधिनो । तदेवं सति (पद्म-पु० उ० ८४ अ०) "गोपनारीभिरनिशं क्रीड़यामास केशवः" इति श्रुतानिशक्रीड़ा पारदार्य्ये सर्व्वथा न सम्भवति, स्वदारत्वे तु तासामसंख्यानां स्वस्वरूपपत्यप्राप्तया जातपरमदुःखानां गुरुभिरपि सम्मतः सान्त्वनादिरूपो य आवश्यकधर्म्मस्तद्विधव्याजेन सम्भवति । यच्च (पद्म-पु० उ० ८४ अ०)—

किन्तु लज्जा द्विविधा होती है—प्रथमा, न्याय्यकर्म में गोपनात्मिका सङ्कोच मात्र करी है, द्वितीया, अन्याय्यकर्म में धिक्कार रूपा है । प्रथमा लज्जा—छल के द्वारा आच्छन्ना होने से अति विरोधिनी नहीं है, किन्तु उत्तरा लज्जा—द्विगुणी रूप में विरोधिनी है, कारण, यशःप्रिय व्यक्ति के पक्ष में छल पूर्बक सेवन करने पर भी अनुमित होने से अधिक लज्जा होती है, श्रीकृष्ण तो प्रसिद्ध सुशील हैं । स्थिति वैसी होने पर भी पद्मपुराण की उक्ति है—"गोपनारीभिरनिशं क्रीड़याभास केशवः" गोपपत्नीवृन्द के सहित केशव ने दिनों रात क्रीड़ा की" । यहाँ वर्णित अनवरत क्रीड़ा का सम्पादन परदार होने से सम्भव नहीं होगा, किन्तु निज धर्मपत्नी होने से ही सम्भव होगा, कारण वह उक्त कर्म में समाज बन्धन के द्वारा निर्भयता के साथ विनियुक्त है । तथापि यशोदानन्दन कृष्ण एक हैं, और पत्नी रूपिणी गोपाङ्गनागण भी असंख्य रहीं, सबके पति श्रीकृष्ण ही हैं । समान वयोरूपाभाव के कारण—अन्यत्र गोपियों का परिणय हुआ ही नहीं, अतः श्रीकृष्ण को सबने कन्या सम्प्रदान कर दिया था, किन्तु समस्या होती है, पत्नी अभिगमन की । 'भोग में रोग भय' की रीति से श्रीकृष्ण को सब निवारण करते थे । हिताकाङ्क्षी व्यक्तिगण, अतिशय स्त्री प्रसङ्ग से श्रीकृष्ण का स्वास्थ्य भङ्ग होकर कुछ न हो जाय । गुरुवर्ग के निषेध के कारण असंख्य पत्नीगण दुःखित तो रहती थीं, कृष्ण के पक्ष में भी स्वदार गमन धर्म एवं आवश्यक कर्म होने पर भी सम्पन्न करना थोड़ा कठिन पड़ता था, इस प्रकार से भरतमुनि कृत बहु निवारणा की सार्थकता होती है ।

पद्मपुराण में वर्णित भी है—गोपवेशधर प्रभु, मनोरम केलि-सुख से एवं विविध प्रेम-रस-प्रद रूप से मास द्वय व्रज में निवास किये थे । यह पद्य सुस्पष्ट अभिप्राय परिवेषक है, समस्त गोपाङ्गनाओं मनोरमत्व एवं बहु प्रेम-रस-प्रद स्वरूप का स्वस्वरूप पति कृष्ण में ही सम्भव है ।

कहा जा सकता कि—पद्मपुराण के वचन में "गोपनारिभिः" "गोपनारियों के सहित" शब्द का उल्लेख है, और वह गोपनारी शब्द से स्वरसतः परदारत्व का ही बोध होता है ? इस प्रकार कथन समीचीन नहीं है, भा० ३।२१।२८ में देवहूति को लक्ष्यकर कहा गया है— "सा त्वा ब्रह्मन्नृपबधूः" कर्दम के प्रति भगवदुक्ति जाति को लक्ष्य कर है, अतएव 'गोपनारीभिः" यहाँ जाति पर गोप शब्द है । "औपपत्य में ही निवारण दि का सद्भाव से रस होता है," यह भरतमुनि का कथन, उसका निर्वाह दाम्पत्य में भी होता है । रत्नावली नाटिका में उसका प्रदर्शन हुआ है । कारण—कविगण, श्रृङ्गार नामक मुख्य रस में परोढ़ा नायिका को वर्जन करते हैं, किन्तु 'न कृष्णे रसनिर्य्यास स्वादार्थमवतारिणि' रस निर्य्यास आस्वादन निबन्धन स्वप्रेयसीवर्ग के सहित अवतीर्ण कृष्ण में 'औपपत्य' दोषावह नहीं है ।" अतएव स्वरूपशक्तिरूपिणी अघटनघटनपटीयसी योगमाया के द्वारा सुष्ठु सम्पादित नित्य पतित्व में उपपतित्व भावपरायण व्रजाङ्गना गण की श्रीकृष्ण प्राप्ति रमण रूप में हुई । कारण जारत्व वहिरङ्ग धर्म है, अन्तरङ्ग धर्म—केवल रमणत्व ही है । स्थिति वैसी होने के कारण ही—"मत्कामा रमणं जारं, मस्वरूपोऽविदोऽबलाः । ब्रह्म मां परमं प्रापुः सङ्गाच्छतसहस्रशः ।।" (भा० ११।१२।१२) टीका—'एवं ताः अबलाः केवलं मत्कामा अस्वरूपविदः स्वरूपन्तु न जानन्ति, तथापि सत्सङ्गाज्जारं ब्रह्म, जारबुद्धि वेद्यमपि ब्रह्मस्वरूपमेव मां परमं प्रापुरित्यर्थः ।'

"रम्यकेलिसुखेनैव गोपवेशधरः प्रभुः। बहुप्रेमरसेनात्र मासद्वयमुवास ह ॥" ५३४॥

इत्येतत् पद्यं तदनन्तरं तत्र च सर्व्वेषां मनोरमत्वं बहुप्रेमरसप्रदत्वञ्च इत्थमेव सङ्गच्छत इति। न च गोपनारीभिरिति परदारत्वं शब्दलब्धम्। देवहूत्यां (भा० ३।२१।२८) "सा त्वा ब्रह्मन्नृपबधूः" इति कर्द्दमं प्रति भगवद्वाक्यवज्जात्यपेक्षयापि सम्भवात्, न च निवारणादिभिरौपपत्यमेव भरतमतं रत्नावलीनाटिकायां जातिचरितादिवद्दाम्पत्येऽपि सम्भवात्, (उ० नी० नायिकाभेद-प्र० ३) "नेष्टा यदङ्गिनि रसे कविभिः परोढ़ा" इति विरोधात्। तदेवं गूढ़तया मायया प्रतीतानां रमणतया तस्य प्राप्तौ "मत्कामा रमणम्" इति पद्यं योजितम्। (भा०१०।२२।४ "नन्दगोपसुतं देवि पतिं मे कुरु ते नमः" इति कृतजपानां कुमारीत्वेनैव प्रसिद्धानां परासामपि

मेरा स्वरूप को वे सब नहीं जानती थीं, मुझको जार-उपपति जानती थीं, तथापि मत्कामा अबलागण जारबुद्धि वेद्य होने पर भी परम ब्रह्म मुझको रमण रूप में प्राप्त कर चुकीं। उन सबके सङ्ग से अपरापर शतसहस्र व्यक्ति की भी उस प्रकार प्राप्ति हुई। इस प्रकार उक्त पद्य की योजना यथावत् हुई।
भा० १०।२२।४ में उक्त—

"कात्यायनि महामाये महायोगिन्यधिश्वरि।
नन्दगोपसुतं देवि! पतिं ते कुरुते नमः॥"

बृहत् क्रमसन्दर्भ

"अथोढ़ानामनुरागं वर्णयित्वा अनूढ़ानामनुरागचेष्टामाह, हेमन्ते प्रथमे मासीत्यादि। हेमन्ते ऋतौ, प्रथमे मासि, मार्गशीर्षे, अनयैव लीलया मासोऽप्यसौ तस्य प्रिय आसीत्। अतएव वक्ष्यति (भा० ११।१६।२७) "मासानां मार्गशीर्षोऽस्मि" इत्यादि। कात्यायन्यर्चन व्रतमित्यस्यायं भावः। वयं कन्यकाः, पितृभ्रातृसङ्कोचाद् दूत्यन्तरं कर्त्तुं न शक्यते। तादृश्यः प्रौढ़ा वयस्या अपि न सन्ति, सन्तु वा तासु स्वानुरागं प्रकटयितुं न शक्यते। ताश्च कन्यकानामस्माकमनुरागः कात्यायन्यैव दूती भावेन चेत् सफलीक्रियते, तदैव स्यादिति दूतीत्वेन त्वामाराधयितुं तद्व्रतमारब्धम्, नतु तत् प्रसादलिप्सया, स्वतः सिद्धत्वात्। सिद्धत्वेनावतीर्णा अप्यग्रिमवयस्य तादृश स्वभावतया स्वतः प्राकट्ये ग्राम्यतापत्तेः, परकृतसाहाय्यमौचित्येनैवोपरुन्धन्ति ॥२-३॥

व्रताचरणे स्वकृतमेव मन्त्रं जपन्तः प्रार्थयन्ते—कात्यायनीत्यादि। हे देवि! कात्यायनि! ते तुभ्यं नमः। ननु किमर्थोऽयं नमस्कारः? तत्राह—नन्दगोपसुतं पतिं मे कुरु कारय। प्रत्येकमन्त्र पाठादेकवचनम्।

अथवा, प्रतिवशादभिन्नता वा। ननु दुर्घटोऽयमर्थः, कथमस्मच्छक्त्या भवितुमर्हति? तत्राह महायोगिनि, महायोगो भक्तियोगः स विद्यते यस्या इति तथा। सा त्वं परमवैष्णवी। तथा च 'धन्यासि कृत पुण्यासि विष्णुभक्तासि पार्वती' इति श्रीरुद्रवाक्यम्। तेन तत् प्रसादादेवायमर्थः, सुघटः। एवं चेदनयैवोपासनया किमहंपरितुष्टा भवानीत्याशङ्क्याह—हे अधिश्वरि! ईश्वराणामधिके, त्वं सर्वेश्वरी, तव किमस्मद् वित्तबहुवित्तसाध्योपचारैः ॥४-५॥

अन्यत्र विवाहित गोपाङ्गनागण का श्रीकृष्णानुराग का वर्णन भा० १०।२१। में करने के पश्चात् भा० १०।२२ में कन्यकागण का अनुराग वर्णन करते हैं। यह व्रत श्रीकृष्णेच्छा प्रेरित चिच्छक्तिरूपिणी कात्यायनी का था, श्रीकृष्ण प्रसन्नता उन सबमें स्वतः सिद्ध रही, अन्यालम्बन से ग्राम्यता-दोष प्रसङ्ग ही होगा।

सङ्कल्पसिद्धिरेव श्रीभगवता कृता, तत्रैव हि स्वयमङ्गीकृतम् (भा० १०।२२।२७)—"याताबला व्रजं सिद्धाः" इति। तदेतत्पक्षेऽपि पूर्व्ववदेव गुप्तपतित्वाज्जारमिव जारमिति सङ्गमनीयम्। तस्माच्च श्रीगोपालोत्तरतापन्यां ताः प्रति दुर्व्वाससा यदुक्तं तदेव निगमनीयम् (गो० ता० उ० २३)—"जन्मजराभ्यां भिन्नः स्थाणुरयम्" इत्यादौ "स वो हि स्वामी भवति" इति॥

श्रीभगवान् उद्धवम्॥

१७८। पूर्व्वोक्त एवाप्रकटलीलाप्रवेश–प्रकटलीलाविष्काररूपोऽर्थस्तदनन्तरप्रश्नोत्तराभ्यामप्यभिप्रेतोऽस्ति। प्रश्नस्तावत् श्रीउद्धव उवाच (भा० ११।१२।१६)—

व्रताचरण में मन्त्र जप का प्रदर्शन करते हैं, हे देवि! हे कात्यायनि, हे महामाये, हे महायोगिनि, हे अधिश्वरि! नन्द गोपसुतं पतिं मे कुरु, कारय', इस प्रकार मन्त्र जप परायणा कुमारीगण की इष्टसिद्धि हुई थी। तद्भिन्न अपर व्रजाङ्गनागण की सङ्कल्प-सिद्धि भी भगवान् श्रीकृष्ण द्वारा हुई। वहाँ पर हि श्रीभगवान् ने अङ्गीकार वचन को कहा था।

भा० १०।२२।२७ में उक्त है—

याताबला व्रजं सिद्धा मयेमा रंस्यथ क्षपाः।
यदुद्दिश्य व्रतमिदं चेरुरार्य्यार्चनं सतीः॥

"हे सती अबलागणः जिस उद्देश्य से व्रताचरण, एवं कात्यायनी अर्चन, तुम सबने किया है, वह अभीष्ट सिद्ध होगा। तुम सब सिद्ध मनोरथ हो, सम्प्रति व्रज में जाओ, आगामिनी रजनी में मेरे साथ विहार होगा"। इस श्लोक में 'सिद्धाः' सिद्ध हो, एवं 'मया रंस्यथ' मेरे साथ विहार होगा, पदद्वय ये अङ्गीकार सूचित हुआ है।

अतएव श्रीव्रजसुन्दरीवृन्द की अवशेष में रमणरूप में श्रीकृष्ण प्राप्ति सुसङ्गत है। कारण, कात्यायनी व्रतपरायणा कुमारीगण की अभीष्टसिद्धि– "हे देवि! पति रूप में नन्द गोप पुत्र को प्रदान करो" इस मन्त्र जप से हुई, तो अनिन्द्यभाववती व्रजललनावृन्द की भी सङ्कल्पसिद्धि अवश्य होगी। कारण, श्रीकृष्ण स्वयं कात्यायनी रूप में देवी होते हैं, अनुष्ठान का प्रेरणकर्त्ता भी स्वयं होते हैं, स्वयं सन्तुष्ट होकर यदि सब कुछ करते हैं, तब व्रजललनागण की प्राप्ति रमण रूप में क्यों नहीं करायेंगे।

इस पक्ष में भी प्रथम तो गुप्त पति होने के कारण—श्रीकृष्ण, जारप्राय थे, कारण, स्वयं श्रीकृष्ण ही स्वरूपाभिन्न प्रियावर्ग को अवतारितकर नित्य सम्बन्ध विस्मृत करवाकर कौतुकमयी लीला करते हैं। इस प्रकार "मत्कामा रमणं जारं" श्लोक में उल्लिखित जार पदार्थ का समन्वय करना कर्त्तव्य है। अतएव गोपालोत्तर तापनी में श्रीदुर्वासा ने जो कुछ कहा था उसका समन्वय भी करना आवश्यक है, "जन्म जरा से अतीत श्रीकृष्ण अचल एवं अविनश्वर हैं, वह ही तुम सबका स्वामी है।

श्रीभगवान् कृष्ण उद्धव को कहे थे—॥१७७॥

इतः प्राक् कथित हुआ है कि श्रीकृष्ण कुछ काल भूतल में सपरिकर प्रकट बिहार करने के पश्चात् सपरिकर अप्रकट लीला में प्रवेश करते हैं, उसमें प्रकट लीलागत स्वरूप रूप धाम परिकर लीला एवं भावादि एक प्रकार हैं, किसी अंश में भिन्नता नहीं है। इस प्रकार ही अप्रकट लीला से प्रकट लीला का आविष्कार होता है। इसमें भिन्नता नहीं है। श्रीजीवगोस्वामिपाद का यह मत है। उसका यथावत् प्रतिपादन श्रीकृष्ण ने उद्धव के सहित प्रश्नोत्तर में किया है।

(१७८) "संशयः शृण्वतो वाचं तव योगेश्वरेश्वर।
न निवर्त्तत आत्मस्थो येन भ्राम्यति मे मनः॥" ५३५॥

तव वाचं शृण्वतोऽवधारयतोऽपि ममात्मस्थः संशयो मयोदितेष्ववहित इत्यादिकाध्याय-त्रयगतमहावाक्यार्थपर्य्यालोचनासामर्थ्यं न निवर्त्तते। कुतः? येन यतो मनो भ्राम्यति। (भा० ११।१२।१०) "रामेण सार्द्धं मथुरां प्रणीते" इत्यादिकं तव वचनं श्रुत्वा हन्त तासामनेन सङ्गमः कुत्र कथं विद्यत इति चिन्तया न स्वस्थं वर्त्तत इत्यर्थः॥

भा० ११।१२।१६ में उक्त है— "संशयः शृण्वतो वाचं तव योगेश्वरेश्वरः।
न निवर्त्तत आत्मस्थो येन भ्राम्यति मे मनः॥"

प्रश्नोत्तर में प्रकट अप्रकटगत लीला द्वय की ऐक्य परिपाटी सुव्यक्त है। प्रश्न—श्रीउद्धव ने कहा-यह प्रश्न— "मत्कामारमणं जारमस्वरूपोविदोऽबलाः ब्रह्म मां परमं प्रापुः सङ्गाच्छत सहस्रशः" श्रीकृष्णोक्ति श्रवण के बाद हुआ।

'हे योगेश्वर! मैं आपका वचन सुन रहा हूँ, किन्तु, मेरा हृदयस्थ संशयापोनोदन नहीं हो रहा है। उससे मेरा मन भ्राम्यमाण हो रहा है।

उक्त श्लोकार्थ इस प्रकार है—तुम्हारा वाक्य मनोयोग के सहित सुनने पर भी मेरा हृदयस्थित संशय विदूरित नहीं हो रहा है। अर्थात्—"मयोदितेष्ववहितः" इत्यादि श्लोक से आरम्भ कर १०, ११, १२, तीन अध्यायों में वर्णित महावाक्य की अर्थपर्य्यालोचना करने की असामर्थ्य विदूरित नहीं हो रही है, क्योंकि संशय विदूरित नहीं हो रहा है। उसको भी मैं कहता हूँ—"रामेण सार्द्धं मथुरां प्रणीते शाफल्किना मय्यनुरक्तचित्ताः। विगाढ़ भावेन न मे वियोग तीव्राधयोऽन्यं दद्दशुः सुखाय। तास्ताः क्षपाः प्रेष्ठ तमेन नीता मयैव वृन्दावनगोचरेण। क्षणार्द्धवत्ताः पुनरङ्ग तासां हीना मया कल्पसमा बभूवुः॥

उक्त श्लोकद्वय में श्रीकृष्ण विच्छेद के अनन्तर प्रेयसीवृन्द की श्रीकृष्ण प्राप्ति किस रीति से हुई उसका विशद वर्णन है।

"अक्रूर जब बलदेव के साथ मुझको मथुरा ले आये थे, तब मुझमें अनुरक्तचित्त गोपीगण प्रगाढ़ प्रेमवशतः तीव्र विच्छेद दुःख से कातर होकर अपर किसी वस्तु को सुखहेतु नहीं मानती थीं। वृन्दावन में अवस्थान के समय प्रियतम मेरे साथ जो सब रजनी रासादि विचित्र विलास द्वारा अतिवाहित हुई थीं, वे सब रजनी क्षणार्द्धतुल्य हुई थीं, एवं मत् विच्छेद रजनी समूह कल्प समूह हुई थी।

यहाँ प्रगाढ़प्रेमवशतः तीव्र विच्छेद पीड़ा से कातर होकर व्रजदेवीगण मुझ कृष्ण को छोड़कर सखीगण को भी सुखकर नहीं मानती थीं, अधुना सुखरूप देख रही हैं। कारण, उद्धव के सहित वाक्यालाप के समय यदि विच्छेद वर्त्तमान होता तो "दद्दशुः" अतीत क्रिया का निर्देश न कर वर्त्तमान क्रिया का प्रयोग करते। सुतरां विच्छेद रजनीसमूह कल्पसम हुई थीं, सम्प्रति उस प्रकार नहीं हैं, सुतरां विच्छेद नहीं है, अन्यथा 'बभूवुः' अतीत क्रिया का निर्देश न कर वर्त्तमान क्रिया का प्रयोग ही करते। तज्जन्य प्रकट अप्रकट लीलाद्वय की अप्रतिपत्ति हेतु—अर्थात् उभय लीला का स्थापन विभिन्न रूप में करना असम्भव होने से ही अप्रकट भाव प्राप्ति पूर्वक निज-निज यथावस्थित नामरूप में वे सब अवस्थित हैं, उसमें दृष्टान्त नदी जिस प्रकार समुद्र में नामरूप को छोड़कर मिलती है, समाधि में मुनिगण जिस प्रकार परमात्मा के सहित मिलते हैं नामरूप को छोड़कर।"

उक्त वियोग विधुरा व्रजसुन्दरीगण के सहित श्रीकृष्ण का सङ्गम कहाँ किस प्रकार से विद्यमान है, इसकी समन्वय चिन्ता से मेरा मन अस्थिर है। उक्त संशय प्रकाशक वाक्य का यह प्राञ्जल अर्थ है॥१७८॥

१७८। अथोत्तरम्—तत्र तस्य संशयमपनेतुं द्वाभ्यां तावत्तच्चित्तं स्वस्थयन् श्रीभगवानुवाच भा० ११।१२।१७)

(१७८) "स एष जीवो विवरप्रसूतिः, प्राणेन घोषेण गुहां प्रविष्टः।
मनोमयं सूक्ष्ममुपेत्य रूपं, मात्रा स्वरो वर्ण इति स्थविष्ठः॥" ५३६॥

स एष मल्लक्षणो जीवो जगतां जीवनहेतुः, विशेषतो व्रजस्य जीवनहेतुर्वापि परमेश्वरः प्राणेन मत्प्राणतुल्येन घोषेण व्रजेन सह विवरप्रसूतिर्विवरादप्रकटलीलातः प्रसूतिः प्रकटलीलायामभिव्यक्तिर्यस्य तथाभूतः सन् पुनर्गुहामप्रकटलीलायामेव प्रविष्टः। कीदृशः सन्, किं कृत्वा? मात्रा मम चक्षुरादीनि, स्वरो भाषागानादीनि वर्णो रूपम्, इति इत्थं स्थविष्ठः स्वपरिजनानां प्रकट एव सन्। वहिरङ्गभक्तानामन्येषां सूक्ष्ममज्ञेयं मनोमयं कथञ्चिन्मनस्येव गम्यं यद्रूपं प्रकाशस्तदुपेत्य॥

अनन्तर उक्त प्रश्न का उत्तर—उक्त अध्याय में श्रीउद्धव का संशय अपनोदन निबन्धन श्लोकद्वय के द्वारा उनके चित्त को प्रकृतिस्थ 'निरुद्विग्न' कर श्रीकृष्ण कहे थे—(भा० ११।१२।१७)—

स एष जीवो विवर प्रसूतिः, प्राणेन घोषेण गुहांप्रविष्टः।
मनोमयं सूक्ष्ममुपेत्य रूपं मात्रा स्वरो वर्ण इति स्थविष्ठः॥

विवर प्रसूति रूप में वह जीव प्राण तुल्य घोष के सहित गुहा में प्रविष्ट हुआ है, उस समय वह रूप, मात्रा, स्वर एवं वर्ण विशिष्ट स्थविष्ठ एवं मनोमय सूक्ष्मावस्था को प्राप्त किया है।

व्रजसुन्दरीवृन्द का प्राणकोटि प्रियतम तुम्हारे सम्मुख में विद्यमान मैं हूँ श्रीकृष्ण, श्रीकृष्णरूप जीव, जगत् के जीवन हेतु हैं, किम्बा विशेष रूप से व्रजवासी के जीवनहेतु हैं, वह परमेश्वर हैं। विशेष रूप से कहने का तात्पर्य यह है कि—जीवन रक्षा के अनेक उपाय हैं, उसमें से किसी एक को वर्जन करने पर भी जीवन रक्षा होती है, किन्तु जो विशेष उपाय है, उसको छोड़ा नहीं जा सकता है। श्रीकृष्ण को छोड़कर व्रजवासीगण जीवित रह नहीं सकते हैं, तज्जन्य ही श्रीकृष्ण व्रजवासीगण के जीवन हेतु हैं।

मेरा प्राणतुल्य घोष व्रज के सहित, विवर—अप्रकट लीला से, प्रसूति—प्रकट लीला में अभिव्यक्ति जिसका है, तादृश रूप में, पुनर्वार गुहा—अप्रकट लीला में प्रविष्ट होता हूँ।

किस रूप में एवं कैसे उसका सम्पादन करते हैं—उसको कहते हैं मात्रा—मेरी चक्षु प्रभृति इन्द्रिय-समूह, स्वर—भाषा एवं गान प्रभृति, वर्ण—रूप, उक्त समुदय समन्वित स्थविष्ठ—निज परिजनगण के निकट प्रकट रूप, अपर व्यक्तिगण के निकट सूक्ष्म, एवं वहिरङ्ग भक्तगण के निकट मनोमय—कथञ्चिद्रूप में मनोमध्य में स्फूर्त्ति प्राप्त हो सकता है। इस प्रकार रूप की जो अभिव्यक्ति—उस रूप में उक्त लीला सम्पादनकारी मैं हूँ।

सारार्थ यह है कि—श्रीकृष्ण ने कहा—मैं विशेष रूप से व्रजवासीवृन्द का जीवन स्वरूप हूँ। व्रज भी मेरा जीवनतुल्य है, व्रज के सहित मेरा विच्छेद कभी भी नहीं हो सकता है। मैं व्रज के सहित अप्रकट लीला से प्रकट लीला में आविर्भूत होता हूँ, एवं उन सबके सहित ही अप्रकट लीला में प्रवेश करता हूँ। प्रकट लीला में जिस रूप में विहार करता हूँ, अप्रकट लीला में अविकल उस रूप में ही प्रवेश करता हूँ। उस समय मेरी इन्द्रिय का व्यतिक्रम नहीं होता है, एवं भाषा रूप प्रभृति का भी व्यतिक्रम नहीं होता है। अप्रकट लीला में प्रविष्ट होने पर भी उक्त लीलास्थित परिकरगण के सहित अविकल प्रकट लीला विलसित रूप में ही विहार करता हूँ। उस समय वहिरङ्ग जनगण मुझको देख नहीं पाते, किन्तु साधन परायण जनगण के चित्त में कमी-कभी उस रूप की स्फूर्त्ति होतीं है॥१७९॥

१८० । प्रकटलीलाविष्कारञ्च सदृष्टान्तं स्पष्टयति (भा० ११।१२।१८)—

(१८०) "यथानलः खेऽनिलबन्धुरुष्मा, बलेन दारुण्यधिमथ्यमानः ।
अणुः प्रजातो हविषा समेध्यते, तथैव मे व्यक्तिरियं हि वाणी ।।" ५३७।।

दृष्टान्तोऽयं गर्भगतादिक्रमेणाविर्भावमात्रांशे । तृतीयेऽपि तदुक्तं श्रीमदुद्धवेनैव (भा० ३।२।१५)—
"अजोऽपि जातो भगवान् यथाग्निः" इति; व्यक्तिराविर्भावः ; हि यस्मादियं स्वरहस्यैकविज्ञस्य
ममैव वाणी । नात्रासम्भावना विधेयेत्यर्थः । ततश्चानन्तरं वक्ष्यमाण (भा० ११।१२।१९)

अनन्तर दृष्टान्त के सहित सुस्पष्ट रूप से प्रकटलीलाविष्कार का वर्णन करते हैं । (भा० ११।१२।१८)

"यथानलः खेऽनिलबन्धुरुष्मा, बलेनदारुण्यधिमन्थमानः ।
अणुः प्रजातो हविषा समेध्यते, तथैव मे व्यक्तिरियं हि वाणी ।"

जिस प्रकार आकाश में उष्मा रूप में व्यक्त अग्नि काष्ठ में स्थित होती है, अधिक मन्थन से वायु की सहायता से वह सूक्ष्मस्फुलिङ्ग रूप में उद्भूत होता है, उसके बाद घृत संयोग से परिवर्द्धित होता है, उस रूप में ही मेरी व्यक्ति, अभिव्यक्ति है— यह ही मेरी वाणी है ।

एकदेशी दृष्टान्त है, गर्भादि क्रम से आविर्भाव मात्रांश में यह दृष्टान्त प्रयुक्त हुआ है । तृतीय स्कन्ध में (३।२।१५) इस प्रकार आविर्भाव का विवरण श्रीउद्धव महाशय ने कहा है । "अजोऽपि जातो भगवान् यथाग्निः" श्रीभगवान् काष्ठस्थित अग्नि के समान जन्म ग्रहण करते हैं । व्यक्ति शब्द का अर्थ आविर्भाव है, श्रीकृष्ण का कहने का तात्पर्य्य यह है—मेरा आविर्भाव का वृत्तान्त का कथन जो मैंने किया है, वह ही यथार्थ है । कारण, यह ही मेरी वाणी है, अर्थात् इसका रहस्य को मैं ही जानता हूँ, कोई भी नहीं जानते हैं । सुतरां लीलारहस्य के सम्बन्ध में जो कुछ मैंने कहा है, उसमें असम्भावना की आशङ्का नहीं है ।

इसके परवर्त्ती श्लोक का अनुसन्धान करना आवश्यक है । (भा० ११।१२।१९)—

"एवंगदिः कर्मगतिर्विसर्गो घ्राणोरसोदृक्स्पर्श श्रुतिश्च ।
सङ्कल्प विज्ञानमथाभिमानः सूत्रं रजः सत्वतमोविकारः ।।"

वाक्य, कर्म, गति, विसर्ग, घ्राण, रसन, दर्शन, स्पर्शन, श्रवण, सङ्कल्प, विज्ञान, अभिमान, सूत्र, रजः, सत्व, तमः गुणत्रय विकार की जिस प्रकार अभिव्यक्ति होती है, अर्थात् वाक्पाणि, पाद, पायुउपस्थ रूप कर्मेन्द्रिय का कार्य्य क्रमशः—वाक्य, कर्म, गमन, विसर्ग (मलमूत्रादि विसर्जन), नासिका, जिह्वा, चक्षु, त्वक कर्ण, पञ्च ज्ञानेन्द्रिय कार्य्य- क्रमशः घ्राण, रसन, दर्शन, स्पर्श, श्रवण है । मन का कार्य्य— सङ्कल्प, बुद्धि— चित्त का विज्ञान कार्य्य, अहङ्कार का कार्य्य— अभिमान, प्रधान का कार्य्य—सूत्र, एवं गुणत्रय का कार्य्य—विकार प्रपञ्च है ।

जिस प्रकार इन्द्रियसमूह से इन्द्रिय वृत्तिसमूह की अभिव्यक्ति होती है, प्रधान से सूत्र की एवं गुणत्रय से प्रपञ्च की अभिव्यक्ति होती है, उस प्रकार अप्रकट प्रकाश से प्रकटलीला की अभिव्यक्ति होती है । यह ही श्लोक का अभिप्राय है । पूर्वोक्त संशय दूरीकरणार्थ ही प्रस्तुत श्लोक की व्याख्या करना कर्त्तव्य है । भा० ११।१२।१८ में उक्त श्लोक में कथित "तथैव मे व्यक्तिरियं हि वाणी" एवं भा० ११।१२।१९ श्लोक में उक्त "गदिः" शब्द का प्रयोग अर्थभेद प्रयुक्त हुआ है, श्लोकोक्त 'गदिः' शब्द का अर्थ— लौकिक भाषण को भी जानना होगा । अर्थात् मनुष्यवाणी की भी उत्पत्ति है, यह जानना होगा ।

'वाणी' एवं 'गदिः' शब्द का एक अर्थ होने पर भी यहाँ अर्थ पार्थक्य है । पूर्व श्लोकस्थ 'वाणी'

"एवं गदिः" इत्यादिग्रन्थस्तु संशयापनोदने-व्याख्येयः। एवं पूर्व्वोक्तवाक्यद्वयस्यैवार्थभेदेन गदिर्लौकिकं भाषणमपि ज्ञेयम्। तस्याप्युत्पत्तिर्ज्ञेयेत्यर्थः। स च सतात्पर्य्यकोऽर्थष्टीकायामेव दृश्य इति ॥ श्रीशुकः ॥

१८१। तदेवं श्रीमद्भागवते पुनर्व्रजागमनादिरूपोऽयमर्थो बहुधा लब्धोऽपि पाद्मोत्तर-खण्डवद्यन्न स्पष्टतया वर्णितः, तत् खलु निजेष्टदेवतत्त्वस्य वहिर्मुखान् प्रत्याच्छादनेच्छया अन्तर्मुखान् प्रत्युत्कण्ठावर्द्धनेच्छयेति गम्यते। यत एवोक्तम् (भा० ११।२१।३५)—"परोक्षवादा ऋषयः परोक्षन्तु मम प्रियम्" इति।

शब्द का अर्थ—श्रीभगवान् का वाक्य है। प्रस्तुत श्लोक में 'गदिः' शब्द का अर्थ—मनुष्य वाक्य है। अर्थात् मनुष्य का वाक्य जिस प्रकार वागिन्द्रिय से अभिव्यक्त होता है, श्रीकृष्ण भी उस प्रकार अप्रकट प्रकाश से प्रपञ्च में अभिव्यक्त होते हैं। सदृष्टान्त श्रीकृष्ण ने उक्ताभिप्राय को प्रकट किया है।

श्लोकद्वयस्थ 'वाणी' एवं 'गदिः' शब्दद्वय का तात्पर्य्य के सहित अर्थ पार्थक्य का उल्लेख स्वामि-टीका में है।

"अव्यक्तस्य सतः सूक्ष्ममध्यमक्रमेणाभिव्यक्तौ दृष्टान्तः यथेति। यथा अग्निः खे उष्मा अव्यक्तोष्म रूपः दारुण्यधिकं मथ्यमानोऽनिल सहायः सन् अणुः सूक्ष्म विस्फुलिङ्गादि रूपो भवति। पुनः प्रकृष्टोजातो हविषा संवर्द्धते तथैवेयं वाणी मम अभिव्यक्तिः ॥१७॥

उक्तां वाग् वृत्तिमुपसंहरन् इतरेन्द्रिय वृत्तिष्वतिदिशति एवं गतिर्गदनं भाषणं मे व्यक्तिरित्युपसंहारः। कर्म—हस्तयोर्वृत्तिः, गतिः पादयोः, विसर्गः—पायूपस्थयोरिति कर्मेन्द्रियानाम्। घ्राणोऽवघ्राणं रसो रसनं, दृक् दर्शनं, स्पर्शः—स्पर्शनं, श्रुतिः—श्रवणमिति—ज्ञानेन्द्रियाणाम्। सङ्कल्पो मनसः, विज्ञानं—बुद्धिचित्तयोः, अभिमानोऽहङ्कारस्य सूत्रं प्रधानस्य सत्त्वरजस्तमसांविकारो अधिदेवादिस्त्रिविधः प्रपञ्च मे व्यक्तिरिति पूर्वेणान्वयः ॥१६॥

प्रवक्ता श्रीशुक हैं ॥१८०॥

संशय हो सकता है कि—पाद्मोत्तर खण्ड में जिस प्रकार श्रीकृष्ण का व्रज में प्रत्यागमन वर्णन सुस्पष्ट रूप से है, उस प्रकार वर्णन सुस्पष्ट रूप से श्रीमद्भागवत में क्यों नहीं हुआ? प्रश्न का समाधान करते हैं—वर्णनकर्त्ता श्रीशुकदेव ने श्रीकृष्ण वहिर्मुख जनगण के निकट आच्छादन करने की इच्छा से एवं अन्तर्मुखी व्यक्तिगण की कृष्ण विषयक उत्कण्ठा वर्द्धनहेतु श्रीकृष्ण का पुनर्व्रजागमन का सुस्पष्ट वर्णन नहीं किया है। इस प्रकार लीला वर्णन रीति श्रीकृष्णानुमोदित है। भा० ११।२१।३५ में श्रीकृष्ण ने स्वयं ही कहा है—

"वेदा ब्रह्मात्मविषयास्त्रिकाण्ड विषया इमे।
परोक्षवादा ऋषयः परोक्षञ्च ममप्रियम्।

वेदसमूह कर्मकाण्ड, देवताकाण्ड, एवं ब्रह्मकाण्डात्मक काण्डत्रय का वर्णन करते हैं, उसमें ब्रह्मात्म विषय भी वर्णित है। मन्त्रद्रष्टा ऋषिगण परोक्षवादी हैं, परोक्ष ही मेरा प्रिय है।

टीका—"तदेवं वेदानां प्रवृत्ति परत्वं निराकृत्य प्रकृतं निवृत्त परत्वमेव उपसंहरति वेदा इति। कर्मब्रह्म देवता काण्ड विषया इमे वेदा ब्रह्मात्म विषयाः ब्रह्मैवात्मा न संसारीत्येतत् पराः। तत् परत्वा प्रतीतौ च फल श्रुतिरियं नृणां न श्रेयो रोचनं परम्। श्रेयो विवक्षया प्रोक्तं यथा भैसज्यरोचनमित्युक्तमेव कारण मनुस्मारयतिपरोक्षेति। ऋषयो मन्त्रास्तद् द्रष्टारो वा। तत् किमिति। यतः परोक्षमेव—मम च

यदेतत्तु मया क्षुद्रतरेण तरलायितम् । क्षमतां तत् क्षमाशीलः श्रीमान् गोकुलवल्लभः ॥५३८॥

तदेतच्च श्रील-वृन्दावने लीलाद्वयस्य मिलनं सावसरमेव प्रस्तुतम्; द्वारकायान्तु प्रसिद्धमेव । तत्र मौषलादिलीला मायिक्येवेति पूर्व्वमेव दर्शितम् । वस्तुतस्तु द्वारकायामेव सपरिकरस्य श्रीभगवतो निगूढ़तया स्थितिः । यादवानाञ्च नित्यपरिकरत्वात्तत्त्यागेन स्वयं भगवत एवान्तर्द्धाने तैरतिक्षोभेणोन्मत्तचेष्टैरुपमर्द्दिता पृथिव्येव नश्येदिति प्रथमं तेषामन्तर्द्धापनम् । अतएवोक्तम् (भा० ।११।१।३)—

"भूभारराजपृतना यदुभिर्निरस्य, गुप्तैः स्वबाहुभिरचिन्तयदप्रमेयः ।
मन्येऽवनेर्नन्नु गतोऽप्यगतं हि भारं, यद्यादवं कुलमहो अविषह्यमास्ते ॥" ५३९॥ इति ।

प्रियम् । अयं भावः । शुद्धान्तःकरणैरेव एतद्बोद्धव्यं नान्यैरनधिकारिभिः वृथाकर्म परित्यागेन भ्रंशप्रसङ्गा-दिति ।

वेदोक्त उपदेशसमूह—सांसारिक विषय में संलिप्त कराने के निमित्त नहीं हुये हैं, किन्तु स्वाभाविक संस्कार प्राप्त आसक्ति से निवृत्त कराने के निमित्त हैं, कर्म, ब्रह्मदेवात्मक काण्डत्रय रूप में विभक्त वेद ब्रह्मात्मक विषयक हैं, सांसारिक विषय पर नहीं है, निवृत्ति पर वेद का अनुभव क्यों नहीं होता है ? कारण को कहते हैं— रोचकता में रुचि संसारी को अधिक होती है, किन्तु औषधि सेवन का फल रोगारोग्य है, किन्तु सम्पुटस्थ मिष्टता का आस्वादन नहीं है, उस प्रकार ही फलश्रुति को जानना होगा इस प्रकार गूढ़ रीति को क्यों अपनाते हैं ? कहते हैं, मन्त्रद्रष्टा ऋषिगण, परोक्षप्रिय होते हैं, ऐसा क्यों ? मेरा परोक्ष ही प्रिय है । तात्पर्य्य यह है—शुद्धान्तःकरण सम्पन्न व्यक्तिगण इसको जान सकेंगे, विषयासक्त व्यक्तिगण का बोध नहीं होगा । अतएव अनधिकारी व्यक्तिगण ईश्वरानुशासन से कर्मानुष्ठान करें, अनधिकार वशतः कर्म त्याग करने पर अवश्य पतन होगा ।

अतएव श्रीमद्भागवत में पारकीय लीला का ही वर्णन है, कारण, श्रीकृष्ण का वह अतीव आस्वाद-नीय है, श्रीकृष्ण प्रसन्नता हेतु श्रीशुकदेव ने भी उसका वर्णन अस्पष्टरूप से ही किया, किन्तु सन्दर्भकर्त्ता श्रीजीवगोस्वामि रूप मैं उसका वर्णन सुस्पष्ट करके श्रीकृष्ण का अप्रसन्नताभाजन अवश्य बनूँगा । अतएव भीतचित्त से प्रार्थना करता हूँ—

'यदे तत् मया क्षुद्रतरेण तरलायितम् ।
क्षमतां तत्क्षमाशीलः श्रीमान् गोकुलवल्लभः ।"

मैं अतिशय क्षुद्रतर हूँ किन्तु गाढ़तम विषय को तरल कियाहूँ, तज्जन्य क्षमाशील श्रीमान् गोकुलवल्लभ मुझको क्षमा करेंगे ।

उट्टङ्कित प्रमाणसमूह से प्रतीत होता है कि श्रीमद्भागवत में प्रकटाप्रकट लीला का मिलन सुस्पष्ट रूप में वर्णित न होने पर भी अवसर क्रम से स्थान स्थान में वर्णित है । द्वारका में लीलाद्वय का मिलन सुप्रसिद्ध ही है । द्वारका में अनुष्ठित मौषलादि लीलासमूह मायिक हैं, उसका प्रदर्शन पूर्वग्रन्थ में हुआ है ।

वस्तुतः, सपरिकर श्रीकृष्ण, द्वारका में निगूढ़ रूप में सदा अवस्थित हैं, किन्तु मौषललीलाच्छल से यदुगण को अन्तर्हित करने का कारण यह है—यादवगण श्रीकृष्ण के अतिशय प्रेमवान् नित्य परिकर हैं । उन सबको परित्याग कर श्रीकृष्ण, यदि स्वयं अन्तर्द्धान करते हैं, तो श्रीकृष्ण विरह दुःख से अत्यन्त दुःखी होकर उन्मत्तप्राय वे सब हो जायेंगे, उससे पृथिवी विनष्ट होगी । एतज्जन्य प्रथम यदुगण को अन्तर्द्धान कराया गया है । अतएव श्रीशुकदेव ने भा० ११।१।३ में कहा है—

अत्र तेषामधार्म्मिकतया तु पृथिवीभारत्वं न मन्तव्यम्, (भा० ११।१।८)—

"ब्रह्मण्यानां वदान्यानां नित्यं वृद्धोपसेविनाम् ।
विप्रशापः कथमभूद्वृष्णीनां कृष्णचेतसाम् ॥" ५४०॥ इत्यादौ,

(भा० १०।९०।४६)—"शय्यासनाटनालाप-क्रीड़ारनानादिकर्म्मसु ।
न विदुः सन्तमात्मानं वृष्णयः कृष्णचेतसः ॥" ५४१॥

इत्यादौ च परमसाधुत्वप्रसिद्धेः । पृथ्वा भारश्च व्यक्तिबाहुल्यमात्रेण नेष्यते, पर्व्वत-समुद्रादीनामनन्तानां विद्यमानत्वात् । तथा (भा० ११।७।५) "न वस्तव्यम्" इत्यादि-भगवद्वाक्यस्य तात्पर्य्यमिदम् । माययापि यदूनां तादृशत्वदर्शनं ममानन्दवैभवधाम्नि मदीयजनसुखदमद्विलासैकनिधौ द्वारकायां नोचितम्, प्रभासे तु तत्तद्योगादुचितमिति । तथा (भा० ११।६।३४)

"भूभारराज भृतना यदुभिर्निरस्य, गुप्तैः स्वबाहुभिरन्ति यदप्रमेयः ।
मन्येऽवनेर्ननु गतोऽप्यगतं हि भारं, यद् यादव कुलमहो अविषह्यमास्ते ।"

"अप्रमेय श्रीकृष्ण, स्वीय बाहुबल से परिरक्षित यादवगण के द्वारा पृथिवी के भार स्वरूप ससैन्य राजन्यवृन्द को विनष्ट करने के पश्चात् चिन्ता किये थे—अहो ! पृथिवी का भार विनष्ट होकर भी विनष्ट नहीं हुआ है, कारण, दुर्दमनीय यदुकुल अद्यापि विद्यमान है ।

अधार्मिकगण ही पृथिवी के भारस्वरूप होते हैं, इस श्रेणी मुक्त यादवगण नहीं हैं, कारण, भा० ११।१।८ में उक्त है— "ब्रह्मण्यानां वदान्यानां नित्यं वृद्धोपसेविनाम् ।
विप्रशापः कथमभूद् वृष्णीनां कृष्णचेतसाम् ।"

(भा० १०।९०।४६) "शय्यासनाटनालाप क्रीड़ास्नानादिकर्मसु ।
न विदुः सन्तमात्मानं वृष्णयः कृष्णचेतसः ।"

यदुगण परम धार्मिक थे, निम्नोक्त विवरण ही उसका द्योतक है । परीक्षित् महाराज ने कहा—ब्राह्मण भक्ति वर्जित, अदाता, ज्ञानवृद्धगण की सेवा रहित, श्रीकृष्ण बहिर्मुख व्यक्तिगण—शापग्रस्त होते हैं, किन्तु ब्राह्मण भक्त, दानशील, नित्य वृद्धसेवापरायण एवं कृष्णगत चित्त यदुगण कैसे ब्रह्मशापग्रस्त हुये?

श्रीकृष्णगत चित्त कृष्णगण शयन, उपवेशन, गमन, आलाप, स्नान भोजनादि में व्यापृत होने पर भी निज को स्वतन्त्र नहीं मानते थे । अर्थात् वे सब निरन्तर भगवत् प्रेरणा से ही समस्त कार्य्य निर्वाह करते थे, स्वयं कुछ भी नहीं करते थे, एवं अनुसन्धान करने में भी वे सब असमर्थ थे । कारण, जिस चित्त से अनुसन्धान होता है, वह चित्त श्रीकृष्ण में निबद्ध था । उक्त श्लोक द्वय के द्वारा यदुगण की परम धार्मिकता स्थापित हुई है ।

संख्या आधिक्य वशतः यदुगण पृथिवी के भार थे, यह भी नहीं हो सकता है, पृथिवी में असंख्य पर्वत समुद्र वर्त्तमान हैं, उसको पृथिवी का भार नहीं कहा जाता है ।

भा० ११।७।५ में वर्णित है— "न वस्तव्यं त्वयैवेह मयात्यक्ते महीतले ।
जनोऽधर्मरुचिर्भद्र भविष्यति कलौयुगे ।"
"न वस्तव्यमिहास्माभि र्जिजीविषुभिरार्य्यकाः ।
प्रभासं सुमहत् पुण्यं यास्यामोऽद्यैव माचिरम् ।" ११।६।३४

श्रीकृष्ण यदुवृद्धगण को कहे थे—यदि जीवित रहने की इच्छा हो तो, यहाँ रहना उचित नहीं है, आज ही महापुण्य तीर्थ प्रभास को जायेंगे, विलम्ब नहीं करेंगे ।"

"जिजीविषुभिः" इत्युक्त्वा (भा० ११।६।३८) "वृजिनानि तरिष्यामः" इति चोक्त्वा वस्तुतस्तु तेषां तादृशत्वं न भविष्यतीत्येवोक्तम्। तत्र "अस्माभिः" इति "वयम्" इति चोक्त्वा स्वेनैक्यसूचनया स्वात्मवदन्यथाभावत्वमेकगतित्वञ्च व्यञ्जितमिति।

तदेवं स्थिते तैः साकं श्रीभगवतो द्वारकायामेव नित्यां स्थितिमाह (भा० ११।३१।२३-२४)—

"द्वारकां हरिणा त्यक्तां समुद्रोऽप्लावयत् क्षणात्।
वर्ज्जयित्वा महाराज श्रीमद्भगवदालयम् ॥५४२॥
नित्यं सन्निहितस्तत्र भगवान् मधुसूदनः
स्मृत्याशेषाशुभहरं सर्व्वमङ्गलमङ्गलम् ॥"५४३॥

मौषललीला मायिक होने से, द्वारका में उपद्रव की आशङ्का नहीं हो सकती है, श्रीकृष्ण की उक्ति में आशङ्का का विवरण है। उत्तर यह है—यदुकुल ध्वंस वृत्तान्त का प्रदर्शन यद्यपि मायिक था, तथापि श्रीकृष्ण की धारणा थी—आनन्द वैभवधाम, जन प्राण का सुखद एवं मेरा विलास निकेतन है। वह द्वारका है, उसमें यदुकुल ध्वंस—मायिक होने पर भी अनुष्ठान उचित नहीं है। प्रभास—आनन्द वैभवधाम भी नहीं है। निज-जन-गण सुखद भी नहीं है, एवं मेरा विलास निकेतन भी नहीं है। अतएव प्रभास में ही मायिक-यदुवंश-ध्वंस लीला प्रदर्शन समुचित होगा। भा० ११।६।३४ में वर्णित "जिजीविषुभिः" जीवित रहने का अभिलाषी हो तो, एवं भा० ११।६।३८ में उक्त है—

तेषु दानानि पात्रेषु श्रद्धयोप्त्वा महान्ति वै।
वृजिनानि तरिष्यामो दानैर्नौभिरिवार्णवम् ॥

सत्पात्र रूप ब्राह्मण वर्ग को दान प्रदान कर नौका द्वारा समुद्रोत्तरण के समान पापराशि से उत्तीर्ण हो जाऊँगा।" यहाँ "वृजिनानि तरिष्यामः" "पापराशि से उत्तीर्ण हो जाऊँगा" कहने से प्रतीत होता है कि यदुकुल का ध्वंस नहीं होगा। अर्थात् 'जीवित रहने का अभिलाषी' कहने पर बोध होता है कि, प्रभास गमन से विनाश की आशंका नहीं है। 'पापराशि से उत्तीर्ण हो जाऊँगा' कहने से प्रतीत होता है कि, स्थान प्रभास से यदुगण भी ब्रह्मशाप-मुक्त हो जायेंगे। अतएव यदुवृन्द का वास्तविक विनाश असम्भव है।

एवं प्रभास गमन प्रस्ताव में उक्त है कि—'न वस्तव्यमित्यस्माभिः' इस श्लोक में 'अस्माभिः' 'हम सबके द्वारा कहा गया है।

"वयञ्च तस्मिन्नाप्लुत्य तर्पयित्वा पितॄन् सुरान्।
भोजयित्वोशिजो विप्रान् नानागुणवतान्धसा ॥"

हम सब उक्त तीर्थ में स्नानपूर्वक पितृदेव तर्पण कर विप्रवृन्द को विविध गुण सम्पन्न अन्न भोजन करायेंगे। यहाँ 'वयञ्च' 'हम सब' कहकर श्रीकृष्ण ने स्वयं के सहित यदुगण का ऐक्य सूचित किया है। उससे स्वयं के समान यदुगण में जन्मादि षड्विकार नहीं हैं, सूचित हुआ है, एवं गतित्व भी सूचित हुआ है।

इस प्रकार स्थिर होने से यदुवर्ग के सहित श्रीकृष्ण की द्वारका में नित्यस्थिति सुव्यक्त हुई है। (भा० ११।३१।२३-२४) द्वारकां हरिणा त्यक्तां समुद्रोऽप्लावयत् क्षणात्।
वर्ज्जयित्वा महाराज श्रीमद्भगवदालयम् ॥
नित्यं सन्निहितस्तत्र भगवान् मधुसूदनः।
स्मृत्याशेषाशुभहरं सर्व्वमङ्गलमङ्गलम् ॥

"हे महाराज! श्रीकृष्ण परित्यक्त भगवदालय को छोड़कर द्वारका को तत्काल समुद्र ने आप्लावित

लोकदृष्ट्यैव हरिणा त्यक्तामत्यक्तामिति वा नित्यं सन्निहित इति वा वक्ष्यमाणात् । ततश्चोभयथाप्याप्लावनं परितो जलेन परिखावदावरणम् । तज्जलमज्जनञ्च समुद्रेणैव श्रीभगवदाज्ञया त्यक्तभूमिलक्षणस्य हस्तिनापुरप्रस्थापित-बहिर्जनगृहाद्यधिष्ठानबहिरावरणस्यैव। तथा रचनं विश्वकर्म्मणा तस्यैव प्रकटलीलायाः प्रापञ्चिकमिश्रत्वात् । अतः सुधर्म्मादीनां स्वर्गादागमनञ्च युज्यते । अप्रकटलीलायां ततोऽपि दिव्यतरं सभान्तरादिकमपि स्यात्, श्रीमान् यादवादिगृहवृन्दलक्षणशोभोपशोभावान् यो भगवदालयस्तं वर्जयित्वा तदेवमद्यापि समुद्रमध्ये कदाचिदसौ दूरतः किञ्चिद्दृश्यत इति तत्रत्यानां महती प्रसिद्धिः । अत्र महाराजेति सम्बोधनं दृष्टान्तगर्भम्; यद्वा, महान्तो राजानो यादवलक्षणा यत्र तथाभूतं श्रीमत्तदालयं श्रीकृष्णनित्यधामस्वरूपं द्वारकापुरम् । न केवलं पुरमात्रास्तित्वम्, तत्र च श्रीमति भगवदालये मधुसूदनः श्रीकृष्णो नित्यमेव सन्निहितः; अर्थात्तु तत्रत्यानाम् । किंवान् तत्र सन्निहितः ?

किया था । कारण, उस आलय में भगवान् मधुसूदन नित्य सन्निहित हैं, उसका स्मरण करने से निखिल अशुभ विनष्ट होते हैं, भगवद्धाम, सर्वमङ्गलस्वरूप है ।

लोक दृष्टि से श्रीहरि कर्तृक त्यक्ता, अथवा अत्यक्त्वा अर्थ करना विधेय है । कारण, इसके बाद वर्णित है—वहाँ मधुसूदन नित्य सन्निहित हैं । उभय अर्थ में प्लावन का बोध होता है । भगवदालय के चतुर्दिक में परिखा के समान जलावरण को जलमज्जन कहा गया है । जहाँ जलमग्न हुआ था वहाँ वहिरङ्ग लोकों की आवास भूमि थी, भगवदाज्ञा से तत्रत्यजनवृन्द को हस्तिनापुर ले जाया गया था । अनन्तर श्रीकृष्ण कर्तृक परित्यक्त उक्त स्थान समुद्र के द्वारा प्लावित हुआ । सुतरां द्वारका का वहिरावरण ही जलमग्न हुआ था, यह स्थान विश्वकर्मा रचित था, श्रीद्वारकाधाम नित्य है, प्रकट लीला में प्रापञ्चिक मिश्रण की व्यवस्था है, अतः विश्वकर्मा के द्वारा उक्त वहिरावरण की रचना हुई थी । प्रकट लीलावसान में वहिरावरण जलमग्न होने पर भी नित्यधाम की हानि नहीं होती है, उसका निर्माण उस रूप से हुआ था ।

अतएव प्रकट लीला में प्रापञ्चिक मिश्रण व्यवस्था स्वीकृत होने के कारण, स्वर्ग से सुधर्मासभा का आगमन सम्भव है । अप्रकट लीला में उक्त सभा से भी दिव्यतर अन्य सभा प्रभृति विद्यमान है ।

'श्रीमद्भगवदालय' शब्द से श्रीमान् यादवादि गृहवृन्द लक्षण, शोभोपशोभावान् जो भगवदालय है, उसको छोड़कर समुद्र ने प्लावित किया था । तज्जन्य अद्यापि समय समय में समुद्र मध्य में द्वारकापुरी का किञ्चिदंश दृष्ट होता है । उक्त प्रदेशवासिगण के मध्य में महती प्रसिद्धि रूप में उक्त वृत्तान्त है ।

भा० ११।३१।२३ में उक्त "वर्जयित्वा महाराज श्रीमद्भगवतालयम्" श्लोक 'महाराज' पद दृष्टान्त गर्भ विशेषण है, अर्थात् महान् विशेषण । जिस प्रकार राजन्य वर्ग के मध्य में श्रीपरीक्षित् का श्रेष्ठत्वसूचक है, उस प्रकार श्रीमान् विशेषण भी भगवदालय का निरतिशय शोभाशालित्व का प्रकाशक है ।

अथवा, महाराज पद, श्रीमद्भगवदालय का विशेषण है । कर्मधारय समास में उभय का एकपदी भाव हुआ है । महान् यादववर्ग लक्षण राजन्यवृन्द जहाँ हैं, उस प्रकार उनका आलय है, अर्थात् श्रीकृष्ण का नित्यधाम रूप द्वारकापुर है ।

केवल द्वारकापुर ही अवस्थित है, यह नहीं किन्तु उक्त श्रीभगवदालय में मधुसूदन श्रीकृष्ण नित्य ही सन्निहित हैं, अथात् धामवासिगण के सान्निध्य में नित्य अवस्थित श्रीकृष्ण हैं । तत्रत्य सामग्रीसमूह की भी

भगवान् यादवादिलक्षणाखिलनिजैश्वर्य्यवानेव । तदालयमेव विशिनष्टि—स्मृत्येति । साक्षादधुना व्यक्त-तद्दर्शनाभावात् स्मृत्येत्युक्तम् । यः स्वयमेवम्भूतस्तस्य त्वन्यथा सम्भावितत्वमपि नास्तीति भावः । एवमेव श्रीविष्णुपुराणे (५।३८-११)—

"प्लावयामास तां शून्यां द्वारकाञ्च महोदधिः । यदुदेवगृहं त्वेकं नाप्लावयत सागरः ॥५४४॥
नात्याक्रामत्ततो ब्रह्मं स्तदद्यापि महोदधिः । नित्यं सन्निहितस्तत्र भगवान् केशवो यतः ॥५४५॥
तदतीव महापुण्यं सर्व्वपापप्रणाशनम् । विष्णुक्रीड़ान्वितं स्थानं दृष्ट्वा पापात् प्रमुच्यते ॥"५४६॥ इति

तथैव श्रीहरिवंशे यादवान् प्रतीन्द्रप्रेषितस्य नारदस्य वाक्यम् (विष्णु-प० १०२।३२)—

"कृष्णो भोगवतीं रम्यामृषिकान्तां महायशाः । द्वारकामात्मसात् कृत्वा समुद्रं गमयिष्यति ॥"५४७॥
इत्यत्र 'आत्मसात् कृत्वा' इति, न तु त्यक्त्वेति ॥ श्रीशुकः ॥

१८२। तदेवमप्रकट-प्रकटलीलयोः समन्वयो दर्शितः । एते एव पाद्मोत्तरखण्डे भोगलीला-शब्दाभ्यामुच्येते—"भोगो नित्यस्थितिस्तस्य लीलां संहरते कदा" इत्यादिना यां कदाचित्

नित्यता है, कारण, अनित्य वस्तु के सहित सम्पर्क श्रीकृष्ण का नहीं है । अनित्य वस्तु का नित्य सान्निध्य भी असम्भव है । मधुसूदन भगवान् वहाँ नित्य विराजित हैं, अर्थात् यादवादि लक्षण अखिलैश्वर्य्यवान् हैं । भगवदालय का विशेष वर्णन करते हैं । (भा० ११।३१।२४) "स्मृत्याशेषाशुभहरं सर्वमङ्गलमङ्गलम्" जिसका स्मरण से निखिल अशुभ विनष्ट होते हैं, वह द्वारका सर्वमङ्गलमङ्गल स्वरूप है । साक्षाद् व्यक्त रूप से सम्प्रति दर्शन न होने के कारण ही 'स्मृत्या' स्मरण करने से कहा गया है । उक्त श्रीमद्भगवदालय उस प्रकार नित्य है, उसके सम्बन्ध में अन्य रूप कल्पना नहीं की जा सकती है, अर्थात् धाम विनष्ट होता है, इस प्रकार कल्पना की सम्भावना नहीं है, श्रीमद्भागवतोक्त श्लोक का यह ही भावार्थ है ।

श्रीविष्णुपुराण में भी उस प्रकार वर्णन है । "शून्या द्वारकापुरी को समुद्र ने प्लावित किया, किन्तु यदुदेव गृह को प्लावित नहीं किया । हे ब्रह्मन् ! वहाँ भगवान् केशव नित्य सन्निहित हैं, तज्जन्य महासागर अद्यापि उसको आक्रमण करने में असमर्थ है । अतिशय पवित्र सर्व पाप प्रणाशन उस श्रीविष्णु क्रीड़ान्वित स्थान का दर्शन करने से मानव समस्त पापों से मुक्त होता है । (५४४-५४६)

उस प्रकार श्रीहरिवंश में यादवों के प्रति इन्द्र प्रेषित नारद का वाक्य भी लिखित है । "महायशाः कृष्ण, रम्या ऋषिकान्ता भोगवती द्वारका को आत्मसात् कर समुद्रस्थ करेंगे ।" यहाँ पर 'आत्मसात् कृत्वा' कहा गया है, किन्तु 'त्यक्त्वा' परित्याग कर, इस प्रकार नहीं कहा है । प्रवक्ता श्रीशुक हैं ॥१८१॥

उक्त रीति से प्रकट अप्रकट लीला का समन्वय प्रदर्शित हुआ । प्रकटाप्रकट लीलाद्वय का वर्णन पाद्मोत्तर खण्ड में भोग एवं लीला शब्द से हुआ है । "भोगोनित्यस्थितिस्तस्य लीलां संहरते कदा" भगवान् की नित्य स्थिति को भोग कहते हैं, एवं समय विशेष में उपसंहार योग्य को लीला कहते हैं । अर्थात् नित्य प्रवाहमयी लीला योग शब्द वाच्य है, एवं समय विशेष में अवसान प्राप्त को लीला कहते हैं ।
यहाँ पर अवश्य ज्ञातव्य तथ्य यह है कि, प्रकट लीलागत भाव—विरह संयोगादि लीला वैचित्री भरवाही हेतु बलवत्तर है । तज्जन्य प्रकटाप्रकट उभयलीला एकीभावापन्न होने पर भी परिकरवृन्द का प्रकट लीलागत भावमय अभिमान निश्चय ही अनुवर्त्तित होता है । मूलस्थ 'अनुवर्त्तन एव' शब्दस्थ अनुवर्त्तमान शब्द का अर्थ अनुवृत्ति विशिष्ट है ।

संहरते सा लीलेत्यर्थः । तत्र प्रकटलीलागतभावस्य विरह-संयोगादि-लीलावैचित्रीभरवाहित्वेन बलवत्तरत्वादुभयलीलैकीभावानन्तरमपि तन्मयस्तेषामभिमानोऽनुवर्त्तत एव । तत्रैश्वर्य्यज्ञान-सम्बलित-भावानां श्रीयादवानां स तावन्नूनमेवं सम्भवति,—अहो सर्व्वदैवानन्यजीवातूनामस्माकमीशिता श्रीकृष्णाख्यो भगवानयं नानालीलामृतनिर्झरैः सान्द्रानन्दचमत्कारमास्वादयितुं यादवशिखामणेर्नित्यमेव पितृभावसमृद्धस्य श्रीमदानकदुन्दुभेर्गृहे स्वजन्मना स्वानस्मानलञ्चकार । ततश्च साधितास्मदानन्दसत्रप्रधानविविधकार्य्यः परमबान्धवोऽसौ परमेश्वरस्तत्तद्रूपानेवास्मान् पुनर्ब्रह्माद्यैरपि दुरधिगमे श्रीमथुरानाम्नि श्रीद्वारकानाम्नि वा परमधाम्नि नानामाधुरीधुरीणाभिरात्मलीलाभिरनुशीलित एव विभ्राजित इति । सोऽयमभिमानः श्रीवृन्दावने तु निजनिजसम्बन्धसन्धायकप्रेमैकानुसारिणां श्रीव्रजवासिनां नूनमेवं समुज्जृम्भते। अहो योऽसौ गोकुलकुलभागधेयपुञ्जमञ्जुलप्रकाशो मादृशां दृशां जीवनसञ्चयनिर्म्मञ्छनीय-पादलाञ्छनलेशो वाञ्छातीतसुखसन्तति-सन्तानको महावनव्रज-महाखनिजनि-नीलमणिराविरासीत्, योऽसौ दुष्टभोजराजविसृष्टैः पूतनादिग्रहसमूहैरुपरक्तोऽपि मुहुरनुकूलेन विधिना तेषां स्वयमेव विनाशपूर्व्वकं चकोरेभ्यश्चन्द्रमा इवास्मभ्यमवतीर्ण एवासीत्, योऽसौ तादृश-तदीयमहागुणगणादेव परितुष्यद्भिर्मुनिदेवैरिव दत्तेन केनापि प्रभावेण मुहुरपि विपद्गणादात्मक्लेशमगणयन्नेव नः परित्रातवान्, योऽसौ निजशील-रूपलावण्य-गुणविलासकेलि-विनिगूढ़सौहृद्यप्रकटनचातुरी-गुम्फितमाधुरीभिरस्मान् सुष्ठु पुष्टांश्चकार, योऽसौ लघुनापि गुणाभासेनास्माकमानन्दसन्दोहमभिविन्दमानो यद्यदपि मादृशामभिलषितं वा तदतीतं वा

श्रीकृष्ण परिकरों के मध्य में श्रीयादवगण ऐश्वर्य्य ज्ञान सम्बलित हैं, उन सबके अभिमान की स्थिति भी निश्चय ही सम्भवपर है । प्रकटाप्रकट लीलाद्वय का ऐक्य साधित होने पर उन सब में अभिमान जिस प्रकार विद्यमान होता है, उसका वर्णन करते हैं । 'अहो ! सर्वदा एक मात्र कृष्णगत प्राण हमारे प्रभु श्रीकृष्णाख्य भगवान् विविध लीलामृत निर्झरसमूह द्वारा प्रगाढ़ आनन्द चमत्कार प्राप्ति कराने के निमित्त नित्य पितृमातृ भाव समृद्ध यादव शिखामणि श्रीवसुदेव के गृह में हमारे निज निज अभिमान को वर्द्धित करते हैं । अर्थात् उनके सम्बन्ध में हम सब यादवगण की जो आत्मीय बुद्धि है, श्रीवासुदेव गृह में प्रकट विहार के समय मनुष्योचित चेष्टा के द्वारा तत्सम्बन्धीय पुत्रादि भाव को प्रगाढ़ करते हैं ।

अनन्तर हमारे आनन्द सत्रप्रधान विविध कार्य्य साधित होने पर परम बान्धव वह परमेश्वर पुनर्बार ब्रह्मादि का दुरधिगम्य मथुरा एवं द्वारका नामक परमधाम में नाना माधुरी विशिष्ट निज विविध लीला निरत होकर प्रकट लीला में जिस प्रकार विहार करते हैं, उस उस रूप विशिष्ट होकर ही हम सबको उल्लसित करते हैं ।'

उल्लिखित अभिप्राय से प्रतीत होता है कि—श्रीयादवगण, श्रीकृष्ण को परमेश्वर मानते हैं किन्तु श्रीकृष्ण के प्रति उन सबकी परम बान्धव बुद्धि भी है । किन्तु व्रजवासिगण, श्रीकृष्ण को प्रभु, सखा, पुत्र, प्राणबन्धु रूप में ही जानते हैं । व्रजवासिगण, उक्त सम्बन्धानुगत प्रेम का ही एक मात्र अनुसरण करते हैं, निज निज प्रेमानुरूप श्रीकृष्णरस में वे सब व्रजवासिगण आविष्ट हैं । श्रीयादवगण के समान श्रीवृन्दावन में

तत्तदपि प्रतिलवमप्याश्चर्य्यभूतं निजमाधुर्य्यवर्य्यमुल्लासितवान्, योऽसौ सकलसाधुजनावनाय विख्यापितयादवसम्बन्धस्तद्द्वारा स्वयमपि च राजन्यासुरसङ्ग-संहरणाय यदुपुरीं प्रस्थितवान्, योऽसौ कार्य्यानुरोधेन तत्रैव चिराय तिष्ठत आत्मनो विप्रयोगेन सन्तप्तबुद्धीनुद्धवादिभिरस्मानसकृदाश्वासयामास, योऽसौ पुनरुत्कण्ठाकोटिसमाकृष्टमूर्त्तिभिरतीर्थव्रज्याव्याजेन कुरुक्षेत्रं प्रगतैरस्माभिः श्वासमात्रावशिष्टैरिवामृतवारिधिरुपलब्धो बभूव, योऽसौ तथाविधानस्मानात्मसन्निधौ मासकतिपयं संवास्य परमस्वजनतया मुधैव कृताभिमानेभ्यो यादवेभ्यो निगूढ़ां कामपि स्नेहमुद्रामस्मासु समुद्घटय्य भवतामेवाहमिति व्यञ्जनया मुहुरेवास्मानभितः सन्धुक्षितवान्, योऽसौ श्रीवृन्दावनमेवास्माकमात्मनोऽपि परमभीष्टमिति निष्टङ्क्य शपथादिना निजझटित्यागमने विस्रम्भ्य साग्रहमस्मानत्रैव प्रस्थापितवान्, सोऽयमहो अकृतापरकर्त्तव्यशेष

भी श्रीव्रजवासिगण में प्रकट लीलागत भावमय अभिमान—अर्थात् उक्त सम्बन्धानुगत अभिमान निश्चय ही सम्यक् रूप से प्रस्फुटित है।

प्रकट अप्रकट लीला का ऐक्य साधित होने पर श्रीव्रजवासिवृन्द का मनोभाव इस प्रकार होता है—श्रीकृष्ण, गोकुल कुलभाग्य राशि का मञ्जुल प्रकाश हैं, जिनके चरण चिह्न का निर्मञ्छन, हम सब जीवन कोटि के द्वारा करते है, जो कृष्ण, वाञ्छातीत सुख सन्तति का विस्तारक हैं, जो महावन नामक व्रज रूप महाखनि जात नीलमणि के समान आविर्भूत हुये हैं, जो श्रीकृष्ण, दुष्ट कंस प्रेषित पूतनादि ग्रह समूह द्वारा उपरक्त (गृहीत) हुये थे। तथापि विधाता अनुकूल होने से स्वयं उक्त प्रतिकूल असुर समूह विनष्ट हुये थे, एवं श्रीकृष्ण चकोरसमूह के निकट चन्द्र के समान हम सबके समीप में प्रकाशित हुये थे। जो श्रीकृष्ण तादृश तदीय महागुणगण द्वारा परितुष्ट मुनिगण एवं देवगण प्रदत्त किसी अनिर्वचनीय प्रभाव से बारम्बार निज क्लेश को गण्य न कर विपद्राशि से हम सबको उद्धार किये हैं। जो श्रीकृष्ण निज सौशील्य लावण्य रूप गुण विलास केलि समूह में विनिगूढ़ सौहृद्य प्रकटन चातुरी ग्रथित माधुरी राशि के द्वारा हम सबको सुचारु रूप से पुष्ट किये हैं।

हम सबके सामान्य गुणाभास से जो श्रीकृष्ण, प्रचुर आनन्द लाभ पूर्वक हम सबके वाञ्छित एवं वाञ्छातीत जो माधुर्य्य है, उक्त सर्वोत्तम निज माधुर्य्य को उल्लसित प्रतिलव में आश्चर्य्य रूप से किये हैं।

जो श्रीकृष्ण, समस्त साधुजन निबह की रक्षा के निमित्त यादव सम्बन्ध प्रचार पूर्वक तद् द्वारा एवं स्वयं राजन्यवृन्द रूप असुर कुल का संहार हेतु यदुपुरी में प्रस्थान किये हैं।

जो कृष्ण, कार्य्यानुरोध से यदुपुरी में दीर्घकाल निवास करने के पश्चात् विच्छेद कातर हम सबको उद्धवादि द्वारा बारम्बार आश्वासन प्रदान किये थे।

जो श्रीकृष्ण, पुनर्वार उत्कण्ठा कोटि द्वारा समाकृष्ट मूर्त्ति, तदीय विच्छेद दुःख से हम सब अवसन्न थे, चलने की सामर्थ्य हम सब में नहीं रही, किन्तु श्रीकृष्ण दर्शनोत्कण्ठा ही हम सबको बलपूर्वक आकर्षण कर समीपस्थ कर चुकी है। तीर्थ भ्रमणच्छल से कुरुक्षेत्र में समुपस्थित, श्वासमात्रावशिष्ट हम सबके समीप में अमृत वारिधि रूप में उपलब्ध हैं।

